I

[redacted]

साहित्य

[redacted]

0152,1195

॥ श्री ॥

काशी संस्कृत ग्रन्थमाला

२९७

भासनाटकचक्रम्

महाकविभासप्रणीतनाटकानां संग्रहः

(संस्कृतटीका-हिन्दी अनुवाद-भूमिका परिशिष्टादिसंवलितम्)

संपादकोऽनुवादकः टीकाकारश्च

गङ्गासागर रायः

सर्वभारतयकाशीराजन्यासस्थ

(प्रथमो) भागः

[redacted]

[redacted]

चौखम्भा संस्कृत संस्थान

भारतीय सांस्कृतिक साहित्य के प्रकाशक तथा प्रचारक

पो० बा० नं० ११३९

के. ३७/११६, गोपाल मन्दिर लेन (गोलघर समीप मैदागिन)

वाराणसी-२२१००१

प्रकाशक : चौखम्भा संस्कृत संस्थान, वाराणसी
मुद्रक : चारु प्रिंटर्स, वाराणसी
संस्करण : प्रथम्, वि० सं० २०५५
मूल्य : रू० [redacted]० (१–२ भाग संपूर्ण)

[redacted]

© चौखम्भा संस्कृत संस्थान, वाराणसी
इस ग्रन्थ के परिष्कृत तथा परिवर्धित मूल-पाठ
एवं टीका, परिशिष्ट आदि के सर्वाधिकार
प्रकाशक के अधीन हैं।

फोन : ३३३४४५, ३३५९३०

प्रधान शाखा :
चौखम्भा संस्कृत भवन
पोस्ट बाक्स नं० ११६०
चौक (दि बनारस स्टेट बैंक बिल्डिंग)
वाराणसी-२२१००१
फोन : ३२०४१४

THE
KASHI SANSKRIT SERIES
297

BHĀSANĀTAKACAKRAM

(Collectiones of all the Dramas of Bhasa)

(With Introduction, Sanskrit Commentaries, Hindi Translation and Appendices)

Edited and Commented
By
Dr. Ganga Sagar Rai, M.A., Ph.D.
All India Kashiraj Trust
Fort Ramnagar, Varanasi

CHAUKHAMBHA SANSKIRT SANSTHAN
Publishers and Distributors of Oriental Cultural Literature
Post Box No. 1139
K. 37/116, Gopal Mandir Lane (Golghar near Maidagin)
VARANASI-221001 (INDIA)

©Chaukhambha Sanskrit Sansthan, Varanasi

First Edition : 1998
Phone : 333445, 335930

[redacted]

Main Branch—
CHAUKHAMBHA SANSKRIT BHAWAN
Post Box No. 1160
Chowk (The Benaras State Bank Building)
VARANASI (INDIA)
Phone : 320414, 335929

॥ श्रीः ॥

काशी संस्कृत ग्रन्थमाला
२९२

महाकविभासविरचितम्

मध्यमव्यायोगः

'गङ्गा' संस्कृत-हिन्दी व्याख्योपेतम्

व्याख्याकारः सम्पादकश्च
डॉ. गङ्गासागर रायः
सर्वभारतीयकाशिराजन्यासस्थः

चौखम्भा संस्कृत भवन
वाराणसी-२२१००१ (भारत)

प्रकाशक :
चौखम्भा संस्कृत भवन
संस्कृत, आयुर्वेद एवं इण्डोलाजिकल पुस्तकों के प्रकाशक एवं वितरक
पोस्ट बाक्स नं. ११६०
चौक, चित्रा सिनेमा के सामने (बैंक ऑफ बड़ौदा बिल्डिंग)
वाराणसी -२२१००१ (भारत)
टेलीफोन :+९१-५४२-२४२०४१४ फैक्स :+९१-५४२-२४००७५५

सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन
© चौखम्भा संस्कृत भवन

संस्करण : पुनर्मुद्रित, वि०सं० २०६८
मूल्य : रु० ४५.००

वितरक :
चौखम्भा संस्कृत भवन
पोस्ट बाक्स नं. ११६०
चौक, चित्रा सिनेमा के सामने (बैंक ऑफ बड़ौदा बिल्डिंग)
वाराणसी -२२१००१ (भारत)

मुद्रक : श्रीगोकुलेश प्रेस, वाराणसी, मित्तल आफसेट

THE
KASHI SANSKRIT SERIES
292

MADHYAMA VYĀYOGA

OF

BHĀSA

[*With 'Gangā' Sanskrit and Hindi Commentaries*]

Edited and Commented By
Dr. Ganga Sagar Rai, M.A., Ph.D.
All India Kashiraj Trust
Fort Ramnagar, Varanasi

CHAUKHAMBHA SANSKRIT BHAWAN
VARANASI-221001 (INDIA)

Publisher

CHAUKHAMBHA SANSKRIT BHAWAN

Sanskrit, Ayurveda & Indological Publishers & Distributors

Post Box No. 1160

Chowk, Opp. Chitra Cinema, (Bank of Baroda Building)

Varanasi-221001 (India)

Telephone :+91-542-2420414 Fax : +91-542-2400755

All Rights Reserved

© *Chaukhambha Sanskrit Bhawan*

Reprint Edition : 2011

Price : Rs. 45.00

Distributor

CHAUKHAMBHA SANSKRIT BHAWAN

Post Box No. 1160

Chowk, (Opp. Chitra Cinema)

Varanasi-221001 (India)

Printed at : Sri Gokulesh Press, Varanasi, Mittal Offset, Varanasi

निवेदन

भासनाटकचक्र की टीका और भाषानुवाद की शृङ्खला में मध्यमव्यायोग नाटक की टीका को उपस्थापित करते हुए हम संतोष का अनुभव कर रहे हैं। आशा है कि भास के अन्य नाटकों की टीकायें भी यथाशीघ्र प्रकाशित कर सकेंगे और तदुपरान्त भास के विषय में एक साङ्गोपाङ्ग पूर्ण परिचयात्मक अध्ययन भी कर सकेंगे। भास के नाटक यद्यपि सूक्ति ग्रन्थों तथा कवियों की कृतियों में बहुचर्चित थे परन्तु इस शताब्दी के प्रारम्भ तक वे सभी अनुपलब्ध थे। सन् १९१३ ई. में महामहोपाध्याय गणपति शास्त्री द्वारा प्रकाशित होते ही ये नाटक सर्वत्र चर्चित हो उठे। इसी से उनकी गुणवत्ता और महत्ता का सहज बोध हो जाता है कि वे प्रकाशन के साथ ही सम्पूर्ण देश में पठित और व्याख्यात होने लगे और अद्यावधि यह क्रम चालू है। उसी क्रम में यह भी लघुप्रयास है।

टीकाकार्य में हमारे हितैषी आदरणीय पं. हीरामणिमिश्र ने सहायंता की है और मुद्रण संशोधन में पं. कृपासिन्धु शर्मा ने सहायता की है। एतदर्थ इनका मैं अधमर्ण हूँ। इस संस्करण में अज्ञान या प्रमादवश, जो अशुद्धियाँ रह गयी हैं उनके लिये मैं विज्ञ पाठकों से क्षमायाचना करता हूँ। इसके प्रकाशन में चौखम्भा संस्कृत भवन के स्वत्वाधिकारी स्व. ब्रजरत्नदास जी गुप्त तथा उनके चिरंजीवि ब्रजेन्द्र कुमार जी ने जो तत्परता दिखाई है तथा धैर्य प्रदर्शित किया है उनके लिये मैं उन्हें धन्यवाद देता हूँ।

कल्याणमित्र प्रो. देवेन्द्रकुमार राय के प्रति धन्यवाद औपचारिकता मात्र है।

गङ्गासागर राय

काशी
विजयादशमी २०५३ वि.
२१ अक्टूबर १९९६ ई.

भास की प्रशस्तियाँ

(१) सूत्रधारकृतारम्भैर्नाटकैर्बहुभूमिकैः ।
सपताकैर्यशो लेभे भासो देवकुलैरिव ।।

(बाणभट्टः हर्षचरित, १/१५)

(२) भासनाटकचक्रेऽपि च्छेकैः क्षिप्ते परीक्षितुम् ।
स्वप्नवासवदत्तस्य दाहकोऽभून्न पावकः ।।

(राजशेखर)

(३) सुविभक्तमुखाद्यङ्गैर्व्यक्तलक्षणवृत्तिभिः ।
परेतोऽपि स्थितो भासः शरीरैरिव नाटकै ।।

(दण्डीः अवन्तिसुन्दरी ११)

(४) भासम्मि जलणमित्ते कन्तीदेवे अजस्य रहुआरे ।
सो बन्धवे अ वन्धम्मि हारियन्दे अ आणन्दो ।।
(भासे ज्वलनमित्रे कुन्तीदेवे च यस्य रघुकारे ।
सौबन्धवे च बन्धे हारिचन्द्रे च आनन्दे ।।)

(गउडवहो)

(५) भासो हासः कविकुलगुरुः कालिदासो विलासः ।

(जयदेवः प्रसन्नराघव)

(६) प्रथितयशसां भाससौमिल्लकिपुत्रादीनां प्रबन्धानतिक्रम्य कथं वर्तमानस्य कवेः कालिदासस्य कृतौ बहुमानः ।

(कालिदासः मालविकाग्निमित्र)

(७) यथा भासकृते स्वप्नवासवदत्ते शेफालिकाशिला-तलमवलोक्य वत्सराजः ।

(नाट्यदर्पण ले. रामचन्द्र तथा गुणचन्द्र १२ वीं सदी)

(८) क्वचित्क्रीडा । यथा वासवदत्तायाम् ।

(नाट्यशास्त्र पर अभिनवगुप्त की टीका)

भूमिका

महाकवि भास संस्कृत के दृश्य काव्यों के रचनाकारों में सम्भवतः सबसे प्राचीनं हैं। संस्कृत नाटकों के विकास के इतिहास में भास ने अपनी कीर्ति-कौमुदी सुदूर दक्षिण से लेकर उत्तर तक एवं प्राची से लेकर प्रतीची तक प्रसृत की है। भास के नाटकों में नाटक का वह रूप देखने को मिलता है जिसके कारण भरत ने नाटक को पञ्चम वेद होने का गौरव प्रदान किया था। नाटक कवित्व का चरम परिपाक होता है—**'नाटकान्तं कवित्वम्'**। उसमें तीनों लोकों के भावों का समावेश होता है। इस दृष्टि के भास के नाटकों का महत्त्व और अधिक बढ़ जाता है। भास ने मानवीय भावनाओं का सफलतापूर्वक चित्रण किया है। भास ने तेरह नाटकों की रचना की है एवं रचना के साथ-साथ उनके प्रस्तुतीकरण में भी उन्हें पर्याप्त सफलता प्राप्त हुई है। भास के नाटकों की प्रामाणिकता पर अविश्वास नहीं किया जा सकता, क्योंकि सभी नाटकों की भाषा और शैली एक–सी–मुहावरेदार, सरल एवं प्राञ्जल है। इनके नाटकों में भावों तथा विचारों की पुनरुक्ति तथा पात्रों के नामों में समरूपता पायी जाती है एवं सभी नाटकों में प्रस्तावना के स्थान पर स्थापना शब्द का प्रयोग हुआ है। संस्कृत साहित्य के नाट्य जगत् में भास का अपना विशिष्ट स्थान है।

भास के नाटकों की प्रशस्तियाँ–

अपने कवित्व से जाज्वल्यमान महाकवि भास सूर्यमणि के समान नाट्य जगत् को आलोकित किये हुए हैं। परन्तु उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व बहुत ही उलझा हुआ एवं विवादास्पद है। भास के नाटकों की प्रशस्ति बीसवीं सदी के प्रारम्भ में कहीं-कहीं ही सुनने को मिलती थी। भास के नाटक दक्षिण भारत में हस्तलिखित प्रतियों में पड़े थे तथा इनके स्वरूप के बारे में लोगों को जानकारी नहीं थी। सबसे पहले १९१२ ई. में महामहोपाध्याय श्री गणपति शास्त्री को ट्रावनकोर राज्य में तञ्और पुस्तकालय से केरल लिपि में १३ नाटकों की जो पाण्डुलिपियाँ प्राप्त हुई उसको उन्होंने प्रकाशन में लाया। गणपति शास्त्री के प्रकाशन से पूर्व भी संस्कृत के आचार्यों एवं कवियों ने भास

का उल्लेख एवं यशोगान किया था। इससे यह प्रतीत होता है कि भास नाटक साहित्य में अपना अन्यतम स्थान रखते थे।

(१) कालिदास ने 'मालविकाग्निमित्र' नाटक में सूत्रधार के मुख से स्पष्ट कहलवाया है कि प्रसिद्ध यश वाले भास, सौमिल्य, कविपुत्र आदि कवियों के द्वारा निर्मित प्रबन्धों का अतिक्रमण कर कालिदास की रचना का इतना अधिक क्यों समादर हो रहा है—

"प्रथितयशसां भाससौमिल्लकविपुत्रादीनां प्रबन्धानतिक्रम्य कथं वर्तमानस्य कवेः कालिदासस्य कृतौ बहुभानः"।

(मालविकाग्निमित्र)

(२) हर्ष के सभा पण्डित बाणभट्ट ने हर्षचरित में भास के नाटकों की उत्कृष्टता बतलाते हुए कहा है कि ये नाटक सूत्रधार से प्रारम्भ होने वाले, अधिक भूमिका वाले तथा पताका से शोभायमान देवकुलों की भाँति प्रसिद्ध हैं।

सूत्रधारकृतारम्भैर्नाटकैर्बहुभूमिकैः।
सपताकैर्यशो लेभे भासो देवकुलैरिव॥ —हर्षचरित

यहाँ यह उल्लेखनीय है कि भास के नाटक सूत्रधार से प्रारम्भ होते हैं। यहाँ नान्दी का अभाव दृष्टिगोचर होता है जब कि सामान्यतः संस्कृत के नाटक नान्दी से ही प्रारम्भ होते हैं। यह अन्तर भास की संस्कृत के अन्य नाटकों से पृथक् पहचान बनाने में सहायता प्रदान करता है।

(३) राजशेखर ने अपनी काव्यमीमांसा में भास के नाटकों की अग्नि परीक्षा में **'स्वप्नवासवदत्ता'** के न जलने का उल्लेख किया है—

भासनाटकचक्रेऽस्मिञ्छेकैः क्षिप्ते परीक्षितुम्।
स्वप्नवासवदत्तस्य दाहकोऽभून्न पावकः॥—काव्यमीमांसा

(४) वाक्यतिराज ने अपने 'गउडवहो' नामक प्राकृत भाषा के महाकाव्य में भास को **'जलणमित्ते'**—(ज्वलनमित्र=अग्नि का मित्र) कहा है। भास को 'ज्वलनमित्र' की संज्ञा प्राप्त होने के सम्बन्ध में विद्वानों का विचार है कि नाटक में वासवदत्ता के जलने की मिथ्या खबर फैलाकर भास ने नाटकीय कथा के विकास में उपयुक्त अवसर प्राप्त किया हैं।

भासम्भि जलब मित्ते कन्तीदेवे तहावि रहुवारे ।
सोबन्धवे अ बन्धम्भि हारि अन्दे अ अवन्दो ।। —गउडवहो

(५) नाटककार आलङ्कारिक कवि जयदेव ने अपने नाटक प्रसन्नराघव में भास को कविता कामिनी का 'हास' बताया है। इस प्रकार के वर्णन से भास की हास्य–रस वर्णन में कुशलता भी व्यञ्जित होती है—

यस्याश्चोरश्चिकुरनिकरः कर्णपूरो मयूरः
भासो हासो कविकुलगुरुः कलिदासो विलासः ।
हर्षो हर्षो हृदयवसितः पञ्चबाणस्तु बाणः
केषां नेषा कथय कविता कामिनी कौतुकाय ।।

—प्रसन्नराघव १.२८

(६) दण्डी ने अपनी 'अवन्ति सुन्दरी कथा' में भास के काव्य गुणों के बारे में लिखा है—

सुविभक्ति मुखाद्यङ्गैर्व्यक्तलक्षणवृतिभिः ।
परेतोऽपि स्थितो भासः शरीरैरिव नाटकैः ।।

—दण्डी-अवन्तिसुन्दरी

(७) नाट्य दर्पण (रामचन्द्र तथा गुणचन्द्र, १२वीं सदी) ने भास के स्वप्नवासवदत्ता का उल्लेख किया है।

''यथा भासकृते स्वप्नवासवदत्ते शेफालिकाशिलातलमवलोक्य वत्सराज.......।।'

(८) शारदातनय (१२वीं सदी) ने 'भावप्रकाशन' में प्रशान्त नाटक के प्रसङ्ग में स्वप्नवासवदत्ता के कथानक का उल्लेख किया है।

(९) भोजदेव ने 'शृङ्गार प्रकाश' में 'स्वप्नवासवदत्ता' का वर्णन किया है—

'वासवदत्ते पद्मावतीमत्वस्थां द्रष्टुं राजा समुद्रगृहकं गतः' ।

(१०) भास के 'स्वप्नवासवदत्ता' का उल्लेख अभिनव गुप्त के नाट्य-शास्त्र की अपनी टीका अभिनव भारती में किया है।

'क्वचित्क्रीडा। यथा वासवदत्तायाम्'।

—नाट्यशास्त्र पर अभिनवगुप्त की टीका।

(११) सर्वानन्द ने 'अमरकोश टीका सर्वस्व' में उदयन तथा वासवदत्ता के विवाह का उल्लेख किया है।

(१२) जयानक के 'पृथ्वीराज विजय' टीका में भास के विष्णु धर्म नाटक का उल्लेख किया गया है परन्तु भास का 'विष्णु धर्म' नाटक अभी तक अनुपलब्ध है।

उपर्युक्त तथ्यों के आधार पर कहा जा सकता है कि महाकवि भास को बहुत बड़ी ख्याति प्राप्त थी, परन्तु समयान्तराल के कारण उनके नाटकों की ख्याति काल के गाल में समाविष्ट हुई तथा केवल सूक्ति मात्र ही रह गयी और महामहोपाध्याय गणपति शास्त्री के द्वारा इन नाटकों के उद्धार से पूर्व ये नाटक लुप्त हो गये थे।

भास का जीवनवृत्त–

अपने रससिक्त नाटकों से जनमानस को आप्लावित करने वाले महाकवि भास का जीवनवृत्त आज भी तिमिराच्छन्न है। अपने देश में आत्म कथा लिखने की प्रथा नहीं थी। भास के सम्पूर्ण नाटकों में कहीं पर उसमें नामोल्लेख का स्पष्ट वर्णन नहीं है, परन्तु उनके ग्रन्थों के आधार पर कहा जा सकता है कि वे ब्राह्मण धर्म के अनुयायी एवं वैष्णवमतावलम्बी सशक्त नाटककार हैं। भास स्त्रियों को सम्मान की दृष्टि से देखते थे एवं उनके लिए गृह को ही उचित स्थान बताया है। महाकवि भास वर्णाश्रम धर्म को मानने वाले, कर्तव्यनिष्ठ पुत्र के पिता, पतिचरणानुगामिनी पत्नी के पति एवं सन्तान प्रिय पिता थे। देवता एवं धर्म में उनका दृढ़ विश्वास था—**'धर्मो रक्षति रक्षितः'**।

पञ्चरात्र एवं अन्य रूपकों में भास ने यज्ञ का उल्लेख किया है—

शिक्षा क्षयं गच्छति कालपर्ययात् सुबद्धमूला निपतन्ति पादपाः।
जलं जलस्थानगतं च शुष्यति हुतं च दतं च तथैव तिष्ठति।।

भास भाग्य में दृढ़ विश्वास करते थे—

'चकारपङ्क्तिरिव गच्छति भाग्यपङ्क्तिः' ।

भास उद्योग के महत्त्व को भी स्वीकार करते थे—

'काष्ठादग्निर्जायते मथ्यमनाद् भूमिस्तोयं खन्यमाना ददाति ।
सोत्साहानां नास्त्यसाध्यं नराणां मार्गारब्धाः सर्वयत्नाः फलन्ति ।।

डॉ. पुसालकर ने भास को 'धर्मभीरु ब्राह्मण' कहा है। भास के स्वप्नवासवदत्ता एवं बालचरित नाटकों के भरतवाक्य के आधार पर कहा जा सकता है कि भास दक्षिण भारत के न होकर उत्तर भारत के निवासी थे।

इमां सागरपर्य्यन्तां हिमवद्विन्ध्यकुण्डलाम् ।
महोमेकातपत्राङ्कां राजसिंहः प्रशास्तु नः ।।

कवि भगवान् से प्रार्थना करता है—हमारे राजा ससागर उस सम्पूर्ण भूमण्डल के मध्य एकच्छत्र राज्य करें जिसके एक ओर हिमालय तथा दूसरी ओर विन्ध्य पर्वत, दो कर्ण कुण्डलों के समान अलंकृत हो रहे हैं। भास की वसुन्धरा उत्तर में हिमालय एवं दक्षिण में विन्ध्य पर्वत तक शीर्ष स्थानीय है। यही पृथ्वी भास की पृथ्वी थी।

भास के नाटकों की खोज-

संस्कृत साहित्य के नाट्य जगत् को आलोकित करने वाले महाकवि भास के नाटक प्रेक्षकों की दृष्टि से ओझल क्यों हो गये ? जबकि भास उस समय इतनी ख्याति प्राप्त कर चुके थे कि कालिदास जैसे कवि भी भास के नामोल्लेख से अछूते नहीं रह सके। भास के नाटकों के विलुप्त होने के सम्बन्ध में कहा जा सकता है कि जिस प्रकार वैदिक ग्रन्थ और शाखायें जिनका कुल परम्परा में अध्ययन आवश्यक था विलुप्त हो गये तो लोकानुरंजक इन नाटकों का क्या ? सुमिल्ल आदि के नाटक आज तक विलुप्त ही हैं। विद्वानों ने नाटकों के विलुप्त होने के सम्बन्ध में जो विचार व्यक्त किये है, वे निम्नलिखित है—

(१) भारत में मुसलिम शासकों के आक्रमण एवं राज्य स्थापना तथा

साम्राज्य विस्तार के साथ ही साथ प्राचीन भारतीय संस्कृति का विनाश एवं उस समय के कवियों की कृतियों को विनष्ट करने का खेल प्रारम्भ हो गया था, फिर देश की समृद्धि एवं राजसिह को हिमालय एबं विन्ध्य के बीच एकच्छत्र राज्य का निर्देश देने वाले तथा वैदिक संस्कृति एवं धर्म के पोषक कवि के ऊपर मुसलमानों की दृष्टि पड़ना स्वाभाविक ही था। उत्तरी भारत में रहने वाले देशी सरदार एवं मुसलमानों ने विदेशी आक्रमणकारियों को देवनागरी लिपि में लिखित सरल पाठ को विनष्ट करने में पर्याप्त सहयोग दिया जिसके परिणाम स्वरूप उत्तरी भारत में देवनागरी लिपि में भास की कृतियाँ काल के गाल में समाहित होकर अनुपलब्ध हो गयीं। प्रो.वी. राधवन् ने जो भास के नाटकों के हस्तलेखों की खोज की है वह देवनागरी लिपि में नहीं है। दक्षिण में जो लेख प्राप्त हुए है उसका कारण है कि दक्षिण केरल में मुसलमानों का प्रचार-प्रसार कम था तथा ग्रन्थ तथा मलयालम की लिपियाँ भी सम्भवतः उनके लिए सुलभ-सुगम नहीं थी।

(२) ए. एस. पी अय्यर ने 'भास' के सम्बन्ध में ऐसी सम्भावना व्यक्त की है कि विदेशियों से बार-बार पदाक्रान्त होने के कारण भारतीय जनता का ध्यान शौर्यपूर्ण अभिनयों को देखने की अपेक्षा धर्म की ओर उन्मुख हो गया था।

सन् १९०९ में महामहोपाध्याय पं. गणपति शास्त्री को पद्मनाभपुरम् के निकट मल्लिकारमठम् में स्वप्नवासववक्तम्, प्रतिज्ञायौगन्धरायण, पञ्चरात्र, चारुदत्त, दूतघटोत्कच, अविमारक, बालचरित, मध्यमव्यायोग, कर्णभार तथा ऊरुभङ्ग के हस्तलेख मिले इसके अतिरिक्त दूतवाक्य की खण्डित ताड़पत्र पर लिखित हस्तलिपि प्राप्त हुई। ये हस्तलेख मलयालम लिपि में थे। गणपति शास्त्री ने अपने प्रयासों को आगे भी जारी रखा एवं कैलाशपुरम् के एक ज्योतिषी के यहाँ से अभिषेक तथा प्रतिमा नाटक की हस्त प्रतियाँ प्राप्त कीं। इन दोनों प्रतियों के समान त्रिवेन्द्रम पुस्तकागार में भी दो प्रतियाँ प्राप्त हुईं। गणपति शास्त्री ने कृष्णतन्त्री से भी हस्तलेख प्राप्त किये तथा मैसूर के पण्डित अनन्ताचार्य ने केरल से प्राप्त स्वप्नवासवदत्तम् तथा प्रतिज्ञायौगन्धरायण की दो

प्रतियाँ भी गणपति शास्त्री को दीं। निरन्तर प्रत्यनशील रहने के बाद भी शास्त्री जी को चारुदत्त की कोई पूर्ण प्रति नहीं प्राप्त हो सकी। यह भी सम्भव हो सकता है कि यह कर्णभार का अग्रिम अंश हो।

३ जनवरी १९०६ को सम्पत कुमार चक्रवर्ती ने गवर्नमेण्ट ओरियण्टल मैनुस्क्रिप्टस्, मद्रास के पुस्तकालयं के लिए देवनागरी लिपि में स्वप्नवासवदत्तम् की एक प्रति नकल की थी। उसके एक महीने पश्चात् ६-२-१९०६ को श्री चक्रवर्ती ने देवनागरी लिपि में पुस्तकालय हेतु प्रतिज्ञायोगन्धरायण की एक प्रति की नकल की।

महामहोपाध्याय गणपति शास्त्री ने भास के जिन तेरह नाटकों को प्रकाशित किया वे निम्नलिखित हैं—

(१) प्रतिज्ञायोगन्धरायण
(२) अविमारक
(३) स्वप्नवासवदत्त
(४) प्रतिमानाटक
(५) मध्यमव्यायोग
(६) पञ्चरात्र
(७) अभिषेकनाटक
(८) दूतवाक्य
(९) दूतघटोत्कच
(१०) कर्णभार
(११) ऊरुभङ्ग
(१२) बाल चरित
(१३) चारुदत्त

गोण्डल निवासी राजवैद्य जीवराम कालिदास शास्त्री ने १९४१ में 'यज्ञफल' नामक एक रूपक का प्रकाशन कर के भास के नाटकों की संख्या एक और बढ़ा दी है। परन्तु इस नाटक के प्रकाशन के बाद इस पर बहुत विवाद हुआ और एक व्यक्ति ने उसे अपनी कृति होने का दावा किया। बाद में विद्वानों ने अन्वेषण कर यह सिद्ध किया कि इस नाटक का हस्तलेख बहुत प्राचीन है और अपनी कृति का दावा करने वाले सज्जन का विचार मिथ्या है। इस विषय में प्रो. रामचन्द्र नारायण दाण्डेकर ने एक प्रमाणिक निबन्ध लिखकर यह प्रमाणित किया कि अपनी कृति होने का दावा करने वाले सज्जन का मत मिथ्या है और यह कृति प्राचीन है।

रूपकों का एककर्तृत्व-

महामहोपाध्याय गणपति शास्त्री के द्वारा प्रतिपाद्य भास के तेरह नाटकों

की प्रमाणिकता पर विद्वानों में मर्तक्य है। भास के नाटकों के ऊपर यह प्रश्नचिन्ह लगाया जाता है कि सम्पूर्ण नाटक भास के हैं या इसमें से कुछ ही नाटक भास के हैं। सम्पूर्ण नाटकों के सूक्ष्म अन्वीक्षण से निष्कर्ष पर पहुँचा जा सकता है, कि सभी नाटक भास के हैं क्योंकि उनमें आश्चर्य जनक समता पायी जाती है—

(१) भास के सभी नाटकों में (चारुदत्त को छोड़कर) नान्दी के बाद सूत्रधार मंगल पाठ से इनका प्रारम्भ करता है—

(क) नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः । सूत्रधारः–उदयनवेन्दुसवर्णा ।
—स्वप्नवासवदत्त ।

(ख) नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः । सूत्रधारः=पातु वासवदत्तायो प्रतिज्ञायौ । इत्यादि ।

(२) कर्णभार में प्रस्तावना शब्द का प्रयोग हुआ है। इसके अतिरिक्त सभी नाटकों में 'प्रस्तावना' के स्थान पर 'स्थापना' शब्द का प्रयोग किया गया है।

(३) अङ्कों के बीच में घटित घटनाओं के सम्बन्ध में जानकारी देने के लिए अङ्कों के मध्य में विष्कन्भकों तथा लघुविस्तारी प्रवेशकों का समावेश हुआ है।

(४) सम्पूर्ण नाटकों में कहीं पर भी नाटक के प्रणेता के नाम का उल्लेख नहीं है।

(५) चारुदत्त एवं दूतघटोत्कच के अतिरिक्त सम्पूर्ण नाटकों के भरत वाक्य में राजसिंह राजा के एकच्छत्र राज्य की कामना व्यक्त की गयी है जिसका शासन हिमालय के बिन्ध्य एवं पूर्व सागर से पश्चिम सागर तक है।

इमां सागरपर्यन्तां हिमवद् विन्ध्यकुण्डलाम् ।
महीमेकातपत्राङ्कां राजसिंहः प्रशास्तु नः ।।

—स्वप्न. ६-१९ तथा अन्य नाटकों के भरतवाक्य

(६) भरत द्वारा निर्दिष्ट भारतीय नाट्य साहित्य परम्परा में नियमों का भास

के नाटकों में उल्लंघन हुआ है। उदाहरणार्थ—रङ्गमञ्च पर ही मृत्यु तथा लड़ाई-झगड़े का प्रदर्शन किया है।

(७) नाटकों के पात्रों में नाम साम्य पाया जाता हैं।

(८) सभी नाटकों के पात्रों ने आकाशभासित वाक्यों का प्रयोग किया है।

(९) भास ने भरत के नाट्य में अविहित कुछ शब्दों का प्रयोग प्रचलित अर्थ से भिन्न किया है। जैसे—आर्यपुत्र का प्रयोग अनेकश: ऐसे अर्थों में हुआ है।

(१०) सभी रूपकों का नाम केवल ग्रन्थ की समाप्ति पर ही पाया जाता है।

(११) नाटकों में विभिन्न छन्दों के प्रयोग होने पर भी उनमें साम्य है।

(१२) सभी नाटकों की भाषा तथा शैली में अद्भुत साम्य है।

(१३) नाट्यनिर्देश की न्यूनता सभी नाटकों में मिलती है एवं जो नाट्यनिर्देश हैं उनमें एकाधिक निर्देश एक साथ है। जैसे—निष्क्रम्य पुन: प्रविश्य यहाँ निकलना तथा प्रवेश करना साथ ही निर्दिष्ट है।

(१४) अधिकतर नाटकों में पताका स्थान तथा मुद्रालंकार का प्रयोग एक समान किया गया है।

(१५) इन नाटकों में पाणिनीय व्याकरण के नियमों पर जोर नहीं दिया गया है।

(१६) कई नाटकों में प्रभावशाली पद्धति के द्वारा किसी नवागन्तुक के द्वारा अप्रत्याशित उत्तर की प्राप्ति होती है। जैसे—महासेन और अङ्गारवती आपस में विचार-विमर्श कर रहे हैं कि वासवदत्ता के लिए कौन सा राजा उपयुक्त होगा उसी समय कञ्चुकी उपस्थित होकर 'वत्सराज' का नाम लेता है। इस प्रकार उनके प्रश्न का आकस्मिक उत्तर प्राप्त हो जाता है जबकि कञ्चुकी यह सूचना देने आता है कि 'वत्सराज' बन्दी बना लिया गया।

इसी प्रकार जब अभिषेक नाटक में रावण सीता को यह बताता है कि इन्द्रजित् के द्वारा राम एवं लक्ष्मण का वध हो गया अब तुम्हें कौन मुक्त

करायेगा, उसी समय एक राक्षस आकर यह कहता है कि 'राम'। जबकि राक्षस यह सूचना देना चाहता है कि राम ने इन्द्रजित् को मार डाला।

(१६) कई नाटकों में समान वाक्यों का प्रयोग हुआ है। जैसे—'उस्सरह उस्सरह अय्या ! उस्सरह'। (हटिये, हटिये—श्रीमानों !) का प्रयोग कई स्थानों पर हैं।

(१८) एक पात्र द्वारा दूसरे पात्र के पद्यों को खण्डित किया गया है।

(१९) सम्पूर्ण नाटकों में से पाँच नाटकों के आद्य श्लोकों में मुद्रालङ्कार का प्रयोग कर देवस्तुति, पात्र नामोल्लेख एवं कथानक संकेतित है।

(२०) नाटक में नाटकीय घटनाओं के प्रयोग में समानता पायी जाती है। जैसे—अभिषेक तथा प्रतिमा नाटक में सीता द्वारा रावण को प्रार्थना का अस्वीकार किया जाना तथा उसे शाप देना। इसी प्रकार चारुदत्त में शकार के निवेदन को अस्वीकृत करते हुए वसन्तसेना द्वारा उसे शाप देना। बालचरित तथा पञ्चरात्र में सैनिकों द्वारा राजा के विषय में प्रश्न करना कि यह किसका राजा है ? एवं प्रणाम न करना। अविमारक एवं प्रतिज्ञा में राजा तथा रानी के बीच उपयुक्त वर के लिए एक समान वर्णन है।

(२१) प्रायः भास के नाटकों में युद्ध की सूचना भटों और ब्राह्मणों के माध्यम से दिलायी गयी है।

(२२) किसी घटना की जानकारी देने के लिए निवेद्यतां-निवेद्यतां महाराजाय। इत्यादि वाक्य की उद्भावना पञ्चरात्र, कर्णभार, दूतघटोत्कच आदि में एक समान है।

(२३) नाटक में भावों की समानता पायी जाती है। जैसे—बारद को कलहप्रिय तथा स्वरतन्त्री का साधक बताया गया है—

(क) "तन्त्रीषु च स्वरगणान् कलहांश्च लोके।"—अविमारक ४/२

(ख) "तन्त्रीश्च वैराणि च भट्टयामि।"—बाल १/३

(२४) मृत्यु के बाद राजाओं का स्थूल शरीर तो नहीं रहता परन्तु उनका यशरूपी शरीर चिरकाल तक रहता है, इस प्रकार के विचारों की उद्भावना हुई।

"नष्टाः शरीरैः कतुभिर्धरन्ते"—पञ्चरात्र १/२५

'हतेषु देहेषु गुणा घरन्ते'—कर्ण. १७

(२५) लक्ष्मी का निवास साहसियों के पास वर्शाया गया है एवं वह सन्तोष नहीं करती। इस प्रकार का वर्णन चारुदत्त, दूतवाक्य, पञ्चरात्र और स्वप्नवासवदत्तम् में पाया जाता है।

उपर्युक्त समानताओं के आधार पर कहा जा सकता है कि सम्पूर्ण नाटकों का लेखक एक ही व्यक्ति रहा होगा।

नाटकों का प्रणेता कौन था ?

भास के नाटकों की प्रामाणिकता के विषय में विद्वानों में मतैक्ष्य है। भास के नाटक के सम्बन्ध में विचार व्यक्त करने वाले विद्वानों को तीन श्रेणियों में बाँटा जा सकता है।

प्रथम वर्ग—ए. डी. पुसालकर तथा प्रो. ए. वी. कीथ, गणपति शास्त्री, पराञ्जपे ये सभी नाटकों को भास कृत मानते हैं।

द्वितीय वर्ग—पिशरोटी, कुन्हनराजा, देवधर तथा विण्टरनित्ज, डॉ. बार्नेट ये सभी विद्वान् इन नाटकों को भास कृत नहीं मानते हैं।

तृतीय वर्ग—डॉ. सुकथानकर आदि विद्वानों का विचार है कि जो नाटक उपलब्ध हैं उनमें कुछ नाटक भासकृत हैं तथा कुछ नाटकों को सम्पादन के पश्चात् भास के साथ नाम जोड़ दिया गया है।

केरलीय चाक्यारों को रचना ?

कुछ समीक्षकों का विचार है कि इन नाटकों की रचना केरल रंगमंच अभिनेता चाक्यारों ने की है। इसके सम्बन्ध में इन लोगों का विचार है कि—

(क) नाटकों की हस्तप्रतियों का केवल केरल से प्राप्त होना।

(ख) यदि नाटकचक्र भासकृत होता तो इनकी प्रस्तावना या स्थापना में भास का नामोल्लेख अवश्य होता।

(ग) रीति ग्रन्थों में जो 'स्बप्नवासवदत्ता' के उदाहरण दिये गये हैं उनका वर्तमान नाटकों से कोई मेल नहीं है।

(घ) महामहोपाध्याय कुप्पुस्वामी शास्त्री का विचार है कि 'स्वप्नवासवदत्ता' एवं 'प्रतिज्ञा' नाटकों में 'विवाह' के लिए 'सम्बन्ध' शब्द का प्रयोग हुआ है जो केरल के चाक्यारों में आज भी इसी अर्थ का द्योतक है। इस आधार पर चाक्यारों की रचना प्रमाणिक सिद्ध होती है।

चाक्यारों की रचना की अप्रामाणिकता–

नाटकों की भाषा, शैली, समृद्धि को देखते हुए चाक्यारों की रचना नहीं कहाँ जा सकता, क्योंकि यदि इस प्रकार के नाटकों की सृजन शक्ति चाक्यारों के अन्दर भी तो उन्होंने इन तेरह नाटकों के अतिरिक्त अन्य नाटकों का सृजन क्यों नहीं किया ? क्या इन तेरह नाटकों के बाद उनकी सृजनशक्ति समाप्त हो गई ? अतः इन नाटकों के प्रणेता चाक्यार नहीं थे। इस सम्बन्ध में कुछ तथ्य निर्दिष्ट हैं—

(क) प्राचीन प्रतियों के केरल में प्राप्त होने से प्रामाणिकता सिद्ध नहीं होती, क्योंकि उत्तर भारत में राजनीतिक उथल-पुथल भी उसके अभाव का कारण हो सकता है। इसके साथ ही यह भी सम्भव हो सकता है कि किसी कवि की कृति किसी देश-विदेश में प्रचलित हो तथा अन्य प्रान्तों में उसका प्रचार-प्रसार न हो।

(ख) नाटकों में भास का नामोल्लेख न होने से इसकी अप्रामाणिकता तथा नवीनता नहीं सिद्ध होती, क्योंकि यह निश्चित है कि भास कालिदास से प्राचीन हैं, एवं यह भी सम्भव हो सकता है कि उस समय के कवियों में नामोल्लेख की परम्परा का अभाव हो। इसके साथ यह भी है कि यदि ये नाटक चाक्यारों के होते तो वे अवश्य अपना नामोल्लेख करते।

(ग) प्राचीन ग्रन्थों से प्राप्त उद्धरणीं के सम्बन्ध में यह हो सकता है कि लेखक के प्रमादवश ये अंश छूट गये हों एवं जहाँ पर ये अंश छूटे हैं वहाँ पर उन अंशों को समाविष्ट करने का पर्याप्त स्थान है।

(घ) 'विवाह' के अर्थ में 'सम्बन्ध' शब्द का प्रयोग मिताक्षरा पद्धति में आज भी दिखलायी पड़ता है।

इन नाटकों की रचना पल्लव दरबार में नहीं हुई–

कुछ लोगों का मत है कि पल्लव द्वितीय नरसिंह बर्मन या तेन मारन के किसी सभा पण्डित ने इन नाटकों की रचना की है, क्योंकि दो नरपतियों ने अपनी उपाधि राजसिंह रखा था, अतः 'राजसिंहः प्रशास्तु नः' के प्रयोग के आधार पर यह कहा जा सकता है। इसकी प्रामाणिकता के सम्बन्ध में यह कहा जा सकता है कि नाटक में ऐसे संस्कृत शब्द हैं जो दक्षिण में या दक्षिणात्य अर्थ रखते हैं।

यह तर्क इतिहास की कसौटी पर खरा नहीं उतरता क्योंकि इन राजाओं की सभा में ऐसे प्रतिभाशाली कवि का उल्लेख नहीं है। इसके साथ ही कवि यदि इन राज सभाओं में रहता तो अपनी कृतियों में अपने नाम का उल्लेख अवश्य करता। क्योंकि विक्रम की प्रथम शताब्दी से ही नाम उल्लेख की परम्परा का प्रादुर्भाव हो गया था। जैसे—कालिदास, अश्वघोष, भवभूति, आदि, औदीच्य एवं शक्तिभद्र, महेन्द्र वर्मन् आदि दक्षिण के नाटक कारों के नाम इसके प्रमाण हैं।

इस आधार पर कहा जा सकता है कि इन नाटकों की प्रामाणिकता के सम्बन्ध में विद्वानों के तीन वर्ग है जिसमें एक वर्ग नाटकों की प्रामाणिकता स्वीकार करता है। राजशेखर का भास के 'स्वप्नवासवदत्ता' के विषय में साक्ष्य लिया जा सकता है—

भासनाटकचक्रेऽपि च्छेकैः क्षिप्ते परीक्षितुम्।
स्वप्नवासवदत्तस्य दाहकोऽभून्न पावकः ।।

अग्नि परीक्षा के समय और नाटकों के साथ स्वप्नवासवदत्ता का परीक्षण होता है परन्तु वह बच जाता है। इसके आधार पर कहा जा सकता है कि अन्य नाटक भी भास कृत हैं।

दूसरा वर्ग भास के नाटकों को बिल्कुल अप्रमाणिक मानते हुए उसे किसी परवर्ती लेकर चाक्यार, पल्लव नरेश का सभा पण्डित या किसी अन्य कवि को स्वीकार करता है।

तीसरा वर्ग भास के नाटकों को अर्धप्रमाणिक स्वीकार करता है। इसके अनुसार कुछ नाटक भास रचित हैं लेकिन सभी नहीं। इस मत के समर्थन में महामहोपाध्याय पं. रामावतार शर्मा का विचार है कि कुछ नाटकों के कतिपय अंश भास रचित तो अवश्य है परन्तु सभी नाटकों की रचना भास कृत नहीं है। विभिन्न मत-मतान्तरों के आधार पर निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि ये नाटक अंशतः भास द्वारा लिखे गये हैं।

भास का समय–

संस्कृत साहित्य के नाट्य जगत् को आलोकित करने वाले महाकवि भास के समय् निर्धारण में विद्वानों में मतभेद हैं। इसका मुख्य कारण यह है कि उस समय में कवियों में जीवन-परिचय लिखने की परम्परा का प्रादुर्भाव नहीं हुआ था। भास के समय के सम्बन्ध में विद्वानों में जितना मतभेद है उतना अधिक सम्भवतः संस्कृत जगत् के किसी कवि के सम्बन्ध में नहीं होगा। यदि एक वर्ग भास को ई. पू. चौथी सदी में मानता है तो दूसरा वर्ग उन्हें ईसा की दसवीं सदी में। इस प्रकार भास के समय में १४०० वर्षों का अन्तर पड़ता है। भास को दसवीं सदी में मानने वाले विद्वान् भासनाटकचक्र कालिदास द्वारा वर्णित भास के नाटक को न मानकर किसी अन्य चाक्यार या केरलीय कवि द्वारा निर्मित स्वीकार करते हैं।

अन्तः साक्ष्य एवं बाह्य साक्ष्य के तथ्यों के आधार पर भास को चतुर्थ ई. पू. तथा ईस्वी सन् चतुर्थ शतक के बीच स्वीकार किया जा सकता है।

महाकवि भास का देश–

दक्षिण के विद्वान् महाकवि भास को दक्षिण देश का निवासी मानते हैं। इसके सम्बन्ध में उन लोगों का तर्क है कि—

(१) भास के नाटकों के सभी हस्तलेख केरल में प्राप्त हुए हैं।

(२) सम्पूर्ण भारत को छोड़कर केरल में ऐसा नियम है कि संस्कार के समय पति के साथ पत्नी की उपस्थिति अनिवार्य नहीं है, इसी प्रकार का चित्रण भास ने अपनी प्रतिमा नाटक में संस्कार के समय राम के साथ सीता का चित्रण

नहीं किया है अतः इस प्रकार के वर्णन के आधार पर भास केरल के निवासी ठहरते हैं।

(३) भास ने मामा का अधिक सम्मान के साथ उल्लेख किया है, जिसका कारण दक्षिण भारत का ही प्रभाव है।

मतों की अप्रामाणिकता–

किसी कवि के किसी स्थान पर प्राप्त हस्तलेखों के आधार पर उसको उस देश का निवासी नहीं कहा जा सकता, क्योंकि यह भी सम्भव है कि किसी कवि की रचनाओं की ख्याति दूसरे देशों में हों तथा कवि दूसरे देश का निवासी हो। उत्तर भारत में मुसलिम शासकों का क्रूर नर्तन तथा राजनीतिक उथल-पुथल का समय था। इसलिए भास के नाटकचक्र के हस्तलिपियों का उत्तर भारत में अभाव है। प्रतिमा नाटक में अभिषेक संस्कार में राम के साथ सीता की अनुपस्थिति नाटकीय विशेषताओं के लिए दर्शायी गयी है।

भास के द्वारा मामा को अधिक सम्मान देने वाली बात धर्मशास्त्र पर अवलम्बित है।

वस्तुतः भास के नाटकों के अध्ययन से उस समय की परिस्थितियों का ज्ञान होता है। भास ने अपने नाटकों में अनेकों देशों का वर्णन किया है। उनमें प्रमुख है—अवन्तो, वत्स, काशी, मत्स्य, शूरसेन, कुरु, कुरुआङ्गल, उत्तरकुरु कोशल, विराट्, सौवीर, कम्बोज, गांधार, मद्र, मगध, मिथिला (विदेह), अंग, बंग, जनस्थान, दक्षिणापथ तथा लङ्का आदि। इन नामों के आधार पर कहा जा सकता है कि भास उत्तर भारत के ही निवासी थे। उन्होंने लङ्का, दक्षिणापथ, सिंहल का वर्णन किया है, जो रामायण एवं महाभारत के आधार पर किया गया है।

भास ने उत्तर भारत के ही पर्वतों हिमालय, विन्ध्य, महेन्द्र मलय, चित्रकूट, मेरु, मन्दर, कौञ्च, कैलाश आदि का वर्णन किया है।

भास का धर्म–

महाकवि भास गो-ब्राह्मण संरक्षक वैष्णव मतावलम्बी थे, वे राम तथा कृष्ण के अनन्य भक्त, वैदिक कर्मकाण्डों में पूर्ण निष्ठा रखने वाले वैष्णव धर्म के अनन्य अनुयायी थे।

भास ब्राह्मण थे ?

भास के नाटकों से यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि भास ब्राह्मण थे[१] । परम्परा से भी ब्राह्मण का विद्या के अध्ययन-अध्यापन पर आधिपत्य था । ब्राह्मण धर्म एवं समाज व्यवस्था को मानना तथा अकुलीनों का सुरूप न होना (अविमारक) आदि तथ्य भास को ब्राह्मण ठहराते हैं ।

नाटक का संक्षिप्त कथानक–

महाकवि भास के द्वारा विरचित यह नाटक एक अङ्क का है । इसका कथानक महाभारत पर आधारित है । जो इस प्रकार है—

नान्दी के बाद सूत्रधार रङ्गमंच पर आता है और वह सभी के लिए मङ्गल कामना करता है । उसी समय नेपथ्य में शब्द सुनायी पड़ता है । शब्द को सुनकर वह कहता है कि मैं समझ गया कि भौम का पुत्र हिडिम्बा रूपी अरणि से निकला हुआ यह राक्षस साधु प्रकृति के ब्राह्मण को कष्ट दे रहा है । वह कहता है कि राक्षस द्वारा पीछा किये जाने के कारण ब्राह्मण अपने पुत्र तथा पत्नी सहित ऐसे भयभीत है जैसे सिंह के द्वारा पीछा किये जाने पर डरे हुए बछड़े और गाय से युक्त व्याकुल और व्यथित बैल होता है ।

तदनन्तर ब्राह्मण अपने तीन पुत्रों तथा स्त्री के साथ उपस्थित होता है । यह ब्राह्मण कुरुजाङ्गल प्रदेश के यूपग्राम का निवासी माठर गोत्रीय अध्वर्युं केशवदास है, यह उद्यामक ग्राम निवासी कौशिक गोत्रीय अपने मातुल यज्ञबन्धु से मिलने जा रहा है । यज्ञजन्धु के यहाँ पुत्र का उपनयनसंस्कार होने वाला है उसी में सम्मिलित होने के लिए अपने तीन पुत्रों और स्त्री के साथ जा रहा है । मार्ग में उसे वह जंगल पार करना है जिसमें वनवास के समय पाण्डव निवास करते थे । उस जंगल में उसका एक राक्षस पीछा करता है ।

राक्षस को देखकर ब्राह्मण कहता है कि यह कौन है जिसका केशकलाप मध्याह्न कालीन सूर्य की किरणों के समान फैला है । कुञ्चित भ्रू के कारण बड़ी-बड़ी आँखें लाल हो गयी है, कण्ठ का स्वर्णसूत्र बादल में विद्युल्लता की भाँति है । यह प्रलयकालीन शंकर की प्रतिमा के समान है, तथा हमारे धैर्य को नष्ट

---

[१] ए. एस. पो. अय्यरकृत 'भास' पृ. ६, यही मत डॉ. पुसालकर का भी है ।

कर रहा है। प्रथम पुत्र उसको देखकर कहता है कि जिसकी दोनों आँखें सूर्य और चन्द्र के समान प्रभापूर्ण, विशाल वक्षः स्थल हैं एवं सोने के समान चमकीले केश हैं, जो पीला रेशमीं वस्त्र धारण किए हुए है तथा जिसका वर्ण रात्रि के संपुञ्जित अंधकार के समान है और जिसके दाँत मुँह से बाहर निकलने पर ऐसे प्रतीत हो रहे हैं मानों नवीन मेघ समूह में चन्द्रकला निमज्जित हो रही हो कौन है ?

द्वितीय ब्राह्मण कुमार कहता है कि यह कौन है ? जिसके दाँत हाथी के बच्चे के समान छोटे और पतले हैं, नाक हल के समान, लम्बी भुजायें हाथी की सूंड़ के समान और यज्ञाग्नि के समान स्वयं प्रज्ज्वलित तथा त्रिपुरदाह के समय शंकर के भयङ्कर क्रोध के समान मालूम पड़ता है।

तृतीय ब्राह्मण कुमार कहता है कि यह कौन है जो पर्वत समूहों के लिए वज्रपात, सब पक्षियों के लिए बाज, मृग समूह के लिए सिंह और मानव शरीर धारण किये साक्षात् मृत्यु ही है।

राक्षस घटोत्कच ब्राह्मणों से कहता है कि रुको-रुको! मेरे भय के कारण तुम्हारा धैर्य नष्ट हो चुका है और अपने भयभीत पत्नी तथा पुत्रों की रक्षा करने की सामर्थ्य तुममें नहीं है। फिर भी गरुड़ के पंख के अग्रभाग से जिसकी क्रोधाग्नि पूर्ण प्रज्वलित हो गई है ऐसे सपत्नीक सर्प के समान तुम क्यों भागे जा रहे हो। हे ब्राह्मण ! न जाओ।

राक्षस घटोत्कच की बातों को सुनकर वृद्ध ब्राह्मण अपनी पत्नी तथा पुत्रों से कहता है कि तुम लोगों को नहीं डरना चाहिए क्यों इसकी वाणी विवेकयुक्त तथा सुविचारित मालूम पड़ती है। घटोत्कच भी अपने कर्म के प्रति पश्चात्ताप प्रकट करते हुए कहता है कि मुझे ज्ञात है कि सम्पूर्ण पृथ्वी पर ब्राह्मण श्रेष्ठ तथा पूजनीय है। परन्तु माता को आज्ञा की कारण न करने योग्य कार्य—ब्राह्मण-बध—आज मुझे करना पड़ रहा है।

उसी समय ब्राह्मण अपनी पत्नी से कहता है कि तुम्हें याद नहीं कि जलक्लिन्न मुनि ने कहा था कि यह वन राक्षसों से विहीन नहीं है। अतः तुम लोगों को सतर्क होकर जाना चाहिए। ब्राह्मणी कहती है कि आप इस समय

कर्तव्यविमुढ़ क्यों हो रहे हैं ? किसी को बुलाइए। यह सुनकर ब्राह्मण कहता है कि किसे बुलाऊँ ? यह वन तो पशु-पक्षियों से युक्त निर्जन है, यहाँ चिल्लाना अरण्यरोदन के समान है। सहसा उसे कुछ स्मरण हो आता है और कहता है कि हमलोगों को भयभीत नहीं होना चाहिए, क्योंकि पाण्डवों का आश्रम यहीं होना चाहिए। पाण्डव तो बड़े ही युद्ध प्रिय, शरणागत की रक्षा करने वाले तथा दीनों पर दया करने वाले हैं। वे इस प्रकार की भयानक आकृति तथा भयानक कर्म करने वालों को दण्ड देने में समर्थ हैं।

परन्तु प्रथम ब्राह्मण कुमार अपने पिता को बतलाया है कि पाण्डव शतकुम्भ यज्ञ में सम्मिलित होने महर्षि धौम्य के आश्रम गये हैं। अतएव सब तरह से अपने को निराक्षित पाकर वृद्ध ब्राह्मण घटोत्कच से ही अपने मुक्ति का उपाय पूछता है। घटोत्कच कहता है कि मुक्ति का उपाय है परन्तु एक शर्त है। शर्त यह है कि मेरी आदरणीय माता का आदेश है कि उपवास के पारण के लिए इस वन प्रदेश से किसी मनुष्य को खोज लाओ, इसलिए मैंने आप लोगों को पकड़ा है। यदि तुम अपनी पत्नी तथा दो पुत्रों सहित बचना चाहते हों तो इन पुत्रों में से योग्य-अयोग्य का विचार कर किसी एक को दे दो। घटोत्कच के इस प्रस्ताव को सुनकर वृद्ध ब्राह्मण क्रोधित हो जाता है और कहता है कि क्रूर राक्षस ! दूर हट। मैं शास्त्रज्ञ ब्राह्मण अपने गुणशील सम्पन्न पुत्र को मानवभक्षी राक्षस को देकर कैसे शान्ति प्राप्त करूँगा। घटोत्कच कहता है कि हे ब्राह्मण श्रेष्ठ ! यदि आप अपने एक पुत्र को नहीं दीजिएगा तो शीघ्र ही आपका पूरा परिवार विनष्ट हो जायेगा।

घटोत्कच की बातें सुनकर ब्राह्मण कहता है कि मेरा शरीर वृद्ध एवं जर्जर हो गया है, कुल की रक्षा के लिए मैं ही तुम्हारे साथ चलूँगा, ब्राह्मण की बात सुनकर ब्राह्मणी कहती है कि पतिव्रता स्त्री के लिए पति ही धर्म है, अतः आपकी एवं पुत्रों की रक्षा के हेतु मैं ही अपने को राक्षस को देती हूँ। परन्तु घटोत्कच कहता है कि मेरी माता को स्त्री की आवश्यकता नहीं है। वृद्ध ब्राह्मण स्वयं राक्षस के साथ जाने को कहता परन्तु उसका प्रथम पुत्र कहता है कि पिता जी ! मैं अपने प्राण देकर आपकी तथा शेष कुल की रक्षा करूँगा।

यह सुनकर द्वितीय ब्राह्मण कुमार कहता है कि ज्येष्ठ पुत्र पिता का प्रिय तथा कुल एवं लोक में श्रेष्ठ होता है। इसलिए मैं राक्षस के साथ जाऊँगा। तृतीय ब्राह्मण कुमार कहता है ऐसा नहीं होगा ज्येष्ठ भाई पिता तुल्य होता है इसलिए अपने पूज्यों की प्राण रक्षा के लिए मैं राक्षस के साथ जाऊँगा। अपने दोनों छोटे भाइयों को प्रथम ब्राह्मण कुमार यह कहकर जाने से रोकता है कि आपत्ति में पड़े पिता की ज्येष्ठ पुत्र ही रक्षा करता है। ज्येष्ठ पुत्र की बात सुनकर ब्राह्मण कहता है कि ज्येष्ठ पुत्र मुझे बड़ा प्रिय है इसलिए उसे मैं नहीं छोड़ सकता। ब्राह्मणी कहती है कि आप ज्येष्ठ पुत्र को चाहते हैं तो मैं छोटे पुत्र को चाहती हूँ। यह सुनकर मध्यम पुत्र कहता है कि माता-पिता का अनिष्ट किसे प्रिय होगा। यदि ये लोग दोनों पुत्रों को नहीं जाने देना चाहते तो मैं ही जाऊँगा। द्वितीय पुत्र की बात सुनकर घटोत्कच प्रसन्न होता है तथा ब्राह्मण कुमार को अपने साथ चलने को कहता है। ब्राह्मण कुमार क्रमशः अपने पिता-माता तथा बड़े भाई को प्रणाम करता है। वृद्ध ब्राह्मण पुत्र को आशीर्वाद देते हुए कहते हैं कि तुम्हें वह ब्रह्मलोक प्राप्त हो जो अजितेन्द्रिय पायात्माओं के लिए सर्वथा दुर्लभ है। माता चिरकाल तक जीने का आशीर्बाद देती है तथा भाई कहता है कि तुम्हारे पुण्य यश से सम्पूर्ण पृथ्वी गौरवान्वित होगी।

चलते समय ब्राह्मण कुमार मध्यम पुत्र घटोत्कच से कहता है कि थोड़ी देर तुम रुक जाओ जिससे मैं समीपवर्ती जलाशय से जल ग्रहण कर अपनी प्यास बुझालूँ। घटोत्कच कहता है कि जाओ परन्तु शीघ्र चले आना क्योंकि मेरी माता के भोजन का समय बीत रहा है। मध्यमपुत्र जल पीने चला जाता है। उसके जाने पर वृद्ध ब्राह्मण बहुत सन्ताप प्रकट करता है।

मध्यम को जलाशय से लौटने में विलम्ब होता है। घटोत्कच मध्यम को जोर से पुकारता है। वहीं पास में भीम है जो इस आवाज को सुनकर मन में तर्क-वितर्क करते हैं कि इस गहन वन में इतने ऊँचे स्वर से कौन पुकारता है, यह स्वर अर्जुन के स्वर से मिलता है। घटोत्कच पुनः जोर से मध्यम को पुकारता है। भीम आवाज सुनकर सोचते हैं कि देखें कौन है, वे समीप आकर देखते हैं और घटोत्कच के हृष्ट-पुष्ट शरीर को देखकर आश्चर्यान्वित हो जाते

हैं। जब पुनः घटोत्कच पुकारते हुए कहता है कि हे मध्यम ! शीघ्र आ जाओ, तब भीम कहते है कि मैं आ गया। घटोत्कच भीम के व्यक्तित्व को देखकर ठिठक जाता है और पूछता है कि क्या आप ही मध्यम हैं ? तब भीम कहते है कि मैं ही मध्यम हूँ क्योंकि अमृत धर्मात्माओं में मैं मध्यम हूँ और स्वाभिमानियों में भी, मैं पृथ्वी पर (तीनों लोक में) मध्य में हूँ। उत्पत्ति क्रम से मैं अपने भाइयों में मझला (मध्यम) हूँ। भीम की बात सुनकर वृद्ध ब्राह्मण सोचता है कि निश्चय ही यह पाण्डवों में मध्यम ही होंगे, जो हमलोगों को विपत्ति से मुक्त कराने भाग्यवशात् यहाँ आये हैं। उसी समय ब्राह्मण पुत्र मध्यम वहाँ आता है और घटोत्कच उसे लेकर चल देता है। वृद्ध ब्राह्मण कातर दृष्टि से भीम के पास जाकर कहता है कि ब्राह्मण कुल की रक्षा कीजिए। वह भीम को अपना परिचय देते हुये यह भी बताता है कि कहाँ का रहने वाला है और कहाँ, किस उद्‌देश्य से जा रहा है। तथा यह राक्षस मेरे परिवार के सभी लोगों को खाना चाहता है। ब्राह्मण की सम्पूर्ण बात सुनने के पश्चात् भीम उसे अभयदान देते हैं और जोर से बोलते हुए घटोत्कच को ठहरने के लिए कहते हैं। भीम घटोत्कच से कहते हैं कि तुम ब्राह्मण परिवार रूपी चन्द्र को ग्रसने के लिए राहु बने हो। ब्राह्मण परिवार को छोड़ दो, क्योंकि ब्राह्मण अबध्य होता है। घटोत्कच भीम की बातों को सुनकर कहता है कि आप क्या यदि मेरे पिता भी मुझसे कहते तो भी मैं अपनी माता की आज्ञा को शिरोधार्य कर इन्हें कभी नहीं छोड़ता। भीम घटोत्कच की मातृभक्ति देखकर मन में सोचते हैं कि मनुष्यों के लिए माता तो देवताओं की भी देवता है। हमलोग भी माता कुन्ती की आज्ञा मानकर द्यूत क्रीड़ा के कारण वनवास की दशा को प्राप्त हुए। भीम घटोत्कच से उसकी माता का नाम पूछते हैं। घटोत्कच अपनी माता का नाम हिडिम्बा बताता है। यह सुनकर और यह जानकर कि यह हिडिम्बा का पुत्र है भीम मन ही मन बहुत प्रसन्न होते हैं। भीम मध्यम पुत्र को रोकते हुए स्वयं घटोत्कच के साथ जाने को कहते हैं। परन्तु मध्यम पुत्र यह कहता है कि मैंने अपने कुल के निमित्त प्राण त्यागने का निश्चय कर लिया है और आप सुन्दर तथा श्रेष्ठ गुणों वाले हैं अतः चिरकाल तक इस पृथ्वी पर रहें। भीम कहते हैं कि मैं क्षत्रिय कुल में उत्पन्न हूँ। अपना

शरीर देकर ब्राह्मण का शरीर बचाना चाहता हूँ।

घटोत्कच जब भीम से चलने को कहता है तब वे कहते हैं कि यदि 'तुममें शक्ति हो तो मुझे ले चलो'।

इसके अनन्तर घटोत्कच भीम को युद्ध के लिए ललकारता है और उनके ऊपर विशाल वृक्ष एवं पर्वत शिखर से प्रहार करता है परन्तु भीम को वह विचलित नहीं कर पाता है, तब वह मल्लयुद्ध के लिए ललकारता है, मल्लयुद्ध में भी भीम बहुत सहजता से उसके बाहुपाश से अपने को मुक्त कर लेते हैं। अन्त में अपने को असफल होता देख घटोत्कच अपनी माता के द्वारा प्रसाद के रूप में प्राप्त मायापाश का प्रयोग भीम के ऊपर करता है, अपने को मायापाश में बँधा देख भीम कहते हैं कि मुझे शंकर जी की कृपा से मायापाश से मुक्ति का मन्त्र भी प्राप्त है, और मन्त्र का जप कर बन्धन मुक्त हो जाते है। घटोत्कच जब अपने सारे उपायों के प्रयोग करने के बाद भीम को ले जाने में असफल होता है तव वह भीम को उनकी प्रतिज्ञा का स्मरण दिलाता है। अपनी प्रतिज्ञा का स्मरण कर भीम घटोत्कच का अनुसरण कर जाने लगते हैं। घटोत्कच भीम को खड़ा कर अन्दर अपनी माता को सूचना देने जाता है। हिडिम्बा अपने इच्छित आहार की सूचना पाकर कौतुहलवश उसे देखने आती है। भीम को देखकर वह आर्यपुत्र ! कहकर उनका अभिवादन करती है और धटोत्कच से भी अपने पिता को प्रणाम करने के लिए कहती है। घटोत्कच अपने पिता से उनके प्रति किये गये अपने पूर्व व्यवहार के लिए क्षमायाचना माँगते हुए प्रणाम करता है। भीम उसके अपराधों को क्षमा करते हुए उसे आलिंगनबद्ध कर लेते हैं और कहते हैं कि पिता का हृदय हमेशा पुत्र की अपेक्षा रखता है तथा आशीर्वाद देते हुए कहते हैं पुत्र ! अजेयं शक्ति वीरता प्राप्त करो। भीम अपने पुत्र घटोत्कच से वृद्ध ब्राह्मण केशवदास को भी प्रणाम करने को कहते हैं, घटोत्कच वैसा ही करता है, ब्राह्मण उसे आशीर्वाद देते हुए कहते हैं कि पिता के समान गुण और कीर्ति वाले बनो, अन्त में ब्राह्मण अपने परिवार के साथ अपने गन्तव्य को प्रस्थान करता है। भीम हिडिम्बा तथा घटोत्कच के

साथ आश्रम के प्रदेश तक ब्राह्मण देवता को छोड़ते हैं। मंगल वाक्य के साथ नाटक समाप्त होता है।

नाटक के प्रमुख पात्रों का चरित्र-चित्रण–

महाकवि भास पात्रों के चरित्राङ्कन में सिद्धहस्त हैं। इनके पात्र नाटक में भारस्वरूप न होकर कथानक को जीवतता प्रदान करते है। प्रस्तुत मध्यमव्यायोग एकांकी में कुल आठ पात्र है। जिनमें वृद्ध ब्राह्मणी एवं हिडिम्बा दो स्त्री पात्र हैं तथा भीम, घटोत्कच, वृद्ध ब्राह्मण केशवदास तथा उसके तीनों पुत्र कुल छः पुरुष पात्र हैं। इनमें से प्रमुख पात्रों का चरित्र इस प्रकार है—

भीम–

प्रस्तुत नाटक का नायक भीम हैं इनका चरित्र अत्यन्त ही उदात्त तथा महनीय रूप में नाटककार ने प्रस्तुत किया है। भीम का व्यक्तित्व एवं शारीरिक बनावट अत्यन्त प्रभावशाली है, उन्हें देखकर घटोत्कच कहता है—

अही दर्शनीयोऽयं पुरुषः। य एष—

सिंहाकृतिः कनकतालसमानबाहु–
र्मध्ये तनुर्गरुडपक्षविलिप्तपक्षः।
विष्णुर्भवेद्विकसिताम्बुजपत्रनेत्रो
नेत्रे ममाहरति बन्धुरिवागतोऽयम्॥२७॥

अर्थात् सिंह के समान आकृति, सोने के ताड़ वृक्ष के समान लम्बी बाहें, क्षीण कटि, गरुड़ के पङ्ख से चिकने पार्श्वों, कमलदल के समान विशाल नेत्रों वाला बन्धु के समान आया हुआ यह विष्णु हो सकता है जो मेरे नेत्रों को आकृष्ट कर रहा है।

भीम निर्भीक, स्वाभिमानी तथा बलवान् क्षत्रिय हैं। वे परदुःखकातर स्वभाव के हैं। उन्हें क्षत्रिय के कर्तव्यों का पूर्ण ज्ञान है। वे ब्राह्मण को अभय दान देते हैं। वे घटोत्कच से कहते हैं कि तुम इस ब्राह्मण तथा ब्राह्मण परिवार को छोड़ दो क्योंकि ब्राह्मण को अनेक अपराध करने पर भी नहीं मारना चाहिए—

निवृतव्यवहारोऽयं सदारस्तनर्यः सह।
सर्वापराधेऽवध्यत्वान्मुच्यतां द्विजसत्तमः ।।३४।।

भीम मध्यम पाण्डव हैं और अपने को अनेक तर्कों द्वारा मध्यम सिद्ध करते हैं। वे कहते है कि अमृत धर्मात्माओं, स्वाभिमानियों, तीनों लोक, अपने भाइयों तथा पञ्चभूतों सबमें मैं मध्यम हूँ।

भीम के मन में माता के प्रति अगाध श्रद्धा तथा प्रेम है वे स्वयं कहते है—

माता किल मनुष्याणां देवतानां च दैवतम्।
मातुराज्ञां पुरस्कृत्य वयमेतां दशां गताः ।।३७।।

अर्थात् मनुष्यों के लिए तो माता देवताओं की भी देवता है। माता की आज्ञा को मानकर हम लोग द्यूतक्रीड़ा के द्वारा इस दशा को प्राप्त हुए।

उनके हृदय में वात्सल्य प्रेम की भावना भरी हुई है। घटोत्कच को देखकर उन्हें सुभद्रा पुत्र अभिमन्यु की याद आती है—

दृष्ट्वैतद्बालशौण्डीर्यं सौभद्रस्य स्मराम्यहम् ।।३५।।

भीम पत्नी प्रेमी पति भी हैं। हिडिम्बा को देखकर उसकी प्रशंसा करते हुए कहते हैं कि हे देवि! तुमने हमारे कष्ट दूर कर दिए—

जातकारुण्यया देवि! सन्तापो नाशितस्त्वया ।।४६।।

तथा उसके आचरण की प्रशंसा करते हुए कहते हैं कि तुम जन्म से राक्षसी हो परन्तु आचरण से नहीं—

'जात्या राक्षसी न समुदाचारेण'

भीम एक वीर क्षत्रिय योद्धा भी हैं, जब घटोत्कच उन्हें उपने साथ चलने को कहता है तो वे कहते हैं कि तुममें यदि सामर्थ्य हो तो मुझे ले चलों और वे घटोत्कच को परास्त करते हैं। इसके साथ ही मायापाश से छुड़ाने के लिए दिव्यशक्ति का प्रयोग करते हैं और घटोत्कच को सभी प्रकार से परास्त कर देते हैं। परन्तु इतना बलपौरुष होते हुए भी वे अपनी बात पर अटल रहते हैं। जब घटोत्कच उन्हें उनकी प्रतिज्ञा की याद दिलाता है तो वे चुपचाप उसके साथ चलने को तैयार हो जाते हैं। इस प्रकार हम देखते हैं कि नाटककार ने भीम

को नायक के पद प्रतिष्ठित करते हुए उनके चरित्र को प्रोज्वल प्रदर्सित किया है।

घ़टोत्कच-

घटोत्कच नाटक का महत्त्वपूर्ण पात्र है। नाटक के नायक, भीम हैं परन्तु सम्पूर्ण घटना क्रम घटोत्कच पर ही अवलम्बित है। वह अत्यन्त वीर, साहसी, बलशाली, मातृभक्त एवं आज्ञाकारी पुत्र है। नाटक के प्रारम्भ में घटोत्कच वृद्ध ब्राह्मण को प्रलयकालीन रुद्र के समान प्रतीत होता है तो द्वितीय ब्राह्मण कुमार को त्रिपुरदाह के समय शंकर के भयङ्कर क्रोध के समान तथा तृतीय ब्राह्मण कुमार तो कहते हैं कि यह पर्वत समूहों के लिए वज्रपाश, सब पक्षियों के लिए बाज, मृगसमूह के लिए सिंह और मानव शरीर धारण किये साक्षात् मृत्यु ही है।

घटोत्कच राक्षस होते हुए भी अपने कर्त्तव्य-अकर्त्तव्य को समझता है। वह कहता है कि मैं यह जानता हूँ कि सम्पूर्ण पृथ्वी पर ब्राह्मण पूजनीय है परन्तु बिना किसी शंका के माता की आज्ञा से सर्वथा न करने योग्य कार्य मुझे करना है—

जानामि सर्वत्र सदा च नाम
द्विजोत्तमाः पूज्यतमाः पृथिव्याम्।
अकार्यमेतच्च मयाऽथ कार्य
मातुर्नियोगादपनीय शङ्काम्।।९।।

घटोत्कच इतना बड़ा मातृभक्त है कि जब भीम उससे कहते है कि इस ब्राह्मण को छोड़ दो तब वह कहता है कि ऐसा पिता जी भी कहते तो मैं माता के आदेश के कारण कदापि नहीं छोड़ता—

मुच्यतामिति विस्रब्धं ब्रवीति यदि मे पिता।
न मुच्यते तथा ह्येष गृहीतो मातुराज्ञया।।३६।।

घटोत्कच के चरित्र में राक्षसी वृत्ति की कठोरता नहीं है बल्कि उसमें मानवीय गुणों से युक्त आत्मविश्वास तथा सहानुभूति की भावना भरी हुई

परिलक्षित होती है । जब मध्यम ब्राह्मण कुमार जल पीने के लिए बाहर जाने को कहता है तो वह उसे बिना किसी संकोच के जाने की अनुमति प्रदान कर देता है । घटोत्कच दृढ़निश्चयी तथा निर्भीक है । जब भीम उससे कहते हैं कि तुममें शक्ति हो तो मुझे ले चलो तो वह घबड़ाता नहीं है बल्कि अस्त्र-शस्त्र तथा मायापाश का प्रयोग कर उन्हें ले चलने का प्रयास करता है । वह बुद्धिमान् एवं चतुर इतना है कि जब अस्त्र-शस्त्र के द्वारा भीम को नहीं जीत सकता तो उन्हें उनकी प्रतिज्ञा याद दिलाकर अपने साथ ले जाता है ।

उसे अपने कुल परिवार पर भी गर्व हैं वह अपना परिचय देते हुए भीम से कहता है कि मेरी माता हिडिम्बा हैं जो कौरव कूल के दीपक महात्मा पाण्डव से पूर्ण चन्द्र से आकाश की भाँति सनाथ की गई है—

कौरव्यकुलदीपेन पाण्डवेन महात्मना ।
सनाथा या महाभागा पूर्णेन द्यौरिबेन्दुना ।।३८।।

घटोत्कच विनयशील भी है । जब वह भीम को अपने साथ लेकर माता के पास पहुँचता है और उसे यह ज्ञात होता है कि यह व्यक्ति मेरे पिता है तो वह तत्क्षण उनसे क्षमा याचना करते हुए प्रणाम करता है—

अज्ञानात्तु मया पूर्व यद्भवान्नाभिवादितः ।
अस्य पुत्रापराधस्य प्रसादं कर्तुमर्हसि ।।५०।।

'अहं स धार्तराष्ट्रवनदवाग्निर्घटोत्कचोऽभिवादये । पुत्रचापलं क्षन्तुमर्हसि ।'

हिडिम्बा

भीमसेन की स्त्री हिडिम्बा के नाम की चर्चा तो नाटक में बहुत पहले ही होती है परन्तु उसकी उपस्थिति बिल्कुल अन्त में होती है । हिडिम्बा के राक्षसी होते हुए भी उसके अन्दर मानवीय गुण विद्यमान है । वह पतिपरायण तथा बुद्धिमती स्त्री है । वह इतनी बुद्धिमती है कि पति से मिलने के लिए ही वह इस प्रकार का कार्य करती है, जब भीमसेन उससे पूछते हैं कि यह क्या ? तो वह उनके कान में (ईदृशमिव) कहती है । यह सुनकर भीम कहते हैं—

'जात्या राक्षसी, न समुदाचारेण'

अर्थात् तुम जन्म से राक्षसी हो आचरण से नहीं।

वह अपने पति को देवतुल्य समझती है, जब वह भीम को देखती है तो अपने पुत्र घटोत्कच से कहती है कि यह तो तुम्हारे और मेरे दोनों के देवता है। इस प्रकार कहा जा सकता है कि हिडिम्बा पतिपरायणा तथा दया ममतावाली राक्षसी है।

ब्राह्मण केशवदास–

ब्राह्मण केशवदास का चरित्र त्याग, संयम तथा सरलता से भरा हुआ है। वह अपने को विनष्ट कर अपने कुटुम्ब की रक्षा करना चाहते हैं। वह कहते हैं कि अपने पुत्र तथा स्त्री की रक्षा हेतु इस वृद्ध जर्जर शरीर को राक्षस की क्षुधा अग्नि में आहुति कर दूँगा—

कृतकृत्यं शरीरं मे परिणामेन जर्जरम्।
राक्षसाग्नो सुतापेक्षी होष्यामि विधिसंस्कृतम्।।१५।।

जब घटोत्कच कहता है कि आप अपने तीनों पुत्रों में से किसी एक को दे दीजिए, तो उसके इस प्रस्ताव को सुनकर ब्राह्मण क्रुद्ध हो जाते हैं और कहते हैं कि मैं एक वुद्ध शास्त्रज्ञ ब्राह्मण अपने गुणशील-सम्पन्न पुत्र को मानवभक्षी राक्षस के लिए देकर भला किस प्रकार शान्ति को प्राप्त करूँगा—

ब्राह्मणः श्रुतवान्बृद्धः पुत्रं शीलगुणान्वितम्।
पुरुषादस्थ दत्त्वाहं कथं निर्वृतिमाप्नुयाम्।।१३।।

जब द्वितीय ब्राह्मण कुमार घटोत्कच के साथ जाने के लिए तैयार होता है तो उसके आत्मबलिदान की सराहना करते हुए ब्रह्मलोक प्राप्ति का आशीर्वाद देते है—

विनिमाय गुरुप्राणान् स्वैः प्राणैर्गुरुवत्सल।
अकृतात्मदुरावापं ब्रह्मलोकमवाप्नुहि।।२१।।

ब्राह्मण का हृदय इतना सरल है कि जब घटोत्कच उन्हें प्रणाम करता है तो उसके सारे पूर्व कार्यों को भुलाकर आशीर्वाद देते हुए कहते हैं कि पिता के समान गुण और कीर्ति वाले बनो।

यह सब होते हुए भी एक बात खटकती है कि माता छोटे पुत्र तथा पिता बड़े पुत्र से अधिक प्रेम करते हैं और मध्यमपुत्र को राक्षस को देने के लिए तैयार हो जाते है। यह घटना ऐतरेय आरण्यक के समान लगती है जिसमें शुनःशेप को उसके माता-पिता बरुणबलि बनाने के लिए उद्यत हो जाते है।[1] परन्तु यहाँ पर थोड़ा अन्तर यह दिखायी देता है कि ब्राह्मण अपने द्वितीयपुत्र मध्यम को मन से नहीं देता है और देने पर पश्चात्ताप करता है। उसे सम्पूर्ण परिवार खण्डित लगता है। वह कहता है कि मेरे पर्वत रूपी वंश के परमरमणीय जो तीन शिखर थे उसके मध्यम शृङ्ग के टूट जाने से मुझे बड़ा संताप हो रहा है—

यस्त्रिशृङ्गो मम त्वासीन्मनोज्ञो वंशपर्वतः।
स मध्यशृङ्गभङ्गेन मनस्तपति मे भृशम्।।२३।।

नाटक के कथानक का आधार-

मध्यमव्यायोग नाटक का कथानक महाभारत पर आधारित है। महाभारत के आदि पर्व के अन्तर्गत हिडिम्ब-वध पर्व में हिडिम्ब-वध तथा हिडिम्बा से भी ब्याह का वर्णन है। इसके अतिरिक्त हिडिम्बा पुत्र घटोत्कच का अस्तित्व भी वहाँ पर है। परन्तु घटोत्कच के द्वारा ब्राह्मण परिवार का पीछा करना, घटोत्कच के द्वारा अज्ञात में अपने पिता भीम से युद्ध, हिडिम्बा और भीम का पुनः मिलन आदि घटनाओं का उल्लेख महाभारत में नहीं हैं। यह कवि के द्वारा कल्पित हैं। महाभारत के द्रोणपर्व के (अ. १८१/२६-२७) में इतना अवश्य उल्लेख है कि घटोत्कच यज्ञ तथा ब्राह्मणों का विद्वेषी है।

नाटक का नामकरण-

महाकवि भास से नाटक का नामकरण अत्यन्त ही उपयुक्त एवं अर्थगर्भित है। नाटक के नाम की व्याख्या इस प्रकार की जा सकती है—

(१) 'मध्यम' शब्द अर्थात् पाण्डवों में मध्यम पाण्डव भीम तथा व्यायोग नाटक का एक प्रकार हैं।

---

[1] शुनःशेप के आख्यान के लिये द्रष्टव्य—डॉ. गङ्गासागरराय कृत वैदिक आख्यान (चौखम्बा प्रकाशन)।

(२) मध्यम शब्द उस ब्राह्मण कुमार का नाम है जो घटोत्कच के साथ वध के लिये जाता है तथा मध्यम भीम का बोधक है ।

(३) मध्यम पाण्डव भीम का हिडिम्बा के साथ संयोग होना ही मध्यमव्यायोग है ।

प्रश्न यह है कि पाण्डवों में मध्यम अर्जुन हैं परन्तु भीम कैसे हुए ? इसका समाधान यह है कि भास भीम को मध्यम मानते हैं क्योंकि कुन्ती के तीन पुत्रों में भीम ही मध्यम है । इस बात को भास ने नाटक में भीम के द्वारा स्वयं कहलवाया है कि—**'भ्रातृणामपि मध्यमः'** ।

समीक्षण–

प्रस्तुत नाटक एक व्यायोग है । व्यायोग के सम्बन्ध में दशरूपककार ने लिखा है—

ख्यातेतिवृत्तो व्यायोगः ख्यातोद्धतनराश्रयः ।
हीतो गर्भविमर्शाभ्यां दीप्ताः स्युर्डिमवद्रसाः ।।
अस्त्रीनिमित्तसंग्रामो जामदग्न्यजये यथा ।
एकहचरितैकाङ्को व्यातोगो बहुभिनैरः ।।

—दशरूपक ६, ६०-६३ ।

अर्थात् इतिवृत्त इतिहास प्रसिद्ध होता है नायक इतिहास प्रसिद्ध धीरोद्धत होता है, गर्भ एवं विमर्श सन्धियाँ नहीं होती, वीर, रौद्र आदि रस होता है, युद्ध स्त्री के लिए नहीं होता, एक दिन का वृत्तान्त होता है तथा एक अंक का होता है ।

इस मानदण्ड के आधार पर प्रस्तुत रूपक व्यायोग ही ठहरता है । प्रस्तुत नाटक में नाटककार ने व्यायोग के सभी तत्त्वों का बड़ी सफलता पूर्वक समावेश किया है । नाटक का नायक भीम इतिहास-प्रसिद्ध है, नाटक का मुख्य इतिवृत्त भीम और घटोत्कच के बाहु-युद्ध के मध्य ही केन्द्रित है, नाटक एक अङ्कीय है तथा समय भी एक ही दिन का क्या कुछ क्षणों का है ।

नाटकीय दृष्टि से यह नाटक सफल है क्योंकि नाटककार ने पात्र संवाद,

शैली, कथोपकथन, भावोन्मेष, रस, छन्द, अलंकार आदि सभी के प्रयोग में सफलता प्राप्त करते हुए नाटक में अपूर्व चमत्कार उत्पन्न कर दिया है। पात्रों के चरित्राङ्कन में महाकवि भास सिद्धहस्त है, नाटक में इनके पात्र भार स्वरूप न होकर कथानक को जीर्वतता प्रदान करते है, वार्तालापों से दर्शक कहीं ऊबता नहीं बल्कि उसके कुतूहल में प्रतिक्षण वृद्धि होंती है। कथोपकथन में भाषा सहायक सिद्ध होती है।

नाटक में अलङ्कारों का सुन्दर प्रयोग हुआ है। घटोत्कच जब वृद्ध ब्राह्मण -परिवार का पीछा करता है उस समय की अवस्था का वर्णन बड़ा ही सजीव है। उपमा की छटा यहाँ दर्शनीय है—

भ्रान्तैः सुतैः परिवृतस्तरुणैः सदारैःवृद्धो,
द्विजो निशाचरानुचरः स एषः।
व्याघ्रानुसारचकितो वृषभः सधेनुः
सन्त्रस्तवत्सक इवाकुलतामुपति ।।३।।

अर्थात् राक्षस के द्वारा पीछा किये जाने पर डरे हुए पुत्रों और पत्नी के साथ इस वृद्ध ब्राह्मण की स्थिति सिंह से पीछा किये जाने पर डरे हुए छोटे बछड़ों और गाय से युक्त व्याकुल तथा व्यथित बैल के समान है। तथा—

किं यासि मद्भयविनाशितधैर्यसारो
वित्रस्तदारसुतरक्षणहीनशक्ते।
लाक्ष्यार्ग्रपक्षपवनोद्धतरोषबह्नि–
स्तीव्रः कलत्रसहितो भुजगो यथार्त्तः ।।८।।

अर्थात् घटोत्कच के भय से भयभीत तथा अपने स्त्री-पुत्रों की रक्षा करने में असमर्थ ब्राह्मण उसी प्रकार जा रहा है जैसे गरुड़ के पंख के अग्रभाग से उठी हुई वायु से प्रचण्ड क्रोधाग्नि उत्तेजित सपत्नीक सर्प जाता है।

उत्प्रेक्षा के आश्रय से घटोत्कच का ऐसा वर्णन किया गया है कि नाटक पढ़ने वाले के सामने एक वरिष्ठ व्यक्ति ही मानो उपस्थित हो जाता है—

ग्रहयुगलनिभाक्षः पीनविस्तीर्णवक्षाः,
कनककपिश केशः पीतकौशेयवासाः।

तिमिरनिवहवर्णः पाण्डरोद्वृत्तदंष्ट्रो
नव इव जलगर्भो लीयमानेन्दुलेखः ।।५।।

भास ने घटोत्कच का बड़ा सुन्दर चित्र उपस्थित किया है—

ब्रजपातोऽचलेन्द्राणां श्येनः सर्वपतत्त्रिणाम् ।
मृगेन्द्रो मृगसंघानां मृत्युः पुरुषविग्रहः ।।७।।

अर्थात् पर्वत समूहों के लिए वज्रपात के समान, सब पक्षियों के लिए बाज, मृगसमूह के लिए सिंह तथा मानव शरीर धारण कर साक्षात् मृत्यु ही है।

नाटक में अनुष्टुप्, वसंततिलका, मालिनी शार्दूलविक्रीडित आदि छन्दों का भी प्रयोग हुआ है। रस परिपाक की दृष्टि से भी यह नाटक सफल है। नाटक का मुख्य रस वीर है परन्तु इसके साथ ही अन्य रसों का प्रयोग हुआ है जैसे— घंटोत्कच के द्वारा पीछा किये जाने पर ब्राह्मण का सिंह के द्वारा आक्रमण किये जाने पर भयभीत गोवत्स तथा वृषभ के समान वाला दृश्य करुण रस उत्पन्न कर देता है, ब्राह्मण और घटोत्कच का मिलना भयानक रस है, इसी प्रकार मायापाश का प्रयोग तथा उससे छूटना अद्भुत रस एवं घटोत्कच और भीम युद्ध रौद्र रस उत्पन्न करता है।

इस प्रकार कहा जा सकता है कि नाटक की कसौटी पर भास का यह नाटक खरा उतरता है।

●

पात्र परिचयः

पुरुषाः–

वृद्धः — ब्राह्मणः केशवदासनामा ।
प्रथमः — वृद्धस्य ज्येष्ठः पुत्रः ।
द्वितीयः — वृद्धस्य द्वितीयः पुत्रो मध्यमनामा ।
तृतीयः — वृद्धस्य कनिष्ठः पुत्रः ।
घटोत्कचः — राक्षसः, हिडिम्बाभीमसेनयोः सूनुः ।
भीमसेनः — मध्यमः कुन्तीपुत्रः ।

स्त्रियौ–

ब्राह्मणी — वृद्धस्य भार्या ।
हिडिम्बा — राक्षसी, भीमसेनस्य पत्नी

श्लोकानुक्रमणिका

	श्लोकाङ्काः
अज्ञानात्तु	५०
अनुग्रहात्	५१
अस्माकं भ्रष्ट	४९
अस्यामाचम्य	३१
आक्रम्य राक्षस	४८
आपदं हि पिता	१९
इदं हि शून्यं	१०
कलभदशन	०६
काञ्चनस्तम्भ	४२
किं यासि मद्	०८
कृतकृत्यं शरीरं	१५
कौरब्यकुल	३८
खगशतविरुते	२५
ग्रहयुगल	०५
जानामि सर्वत्र	०९
ज्येष्ठः श्रेष्ठः कुले	१७
ज्येष्ठो भ्राता	१८
तरुण तरुणता	२४
तरुण रविकर	०४
त्यक्ताः प्रागेव	४०
धन्यौऽस्मि यद	२०
नन्वहं भीम	४५
निवृत्तव्यवहारो	३४
पत्न्या चारित्र	१२
परिष्वजस्व गाढं	२२
पायात् स वोऽसुर	०१

	श्लोकाङ्काः
पुत्रनक्षत्र	३३
ब्राह्मणः श्रुत	१३
भोःशब्दोच्चा	०२
भ्रातृणां मम	३५
मध्यमः पञ्च	२९
मध्यमस्त्विति	३०
मध्यमोऽहं	४८
मम प्राणैर्गुरु	१६
माता किल मनुष्याणां	३७
मायापाशेन	४७
मुच्यतामिति	३६
यथा नदीनां	५२
यद्यर्थितो द्विज	१४
यस्त्रिशृङ्गो	२३
युद्धप्रियाश्च	११
रूपं सत्त्वं	३९
वज्रपातो	०७
विनिमाय गुरु	२१
विश्वकर्ता शिवः	४३
व्रजसि कथमिह	४६
शपामि सत्येन	४१
शैलकूटं	४४
श्रान्तैः सुतै	०३
सजलजलद	३२
सिंहाकृतिः कनक	२७
सिंहास्यः सिंह	२६

।। श्रीः ।।

महाकविभासविरचितः

मध्यमव्यायोगः

'गङ्गा' संस्कृत-हिन्दी-व्याख्योपेतः

।। प्रथमोऽङ्कः ।।

(नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः)

सूत्रधारः–

पायात् स वोऽसुरवधूहृदयावसादः
पादो हरेः कुवलयामलखड्गनीलः ।

नत्वा विघ्नेश्वरं वाणीं विष्णुं भानुमुमापतिम् ।
मध्यमव्यायोगव्याख्यां वितनामि यथामति ।।

अथ कविकुलचूडामणिः वैष्णवकुलाग्रणीः सुगृहीतनामधेयः तत्र भदान् महाकविर्भासः मध्यमव्यायोगनामकं नाटकं चिकीर्षुः ग्रन्थविघ्नविघाताय शिष्यप्रशिष्यशिक्षार्थं ग्रन्थादौ सूत्रधारमुखेन स्वेष्टदेवतात्मकविष्णुस्मरणपूर्वकमाशीर्वादात्मकं मङ्गलमाचरति–पायादिति ।

अन्वयः–असुरवधूहृदयावसादः कुवलयामलखड्गनीलः (सः) हरेः पादः वः पायात् । यः त्रिभुवनक्रमणे प्रोद्यतः अम्बरसागरस्य वैदूर्यसंक्रम इव रराज ।।१।।

पायादिति–असुरवधूहृदयावसादः असुरवधूनां = दैत्यवनितानां; हृदयेषु = चित्तेषु, अवसादः = दुःखजनकः । प्रकृते च वलिपत्नी चित्तोद्वेभजनक

(नान्दी के बाद सूत्रधार का प्रवेश)

सूत्रधार–असुरवधुओं को दुःख देनेवाला, नील कमल के समान स्वच्छ एवं तलवार की भाँति नौलवर्ण वाला भगवान् वामन का वह पाद आप

य: प्रोद्यतस्त्रिभुवनक्रमणे[1] रराज
वैदूर्यसङ्क्रम[2] इबाम्बरसागरस्य ।।१।।

एवमार्यमिश्रान् विज्ञापयामि । अये किन्नु खलु मयि विज्ञापन व्यग्रे शब्द इव श्रूयते । अङ्ग । पश्यामि ।

(नेपथ्ये)

भोस्तात ! को नु खल्वेषः ।

सूत्रधारः–भवतु, विज्ञातम् ।

इति व्याख्येयम् । कुवलयामलखड्गनील: कुवलयम् नीलकमलम् इव अमलम् किञ्च खड्गवत्=कृपाणवत् ; नील:=श्यामवर्ण: । हरे:=वामनरूपधारिण: । श्रीविष्णो: स:=प्रसिद्ध: पाद:=चरण: । ब:=युष्मान् सामाजिकान् । पायात्–अभिरक्षेत् । य:=पाद: । त्रिभुवनक्रमणे=त्रैलोक्यपरिमापणे । उद्यत:=संलग्न: । अम्बरसागरस्य अम्बरमेब सागरस्तस्य=गगनसमुद्रस्य । वैदूर्यसंक्रम:=वैदूर्यनिर्भितसेतु: । इव=यथा । रराज=शुशुभे । प्रकृतपद्ये कुवलयामलखड्गनील इत्यत्रोपमा । अम्बरसागरस्येत्यत्र रूपकम् । वैदूर्यसंक्रम इवेत्यत्रोत्प्रेक्षालङ्कार: । वसन्ततिलकावृत्तम् ।।१।।

विज्ञापनव्यग्रे=सूचनादानार्थमाकुले । अङ्ग=हन्त ।

सभी सामाजिकों की रक्षा करे जो त्रिभुवन को नापते समय ऐसा जान पड़ रहा था मानो आकाशरूपी विस्तृत समुद्र में वैदूर्यमणि कौ राशि (अथवा उस पर वैदूर्य से बाँधा गया कोई सेतु) हो ।।१।।

मैं आप सभी महानुभावों को सूचित करता हूँ । अरे । सूचना देने के लिये व्यग्र हुये मुझे यह कैसा शब्द सुनाई पड़ रहा है । अच्छा तो देखूँ ।

(नेपथ्य में)

हे तात ! यह वास्तव में कौन है ?

सूत्रधार–अच्छा समझ गया ।

---

[1] भूवनैकमणे—इति वा पाठा। [2] वैदूर्यं–इति वा पाठः ।

भोः शब्दोच्चारणादस्य ब्राह्मणोऽयं न संशयः ।
त्रास्यते निर्विशङ्केन केनचित् पापचेतसा ।।२।।

(पुनर्नेपथ्ये)

भोस्तात ! को नु खल्वेषः ।

सूत्रधारः—हन्त, दृढ़ं विज्ञातम् । एष खलु पाण्डवमध्यमस्यात्मजो हिडिम्बारणिसम्भूतो राक्षसाग्निरकृतवैरं ब्राह्मणजनं वित्रासयति । भोः । कष्टं कष्टं खलु पत्नीसुतपरिवृतस्य वृत्तान्तः[1] । अत्र हि,

---

अन्वयः—अस्य भोः शब्दोच्चारणात् अयं ब्राह्मणः इति संशयः न (यः) केनचित् निर्विशङ्केन पापचेतसा त्रास्यते ।

इदानीं घटनाक्रममुद्घाटयति—भोः इत्यादिना । अस्य=सन्निहि तस्य । भोः इति शब्दोच्चारणात्=शब्दव्याहरणात् । अयम् व्याहर्त्ता जनः । ब्राह्मणः=विप्रः । इति=इत्यत्र । संशयः=संदेहः । न=नास्ति । एतेन तदानीं ब्राह्मणा एव भोः शब्दमुच्चारयन्तीति ज्ञायते । (यः) केनचित्=अज्ञातेन । निर्विशङ्केन=निरातङ्केन । पापचेतसा=पापम्=पापमयम् चेतः=हृदयं यस्य तेन=पापिना । त्रास्यते=भौष्यते । अनुष्टुव्वृत्तम् ।।२।।

दृढम्=बलवत् । पाण्डवमध्यस्य=भीमसेनस्य । हिडिम्बारणिसंभूतः

भोः शब्द के उच्चारण से यह निश्चित हो रहा है कि कोई ब्राह्मण किसी पापी से निर्भयतापूर्वक सताया जा रहा है ।।२।।

(पुनः नेपथ्य में)

हे पिता ! यह कौन है ?

सूत्रधार—आह ! अब मैं ठीक-ठीक समझ गया । अवश्य ही यह मध्यम पाण्डव का पुत्र जो हिडिम्बारूपी अरणी से निकला हुआ घटोत्कच नामक राक्षस है जो किसी से वैर न रखनेवाले इस साधुप्रकृतिवाले ब्राह्मण को सता रहा है । हाय बड़ा ही कष्ट है ।

---

[1] कष्टं-वृत्तान्तः-क्वचित् पुस्तके नास्ति ।

[1]श्रान्तैः सुतैः परिवृतस्तरुणैः सदारो[2]
वृद्धो द्विजो निशिचरानुचरः स[3] एषः ।
[4]व्याघ्रानुसारचकितो वृषभः सधेमुः
सन्त्रस्तवत्सक इवाकुलतामुपैति ।।३।।

हिडिम्बा एव अरणिः ततः संभूतः=हिडिम्बासुतः । राक्षासाग्निः राक्षस एवाग्निः राक्षसाध्विः=राक्षसरूपो वह्निः । अकृतयैस्म्–सर्वमित्रभूतम् । विवासयति=भीषयति ।

इदानीं घटोत्कचसंवस्तब्राह्मणाअस्थां निरूपयति–

अन्वयः–तरुणैः श्रान्तैः सुतैः परिवृत्तः सदारः निशिचरानुचरः स एष वृद्धः द्विजः संत्रस्तवत्सकः सधेनुः व्याघ्रानुसारचकितः वृषभ इव आकुलताम् उपैति ।।३।।

श्रान्तै इति–तरुणैः=युवभिः । श्रान्तैः=किंकर्त्तव्यविमुढैः । सुतैः=पुत्रैः । परिवृत्तः=परितो वृत्तः । सदारः=सभार्यः । निशिचरानुचरः राक्षसेनानुस्त्रियमाणः । स एषः वृद्धः=स्थविरः । द्विजः=ब्राह्मणः । संत्रस्तवत्सकः=संत्रस्तः=भयाकुलः वत्सकः=बत्सः यस्य सः । सधेनुः=सद्यः प्रसूता गौर्धेनुः तया सहितः । व्याघ्रानुसारचकितः व्याघ्रस्य=सिंहस्य अनुसारेण=आक्रमणेन अनुसरणेन वा चकितः=संत्रस्तः । वृषभः=बलौवर्दै इव । आकुलताम्=व्यग्रताम् । उपैति=गच्छति । अत्रोपमालङ्कारः । अनुष्टुव् वृत्तम् ।।३।।

तरुण किन्तु भयभीत पुत्रों से चारों ओर घिरा हुआ पत्नी सहित यह वृद्ध ब्राह्मण इस राक्षस के द्वारा पीछा किया जाता हुआ ऐसा प्रतीत हो रहा है मानो डरे हुये बछड़े वाली गाय से युक्त कोई बैल सिंह द्वारा पीछा किये जाने पर व्याकुल तथा भयभीत हो रहा हो ।।३।।

---

१. श्रान्तैः—इति वा पाठः । २. सदारैः—इति वा पाठः ।
३. सरोषः—इति वा पाठः ।
४. अनुसारचकितो, नुचारचकितो इति वा पाठौ ।

(निष्क्रान्तः)

स्थापना

(ततः प्रविशति सुतत्रयकलत्रपरिवृतः वृद्धः ब्राह्मणः पृष्ठतो घटोत्कचश्च ।)

[1]वृद्धः—भोः । को नु खल्वेषा,

[2]तरुणरविकरप्रकीर्णकेशो भ्रुकुटिपुटोज्ज्वलपिङ्गलायताक्षः ।
सतडिदिव घनः सकण्ठसूत्रो
युगनिधने प्रतिमाकृतिर्हरस्य ।।४।।

स्थापना=प्रस्तावना

किमप्यपूर्व तादृशं जन्तुं दृष्ट्वा संदिहानो ब्राह्मणः जिज्ञासते—

अन्वयः—तरुणरविवरप्रकीर्णकेशः भ्रुकुटिपुटोज्ज्वलपिङ्लायताक्षः सकण्ठसूत्रः सतडिद् घन इव युगनिधने हरस्य प्रतिमाकृतिः अयं क इति शेषः ।।४।।

तरुणेति—तरुणरविकरप्रकीर्णकेशः तरुणः=मध्याह्नकालिकः रविः=सूर्यस्तस्य कराः=किरणाः तद्वत् प्रकीर्णाः=विस्वस्ताः केशाः=कचाः यस्य सः ।

(सब चले जाते हैं)

(प्रस्तावना समाप्त)

(इसके बाद तीन पुत्रों और पत्नी के साथ वृद्ध ब्राह्मण और उसके पीछे-पीछे घटोत्कच का प्रवेश)

ब्राह्मण—अरे ! यह कौन है ?

जिसके कचकलाप मध्याह्न कालिक सूर्य के समान अस्त व्यस्त बिखरे हुये हैं, जिसके दोनों भ्रूभाग चमकीले हैं और नेत्र विशाल तथा पीतवर्ण के हैं, एवं कण्ठ में लटकता स्वर्ण सूत्र ऐसा प्रतीत हो रहा है मानो बादल समूहों में विद्युल्लता चमक रही हो । इतना ही नहीं इसकी आकृति प्रलयकालीन रुद्र की प्रतिमा जैसी भयानक दिखाई पढ़ रहा है (जिससे हमारा धैर्य छूट रहा है) ।।४।।

---

[1] ब्राह्मणः—इति वा पाठः । [2] अरुण.-इति वा पाठः ।

प्रथमः—भोस्तात ! को नु खल्वेषः ।

ग्रहयुगलनिभाक्षः पीनविस्तीर्णवक्षा
कनककपिलकेशः[1] पीतकौशेयवासाः ।

भृकुटिपुटीज्ज्वलंपिङ्गलायताक्षः भृकुटिपुटयोः=भ्रूसंपुटयोः उत्=ऊर्ध्वम् ज्वलम्=दीप्तिर्यस्मिन् तत् तादृशम् पिङ्गलं=पीतवर्णम्, आय तम्=विस्तृतम् च अक्षि–नेत्रम् यस्य सः । सकण्ठसूत्रः कण्ठे परिहितं सूत्रम्=कण्ठसुत्रम् तेन सहितः–वर्त्तमानसकण्ठसूत्रः । स तडित् तडिता=विद्युता सह वर्त्तमानः सतडित् । मेघः=जलदः । इव=यथा । युगनि–धने=युगान्तकाले । हरस्य=विश्वसंहरणेच्छोः शिवस्य प्रतिमाकृतिः प्रतिमा=सदृशौ आकृतिः आकारो यस्य सः एवंविधः कः इति शेषः अत्रोपमालङ्कारः । पुष्पिताग्रावृत्तम् ।।४।।

ब्राह्मणस्य संदेहानन्तरं तस्य ज्येष्ठः पुत्रोऽपि संदिहानस्तस्याकृतिमनुवर्णयति–

अन्वयः–ग्रहयुगलनिभाक्षः पीनविस्तीर्णवक्षाः कनककपिलकेशः पीतकौशेयवासाः तिमिरनिवहवर्णः पाण्डुरोद्वृत्तदंष्ट्रः लीयमानेन्दुलेखः नवः जलगर्भ इव अयं कः इति शेषः ।।५।।

ग्रहेति—ग्रहयुगलनिभाक्षः ग्रहयोः=सूर्यचन्द्रमसोः युगलम्=द्वन्द्वम् तन्निभे=तत्सदृशे अक्षिणी=नेत्रे यस्य सः=सूर्यचन्द्रवद्भास्वरनयन इत्यर्थः । पीनविस्तीर्णवक्षाः पीनम्=स्थूलम् । विस्तीर्णम्=विशालम् वक्षः=उरःस्थलं यस्य सः । कनककपिलकेशः कनकम्=सुवर्णम् इव कपिलः=कपिशः=पीतः केशः=कुन्तलो यस्य सः पीतकौशेयवासाः पीतं कौशेयम् ।

प्रथम—हे पिताजी ! वास्तव में यह कौन है ?

जिसकी आँखें ग्रहयुगल (सूर्य और चन्द्रमा) के समान प्रभापूर्ण है, वक्षःस्थल विशाल एवं पुष्ट है, केश सुवर्ण के समान चमकीले हैं, जिसने

---

[1] कमलकपिशकेशः इति वा पन्ठः अत्र कपिशशब्दः कृष्णपीतवाचो ।

तिमिरनिवहवर्णः पाण्डरोद्वृत्तदंष्ट्रो
नव इव जलगर्भो लीयमानेन्दुलेखः ।।५।।

द्वितीयः—क एष भोः ।

कलभदशनदंष्ट्रो लाङ्गलाकारनासः
करिवरकरबाहुर्नीलजीमूतवर्णः ।

क्षौमम् वासः=दुकूल यस्य सः धृतपीतवस्त्र इत्यर्थः । तिमिरनिवहवर्ण; तिमिरस्य=तमसः; निवहः=स्तोमस्तद्वत् वर्णम्=रूपं यस्य सः=तमस्तोमनीलवर्णः इत्यर्थः । पाण्डुरोद्वृत्तदंष्ट्रः पाण्डरा=अतिधवला उद्वृत्ता–ऊर्ध्वगता दंष्ट्रा=दशनं यस्य सः । लीयमानेन्दुलेखः लीयमाना=अन्तःतिरोहिता इन्दोः=चन्द्रस्य लेखा=कला यस्मिन् सः । नवः=नवीनः जलगर्भः जलं गर्भे यस्य सः=मेषः इव शोभमानोऽयं क इति शेषः । उप मालङ्कारः । मालिनीवृत्तम् ।।५।।

अधुना द्वितीयः पुत्रः संदिहानस्तद्रूपं वर्णयति—

अन्वयः—कलभदशनदंष्ट्रः लाङ्गलाकारनासः करिवरकरबाहुः नीलजीमूतवर्णः हुतहुतवहदीप्तः यः त्रिपुरनिहन्तुः शङ्करस्य भीमः रोषः इव स्थितः भाति ।।६।।

कजमेति—कलभदशनदंष्ट्रः कलभस्य=हस्तिशावकस्य दशन इव किञ्चिदुद्भिन्ना दंष्ट्रा यस्य सः तादृशः । लाङ्गलाकारनासः लाङ्गलस्य=हलस्य आकार इव नासा=नासिका यस्य सः । करिवरकरबाहुः करिबरस्य=

रेशमी वस्त्र धारण किया है, तथा जिसका स्वरूप अन्धकार समूह जैसा घना और काला है इतना ही नहीं जिसके चमकीले सफेद दाँत जो मुँह से बाहर निकले हुये हैं ऐसे प्रतीत हो रहे हैं मानों नवीन मेघसमूह में चन्द्रकला निमज्जित हो रही हो ।।५।।

दूसरा कुमार—अरे यह कौन हैं ?

जिस्के दाँत हस्तिशावक के समान छोटे-छोटे और पतले बाहर निकले हुये हैं, हल की भाँति जिसकी नासिका है, गजराज के शुण्ड के समान जिसकी लम्बी-लम्बी भुजायें हैं, जिसके शरीर का वर्ण नील जलद जैसा काला है और

हुतहुतवहदीप्तो यः स्थितो भाति भीम-
स्त्रिपुरपुरनिहन्तुः शङ्करस्येव रोषः ।।६।।

तृतीयः—भोस्तात ! को नु खल्वयमस्मान् पीडयति ।

वज्रपातोऽचलेन्द्राणां श्येनः सर्वपतत्त्रिणाम् ।
मृगेन्द्रो मृगसङ्घानां मृत्युः पुरुषविग्रहः ।।७।।

मत्तमतङ्गजस्य करः=शुण्डादण्ड एव बाहू=भुजौ यस्य सः । नीलजीमूतवर्णः नीलश्चासौ जीमूतस्तस्य वर्ण इव वर्णो यस्य सः=नीलमेघः । हुतहुतवहदीप्तः हुतः=आहुत्या वर्धमानः यः हुतवहः=अग्निः तद्वत् दीप्तः=प्रकाशितः । यः=पुरो वर्त्तमानः । त्रिपुरनिहन्तुः=त्रिपुरान्तकस्य । हरस्य=शंकरस्य । भीमः=भयङ्करः रोषः=क्रोधः । इव=यथा । स्थितः । भाति=शोभते । उत्प्रेक्षालङ्कारः । मालिनीवृत्तम् ।।६।।

तृतीयःसंदिहानः सन्नुपशङ्कते—

अन्वयः—अचलेन्द्राणां वज्रपातः सर्वपतत्त्रिणाम् श्येनः मृगसंघानां मृगेन्द्रः अयं मृत्युः पुरुषविग्रहः दृश्यते ।।७।।

वज्रपात इति—अचलेन्द्राणाम्=गिरिराजानाम् कृते इति शेषः । वज्रपातः-वज्रधातः सर्वपतत्त्रिणाम्=सर्वपक्षिणाम् कृते श्येनः=पक्षिविशेपः । मृगसंघानाम्=पशुसमूहानां कुते मृगेन्द्रः सिंह इव अयं=पुरोवर्त्ती प्राणी । मृत्युः=यमराजः । पुरुषविग्रहः-पुरुषाकृति । दृश्यते । अतोऽयम् क इति शेषः । मालारूपकालङ्कारः । अनुष्टुव्वृत्तञ्च ।।७।।

जो प्रज्वलित अग्नि के समान धधकता हुआ ऐसा प्रतीत होता है मानों त्रिपुरदाहक शङ्कर जी का मूर्तिमान् भयंकर क्रोध हो ।।६।।

तृतीय कुमार—हे तात ! यह कौन है जो हम लोगों को इस प्रकार कष्ट दे रहा है ।

यह पर्वतसमूहों के लिये वज्रपात जैसा, सभी पक्षियों के लिए वाज जैसा तथा पशुसमूहों के लिए सिंह जैसा, कि बहुना यह मृत्यु ही है जो साक्षात् पुरुष का शरीर धारण किये उपस्थित है ।।७।।

ब्राह्मणो–अय्य ! को एसो अम्हाअं सन्दावेइ ।

(आर्य ! क एषोऽस्मान् सन्तापयति)

घटोत्कचः–भो ब्राह्मण ! तिष्ठ तिष्ठ ।

किं यासि मद्भयविनाशितधैर्यसारो
वित्रस्तदारसुतरक्षणहीनशक्ते ! ।
तार्क्ष्याग्रवक्षपवनोद्धतरोषवह्नि–
तीव्रः कलत्रसहितो भुजगो यथार्तः ।।८।।

संतापयति=नितरा संपीडयति ।

घटोत्कचः सानुक्रोशं तेषां गमनं निरुन्धन्नाह—

अन्वयः–तार्क्ष्याग्र्यपक्षपवनोद्धतरोषवह्नितीव्रः कलत्रसहितः आर्त्तः भुजगः यथा वित्रस्तदारसुतरक्षणहीनशक्ते ! मद्भयविनाशितधैर्यसारः (एवं भूतः) त्वं किं यासि ।।८।।

किमिति–तार्क्ष्याग्र्र्यपक्षपवनोद्धतरोषवह्नितीव्रः तार्क्ष्यस्य-गरुडस्य अग्र्यपक्षाभ्याम्=पुरोवर्त्तिपक्षाभ्याम् जनितो यः पवनः अनिला स एव उद्धतः=प्रचण्डः रोषवह्निः=क्रोधाग्निस्तेन तीव्रः उत्तेजितः । कलत्रसहितः=सपत्नीकः । आर्त्तः=उद्विग्नः । भुजगः=सर्षः यथा=इव । वित्रस्तदारसुतरक्षणहीनशक्ते वित्रस्तानां=भीतानाम्, दाराणाम् सुतानां च रक्षणे–संत्राणे हीना=क्षीणा शक्तिः—सामर्थ्य यस्य तत्सबुद्धौ । मद्भयविनाशितधैर्यसारः मत्=अस्मात् सकाशात् जातो यः भयस्तेन नाशितः=क्षपितः धैर्यस्य=स्थिरतायाः सारः बलं यस्य सः एवं भूतस्त्वम् किं यासि–

ब्राह्मणी—आर्य ! यह कौन है जो हम लोगों को पीड़ित कर रहा है ।

घटोत्कच—अरे ब्राह्मण ! वहीं खड़े रहो । खड़े रहो ।

डर जाने के कारण अपनी पत्नी तथा लड़कों की रक्षा करने में असमर्थ से दिखाई पड़नेवाले हे ब्राह्मण ! मेरे भय से तुम्हारा सारा धैर्य नष्ट हो चुका है, फिर भी गरुड़ के पङ्खे के अग्रभाग से जिसकी क्रोधाग्नि पूर्ण प्रचण्डरूप से प्रज्वलित हो गई है ऐसे सपत्नीक सर्प की भाँति तुम आर्त्त होकर भागे जा रहे हो । हे ब्राह्मण ! न जाओ न जाओ ।।८।।

भी ब्राह्मण ! न गन्तव्यं, न गन्तव्यम् ।

वृद्धः—ब्राह्मणि ! न भेतव्यं, पुत्रकाः । न भेतव्यम् । सविमर्शा ह्यस्य वाणी ।

धटोत्कचः—भोः । कष्टम् । (स्वगतम्)

जानामि सर्वत्र सदा च नाम द्विजोत्तमाः पूज्यतमाः पृथिव्याम् ।
अकार्यमेतच्च मयाद्य कार्य मातुर्नियोगादपनीतशङ्कम्[1] **।।९।।**

कथं गच्छसि ? उपमालङ्कारा । वसन्ततिलकावृत्तम् ।।८।।

सविमर्शा=विवेकयुक्ता । सकरुणात्वेन नात्यन्तोद्वगकारिणीत्यर्थः ।

इदानीं धर्मपिक्षया मातुर्वचनस्य महत्त्वातिशायित्वं प्रतिपादयदिघटोत्कचः—

अन्वयः—द्विजोतमाः पृथिव्यां सदा सर्वत्र च पूज्यतमाः इति अहं जानामि नाम । किं तु मातुः नियोगात् शङ्काम् अपनीय अद्य मया एतद् अकार्य च कार्यम् ।।९।।

जानामीति—यद्यपि द्विजोतमाः=प्रशस्तब्राह्मणाः । पृथिव्यां—भुवि । सदा=शश्वत् । सर्वत्र=सर्वस्मिन्नपि काले । पूज्यतमाः=अतिशयेन पूज्याः तेषां वधे दोषः इत्यहं जानामि=वेद्मि । नाम इति निश्चये प्रसिद्धौ च । तथापि मातुः=जनन्याः हिडिम्बायाः नियोगात्=आदेशात् शङ्काम्=संदेहम् । अपनीय= अपास्य । अद्य=सांप्रतम् । मया—घटोत्क चेन । एतद् । अकार्यम्=गर्हितमपि

वृद्ध—हे ब्राह्मणि ! तुम मत डरो । पुत्रों ! तुम्हें भी नहीं डरना चाहिये । इसकी वाणी विवेकयुक्त प्रतीत हो रही है ।

घटोत्कच—ओह ! बड़ा कष्ट है ।

मैं यह जानता हूँ कि श्रेष्ठ ब्राह्मण सर्वत्र पृथ्वी में सर्वदा पूजनीय है फिर भी माता की आज्ञा से बिना किसी प्रकार के संदेह किये सर्वथा न करने योग्य यह ब्राह्मणवधरूप कार्य आज मुझे करना है ।।९।।

---

[1] 'अपनीय शङ्काम्' इति वा पाटः ।

वृद्धः—ब्राह्मणि ! किं न स्मरसि तत्रभवतां जलक्लिन्वेन मुनिनोक्तम्-अनपेतराक्षसमिदं वनमप्रमादेन गन्तव्यमिति । तदेवोत्पन्नं भयम् ।

ब्राह्मणी—किं दाणि अय्यो मज्झत्थवण्णो विअ दिस्सदि ।
(किमिदानीमार्यो मध्यस्थवर्ण इव दृश्यते) ।

वृद्धः—किं करिष्यामि मन्दभाग्यः ।

ब्राह्मणी—णं विक्कोसामो । (ननु विक्रोशामः) ।

प्रथमः—भवति ! कस्य वयं विक्रोशामः ।

कार्यम्=करणीयमेवास्ति । अत्र घटोत्कचे ब्राह्मणवधेन संभावितो दोषः मातुर्भक्त्या चाकार्यकरणाध्यवसायश्चेत्युभये प्रतीयेते । इन्द्रवज्रोपेन्द्रवज्रयोः संयोगादुपजातिनामकं वृत्तम् ॥९॥

जलक्लिन्नेन=जलनिमग्नेन । अप्रमादेन=सावधानतया । तदेव=मुन्युक्तेः अनुसारेण । मध्यमवर्णः मध्यमः=मध्यस्थः त्रिषु वर्णेषु मध्यगतः वर्णः क्षत्रियः स इव । शरीव्यवहारित्वात् । यद्वा मध्यस्थस्य=उदासीनस्य इव वर्णाः=छाया यस्य सः । उपस्थितविपत्प्रतीकारयत्नाकरणात् वा गणपतिशास्त्रिमहोदयैर्व्याख्यातः ।

वृद्ध ब्राह्मण—हे ब्राह्मणि ! क्या तुम्हें स्मरण नहीं है कि उन आदरणीय जलमग्न महर्षि ने कहा था कि यह वन राक्षसविहीन नहीं है अतः सतर्कता से जाना चाहिये । फिर भी यहाँ यह भय उपस्थित हो ही गया ।

ब्राह्मणी—इस समय आर्य किंकर्त्तव्यविमूढ़ क्षत्रिय के समान तटस्थ (उदासीन) जैसे दिखाई पड़ रहे है । (रक्षा के लिये कोई यत्न कीजिये) ।

वृद्ध—इस समय मैं अभागा क्या कर सकता हूँ ।

ब्राह्मणी—तो हम सब मिलकर क्यों न जोर से चिल्लाकर किसी को रक्षा के लिये बुलायें ?

प्रथमकुमार—माँ ! हम लोग चिल्लाकर यहाँ किसे बुलावे ?

इदं हि शून्यं तिमिरोत्करप्रभै-
र्नगप्रकारैरवरुद्धदिक्पथम् ।
खगैर्मृगैश्चापि समाकुलान्तरं
वनं निवासाभिमतं मनस्विनाम् ।।१०।।

वृद्धः—ब्राह्मणि ! न भेतव्यं, न भेतव्यम् । मनस्विजननिवासयोग्यमिति

इदानीं रक्षणार्थ कस्यचिदाह्वानमपि अरण्यरोदनवत् प्रतीयत इत्युपपादयति—

अन्वयः–हि इदम् वनम् शून्यं तिभिरोत्करप्रभैः नगप्रकारैः अवरुद्धदिक्पथम् खगैः मृगैः चापि समाकुलान्तरं मनस्विनाम् निवासाभिमतम् ।।१०।।

इदमिति—हि इदम्=पुरो वर्त्तमानम् । वनम्=अरण्यम् । शून्यम्=जनरहितम् । तेन कस्यचिदाह्वानमप्यरण्यरोदनमेवेत्यर्थ । तिमिरोत्करप्रभैः तिमिरस्य–अन्धकारस्य उत्करः=स्तोमः तद्वत् प्रभा=कान्तिर्येषां तैः । नितान्तश्यामलशरीरैः । नगप्रकारैः=पादपप्रकारैः । विभिन्नपर्वतैर्वा । अवरुद्धदिक्पथम् । अवरुद्धः=समावृतः दिशाम् पन्थाः यस्मिन् तादृशम् । खगैः=पक्षिभिः, मृगैः=अरण्यपशुभिः च । समाकुलान्तरम् समः=सम्यक्तया आकुलम्=परिपूर्णम् अन्तरम्=अन्तरालभागो यस्य तत् तादृशम् । निवासाय अभिमतम् भवतीति शेषः मनस्विनाँ निवासयोग्यमिदं वनं न सर्वेषाभिति भावः । अत्र पूर्वपूर्ववाक्यैरुत्तरवाक्यस्य समर्थनं तेन काव्यलिङ्गालङ्कारः । वंशस्थवृत्तं च ।।१०।।

नातिदूरेण=सन्निकटेन ।

यह वन सर्वथा निर्जन है । इसकी चारों दिशायें घोर अन्धकार उत्पन्न करने वाले विविध वृक्ष समूहों से धिरी हुई है । इसका अन्तःप्रदेश भी पशु-पक्षियों से व्याप्त है । यह तो तपस्वियों के निवास योग्य हैं । अतः यहाँ चिल्लाना अरण्यरोदनवत् होगा ।।१०।।

वृद्ध—है ब्राह्मणि ! हम लोगों को डरना नहीं चाहिये । मुनिजनों के

श्रुत्वा विगत इव ये सन्त्रासः। शङ्के नात्रातिदूरेण[1] पाण्डवाश्रमेण भवितन्यम्। पाण्डवास्तु,

युद्धप्रियाश्च शरणागतवत्सलाश्च
दौनेषु रुक्षपतिताः कृतसाहसाश्च।
एवं विधप्रतिभयाकृतिचेष्टितानां
दण्ड़ं यथार्हमिह धारगितुं समर्थाः ।।११।।

अस्मिण्अरण्ये सन्निकटे एव पाण्ड्याश्रमेण भवितव्यमिति विज्ञाय तेषां शरणागतरुक्षणप्रवणतामुपपादयति—

अन्वयः—(ते पाण्डवाः) युद्धप्रियाः च शरणागतवत्सलाः च दीनेषु पक्षपतिताः कृतसाहसाः च किं च इह एवंविधप्रतिभयाकृतिचेष्टितानां यथार्ह दण्डं धारयितुं समर्थाः च ।।११।।

युद्धेति—ते=पाण्डवाः युद्धप्रियाः युद्धम् विग्रहं प्रियम् येषां ते=रणरसिकाः। शरणागतवत्सलाः शरणे आगतेषु जनेषु वत्सलाः=स्निग्धमानसाः। अत्र सर्वत्र चकारत्रयस्योक्तिः समप्राधान्यप्रतिपादनार्थमु क्तम्। दीनेपु—असहायेषु। पक्षपतिताः=पक्षपातवन्तः। कृतसाहसाः कृतम्=विहितं साहसम्=उद्योगं यैस्ते तादृशाः किं च इह=लोके। एवंविदप्रतिभयाकृतिचेष्टितानाम् एवंविधम् प्रतिभयं=भयंकरम् आकृतिः=स्वरूपं चेष्टितं=व्ययसायं च येषां तेषाम्। यथार्हम्=यथोचितम्। दण्डम् धारयितुम्=ग्राहयितुम्। समर्थाः सशक्ताः च सन्ति। ते पाण्डवा एवैतादृश क्रूरकर्मणां समुचितदण्डप्रदाने समर्थाः सन्ति। अतः तेषां

निवास योग्य यह भूमि है यह सुनकर मेरा भय विनष्ट हो गया। मैं विचार करता हूँ कि यही कहीं सन्निकट में पाण्डवों का आश्रम होना चाहिये। वे पाण्डव तो युद्धप्रिय, शरणागतवत्सल, दीनों के पक्षपाती तथा बड़े साहसी हैं। वे इस प्रकार की भयानक आकृति वालों तथा भयानक कर्म करनेवालों को उचित दण्ड देने में सर्वथा समर्थ हैं ।।११।।

---

[1] 'न चातिबूरेण' इति वा पाठः।

प्रथमः—भोस्तात ! न तत्र पाण्डवा इति मन्ये ।

वृद्धः—पुत्र ! कथं त्वं जानीषे ।

प्रथमः—श्रुतं मया तस्मादाश्रमादागतेन केनचिद् ब्राह्मणेन कथितं–शतकुम्भं नाम यज्ञमनुभवितुं महर्षेर्धौम्यस्याश्रमं गता इति ।

वृद्धः—हन्त, हताः स्मः ।

प्रथमः—तात ! न तु सर्व एव । आश्रमपरिपालनार्थमिह स्थापितः किल मध्यमः ।

वृद्धः—यद्येवं, सन्निहिताः सर्वे पाण्डवाः ।

समाह्वानमेवास्मद्विधब्राह्मणानां संत्रासनिरासायोलम् भवेदित्यर्थः । साभिप्रायविशेषणेन परिकरालङ्कारः । वसन्ततिलकावृत्तं च ॥११॥

अनुभवितुम्=अनुष्ठानं कृतवतः । वेलायाम्=काले । व्यायामपरिचर्यार्थम्=व्यायामविधानार्थम् । विप्रकृष्टदेशस्थः विप्रकृष्टे दूरस्थे देशेतिष्ठतीति तादृशः । व्यापाश्रयिष्ये=निवेदयिष्ये । निर्वेदप्रत्यर्थिनी निर्वेदः विरागः प्रत्यर्थम् अस्ति अस्या=शान्त्यभिलाषुका । प्रार्थना=याञ्चा । खलु=निश्चये । समयतः=प्रतिबन्धतः । समयः=प्रतिबन्धः उपवासनिसर्गार्थम्=उपवासपारणार्थम् ।

प्रथम कुमार—पिता जी ! मुझे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि वहाँ पाण्डव नहीं हैं ।

वृद्ध—पुत्र ! तुम ऐसा कैसे जानते हो ?

प्रथम कुमार—उनके आश्रम से आते हुये किसी ब्राह्मण के द्वारा कहते हुये हमने सुना था कि वे शतकुम्भ यज्ञ में सम्मिलित होने के लिये महर्षि धौम्य के आश्रम में गये हुये हैं ।

वृद्ध—हाय ! तब तो हम सभी मारे गये ।

प्रथम कुमार—पिता जी ! वे सभी नहीं गये हैं उन्होंने आश्रम की रक्षा के लिये संभवतः मध्यम पाण्डव को यहीं नियुक्त किया है ।

वृद्ध—यदि ऐसा है तो सभी पाण्डवों को यही पास में समझो ।

प्रथमः—स चाप्यस्यां वेलायां व्यायामपरिचार्यार्थं विप्रकृष्टदेशस्थ इति श्रूयते

वृद्धः—हन्त, निराशाः स्मः । भवतु, पुत्र ! व्यपश्रयिष्ये[१] तावदेनम् ।

प्रथमः—अलमलं परिश्रमेण ।

वृद्धः—पुत्र ! निर्वेदप्रत्यर्थिनी खलु प्रार्थना । भवतु, पश्यामस्तावत् । भोः पुरुष ! अस्त्यस्माकं मोक्षः ?

घटोत्कचा—मोक्षोऽस्ति समयतः ।

वृद्धः—कः समयः ?

घटोत्कचः—अस्ति मे तत्रभवती जननी । तयाऽहमाज्ञप्तः—पुत्र ! ममोपवासनिसर्गार्थमस्मिन् वनप्रदेशे कश्चिन्मानुषः [२]परिमृग्यानेतव्य इति । ततो मयाऽऽसादितो भवान् ।

प्रथमकुमार—वह भी इस समय व्यायाम का अभ्यास करने के लिये दूर स्थान में गये हुये हैं ऐसा हमने सुना है ।

वृद्ध—हाय ! तब तो आशा नहीं है । अच्छा पुत्र ! तब तक हमलोग इसी से प्रार्थना करें ।

प्रथमकुमार-बस-बस ! परिश्रम व्यर्थ है ।

वृद्ध—प्रार्थना का फल शान्ति (इसके द्वारा अपनी मुक्ति) है । अच्छा तब तक देखें । हे पुरुष ! क्या हम लोगों का मोक्ष तुम्हारे द्वारा संभव हैं ?

धटोत्कच—हाँ एक शर्त्त पर ।

वृद्ध—वह शर्त्त क्या हैं ?

घटोत्कच—मेरी आदरणीया माता हैं । उन्हीं ने मुझे आज्ञा दी है कि पुत्र ! मेरे उपवास के पारण के लिये इस वनप्रदेश से किसी मनुष्य को खोज कर लाओ । सो आप लोग इस समय मिल गये ।

---

[१]. 'व्यापाश्रयिष्ये' इति वा पाटः ।

[२]. 'प्रतिगृह्या.' इति वा पाठः ।

पत्न्या चारित्रशालिन्या द्विपुत्रो मोक्षमिच्छसि ।
बलाबलं परिज्ञाय पुत्रमेकं विसर्जय ।।१२।।

वृद्धः—हं भो राक्षसापसद ! किमहमब्राह्मणः ?

ब्राह्मणः[1] श्रुतवान् वृद्धः पुत्रं शीलगुणान्वितम् ।

इदानीं धटोत्कचः एकपुत्रप्रदानेन द्विपुत्रो भार्यासहितो भवान् मोक्ष्यते इति समयं श्रावयति—

अन्वयः—यदि चारित्र्यशालिन्या पत्न्या सह द्विपुत्रस्त्वम् मत्तः स्वं मोक्षम् इच्छसि तदा बलाबलं परिज्ञाय एकं पुत्रं विसर्जय ।।१२।।

पत्न्येति—हे वृद्ध ब्राह्मण ! यदि चारित्र्यशालिन्या चारित्र्येण=सदाचारेण शाल्यते=शोभते या सा तथा=पतिव्रसया । पत्न्या=धर्म=भार्यया । सह=साकम् । द्विपुत्रः द्वौ पुत्रौ यस्य सः तादृशः त्वम् मत्तः=मोक्षम्=मुक्तिम् । इच्छसि—वाञ्छसि । तर्हि बलाबलम्=प्रियाप्रियम् पुत्रैकप्रदानेन जीवनरक्षणमन्यथा मरणं वरमिति पक्षद्वयमित्यर्थः । परिज्ञाय=विचार्य । एकं पुत्रम्=त्रयाणां मध्ये कश्चिदेकम् । विसर्जय=मह्यं देहीत्यर्थः । अत्र यदि बलवते मह्यमेकं पुत्रं प्रदास्यसि तदा भायसिहितः द्विपुत्रस्त्वं मत्तो रक्षणं प्राप्स्यसि अयमेव समयः । अतः त्रयाणाँ कश्चिदेकं परित्यजेति भावः । अनुष्टुव्वृत्तम् ।।१२।।

राक्षसापसद=नीचराक्षस ।

धटोत्कचकृतं समयं श्रुत्वा ब्राह्मणस्तं धर्षयति । यदेतादृशं क्रूरकर्माब्राह्मण एवं कर्त्तु शक्नोति नाहं तथेत्युपपादयति—

अन्वयः—अहं वृद्धः श्रुतवान् ब्राह्मणः । अतः शीलगुणान्वितं पुत्र

यदि तुम अपनी पतिव्रता पत्नी तथा दो पुत्रों सहित छुटकारा चाहते हो तो इन पुत्रों में किसी से एक को अच्छे-बुरे का विचार कर हमें प्रदान करो ।।१२।।

वृद्ध—अरे क्रूरकर्मा राक्षस ! दूर हट । क्या मैं ब्राह्मण नहीं हूँ ।

मैं एक शास्त्रज्ञ वृद्ध ब्राह्मण हूँ । भला अपने शीलगुण संपन्न पुत्र को

---

[1] 'किमहम्' इति वा पाठः ।

पुरुषादस्य दत्त्वाहं कथं निर्वृतिमाप्नुयाम् ।।१३।।

घटोत्कचः—

यद्यर्थितो द्विजश्रेष्ठ ! पुत्रमेकं न मुञ्चसि ।
सकुटुम्बः क्षणेनैव विनाशमुपयास्यसि ।।१४।।

पुरुषादस्य दत्त्वा कथं निर्वृतिम् आप्नुयाम् ।।१३।।

ब्राह्मण इति अहम् वृद्धः=स्थविरः । श्रुतवान्=शास्त्रज्ञः । ब्राह्मणः=तपसा श्रुतेन जात्या च जातः । शीलगुणान्वितम् शीलं च गुणश्च शीलगुणौ ताभ्यामन्वितः तम् । एतादृशं पित्रोः सेवकम् पुत्रं=तनयम् । पुरुषादस्य पुरुषमत्तीति पुरुषादस्तस्य=राक्षसस्य । दत्त्वा । कथं=केन-प्रकारेण निर्वृतिम्=सुखम् शान्तिम् । आप्नुयाम्=लभेय । यतो ब्राह्मणकुले जातोऽहमतो न ते पुत्रप्रदानविषयको समयः मह्यम् रोचते । शीलगुणोपेतस्य पुत्रस्य पुरुषादकृते दानासामर्थ्यादिति भावः । परिकरालङ्कारः । अनुष्टुव्वृत्तम् ।।१३।।

ब्राह्मणवचनं श्रुत्वा घटोत्कचस्तं संबोधयति—

अन्वयः—हे द्विजश्रेष्ठ ! यदि अर्थितः सन् एकं पुत्रं न मुञ्चसि तर्हि क्षणेनैव सकुटुम्बः विनाशम् उपयास्यसि ।।१४।।

यदीति—हे द्विजश्रेष्ठ द्विजेषु श्रेष्ठस्तत्संबुद्धौ=विप्रवर । यदि=चेत् । अर्थितः=याचितः सन् । एकम्=त्रयाणां मध्ये केवलमेकसंख्याकम् । पुत्रं=सूनुम् । न मुञ्चसि=नार्पयसि । तर्हि क्षणेनैव=निमेषमात्रेणैव । सकुटुम्बः=परिवारसहितः । विनाशम्=कथाशेषम् । उपयास्यसि=लप्स्यसे । समयपालने एकपुत्रहानिः । अपालने सपरिवारविनाशः इति पक्षद्वये कतमो ज्यायानिति त्वमेव विचारयेत्यर्थः । अनुष्टुव्वृत्तम् ।।१४।।

एक मानवभक्षी राक्षस के लिये देकर किस प्रकार सुखी रहूंगा ? ।।१३।।

घटोत्कच—हे द्विजोत्तम ! यदि तुम मेरे द्वारा माँगे जाने पर अपने एक पुत्र को नहीं दोगे तो शीघ्र ही कुटुम्ब सहित विनाश को प्राप्त करोगे ।।१४।।

वृद्धः—एष एव मे निश्चयः—

कृतकृत्यं शरीरं मे परिणामेन जर्जरम्।
राक्षसाग्नौ सुतापेक्षी हौष्यामि विधिसंस्कृतम् ।।१५।।

ब्राह्मणौ—अय्य ! मा मा एवं। पदिमत्तधम्मिणी पदिव्वदत्ति णाम। गहीदफलेण एदिणा सरीरेण अय्यं कुलं अ रक्खिदुमिच्छामि। (आर्य ! मा मैवम्। पतिमात्रधर्मिणी पतिव्रवेति नाम। गृहीत-

---

ब्राह्मण इदानीं स्वनिश्चयं श्रावयति—

अन्वयः—सुतापेक्षी परिणामेन जर्जरम् विधिसंस्कृतम् कृतकृत्यं मे शरीरम् राक्षसाग्नौ होष्यामिः ।।१५।।

कृतकृत्यमिति—सुतापेक्षी सुतस्यापेक्षाऽस्ति अस्येति सुतापेक्षी=सुतार्थी। परिणामेन=परिणमयतीति परिणामस्तेन=परिपाकेन गतवयसेत्यर्थः जर्जरम्=शिथिलीभूतम् अनर्थकमित्यर्थः। विधिसंस्कृतम् विधिना=अनुष्ठानेन संस्कृतम्=पूतम्। कृतकृत्यम्=कृतार्थम् सफलमिति यावत्। मे=मम वृद्धस्य। शरीरम्=वपुः। राक्षसाग्नौ राक्षस एवाग्निः राक्षसाग्निः तस्मिन् राक्षसाम्नौ=राक्षसानलमुखे। होष्यामि=प्रक्षेप्स्यामि। पुत्ररक्षार्य अहमेव अनर्थकं जरठम् इदम् स्वशरीरम् तव मुखे होष्यामीत्येव मे निश्चयः। राक्षसाग्नौ इत्यत्र रूपकम्। अनुष्टुव् वृत्तम् ।।१५।।

पतिमात्रधर्मिणी पतिमात्रं धर्मः अस्मि अस्याम्। गृहीतफलेन गृहीतं फलम् पुत्रादिरूप येन तादृशेन। अभिमतः=अभीष्टः। तत्रभवत्या=मम मात्रा। अनुगमिष्यामि=अनुगच्छामि। अपसर=दूरं गच्छ।

वृद्ध—मैंने भी तो यही निश्चय किया है।

अपने पुत्रों की रक्षा के लिये मैं स्वयं अपने संस्कारयुक्त पवित्र शरीर को राक्षस की क्षुधा रूपी अग्नि में आहुति दे दूँगा क्योंकि इस शरीर से अपना सारा कर्त्तव्य पूरा कर लिया है और अब यह वृद्धावस्था के कारण जर्जर भी हो चुका हैं ।।१५।।

ब्राह्मणी—आर्य ! आप ऐसा न कहें। पतिव्रता के लिये तो पति ही धर्म है अतः पुत्ररूपफल से कृतकृत्य हो जाने के कारण मैं आर्य की तथा पुत्रों

फलेनैतेन शरीरेणार्य कुलं च रक्षितुमिच्छामि)।

घटोत्कचः—भवति ! न खलु स्त्रीजनोऽभिमतस्तत्रभवत्याः।

वृद्धः—अनुगमिष्यामि भवन्तम्।

घटोत्कचः—आः ! वृद्धस्त्वमपसर।

प्रथमः—भोस्तात ! ब्रवीमि खलु तावत् किञ्चित्।

वृद्धः—पुत्र ! कथय।

प्रथमः—

मम प्राणैर्गुरुप्राणानिच्छामि परिरक्षितुम्।
रक्षणार्थं कुलस्यास्य मोक्तुमर्हति मां भवान्।।१६।।

घटोत्कचाभिप्रायमवबुध्य ज्येष्ठः स्वपितरमनभिमुखीकर्त्तुमना आह—

अन्वयः—अहं मम प्राणैः गुरुप्राणान् परिरक्षितुम् इच्छामि। अतः भवान् अस्य कुलस्य रक्षणार्थम् माँ मोक्तुमर्हति ।।१६।।

ममेति—अहम्। मम-–मे प्रथमस्य। प्राणैः–असुभिः। गुरुप्राणान् गुरूणाम्=पित्रादीनाम् प्राणान्=असून्। परिरक्षितुम्=परित्रातुम्। इच्छामि=वाञ्छामि। अतः भवान्=मे जनकः। अस्य कुलस्य वंशस्थ। रक्षणार्थम्=संत्राणार्थम्। माम्=प्रथमं ज्येष्ठं पुत्रम्। मोक्तुम् त्यक्तुम्। अर्हति=सक्षमो भवति। मत्परित्यागेन सर्व स्वकुलं रक्षतु भवानिति भावः। अनुष्टुव् वृत्तम् ।।१६।।

की रक्षा के लिये अपनेआपको राक्षस के लिये देना चाहती हूँ।

घटोत्कच—देवि ! मेरी पूज्या माता को स्त्री की आवश्यकता नहीं हैं।

वृद्ध—तो मैं ही आप के साथ चलूँगा।

घटोत्कच—अरे तुम वृद्ध हो। तुम्हारी आवश्यकता नहीं हैं, दूर हटो।

प्रथमकुमार—पिताजी! मैं कुछ कहना चाहता हूँ।

वृद्ध—कहो कहो। शीघ्र कहो।

प्रथम—अपना प्राण देकर मैं गुरुजनों के प्राणों की रक्षा करना चाहता हूँ अतः इस कुल की रक्षा के लिये आप मुझे छोड़ दीजिये ।।१६।।

द्वितीयः—आर्य ! मा मैवम् ।

ज्येष्ठः श्रेष्ठः कुले लोके पितृणां च सुसंप्रियः ।
ततोऽहमेव यास्यामि गुरुवृत्तिमनुस्मरन्[1] ।।१७।।

तृतीयः—आर्यौ । मा मैवम् ।

ज्येष्ठो भ्राता पितृसमः कथितो ब्रह्मवादिभिः ।

मध्यमः वदति—

अन्वयः—कुले लोके पितृणाम् ज्येष्ठः श्रेष्ठः सुसंप्रियः च । ततः गुरुवृत्तिम् अनुस्मरन् अहमेव यास्यामि ।।१७।।

ज्येष्ठ इति—भो जनक ! कुले=संसारे । पितृणां जनकानां ज्येष्ठः=ज्यायान् सुतः । श्रेष्ठः=श्रेयान् भवति । ज्येष्ठ पूज्यतमो लोके ज्येष्ठः सद्भिरगर्हितः (द्र.मनु. ९-१०९) किञ्च-ज्येष्ठेन जातमात्रेण पुत्री भवति मानवः । सुसंप्रियः=अनुरागभाक् । भवति । ततः=तस्मात् कारणात् गुरुवृत्तिम् गुरूणाम् वृत्तिम्=व्यवहारम् । अनुस्मरन्=स्मरणं कुर्वन् अहमेव=मध्यम एव । यास्याभि, अस्य मातुः पारणार्थमिति शेषः । ज्येष्ठेन जातमात्रेण पितृणामानृण्यं धर्मार्थे तस्याधिकारित्वादिति गुरुवृत्तिमनुस्मरन्नहमेव यास्यामीति भावः । अत्राप्यनुष्टुव् वृत्तम् ।।१७।।

अथ तृतीयो वदति—

अन्वयः—ज्येष्ठः भ्राता पितृसमः इति ब्रह्मवादिभिः कथितः ततः गुरूणां प्राणरक्षणम् कर्त्तुम् अहम् अर्हः अस्मि ।।१८।।

द्वितीय—आर्य ! आप ऐसा न कहें ।

कुल में तथा लोक में भी जेठा श्रेष्ठ माना जाता है और वह पितरों को प्रिय भी होता है इसलिए गुरुजनों के प्रति अपने कर्त्तव्य का स्मरण करते हुए मैं ही जाऊंगा ।।१७।।

तृतीय—दोनों आर्यो ! ऐसा नहीं ऐसा नहीं ।

जेठा भाई पिता के समान होता है ऐसा ब्रह्मऋषियों ने कहा है अतः मैं

---

[1] 'अनुस्मर' इति वा पाठः ।

ततोऽहं कर्तुमस्म्यर्हो गुरूणां प्राणरक्षणम् ।।१८।।

प्रथमः—वत्स ! मा मैवम् ।

आपदं हि पिता प्राप्तो ज्येष्ठपुत्रेण [1]तार्यते ।
ततोऽहमेव यास्यामि गुरूणां प्राणरक्षणात् ।।१९।।

ज्येष्ठ इति—ज्येष्ठः=अग्रजः । भ्राता=सहोदरः । पितृसमः=पित्रा समः पितृसमः=जनकतुल्यः इति ब्रह्मवादिभिः=वेदज्ञैः महर्षिभिर्मन्वादिभिः कथितः=उक्तः । तदुक्तम्–पितेव पालयेत्पुत्रान् ज्येष्ठो भ्रातृन् यवीयसः । पुत्रवच्चापि वर्त्तेरञ् ज्येष्ठे भ्रातरि धर्मतः (द्र. मनुस्मृति ९-१०८) ततः=तस्मात् कारणात् । गुरूणाम् श्रेष्ठानाम् । पितृणां ज्येष्ठभ्रातृणाम् च प्राणरक्षणम्=जीवनसंत्राणम् कर्त्तृम्=विधातुम् । अहम्=तृतीयः पुत्रः । अर्हः=योग्यः अस्मि । अनुष्टुव् वृत्तम् ।।१८।।

प्रथमः वदति—

अन्वयः–हि पिता आपदं प्राप्तः ज्येष्ठपुत्रेण तार्यते ततोहमेव गुरूणां प्राणरक्षणात् यास्यामि ।।१९।।

आपदमितिं—हि=यतः । पिता=जनकः । आपदम्=विपतिं प्राप्तः । ज्येष्ठपुत्रेण ज्येष्ठश्चासौ पुत्रस्तेन=ज्येष्ठात्मजेन । तार्यते=पारं नीयते । ततः=तस्मात् कारणात् । गुरुणाम्=श्रेष्ठमातृपितृणाम् । प्राणरक्षणात्=जीवनत्राणहेतोः अहमेव=प्रथम एव । यास्यामि=गमिष्यामि राक्षणमुखे इति शेषः । अत्रानुष्टुव् वृत्तम् ।।१९।।

पित्रोरनिष्टः कस्येदानीं प्रियः इति—पितुः कृते ज्येष्ठः प्रियः मातुश्च कनिष्ठः प्रियः इति कथनेन ज्ञायते यज्ज्येष्ठकनिष्ठौ परित्यज्यान्येन गन्तव्यम् । अन्यथा पित्रोरनिष्टापत्तेः । तस्मान्ममैव गमन सर्वेभ्यो रोचते इत्याशय कनिष्ठस्य ।

अपने गुरुजनों की प्राणरक्षा के योग्य हूँ ।।१८।।

प्रथम—वत्स ! (प्यारे) ऐसा नहीं । ऐसा नहीं ।

पिता जी आपत्ति में पड़े हुये हैं । ज्येष्ठ पुत्र को ही उससे रक्षा करना कर्त्तव्य है । अतः इन पूज्यों की रक्षा के लिये मुझे ही जाना चाहिये ।।१९।।

---

[1] 'धार्यते' इति वा पाठः ।

वृद्धः—ज्येष्ठमिष्टतमं न शक्नोमि परित्यक्तुम्।

ब्राह्मणी—जह अय्यो जेट्ठमिच्छदि, तह अहं पि कणिट्ठमिच्छामि। (यथार्यो ज्येष्ठमिच्छशि, तथाहमपि कनिष्ठमिच्छामि)

द्वितीयः—पित्रोरनिष्टः कस्येदानीं प्रियः।

घटोत्कचः—अहं प्रीतोऽस्मि, शीघ्रमागच्छ।

द्वितीयः—

धन्यौऽस्मि यत् गुरुप्राणाः स्वैः प्राणैः परिरक्षिताः।
वन्धुस्नेहाद्धि महतः [१]कायस्नेहस्तु दुर्लभः ।।२०।।

गच्छन् द्वितीयः (मध्यमः) वदति—

अन्वयः—धन्यः अस्मि। यत् स्वैः प्राणैः गुरुप्राणाः परिरक्षिताः हि महतः वन्धुस्नेहात् कायस्नेहः दुर्लभः ।।२०।।

अन्य इति—अहं द्वितीयः धन्यः=सौभाग्यशाली अस्मि=भवामि यत्=यतः। स्वैः=स्वकीयैः। प्राणैः=जीवनैः। गुरुप्राणाः गुरूणां प्राणाः=पित्रोः ज्येष्ठस्य कनिष्ठस्य च भ्रात्रोः जीवनानि। परिरक्षिताः=परित्राताः हि=रुयतः। महतः=विशिष्टात्। वन्धुस्नेहात्=ज्ञातिप्रेमतः। कायस्नेहः=शरीरानु-

वृद्ध—ज्येष्ठ मुझे सबसे प्रिय है, इसलिये मैं उसे छोड़ने में असमर्थ हूँ।

ब्राह्मणी—जैसे आप ज्येष्ठ पुत्र को चाहते हैं वैसे मैं भी छोटे पुत्र को चाहती हूँ।

द्वितीय—इस समय भला कौन अपने माता-पिता का अनिष्ट चाहेगा—

घटोत्कच—तो मैं प्रसन्न हूँ। शीघ्र आओ।

दूसरा कुमार—आज मैं धन्य हूँ कि अपना जीवन देकर गुरुजनों के प्राणों की रक्षा करूँगा। क्योंकि महान् बन्धुस्नेह की अपेक्षा कायस्नेह दुर्लभ है जिस कायस्नेह को त्याग कर मैं अपने गुरुजनों को रक्षा करूँगा ।।२०।।

---

[१] 'कालस्नेहस्तु'—इति वा पाठः।

धटोत्कचः—अहो स्वजनवात्सल्यमस्य ब्राह्मणवटोः ।

द्वितीयः—भोस्तात ! अभिवादये ।

वृद्धः—एह्येहि पुत्र ।

विनिमाय गुरुप्राणान् स्वैः प्राणैर्गुरुत्सल ।।
अकृतात्मदुरावापं ब्रह्मलोकमवाप्नुहि ।।२१।।

द्वितीयः—अनुगृहीतोऽस्मि । अम्ब ! अभिवादये ।

रागः । दुर्लभः=दुःखेन लब्धुं योग्यः अप्राप्य इति भावः । अर्थान्तरन्यासालङ्कारः । अनुष्टुव् वृत्तम् ।।२०।।

वृद्धब्राह्मणः प्रणमन्तं मध्यमं स्वसुतमभिनन्दयति—

अन्वयः—गुरुवत्सल ! स्वैः प्राणैः गुरुप्राणान् विनिमाय अकृतात्मदुरावापं ब्रह्मलोकम् अवाप्नुहि ।।२१।।

विनिमायेति=गुरुवत्सल गुरुषु वत्सलस्तत्संबुद्धौ=पूज्यजनानुरागशालिन् । स्वैः=स्वकीयैः । प्राणैः=असुभिः । गुरुप्राणान्=श्रेष्ठजनजीवनानि । विनिमाय=परस्परं विनिमयं कृत्वा । अकृतात्मदुरावापम् । अकृतात्मभिः=अजितेन्द्रियैः दुरावापम् दुःखेन अवाप्तुं योग्यम् अप्राप्यमित्यर्थः । ब्रह्मलोकम् 'यद्गत्वा न निवर्त्तन्ते तद्धाम परमं ममेत्युक्तेः । सत्यलोकमित्यर्थः । अवाप्नुहि=लभस्व । यतस्त्वया स्वप्राणान् प्रदाय स्वगुरुजनानां प्राणाः परिरक्षिताः ततः विष्णुपदं प्रयाहीति भावः । अनुष्टुव् वृत्तम् । अनुप्रासालङ्कारः ।।२१।।

घटोत्कच—अहा ! इस ब्राह्मणकुमार का परिवार स्नेह श्लाघनीय है ।

द्वितीय—हे पिता जी ! मैं अभिवादन करता हूँ ।

वृद्ध—आओ पुत्र ! आओ ।

हे गुरुभक्त पुत्र ! तुमने अपने प्राणों के बदले जो अपने पूज्यों के प्राणों की रक्षा की है इसलिये तुम्हें वह ब्रह्मलोक प्राप्त हो जो अजितेन्द्रिय एवं पापात्माओं के लिये सर्वथा दुर्लभ है ।।२१।।

द्वितीय—पिता जी कृतार्थ हुआ । माँ अभिवादन करता हूँ ।

ब्राह्मणी—जाद ! चिरं जीव (जात ! चिरं जीव)।

द्वितीयः—अनुगृहीतोऽस्मि। आर्य ! अभिवादये।

प्रथमः—एह्येहि वत्स !

परिष्वजस्व गाढं मां परिष्वक्तः शुभैर्गुणैः।
कीर्त्या तव परिष्वक्ता भविष्यति वसुन्धरा।।२२।।

द्वितीयः—अनुगृहीतोऽस्मि।

तृतीयः—आर्य ! अभिवादये।

द्वितीयः—स्वस्ति।

अग्रजः तथानुयान्तं मध्यमं भ्रातरमाशीर्भिरभिनन्दयति–

अन्वयः–हे वत्स शुभैः गुणैः परिष्वक्तः (त्वं) मां गाढं परिष्वजस्व। इयं वसुन्धरा तव कीर्त्या परिष्वक्ता भविष्यति ।।२२।।

परीति—हे वत्स ! शुभैः=शोभनैः। गुणैः=दयादाक्षिण्यादिभिः परिष्वक्ताः=समालिङ्गितः त्वम् माम्=अग्रजम्। गाढम्=धनम् निर्भरप्रेमभरं। परिष्वजस्व=आलिङ्गय। इयं वसुन्धरा=धनधान्यवती सर्वसहा पृथ्वी। तव=भवतः। कीर्त्या=यशसा। परिष्वक्ता=आलिङ्गिता भविष्यति=यास्यति। अनेन तव यशसा पृथ्वी परिपूर्णा भविष्यतीति भावः। अनुष्टुव् वृत्तम् ।।२२।।

परिमुषिताः=परिवञ्चिताः।

ब्राह्मणी—पुत्र ! चिरजीवी रहो। चिरजीवी रहो।

द्वितीय—कृतार्थ हुआ। आर्य मैं अभिवादन करता हूँ।

प्रथम—आओ प्रिय सहोदर ! आओ।

तुम शुभ गुणों से विभूषित हो। मुझे गाढ़ आलिङ्गन करो। तुम्हारे पुण्य यश से यह सारी पृथ्वी विभूषित होगी ।।२२।।

द्वितीय—कृतार्थ हुआ।

तृतीय—आर्य प्रणाम करता हूँ।

द्वितीय—कल्याण हो।

तृतीयः—अनुगृहीतोऽस्मि ।

द्वितीयः—भोः पुरुष ! किञ्चिद् ब्रवीमि ।

घटोत्कचः–ब्रूहि, ब्रूहि शीघ्रम् ।

द्वितीयः—एतस्मिन् वनान्तरे जलाशय इव दृश्यते । तत्र मे प्रकल्पितपरलोकस्य पिपासाप्रतीकारं करिष्यामि ।

घटोत्कचः—दृढव्यवसायिन् । गम्यताम् । अतिक्रामति मातुराहारकालः । शीघ्रमागच्छ ।

द्वितीयः—भोस्तात ! एष गच्छामि । (इति निष्क्रान्तः)

वृद्धः—हा हा परिमुषिताः स्मो भोः ! परिमुषिताः स्मः ।

यस्त्रिशृङ्गो मम त्वासीन्मनोज्ञो वंशपर्वतः ।

वृद्धः मध्यमे पुत्रे गते सति स्वमानसिकं खेदं व्यञ्जयन्नाह—

अन्वयः–यः तु मम वृद्धस्य मनोज्ञः वंशपर्वतः त्रिशृङ्गः आसीत् स मध्यमशृङ्गभङ्गेन मे मनः भृशं तपति ॥२३॥

यः तु=यो हि । मम वृद्धस्य । मनोज्ञः=कान्तः । वंशपर्वतः वंश एव = अन्वय एव पर्वतः = अचलः । त्रिशृङ्गः त्रीणि शृङ्गाणि= शिखराणि यस्मिन् तथाभूतः आसीत्=अभूत् । सः=पर्वतः । मध्यशृङ्ग-

---

तृतीय—अनुगृहीत हुआ ।

द्वितीय—हे पुरुष (घटोत्कच) ! मैं कुछ कहना चाहता हूँ ।

घटोत्कच—कही । जल्दी कहो ।

द्वितीय—इस वन में तालाब जैसा दिखाई पड़ रहा है । वहाँ जाकर परलोक यात्रा का इच्छुक मैं अपनी प्यास बुझाना चाहता हूँ ।

घटोत्कच—ओ सत्यप्रतिज्ञ ! जाओ । किन्तु मेरी माता के आहार की बेला बीत रही है । जल्दी आना ।

द्वितीय—हे पिता जी ! यह मैं जा रहा हूँ (इतना कहकर चला जाता है ।

वृद्ध—हाय हाय ! हम ठग लिये गये, ठग लिये गये ।

मेरा पर्वतरूपी उच्चवंश जो मनोज्ञ तीन पुत्ररूपी तीन शिखरों से

स मध्यश्रृङ्गभङ्गेन मनस्तपति मे भृशण् ।।२३।।

हा पुत्रक ! कथं गत एव ।

तरुण ! तरुणतानुरूपकान्ते !
नियमपराध्ययनप्रसक्तबुद्धे ! ।
कथमिह गजराजदन्तभग्न-
स्तरुरिव यास्यसि पुष्पितो बिनाशम् ।।२४।।

भङ्गेन मध्यमश्चासौ शृङ्गः मध्यशृङ्गः=मध्यशिखरः तस्य भङ्गेन=विनिपातेन । मे=मम वृद्धस्य । मनः=मानसम् । भृशम्=अत्यन्तम् । तपति=भृशं दुःखयति । साङ्गरूपकालङ्कारः । अनुष्टुप् वृत्तम् ॥२३॥

मध्यमे गते विलपन्नाह वृद्धः ।

अन्वयः—तरुण तरुणतानुरूपकान्ते नियमपर ! अध्ययनप्रसक्त बुद्धे ! गजराजदन्तभग्नः पुष्पितः तरुः इव कथं विनाशं यास्यसि ॥२४॥

तक्ष्ण !=युवन् । तरुणतानुरूपकान्ते तरुणस्य भावः तरुणता तदनुरूपा कान्तिर्यस्य तत्संबुद्धौ=यौवनानुरूपसौन्दर्यशोभित नियमपर=सत्याहिंसादिनियमपालक ! अध्ययनप्रसक्तबुद्धे अध्ययने प्रसक्ता बुद्धिर्यस्य तत्संबुद्धौ=अध्ययनसंलग्नमते ! । गजराजदन्तभग्नः गजराजस्य=मत्तमतङ्गजस्य दन्तेन=रदेन भग्नः=विनाशितः । पुष्पितः=कुसुमितः । तरुः—पादपः इव । कथं=केन प्रकारेण । विनाशम्=नाशभावम् । यास्यसि=गच्छसि । पुष्पिताग्रावृत्तम् । तरुणतरुणेत्यत्रावृत्या यमकः । तारुण्यसंपन्नब्राह्मणकुमारस्य=पुष्पितवृक्षेण सह सादृश्यनिरूपणात् उपमालङ्कार ॥२४॥

युक्त था उसके मध्यशृङ्ग के टूट जाने से (मध्यम पुत्र के चले जाने से) मेरा मन सन्ताप को प्राप्त कर रहा है ॥२३॥

हाय पुत्र ! क्या चले ही गये ।

हे तरुण ! तुम युवावस्था की अपूर्व स्वाभाविक शोभा से मण्डित संयमः—नियम पर एवं स्वाध्याय में दत्तचित्त थे । पर अब गजेन्द्र के दन्ताधात से सुपुष्पित वृक्ष के समान किस प्रकार विनाश को प्राप्त होंगे ? ॥२४॥

घटोत्कचः—चिरायते खलु ब्राह्मणवटुः। अतिक्रामति मातुराहारकालः। किन्नु खलु करिष्ये। भवतु दृष्टम्। भो ब्राह्मण। आहूयतां तव पुत्रः।

बृद्धः—आः, अतिराक्षसं खलु ते वचनम्।

घटोत्कचः—कथं रुष्यति। मर्षयतु भवान् भर्षयतु। अयं मे प्रकृतिदोषः। अथ किन्नामा तव पुत्रः ?

वृद्धा—एतदपि न शक्यं श्रोतुम्।

घटोत्कचः—युक्तम्, भोः। ब्राह्मणकुमार। किन्नामा ते भ्राता ?

प्रथमः—तपस्वी मध्यमः।

धटोत्कचः—मध्यम इति सदृशमस्य। अहमेवाह्वयामि। भो मध्यम ! मध्यम शीघ्रमागच्छ।

(ततः प्रविशति भीमसेनः)

चिरायते=विलम्ब्यते। अतिक्रामति=व्यतीतो भवसि। अतिराक्षसम् अति=अतिशयितम् राक्षसम्=रक्षोजनोचितम् तादृशं वचनम् प्रकृतिदौषः=स्वभावजन्यापराधः।

घटोत्कच—यह ब्राह्मणकुमार अवश्य ही विलम्ब कर रहा है। इधर माता के आहार का समय बीत रहा है। अतः क्या करना चाहिये ? अच्छा उपाय सूझा—हे ब्राह्मण ! अपने पुत्र को बुलाओ।

वृद्ध—आह ! तुम्हारे वचन तो राक्षस के वचन से भी कठोर हैं।.

घटोत्कच—क्यों क्रुद्ध हो रहे हैं ? अच्छा आप क्षमा करें। क्षमा करें। यह तो हमारा स्वभावगत दोष है। अच्छा आप के पुत्र का नाम क्या है ?

वृद्ध—इस वचन को भी सुनने की शक्ति मुझ में नहीं है।

घटोत्कच—ठीक है। हे ब्राह्मणपुत्र ! तुम्हारे भाई का क्या नाम है ?

प्रथम—बेचारा मध्यम।

घटोत्कच—यह उसका मध्यम नाम उचित जान पड़ता है। तो मैं ही पुकारता हूँ। हे मध्यम ! मध्यम ! शीघ्र आओ।

(तदनन्तर भीमसेन का प्रवेश)

भीमः—कस्यायं स्वरः ?

खगशतविरुते विरौति तारं
द्रुमगहने दृढसङ्कटे वनेऽस्मिन् ।
जनयति च मनोज्वरं स्वरोऽयं
बहुसदृशो हि धनञ्जयस्वरस्य[१] ।।२५।।

घटोत्कचः—चिरायते खलु ब्राह्मणवटुः; अतिक्रामति मातुराहारकालः । किन्नु खलु करिष्ये। भबतु, दृष्टम्। उच्चैः शब्दापयाभि। भो भोमध्यम्! शीघ्रमागच्छ।

मध्यमेति घटोत्कचवचनमाकर्ण्य धनञ्जयशब्दभ्रमेण वितर्कयति–

अन्वयः—खगशतविरुते दृढसंकटे द्रुमगहने अस्मिन् वने स्वरोऽयम् तारं विरौति । च मनोज्वरं जनयति हि धनञ्जयस्वरस्य बहुसदृशः ।।२५।।

खगेति—खगशतविरुते खगशतस्य=पक्षिसमूहस्य । शतशब्दोऽत्र समूहपरः । विरुते=शब्दिते । दृढसंकटे दृढम् अत्यन्तम् संकटम्=संवाधा यत्र तस्मिन्=संबाधातिशयत्वमापन्ने । द्रुमगहने द्रुमैः=वृक्षै । गहने=व्याप्ते । अस्मिन् वने=कानने । स्वरोऽयम्=अयं शब्दः। तारं विरौति उच्चैस्तया ध्वनति। च=तथा। मनोज्बरम्=मनसः उत्कण्ठाम् । जनयति=उत्पादयति । हि=यतः । धनंजयस्वरस्य धनंजयस्य=अर्जुनस्य । स्वरः=शब्दः तस्य । बहुसदृशः=अत्यन्तसमानतामापन्नः इयं वाणी अस्तीति शेषः । पुष्पिताग्रावृत्तम् । स्मरणालंकारश्च ।।२५।।

भीम—यह तो सैकड़ों पक्षियों की चहचहाहट से युक्त अनेक वृक्षों से संकुल अत्यन्त घोर वन में उच्च स्वर से पुकार रहा है। वह अर्जुन के स्वर से बहुत कुछ मिल रहा है। अतः मेरे मन में बड़ा संशय उत्पन्न हो रहा है ।।२५।।

घटोत्कच—यह ब्राह्मण कुमार बहुत विलम्ब कर रहा है । माता जी के भोजन की वेला बीतती जा रही है । तो क्या करूँ ? अच्छा और ऊँचे स्वर से पुकारूँ—ओ मध्यम ! शीघ्र आओ ।

---

[१] 'धनञ्जयस्य शब्दः' इति वा पाठः ।

भीमः—भोः! को नु खल्वेतस्मिन् वनान्तरे मम व्यायामविघ्नमुत्पाद्य मध्यम ! मध्यम ! इति मां शब्दापयति । भवतु, पश्यामस्तावत् । (परिक्रम्यावलोक्य सविस्मयम्) अहो दर्शनीयोऽयं पुरुधः । अयं हि,—

सिंहास्यः सिंहदंष्ट्रो मधुनिभनयनः स्निग्धगम्भीरकण्ठो
बभ्रुभ्रूः श्येननासो द्विरदपत्रिहनुर्दीप्त[1]विशिलष्टकेशः ।

शब्दापयामि–आह्वयामि ।

मध्यम इति शब्द श्रुत्वा व्यायामं परित्यज्य चकितचकितः सन् तथा व्याहरन्तं धटोत्कचं दृष्ट्वा तस्य शरीरसंधटनामुपवर्णयति भीमसेनः—

अन्वयः–सिंहास्यः सिंहदंष्ट्रः मधुनिभनयनः स्निग्धगम्भीरकण्ठः बभ्रुभ्रूः श्येननासः द्विरदपतिहनुः दीप्तविशिलष्टकेशः व्यूढोरा वज्रमध्यः गजवृषभगतिः लम्बपौनांसबाहुः विपुलबलयुतः राक्षसीजः लोकवीरस्य (अयं) पुत्रः इति सुव्यक्तम् ।।२६।।

सिंहास्य इति । सिंह इव आस्यं=मुख यस्य सः । सिंहदंष्ट्रः सिंहस्य दंष्ट्रा=दन्त इव दंष्ट्रा यस्य सः । मधुनिभनयनः मधुनिभे नयने=नेत्रे यस्य सः=मधुरेक्षणः । स्निग्धगम्भीरकण्ठः स्निग्धः सचिक्कणः गम्भीरः= समुन्नतः कण्ठः=ग्रीवा यस्य सः । बभ्रुभ्रूः बभ्रू=पिङ्गलबर्णौ भ्रुवौ= भ्रुकूटी यस्य सः । श्येननासः श्येनस्य पक्षिविशेषस्य नासा=नासिका इव नासा यस्य सः । द्विरदपतिहनुः द्विरदपतेः=गजेन्द्रस्यः=गजेन्द्रस्य हनुरिव हनुः यस्य सः । दीप्तविशिलष्टकेशः दीप्ताः=विशालाः समुज्बला वा विशिलष्टाः=विरलाः

भीम—अरे! यह कौन है जो इस वन में मेरे व्यायाम में विघ्न उत्पन्न करता हुआ 'मध्यम' ऐसा कह कर मुझे पुकार रहा है । अच्छा तो देखता हूँ । (मुड़ कर देख कर आश्चर्यचकित हो) अहो! यह मनुष्य तो देखने के योग्य है । यह तो—

सिंह के समान मुख तथा सिंह के समान भयानक दाँतो वाला है । शराब जैसी इसकी आँखें है, चिकना तथा ऊँचा इसका गला है, भूरे वर्ण की भौंहे,

---

[1] 'धनञ्जयस्य शब्दः' इति वा पाठः ।

व्यूढोरा वज्रमध्यो गजवृषभगतिर्लम्बपीनांसबाहुः
सुव्यक्तं राक्षसीजो विपुलबलयुतो लोकवीरस्य पुत्रः ।।२६।।

घटोत्कचः—चिरायते खलु ब्राह्मणवटुः । उच्चैः शब्दापयामि भो भो मध्यम ! शीघ्रमागच्छ ।

भीमः—भोः ! प्राप्तोऽस्मि ।

घटोत्कचः—न खल्वयं ब्राह्मणवटुः । अही दर्शनीयोऽयं पुरुषः । य एषः—

केशाः=कचाः यस्य सः । व्यूढोरा व्यूढं=विपुलं उरः=वक्षःस्थलं यस्य सः । वज्रमध्यः वज्रः=कुलिशम् इव मध्यः=मध्यभागः यस्य सः । गज–वृषभगतिः गजवृषभयोः=द्विपवलीवर्दयोः गतिरिव गतिर्यस्य सः । लम्बपीनांसबाहुः लम्बौ=विशालौ पीनौ स्थूलौ अंसौ=स्कन्धौ बाहू=भुजौ यस्प सः । विपुलबलयुतः विपुलं बलं विपुलबलम् तेन युतः=महाबलवान् । राक्षसोजः राक्षस्यां=हिडिम्बायां जातः=समुत्पन्नः । लोकवीरस्य लोके प्रसिद्धस्य वीरस्य=जगत् प्रसिद्धवलशालिनः । पुत्रः=सूनुः । इति सुव्यक्तम्=प्रत्यक्षम् । शार्दूलविक्रीडित वृत्तम् । परिकरकाव्यलिङ्गोपमानुमानालङ्काराः ॥२६॥

दर्शनीयः=सर्वथा दर्शनयोग्यः ।

बाज की तरह नाक, गजेन्द्र के समान ठोढ़ी, लम्बे एवं बिखरे केश, पुष्ट विशाल वक्षः स्थल, वज्र सा कठोर कटिभाग, गज तथा वृषेन्द्र के समान मस्ती से भरी चाल, लम्बे तथा स्थूल कन्धे एवं बाहु वाला अत्यन्त बलशाली । इस प्रकार यह स्पष्ट ही किसी राक्षसी एवं विश्वविख्यात वीर का पुत्र ज्ञात होता है ॥२६॥

घटोत्कच—निश्चय ही ब्राह्मणकुमार विलम्ब कर रहा है । अच्छा ऊँचे स्वर में पुकार कर उसे बुलाऊँ । हे हे मध्यम । शीघ्र आओ ।

भीम—अरे भाई । लो मैं आ पहुँचा ।

घटोत्कच-यह तो वास्तव में वह ब्राह्मण वटु नहीं है । फिर भी यह पुरुष तो देखने के योग्य है । जो यह—

सिंहाकृतिः कनकतालसमानबाहुः
मध्ये तनुर्गरुडपक्षविलिप्तपक्षः[1] ।
विष्णुर्भवेद् विकसिताम्बुजपत्रनेत्रो
नेत्रे ममाहरति बन्धुरिवागतोऽयम् ।।२७।।

मध्यमशब्देन समागत भीमसेन दृष्ट्वा घटोत्कचश्चकितचकितस्तद्रूपं वर्णयति—

अन्वयः—सिहाकृतिः कनकतालसमानबाहुः मध्ये तनुः गरुणपक्षविलिप्तपक्षः विकसिताम्बुजपत्रनेत्रः बन्धुः इव आगतः अयं विष्णुः भवेद् यः मम नेत्रे आहरति ॥२७॥

सिंहाकृतिरिति । अयम्=समागन्ता । सिंहाकृतिः सिंहस्य आकृतिरिव आकृतिर्यस्य सः मृगेन्द्ररूपः । कनक्तालसमानबाहुः कनकतालेन=सुवर्णनिर्मिततालवृक्षेण समानौ=सदृशौ बाहु=भुजौ यस्य सः । मध्ये=मध्यभागे तनुः=कृशः । गरुडपक्षविलिप्तपक्ष, गरुडस्य=गरुत्मतः पक्षाभ्याम् पत्राभ्याम् । विलिप्तौ=संघृष्टौ पक्षौ=पार्श्वभागौ यस्य सः । विकसिताम्बुजपत्रनेत्रः विकसिते=प्रफुल्लिते=प्रफुल्लिते अम्बुजपत्रे=कमलदले इव नेत्रो यस्य सः । बन्धुः=परिवारः । इव=यथा । आगतः=संप्राप्तः । विष्णुः भवेद् । यः मम=घटोत्कचस्य । नेत्रे=नयने । आहरति=आकृषति संमोहयति वा । अत्र 'पक्षविलिप्तपक्षः' इत्यत्र यमकः । लन्तिमयोश्चरणयौः संदेहः बन्धुरिवेत्यत्रोत्प्रेक्षालंकाराः यथाथथं वोद्धव्यम् । वसन्ततिलकावूत्तम् ॥२७॥

न तावदपरः अपरः=अन्यः न किन्तु मध्यम एवेति भावः ।

सिंह के समान रूप वाला, सोने के ताड़ के समान विशाल बाहु वाला, पतली कमर से युक्त तथा गरुड़ के पंख के समान घिसे हुए अर्थात् चिकने पार्श्ववाला तथा विकसित कमल के समान विशाल नेत्रों वाला यह क्या विष्णु है जो बन्धु के समान आया हुआ मेरे नेत्रों को बलात् आकृष्ट कर रहा है ॥२७॥

---

[1] 'विलिप्तवक्षा' इति वा पाठः ।

भो मध्यम ! त्वां खल्वहं शब्दापयामि ।

भीमः—अतः खल्वहं प्राप्तः ।

घटोत्कचः—किं भवानपि मध्यमः ?

भीमः—न तावदपरः ।

मध्यमोऽहमवध्यानामुत्सिक्तानां च मध्यमः ।
मध्यमोऽहं क्षितौ [१]भद्र ! भ्रातृणामपि मध्यमः ।।२८।।

घटोत्कचः—भवितव्यम् ।

भीमः—अपि च,

घटोत्कचकृते प्रश्ने मध्यमशब्देन स्वं परिचयं ददन् भीमसेन आह—

अन्वयः—हे भद्र अहम् अवध्यानां मध्यमः उत्सिक्तानां च मध्यमः क्षितौ मध्यमः भ्रातृणाम् अपि मध्यमः अस्मि ॥२८॥

मध्यम इति—हे भद्र=सौम्य ! अहम्=भीमः । अवध्यानाम्=अन्यैर्हन्तुमयोग्यानम् पाण्डवानामित्यर्थः मध्यमः । किञ्च अहम् । उत्सिक्तानाम्=शौर्योद्धतानां च मध्ये मध्यमः । अहम् भीमसेनः । क्षितौ=लोके मध्यमः । भ्रातृणां=सहोदराणां युधिष्ठिरादीनां मध्ये अहं मध्यमः । भीमसेन इत्यर्थः । अनुष्टुव् वृत्तम् ॥२८॥

अरे मध्यम ! तुम्हें मैं पुकार रहा हूँ ।

भीम—इसीलिये तो मैं यहाँ आ पहुँचा ।

घटोत्कच—क्या आप भी मध्यम हैं ?

भीम—यहाँ कोई दूसरा तो हैं नहीं । मैं ही मध्यम हूँ ।

वध से रहित (अमर) लोगों में मैं मध्यम हूँ । स्वाभिमानियों में मैं मध्यम हूँ । किं बहुना हे भद्र ! मैं इस पृथ्वी पर मध्यम हूँ और अपने भाइयों में उत्पत्तिक्रम के अनुसार मैं मध्यम हूँ ॥२८॥

घटोत्कच—होंगे ।

भीम—और भी ।

---

[१] 'क्षितेः' इति पाठः ।

मध्यमः पञ्चभूतानां पार्थिवानां च मध्यमः ।
भवे[1] च मध्यमो लोके सर्वकार्येषु मध्यमः ।।२९।।

वृद्धः—

मध्यमास्त्विति सम्प्रोक्ते नूनं पाण्डवमध्यमः ।
अस्मान् मोक्तुमिहायातोदर्पान्मृत्योरिवोत्थितः ।।३०।।

भीमसेनः पुनः घटोत्कचं मध्यमशब्देनोत्तरयति—

अन्वयः—पञ्चभूतानां मध्यमः पार्थिवानां च मध्यमः भवे च मध्यम[2] सर्वलोकेषु मध्यमः अहम् ।।२९।।

मध्यम इति—पञ्चभूतानाम्=पृथिव्यादीनाम् । मध्ये अहं मध्यमः मध्यगतो वायुरूप इत्यर्थः । पार्थिवानां=राज्ञां मध्ये चाहं मध्यमः=मध्यगतो वायुरूप इत्यर्थः । पार्थिवानां=राज्ञां मध्ये चाहं मध्यमः=मध्यगतः । भवे=प्रादुर्भावे च मध्यमः=मम मध्योत्पत्तिरित्यर्थः । लोके=भुवने । सर्वकार्येषु=अशेषव्यापरेषु । मध्यमः=मध्यस्थ इत्यर्थः ।।२९।।

मध्यमशब्दव्युत्पत्तिं श्रुत्वा वृद्धो ब्राह्मणः विचारयति—

अन्वयः—मध्यम इति संप्रोक्ते नूनं पाण्डवमध्यमः उत्थितः यः मृत्योः दर्पात् अस्मान् मोक्तुम् इह आयातः ।।३०।।

मध्यम इति—मध्यम इति संप्रोक्ते=समुच्चारिते नूनम् निश्चयम् । पाण्डवमध्यमः पाण्डवेषु मध्यमः=भीमसेन इत्यर्थः । उत्थितः=उपस्थितः । यः मृत्योः दर्पात्=अन्तकस्य गर्वात् । अस्मान्=ब्राह्मणपरिवारान् । मोक्तुम्=

पञ्चभूतों (पृथ्वी, जल, तेज, वांयु और आकाश) में मैं मध्यम (वायु का अवतार) हूँ राजाओं में भी मैं मध्यम हूँ । इस लोक मैं जन्मक्रम से पञ्च पाण्डवों के बीच मैं मध्यम हूँ । इतना ही नहीं सब कार्यों में भी मैं मध्यम हूँ ।।२९।।

वृद्ध—इसने अपने को 'मध्यम' ऐसा कहा है इसलिये ये अवश्य ही पाण्डवों में मध्यम (भीमसेन) होंगे । जो मृत्यु के दर्प से हमलोगों को छुड़ाने के लिये आये हैं ।।३०।।

---

[1] 'भये' इति वा पाठः ।

(प्रविष्य)

मध्यमः—

अस्यामाचम्य पद्मिन्यां परलोकेषु दुर्लभम् ।
आत्मनैवात्मनो दत्तं पद्मपत्रोज्ज्वलं जलम् ।।३१।।

(उपगम्य) भोः पुरुष ! प्राप्तोऽस्मि ।

परिमोचयितुम् । इह=अस्मिन्स्थाने आयातः=आगत इति प्रतिभाति उत्प्रेक्षालङ्कारः । अनुष्टुव् वृत्तम् ।।३०।।

पुनः ब्राह्मणस्य मध्यमः पुत्रः आगत्य मरणानन्तरं स्वस्मै परलोके दुर्लभं तिलाञ्जलिं दत्त्वाह—

अन्वयः—अस्यां पद्मिन्यां परलोकेषु दुर्लभं पद्मपत्रोज्वलं जलं आचम्य आत्मना एव आत्मने दत्तम् ।।३१।।

अस्यामिति—अस्याम्=पुरोवर्त्तिन्याम् । पद्मिन्याम् । पद्मानि अस्यां सन्ति इति पद्मिनी तस्याम्=वाप्याम् । परलोकेषु=स्वर्गादिषु । दुर्लभम्=अप्राप्यम् । पद्मपत्रोज्ज्वलम् पद्मपत्रम्=कमलदलम् इव उज्ज्वलम्=स्वच्छं । जलं=सलिलम् । आचम्य पीत्वा । आत्मना एव=असहायेन सन्तानविहीनेन स्वेनैव । आत्मने=स्वस्मै । दत्तम्=प्रदत्तम् । अनुप्रासालङ्कारः । अनुष्टुब् वृत्तम् ।।३१।।

अधिष्ठितपूर्वे=पूर्वकाले निवासरूपेण विहिते । कुरुजाङ्गले=तन्नामकप्रदेशे । अरिष्टः=विगतविघ्नः ।

(ब्राह्मण का मध्यम पुत्र प्रवेश कर)

मध्यम—इस कमलपूर्ण सरोवर में कमलदल के समान उज्ज्वल तथा स्वच्छ जल का आचमन कर मैंने पुत्रविहीन होने के कारण भविष्य में तर्पण की आशा न रहने से परलोक में दुष्प्राप्य स्वयं अपने लिये तिलाञ्जलि दे दी ।।३१।।

(समीप जाकर) हे पुरुष ! मैं आ गया ।

घटोत्कचः—[१]भवानिदानीं खल्वसि मध्यमः । मध्यम ! इत इतः ।

वृद्धः—(भीममुपगम्य) भो मध्यम ! परित्रायस्व ब्राह्मणकुलम् ।

भीमः—न भेतव्यं, न भेतव्यम् । मध्यमोऽहमभिवादये ।

वृद्धः—वायुरिव दीर्घायुर्भव ।

भीमः—अनुगृहीतोऽस्मि । कुतौ भयमार्यस्य ।

वृद्धः—श्रूयताम् । अहं खलु कूरुराजेन युधिष्ठिरेणाधिष्ठितपूर्व कुरुजाङ्गले यूपग्रामवास्तव्यो माठरसगोत्रश्च कल्पशाखाध्वर्यूः केशवदासो नाम ब्राह्मणः । तस्य ममोत्तरस्यां दिश्युद्यामकग्रामवासी मातुलः कौशिकसगोत्रो यज्ञबन्धुर्नामास्ति । तस्य पुत्रोपनयनार्थं[२] सकलत्रोऽस्मि प्रस्थितः ।

भीमः—अरिष्टोऽस्तु पन्थाः । ततस्ततः ।

घटोत्कच—हाँ आप ही इस समय मध्यम हैं यह निश्चित है ।

मध्यम ! इधर-इधर आओ ।

वृद्ध—(भीमसेन के पास जाकर) हे मध्यम ! ब्राह्मण कुल की रक्षा करो ।

भीम—भयभीत न हों, भयभीत न हों । मैं मध्यम आपका अभिवादन करता हूँ ।

वृद्ध—वायु के समान दीर्घायु प्राप्त करो ।

भीम—अनुगृहीत हुआ । अच्छा बताइये आपको किससे भय है ?

वृद्ध—सुनिये । मैं वास्तव में कुरुराज महाराज युधिष्ठिर से पहले निवासभूत इस कुरुजाङ्गल (कुरुक्षेत्र) के यूप ग्राम का रहनेवाला माठर गोत्रीय कल्पशाखा का अध्वर्यु केशवदास नामक ब्राह्मण हूँ । उस मेरे गाँव के उत्तर दिशा में उद्यामक नामक ग्राम में मेरे मामा यज्ञबन्धु जो कौशिक सगोत्रीय हैं निवास करते हैं । उनके पुत्र के उपनयन संस्कार के लिये मैं सपत्नीक जा रहा हूँ ।

भीम—तुम्हारी यात्रा निर्विघ्न हो । तब फिर क्या हुआ ?

---

[१] 'प्राप्तवान् इदानीं खल्बसि' इति वा पाठः ।

[२] 'पनयनानुभवनार्थम्' इति वा पाठः ।

वृद्धः—ततो मामेष हि—

सजलजलदगात्रः पद्मपत्रायताक्षो
मृगपतिगतिलीलो राक्षसः प्रोग्रदंष्ट्रः ।
जगति विगतशङ्कस्त्वद्विधानां समक्षं
ससुतपरिजनं भो ! हन्तुकामोऽभ्युपैति ।।३२।।

अथ वृद्धो ब्राह्मणः स्वकीययात्रायां हन्तुकामस्य घटोत्कचस्योपस्थित्या भीतभीतः सन् तं वारयितुकामः भीमसेनम् प्रार्थयति—

अन्वयः—भोः एषः सजलजलदगात्रः पद्मपत्रायताक्षः मृगपतिगतिलीलः प्रोग्रदंष्टः जगति विगतशङ्कः अयं राक्षसः त्वद्विधानां समक्षं ससुतपरिजनं मां हन्तुकामः अभ्युपैति ।।३२।।

सजलेति—भोः=भद्रभीमसेन ! सजलजलदगात्रः जलेन सहितः सजलः, जलं ददातीति जलदः सजलश्चासौ जलदः तस्य गात्रम् इव गात्रं यस्य सः=सजलजलद इव नीलगात्रः । पद्मपत्रायताक्षः पद्मपत्रे इव आयते अक्षिणी यस्य सः=कमलदलविशालनयनः । मृगपतिगतिलीलः मृगपतेः गतिः तस्याः लीला इव लीला यस्य सः=सिंहगमनविलासः । प्रोग्रदंष्ट्रः प्रोग्रा=अत्युन्नता दंष्ट्रा=दन्ताः यस्य सः=प्रोन्नतदन्तः । जगति=लोके विगतशङ्कः विगता शङ्का यस्य सः=अकुतोभयः निर्द्वन्द्वो वा । अयं राक्षसः=निशिचरः । त्वद्विधानां=त्वत्सदृशानाम् । समक्षम्=प्रत्यक्षम् । ससुतपरिजनम्=सुतैः परिजनैश्च सहितम् मां हन्तुकामः=हननेच्छया । अभ्युपैति=समायातिऊ। उपमास्वभावोक्त्यलङ्कारौ । मालिनीवृत्तम् ।।३२।।

अपराध्यसि=दुःखं ददासि ।

वृद्ध—तब फिर मुझे ये—

जिनका जलपूर्णमेध के समान श्यामल शरीर है, कमलदल के समान विशाल आँखें है जिनकी लीलापूर्वक विलास गति सिंह के समान है तथा जिनके दाढ़ बाहर की ओर ऊँचे-ऊँचे निकले हुये हैं तथा जिन्हें संसार में किसी से किसी प्रकार का भय नहीं है ऐसे ये तुम्हारे जैसे वीर के सामने स्त्रीं, पुत्र सहित मुझे मारने के लिये उद्यत हैं ।।३२।।

भीमः—एवम् अनेन ब्राह्मण जनस्य मार्गविघ्नः कृतः। भवतु, निग्रहिष्यामि तावदेनम्। भोः पुरुष ! तिष्ठ, तिष्ठ।

घटोत्कचः—एष स्थितोऽस्मि।

भीमः—किमर्थं ब्राह्मणजनमपराध्यसि[१]।

पुत्रनक्षत्रकीर्णस्य पत्नीकान्तप्रभस्य च।
वृद्धस्य विप्रचन्द्रस्य भवान् राहुरिवोत्थितः[२] ।।३३।।

घटोत्कचः—अथ किम्। राहुरेव।

अथेदानीं भीमसेनः घटोत्कवेन विहितां विप्रमार्गावरोधरूपा अपराधस्थितिं प्रकाशयति—

अन्वयः—पुत्रनक्षत्रकीर्णस्य पत्नीकान्तप्रभस्य च वृद्धस्य विप्रचन्द्रस्य भवान् राहुः इव उत्थितः ।।३३।।

पुत्रेति—पुत्रनक्षत्रकीर्णस्य पुत्रा एव नक्षत्राणि तैः कीर्णस्य=पुत्ररूपनक्षत्रसमावृतस्य। पत्नीकान्तप्रभस्य पत्नी एव कान्ता=मनोरमा प्रभा=चन्द्रिका यस्य सः तस्य। वृद्धस्य=जरठावस्थामुपेयुषः। विप्रचन्द्रस्य विप्र एव चन्द्रस्तस्य=ब्राह्मणेन्दोः। भवान्=घटोत्कचः। राहुः=सैहिकेय इव=यथा। उत्थितः=संप्राप्तः। यथा राहुः चन्द्रमसः मार्गमवरुध्य विघ्नमुत्पादयति तथा भवानपि ब्राह्मणचन्द्रस्य मार्गमवरुध्य भीषयसीत्यर्थः ।।३३।।

भीम—अच्छा ऐसी बात है। इन्होंने ही ब्राह्मण के मार्ग में विघ्न उपस्थित किया है। अच्छा तो मैं इन्हें दण्ड दूँगा। हे पुरुष ! ठहरो ठहरो।

घटोत्कच—यह मैं तो रुका हूँ।

भीम—तुम किसलिये इन ब्राह्मणजनों को सता रहे हो ?

तीन पुत्र रूपी नक्षत्रों से घिरे हुये मनोज्ञ पत्नीरूपी चन्द्रिका वाले इस परिपूर्ण (बूढ़े) ब्राह्मणरूपी चन्द्रमा को ग्रसने के लिये तुम राहु बनकर आये हो क्या ? ।।३३।।

घटोत्कच—और क्या राहु ही हूँ।

---

[१] 'परास्यसि' इति वा पाठः। [२] '–रिवागतः' इति वा पाठः।

भीमः—आः—

निवृत्तव्यवहारोऽयं सदारस्तनयैः सह ।
सर्वापराधेऽवध्यत्वान्मुच्यतां द्विजसत्तमः ।।३४।।

घटोत्कचः—न मुच्यते ।

भीमः—(आत्मगतम्) भोः ! कस्य पुत्रेणानेन भवितव्यम् ।

भ्रातृणां मम सर्वेषां कोऽयं भो ! गुणतस्करः ।

घटौत्कचेन निर्भयं स्वापराधस्वीकृतौ भीमसेनः ब्राह्मणमोचनार्थं सहेतुकं वाक्यमभिधायादिशति—

अन्वयः–निवृत्तव्यवहारः सर्वापराधे अवव्यत्वात् सदारतनयैः सह अयं द्विजसत्तमः मुच्यताम् ।।३४।।

निवृत्तेति—निवृत्तव्यवहारः निवृत्ताः=व्यावृत्ताः व्यवहाराः वार्धक्येन ऐहिलौकिकव्यापाराः यस्य सः । सर्वापराधे सर्वश्चासौ अपराधस्तस्मिन्=सर्वदोषसंयुक्ते अवव्यत्वात्=वधानर्हत्वात् तदुक्त मनुना—न जातु ब्राह्मणं हन्यात् सर्वपापेष्वपि स्थितम् । राष्ट्रादेन बहिष्कुर्यात्समग्रधनमक्षतम् । न ब्राह्मवधाद् भूयानधर्मो विद्यते भुवि । तस्मादस्य वधं राजा मनसापि न चिन्तयेत् । (३-८०) सदारतनयैः दारैः तनयैः सहेति सदारतनयैः भार्यापुत्रैः अयं=पुरोवर्ती द्विजसत्तमः=ब्राह्मणश्रेष्ठः । मुच्यताम्=मारणाद्विरम्यताम् । अनुष्टुव् वृत्तम् ।।३४।।

घटोत्कचेन तथा करणेऽनङ्गीकृते भीमसेनो मनसि विचारयति—

अन्वयः–भोः मम सर्वेषां भ्रातृणां गुणतस्करः अयं कः ? एतद् वाल–

भीम—अरे !

यह ब्राह्मण तो सांसारिक व्यवहारों से मुक्त हो चुका है । अतः पुत्र कलत्र सहित इसको छोड़ दो । क्योंकि सब प्रकार का अपराध करने पर भी उत्तम ब्राह्मण अवध्य होता है ।।३४।।

घटोत्कच—मैं नहीं छोड़ता ।

भीम—(अपने मन में) यह किसका पुत्र हो सकता है ?

हमारे सभी भाइयों के गुणों को चुराने वाला यह कौन हो सकता है ।

दृष्ट्वैतद् बालशौण्डीर्यं सौभद्रस्य स्मराम्यहम् ।।३५।।

(प्रकाशम्) भोः पुरुष ! मुच्यताम् ।

घटोत्कचः—न मुच्यते ।

मुच्यतामिति विस्रब्धं ब्रवीति यदि मे पिता ।
न मुच्यते तथा ह्येष गृहीतो मातुराज्ञया ।।३६।।

शौण्डीर्य दृष्ट्वा अहम् सौभद्रस्य (बालशौण्डीर्य) स्मरामि ।।३५।।

भ्रातृणामिति—भोः मम=भीमसेनस्य । सर्वेषाम्=निखिलानां भ्रातृणां=बान्धवानां युधिष्ठिरादीनाम् । गुणतस्करः गुणानां तस्करः=गुणहरणशीलः । अयं कः=कोऽसौ भवतीति शेषः एतद्बालशौण्डीर्यम् एतस्य=पुरोवर्त्तिनः बालस्य=माणवकस्य शौण्डीर्यम्=औद्धत्यम् । दृष्ट्वा=अवलोक्य । सौभद्रस्य=अभिमन्योः । बालशौण्डीयम् । अहम् स्मरामि=स्मरणं करोमि । स्मरणालङ्कारः । अनुष्टुब् वृत्तम् ।।३५।।

घटोत्कचः भीमसेननिदेशमुल्लङ्घयन् ब्राह्मणामोचने हेतु प्रदर्शयति—

अन्वयः—यदि मे पिता विस्रब्धं मुच्यताम् इति ब्रवीति तथापि हि एष न मुच्यते । यतः एषः मातुः आज्ञयां गृहीतः ।।३६।।

मुच्यतामिति—यदि=चेत् । मे=मम घटोत्कचस्य । पिता=जनकः । विश्रब्धम्=विश्वस्तम् । मुच्यताम्=त्यज्यताम् । इति=इत्यम् । ब्रवीति=कथयति तथापि हि तु=निश्चयेन एषः=ब्राह्मणवटुः न मुच्यते=न त्यज्यते । यतः एषः-ब्राह्मणवटुः । मातुः=जनन्याः हिडिम्बायाः । आज्ञया=आदेशेन गृहीतः=आत्मसात्कृतः । अनुष्टुब् वृत्तम् ।।३६।।

इसकी बालसुलभधृष्टता को देखकर मुझे सुभद्रानन्दन अभिमन्यु याद आ जाते हैं ।।३५।।

(प्रगट) हे पुरुष ! इसे छोड़ दो ।

घटोत्कच—मैं नहीं छोड़ता ।

आप क्या ? यदि मेरे पिता भी विश्वासपूर्वक कहें कि इसे छोड़ दो तो भी मैं नहीं छोड़ता । क्योंकि मैंने अपनी माता की आज्ञानुसार इसे पकड़ा है ।।३६।।

भीमः—(आत्मगतम्) कथं मातुराज्ञेति । अहो गुरुशुश्रूषुः खल्वयं तपस्वी ।

माता किल मनुष्याणां दैवतानां च दैवतम् ।
मातुराज्ञां पुरस्कृत्य वयमेतां दशां गताः ।।३७।।

(प्रकाशम्) भोः पुरुष ! प्रष्टव्य खलु तावदस्ति ।

घटोत्कचः—ब्रूहि, ब्रूहि शीघ्रम् ।

भीमः—का नाम भवतो माता ।

घटोत्कचः—श्रूयताम्, हिडिम्बा नाम राक्षसी ।

भीमसेनो घटोत्कचस्य मातृभक्तिं श्रुत्वात्मगतं विचारयति—

अन्वयः—मनुष्याणां माता किल देवतानां च दैवतम् । यतः मातुः आज्ञां पुरस्कृत्य वयम् एतां दशाम् गताः ।।३७।।

मातेति—मनुष्याणां=मनोर्जातानां मानबानामित्यर्थः । माता–जननी किल=नूमम देवतानाम् सुराणाम् च दैवतम्=ईश्वरः । मातुः जनन्याः कुन्त्याः । आज्ञाम्=आदेशम् । पुरस्कृत्य=स्वीकृत्य । वयम्=भीमसेनयुधिष्ठिरादयः । एताम्=वर्त्तमानाम् विपन्नाम् । दशाम्=अवस्थाम् । गताः=प्राप्ताः स्म । अत्र पूर्वपदस्थसामान्यवचनेनोत्तरपदस्थो विशेषः समर्थितस्तेनार्थान्तरन्यासः । अनुष्टुव् वृत्तम् ।।३७।।

भीम—(अपने मन में) क्या कहा कि माता की आज्ञा से । तब तो गुरुशुश्रूषु यह तपस्वी अवश्य ही श्लाघा के योग्य है ।

अवश्य ही माता मनुष्यों के लिये देवताओं की भी देवता है तभी तो हम लोग माता की आज्ञा शिरोधार्य कर इस वनवास का कष्ट भोग रहे हैं ।।३७।।

(प्रकट रूप में) हे पुरुष ! तुमसे कुछ पूछना है ।

घंटोत्कच—कहो शीघ्र कहो ।

भीम—आपकी माता का नाम क्या है ?

घटोत्कच—तो सुनिये । मेरी माता का नाम है हिडिम्बा राक्षसी ।

कौरब्यकुलदीपेन पाण्डवेन महात्मना।
सनाथा या महाभागा पूर्णेन द्यौरिवेन्दुना[1] ।।३८।।

भीमः—(सहर्षमात्मगतम्) एवम्, हिडिम्बायाः पुत्रोऽयम्। सदृशो ह्यस्य गर्वः।

रूपं सत्त्वं बलं चैव पितृभिः सदृशं बहु।
प्रजासु वीतकारुण्यं मनश्चैवास्य कीदृशम् ।।३९।।

भीमसेनेन पृष्टे घटोत्कचः स्वमातुः परिचयं वदत् रहस्यमुद्धाटयति—

अन्वयः—या महाभागा कौरव्यकुलदीपेन महात्मना पाण्डवेन पूर्णेन इन्दुना द्यौः इव सनाथा ।।३८।।

कौरव्येति—या=मम माता हिडिम्बा। महाभागा=सौभाग्यशालिनी कौरव्यकुलदीपेन कुरोः अपत्यं कौरव्यम् तस्य कुलस्य दीपः तेन=कौरव-वंशावतसेन। महात्मना=महासत्त्वेन पाण्डवेन=पाण्डुपुत्रेण भीमसेनेन। पूर्णेन=षोडशकलायुक्तेन इन्दुना=चन्द्रमसा द्यौः=आकाश इव। सनाथा=सपतिका जातेति शेषः। कौरव्यकुलदीपेत्यत्र रूपकम्। चतुर्थचरणे उपमा च। अनुष्टुव्वृत्तम् ।।३८।।

भीमः आत्मगतं घटोत्कचस्य गुणान् प्रशंसति—

अन्वयः—अस्य रूपं सत्त्वं बलं चैव पितृभिः बहुसदृशम् प्रजासु वीतकारुण्यम् मनः कीदृशम् ।।३९।।

रूपमिति—अस्य=बालकस्य। रूपम्=सौन्दर्यम्। सत्त्वम्=पराक्रमः।

जो कौरवकुल प्रदीप महात्मा पाण्डव के द्वारा सनाथा एवं सौभाग्यवती है जिस प्रकार पूर्णचन्द्र से द्यौः सनाथ एवं सौभाग्यशाली है ।।३८।।

भीम—(प्रसन्नतापूर्वक मन ही मन) तो यह इस प्रकार हिडिम्बा का पुत्र है अतः इसका इस प्रकार आत्माभिमान उचित ही है।

इसका रूप, सत्त्व, बलादि सब कुछ तो पिता के समान है किन्तु प्रजा के विषय में ऐसा करुणाविहीन मन कैसे हो गया ।।३९।।

---

[1] '–रिवात्मना' इति वा पाठः, अर्थात् चन्द्रेण। 'आत्मार्कचन्द्रायातात्रिजीवेषु परमात्मनि' इति केशबस्वामी।

(प्रकाशम्) भोः पुरुष ! मुच्यताम् ।

घटोत्कचः—न मुच्यते ।

भोमः—भो ब्राह्मण ! गृह्यतां तव पुत्रः । वयमेनमनुगमिष्यामः ।

द्वितीयः—मा मा भवानेवम् ।

त्यक्ताः प्रागेव मे प्राणा गुरुप्राणेष्वपेक्षया ।
युवा रूपगृणोपेतो भवांस्तिष्ठतु भूतले ।।४०।।

बलम्=सामर्थ्यम् । चैव । बहु=अनल्पम् । पितृभिः जनकैरस्माभिः । सदृशम्=तुल्यम् । किन्तु प्रजासु=जनेषु । वीतकारुण्यम्=वीतम्=रहितम् कारुण्यम्=दयाभावम् यस्मिन् तत्=कृपाभावरहितम् । मनः=चित्तम् । क्रीदृशम् निर्दयमित्यर्थः एतस्मिन् बलं सत्त्वं रूपं च पितृभिः समं वर्त्तते इति युक्तमेव तेषां पित्रंशत्वात् । किन्तु कारुण्यरहितं निष्ठुरं चित्तम् यदेतस्यान्ति तत्तु मातुः सकाशाज्जायमानकारणेन । हृदयभागस्य मात्रंशेन जायमानत्वात् । इति भावः ।।३९।।

ब्राह्मणपुत्रस्थाने भीमसेनकृतानुगमनं निश्चितं बुद्ध्वा तं ब्राह्मणकुमारो तथाकर्त्तुं वारयति—

अन्वयः—गुरुप्राणेषु अपेक्षया मे प्राणाः प्राक् एव त्यक्ताः । अतः युवा भवान् रूपगुणोपेतः भूतले तिष्ठतु ।।४०।।

त्यक्ता इति—गुरुप्राणेषु गुरूणाम्=पूज्यतमानां प्राणेषु असुषु । अपेक्षया=संरक्षणकारणेन । मे=मम । प्राणाः=असवः । प्रागेव=पित्रोः

(प्रगट रूप में) हे पुरुष ! इसे छोड़ दो ।

घटोत्कच—नहीं छोड़ूँगा ।

भीम—अच्छा ब्राह्मण ! अपने पुत्र को ग्रहण करो । हम ही इसके पीछे आ रहे हैं ।

द्वितीय—नहीं, नहीं ऐसा मत कीजिये ।

गुरुजनों के प्राणों को बचाने के लिये मैंने पहले ही अपने प्राण त्याग का निश्चय किया है । अतः युवा, रूप और गुण से सम्पन्न आप इस भूतल पर चिरकाल तक जीवित रहें ।।४०।।

भमी—आर्य ! मा मैवम् । क्षत्रियकुलोत्पन्नोहम् । पूज्यतमः खलु ब्राह्मणः । तस्मान्मच्छरीरेण ब्राह्मणशरीरं विनिमातुमिच्छामि ।

घटोत्कचः—(आत्मगतम्) एवम्, क्षत्रियोऽयम् । तेन गर्वः । भवतु, हममेव हत्वा नेष्यामि । (प्रकाशम्) अथ केनायं वारितः ?

भीमः—मया ।

घटोत्कचः—किं त्वया ?

सकाशे एव । त्यक्ताः=मुक्ताः । अतः युवा=तारुण्ययुक्तः । भवान्=भीमसेनः । रूपगुणोपेतः रूपगुणाभ्याम् उपेतः=समन्वितः । भूतले=भूमौ । तिष्ठतु=जीवतु । भवता एतस्यानुगमनं न कार्यम् । यतो ह्यस्मै मया प्रागेव स्वप्राणः प्रत्यर्पिताः । भवान् रूपगुणोपेतः सन् चिरं जीवत्विति भावः । अनुष्टुव् वृत्तम् ।।४०।।

इमम्=ब्राह्मणकुमारम् । हत्वा=मारयित्वा । नेष्यामि मातुः सकाशमिति शेषः । वारितः=निषिद्धः । अतिबलवीर्यात्=बलापेक्षया वीर्यापेक्षया च अतिशायित्वेन=महत्तरत्वकारणेन । चाहम् त्वाम् नानुगच्छामि=तवपश्चान्नानुगमिष्यामि । प्रत्यभिजानीते=परिचिनीषि ।

भीमेन भङ्ग्या स्वपुत्रत्वनिर्वाहहेतुकथनेन घटोत्कचः सोपहासं कथयति 'भीतानामायुधं गृहीतम्' । इति एतच्च भीता एव ब्रुवन्ति न वीराः इति भावः ।

भीम—आर्य ! ऐसा न कहें, ऐसा न कहें । मैं क्षत्रियकुल में उत्पन्न हुआ हूँ । ब्राह्मण तो निश्चय ही सर्वश्रेष्ठ हैं । इसलिये इस शरीर से ब्राह्मण शरीर का विनिमय करना चाहता हूँ ।

घटोत्कच—ऐसा । यह क्षत्रिय है, इसीसे इतना गर्वीला है । अच्छा तो मैं इसी को मारकर ले चलता हूँ । तो किसने मेरे साथ चलने से इसे मना किया ।

भीम—मैंने ।

घटोत्कच—क्या तुमने ।

भीमः—अथ किम्।

घटोत्कचः—तेन हि भवानेवागच्छतु।

भीमः—एवम्, अतिवीर्यबलत्वान् नानुगच्छामि। यदि ते शक्तिरस्ति, बलात्कारेण मां नय।

घटोत्कचः—किं मां प्रत्यभिजानीते भवान्?

भीमः—मत्पुत्र इति जाने।

घटोत्कचः—कथं कथं तव पुत्रोऽहम्?

भीमः—कथं रुष्यति, मर्षयतु, मर्षयतु भवान्। सर्वाः प्रजा क्षत्रियाणां पुत्रशब्देनाभिधीयन्ते। अत एव मयाभिहितम्।

घटोत्कचः—भीतानामायुधं गृहीतम्।

भीमः—

शपामि सत्येन भयं न जाने

एतच्छ्रुत्वा भीमसेनः तद्व्यवसायं ज्ञातुमिच्छन् पृच्छति—

अन्वयः–अहं सत्येन शपामि भयं न जाने। भवत्समीपे तद् ज्ञातुम्

भीम—और क्या?

घटोत्कच—तो आप ही चलिये।

भीम—ठीक है किन्तु बलवीर्य में अधिक होने के कारण मैं किसी के पीछे नहीं चलता। यदि तुम में शक्ति हो तो मुझे बलपूर्वक ले चलो।

घटोत्कच—क्या आप मुझे पहले से भी जानते हैं कि मैं कौन हूँ?

भीम—तुम मेरे पुत्र हो, ऐसा जानता हूँ।

घटोत्कच—कैसे, कैसे मैं तुम्हारा पुत्र हूँ।

भीम—क्यों रुष्ट होते हो। क्षमा कीजिये। क्षत्रियों की सारी प्रजा उनके द्वारा पुत्र शब्द से पुकारी जाती है। इसीलिये मैंने तुम्हें अपना पुत्र कहा।

घटोत्कच—तब तो भयभीतों का अस्त्र आपने ग्रहण कर लिया। अर्थात् बहाना बनाने लगे।

भीम—मैं सत्य शपथ देकर कहता हूँ कि भय का नाम तक नहीं

ज्ञातुं तदिच्छामि भवत्समीपे ।
किंरूपमेतद् वद भद्र ! तस्य
गुणागुणज्ञः सदृशं प्रपत्स्ये ।।४१।।

घटोत्कचः—एष ते भयमुपदिशामि, गृह्यतामायुधम् ।

भीमः—आयुधमिति । गृहीतमेतत् ।

घटोत्कचः—कथमिव ।

भीमः—

काञ्चनस्तम्भसदृशो रिपूणां निग्रहे रतः ।

इच्छामि । हे भद्र ! तस्य किं रूपम् गुणागुणज्ञः त्वं वद । तदनन्तरं सदृशं प्रपत्स्ये ।।४१।।

अहम्=भीमसेनः । सत्येन=अवितथेन । शपामि=शपथं करोमि भयं=भीति न जाने=न जानामि । भवत्समीपे=त्वत्पार्श्वे । तद्=भयम् ज्ञातुम्=अबगन्तुम् । इच्छामि=समीहे । हे भद्र ! तस्य=भयस्य । किं रूपम् किमाकारः वेत्तात्वम् एतद् वद्=ब्रूहि त्वम् तस्य गुणागुणज्ञः=गुणावगुणं ज्ञात्वा तदनन्तरं सदृशम्=यदुचितं भाति तथा प्रपत्स्ये=आचरिष्यामि घटोत्कचेन भयोपदेशार्थ आयुधम् गृहाणेत्युक्ते भीमः स्वबाहुमेव स्वपरमायुधं मन्यमानस्तमेव प्रशंसति ।।४१।।

अन्वयः—रिपूणां निग्रहे रतः काञ्चनस्तम्भसदृशः अयं दक्षिणः बाहुः मम सहजं आयुधम् ।।४२।।

जानता । किन्तु अब उस भय को तुम्हारे द्वारा जानना चाहता हूँ । हे भद्र ! उस भय का स्वरूप क्या है तुम्हीं बताओ । क्योंकि तुम उसके गुणदोष को जानने वाले हो । फिर जैसा होगा मैं विचार करूँगा ।।४१।।

घटोत्कच—अच्छा तो मैं तुम्हें भय की शिक्षा देता हूँ । शस्त्र ग्रहण करो ।

भीम—क्या कहते हो शस्त्र ग्रहण करो । वह तो यह है ही ।

घटोत्कच—सो किस प्रकार ।

भीम—सोने के खम्भे के समान शत्रु विनाश में तत्पर यह मेरा

अयं तु दक्षिणो बाहुरायुधं सदृशं मम ।।४२।।

घटोत्कचः—इदमुपपन्नं पितुर्मे भीमसेनस्य ।

भीमः—अथ कोऽयं भीमो नाम ?

विश्वकर्ता शिवः कृष्णः शक्रः शक्तिधरो यमः ।
एतेषु कथ्यतां भद्र । केन ते ते सदृशः पिता ।।४३।।

काञ्चनेति—रिपूणाम्=वैरिणाम् । निग्रहे=दण्डदाने । रतः=उद्यतः । काञ्चनस्तम्भसदृशः काञ्चनस्य स्तम्भस्तेन सदृशः=सुवर्णस्तम्भोपमः । अयम्=शरीरवर्त्ती दक्षिणः बाहुः=भुजः मम=भीमसेनस्य सहजम्=सहजातम् स्वाभाविकम् वा आयुधम्=शस्त्रम् । अस्तीति शेषः । अतो नाहमन्यमायुधं कामये इति भावः काञ्चनस्तम्भसदृश इत्यत्रोपमालङ्कारः । अनुष्टुव् वृत्तम् ।।४२।।

उपपन्नम्=योग्यम् ।

प्रसङ्गात् भीमसेन इत्युक्ते भीमसेनः जिज्ञासते—

अन्वयः—विश्वकर्त्ता शिवः कृष्णः शक्रः शक्तिधरः यमः हे भद्र ! एतेषु देवेषु ते पिता केन सदृशः इति कथ्यताम् ।।४३।।

विश्वेति—विश्वकर्त्ता विश्वस्य=जगतः कर्त्ता=रचयिताः विश्वनिर्माता ब्रह्मा इति भावः । शिवः=पशुपतिः । कृष्णः=विष्णुः । शक्रः=इन्द्रः । शक्तिधरः=कुमारः कार्तिकेयः । यमः=अन्तकः ह भद्र । एतेषु=देवेषु । मध्ये इति शेषः । ते= तव पिता=जनकः केन=देवेन । सदृशः=तुल्यः वर्त्तते इति कथ्यताम्= ब्रूहि ।।४३।।

दाहिना हाथ ही मेरा सहज शस्त्र है ।।४२।।

घटोत्कच—यह तो मेरे पिता भीमसेन के लिये उचित है ।

भीम—अच्छा ! वह भीम नामक व्यक्ति कौन है ?

विश्वकर्त्ता (ब्रह्मदेव) शिव, कृष्ण (विष्णु), शक्र (इन्द्र) और शक्ति धारण करनेवाले कार्तिकेय तथा यम इन लोगों में से तुम्हारे पिता किसके सदृश हैं । हे भद्र ! तुम मुझे बताओ ।।४३।।

घटोत्कचः—सर्वैः ।

भीमः—धिगनृतमेतत् ।

घटोत्कचः—कथम् ? कथम् अनृतमित्याह । क्षिपसि मे गुरुम् । भवतु, इमं स्थूलं वृक्षमुत्पाट्य प्रहरामि । (उत्पाट्य प्रहरति) कथमनेनापि न शक्यते हन्तुम् । किन्नु खलु करिष्ये । भवतु, दृष्टम् । एतद् गिरिकूटमुत्पाट्य प्रहरामि ।

शैलकूटं मयाक्षिप्तं प्राणानादाय यास्यति ।

भीमः—

रुष्टोऽपि कुञ्जरो वन्यो न व्याघ्रं धर्षयेत् वने ।।४४।।

क्षिपसि=निन्दसि । गुरुम्=जनकम् । गिरिकूटम्=पर्वतशिखरम् । अग्रिमः श्लोक उक्ति-प्रत्युक्तिरूपेण पठितः ।

तत्रादौ घटोत्कचः कथयति—

अन्वयः—मया आक्षिप्तम् शैलकूटं (तव) प्राणान् आदाय यास्यति ।।४४।।

मया=घटोत्कचेन । आक्षिप्तम्=उत्पाट्य प्रक्षिप्तम् । शैलकूटं=पर्वत 'शिखरम् । तव प्राणान्=असून् । आदाय=गृहीत्वा । यास्यति=गमिष्यतिः ।।४४।।

उत्तरार्धेन भीमसेन उत्तरयति—

अन्वयः—वन्यः रुष्टः अपि कुञ्जरः वने व्याघ्रं न धर्षयेद् ।।४४।।

घटोत्कच—सबके समान हैं ।

भीम—धिक्कार है । सरासर झूठ है ।

घटोत्कच—कैसे कैसे तुमने इसे झूठ कह दिया । मेरे पूज्य पिता की निन्दा करते हो । अच्छा तो इस विशालकाय वृक्ष को उखाड़ कर प्रहार करता हूँ । (वृक्ष उखाड़ कर प्रहार करता है) क्यों क्या इसके द्वारा भी इसे चोट नहीं लगी । तो अब क्या करूँ ? अच्छा उपाय दिखाई पड़ा । इस पर्वतशिखर को उखाड़ कर ही प्रहार करता हूँ ।

मेरे द्वारा फेंका गया यह पर्वतशिखर तुम्हारा प्राण लेकर जायगा ।।४४।।

घटोत्कचः—(प्रहृत्य) कथमनेनापि न शक्यते हन्तुम्। किन्नु खलु करिष्ये। भवतु, दृष्टम्।

नन्वहं भीमसेनस्य पुत्रः पौत्रो नभस्वतः।
तिष्ठेदानीं सुसन्नद्धो नियुद्धे नास्ति मत्समः ।।४५।।

(इत्युभौ नियुद्धं कुरुतः)

घटोत्कचः—(भीमसेनं बद्ध्वा)

वन्यः वने भवः=आरण्यकः। रुष्टः=क्रुद्धः अपि। कुञ्जरः=हस्तीवने=अरण्ये। व्याघ्रम्=सिंहम्। न धर्षयेत्=न भर्त्सयेत्। अत्रोत्तरार्धे लोकवादानुकारेण लोकोक्त्यलङ्कारः। अनुष्टुव् वृत्तम् ।।४४।।

शैलकूटेनाक्षतं भीमसेनं दृष्ट्वा घटोत्कचः सगर्वं वंशपरिचयं ददत् आह्वयति—

अन्वयः—अहं भीमसेनस्य पुत्रः नभस्वतः पौत्रः ननु। इदानीं सुसन्नद्धः सन् तिष्ठ। यतः नियुद्धे मत्समः कश्चिदपि नास्ति ।।४५।।

न्विति—अहम्=घटोत्कचः। भीमसेनस्य=मध्यमपाण्डवस्य पुत्रः=सूनुः। नभस्वतः=पवनस्य ! पौत्रः इति ननु=निश्चितम्। इदानीं=सांप्रतम्। सुसन्नद्धः=युद्धोपकरणेन सुसज्जितः। तिष्ठ—रणे स्थिरो भव। नियुद्धे=बाहुयुद्धे। मत्समः मया सभः=मत्तुल्यः। कश्चिदपि नास्ति। न वर्त्तते। अतोऽहं त्वां विजेष्यामीत्यर्थः। समर्थनीयस्यार्थस्य समर्थनात् काव्यलिङ्गम्। अनुष्टुव् वृत्तम् ।।४५।।

भीम—वन में क्रुद्ध हुआ भी बनैला हाथी, बाघ को रञ्चमात्र भी विचलित नहीं कर सकता।

घटोत्कच—(प्रहार कर) क्या यह इससे भी नहीं मारा जा सकता तो अब क्या करूँ ? अच्छा एक उपाय दिखाई पड़ा।

मैं निश्चय ही भीमसेन का पुत्र और वायुदेव का पौत्र हूँ। तो हे वीर ठहरो वाहुयुद्ध में मेरे समान और कोई योद्धा नहीं है ।।४५।।

(दोनों ही वाहुयुद्ध करने लग जाते हैं)

घटोत्कच—(भीमसेन को बाँधकर)

व्रजसि कथमिह त्वं वीर्यमुल्लङ्ध्य बाह्वो
र्गजइव दृढपाशैः पीडितो मद्भुजाभ्याम् ।।

भीमः—(आत्मगतम्) कथं गृहीतोऽस्म्यनेन । भोः सुयोधन ! वर्धते खलु शत्रुपक्षः । कृतरक्षो भव । (प्रकाशम्) भोः पुरुष ! अवहितो भव ।

घटोत्कचः=अवहितोऽस्मि ।

भीमः—(नियुद्धबन्धमवधूय)

घटोत्कचः बाहुपाशेन भीमसेनं बद्ध्वा एवमाक्षिपति—

अन्वयः—त्वम् बाह्वोः वीर्यमुल्लङ्घ्य मद्भुजाभ्यां पीडितः दृढपाशैः वद्धः गज इव इह कथं यासि ? ।।४६।।

व्रजसीति—त्वम्=भीमसेनः बाह्वोः=मम भुजयोः । वीर्यम्=विक्रमम् । उल्लङ्घ्य=लङ्घयित्वा । मद्भुजाभ्याम्=मम बाहुभ्यां । पीडितः=संघृष्टः । दृढपाशैः दृढाश्च ते पाशास्तैः=बलवद्बन्धनैः (बद्धः) गजः इव=करीव । इह=अस्मिन् वने । कथं=केन प्रकारेण । व्रजसि=प्रपलायसे ।।४६।।

मेरे बाहुबल का अतिक्रमण कर अब तुम किस प्रकार भाग सकते हो । क्योंकि मेरे इन दोनों भुजाओं से तुम इस प्रकार कसकर बाँध लिये गये हो जिस प्रकार हाथी सुपुष्ट बन्धन से कसकर बाँध दिया जाता है ।।४६।।

भीम—(अपने मन में) क्या मैं इसके द्वारा पकड़ लिया गया । हे सुयोधन ! तुम्हारा शत्रुपक्ष बढ़ रहा है, अब तुम अपनी रक्षा का उपाय सोचो । (प्रकट) हे पुरुष ! सावधान हो जाओ ।

धटोत्कच—सावधान बैठा हूँ ।

भीम—(घटोत्कच के बाहुपाश से बँधे हुये अपने शरीर के बन्धन को छुड़ा कर) ।

व्यपनय बलदर्प दृष्टसारोऽसि वीर ।
न हि मम परिखेदो विद्यते बाहुयुद्धे ।।४६।।

घटोत्कचः—कथमनेनापि न शक्यते हन्तुम् । किन्नु खलु करिष्ये । भवतु, दृष्टम् । अस्ति मातृप्रसादलब्धौ मायापाशः । तेन बद्ध्वैनं नेष्यामि । कुतः खल्वापः । भो गिरे । आपस्तावत् । हन्त स्रवति । (आचम्य मन्त्रं जपति) भौः पुरुष !

मायापाशेन बद्धस्त्वं विवशो न गमिष्यसि ।

भीमसेनः सामर्ष तद् बाहुबन्धनमपसार्य सगर्व तद्बललाधबं प्रकाशयति—

अन्वयः—हे वीर ! दृष्टसारः असि । अतः बलदर्प व्यपनय । हि त्वया समं बाहुयुद्धे मम परिखेदः न विद्यते ।।४६।।

व्यपनयेति—हे वीर ! युद्धे दृष्टसारः दृष्टः सारः यस्य सः परीक्षितबलः असि । मया ते बलं परिज्ञातमिति भावः । अतः स्वल्पबलवत्त्वेन त्वं बलदर्पम्=बलगर्व । व्यपनय=दूरी कुरु । हि यतः त्वया समम् बाहुयुद्धे मम परिखेदः=श्रमः न विद्यते । लीलयैव त्वामहं विजेष्यामीति भावः ।।४६।।

इदानीं मायापाशेन बद्धं भीमसेनं वर्णयति घटोत्कचः—

अन्वयः—त्वं मायापाशेन बद्धः विवशः अनुगमिष्यसि उत्सवे शक्रध्वजः

हे वीर ! अपने बल का अहङ्कार त्यागो । तुम्हारो शक्ति देख ली गई । इस बाहुयुद्ध में मुझे रञ्चमात्र भी थकावट नहीं ।।४६।।

घटोत्कच—अरे क्या इससे भी यह मारा नहीं जा सकता, तो अब क्या करूँ । अच्छा उपाय दिखाई पड़ गया । मुझ माता की कृपा से माया-पाश जो प्राप्त है । उसी से बाँध कर इसे ले चलूँगा । कहाँ जल मिलेगा । हे पर्वत ! मुझे तब तक जल दो अहा ! प्रसन्नता की बात है कि यह जल दे रहा है ।

(आचमन कर) मन्त्र का जप करता है । हे पुरुष !

अब तुम माया पाश से बाँध लिये जाने पर विवश होकर मेरे पीछे

राजसे रज्जुभिर्बद्धः शक्रध्वज इवोत्सवे ।।४७।।

(इति मायया बध्नाति)

भीमः—कथं मायापाशेन बद्धोऽस्मि। किमिदानीं करिष्ये। अस्ति महेश्वरप्रसादलब्धो मायापाशमोक्षो मन्त्रः । तं जपामि । कुतः खल्वापः ? भवतु, भो ब्राह्मणकुमार ! आनय कमण्डलुगता अपः ।

वृद्धः—इमा आपः ।

(भीम आचम्य मन्त्रं जप्त्वा मायां मोचयति)

इव रज्जुभिः बद्धः राजसे ।।४७।।

मायेति—त्वं=भीमसेनः । मायापाशेन मायायाः पाशः तेन=ऐन्द्रजालिकबन्धनेन । बद्धः=निगडितः सन् । विवशः विगतो वशः=स्वार्तत्र्यं यस्य सः=परतन्त्रः । अनुगमिष्यति=मम पश्चाद् गमिष्यसि । अतः सांप्रतम् उत्सवे=क्रियमाणसांवत्सरिकोत्सवे । शक्रध्वजः=इन्द्रकेतुः इव । रज्जुभिः=रशनाभिः । बद्धः=बन्धनं गतः । राजसे=शोभसे । उपमालंकारः । अनुष्टुव् वृत्तम् ।।४७।।

पूर्वसमयम्=पूर्व कृतां प्रतिज्ञाम् । 'वयमेनमनुगमिष्यामः' इत्येवं रूपामित्यर्थः ।

अनुगमन करोगे। इस समय तुम वैसे ही शोभित हो रहे हो जिस प्रकार वर्षाकालीन उत्सव में रस्सियों से बँधा इन्द्रध्वज शोभित हो रहा हो ।।४७।।

(ऐसा कहकर माया से बाँध लेता है)

भीम—क्या मैं मायापाश से बाँध लिया गया तो अब क्या करूँ अच्छा उपाय मिला—मुझे सदाशिव की कृपा से मायापाश से मुक्त होने का मन्त्र तो प्राप्त है ही उसी का जप करता हूँ। तो यहाँ जल कहाँ से प्राप्त होगा। अच्छा ब्राह्मणकुमार कमण्डलु का जल ले आओ।

वृद्ध—यह है जल।

(भीम जल लेकर आचमन करने के पश्चात् मन्त्र के जप से माया का दूर करता है)

घटोत्कचः—अये पतितः पाशः । किमिदानीं करिष्ये । भवतु, दृष्टम् । भोः पुरुष ! पूर्वसमयं स्मर ।

भीमः—समय इति । एष स्मरामि । गच्छात्रतः ।

(उभौ परिक्रामतः)

वृद्धः—पुत्रकाः ! किं कुमैः । अयं गच्छति वृकोदरः ।

आक्रम्य राक्षसमिमं ज्वलदुग्ररूप-
मुग्रेण बाहुबलवीर्यगुणेन युक्तम् ।

तथा गच्छन्तं वृकोदरं दृष्ट्वा वृद्धब्राह्मणः पुत्रान्संबोधयति—

अन्वयः—ज्वलदुग्ररूपम् उग्रेण बाहुबलवीर्यगुणेन युक्तम् इमं राक्षसं, आक्रम्य एषः शनकः सलीलम् आसारवर्ष शीघ्रम् अवधूय गोवृषभ इव प्रयाति ॥४८॥

आक्रम्येति—ज्वलदुग्ररूपम् ज्वलत् उग्रं रूपं यस्य सः तम्=प्रदीप्तकठोरस्वरूपम् । उग्रेण=घोरेण । बाहुबलवीर्यगुणेन बाह्वोः यः बलवीर्यगुणस्तेन=भुजबलशौर्यगुणेन । युक्तम्=सहितम् । इमम्=पुरोवर्त्तिनम् । राक्षसम्=घटोत्कचम् । आक्रम्य=विजित्य । एषः=भीमः । शनकैः=शनैः शनैः मन्दं मन्दं वा सलीलम्=लीलासहितम् । आसारवर्षम्=धारासंपातवृष्टिं । शीघ्रम्=त्वरया । अवधूय=तिरस्कृत्य । गोवृषभः=वली-

---

घटोत्कच—अरे यह तो मायापाश छूट गया । तो अब क्या करूँ । अच्छा उपाय दिखाई पंड़ गया । हे पुरुष अपनी पूर्व में की गई प्रतिज्ञा का स्मरण करो ।

भीम—क्या कहते हो प्रतिज्ञा स्मरण करो । लो यह स्मरण करो । आगे चलो (दोनों चल पड़ते हैं)

वृद्ध—हे पुत्रो ! अब हम लोगों को क्या करना चाहिये । यह भीमसेन जा रहा है ।

अत्यन्त उग्र बाहुबल वीर्य एवं गुणसम्पन्न, अतएव अत्यन्त प्रचण्ड इस राक्षस को जीत कर यह भीम लीलापूर्वक मन्द मन्द इस प्रकार जा रहा है

एष प्रयाति शनकैरवधूय शीघ्र–
मासारवर्षमिव गोवृषभः सलीलः ।।४८।।

घटोत्कचः—इह तिष्ठ । त्वदागमनमम्बायै निवेदयामि ।

भीमः—बाढम् । गच्छ ।

घटोत्कचः—(उपसृत्य) अम्ब, अभिवादये घटोत्कचोऽहम् । चिराभिलषितो भवत्या आहारार्थमानीतो मानुषः ।

(प्रविश्य)

हिडिम्बा—जाद ! चिरं जीव । कीदिसो माणुसो आणीदो । (जात चिरं जीव । कीदृशो मानुष आनीतः) ।

वद्दँ इद प्रयाति=गच्छति । गोवृषभ इवेत्यत्रोपमालंकारः । वसन्ततिलका-वृत्तम् ।।४८।।

रूपमात्रेण मानुषः न वीर्येण अस्यायमभिप्रायः अयम् पुरुषः रूपमात्रेण=आकृतिमात्रेण मानव न वीर्येण मानुषाधिक्यपराक्रमो वर्त्ततेऽस्मिन्निति स्तुतिः । यद्वा रूपमात्रेण मानुषसत्वेऽप्यस्मिन् न किञ्चिदपि वीर्य विद्यते इति निन्दापि गम्यते । एवं यथायथं काकूत्त्या समाधेयम् ।

जिस प्रकार जैसे मूसलाधार बृष्टि की उपेक्षा कर श्रेष्ठ बैल धीरे-धीरे लीलापूर्वक जाता हो ।।४८।।

घटोत्कच—यहीं ठहरो । तुम्हारे आने की सूचना माँ को दे दूँ ।

भीम—ठीक है । जाओ ।

घटोत्कच—(आगे जाकर) मातः अभिवादन करता हूँ ।

बहुत दिनों से आप जिसकी अभिलाषा किये हुये थीं ऐसा मनुष्यरूप भोजन आपके लिये लाया हूँ ।

(हिडिम्बा प्रवेश कर)

हिडिम्बा—पुत्र ! चिरञ्जीवी रहो ।

घटोत्कच—माँ अनुगृहीत हुआ ।

हिडिम्बा—पुत्र ! कैसा मनुष्य लाये हो ।

घटोत्कचः—भवति ! वाङ्मात्रेण मानुषो, न वीर्येण ।

हिडिम्बा—किं ब्रह्मणो । (किं ब्राह्मणः) ।

घटोत्कचः—न ब्राह्मणः ।

हिडिम्बा—आदु थेरो । (अथवा स्थविरः) ।

घटोत्कचः—न वृद्धः ।

हिडिम्बा—किं बालो । (किं बालः) ।

घटोत्कचः—न बालः ।

हिडिम्बा—जइ एव्वं पेक्खामि दाव णं । (यद्येवं पश्यामि तावदेनम्) ।

(उभौ परिक्रामतः)

हिडिम्बा—किं एसो माणुसो आणीदो ।) किमेष मानुष आनीतः) ।

घटोत्कचः—भवति ! कोऽयम् ।

हिडिम्बा—अम्मत्तअ ! दव्वदं खु अअं । (उन्मत्तक ! दैवतं खल्वयम्) ।

घटोत्कच—आर्ये ! वह रूप से तो मनुष्य अवश्य है किन्तु बल से नहीं । अर्थात् बल में वह मनुष्यों से कहीं अधिक शक्तिशाली है ।

हिडिम्बा—क्या ब्राह्मण है ?

घटोत्कच—वह ब्राह्मण नहीं है ।

हिडिम्बा—अथवा बूढ़ा है ।

घटोत्कच—नहीं बुड्ढा भी नहीं है ।

हिडिम्बा—तो क्या बालक हैं ।

घटोत्कच—बालक भी नहीं है ।

हिडिम्बा—यदि ऐसा है तो मैं उसे देखूँगी । (दोनों चल पड़ते हैं)

हिडिम्बा—क्या यही मनुष्य लाये हो ?

घटोत्कच—माँ यह कौन है ?

हिडिम्बा—पागल ! ये हमलोगों के देवता हैं ।

घटोत्कचः—आः कस्य दैवतम् ?

हिडिम्बा—तव अ मम अ। (तव च मम च)।

घटोत्कचः—कः प्रत्ययः ?

हिडिम्बा—एसो पच्चओ। जेदु अय्यउत्त। (एष प्रत्ययः। जयत्वार्यपुत्रः)।

भीमः (विलोक्य) का पुनरियम्। अये, देवी हिडिम्बा

अस्माकं भ्रष्टराज्यानां भ्रमतां गहने वने।
जातकारुण्यया देवि! सन्तापो नाशितस्त्वया।।४९।।

हिडिम्बे! किमिदम्।

हिडिम्बाँ दृष्ट्वा भीमसेनस्तां प्रति कृतज्ञतां प्रकाशयन् आह—

अन्वयः—हे देवि! गहने वने भ्रमतां भ्रष्टराज्यानां अस्माकं जातकारुण्यया त्वया (अस्माकम्) संतापः नाशितः ।।४९।।

अस्माकमिति—हे देवि हिडिम्बे! गहने=कान्तारे। वने=अरण्ये भ्रमताम्=परिभ्रमणं कुर्वताम्। भ्रष्टराज्यानाम् भ्रष्टं राज्यं येषां तेषाम्=विनष्टराज्यानाम्। अस्माकम्=पाण्डवानाम्। जातकारुण्यया जातम् कारुण्यं यस्मिन् तया=उत्पन्नदयालुतया त्वया=हिडिम्बया। अस्माकम् संतापः=क्लेशः। नाशितः=अपनीतः। अतोऽत्र भवतीं समनुप्राप्य नितरां प्रमोदामहे इति भावः ।।४९।।

घटोत्कच—आः किसके देवता तुम्हारे कि हमारे।

हिडिम्बा—तुम्हारे और हमारे दोनों के।

घटोत्कच—क्या प्रमाण।

हिडिम्बा—यही प्रमाण है। आर्यपुत्र की जय हो।

भीमसेन (देखकर) यह कौन है ? अरे देवी हिडिम्बा।

हे देवि! हमलोग राज्य से भ्रष्ट हो जाने पर जिस समय वन में ठोकर खा रहे थे उस समय हमलोगों पर करुणा कर तुमने कष्ट को दूर किया था ।।५०।।

हिडिम्बे! यह क्या ?

हिडिम्बा—(कर्णे) अय्यउत्त ईदिसं विअ। (आर्यपुत्र। ईदृशमिव)।

भीमः—जात्या राक्षसी, न समुदाचारेण।

हिडिम्बा—उम्मत्तअ ! अभिवादेहि पिदरं (उन्मत्तक ! अभिवादय पितरम्)।

घटोत्कचः—भोस्तात !

अज्ञानात्तु मया पूर्व यद् भवान्नाभिवादितः।
अस्य पुत्रापराधस्य प्रसादं कर्तुमर्हसि ।।५०।।

घटोत्कचः स्वमातुराज्ञया स्वकीयोद्धततां क्षमापयन् पितरमभिवादयति—

अन्वयः–हे तात ! मया अज्ञानात् यत्पूर्व भवान् नाभिवादितः अस्य पुत्रापराधस्य प्रसादं कर्त्तुम् अर्हसि ।।५०।।

अज्ञानादिति—हे तात मया=घटोत्कचेन। अज्ञानात्=ज्ञानाभावात्। यत् पूर्णम्=प्रथमम्। भवान्=भीमः। न अभिवादितः न प्रणमितः अस्य पुत्रापराधस्य पुत्रेण कृतः अपराधस्तस्य=आत्मजकृतागसः। प्रसादम्=क्षमापनम्। कर्त्तुम्=विधातुम्। अर्हसि। ममापराधो भवता क्षन्तव्य इत्यर्थः ।।५०।।

धार्त्तराष्ट्रवनदावाग्निः धृतराष्ट्रस्यापत्यानि धार्त्तराष्ट्राः ते एव वनानि तेषां दावाग्निः=धृतराष्ट्रपुत्रदावाग्निः। व्यतिक्रमकृतम्=अपराधजातम्। पुत्रापेक्षीणि पुत्रस्प अपेक्षा अस्ति एषां तानि=पुत्रेच्छाशालीनि।

हिडिम्बा—(कान में) आर्य पुत्र ! बात इस तरह की है।

भीम—जाती से राक्षसी हो शिष्टाचार से नहीं।

हिडिम्बा—अरे पागल ! पिता को प्रणाम कर।

घटोत्कच—हे पिता !

पहले अज्ञान के कारण मैंने आपको अभिवादन नहीं किया अतः मुझ पुत्र के इस अपराध को क्षमा कीजिये ।।५०।।

अहं स धार्तराष्ट्रवनदबाग्निर्घटोत्कचोऽभिवादये। पुत्रचापलं क्षन्तुमर्हसि।

भीमः—एह्येहि पुत्र ! व्यतिक्रमकृतं क्षान्तमेव। (इति परिष्वज्य) अयं सः धार्तराष्ट्रवनदवाग्निः। पुत्रापेक्षीणि खलु पितृहृदयानिः पुत्र ! अतिबलपराक्रमो भव।

घटोत्कचः—अनुगृहीतोऽस्मि।

वृद्धः—एवम्, भीमसेनपुत्रोऽयं घटोत्कचः।

भीमः—पुत्र ! अभिवादयात्रभवन्तं केशवदासम्।

घटोत्कचः—भगवन् ! अभिवादये।

वृद्धः—पितृसदृशगुणकीर्तिर्भव।

घटोत्कचः—अनुगृहीतोऽस्मि।

वृद्धः—भो वृकोदर ! रक्षितमस्मत्कुलं स्वकुलमुद्धृतं च। गच्छामस्तावत्।

धृतराष्ट्र के पुत्र रूपी वन को जलाने के लिये दवाग्नि स्वरूप मैं घटोत्कच आपका अभिवादन करता हूँ आप अपने पुत्र की चपलता क्षमा करें।

भीम—आओ पुत्र आओ। तुम्हारा अपराध तो क्षमा ही है (ऐसा कहकर आलिङ्गन करते हैं) वहीं धृतराष्ट्र के पुत्र रूपी वन की दवाग्नि है। पिता का हृदय हमेशा पुत्र की अपेक्षा रखता है। पुत्र ! अत्यन्त बलवान् एवं शक्तिशाली बनो।

घटोत्कच—अनुगृहीत हुआ।

वृद्ध—अच्छा यही भीमसेन का पुत्र घटोत्कच है।

भीम—पुत्र परम पूजनीय केशवदास को प्रणाम करो।

घटोत्कच—भगवन् ! आपका अभिवादन करता हूँ।

वृद्ध—पिता के समान गुणवान् एवं कीर्त्तिमान् बनो।

घटोत्कच—मैं अनुगृहीत हुआ।

वृद्ध—हे भीम ! तुमने हमारे कुल की रक्षा की और अपने कुल का उद्धार किया। अच्छा अब हम सब चलते हैं।

भीमः—

अनुग्रहात् तु भवतः सर्वमासीदिदं शुभम् ।
आश्रमोऽदूरतोऽस्माकं तत्र विश्रम्य गम्यताम् ।।५१।।

वृद्धः—कृतमातिथ्यमनेन जीवितप्रदानेन । तस्माद् गच्छामस्तावत् ।

भीमः—गच्छतु भवान् सकुटुम्बः पुनर्दर्शनाय ।

वृद्धः—बाढम् । प्रथमः कल्पः ।

(सपुत्रत्रयकलत्रो निष्क्रान्तः केशवदासः)

अनुज्ञामादाय गच्छन्तं वृद्धब्राह्मणं भीमः प्रार्थयति—

अन्वयः—तु भवतः अनुग्रहात् इदं सर्व शुभम् आसीत् । इतः अदूरतः अस्माकम् आश्रमः । तत्र विश्रम्य गम्यताम् ।।५१।।

अनुग्रहादिति—तु=निश्चयेन । भवतः=वृद्धब्राह्मणस्य । अनुग्रहात्=अनुकम्पातः । इदम्=स्वकुलोद्धरणं भवत्कुलरक्षणं च । शुभम्=कल्याणकरम् । आसीत्=अभवत् । इतः अदूरतः=अस्मात् सन्निकटे । अस्माकम्=पाण्डवानाम् । आश्रमः=निवासभूमिः । तत्र=आश्रमे । विश्रम्य=अध्वरवेदमपनीय । गम्यताम्=सुखेन यात्रा क्रियताम् । अनुष्टुब् वृत्तम् ।।५१।।

आश्रमपदद्वारमात्रम् आश्रमपदस्य द्वारमात्रम्=आश्रमस्य द्वारपर्यन्तमित्यर्थः । संभावयिष्यामः=अनुपदं गच्छामः । उदकान्तं सीमान्तं वानुव्रजेदिति स्मृत्युक्तेरिति भावः ।

भीम—आपकी कृपा से यह सब कल्याणकारी कृत्य हुये । हमारा आश्रम यहाँ से अत्यन्त सन्निकट है । विश्राम कर उसके पश्चात् जाइये ।।५१।।

वृद्ध—आपने जो हमलोगों को यह जीवन दान दिया वही सबसे बड़ा अतिथि सत्कार है । इसलिये हमलोग चलते हैं ।

भीम—आप सकुटम्ब पुनः दर्शन देने के लिये जावें ।

वृद्ध—अच्छा ! यह तो प्रथम बार है (केशवदास अपने तीनों पुत्रों और पत्नी के साथ चला गया) ।

भीमः—हिडिम्बे ! इतस्तावत् । वत्स ! वत्स ! घटोत्कच ! इतस्तावत् । तत्रभवन्तं केशवदासमाश्रमपदद्वारमात्रमपि सम्भावयिष्यामः ।

(भरतवाक्यम्)

यथा नदीनां प्रभवः समुद्रो
यथाहुतीनां प्रभवो हुताशः ।
यथेन्द्रियाणां प्रभवं मनोऽपि
तथा प्रभुर्नो भगवानुपेन्द्रः ।।५२।।

नाटकान्ते उपेन्द्रस्मरणं करोति भीमसेनमुखेन ग्रन्थकारः—

अन्वयः—यथा नदीनां समुद्रः प्रभवः । यथा आहुतीनां हुताशनः प्रभवः यथा इन्द्रियाणां मनः अपि प्रभवम् । तथा नः भगवान् उपेन्द्रः प्रभुः ।।५२।।

यथेति—यथा=येन प्रकारेण । नदीनाम्=सरिताम् । समुद्रः=उदधिः । प्रभवः प्रभवति=इष्टे गच्छतीति प्रभवः=आश्रयः यथा=येन प्रकारेण । आहुतीनाम्=हव्यपदार्थानां । हुताशनः हुतमश्नातीति हुताशनः=हव्यभक्षः कोऽग्निः । प्रभवः=आश्रयः यथाः=येन अकारेण इन्द्रियाणाम्=कर्मेन्द्रियाणां ज्ञानेन्द्रियाणां च । मनः=चित्तम् । प्रभवम्=आश्रयस्थानम् । तथा नः अस्माकम् सर्वेषाम् । भगवान्=षडैश्वर्ययुक्तः । उपेन्द्रः=इन्द्रावरजः भगवान् वामनः । प्रभुः=आश्रयदाता । ग्रन्थकर्त्रादावन्ते च वामनस्मरणेन ग्रन्थोपसंहारः कृतः इति ज्ञातव्यम् । उपेन्द्रवज्रावृत्तम् ।।५२।।

इति गाजीपुरजनपदान्तर्गत शेरपुर ग्रामवास्तव्येन रामवरनशर्मण आत्मजेन रायोपाह्वेन गङ्गासागरशर्मणा कृता मध्यमव्यायोगनाटकस्य 'गङ्गा' नाम्नी संस्कृतव्याख्या समाप्ता ।

•

भीम—हिडिम्बे ! इधर आओ । पुत्र घटोत्कच इधर आओ । जिससे इन पूज्य केशवदास को आश्रम के द्वारप्रदेश तक हम सभी पहुँचा आवें ।

(निष्क्रान्ताः सर्वे)

।। मध्यमव्यायोगं नाम नाटकं समाप्तम् ।।

●

जैसे समुद्र नदियों का स्वामी है अग्नि आहुतियों का मन इन्द्रियों का स्वामी है उसी प्रकार भगवान् वामन हमलोगों के स्वामी हैं ।।५२।।

(सब चले जाते हैं)

मध्यमव्यायोग नामक नाटक की भाषाटीका समाप्त ।

●

नाटकीयविशिष्टवस्तुलक्षणानि

१. नान्दी–

आशीर्ववचनसंयुक्ता स्तुतिर्यस्मात् प्रयुज्यते ।
देवद्विजनृपादीनां तस्मान्नान्दीति संज्ञिता ।
माङ्गल्यशङ्खचक्राब्जकोशकैरवशंसिनी ।
पदैर्युक्ता द्वादशभिरष्टाभिर्वा पदैरुत ।।

नान्दी में देवद्विनृपादि की स्तुति होती है। यह आठ या बारह पदों की होती है तथा शङ्ख, चक्र, पद्म आदि मङ्गलवाची शब्दों से संयुक्त होती है।

२. प्रस्तावना–आमुख–

नटी विदूषको वापि पारिपार्श्विक एव वा ।
सूत्रधारेण सहिताः संलापं यव कुर्वते ।।
चित्रैर्वाक्यैः स्वकार्योत्थैः प्रस्तुताक्षेपिभिर्मिथः ।
आमुखं तत्तु विज्ञेयं नाम्ना प्रस्तावनाऽपि सा ।।

जब नटी, विदूषक अथवा पारिपार्श्विक सूत्रधार के साथ नाटकीय कथानक के निर्देश से संबद्ध विचित्र कथनोपकथनों को करते हैं तो वह आमुख होता है। उसी को प्रस्तावना भी कहते हैं।

३. सूत्रधार—

आसूत्रयन् गुणान् नेतुः कवेरपि च वस्तुना ।
रङ्गप्रसाधनप्रौढः सूत्रधार इवोदितः ।।

तथा—

नाट्यस्योपकरणादीनि सूत्रमित्यभिधीयते ।
सूत्रं धारयतीत्यर्थे सूत्रधारो मतो बुधैः ।।

नाट्योपकरण वस्तु—नेता तथा रस—ये सूत्र कहे जाते हैं। दूसरे लक्षणानुसार नेता और कवि के गुणों को वस्तु के द्वारा सूत्रित करने–पिरोनेवाला तथा रङ्ग प्रसाधन में दक्ष व्यक्ति सूत्रधार कहा जाता है।

४. प्रयोगातिशय–

यदि प्रयोग एकस्मिन् प्रयोगोऽन्यः प्रयुज्यते ।
तेन पात्रप्रवेशश्चेत् प्रयोगातिशयस्तथा ।।

यदि एक प्रयोग में दूसरा प्रयोग प्रयुक्त हो और उससे पात्र का प्रवेश हो तो उसे प्रयोगातिशय की संज्ञा दी जाती है ।

५. नेपथ्य–

कुशीलवकुटुम्बस्य गृहं नेपथ्यमुच्यते ।

नट के परिवार के गृह—जहाँ वह साज-सज्जा करे—को नेपथ्य कहते हैं ।

६. विष्कम्भक–

वृत्तवर्तिष्यमाणानां कथांशानां निदर्शकः ।
संक्षिप्तार्थस्तु विष्कम्भ आदावङ्कस्य दर्शितः ।।
मध्यमेन मध्यमाभ्यां पात्राभ्यां संप्रयोजितः ।
शुद्धः स्यात् स तु संकीर्णो नीचमध्यमकल्पितः ।।

यह नाटक में हुई या होने जा रही घटनाओं का प्रदर्शक होता है । यह कथांश को संक्षिप्त करने के लिये प्रयुक्त होता है । मध्यम कोटि के पात्रों के होने पर यह शुद्ध कहा जाता है और नीच तथा मध्यम पात्रों के होने पर संकीर्ण होता है ।

७. प्रवेशक–

प्रवेशकोऽनुदात्तोक्त्या नीचपात्रप्रयोजितः ।
अङ्कद्वयान्तर्विज्ञेयः शेषं विष्कम्भके यथा ।।

इसमें नीच पात्र तथा प्राकृतभाषा प्रयुक्त होती है । यह दो अङ्कों के बीच में होता है तथा शेष विशेषतायें विष्कम्भक की होती हैं ।

८. स्वगत–

अश्राव्यं खलु यद् वस्तु तदिह स्वगतं मतम् ।

जो बातें दर्शकों को सुनने की नहीं होती वे स्वगत होती हैं।

९. प्रकाश–

सर्वश्राव्यं प्रकाशः स्यात्।

जो बातें सभी सुनें उसे प्रकाश कहा जाता है।

१०. विदूषक–

कुसुमवसन्ताभिधः कर्मवपुवेषाद्यैः
हास्यकरः कलहरतिर्विदूषकः स्यात् स्वकर्मज्ञः ।।

अपने, कर्म, वेष, भाषादि के हास्योत्पादक, कलहप्रेमी तथा अपने कर्म (हास्य) का ज्ञाता विदूषक होता है। उसके कुसुम, वसन्त आदि नाम होते है।

११. नायक–

नेता विनीतो मधुरस्त्यागी दक्षः प्रियंवदः।
रक्तलोकः शुचिर्वाग्म्मी रूढवंशः स्थिरो युवा ।।
बुदृध्युत्साहस्मृतिप्रज्ञाकलामानसमन्वितः।
शूरो दृढश्च तेजस्वी शास्त्रचक्षुश्च धार्मिकः ।।

नायक विनीत, मधुर, त्यागी, दक्ष, प्रियंवद, लोकरञ्जक, शुचि, वक्ता, कुलीन, स्थिर, युवक, बुद्धि-उत्साह-स्मति-प्रज्ञा, कला-मान-युक्त शूर, दृढ, तेजस्वी, शास्त्रदृष्टिवाला एवं धार्मिक होता है।

१२. नायिका–

अथ नायिका त्रिभेदा स्यात् स्वान्या साधारणा स्त्रीति।
नायकसामान्यगुणैर्भवति यथासंभवैर्युक्ता ।।

नायिका स्वकीया परकीया, साधारणा के भेद से तीन प्रकार की होती है। यथासंभव वह नायक के गुणों से युक्त होती हैं।

१३ अङ्क–

अङ्क इति रूढशब्दो भावै रसैश्च रोहयत्यर्थान्।
नानाविधानयुक्तो यस्मात् तस्माद् भवेदङ्कः ।।

यत्रार्थस्य समाप्तिर्यत्र च बीजस्य भवति संहरः ।
किञ्चिदवग्लानबिन्दुः सोङ्क इति सदाऽवमन्तव्यः ।।

अङ्क भावों एवं रसों से अर्थों का वर्धन का करता है। यह नाना विधानों से युक्त होता है। इसमें अर्थ की समाप्ति तथा बीच का संहरण होता है।

◆

मध्यमव्यायोगस्थछन्दः सूची

अनुष्टुप—अक्षर संख्याप्रति चराण ८

श्लोके षष्ठं गुरु ज्ञेयं सर्वत्र लघु पञ्चमम् ।
द्विचतुष्पादयोह्रस्वं सप्तमं दीर्घमन्ययोः ।।

२; ७; १२-२३; २८-३१;३३-४०; ४२-४५; ४७; ४९-५१

उपेन्द्रवज्रा—अक्षर संख्या ११ उपेन्द्रवज्रा जतजास्ततो गौ। ५२

उपजाति—११ स्यादिन्द्रवज्रा यदि तौ जगौ गः। उपेन्द्रवज्रा जतजास्ततो गौ। इत्यनयोः सम्मेलनादुपजातिः ९; ४१

पुष्पिताग्रा—१२/१३—अयुजि नयुगरेफतो यकारो युजि च नजौ जरगाश्च पुष्पिताग्रा। ४; २४; २५

वंशस्थ—१२—जतौ तु वंशस्थमुदीरितं जरौ। १०

वसन्ततिलका—१४ ज्ञेया वसन्ततिलका तमजा जगौ गः। १:३; ८; ११; २७; ४८

मालिनी-१५ ननमयययुतेयं मालिनी भोगिलोकैः। ५; ६; ३२; ४६

स्रग्धरा—२१ भ्रम्नैर्यानात्रयेण त्रिमुनियतियुता स्रग्धरा कीर्तितेयम्। २६

मध्यमव्यायोगस्थ सुभाषितानि

पृष्ठाङ्क

१. आपदं हि पिता प्राप्तो ज्येष्ठपुत्रेण तार्यते २६
२. जानामि सर्वत्र सदा च नाम द्विजोत्तमाः पूज्यतमाः पृथिव्याम् १३
३. ज्येष्ठो भ्राता पितृसमः २५
४. ज्येष्ठः श्रेष्ठः कुले लोके पितृणां च सुसंप्रियः। २४
५. निर्वेदप्रत्यर्थिनी खलु प्रार्थना । १९
६. पदिमत्तधम्मिणी पदिव्वदत्तिणाम। (पतिमात्रधर्मिणी पतिव्रतेति नाम) २३
७. बन्धुस्नेहाद्धि महतः कायस्नेहस्तु दुर्लभः। २७
८. माता किल मनुष्याणां दैवतानां च दैवतम् । ४८
९. रुष्टोऽपि कुञ्जरो वन्यो न व्याघ्रं घर्षयेद् बने। ५६
१०. वनं निवासाभिमत्तं मनस्विनाम् १६
११. सर्वाः प्रज्ञाः क्षत्रियाणां पुत्रशब्देनाभिधीयन्ते। ५२

●

नाट्य एवं नाटक-ग्रन्थाः

अविमारकम् । महाकवि भास प्रणीतम्। ‘गङ्गा’ संस्कृत-हिन्दी व्याख्योपेतम्। सम्पादक एवं अनुवादक-डॉ. गङ्गासागर राय। (का. २४८)

अभिषेकनाटकम् । महाकवि भास प्रणीतम्। ‘गङ्गा’ संस्कृत-हिन्दी व्याख्योपेतम्। सम्पादक एवं अनुवादक-डॉ. गङ्गासागर राय। (का. २४९)

ऊरुभङ्गम् । महाकवि भास प्रणीतम्। गङ्गा संस्कृत-हिन्दी व्याख्योपेतम्। सम्पादक एवं अनुवादक-डॉ. गङ्गासागर राय (का. २९१)

कर्णभार । महाकवि भास प्रणीतम्। ‘गङ्गा’ संस्कृत-हिन्दी व्याख्योपेतम्। सम्पादक एवं अनुवादक-डॉ. गङ्गासागर राय (का. २९३)

चारुदत्तम् । महाकवि भास प्रणीतम्। ‘गङ्गा संस्कृत-हिन्दी व्याख्योपेतम्। सम्पादक एवं अनुवादक-डॉ. गङ्गासागर राय। (का. २८९)

दूतघटोत्कचम् । महाकवि भास प्रणीतम्। ‘गङ्गा’ संस्कृत-हिन्दी व्याख्योपेतम्। सम्पादक एवं अनुवादक-डॉ. गङ्गासागर राय। (का. २९४)

दूतवाक्यम् । महाकवि भास प्रणीतम्। गङ्गा संस्कृत-हिन्दी व्याख्योपेतम्। सम्पादक एवं अनुवादक-डॉ. गङ्गासागर राय। (का. २९५)

नाट्यशास्त्रम् । भरतमुनि कृत। सम्पादक-बटुकनाथ शर्मा एवं बलदेव उपाध्याय संशोधित। सम्पूर्ण (का. ६०)

नाट्यशास्त्रदिशा रसतत्त्व-परम्परायाः समीक्षणम्। (नाटक) लेखिका- डॉ. के. कुसुमा रेड्डी। (चौ.सं.भ. ८१)

पञ्चरात्रम् । महाकवि भास प्रणीतम्। गङ्गा संस्कृत-हिन्दी व्याख्योपेतम्। सम्पादक एवं अनुवादक-डॉ. गङ्गासागर राय। (का. २९०)

प्रतिमानाटकम् । महाकवि भास प्रणीतम्। ‘गङ्गा’ संस्कृत-हिन्दी व्याख्योपेतम्। सम्पादक एवं अनुवादक-डॉ. गङ्गासागर राय। (का. २७६)

प्रतिज्ञायौगन्धरायणम् । महाकवि भास प्रणीतम्-‘गङ्गा’ संस्कृत-हिन्दी व्याख्योपेतम्। सम्पादक एवं अनुवादक-डॉ. गङ्गासागर राय।(का. २८८)

बालचरितम् । महाकवि भास प्रणीतम्। ‘गङ्गा’ संस्कृत-हिन्दी व्याख्योपेतम्। सम्पादक एवं अनुवादक-डॉ. गङ्गासागर राय (का. २६८)

चौखम्भा संस्कृत भवन, चौक, वाराणसी-२२१००१

॥ श्रीः ॥

काशी संस्कृत ग्रन्थमाला

२९५

महाकविभासविरचितम्

दूतवाक्यम्

'गंगा' - संस्कृत - हिन्दीव्याख्योपेतम् [redacted]

व्याख्याकारः संपादकश्च

डॉ. गंगासागररायः [redacted]

सर्वभारतीयकाशिराजन्यासस्थः [redacted]

[redacted]

चौखम्भा संस्कृत संस्थान
भारतीय सांस्कृतिक साहित्य के प्रकाशक तथा वितरक
पो० बा० नं. ११३९
के. ३७/११६, गोपाल मन्दिर लेन (गोलघर समीप मैदागिन)
वाराणसी - २२१ ००१ (भारत)

प्रकाशक : चौखम्भा संस्कृत संस्थान, वाराणसी
मुद्रक : चारू प्रिन्टर्स, वाराणसी
संस्करण : द्वितीय, वि० सं० २०५६
मूल्य : रु. २५.००

© चौखम्भा संस्कृत संस्थान, वाराणसी
इस ग्रन्थ का परिष्कृत तथा परिवर्धित मूल-पाठ
एवं टीका, परिशिष्ट आदि के सर्वाधिकार
प्रकाशक के अधीन है।

फोन : ३३३४४५

शाखाएं :

चौखम्भा संस्कृत भवन
पोस्ट बाक्स नं० ११६०
चौक, (दि बनारस स्टेट बैंक बिल्डिंग)
वाराणसी-२२१ ००१ (भारत)
✆ : ३२०४१४

चौखम्भा पब्लिकेशन्स
४२६२/३ अंसारी रोड, दरियागंज
नई दिल्ली-११०००२
✆ : ३२६८६३९, ३२५९०५०

THE

KASHI SANSKRIT SERIES

295

DŪTAVĀKYAM

OF

BHĀSA

[With 'Gangā' Sanskrit and Hindi Commentaries]

Edited and Commented by

Dr. GANGA SAGAR RAI, M. A., PH. D.

All India Kashiraj Trust

Fort Ramnagar, Varanasi

CHAUKHAMBHA SANSKRIT SANSTHAN

Publishers and Distributors of Oriental Cultural Literature

Post Box No. 1139

K. 37 / 116, Gopal Mandir Lane (Golghar Near Maidagin)

VARANASI - 221001 (INDIA)

© Chaukhambha Sanskrit Sansthan, Varanasi

Phone : 333445

Second Edition : 2000

Branches :-

CHAUKHAMBHA SANSKRIT BHAWAN
Post Box No. 1160
CHOWK (The Benaras State Bank Bldg.)
VARANASI - 221001
✆ : 320414

CHAUKHAMBHA PUBLICATIONS
4262/3, Ansari Road, Darya Ganj
New Delhi-110002
✆ : 3268639, 3259050

निवेदन

भासनाटकचक्र की टीका और भाषानुवाद की शृङ्खला में दूतवाक्य नाटक की टीका को उपस्थापित करते हुए हम प्रसन्नता का अनुभव कर रहे हैं। आशा है कि भास के अन्य नाटकों की टीकायें भी यथाशीघ्र प्रकाशित कर सकेंगे और तदुपरान्त भास के विषय में एक साङ्गोपाङ्ग पूर्ण परिचयात्मक अध्ययन भी दे सकेंगे। भास के नाटक यद्यपि सूक्ति ग्रन्थों तथा कवियों की कृतियों में बहुचर्चित थे परन्तु इस शताब्दी के प्रारम्भ तक वे सभी अनुपलब्ध थे। सन् १९१३ ई० में महामहोपाध्याय गणपति शास्त्री द्वारा प्रकाशित होते ही ये नाटक सर्वत्र चर्चित हो उठे। इसी से उनकी गुणवत्ता और महत्ता का सहज बोध हो जाता कि वे प्रकाशन के साथ ही संपूर्ण देश में पठित और व्याख्यात होने लगे और अद्यावधि यह क्रम चालू है। उसी क्रम में यह भी लघुप्रयास है।

टीकाकार्य में हमारे हितैषी आदरणीय पं० हीरामणिमिश्र ने सहायता की है और मुद्रण संशोधन में पं० कृपासिन्धु शर्मा ने सहायता की है। एतदर्थ इनका मैं अधमर्ण हूं। इस संस्करण में अज्ञान या प्रमादवश, जो अशुद्धियां रह गयी हैं उनके लिये मैं विज्ञ पाठकों से क्षमायाचना करता हूं। इसके प्रकाशन में चौखम्भा संस्थान के स्वत्वाधिकारी श्री मोहनदास जी गुप्त तथा उनके चिरंजीवि राजेन्द्र जी नें जो तत्परता दिखाई है तथा धैर्य प्रदर्शित किया है उसके लिये मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं।

कल्याणमित्र प्रो० देवेन्द्रकुमार राय के प्रति धन्यवाद औपचारिकता मात्र है।

काशी गङ्गासागर राय

शिवरात्रि २०५३ वि०
७ मार्च १९९७ ई०

भास की प्रशस्तियाँ

(१) सूत्रधारकृतारम्भैर्नाटकैर्बहुभूमिकैः ।
सपताकैर्यशो लेभे भासो देवकुलैरिव ॥
(बाणभट्ट: हर्षचरित, १।१५)

(२) भासनाटकचक्रेऽपि च्छेकैः क्षिप्ते परीक्षितुम् ।
स्वप्नवासवदत्तस्य दाहकोऽभून्न पावकः ॥
(राजशेखर)

(३) सुविभक्तमुखाद्यङ्गैर्व्यक्तलक्षणवृत्तिभिः ।
परेतोऽपि स्थितो भासः शरीरैरिव नाटकैः ॥
(दण्डी : अवन्तिसुन्दरी ११)

(४) भासम्मि जलणमित्ते कन्तीदेवे अ जस्स रहुआरे ।
सो बन्धवे अ बन्धम्मि हारियन्दे अ आणन्दो ॥
[भासे ज्वलनमित्रे कुन्तीदेवे च यस्य रघुकारे ।
सौबन्धवे च बन्धे हारिचन्द्रे च आनन्दे ॥]
(गउडवहो)

(५) भासो हासः कविकुलगुरुः कालिदासो विलासः ।
(जयदेव : प्रसन्नराघव)

(६) प्रथितयशसां भाससौमिल्लकविपुत्रादीनां प्रबन्धानतिक्रम्य कथं वर्तमानस्य कवेः कालिदासस्य कृतौ बहुमानः ।
(कालिदास: मालविकाग्निमित्र)

(७) यथा भासकृते स्वप्नवासवदत्ते शेफालिकाशिलातलमवलोक्य वत्सराजः ।
(नाट्यदर्पण ले० रामचन्द्र तथा गुणचन्द्र १२ वीं सदी)

(८) क्वचित्क्रीडा । यथा वासवदत्तायाम् ।
(नाट्यशास्त्रपर अभिनवगुप्त की टीका)

भूमिका

महाकवि भास संस्कृत के दृश्य काव्यों के रचनाकारों में सम्भवतः सबसे प्राचीन हैं। संस्कृत नाटकों के विकास के इतिहास में भास ने अपनी कीर्ति-कौमुदी सुदूर दक्षिण से लेकर उत्तर तक एवं प्राची से लेकर प्रतीची तक विस्तीर्ण की है। भास के नाटकों में नाटक का वह रूप देखने को मिलता है जिसके कारण भरत ने नाटक को पञ्चम वेद होने का गौरव प्रदान किया था। नाटक कवित्व का चरम परिपाक होता है—'नाटकान्तं कवित्वम्'। उसमें तीनों लोकों के भावों का समावेश होता है। इस दृष्टि से भास के नाटकों का महत्त्व और अधिक बढ़ जाता है। भास ने मानवीय भावनाओं का सफलतापूर्वक चित्रण किया है। भास ने तेरह नाटकों की रचना की है एवं रचना के साथ-साथ उनके प्रस्तुतीकरण में भी उन्हें पर्याप्त सफलता प्राप्त हुई है। भास के नाटकों की प्रामाणिकता पर अविश्वास नहीं किया जा सकता, क्योंकि सभी नाटकों की भाषा और शैली एक-सी मुहावरेदार, सरल एवं प्राञ्जल है। इनके नाटकों में भावों तथा विचारों की पुनरुक्ति तथा पात्रों के नामों में समरूपता पायी जाती है एवं सभी नाटकों में प्रस्तावना के स्थान पर स्थापना शब्द का प्रयोग हुआ है। संस्कृत-साहित्य के नाट्य-जगत् में भास का अपना विशिष्ट स्थान है।

भास के नाटकों की प्रशस्तियाँ—

अपने कवित्व से जाज्वल्यमान महाकवि भास सूर्य मणि के समान नाट्य जगत् को आलोकित किये हुए हैं। परन्तु उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व बहुत ही उलझा हुआ एवं विवादास्पद है। भास के नाटकों की प्रशस्ति बीसवीं सदी के प्रारम्भ में कहीं-कहीं ही सुनने को मिलती थी। भास के नाटक दक्षिण भारत में हस्तलिखित प्रतियों में पड़े थे तथा इनके स्वरूप के बारे में लोगों को जानकारी नहीं थी। सबसे पहले १९१२ ई० में महामहोपाध्याय श्री गणपति शास्त्री को ट्रावनकोर राज्य में तंजौर पुस्तकालय से केरल लिपि में १३ नाटक की जो पाण्डुलिपियाँ प्राप्त हुईं उसको उन्होंने

प्रकाशन में लाया । गणपति शास्त्री के प्रकाशन से पूर्व भी संस्कृत के आचार्यों एवं कवियों ने भास का उल्लेख एवं यशोगान किया था । इससे यह प्रतीत होता है कि भास नाट्य साहित्य में अपना अन्यतम स्थान कालिदास से पूर्व से ही रखते थे ।

महाकवि भास की प्रशस्तियों तथा उल्लेखों में कुछ प्रमुख निम्नलिखित हैं—

(१) कालिदास ने 'मालविकाग्निमित्र' नाटक में सूत्रधार के मुख से स्पष्ट कहलवाया है कि प्रसिद्ध यश वाले भास, सौमिल्ल, कविपुत्र आदि कवियों के द्वारा निर्मित प्रबन्धों का अतिक्रमण कर कालिदास की रचना का इतना अधिक क्यों समादर हो रहा है—

प्रथितयशसां भाससौमिल्लकविपुत्रादीनां प्रबन्धानतिक्रम्य कथं वर्तमानस्य कवेः कालिदासस्य कृतौ बहुमानः" ।

(मालविकाग्निमित्र)

(२) हर्ष के सभापण्डित बाणभट्ट ने हर्षचरित में भास के नाटकों की उत्कृष्टता बतलाते हुए कहा है कि ये नाटक सूत्रधार से प्रारम्भ होने वाले, अधिक भूमिका वाले तथा पताका से शोभायमान देवकुलों की भाँति प्रसिद्ध हैं ।

सूत्रधारकृतारम्भैर्नाटकैर्बहुभूमिकैः ।
सपताकैर्यशो लेभे भासो देवकुलैरिव ॥—हर्षचरित

यहाँ यह उल्लेखनीय है कि भास के नाटक सूत्रधार से प्रारम्भ होते हैं । यहाँ नान्दी का अभाव दृष्टिगोचर होता है जब कि सामान्यतः संस्कृत के नाटक नान्दी से ही प्रारम्भ होते हैं । यह अन्तर भास को संस्कृत के अन्य नाटकों से पृथक् पहचान बनाने में सहायता प्रदान करता है ।

(३) राजशेखर ने अपनी काव्यमीमांसा में भास के नाटकों की अग्निपरीक्षा में 'स्वप्नवासवदत्ता' के न जलने का उल्लेख किया है—

भासनाटकचक्रेऽस्मिञ्छेकैः क्षिप्ते परीक्षितुम् ।
स्वप्नवासवदत्तस्य दाहकोऽभून्न पावकः ॥

—काव्यमीमांसा

(४) वाक्पति राज ने अपने 'गउडवहो' नामक प्राकृत भाषा के महाकाव्य में भास को 'जलणमित्ते'—(ज्वलनमित्र = अग्नि का मित्र) कहा है। भास को 'ज्वलनमित्र' की संज्ञा प्राप्त होने के सम्बन्ध में विद्वानों का विचार है कि स्वप्न नाटक में वासवदत्ता के जलने की मिथ्या खबर फैलाकर भास ने नाटकीय कथा के विकास में उपयुक्त अवसर प्राप्त किया है।

भासम्भि जलणमित्ते कन्तीदेवे लहावि रहुबारे।
सोबन्धवे अ बन्धम्भि हारिअन्दे अ जाणन्दो।

—गउडवहो।

(५) नाटककार आलङ्कारिक कवि जयदेव ने अपने नाटक प्रसन्नराघव में भास को कविताकामिनी का 'हास' बताया है। इस प्रकार के वर्णन से भास की हास्य-रस वर्णन में कुशलता भी व्यञ्जित होती है—

यस्याश्चोरश्चिकुरनिकरः कर्णपूरो मयूरः
भासो हासः कविकुलगुरुः कालिदासो विलासः।
हर्षो हर्षो हृदयवसतिः पञ्चबाणस्तु बाणः
केषां नैषा कथय कविता कामिनी कौतुकाय॥

—प्रसन्नराघव १.२८

(६) दण्डी ने अपनी 'अवन्तिसुन्दरी कथा' में भास के काव्य गुणों के बारे में लिखा है—

सुविभक्तमुखाद्यङ्गैर्व्यक्तलक्षणवृत्तिभिः।
परेतोऽपि स्थितो भासः शरीरैरिव नाटकैः॥

—दण्डी-अवन्तिसुन्दरी

(७) नाट्यदर्पण (रामचन्द्र तथा गुणचन्द्र, १२वीं सदी) ने भास के स्वप्नवासवदत्ता का उल्लेख किया है—

"यथा भासकृते स्वप्नवासवदत्ते शेफालिकाशिलातलमवलोक्य वत्सराज……… ।"

(८) शारदातनय (१२वीं सदी) ने 'भावप्रकाशन' में प्रशान्त नाटक के प्रसङ्ग में 'स्वप्नवासवदत्ता' के कथानक का उल्लेख किया है।

(९) भोजदेव ने 'शृङ्गारप्रकाश' में 'स्वप्नवासवदत्ता' का वर्णन किया है—

'वासवदत्ते पद्मावतीमस्वस्थां द्रष्टुं राजा समुद्रगृहकं गतः।'

(१०) भास के 'स्वप्नवासवदत्ता' का उल्लेख अभिनव गुप्त ने नाट्यशास्त्र की अपनी टीका अभिनव भारती में किया है—

'क्वचित्क्रीडा। यथा वासवदत्तायाम्।'

—नाट्यशास्त्र पर अभिनवगुप्त की टीका

(११) सर्वानन्द ने 'अमरकोशटीकासर्वस्व' में उदयन तथा वासवदत्ता के विवाह का उल्लेख किया है।

(१२) जयानक के 'पृथ्वीराजविजय' की टीका में भास के विष्णुधर्म नाटक का उल्लेख किया गया है। परन्तु भास का 'विष्णुधर्म' नाटक अभी अनुपलब्ध है।

उपर्युक्त तथ्यों के आधार पर कहा जा सकता है कि महाकवि भास को बहुत बड़ी ख्याति प्राप्त थी, परन्तु समयान्तराल के कारण उनके नाटकों की ख्याति काल के अन्तराल में समाविष्ट हुई। केवल सूक्ति मात्र ही रह गयी और महामहोपाध्याय गणपति शास्त्री के द्वारा इन नाटकों के उद्धार से पूर्व ये नाटक लुप्त हो गये थे।

भास का जीवन-वृत्त—

अपने रससिक्त नाटकों से जनमानस को आप्लावित करने वाले महाकवि भास का जीवन वृत्त आज भी तिमिराच्छन्न है। अपने देश में आत्मकथा लिखने की प्रथा नहीं थी। भास के सम्पूर्ण नाटकों में कहीं पर उनके नामोल्लेख का स्पष्ट वर्णन नहीं है परन्तु उनके ग्रन्थों के आधार पर कहा जा सकता है कि वे ब्राह्मण धर्म के अनुयायी एवं वैष्णव मतावलम्बी सशक्त नाटककार हैं। भास स्त्रियों को सम्मान की दृष्टि से देखते थे एवं उनके लिए गृह को ही उचित स्थान बताया है। महाकवि भास वर्णाश्रम धर्म को मानने वाले, कर्तव्यनिष्ठ पुत्र के पिता, पति चरणानुगामिनी पत्नी के पति एवं सन्तान प्रिय पिता थे। देवता एवं धर्म में उनका दृढ़ विश्वास था।

'धर्मो रक्षति रक्षितः'

पञ्चरात्र एवं अन्य रूपकों में भास ने यज्ञ का उल्लेख किया है—

शिक्षा क्षयं गच्छति कालपर्ययात् सुबद्ध मूला निपतन्ति पादपाः ।
जलं जलस्थानगतं च शुष्यति हुतं च दत्तं च तथैव तिष्ठति ॥

भास भाग्य में दृढ़ विश्वास करते थे—

चक्रारपङ्क्तिरिव गच्छति भाग्यपङ्क्तिः

भास उद्योग के महत्व को भी स्वीकार करते थे—

'काष्ठादग्निर्जायते मथ्यमानाद् भूमिस्तोयं खन्यमाना ददाति ।
सोत्साहानां नास्त्यसाध्यं नराणां मार्गारब्धाः सर्वयत्नाः फलन्ति ॥

डा० पुसालकर ने भास को 'धर्म भीरु ब्राह्मण' कहा है। भास के स्वप्नवासवदत्ता एवं बालचरित नाटकों के भरतवाक्य के आधार पर कहा जा सकता है कि भास दक्षिण भारत के न होकर उत्तर भारत के निवासी थे।

इमां सागरपर्यन्तां हिमवद्विन्ध्यकुण्डलाम् ।
महीमेकातपत्राङ्कां राजसिंहः प्रशास्तु नः ॥

कवि भगवान् से प्रार्थना करता है—

हमारे राजा ससागरा उस सम्पूर्ण भूमण्डल के मध्य एकच्छत्र राज्य करें जिसके एक ओर हिमालय तथा दूसरी ओर विन्ध्य पर्वत दो कर्ण कुण्डलों के समान अलंकृत हो रहे हैं। भास की वसुन्धरा उत्तर में हिमालय एवं दक्षिण में विन्ध्य पर्वत तक शीर्ष स्थानीय है। यही पृथ्वी भास की पृथ्वी थी।

भास के नाटकों की खोज—

संस्कृत साहित्य के नाट्य जगत् को आलोकित करने वाले महाकवि भास के नाटक प्रेक्षकों की दृष्टि से ओझल क्यों हो गये ? जब कि भास उस समय इतनी ख्याति प्राप्त कर चुके थे कि कालिदास जैसे कवि भी भास के नामोल्लेख से अछूते नहीं रह सके। भास के नाटकों के विलुप्त होने के सम्बन्ध में कहा जा सकता है कि जब वैदिक ग्रन्थ और शाखायें जिनका कुछ परम्परा में अध्ययन आवश्यक था विलुप्त हो गये तो लोका-

सुरंधक इन नाटकों का क्या ? सुमिल्ल आदि के नाटक आज तक विलुप्त हैं। विद्वानों ने नाटकों के सम्बन्ध में जो विचार व्यक्त किये हैं, वे निम्नलिखित हैं—

(१) भारत में मुसलिम शासकों के आक्रमण एवं राज्यस्थापना तथा साम्राज्य विस्तार के साथ ही साथ प्राचीन भारतीय संस्कृति का विनाश एवं उस समय के कवियों की कृतियों को विनष्ट करने का खेल प्रारम्भ हो गया था, फिर देश की समृद्धि एवं राजसिंह को हिमालय एवं विन्ध्य के बीच एकच्छत्र राज्य का निर्देश देने वाले तथा वैदिक संस्कृति एवं धर्म के पोषक कवि के ऊपर मुसलमानों की दृष्टि पड़ना स्वाभाविक ही था। उत्तरी भारत में रहने वाले देशी सरदार एवं मुसलमानों ने देवनागरी लिपि में उपलब्ध सरल पाठ को विनष्ट करने में पर्याप्त सहयोग विदेशी आक्रमणकारियों को दिया। जिसके परिणाम स्वरूप उत्तरी भारत में देवनागरी लिपि में भास की कृतियाँ काल के गाल में समाहित होकर अनुपलब्ध हो गयीं। प्रो० वी० राघवन् ने जो हस्तलेखों की खोज की है वह देवनागरी लिपि में नहीं है। दक्षिण में जो लेख प्राप्त हुए हैं उसका कारण है कि दक्षिण केरल में मुसलमानों का प्रचार-प्रसार कम था तथा ग्रंथ तथा मलयालम की लिपियाँ भी सम्भवतः उनके लिए सुलभ नहीं थी।

(२) ए० एम० पी० अय्यर ने 'भास' के सम्बन्ध में ऐसी सम्भावना व्यक्त की है कि विदेशियों से बार-बार पदाक्रान्त होने के कारण भारतीय जनता का ध्यान शौर्यपूर्ण अभिनयों को देखने की अपेक्षा धर्म की ओर उन्मुख हो गया था।

सन् १९०९ में महामहोपाध्याय पं० गणपति शास्त्री को पद्मनाभपुरम् के निकट मल्लिकारमठम् में स्वप्नवासवदत्तम्, प्रतिज्ञायौगन्धरायण, पञ्चरात्र, चारुदत्त, दूतघटोत्कच, अविमारक, बालचरित, मध्यमव्यायोग, कर्णभार तथा उरुभङ्ग के हस्तलेख मिले, इसके अतिरिक्त दूतवाक्य की खण्डित ताड़पत्र पर लिखित हस्तलिपि प्राप्त हुई। ये हस्तलेख मलयालम लिपि में थे। गणपति शास्त्री ने अपने प्रयासों को आगे भी जारी रखा एवं कैलाशपुरम् के एक ज्योतिषी के यहाँ अभिषेक तथा प्रतिमानाटक को

हस्तप्रतियाँ प्राप्त कीं। इन दोनों प्रतियों के समान ट्रिवेण्ड्रम पुस्तकागार में भी दो प्रतियाँ प्राप्त हुईं। गणपति शास्त्री ने कृष्णतन्त्री से भी हस्तलेख प्राप्त किये तथा मैसूर के पण्डित अनन्ताचार्य ने केरल से प्राप्त स्वप्नवासवदत्तम् तथा प्रतिज्ञायौगन्धरायण की दो प्रतियाँ भी गणपति शास्त्री को दीं। निरन्तर प्रयत्नशील रहने के बाद भी शास्त्री जी को चारुदत्त की कोई पूर्ण प्रति नहीं प्राप्त हो सकी। यह भी सम्भव हो सकता है कि यह कर्णभारम् का अग्रिम अंश हो।

३ जनवरी १९०६ को सम्पत कुमार चक्रवर्ती ने गवर्नमेंट ओरियण्टल मैनुस्क्रिप्टस्, मद्रास के पुस्तकालय के लिए देवनागरी लिपि में स्वप्नवासवदत्तम् की एक प्रति नकल की थी। उसके एक महीने पश्चात् ६-२-१९०६ को श्री चक्रवर्ती ने देवनागरी लिपि में पुस्तकालय हेतु प्रतिज्ञायौगन्धरायण की एक प्रति की नकल की।

महामहोपाध्याय गणपति शास्त्री ने भास के जिन तेरह नाटकों को प्रकाशित किया वे निम्नलिखित हैं—

(१) प्रतिज्ञायौगन्धरायण
(२) अविमारक
(३) स्वप्नवासवदत्त
(४) प्रतिमा नाटक
(५) मध्यम व्यायोग
(६) पञ्चरात्र
(७) अभिषेक
(८) दूत वाक्य
(९) दूतघटोत्कच
(१०) कर्णभार
(११) ऊरुभङ्ग
(१२) बालचरित
(१३) चारुदत्त

गोण्डल निवासी राजवैद्य जीवराम कालिदास शास्त्री ने १९४१ में 'यज्ञफल' नामक एक रूपक का प्रकाशन करके भास के नाटकों की संख्या एक और बढ़ा दी है। परन्तु इस नाटक के बाद इस पर बहुत विवाद हुआ और एक व्यक्ति ने उसे अपनी कृति होने का दावा किया। बाद में विद्वानों ने अन्वेषण कर यह सिद्ध किया कि इस नाटक का एक हस्तलेख बहुत प्राचीन है और अपनी कृति का दावा करने वाले सज्जन का विचार मिथ्या है। इस विषय में प्रो० रामचन्द्र नारायण दाण्डेकर ने एक प्रमाणिक निबन्ध लिखकर यह प्रमाणित किया कि अपनी कृति होने का दावा करने वाले सज्जन का मत मिथ्या है और यह कृति प्राचीन है।

रूपकों का एककर्तृत्व—

महामहोपाध्याय गणपति शास्त्री के द्वारा प्रतिपाद्य भास के तेरह नाटकों की प्रामाणिकता पर विद्वानों में मतैक्य है। भास के नाटकों के ऊपर यह प्रश्नचिन्ह लगाया जाता है कि सम्पूर्ण नाटक भास के हैं या इसमें से कुछ ही नाटक भास के हैं। सम्पूर्ण नाटकों के सूक्ष्म अन्वीक्षण से इस निष्कर्ष पर पहुँचा जा सकता है कि सभी नाटक भास के हैं क्योंकि उनमें आश्चर्यजनक समता पायी जाती है—

(१) भास के सभी नाटकों में (चारुदत्त को छोड़कर) नान्दी के बाद सूत्रधार द्वारा मंगल पाठ से इनका प्रारम्भ करता है—

(क) नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः । सूत्रधारः—
उदयनवेन्दुसवर्णा——··· ।

—स्वप्न वासवदत्त ।

(ख) नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः सूत्रधारः—पातु वासवदत्तायो······—प्रतिज्ञायौ० । इत्यादि ।

(२) कर्णभार में प्रस्तावना शब्द का प्रयोग हुआ है। इसके अतिरिक्त सभी नाटकों में 'प्रस्तावना' के स्थान पर 'स्थापना' शब्द का प्रयोग किया गया है।

(३) अङ्कों के बीच में घटित घटनाओं के सम्बन्ध में जानकारी देने के लिए अङ्कों के मध्य में विष्कम्भकों तथा लघुविस्तारी प्रवेशकों का समावेश हुआ है।

(४) सम्पूर्ण नाटकों में कहीं पर भी नाटक के लेखक के नाम का उल्लेख नहीं है।

(५) चारुदत्त एवं दूतघटोत्कच के अतिरिक्त सम्पूर्ण नाटकों के भरतवाक्य में राजसिंह राजा के एकच्छत्र राज्य की कामना व्यक्त की गयी है जिसका शासन हिमालय से विन्ध्य एवं पूर्व सागर से पश्चिम सागर तक है।

इमां सागरपर्यन्तां हिमवद् विन्ध्यकुण्डलाम् ।
महीमेकातपत्राङ्कां राजसिंहः प्रशास्तु नः ॥

—स्वप्न० ६-१९ तथा अन्य नाटकों के भरतवाक्य ।

(६) भरत द्वारा निर्दिष्ट भारतीय नाट्य साहित्य परम्परा के नियमों का भास के नाटकों में उल्लंघन हुआ है । उदाहरणार्थ—रङ्गमञ्च पर ही मृत्यु तथा लड़ाई-झगड़े का प्रदर्शन किया है ।

(७) नाटकों के पात्रों में नाम साम्य पाया जाता है ।

(८) सभी नाटकों के पात्रों ने आकाशभाषित वाक्यों (पाठों) का प्रयोग किया है ।

भास ने भरत के नाट्य में अविहित छः शब्दों का प्रयोग प्रचलित अर्थ से भिन्न किया है । जैसे—आर्यपुत्र का प्रयोग अनेकशः ऐसे अर्थों में हुआ है ।

(१०) सभी रूपकों का नाम केवल ग्रन्थ की समाप्ति पर ही पाया जाता है ।

(११) नाटकों में विभिन्न छन्दों के प्रयोग होने पर भी उनमें साम्य है ।

(१२) सभी नाटकों की भाषा तथा शैली में अद्भुत साम्य है ।

(१३) नाट्य निर्देश की न्यूनता सभी नाटकों में मिलती है एवं जो नाट्य निर्देश हैं उनमें एकाधिक निर्देश एक साथ हैं । जैसे—निष्क्रम्य पुनः प्रविश्य यहाँ निकलना तथा प्रवेश करना साथ ही निर्दिष्ट है ।

(१४) अधिकतर नाटकों में पताका स्थान तथा मुद्रालंकार का प्रयोग एक समान किया गया हैं ।

(१५) इन नाटकों में पाणिनीय व्याकरण के नियमों पर जोर नहीं दिया गया है ।

(१६) कई नाटकों में प्रभावशाली पद्धति के द्वारा किसी नवागन्तुक के द्वारा अप्रत्याशित उत्तर की प्राप्ति होती है । जैसे—महासेन और अङ्गारवती आपस में विचार-विमर्श कर रहे हैं कि वासवदत्ता के लिए कौन सा राजा उपयुक्त होगा उसी समय कञ्चुकी उपस्थित होकर 'वत्सराज' का नाम लेता है । इस प्रकार उनके प्रश्न का आकस्मिक उत्तर प्राप्त हो जाता है जबकि कञ्चुकी यह सूचना देने आता है कि 'वत्सराज' बन्दी बना लिया गया ।

इसी प्रकार जब अभिषेक नाटक में रावण सीता को यह बताता है कि इन्द्रजित् के द्वारा राम एवं लक्ष्मण का वध हो गया अब तुम्हें कौन मुक्त करायेगा, उसी समय एक राक्षस आकर कहता है कि 'राम'। जबकि राक्षस यह सूचना देना चाहता है कि राम ने इन्द्रजित को मार डाला।

(१७) कई नाटकों में समान वाक्यों का प्रयोग हुआ है। जैसे—'उस्सरह उस्सरह अय्या ! उत्सरह' (हटिये, हटिये—श्रीमानों !) का प्रयोग कई स्थानों पर है।

(१८) एक पात्र द्वारा दूसरे पात्र के पद्यों को खण्डित किया गया है।

(१९) सम्पूर्ण नाटकों में से पाँच नाटकों के आद्य श्लोकों में मुद्रालङ्कार का प्रयोग कर देवस्तुति, पात्रनामोल्लेख एवं कथानक संकेतित है।

(२०) नाटक में नाटकीय घटनाओं के प्रयोग में समानता पायी जाती है। जैसे—अभिषेक तथा प्रतिमा नाटक में सीता द्वारा रावण की प्रार्थना का अस्वीकार किया जाना तथा उसे शाप देना। इसी प्रकार चारुदत्त में शकार के निवेदन को अस्वीकृत करते हुए वसन्तसेना द्वारा उसे शाप देना। बालचरित तथा पञ्चरात्र में सैनिकों द्वारा राजा के विषय में प्रश्न करना कि यह किसका राजा है ? एवं प्रणाम न करना। अविमारक एवं प्रतिज्ञा में राजा तथा रानी के बीच उपयुक्त वर के लिए एक समान वर्णन है।

(२१) प्रायः भास के नाटकों में युद्ध की सूचना भटों और ब्राह्मणों क माध्यम से दिलायी गयी है।

(२२) किसी घटना की जानकारी देने के लिए निवेद्यतां—निवेद्यतां महाराजाय' इत्यादि वाक्य की उद्भावना पञ्चरात्र, कर्णभार, दूतघटोत्कच आदि में एक समान है।

(२३) नाटक में भावों की समानता पायी जाती है। जैसे—नारद को कलहप्रिय तथा स्वरतंत्री का साधक बताया गया है—

(क) "तन्त्रीषु च स्वरगणान् कलहांश्च लोके।"

—अविमारक ४।२

(ख) "तन्त्रीश्च वैराणि च घट्टयामि'।—बाल० १।३

(२४) मृत्यु के बाद राजाओं का स्थूल शरीर तो नहीं रहता परन्तु उनका यशरूपी शरीर चिरकाल तक रहता है, इस प्रकार के विचारों की उद्भावना हुई।

"नष्टाः शरीरैः क्रतुभिर्धरन्ते"।—पञ्चरात्र १।२५

"हृतेषु देहेषु गुणा धरन्ते"—(कर्ण० १७)

(२५) लक्ष्मी का निवास साहसियों के पास दर्शाया गया है एवं वह सन्तोष नहीं करती। इस प्रकार का वर्णन चारुदत्त, दूत वाक्य, पञ्चरात्र और स्वप्नवासवदत्तम् में पाया जाता है।

उपर्युक्त समताओं के आधार पर कहा जा सकता है कि सम्पूर्ण नाटकों का लेखक एक ही व्यक्ति रहा होगा।

इन नाटकों का प्रणेता कौन था—

भास के नाटकों की प्रामाणिकता के विषय में विद्वानों में मतैक्य है। भास के नाटकों के सम्बन्ध में विचार व्यक्त करने वाले विद्वानों को तीन श्रेणियों में बाँटा जा सकता है।

प्रथम वर्ग—ए० डी० पुसालकर तथा प्रो० ए० वी० कीथ, गणपति शास्त्री, पराञ्जये ये सभी नाटकों को भास कृत मानते हैं।

द्वितीय वर्ग—पिशरोटी, कुन्हन राजा, देवधर तथा विणरमित्ज, डा० वार्नेट ये सभी विद्वान् इन नाटकों को भास कृत मानते हैं।

तृतीय वर्ग—डा० सुकथानकर आदि विद्वानों का विचार है कि जो नाटक उपलब्ध हैं उनमें कुछ नाटक भास कृत हैं तथा कुछ नाटकों को सम्पादन के पश्चात् भास के साथ नाम जोड़ दिया गया है।

केरलीय चाक्यारों की रचना—

कुछ समीक्षकों का विचार है कि इन नाटकों की रचना केरल रंगमंच अभिनेता चाक्यारों ने की है। इसके सम्बन्ध में इन लोगों का विचार है कि—

(क) नाटकों की हस्त प्रतियों का केवल केरल में प्राप्त होना।

(ख) यदि नाटक चक्र भास कृत होता तो इनकी प्रस्तावना या स्थापना में भास का नामोल्लेख अवश्य होता।

(ग) रीति ग्रन्थों में जो 'स्वप्नवासवदत्ता' के उदाहरण दिये गये हैं उनका वर्तमान नाटकों से कोई मेल नहीं है।

(घ) महामहोपाध्याय कुप्पुस्वामी शास्त्री का विचार है कि 'स्वप्नवासवदत्ता' एवं 'प्रतिज्ञा' नाटकों में 'विवाह' के लिए 'सम्बन्ध' शब्द का प्रयोग हुआ है जो केरल के चाक्यारों में आज भी इसी अर्थ का द्योतक है। इस आधार पर चाक्यारों की प्रामाणिकता सिद्ध होती है।

चाक्यारों के रचना की अप्रामाणिकता—

नाटकों की भाषा, शैली, समृद्धि को देखते हुए चाक्यारों की रचना नहीं कहा जा सकता, क्योंकि यदि इस प्रकार के नाटकों की सृजना-शक्ति चाक्यारों के अन्दर थी तो उन्होंने इन तेरह नाटकों के अतिरिक्त अन्य नाटकों का सृजन क्यों नहीं किया ? क्या इन तेरह नाटकों के बाद उनकी सृजन शक्ति समाप्त हो गई ? अतः इन नाटकों के प्रणेता चाक्यार नहीं थे। इस सम्बन्ध में कुछ तथ्य निर्दिष्ट हैं—

(क) प्राचीन प्रतियों के केरल में प्राप्त होने से प्रामाणिकता सिद्ध नहीं होती, क्योंकि उत्तर भारत में राजनीतिक उथल-पुथल भी उसके अभाव का कारण हो सकता है। इसके साथ ही यह भी सम्भव हो सकता है कि किसी कवि की कृति किसी देश-विदेश में प्रचलित हो तथा अन्य प्रान्तों में उसका प्रचार-प्रसार न हो।

(ख) नाटकों में भास का नामोल्लेख न होने से इसकी अप्रामाणिकता तथा नवीनता नहीं सिद्ध होती, क्योंकि यह निश्चित है कि भास कालिदास से प्राचीन हैं, एवं यह भी सम्भव हो सकता है कि उस समय के कवियों में नामोल्लेख की परम्परा का अभाव हो। इसके साथ यह भी है कि यदि ये नाटक चाक्यारों के होते तो वे अवश्य अपना नामोल्लेख करते।

(ग) प्राचीन ग्रन्थों से प्राप्त उद्धरणों के सम्बन्ध में यह हो सकता है

कि लेखक के प्रमादवश ये अंश छूट गये हों एवं जहाँ पर ये अंश छूटे हैं वहीं पर उन अंशों को समाविष्ट करने का पर्याप्त स्थान है।

(घ) 'विवाह' के अर्थ में 'सम्बन्ध' शब्द का प्रयोग मिताक्षरा पद्धति में आज भी दिखलायी पड़ता है।

इन नाटकों की रचना पल्लव दरबार में नहीं हुई

पल्लव द्वितीय नरसिंह वर्मन् या तेन माक्षन के किसी सभा पण्डित ने इन नाटकों की रचना की है, क्योंकि दो नरपतियों ने अपनी उपाधि रखा था, अतः ,राजसिंहः प्रशस्तु नः' के प्रयोग के आधार पर यह कहा जा सकता है। इसकी प्रामाणिकता के सम्बन्ध में यह कहा जा सकता है कि नाटक में ऐसे संस्कृत शब्द हैं जो दक्षिण में दाक्षिणात्य अर्थ रखते हैं।

यह तर्क इतिहास की कसौटी पर खरा नहीं उतरता क्योंकि इन राजाओं की सभा में ऐसे प्रतिभाशाली कवि का उल्लेख नहीं है। इसके साथ ही कवि यदि इन राजसभाओं में रहता तो अपनी कृतियों में अपने नाम का उल्लेख अवश्य करता। क्योंकि विक्रम की प्रथम शताब्दी से ही नाम उल्लेख की परम्परा का प्रादुर्भाव हो गया था। जैसे—कालिदास, अश्वघोष, भवभूति, आदि, औदीच्य एवं शक्तिभद्र, महेन्द्रवर्मन आदि दक्षिण के नाटककारों के नाम इसके प्रमाण हैं।

इस आधार पर कहा जा सकता है कि इन नाटकों की रचना पल्लव दरबार में नहीं हुई। भास के नाटकों की प्रामाणिकता के सम्बन्ध में विद्वानों के तीन वर्ग हैं जिसमें एक वर्ग नाटकों की प्रामाणिकता स्वीकार करता है। राजशेखर का भास के 'स्वप्नवासवदत्ता' के विषय में साक्ष्य लिया जा सकता है—

भासनाटकचक्रेऽपि च्छेकैः क्षिप्ते परीक्षितुम्।
स्वप्नवासवदत्तस्य दाहकोऽभून्न पावकः॥

अग्नि परीक्षा के समय और नाटकों के साथ स्वप्नवासवदत्ता का परीक्षण होता है परन्तु वह बच जाता है। इसके आधार पर किया जा सकता है कि अन्य नाटक भी भासकृत हैं।

दूसरा वर्ग भास के नाटकों को बिल्कुल अप्रामाणिक मानते हुए उसे किसी परवर्ती लेखक चाक्यार, पल्लवनरेश का सभा पण्डित या किसी अन्य कवि को स्वीकार करता है।

तीसरा वर्ग भास के नाटकों को अर्धप्रामाणिक स्वीकार करता है। इनके अनुसार कुछ नाटक भास रचित हैं लेकिन सभी नहीं। इस मत के समर्थन में महामहोपाध्याय पं० रामावतार शर्मा का विचार है कि कुछ नाटकों के कतिपय अंश भासरचित तो अवश्य हैं परन्तु सभी नाटकों की रचना भासकृत नहीं है।

विभिन्न मत-मतान्तरों के आधार पर निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि ये नाटक अंशतः भास द्वारा लिखे गये हैं।

भास का समय—

संस्कृत साहित्य के नाट्य जगत् को आलोकित करने वाले महाकवि भास के समय निर्धारण में विद्वानों में मतभेद है। इसका मुख्य कारण यह है कि उस समय के कवियों में जीवन-परिचय लिखने की परम्परा का प्रादुर्भाव नहीं हुआ था। भास के समय के सम्बन्ध में विद्वानों में जितना मतभेद है उतना अधिक सम्भवतः संस्कृत जगत् के किसी कवि के सम्बन्ध में नहीं होगा। यदि एक वर्ग भास को ई० पू० चौथी शती में मानता है तो दूसरा वर्ग उन्हें ईसा की दसवीं सदी में। इस प्रकार भास के समय में १४०० वर्षों का अन्तर पड़ता है। भास को दसवीं शती में मानने वाले विद्वान् भास नाटक चक्र कालिदास द्वारा वर्णित भास नाटक को न मानकर किसी अन्य चाक्यार या केरलीय कवि द्वारा निर्मित स्वीकार करते हैं।

अन्तःसाक्ष्य एवं बहिःसाक्ष्य के तथ्यों के आधार पर भास को चतुर्थ ई० पू० तथा ई० सन् चतुर्थ शतक के बीच स्वीकार किया जा सकता है।

महाकवि भास का देश—

दक्षिण के विद्वान् महाकवि भास को दक्षिण देश का निवासी मानते हैं इसके सम्बन्ध में उन लोगों का तर्क है कि—

(१) भास के नाटकों के सभी हस्तलेख केरल में प्राप्त हुए हैं।

(२) सम्पूर्ण भारत को छोड़कर केरल में ऐसा नियम है कि संस्कार के समय पति के साथ पत्नी की उपस्थिति अनिवार्य नहीं है, इसी प्रकार का चित्रण भास ने अपने प्रतिमा नाटक में संस्कार के समय राम के साथ सीता का चित्रण नहीं किया है। अत: इस प्रकार के वर्णन के आधार पर भास केरल के निवासी ठहरते हैं।

(३) भास ने मामा का अधिक सम्मान के साथ उल्लेख किया है, जिसका कारण दक्षिण भारत का ही प्रभाव है।

मतों की अप्रामाणिकता—

किसी कवि के किसी स्थान पर प्राप्त हस्तलेखों के आधार पर उसको उस देश का निवासी नहीं कहा जा सकता, क्योंकि यह भी सम्भव है कि किसी कवि की रचनाओं की ख्याति दूसरे देशों में हो तथा कवि दूसरे देश का निवासी हो। उत्तर भारत में मुसलिम शासकों का क्रूर नर्तन तथा राजनीतिक उथल-पुथल का समय था। इसलिए भास के नाटकचक्र के हस्तलिपियों का उत्तर भारत में अभाव है। प्रतिमानाटक में अभिषेक संस्कार में राम के साथ सीता की अनुपस्थिति नाटकीय विशेषताओं के लिए दर्शायी गयी है।

भास के द्वारा मामा को अधिक सम्मान देने वाली बात धर्मशास्त्र पर अवलम्बित है।

वस्तुत: भास के नाटकों के अध्ययन से उस समय की परिस्थितियों का ज्ञान होता है। भास ने अपने नाटकों में अनेकों देशों का वर्णन किया है। उनमें प्रमुख हैं—अवन्ती, वत्स, काशी, मत्स्य, शूरसेन, कुरु, कुरुजाङ्गल, उत्तरकुरु, कोशल, विराट, सौवीर, कम्बोज, गांधार, मद्र, मगध, मिथिला, (विदेह), अंग, वंग, जनस्थान दक्षिणापथ तथा लङ्का आदि। इन नामों के आधार पर कहा जा सकता है कि भास उत्तर भारत के ही निवासी थे। उन्होंने लंका, दक्षिणापथ, सिंहल का वर्णन किया है, वह रामायण एवं महाभारत के आधार पर किया है, भास ने उत्तर भारत के ही पर्वतों

हिमालय, विन्ध्य, महेन्द्र चित्रकूट, मेरु, मन्दिर, क्रौञ्च, कैलाश आदि का वर्णन किया है।

भास का धर्म

महाकवि भास गो-ब्राह्मण संरक्षक वैष्णव मतावलम्बी थे, ये राम तथा कृष्ण के अनन्य भक्त वैदिक-कर्मकाण्डों में पूर्ण निष्ठा रखने वाले वैष्णव धर्म के अनन्य अनुयायी थे।

भास ब्राह्मण थे

प्रतीत होता है कि भास ब्राह्मण थे[1] परम्परा से भी ब्राह्मण का विद्या के अध्ययन-अध्ययन पर आधिपत्य था। ब्राह्मण धर्म एवं समाज व्यवस्था को मानना तथा अकुलीनों का सुरूप न होना (अभिमारक) आदि तथ्य भास को ब्राह्मण ठहराते हैं।

—०—

---

[1] ए० एस० पी० अय्यर कृत 'भास' पृ० ७, यही मत डा० पुसालकर का भी है।

दूतवाक्यम् नाटक का संक्षिप्त कथानक—

नान्दीपाठ के पश्चात् सूत्रधार रङ्गमञ्च पर उपस्थित होता है और कहता है कि संसार को आनन्द प्रदान करनेवाले विष्णु भगवान् के चरण आप लोगों की रक्षा करें जिसने अपने लाल एवं पैने नखों से नमुचि नामक दैत्य को आकाशमण्डल में वेध डाला था। वह कुछ बतलाना चाहता है कि उसी समय नेपथ्य में आवाज होती है। आवाज सुनकर वह कहता है कि मैं समझ गया। वह कहता है कि धृतराष्ट्र कुलोत्पन्न दुर्योधन एवं पाण्डुवंश में उत्पन्न होनेवाले युधिष्ठिरादि से विरोध उत्पन्न होने पर दुर्योधन के आदेशानुसार उनके सेवक सभागृह का निर्माण कर रहे हैं। उसके जाने के पश्चात् काञ्चुकी आता है और द्वाररक्षकों से कहता है कि महाराज दुर्योधन सभासदों के साथ मन्त्रणा करना चाहते हैं इसलिए सभी राजाओं को पुकारो। उसी समय वह पीछे मुड़कर देखता है तो कहता है कि महाराज दुर्योधन इधर ही आ रहे हैं। यह साँवले रंग का युवक दुर्योधन श्वेत वस्त्र का उत्तरीय धारण किया हुआ छत्र, चामरश्रेष्ठ तथा शरीर में अङ्गरागादि लगाकर शोभित हो रहा है तथा वह आभूषणों के मणियों की छटा से ऐसा शोभित हो रहा है जैसे नक्षत्रों के बीच में पूर्णचन्द्र की शोभा होती है। दुर्योधन पाण्डव सेना के दमन की कामना करते हुए कहता है कि पाण्डव सेना के मत्त गजराजों के दन्त को मूसल की भाँति उखाड़कर उनके मुखों को दन्तहीन करने की इच्छा उसे होती है। काञ्चुकीय आकर निवेदन करता है कि सब राजागण उपस्थित हो गये हैं। गुरुजनों एवं समागत राजाओं के साथ दुर्योधन मन्त्रणागृह में प्रवेश करता है। वह सबको यथोचित आसन ग्रहण करने को कहता है तथा स्वयं भी आसन ग्रहण करता है। वह सबसे पूछता है कि मेरी ग्यारह अक्षौहिणी सेना का सेनापति कौन होगा, उसके मामा जी शकुनि कहते हैं कि सैन्य संचालक भीष्म होंगे, इसे वह स्वीकार कर लेता है। उसी समय काञ्चुकीय प्रवेश करता है और वह बताता है कि पाण्डवों के शिविर से दूत रूप में पुरुषोत्तम नारायण पधारे हैं। दूत के द्वारा ऐसा कहने पर दुर्योधन क्रोधित हो जाता है और कहता है कि ऐसा न कहो। क्या कंस का सेवक दामोदर

ही तुम्हारा पुरुषोत्तम है ? जरासंघ के द्वारा जिसकी कीर्ति नष्ट कर दी गई, वही तुम्हारा पुरुषोत्तम है ? महाराजाओं के दरबार में रहने वाले सेवक का क्या यही आचरण है ? तुम्हारी यह वाणी बहुत गर्वीली है। दूत दुर्योधन से क्षमायाचना करता है और पुनः वैसा ही कथन कहता है कि महाराज ! केशव नामक दूत आया है।

यह संदेश सुनकर दुर्योधन कहता है कि हे हे राजाओं ! दूत रूप में पधारे केशव के साथ कैसा व्यवहार होना चाहिए ? क्या आपलोग अर्घ्य देकर उनकी पूजा करेंगे ? यह मुझे प्रिय नहीं है, मैं उन्हे बन्दी बनाने में ही अपना हित देखता हूँ क्योंकि उन्हें बन्दी बना लेने पर पाण्डवों के सारे क्रिया-कलाप बन्द हो जायेंगे और वे कृष्ण के बिना पंगु हो जायेंगे। वह कहता है कि कृष्ण के यहाँ आगमन पर उनके स्वागतार्थ जो खड़ा होगा उसे बारह स्वर्ण से दण्डित किया जायेगा। अपने स्वय द्रौपदी के चीर-हरण का चित्र फलक मंगाकर देखने लगता है। चित्र-फलक देखते हुए वह कहता है कि दुःशासन के द्वारा केश खींचे जाने पर क्षोभ के कारण विकसित नेत्रों वाली द्रौपदी राहु के जबड़ों में स्थित चन्द्र की कला की भाँति शोभित हो रही है, इस प्रकार भीम, अर्जुन, नकुल, सहदेव सबके चित्र और भाव पर व्यंग्य करता है। वह युधिष्ठिर के सम्बन्ध में कहता है कि वह अपने भाइयों को क्रोध न करने के लिए कहते हैं और कहते हैं कि मैं नीच हूं मेरी बुद्धि पलट गई है पर तुम लोग तो न्याय-अन्याय जानने वाले हो अतः आज क्रोध को त्याग दो। जुआ में हारकर अपमान को न सहकर शत्रु पक्ष पर शक्ति प्रदर्शन करना केवल वाचिक वीरता होगी। इस प्रकार वह चित्र देख रहा है कि उसी समय कृष्ण वहाँ उपस्थित होते हैं। कृष्ण के आगमन पर सारे राजा खड़े हो जाते हैं और स्वयं दुर्योधन भी उनके व्यक्तित्व एवं तेज से प्रभावित होकर स्वयं आसन से गिर जाता है। कृष्ण सभी को बैठने के लिए कहते हैं और स्वयं बैठते हैं।

श्रीकृष्ण द्रौपदी के चित्र को देखकर कहते हैं कि दुर्योधन अपनी मूर्खता के कारण अपने बान्धवों का अपमान करके उसमें ही अपना पराक्रम समझता है, संसार में ऐसा कौन होगा जो निर्भय होकर सभा में अपना

दोष प्रकट करे । इस चित्रपट को दूर हटाओ, दुर्योधन भी उसे दूर हटावे के लिए कहता है । दुर्योधन कृष्ण को दूत सम्बोधन कर पूछता है कि धर्मपुत्र युधिष्ठिर, वायु पुत्र भीम, इन्द्र पुत्र मेरा भाई अर्जुन अश्विनी-कुमार पुत्र नकुल और सहदेव आदि अपने परिजनों के साथ कुशल तो हैं । श्रीकृष्ण कहते हैं कि दुर्योधन ऐसा प्रश्न युक्त ही है । सब कुशल हैं । युधिष्ठिरादि पाण्डव आपके शरीर और राज्य के आन्तरिक और बाह्य कुशल को पूछते हुए निवेदन करते हैं कि हमलोगों ने तेरह वर्ष अधिक कष्ट सहन करते हुए वनवास व्यतीत किया, अब वह समय समाप्त हो गया, अतः धर्मानुसार जो पिता के धन का भाग (दाय) हो वह हमलोगों को मिलना चाहिये ।

दुर्योधन कहता है कि वह दाय कैसा ? वन में शिकार खेलते समय पाण्डु को मुनि ने शाप दिया था तभी से स्त्री-संयोग से वे विरक्त हो गये । अतएव दूसरे पुरुषों से उत्पन्न हुए पुत्र को पिता के धन का भागी कैसे माना जाय ? दुर्योधन के इस कथन को सुनकर कृष्ण कहते हैं कि तुम्हारे पितामह विचित्रवीर्य अत्यन्त विषयी होने के कारण क्षय रोग से मृत्यु को प्राप्त हुए पुनः अम्बिका में व्यास के द्वारा उत्पन्न हुआ तुम्हारा पिता धृतराष्ट्र राज्य का उत्तराधिकारी कैसे हुए। श्रीकृष्ण कहते हैं कि इस प्रकार आपसी वैमनस्य और कलह बढ़ाने से कौरववंश शीघ्र ही विनष्ट हो जायेगा, अतः तुम क्रोध का परित्याग कर युधिष्ठिरादि पाण्डवों के द्वारा कहे गये कथन का पालन करो । दुर्योधन कृष्ण को दूत सम्बोधन कर कहता है कि आप राजाओं के साथ व्यवहार करना नहीं जानते । राजकुमारगण शत्रुओं को पराजित करके अपने राज्य को प्राप्त करते हैं। संसार में कहीं भी राज्य माँगा नहीं जाता और न दीनहीन याचकों को दिया जाता है । यदि पाण्डवों को राज्य की इच्छा हो तो शीघ्र ही वे युद्ध करें अथवा शान्ति प्राप्त करनी हो तो वन में किसी आश्रम में स्वच्छन्दता से जाकर रहें । कृष्ण दुर्योधन से कहते हैं कि अपने ही बान्धवों पर परुष वाणी का प्रयोग बन्द करो । संचित पुण्य फल से राज्यश्री प्राप्त कर जो अपने बन्धु-बान्धवों को ठगता है उसका सम्पूर्ण परिश्रम व्यर्थ जाता है ।

दुर्योधन कृष्ण से कहता है कि कंस के प्रति आपने दया क्यों नहीं दिखाई, कृष्ण कहते हैं कि उसमें केवल मेरा ही दोष है, ऐसा मत जानो। बल्कि कंस ने स्वयं मेरी माँ देवकी को अनेक प्रकार का कष्ट दिया तथा अनेक बार पुत्र वियोग से आर्त किया। वृद्ध पिता वसुदेव को कारागार में डालकर स्वयं ही मृत्यु के द्वारा मार डाला गया। दुर्योधन कृष्ण से कहता है कि आप अपनी प्रशंसा बन्द करें। जब जरासंध ने आक्रमण किया उस समय आपकी शूरता कहाँ चली गयी थी। कृष्ण कहते हैं कि हे दुर्योधन! यह परिहास बन्द करो और सुनो। बन्धुओं से प्रेम का सम्बन्ध स्थापित करने पर इह लोक तथा परलोक दोनों के लिये लाभदायक होता है। दुर्योधन कहता है कि देवता के पुत्रों तथा मनुष्य के पुत्रों में किस प्रकार भाईचारे की सम्भावना हो सकती है।

दुर्योधन के इस प्रकार उत्तर-प्रत्युत्तर को सुनकर कृष्ण उसे समझाने के लिए अर्जुन के शौर्य-पराक्रम का वर्णन करते हुए कहते हैं कि क्या तुम अर्जुन के पराक्रम को नहीं जानते, जिसने किरातवेषधारी शंकर के साथ युद्ध कर उन्हें सन्तुष्ट किया, खाण्डव वन में आग लगने पर बाणों की वर्षा कर उसे ढंक दिया तथा इन्द्र को कष्ट देने वाले निवात-कवच को क्रीड़ा करते हुए मार डाला तथा उसी ने अकेले विराट नगर में भीष्म पितामह आदि को पराजित भी किया। हे दुर्योधन! अधिक क्या कहूँ मेरे कहने से तुम अपना आधा राज्य दे दो नहीं तो सागरपर्यन्त सम्पूर्ण पृथ्वी को पाण्डव हर लेंगे। दुर्योधन कहता है कि यदि युद्ध में भीम रूप में वायु तथा अर्जुन के रूप में साक्षात् इन्द्र भी आ जाय तो भी हे कृष्ण! आपके कहने से राज्य का तृण भी नहीं दे सकता। कृष्ण कहते हैं कि तुम कुरुवंश को कलंकित करने वाले हो इसलिए तुम्हारे साथ तृण मध्य में रखकर भाषणीय हैं। दुर्योधन कहता है कि आप तृण को ही मध्य में रखकर बोलने योग्य हैं क्योंकि सर्वथा अवध्य अबला स्त्री को मारकर घोड़े और बैल का संहार करके तथा मल्ल-मुष्टिकादि को मारकर अब सज्जनों से वार्तालाप करना चाहते हो, दुर्योधन कृष्ण से बात करना बन्द कर देता है। कृष्ण कहते हैं कि शठ, भाइयों पर क्रूरता करने वाले, काक, केकर,

बन्दर ! तुम्हारे कारण सम्पूर्ण कुरुवंश का शीघ्र ही विनाश हो जायेगा ।

कृष्ण वहाँ से जाने के उद्यत होते हैं । दुर्योधन उन्हें बाँधने के लिए वहाँ पर उपस्थित लोगो से कहता है । जब कोई तैयार नहीं होता है तो दुर्योधन स्वयं उद्यत होता है । तब कृष्ण अपना विश्वरूप प्रकट करते हैं, जिससे दुर्योधन चकाचौंध हो जाता है परन्तु बन्धन बनाने की बात पुनः दोहराता है जिससे कृष्ण क्रोधित हो जाते हैं और दुर्योधन के वध के निमित्त सुदर्शनचक्र को बुलाते हैं । सुदर्शनचक्र उपस्थित होता है और कहता है कि हे भगवन् ! आज्ञा दें—क्या मेरु और मन्दर पर्वत कुलों को उखाड़ फेकूँ या ग्राह-मकर आदि के घररूप समुद्र का ही मथन कर डालूँ या सम्पूर्ण आकाश के नक्षत्रमण्डल को पृथ्वी पर गिरा दूँ ! आपकी कृपा से मेरे लिए कुछ भी असम्भव नहीं है । कृष्ण दुर्योधन को मारने के लिए सुदर्शन से कहते हैं । परन्तु सुदर्शनचक्र कृष्ण से प्रार्थना करते हुए निवेदन करता है कि हे देव ! सम्पूर्ण पृथ्वी का भार हलका करने के लिए आपने पृथ्वी पर अवतार लिया है । इस दुर्योधन की मृत्यु हो जाने पर आपका सम्पूर्ण श्रम विफल हो जायेगा । कृष्ण कहते हैं कि क्रोध के कारण मैं अपना कर्तव्य भूल गया था तुम वापस लौट जाओ । उसी समय भगवान कृष्ण के शार्ङ्ग-धनुष, कोमोदिकी गदा, पाञ्चजन्य शख, नन्दक तलवार आदि अस्त्र आ जाते हैं । सुदर्शन कहता है कि शत्रुओं के लिए अग्नि स्वरूप हे शार्ङ्गधनुष, कौमोदक गदा, पाञ्चजन्य शख, नन्दक तलवार, भगवान् कृष्ण का क्रोध शान्त हो गया है इसलिए आप अपने-अपने स्थान पर जाय, सभी वापस लौट जाते हैं । उसी समय गरुड़ भी वहाँ आ जाते हैं, उन्हे भी वापस भेजते हैं । सबको वापस भेजकर स्वय सुदर्शन भी मेरुपर्वत की गुहा में चला जाता है ।

इसके पश्चात् कृष्ण भी पाण्डव शिविर में जाने के लिए उद्यत होते हैं । उसी समय धृतराष्ट्र वहाँ उपस्थित होते हैं तथा श्रीकृष्ण से अपने पुत्र द्वारा किये गये व्यवहार के कारण क्षमा-याचना करते हैं और अर्घ्य-पाद्य ग्रहण करने के लिए निवेदन करते हैं । श्रीकृष्ण प्रसन्न होते हैं और अर्घ्य-पाद्य स्वीकार करते हैं, तथा धृतराष्ट्र को पुनः वापस भेज देते हैं । अन्त में भरत वाक्य के साथ नाटक समाप्त होता है ।

नाटक का नामकरण—

नाटक के नाम 'दूतवाक्यम्' से ही सम्पूर्ण कथानक स्पष्ट है। पाण्डवों की तरफ से श्रीकृष्ण शान्ति का प्रस्ताव लेकर सन्देशवाहक (दूत) बनकर कौरवों के यहाँ जाते हैं। उस अवसर पर दुर्योधन एवं श्रीकृष्ण के साथ आपस में जो वार्तालाप होता है उसका भी उल्लेख है। अतएव यह नाटक दूत (श्रीकृष्ण) के वाक्य—संधि प्रस्ताव—पर आधारित है।

नाटकीय कथा का मूलस्रोत—

प्रस्तुत नाटक का आधार महाभारत की कथा है। महाभारत के पंचम पर्व के भगवद्यान पर्व में वर्णित है कि उत्तरा-अभिमन्यु के परिणय के अनन्तर कौरव-पाण्डव में सन्धि हेतु पूर्ण प्रयत्न किया गया, जिससे पाण्डवों को अपना हिस्सा प्राप्त हो जाय परन्तु यह कार्य सफल नहीं हो सका। तत्पश्चात् धर्मराज युधिष्ठिर ने भगवान् श्रीकृष्ण के ऊपर ही यह दायित्व सौंपा कि आप सन्धि करा दें, और हमलोगों का हिस्सा दिला दें। युधिष्ठिर के आग्रह को स्वीकार कर भगवान् श्रीकृष्ण दौत्यकर्म के लिए हस्तिनापुर गये।

जब धृतराष्ट्र को मालूम हुआ कि श्रीकृष्ण दूत के रूप में आ रहे हैं तो उनके स्वागत का राजसी प्रबन्ध किया। सर्वप्रथम श्रीकृष्ण कुन्ती के यहाँ गये वहाँ से वे दुर्योधन के यहाँ गये, दुर्योधन ने अनेक राजाओं के साथ उनका स्वागत किया, परन्तु दुर्योधन के द्वारा आयोजित भोज में वे भाग नहीं लिये और वहाँ से वे विदुर के घर गये। वहीं पर रात्रि में श्रीकृष्ण को मालूम हुआ कि कौरव युद्ध के निमित्त पूरी तैयारी कर चुके हैं। आपकी बात को स्वीकार नहीं करेंगे तथा आपका परिश्रम व्यर्थ जायेगा। इस बात की जानकारी होने पर भी श्रीकृष्ण अपने कार्य तथा उद्देश्य से विचलित नहीं हुए। दूसरे दिन विदुर के साथ वे राजदरबार में उपस्थित होते हैं, तथा सबको यथोचित आसन ग्रहण करने के पश्चात् वे धृतराष्ट्र से बताते हैं कि पाण्डवों के तरफ से सन्धि प्रस्ताव लेकर मैं आया हूँ। धृतराष्ट्र के सलाह पर श्रीकृष्ण दुर्योधन से पाण्डवों का हिस्सा देने तथा युद्ध की भयंकरता एवं भीषण रक्तपात से बचने के लिए कहते हैं। भीष्म,

द्रोण, धृतराष्ट्र, विदुर आदि सभी दुर्योधन से श्रीकृष्ण की सलाह मान लेने तथा पाण्डवों का हिस्सा देने के लिए कहते हैं, परन्तु दुर्योधन अपनी बात पर दृढ़ता प्रकट करते हुए कहता है कि बिना युद्ध के सूई की नोक के बराबर भी भूमि में पाण्डवों को नहीं दूंगा। जब श्रीकृष्ण ने पाण्डवों के ऊपर लगाये गये आक्षेपों तथा अपमानित करने की बात कहते हैं तो यह सुनकर दुर्योधन क्रोधित होकर राजभवन से अपने भाइयों एवं राजकुमारों के साथ चल दिया। विदुर के द्वारा प्रार्थना करने पर पुनः राजसभा में आता है। वहाँ पर उसकी माता गान्धारी भी उससे श्रीकृष्ण की बात को मानने के लिए कहती हैं परन्तु वह किसी की बात को नहीं स्वीकार करता है। वह श्रीकृष्ण को बन्दी बनाने के लिए शकुनि, कर्ण, दुश्शासन से कहता है परन्तु उसके पिता धृतराष्ट्र इस निन्द्य कार्य से उसे रोकते हैं, तब भगवान् श्रीकृष्ण ने अपना विराट् रूप दर्शाया जिसे कृष्ण की कृपा से धृतराष्ट्र, द्रोण, भीष्म, विदुर एवं संजय ने देखा।

धृतराष्ट्र श्रीकृष्ण के चरणों पर नतमस्तक होकर क्षमा-याचना करते हैं। श्रीकृष्ण सभा छोड़कर पुनः कुन्ती के यहाँ गये। अन्त में सन्धि वार्ता की असफलता एवं दुर्योधन का मिथ्या अहंकार दर्शाया गया है।

मूल कथा में परिवर्तन—

दूतवाक्यम् नाटक में दुर्योधन को राजा के रूप में चित्रित किया गया है परन्तु महाभारत में धृतराष्ट्र राजा है। मूल कथा में श्रीकृष्ण विदुर के यहाँ रुकते हैं और वहीं पर दुर्योधन एवं शकुनि उन्हें सभा में सम्मिलित होने के लिए निवेदन करते हैं। सभा में धृतराष्ट्र सिहासन पर विराजमान हैं तथा सभी राजागण एवं सभासद उपस्थित हैं। श्रीकृष्ण पाण्डवों के सन्देश को धृतराष्ट्र से कहते हैं तथा श्रीकृष्ण के प्रस्ताव को सभी लोग दुर्योधन से स्वीकार कर लेने के लिए कहते हैं परन्तु वह युद्ध के लिए दृढ़ प्रतिज्ञ रहता है। तब श्रीकृष्ण हस्तिनापुर छोड़कर पाण्डवों के शिविर में चले जाते हैं।

कुरुक्षेत्र के मैदान के लिए सेना सजकर चलती है तथा दुर्योधन एवं उसके अनुयायी सैन्य संचालन के लिए भीष्म पितामह से निवेदन करते हैं।

जबकि प्रस्तुत नाटक में सभी सभासद किसी सेनापति के चयन हेतु एकत्रित होते हैं, शकुनि के सुझाव पर भीष्म सेनापति चुने जाते हैं।

समीक्षण—

महाकवि भास द्वारा विरचित दूतवाक्यम् नाटक एक अङ्कीय होते हुए भी सभी दृष्टियों से सफल है। इस नाटक के पात्र, कथानक, संवाद, शैली, भाषा आदि सभी दृष्टियों से चित्राङ्कन में नाटककार सफल है। यह नाटकीय दृष्टि से 'व्यायोग' की कोटि में आता है क्योंकि व्यायोग की घटना ऐतिहासिक होती है, नायक गर्वयुक्त तथा स्त्री पात्र का अभाव होता है, युद्ध का भी वर्णन होता है। दूतवाक्यम् में ये सभी लक्षण विद्यमान है।

नाटक का नामकरण भी बहुत ही उपयुक्त तथा सार्थक है। भगवान् श्रीकृष्ण युधिष्ठिरादि पाण्डवों के कहने पर स्वयं दूत रूप में संधि का प्रस्ताव लेकर कौरवों के पास गये हैं। सम्पूर्ण नाटक का घटनाचक्र दूत वेषधारी भगवान् श्रीकृष्ण के वचनों पर ही अवलम्बित है, वे अपने वाणी के द्वारा दुर्योधन को कभी उद्वेलित करते हैं तो कभी शान्त करते हैं। इस नाटक के नाटकीय पात्रों का आपसी संवाद कथानक को जीवंतता प्रदान करते हुए गतिशील रहता है, पाठक या दर्शक ऊबता नहीं है जब कि महाभारत में वर्णित मूल कथा में श्रीकृष्ण और दुर्योधन में लम्बा कथनोपकथन है जिससे पाठक ऊबने लगता है। इस एकांकी में दुर्योधन अपनी तर्कशक्ति के द्वारा श्रीकृष्ण को परास्त करना चाहता है परन्तु अपनी तर्कशक्ति के द्वारा श्रीकृष्ण उसे परास्त करते हैं। इस एकांकी नाटक का मुख्य रस वीर है तथा सम्पूर्ण वीररस के भरे वचनों से ओत-प्रोत है। श्रीकृष्ण के विराट् रूप का प्रदर्शन तथा उनकी इच्छा से उनके आयुधों का रंगमंच पर अवतरण अद्भुत रस अच्छा परिपाक उपस्थित करता है। इसमें मुख्यतः आरभटी वृत्ति की योजना की गयी है। एकांकी में अलंकारों का सुन्दर निदर्शन सहजता एवं सरलतापूर्वक हुआ है। मुख्यरूप से उपमा, रूपक, स्वभावोक्ति, सहोक्ति आदि अलंकारों का प्रयोग कर कवि ने अपने कलाकौशल का परिचय दिया है। अनेक श्लोकों में उतम चित्रयोजना भी है।

इस एकांकी के सम्बन्ध में प्रो० विन्तरनित्स का विचार है कि यह नाटक किसी वृहत महाभारतीय नाटक का छोटा रूप है। परन्तु नाटक को देखने से उसकी पूर्णता तथा सफलता सर्वथा उसे एक अलग तथा स्वतन्त्र रचना की कोटि में लाती है। इसलिए उस तर्क को प्रमाण की अनुपलब्धि से, प्रमाण्य की कोटि में नहीं स्वीकार किया जा सकता। पात्रों के चरित्राङ्कन में नाटककार ने सिद्धहस्तता हासिल की है। नाटककार ने दुर्योधन के चरित्र में मानवीय गुणों को अधिक दर्शाया है जबकि महाभारत में दुर्योधन के अनैतिक आचरण को अधिक दर्शाया गया है।

राजनीतिक सिद्धान्तों का इस नाटक में सुन्दर वर्णन हुआ है। दायाद्य के विषय में दुर्योधन का कथन द्रष्टव्य है—

वने पितृव्यो मृगयाप्रसङ्गतः कृतापराधो मुनिशापमाप्तवान्।
तदा प्रभृत्येव स दारनिस्पृहः परात्मजानां पितृतां कथं व्रजेत्॥
१।२१

अर्थात् वन में शिकार खेलते समय मेरे चाचा पाण्डु को मुनि ने शाप दे दिया, तभी से वे स्त्री के साथ रतिक्रीड़ा से विरक्त हो गये। इसलिए दूसरे पुरुषों से उत्पन्न हुए पुत्र को दायाद्य कैसा?

दुर्योधन के इस प्रश्न का बहुत ही सुन्दर तथा सटीक उत्तर देते हुए श्रीकृष्ण कहते हैं—

विचित्रवीर्यो विषयी विपत्तिं क्षयेण यातः पुनरम्बिकायाम्।
व्यासेन जातो धृतराष्ट्र एष लभेत राज्यं जनकः कथं ते॥
१।२२

अर्थात् तुम्हारा पितामह विचित्रवीर्य अत्यन्त विषयासक्त होने के कारण क्षय रोग से ग्रस्त होकर मृत्यु को प्राप्त हुए। पुनः अम्बिका में व्यास के द्वारा उत्पन्न हुआ तुम्हारा पिता धृतराष्ट्र राज्य का उत्तराधिकारी कैसे हुआ?

नाटक में सुन्दर राजनीतिक सिद्धान्तों का भी वर्णन हुआ है। दुर्योधन श्रीकृष्ण से कहता है कि राज्य मांगने से नहीं मिलता बल्कि उसे पराक्रम से प्राप्त किया जाता है—

राज्यं नाम नृपात्मजैः सहृदयैर्जित्वा रिपून् भुज्यते
तल्लोके न तु याच्यते न तु पुनर्दीनाय वा दीयते ।
काङ्क्षा चेन्नृपतित्वमाप्तुमचिरात् कुर्वन्तु ते साहसं
स्वैरं वा प्रविशन्तु शान्तमतिभिर्जुष्टं शमायाश्रमम् ॥ ।२४।

अर्थात् सहृदय राजपुत्र शत्रुओं को पराजित कर राज्य प्राप्त करते हैं, संसार में कहीं भी राज्य माँगा नहीं जाता और न ही दीन-हीन याचना करनेवाले को दिया ही जाता है। यदि पाण्डवों को राज्य की इच्छा हो तो वे शीघ्र युद्ध करें अथवा शान्ति चाहते हों तो वन में किसी आश्रम में जाकर रहें।

इस प्रकार कहा जा सकता ह कि महाकवि भास के द्वारा विरचित दूतवाक्यम् नाटक एक सफल नाटक है। इस नाटक में उक्ति-प्रत्युक्ति की भङ्गी अपनी विशिष्टता से बरबस आकृष्ट करती है।

नाटकीय पात्र-परिचय

काञ्चुकीयः — दुर्योधनस्य भृत्यो बादरायणः
दुर्योधनः — कौरवराजः
वासुदेवः — पाण्डवदूतः श्रीकृष्णः
सुदर्शनः — श्रीकृष्णस्यायुधम्
धृतराष्ट्रः — दुर्योधनस्य पिता

भासनाटकचक्रे

दूतवाक्यम्

'गङ्गा'-संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतम्

प्रथमोऽङ्कः

(नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः)

सूत्रधारः—

पादः पायादुपेन्द्रस्य सर्वलोकोत्सवः स वः ।
व्याविद्धो नमुचिर्येन तनुताम्रनखेन खे ॥ १ ॥

विश्वात्मानमजं विष्णुं कृष्णं नत्वा जगद्गुरुम् ।
दूतवाक्यस्य नाट्यस्य कुर्वे टीकां यथामति ॥

अथ महाकविर्भासः दूतवाक्याभिधानं नाम नाटकं चिकीर्षुः तस्य निर्विघ्नपरिसमाप्तिकामनया स्वेष्टदेवतारूपोपेन्द्रचरणस्य परिश्रवर्णनात्मकस्तुतिरूपं मङ्गलाचरणम् शिष्यप्रशिष्यशिक्षार्थं ग्रन्थादौ प्रतिबध्नाति पाद इति ।

अन्वयः—सर्वलोकोत्सवः उपेन्द्रस्य सः पादः वः पायात् , तनुताम्रनखेन येन खे नमुचिः व्याविद्धः ॥ १ ॥

पादेति—सर्वलोकोत्सवः सर्वेषां लोकानामुत्सवः=अशेषभुवनकल्याण-

(नान्दी पाठ के अनन्तर सूत्रधार का प्रवेश)

सूत्रधार—सारे संसार का कल्याण करने वाला वामन रूपधारी भगवान् विष्णु का वह चरण आप सभी सामाजिकों की एवं दर्शकों की रक्षा करे जिसने अपने तीक्ष्ण तथा लाल नखों से नमुचि नामक दैत्य को आकाश में वेध कर मार डाला ॥ १ ॥

एवमार्यमिश्रान् विज्ञापयामि। अये किं नु खलु मयि विज्ञापनव्यग्रे शब्द इव श्रूयते। अङ्ग! पश्यामि।

(नेपथ्ये)

भोः भोः प्रतिहाराधिकृताः! महाराजो दुर्योधनः समाज्ञापयति।

सूत्रधारः—भवतु, विज्ञातम्।

कारी, भगवता वामनरूपेण बलेः सकाशं त्रिभिः पदैः लोकत्रयं विजित्य इन्द्राय दत्तम् तेन लोककल्याणमभूत्। उपेन्द्रस्य=इन्द्रावरजस्य वामनरूपविष्णोरित्यर्थः अदित्यामिन्द्रापेक्षया कनिष्ठत्वेन जायमानत्वात्। सः=प्रसिद्धः। पादः=चरणः। वः=युष्मान् सामाजिकान् दर्शकांश्च पायात्=अभिरक्षेत्। तनुताम्रनखेन तनु=सूक्ष्मम् ताम्रनखम्=ईषद्रक्तवर्णनखरं यस्य तेन। येन=पादेन। खे=आकाशे। नमुचिः=एतन्नामको राक्षसः। व्याविद्धः=विदीर्य मारितः। इयं कथा श्रीमद्भागवते अष्टमस्कन्धे १७–२० अध्यायपर्यन्तं वर्तते। अनुष्टुप् छन्दः। उत्सवः स वः इत्यत्र छेकानुप्रासश्च ॥ १ ॥

आर्यमिश्रान् आर्याश्च ते मिश्रास्तान्=कुलशीलवयोरूपादिसंपन्नसामाजिकश्रेष्ठान्। एवम्=अनेन प्रकारेण। विज्ञापयामि=संसूचयामि।

(नेपथ्ये=रङ्गभूमौ)

प्रतिहाराधिकृताः=प्रतिहारस्थाने नियुक्ताः।

नेपथ्यशब्दाद्विज्ञाय सूत्रधारः तान् स्पष्टयति—उत्पन्नेति।

अब मैं आप सभी महानुभावों से इस प्रकार निवेदन करता हूं। अरे! अभी सूचना देने में व्यग्र होते ही मुझे यह कैसा शब्द सुनाई पड़ रहा है? अच्छा पता लगाता हूँ।

(पर्दे में)

हे हे प्रतिहार पर नियुक्त रहने वाले लोगों! महाराज दुर्योधन आज्ञा दे रहे हैं।

सूत्रधार—अच्छा समझ गया।

उत्पन्ने धार्तराष्ट्राणां विरोधे पाण्डवैः सह ।
मन्त्रशालां रचयति भृत्यो दुर्योधनाज्ञया ॥ २ ॥

(निष्क्रान्तः ।)

स्थापना

(ततः प्रविशति काञ्चुकीयः ।)

काञ्चुकीयः—भो भोः प्रतिहाराधिकृताः ! महाराजो दुर्योधनः समाज्ञापयति—अद्य सर्वपार्थिवैः सह मन्त्रयितुमिच्छामि । तदाहू-

---

अन्वयः—धार्त्तराष्ट्राणां पाण्डवैः सह विरोधे उत्पन्ने दुर्योधनाज्ञया भृत्यः मन्त्रशालां रचयति ॥ २ ॥

उत्पन्ने इति—धार्त्तराष्ट्राणाम्=धृतराष्ट्रस्यापत्यानि धार्त्तराष्ट्रास्तेषाम्=दुर्योधनादीनाम् ; पाण्डवैः=पाण्डुपुत्रैर्युधिष्ठिरादिभिः सह=साकम् विरोधे=वैरे शत्रुताभावे । उत्पन्ने=प्रादुर्भूते । दुर्योधनाज्ञया दुर्योधनस्याज्ञा तया=दुर्योधनादेशेन । भृत्यः=कर्मकरः सेवको वा मन्त्रशालाम्=मन्त्रणागृहम् । रचयति=निर्मापयति सम्माजंयतीत्यर्थः । अनुष्टुप् छन्दः ॥ २ ॥

(स्थापना—प्रस्तावना)

प्रतिहाराधिकृताः=प्रतिहारस्थाने राज्ञा नियुक्ताः । अभिवर्त्तते=आगच्छति ।

धृतराष्ट्र से उत्पन्न होने वाले दुर्योधनादिकों का पाण्डुपुत्र युधिष्ठिरादि से वैर उत्पन्न होने पर सेवक लोग दुर्योधन की आज्ञा से सभा भवन का निर्माण कर रहे हैं। २ ॥

(इतना कहकर चला जाता है)

स्थापना

(इसके अनन्तर कञ्चुकी का प्रवेश)

कञ्चुकी—हे हे प्रतिहार स्थल पर पहरा देने वाले लोगों ! महाराज दुर्योधन आज्ञा दे रहे हैं कि मैं आज अपने सभी राजाओं के साथ मन्त्रणा करना चाहता हूँ इसलिये सभी राजागण बुलाये जायं।

यन्तां सर्वे राजान इति । (परिक्रम्यावलोक्य) अये अयं महाराजो दुर्योधन इत एवाभिवर्तते । य एषः,

श्यामो युवा सितदुकूलकृतोत्तरीयः
सच्छत्रचामरवरो रचिताङ्गरागः ।
श्रीमान् विभूषणमणिद्युतिरञ्जिताङ्गो
नक्षत्रमध्य इव पर्वगतः शशाङ्कः ॥ ३ ॥

दुर्योधनं वर्णयति दूतः—श्यामो युवा इति ।

अन्वयः—(य एषः) श्यामः युवा सितदुकूलकृतोत्तरीयः सच्छत्रचामरवरः रचिताङ्गरागः श्रीमान् विभूषणमणिद्युतिरञ्जिताङ्गः नक्षत्रमध्ये पर्वगतः शशाङ्क इव (शोभते) ॥ ३ ॥

श्याम इति—एषः=दुर्योधनः । श्यामः=वर्णेन श्यामः । युवा=तरुणः । सितदुकूलकृतोत्तरीयः सितेन=शुभ्रवर्णेन दुकूलेन=क्षौमवस्त्रेण कृतम्=विहितम् उत्तरीयम्=प्रावारः येन सः तथोक्तः । सच्छत्रचामरवरः सत्=समीचीनम् छत्रम् चामरवरं च यस्मिन् सः=शोभनच्छत्रचामरशोभमानः । रचिताङ्गरागः रचितः=विहितः अङ्गेषु=शरीरावयवेषु रागः=अनुलेपनः येन सः । श्रीमान्=श्रीः अस्ति अस्येति श्रीमान् श्रिया युक्तः शोभासंपन्नो वा । विभूषणमणिद्युतिरञ्जिताङ्गः विभूषणार्थं धृता ये मणयः तेषां द्युतिभिः=प्रकाशैः रञ्जितानि=प्रकाशितानि अङ्गानि=शरीरावयवाः यस्य तादृशः । नक्षत्रमध्ये नक्षत्राणां=उडुगणानां तारकाणां मध्ये=मध्यभागे । पर्वगतः पर्वणि=पौर्णमास्याम् गतः=संप्राप्तः । शशाङ्कः=

(टहलते हुये सामने की ओर देखकर) अरे यह महाराज दुर्योधन इधर को ओर ही आ रहे हैं ।

श्यामल वर्ण का यह नवयुवक श्वेत रेशमी वस्त्र का उत्तरीय धारण किये श्वेत छत्र और श्वेत वर्ण का चामर धारण किये शरीर में अङ्गरागादि लगाये हुये है। और शरीर पर धारण किये गये मणिमय आभूषणों की छटा से श्रीयुक्त इसका शरीर इस प्रकार देदीप्यमान हो रहा है जिस प्रकार नक्षत्र मण्डलमध्यवर्ती पूर्णिमा का चन्द्रमा प्रकाशित होता है ॥ ३ ॥

(ततः प्रविशति यथानिर्दिष्टो दुर्योधनः ।)

दुर्योधनः—

उद्धूतरोषमिव मे हृदयं सहर्षं
प्राप्त रणोत्सवमिमं सहसा विचिन्त्य ।
इच्छामि पाण्डवबले वरवारणाना-
मुत्कृत्तदन्तमुसलानि मुखानि कर्तुम् ॥ ४ ॥

चन्द्रः । इव—यथा । शोभते=राजते । वसन्ततिलकावृत्तम् । उपमालङ्कारः ॥ ३ ॥

(यथानिर्दिष्टः=पूर्वोक्तः)

अन्वयः—सहसा प्राप्तं इमं रणोत्सवं विचिन्त्य उद्धूतरोषम् इव मे हृदयम् सहर्षं (जातम्) । अतः पाण्डवबले वरवारणानाम् मुखानि उत्कृत्तदन्तमुसलानि कर्त्तुम् इच्छामि ॥ ४ ॥

उद्धूतेति—सहसा=झटिति । प्राप्तम्=उपस्थितम् । इमम् वर्त्तमानं । रणोत्सवम्=संग्राममहः । विचिन्त्य=ज्ञात्वा । उद्धूतरोषम् उद्धूतः=विनष्टः रोषः=क्रोधः यस्मिन् तथाभूतं मे=मम । हृदयम्=चित्तम् । सहर्षम्=समुदम् । जातम् इति शेषः । (अतः) पाण्डवबले=पाण्डवसेनायाम् । वरवारणानाम् वराश्च ते वारणास्तेषाम्=महागजानाम् । मुखानि=आननानि उत्कृत्तदन्तमुसलानि उत्कृत्ताः उत्पाटिताः दन्ताः=रदाः मुसला इव येषु तानि तथाभूतानि । कर्त्तुम्=विधातुम् । इच्छामि=अभिलषामि । सहसा प्राप्तेऽस्मिन् रणे पाण्डवसैनिकगजानां विनाशं करिष्यामीत्यर्थः । वसन्ततिलकावृत्तम् । उपमालङ्कारः ॥ ४ ॥

(तदनन्तर उपर्युक्त प्रकार से वर्णित दुर्योधन का प्रवेश)

दुर्योधन आज क्रोध नष्ट हो जाने से मेरा हृदय प्रसन्न है । इतना ही नहीं सहसा इस रणमहोत्सव के उपस्थित हो जाने से पाण्डवसेना के मद, मत्त गजराजों के मुसल जैसे विशाल दाँतों को उखाड़ कर उनके मुखों को दन्तहीन करने की इच्छा होती है ॥ ४ ॥

काञ्चुकीयः—जयतु महाराजः । महाराजशासनात् समानीतं सर्वराजमण्डलम् ।

दुर्योधनः—सम्यक् कृतम् । प्रविश त्वमवरोधनम् ।

काञ्चकीयः—यदाज्ञापयति महाराजः । (निष्क्रान्तः ।)

दुर्योधनः—आर्यौ वैकर्णवर्षदेवौ ! उच्यताम्—अस्ति ममैकादशाक्षौहिणीबलसमुदयः । अस्य कः सेनापतिर्भवितुमर्हति । किं किमाहतुर्भवन्तौ—महान् खल्वयमर्थः । मन्त्रयित्वा वक्तव्यमिति । युक्तमेतत् । तदागम्यतां मन्त्रशालामेव प्रविशामः । आचार्य ! अभिवादये प्रविशतु भवान् मन्त्रशालाम् । पितामह ! अभिवादये । प्रविशतु भवान् मन्त्रशालाम् । मातुल ! अभिवादये । प्रविशतु भवान् मन्त्र-

---

कञ्चुकीयः—महाराजशासनात् महाराजस्य शासनम्=निदेशः तस्मात् । समानीतम्=उपस्थापितम् । राजमण्डलम्=राजसमूहः ।

दुर्योधनः—सम्यक् कृतम्=समीचीनं संपादितम् । अवरोधनम्=अन्तःपुरम् ।

कञ्चुकीयः—(निष्क्रान्तः=झटिति ततः प्रस्थितः) ।

दुर्योधनः—खलु=निश्चये । अर्थः=प्रश्नसारः । मन्त्रयित्वा—मन्त्रणां कृत्वा । मन्त्रशालाम्=सभागृहम् । स्वैरम्=शनैः शनैः । वयस्य=मित्र ।

कञ्चुकीय—महाराज की जय हो । महाराज की आज्ञा से सभी राजागण बुला लाये गये हैं ।

दुर्योधन—बहुत अच्छा किया । अब तुम अन्तःपुर में जाओ ।

कञ्चुकीय—जैसी महाराज की आज्ञा (इतना कहकर चला जाता है) ।

दुर्योधन—हे आर्य वैकण एवं वर्षदेव ! बताओ मेरी ग्यारह अक्षौहिणी सेना का यह समूह उपस्थित है । तो इसका सेनापतित्व करने योग्य कौन है ? क्या कहा कि 'यह कहना निश्चय ही कठिन है । मन्त्रणा करने के बाद ही इस विषय में कुछ कहा जा सकता है ।' यह बात तो युक्तियुक्त है । तो आइए हम सभी सभा-भवन में चलें । आचार्य ! आपका अभिवादन करता हूँ । सभाभवन में पधारिये । पितामह ! आपका अभिवादन करता हूँ आप

शालाम् । आर्यौ वैकर्णवर्षदेवौ ! प्रविशतां भवन्तौ । भो भोः सर्वक्षत्रियाः ! स्वैरं प्रविशन्तु भवन्तः । वयस्य ! कर्ण ! प्रविशामस्तावत् ।

(प्रविश्य)

आचार्य ! एतत् कूर्मासनम्, आस्यताम् । पितामह ! एतत् सिंहासनम्, आस्यताम् । मातुल ! एतच्चर्मासनम्, आस्यताम् । आर्यौ वैकर्णवर्षदेवौ ! आसातां भवन्तौ । भो भोः सर्वक्षत्रियाः ! स्वैरमासतां भवन्तः । किमिति किमिति महाराजो नास्त इति । अहो सेवाधर्मः । नन्वयमहमासे । वयस्य कर्ण ! त्वमप्यास्स्व । (उपविश्य ।) आर्यौ वैकर्णवर्षदेवौ ! उच्यताम्—अस्ति ममैकादशाक्षौहिणीबलसमुदयः । अस्य कः सेनापतिर्भवितुमर्हतीति । किमाहतुर्भवन्तौ—अत्रभवान्

गाङ्गेये=भीष्मपितामहे । अभिलषामः=इच्छामः । अत्र आकाशभाषितमपि विद्यते—तल्लक्षणं यथा दशरूपके (१।६७)—

किं ब्रवीष्येवमित्यादि विना पात्रं ब्रवीति यत् ।
श्रुत्वेवानुक्तमप्येकस्तत् स्यादाकाशभाषितम् ॥

सभाभवन में चलें । मामाजी ! अभिवादन करता हूँ आप सभाभवन में चलें । आर्य वैकर्ण एवं आर्य वर्षदेव ! आप दोनों भी सभाभवन में प्रवेश करें । अच्छा मित्र कर्ण ! अब हम सब भी सभाभवन में प्रवेश करें ।

(प्रवेश कर)

आचार्य ! यह कूर्मासन आपके लिये । है इस पर विराजिये । पितामह यह सिंहासन है इस पर आप बैठिये । मामाजी ! यह (मृग का) चर्मासन है आप भी बैठिये । आर्य वैकर्ण एव आर्य वर्षदेव ! आप दोनों भी बैठें । अच्छा अब सभी क्षत्रियगण धीरे-धीरे आप लोग भी बैठ जायें । अरे यह क्या (कहा) जो महाराज आसन पर आसीन नहीं हो रहे हैं ? अरे सेवा धर्म कठिन होता है । लीजिये यह मैं बैठ गया । अच्छा मित्र कर्ण ! तुम भी बैठो । (बैठकर) आर्य वैकर्ण एवं आर्य वर्षदेव ! मेरे पास ग्यारह अक्षौहिणी सेना का समुदाय है तो इसका सेनापति होने योग्य कौन है ? आपलोग क्या कहते हैं कि गान्धारराज शकुनि इसे बतलायेंगे । अच्छा मामा ही

गान्धारराजो वक्ष्यतीति। भवतु, मातुलेनाभिधीयताम्। किमाह मातुलः—अत्रभवति गाङ्गेये स्थिते कोऽन्यः सेनापतिर्भवितुमर्हतीति। सम्यगाह मातुलः। भवतु भवतु, पितामह एव भवतु। वयमप्येतदभिलषामः।

सेनानिनादपटहस्वनशङ्खनादै-
श्चण्डानिलाहतमहोदधिनादकल्पैः।
गाङ्गेयमूर्ध्नि पतितैरभिषेकतोयैः
सार्धं पतन्तु हृदयानि नराधिपानाम् ॥ ५ ॥

दुर्योधनः सर्वाभिमतं गाङ्गेयं सेनापतित्वेन प्रतिष्ठापयति—

अन्वयः—चण्डानिलाहतमहोदधिनादकल्पैः सेनानिनादपटहस्वनशङ्खनादैः गाङ्गेयमूर्ध्निपतितैः अभिषेकतोयैः सार्धम् नराधिपानां हृदयानि पतन्तु ॥ ५ ॥

सेनेत्यादि—चण्डानिलाहतमहोदधिनादकल्पैः चण्डैः=प्रचण्डैः अनिलैः=वायुभिः आहतस्य=आघातं प्रापितस्य महोदधेः=समुद्रस्य नादेन कल्पैः=तुल्यैः महासागरतुल्यघोषैरित्यर्थः। सेनानिनादपटहस्वनशङ्खनादैः सेनायाः=बलानां निनादः=घोषः पटहानाम्=वाद्यविशेषाणां स्वनः=शब्दः शङ्खानाम्=कम्बूनां नादः=रवश्चेत्येतैः उपलक्षितैः। गाङ्गेयमूर्ध्नि=भीष्मशिरसि। पतितैः=उत्सृष्टैः अभिषेकतोयैः=अभिषेक-

---

सही वही बतलायें। अरे मामाजी ने क्या कहा कि यहाँ भीष्मपितामह के रहते दूसरा कौन इस सेना का संचालन कर सकता है? मामाजी ने यह बात तो ठीक ही कही, अच्छा अच्छा! पितामह ही सेनापति बनें। यह हम सभी की इच्छा है।

प्रचण्ड वायु के चलने से तरङ्गित समुद्र की गर्जना के समान सेना के कोलाहल, नगाड़े तथा शङ्ख के निनाद से युक्त भीष्म के मस्तक पर अभिषिक्त मन्त्रपूत जलों के साथ समस्त राजाओं का हृदय भी उधर ही आकृष्ट हो। अर्थात् अनेक प्रकार के भेरी शङ्खादि वाद्यों के शब्दों के साथ ब्राह्मणों द्वारा मन्त्रपूत जलों से अभिषिक्त भीष्म को आप लोग देखें ॥ ५ ॥

(प्रविश्य)

काञ्चुकीयः—जयतु महाराजः। एष खलु पाण्डवस्कन्धावाराद् दौत्येनागतः पुरुषोत्तमो नारायणः।

दुर्योधनः—मा तावद् भो बादरायण ! किं किं कंसभृत्यो दामोदरस्तव पुरुषोत्तमः। स गोपालकस्तव पुरुषोत्तमः। बार्हद्रथापहृतविषयकीर्त्तिभोगस्तव पुरुषोत्तमः। अहो पार्थिवासन्नमाश्रितस्य भृत्यजनस्य समुदाचारः। सगर्वं खल्वस्य वचनम्। आः अपध्वस ?

जलैः। सार्धम्=साकम्। नराधिपानाम्=समागतराज्ञाम्। हृदयानि=चेतांसि। पतन्तु=आकृष्टानि भवन्त्वित्यर्थः अथवा शत्रूणां विनश्यन्तु। वसन्ततिलकावृत्तम्। सहोक्तिरलङ्कारः॥ ५॥

कञ्चुकीयः—पाण्डवस्कन्धावारात् पाण्डवानाम्=युधिष्ठिरादीनाम् स्कन्धावारः शिविरप्रदेशस्तस्मात्। दौत्येन=दूतकार्यंचिकीर्षया। आगतः=संप्राप्तः। पुरुषोत्तमः=पुरुषश्रेष्ठः। नारायणः=श्रीकृष्णः।

दुर्योधनः—मा तावद्=एवं मा वद। बादरायणः दूतस्य नाम। दामोदरः दाम=रज्जुः उदरे यस्य तादृशः। मात्रा रज्वा उलूखले बद्ध इति यावत्। गोपालः=गोरक्षकः। बार्हद्रथापहृतविषयकीर्त्तिभोगः बार्हद्रथेन=जरासंधेन अपहृतः विषयः=देशः कीर्त्तिः=यशः भोगश्च=आनन्दः यस्य सः। आचारोल्लङ्घनात् भृत्यं भर्त्सितुमुपक्रमते अहो—अहो=इत्याश्चर्ये। समुदाचारः=आचारोल्लङ्घनम्। अपध्वस=रे महानीच नीचैः पत।

(प्रवेश कर)

कञ्चुकीय—महाराज की जय हो। पाण्डवों के शिविर से दूत के रूप में पुरुषोत्तम नारायण पधारे हैं।

दुर्योधन—हे बादरायण ! ऐसा मत कहो। क्या क्या ! कंस के सेवक एवं रस्सी से जकड़े जाने वाले दामोदर तुम्हारे पुरुषोत्तम हैं। क्या जो गोपालक जाति वाला है वही तुम्हारा पुरुषोत्तम है। क्या जरासंध ने जिसके देश, कीर्त्ति एवं सुख का अपहरण कर लिया वही पुरुषोत्तम है। ओह ! राजा के समीप में रहनेवाले भृत्यजनों की ऐसी धृष्टता ! अरे इसकी बात तो बड़ी गर्वीली है। अरे नीच ! भाग जा।

काञ्चुकीयः—प्रसीदतु महाराज । सम्भ्रमेण समुदाचारो विस्मृतः (पादयोः पतति ।)

दुर्योधनः—संभ्रम इति । आः मनुष्याणामस्त्येव संभ्रमः । उत्तिष्ठोत्तिष्ठ ।

काञ्चुकीयः—अनुगृहीतोऽस्मि ।

दुर्योधनः—इदानीं प्रसन्नोऽस्मि । क एष दूतः प्राप्तः ।

काञ्चुकीयः—दूतः प्राप्तः केशवः ।

दुर्योधनः—केशव इति । एवमेष्टव्यम् ! अयमेव समुदाचारः । भो भो राजानः ! दौत्येनागतस्य केशवस्य किं युक्तम् । किमाहुर्भवन्तः । अर्घ्यप्रदानेन पूजयितव्यः केशव इति । न मे रोचते । ग्रहणमस्यात्र हितं पश्यामि ।

कञ्चुकीयः—संभ्रमेण=त्वरया विस्मृत्या वा ।

दुर्योधनः—एवम्=अनेन प्रकारेण एष्टव्यम्=वक्तुमुचितम् । समुदाचारः=सौजन्यम् । मे मह्यम् न रोचते=न प्रतिभाति । ग्रहणम्=वशीकरणम् बन्धनमित्यर्थः । अत्र=विषये । हितम्=हितकारकम् । पश्यामि=जानामि ।

कञ्चुकीय—महाराज प्रसन्न हों । घबराहट के कारण शिष्टाचार का ध्यान नहीं रहा । (ऐसा कहकर पैरों पर गिरता है) ।

दुर्योधन—क्या कहा घबराहट ? आः मनुष्यों को कभी-कभी ऐसी घबराहट हो ही जाती है ।

कञ्चुकीय—अनुगृहीत हुआ ।

दुर्योधन—अच्छा इस समय प्रसन्न हूँ । बताओ कौन दूत बनकर आया है ।

कञ्चुकीय—वही जिसका नाम केशव है (के=जले शवः जल में बहने वाला मुर्दा) ।

दुर्योधन—केशव ! यही कहना चाहिये । यही शिष्टाचार है । हे हे राजाओ ! दूत के रूप में आये हुये उस केशव के लिये क्या उचित है । आपलोग क्या कहते हैं कि अर्घ्य दान देकर उन (केशव) की पूजा करनी

ग्रहणमुपगते तु वासुभद्रे
हृतनयना इव पाण्डवा भवेयुः।
गतिमतिरहितेषु पाण्डवेषु
क्षितिरखिलापि भवेन्ममासपत्ना ॥ ६ ॥

अपि च योऽत्र केशवस्य प्रत्युत्थास्यति, स मया द्वादशसुवर्णभारेण दण्ड्यः। तदप्रमत्ता भवन्तु भवन्तः। को नु खलु ममाप्रत्युत्थानस्योपायः। हन्त दृष्ट उपायः। बादरायण! आनीयतां स चित्रपटो

इदानीं वासुदेवग्रहणफलं दुर्योधन उपपादयति—

अन्वयः—वासुभद्रे ग्रहणम् उपगते तु पाण्डवाः हृतनयना इव भवेयुः। गतिमतिरहितेषु पाण्डवेषु मम अखिला अपि क्षितिः असपत्ना भवेत् ॥६॥

वासुभद्रे—('विनापि प्रत्ययं पूर्वोत्तरपदलोपो वा वक्तव्यः' सत्या भामा इतिवत् तेनात्र वासुपदं वासुदेवपक्षबोधकम्)=श्रीकृष्णे। ग्रहणम्=बन्धनम्। उपगते=प्राप्ते। तु पाण्डवाः=युधिष्ठिरादयः। हृतनयनाः हृतानि नयनानि येषां ते तथाभूताः=विनष्टचक्षुषः इव=यथा ; भवेयुः=स्युः। एवं च तेषु गतिमतिरहितेषु गतिश्च मतिश्च तयोः रहिताः तेषु=मार्गदर्शकाभावेन किंकर्त्तव्यविमूढेषु पाण्डवेषु सत्सु मम अखिलापि=अशेषापि। क्षितिः=भूमिः। असपत्ना=विपक्षरहिता निष्कण्टका इत्यर्थः। भवेत्=स्यात्। पुष्पिताग्रा वृत्तम् ॥ ६ ॥

चाहिये। यह बात मुझे अच्छी नहीं लगी ! इसे पकड़कर बाँध रखने में ही भलाई समझता हूं।

भद्र वासुदेव को पकड़कर बंधन में ले लेने के पश्चात् पाण्डव अन्धे जैसे हो जायँगे। फिर पाण्डवों के गति (उपाय) और मति (बुद्धि) के अभाव हो जाने पर यह सारी पृथ्वी मेरे लिये निष्कण्टक हो जायगी और मैं इसका एकच्छत्र राज्य करूँगा ॥ ६ ॥

इतना ही नहीं इस सभा में जो भी केशव के लिये (आदर प्रदर्शनार्थ) प्रत्युत्थान करेगा—वह १२ सुवर्ण भार से मेरे द्वारा दण्डित किया जायगा इसलिये,आपलोग सावधान हो जावें। तो मैं अपने लिये उसके प्रति प्रत्युत्थान

ननु, यत्र द्रौपदीकेशाम्बराकर्षणमालिखितम् । (अपवार्य) तस्मिन् दृष्टिविन्यासं कुर्वन् नोत्थास्यामि केशवस्य ।

काञ्चुकीयः—यदाज्ञापयति महाराजः । (निष्क्रम्य प्रविश्य) जयतु महाराजः । अयं स चित्रपटः ।

दुर्योधनः—ममाग्रतः प्रसारय ।

काञ्चुकीयः—यदाज्ञापयति महाराजः । (प्रसारयति) ।

दुर्योधनः—अहो दर्शनीयोऽयं चित्रपटः । एष दुःशासनो द्रौपदीं केशहस्ते गृहीतवान् । एषा खलु द्रौपदी,

---

प्रत्युत्थास्यति=प्रत्युत्थानादिना स्वागतं करिष्यति । द्वादशसुवर्णभारेण द्वादशानां सुवर्णानां भारस्तेन पलसहस्रद्वितयं भारः तादृक्परिमाणेन द्वादशगुणितसंख्याकसुवर्णेनेत्यर्थः । दण्ड्यः=दण्डयितुं योग्यः । अप्रत्युत्थानस्य=स्वागतार्थं प्रत्युत्थानाकरणस्य । द्रौपदीकेशाम्बराकर्षणम्=द्रौपद्याः केशानां अम्बराणां=वस्त्राणां च आकर्षणम्=आकृष्टिर्यथा स्यात्तथा आलिखितम्=चित्रितम् । (अपवार्य=पृथक्कृत्य) दृष्टिविन्यासम्=दृष्टिन्यासम् । नोत्थास्यामि=प्रत्युत्थानं न करिष्यामि ।

न करने का क्या उपाय खोजूँ । अच्छा उपाय तो मिल गया । हे वादरायण ! जिसमें द्रौपदी के केश और वस्त्र खींचे जाने का चित्रण है उस चित्रपट को ले आओ । उसे देखने का बहाना बनाकर उसी पर दृष्टि गड़ाये रखूँगा । इस प्रकार केशव के आने पर मैं बैठा रहूँगा तथा प्रत्युत्थानादि से उनका सत्कार नहीं करूँगा ।

कञ्चुकी—महाराज की जैसी आज्ञा (जाकर पुनः लौटकर) महाराज की जय हो । यही वह चित्रपट है ।

दुर्योधन—मेरे संमुख इसे फैलाओ ।

कञ्चुकीय—महाराज की जैसी आज्ञा (चित्रपट फैलाता है) ।

दुर्योधन—अहो यह चित्रपट तो देखने के योग्य है । यह दुःशासन केशयुक्त हाथ में द्रौपदी को पकड़े हुये है । और यह है द्रौपदी ।

दुःशासनपरामृष्टा सम्भ्रमोत्फुल्ललोचना ।
राहुवक्त्रान्तरगता चन्द्रलेखेव शोभते ॥ ७ ॥

एष दुरात्मा भीमः सर्वराजसमक्षमवमानितां द्रौपदीं दृष्ट्वा प्रवृद्धामर्षः सभास्तम्भं तुलयति । एष युधिष्ठिरः,

सत्यधर्मघृणायुक्तो द्यूतविभ्रष्टचेतनः ।

दुर्योधनः—चित्रपटे लिखितं वस्तुविन्यासं प्रकटयति—अहो इत्यादि पदेन ।

अन्वयः—दुशासनपरामृष्टा सम्भ्रमोत्फुल्ललोचना (इयं द्रौपदी) राहुवक्त्रान्तरगता चन्द्रलेखा इव शोभते ॥ ७ ॥

दुःशासनेति—दुःशासनपरामृष्टा दुःशासनेन=दुर्योधनकनीयसा भ्रात्रा । परामृष्टा=परिमर्दिता केशाम्बराकर्षणेनेति शेषः । संभ्रमोत्फुल्ललोचना सम्भ्रमेण=भीत्या उत्फुल्ले=विकसिते नेत्रे=नयने यस्याः सा राहुवक्त्रान्तरगता राहोः वक्त्रे=वदने अन्तरगता=अभ्यन्तरीभूता चन्द्रलेखा=इन्दुकला इव=यथा शोभते=विराजते । इयं कथा विस्तरेण महाभारते सभापर्वणि द्रष्टव्या । अत्रोपमालंकारः । अनुष्टुप् वृत्तम् ॥ ७ ॥

दुरात्मा=दुष्टस्वभावः । सर्वराजसमक्षम्=राजौघप्रत्यक्षम् । प्रवृद्धामर्षः=प्रवृद्धः अमर्षः=क्रोधः यस्य तादृशः । सभास्तम्भम्=सभास्थितम् स्तम्भम् । तुलयति=उत्पाटयति ।

चित्रपटगतां तदानींतनां युधिष्ठिरावस्थां वर्णयति दुर्योधनः—

अन्वयः—सत्यधर्मघृणायुक्तः द्यूतविभ्रष्टचेतनः (एष युधिष्ठिरः)

दुःशासन द्वारा केशों के घसीटने से जिस द्रौपदी की भयवश आँखें विकसित हो गई हैं ऐसी यह राहु के मुख में फँसे चन्द्र की कला जैसी शोभित हो रही है ॥ ७ ॥

यह दुष्टात्मा भीम है जो समस्त राजमण्डल के सामने अपमानित द्रौपदी को देखकर अत्यन्त क्रोध से तिलमिला कर सभागृह के खम्भों को उखाड़ रहा है । और यह हैं युधिष्ठिर ।

जो सत्य, धर्म एवं दया से युक्त होकर भी जूये में किंकर्त्तव्यविमूढ़ हो

करोत्यपाङ्गविक्षेपैः शान्तामर्षं वृकोदरम् ॥ ८ ॥

एष इदानीमर्जुनः,

रोषाकुलाक्षः स्फुरिताधरोष्ठ-
स्तृणाय मत्वा रिपुमण्डलं तत् ।
उत्सादयिष्यन्निव सर्वराज्ञः
शनैः समाकर्षति गाण्डिवज्याम् ॥ ९ ॥

अपाङ्गविक्षेपैः वृकोदरं शान्तामर्षं करोति ॥ ८ ॥

सत्येति—सत्यधर्मघृणायुक्तः सत्येन धर्मेण घृणया—दयया च युक्तः= सहितः । द्यूतविभ्रष्टचेतनः द्यूतेन=द्यूते पराजयेन विभ्रष्टा=विनष्टा चेतना=बुद्धिः यस्य स एवंभूतः एष युधिष्ठिरः अपाङ्गविक्षेपैः अपाङ्गानां= कटाक्षाणां विक्षेपैः=वीक्षणैः वृकोदरम्=भीमसेनम् शान्तामर्षं शान्तः अमर्षः= क्रोधः यस्य तम् तथाविधम् करोति=विदधाति । (इति चित्रपत्रे दर्शयति) अनुष्टुब्वृत्तम् ॥ ८ ॥

एवम् चित्रपटगतामर्जुनावस्थां वर्णयति दुर्योधनः—

अन्वयः—रोषाकुलाक्षः स्फुरिताधरोष्ठः (अयम् अर्जुनः) तत् रिपुमण्डलं तृणाय मत्वा सर्वराज्ञः उत्सादयिष्यन् इव शनैः गाण्डिवज्याम् समाकर्षति ॥ ९ ॥

रोषेति—रोषाकुलाक्षः रोषेण=क्रोधेन आकुले=व्याप्ते अक्षिणी=नेत्रे यस्य सः । स्फुरिताधरोष्ठः स्फुरितौ=अधरोष्ठौ=दन्तच्छदौ यस्य सः तथाविधोऽयमर्जुनः तत्=पुरोवर्तिशत्रुराजकम् । तृणाय=तृणसमम् । अकिञ्चित्करं मत्वा=परिज्ञाय सर्वराज्ञः=समस्तभूपान् । उत्सादयिष्यन्=

अपने कटाक्ष के सकेत से उन भीमसेन को शान्त कर रहे हैं। इसी समय अर्जुन दिखाई पड़ रहे हैं ॥ ८ ॥

जिनकी आँखें क्रोध से लाल-लाल हो रही हैं और अधरोष्ठ फड़क रहे हैं इतना ही नहीं वे समस्त शत्रुसमूहों को तृण के समान समझते हुये समस्त राजमण्डल को उखाड़ फेंकने की मुद्रा में अपने धनुष की प्रत्यञ्चा को खींच रहे हैं ॥ ९ ॥

एष युधिष्ठिरोऽर्जुनं निवारयति । एतौ नकुलसहदेवौ,

कृतपरिकरबन्धौ चर्मनिस्त्रिशहस्तौ
परुषितमुखरागौ स्पष्टदष्टाधरोष्ठौ ।
विगतमरणशङ्कौ सत्वरं भ्रातरं मे
हरिमिव मृगपोतौ तेजसाभिप्रयातौ ॥ १० ॥

निर्मूलयिष्यन् इव —यथा शनैः = मन्दं यथा स्यात्तथा गाण्डिवज्याम् गाण्डिवस्य ज्या मौर्वी = ताम् । समाकर्षति = सम्यक् प्रकारेणाकर्षणं करोति । उत्प्रेक्षालङ्कारः । उपेन्द्रवज्रावृत्तम् ॥ ९ ॥

इदानीम् क्रमप्राप्तां चित्रपटगां नकुलसहदेवावस्थां विशिनष्टि दुर्योधनः—

अन्वयः—कृतपरिकरबन्धौ चर्मनिस्त्रिशहस्तौ परुषितमुखरागौ स्पष्टदष्टाधरोष्ठौ विगतमरणशङ्कौ (इमौ नकुलसहदेवौ) मृगपोतौ तेजसा हरिम् इव मे भ्रातरम् अभिप्रयातौ स्तः ॥ १० ॥

कृतेति—कृतपरिकरबन्धौ कृतः = विहितः परिकरस्य = कटिप्रदेशस्य वस्त्रस्य बन्धो याभ्यां तौ । चर्मनिस्त्रिशहस्तौ चर्म = फलकं निस्त्रिशः = खड्गञ्च हस्ते ययोस्तौ । परुषितमुखरागौ परुषितं निष्ठुरीभूतम् मुखरागम् मुखवर्णम् ययोस्तौ स्पष्टदष्टाधरोष्ठौ स्पष्टम् प्रत्यक्षम् यथा स्यात्तथा दष्टौ = चर्वितौ अधरोष्ठौ = दशनच्छदौ याभ्यां तौ । विगतमरणशङ्कौ विगता =

और यह युधिष्ठिर उन्हें ऐसा करने से रोक रहे हैं । और ये दोनों नकुल और सहदेव हैं ।

जो युद्ध के लिये तैयार होकर अपना फेटा कसकर बाँध चुके हैं । हाथ में ढाल और तलवार ले चुके हैं । क्रोध के कारण जिनके मुख विवर्ण होकर कठोर हो चुके हैं, जो क्रोध के कारण अपने दाँतों को ओंठ से चबा रहे हैं । और जो अपनी मृत्यु का भय त्याग कर अपने तेज से शीघ्रतापूर्वक इस प्रकार मेरे भाइयों पर आक्रमण के लिये उतावले हैं जैसे हिरण के बच्चे अपने मृत्यु का भय त्यागकर अपने तेज से सिंह को आक्रान्त कर रहे हों ॥ १० ॥

एष युधिष्ठिरः कुमारावुपेत्य निवारयति—

नीचोऽहमेव विपरीतमतिः कथं वा
रोषं परित्यजतमद्य नयानयज्ञौ ।
द्यूताधिकारमवमानममृष्यमाणाः
सत्त्वाधिकेषु वचनीयपराक्रमाः स्युः ॥ ११ ॥

मरणस्य = मृत्योः शङ्का संदेहः ययोस्तौ । (इमौ नकुलसहदेवौ) मृगपोतौ= हरिणशावकौ हरिम् = सिंहम् इव = यथा तेजसा = पराक्रमेण मम भ्रातरं= दुःशासनम् अभिप्रयातौ=अभियानं कृतवन्तौ । यथा हरिणशावकौ मृत्युशंकामविगणय्य स्वतेजसा सिंहं घर्षयतस्तथेमौ यमजावपि स्वतेजसा सिंहमिव मे भ्रातरमभियानं कृतवन्तौ स्तः इति भावः । अत्रोपमालंकारः । मालिनीवृत्तम् ॥ १० ॥

युधिष्ठिरः कुमारौ = नकुलसहदेवौ उपेत्य = गत्वा । निवारयति निषेधति एवंभूतेन वचनेन—

अन्वयः—विपरीतमतिः अहमेव नीचः नयानयज्ञौ रोषं परित्यजतम् । सत्त्वाधिकेषु द्यूताधिकारम् अवमानम् अमृष्यमाणाः वचनीयपराक्रमाः कथं वा स्युः ॥ ११ ॥

महीति । हे देव=हे द्योतनात्मक परमात्मन् । भूतले=पृथिव्याम् महीभारापनयनम् मह्याः=उर्व्याः भारः राक्षसादेरिति शेषः तस्य अपनयनम्=विनाशम् कर्त्तुम् विधातुं जातस्य=अवतरितस्य तव अस्मिन् एव गते=मात्रैतस्य विनाशे कृते । श्रमः=आगमनरूपपरिश्रमः । विफलः=निष्फलः स्यात् भवेत ननु इति तर्कनायाम् । एतेन सहाम्येऽपि पृथिव्याः भारभूता नृपाः हन्तव्याः येनावतारप्रयोजनं सार्थकं भवेन्मात्रैकस्यास्य हनने तु श्रमो विफल एवेति भावः । अनुष्टुप्छन्दः ॥ ४६ ॥

वासुदेवः—रोषात् क्रोधावेशेन समुदाचारं=कर्त्तव्यपथः । नावेक्षितः न परिज्ञातः ।

सुदर्शनः—राज्ञः संबोध्य प्रशास्ति यन्नायं गोपालः । किन्तु त्रिचरणातिक्रान्तत्रिलोक त्रिचरणेन त्रिपदेन अतिक्रान्तः=समुल्लङ्घितः त्रिलोको येन सः तथाभूतः नारायणः विराड् रूपधारी त्रिविक्रमो नारायण इति भावः ।

इस दुर्योधन की मृत्यु से तुम्हारा अवतरित होने का सारा श्रम व्यर्थ होगा ॥ ४६ ॥

वासुदेव—सुदर्शन ! क्रोध के कारण मुझे अपने कर्त्तव्य का ज्ञान नहीं हुआ । तो तुम अपने निवासस्थान पर लौट जाओ ।

सुदर्शन—भगवान् नारायण की जैसी आज्ञा । गोपालक (गौओं का पालन करने वाले) कैसे ! अपने तीन चरणों से सारे त्रिलोक को नाप

व्रजन्तु भवन्तः । यावद् गच्छामि । अये एतद् भगवदायुधवरं शार्ङ्गं प्राप्तम् ।

तनुमृदुललिताङ्गं स्त्रीस्वभावोपपन्नं
हरिकरधृतमध्यं शत्रुसङ्घैककालः ।
कनकखचितपृष्ठं भाति कृष्णस्य पार्श्वे

अतो भवन्त एतस्य शरणं व्रजन्त्विति पुनश्च गमनायोद्यतः सन् भगवत्संकल्पमात्रेणोपस्थितं शार्ङ्गं दृष्ट्वा तमेव वर्णयति—

अन्वयः—तनुमृदुललिताङ्गम् स्त्रीस्वभावोपपन्नं हरिकरधृतमध्यं शत्रुसंघैककालः कनकखचितपृष्ठं नवसलिलदपार्श्वे चारु विद्युल्लता इव कृष्णस्य पार्श्वे भाति ॥ ४७ ॥

व्याख्या—तनुमृदुललिताङ्गम् तनु=कृशम् मृदु=मसृणं च ताभ्याम् । ललितम्=मनोहरम् अङ्गम्=शरीरावयवं यस्य तत् । स्त्रीस्वभावोपपन्नम् स्त्रियः स्वभावस्तेन उपपन्नम् युक्तम्=वक्रतया यद्वा तासां कटाक्षवीक्षणस्य तथात्वारोपेणोपमितम् । स्त्रीस्वभावेनोपमितम् । हरिकरधृतमध्यम् । हरिकरेण=विष्णुपाणिना धृतः मध्यो मध्यभागो यस्य तत्=विष्णुमुष्टिस्थितमिति भावः । शत्रुसंघैक कालः शत्रूणां सङ्घः तेषाम् एकः कालः तथाभूतम् विपक्षसमूह विध्वकमित्यर्थः । कनकखचितपृष्ठम् ।

लेने वाले आप त्रिविक्रम नारायण अवश्य हैं । हे राजाओं आप लोग इनकी शरण में जावें । अच्छा अब मैं जाता हूं । अरे यह भगवान् का सर्वश्रेष्ठ आयुध शार्ङ्ग धनुष आ गया ।

इस शार्ङ्ग का अङ्ग तनु (सूक्ष्म) मृदु (कोमल) तथा ललित (मनोज्ञ) है यह स्त्रीस्वभाव (तीक्ष्ण चपल तथा टेढ़ापन) से युक्त है । इसका मध्यम भाग भगवान् के हाथों से गृहीत है । यह शत्रुओं के समूह के लिये अकेले ही काल हैं । इसका पृष्ठ भाग सुवर्ण से जटित है इस समय यह शार्ङ्ग धनुष श्रीकृष्ण के समीप होने से ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे श्यामल मेघ के समीप विद्युच्छटा । हे हे शार्ङ्ग ! भगवान् नारायण का

नवसलिलदपार्श्वे चारु विद्युल्लतेव ॥ ४७ ॥

भो भोः ! शार्ङ्ग, प्रशान्तरोषो भगवान् नारायणः । गम्यतां स्वनिलयमेव । हन्त निवृत्तः । यावद् गच्छामि । अये इयं कौमोदकी प्राप्ता ।

मणिकनकविचित्रा चित्रमालोत्तरीया
सुररिपुगणगात्रध्वंसने जाततृष्णा ।

कनकेन सुवर्णेन खचितं अनुस्यूतम् पृष्ठम्=पृष्ठभागो यस्य तत् । नवसलिलदपार्श्वे नवानाम्=नूतनानाम् सलिलदानाम्=मेघानाम् । पार्श्वे=समीपे । चारु=सुन्दरं यथा स्यात्तथा विद्युल्लता=तडिद्रेखा इव कृष्णस्य=वासुदेवस्य । पार्श्वे=समीपे भाति=शोभते । मालिनीवृत्तम् । उपमालङ्कारः ॥ ४७ ॥

पुनः भगवतः संकल्पमात्रेणोपस्थितां कौमोदकीं गदां दृष्ट्वा वर्णयति सुदर्शनः—

अन्वयः—मणिकनकविचित्रा चित्रमालोत्तरीया सुररिपुगणगात्रध्वंसने जाततृष्णा गिरिवरतटरूपा दुर्निवारा अतिवीर्या देववृन्दानुयाता इयं कौमोदकी शीघ्रं नभसि व्रजति ॥ ४८ ॥

व्याख्या—मणिकनकविचित्रा मणिभिः कनकेन=हाटकेन च विचित्रा=अनेकरूपा । चित्रमालोत्तरीया चित्रवर्णा माला उत्तरीयम्=ऊर्ध्ववस्त्रं यस्याः सा । सुररिपुगणगात्रध्वंसने सुररिपुगणानाम्=असुरसमूहानां गात्राणि=शरीराणि ध्वंसने=विनाशे जाततृष्णा जाता=उत्पन्ना तृष्णा=लोभो

क्रोध अब शान्त हो गया है अतः तुम अपने निवासस्थान पर लौट जाओ। अच्छा तो मैं भी जाता हूँ। अरे यह कौमोदकी गदा उपस्थित हो गई ॥ ४७ ॥

जो गदा मणियों एवं स्वर्ण से निर्मित होने के कारण तथा विचित्र वर्ण की माला का उत्तरीय धारण की है। देवद्वेषी असुरों के शरीर को चूर्ण करने की तृष्णा से युक्त तथा पर्वत प्रान्त भाग जैसी विशाल है।

गिरिवरतटरूपा दुर्निवारातिवीर्या
व्रजति नभसि शीघ्रं मेघवृन्दानुयात्रा ॥ ४८ ॥

हे कौमोदकि ! प्रशान्तरोषो भगवान् नारायणः । हन्त निवृत्ता । यावद्गच्छामि । अये अयं पाञ्चजन्यः प्राप्तः ।

पूर्णेन्दुकुन्दकुमुदोदरहारगौरो
नारायणाननसरोजकृतप्रसादः ।

यस्याः सा । गिरिवरतटरूपा गिरीणां वरः तस्य तटम्=प्रान्तभागम् । तदिव रूपं=स्वरूपं यस्याः सा पर्वतप्रान्तभागतीक्ष्णफलकेत्यर्थः । दुर्निवारा=दुःखेन निवारणं अवरोधो यस्याः सा तादृशी । अतिवीर्या=अति=महत् वीर्यम्=पराक्रमो यस्याः सा=लोकोत्तर पराक्रमा । मेघवृन्दानुयात्रा मेघवृन्दस्य=मेघसमूहस्य अनुयात्रम्=अनुगमनं यस्या सा जलदसमूहानुगा इयम् कौमोदकी=भगवतः श्रीकृष्णस्य गदा नभसि=आकाशे व्रजति=गच्छति । मालिनीवृत्तम् । रूपकालंकारः ॥ ४८ ॥

अथावसरं प्राप्तं पाञ्चजन्यं वर्णयति सुदर्शनः—

अन्वयः—पूर्णेन्दुकुन्दकुमुदोदरहारगौरः नारायणानन सरोजकृतप्रसादः यस्य प्रलयसागरघोषतुल्यम ध्वनम् निशम्य असुराङ्गनानाम् गर्भाः निपतन्ति ॥ ४९ ॥

पूर्णेति—पूर्णेन्दुकुन्दकुमुदोदरहारगौरः पूर्णेन्दुश्च कुन्दश्च कुमुदोदरश्च हारश्च तेषामिव गौरः=अशेषचन्द्रमाध्यकैरवोदरहारशुभ्रः । अतिधवलवर्ण इत्यर्थः । नारायणाननसरोजकृतप्रसादः नारायणस्य=भगवतः श्रीकृष्णस्य

इसका वीर्य अप्रतिहत है तथा शीघ्रतापूर्वक मेघ घटाओं के पीछे पीछे आकाशमण्डल में जा रही है ॥ ४८ ॥

हे कौमोदकि ! भगवान् नारायण का अब कोप शान्त हो गया । अच्छा यह लौट पड़ा तो अब चलूं । अरे यह पाञ्चजन्य उपस्थित हो गया ।

वह पाञ्चजन्य पूर्णचन्द्र, कुन्द कुमुद एव मुक्ताहार के समान शुभ्रवर्ण वाला है, भगवान् नारायण के मुख कमल का इसे प्रसाद (कृपा) प्राप्त

यस्य स्वनं प्रलयसागरघोषतुल्यं
गर्भा निशम्य निपतन्त्यसुराङ्गनानाम् ॥ ४९ ॥

हे पाञ्चजन्य ! प्रशान्तरोषो भगवान् । गम्यताम् । हन्त निवृत्तः । अये नन्दकासिः प्राप्तः ।

वनिताविग्रहो युद्धे महासुरभयङ्करः ।

आननसरोजेन = मुखकमलेन कृतः = विहितः प्रसादः = अनुग्रहो यत्र सः तादृशः । एतादृशस्य यस्य पाञ्चजन्यस्य प्रलयसागर घोषतुल्यम् प्रलयकाले संक्षुब्धः यः सागरः तस्य घोषः = महानिनादः तेन तुल्यम् = समानम् । स्वनम् = शब्दम् । निशम्य = श्रुत्वा । असुराङ्गनानाम् = असुराणाम् दैत्यानाम् या अङ्गनास्तासां गर्भाः = भ्रूणाः निपतन्ति = स्रवन्ति । वसन्ततिलकावृत्तम् । मालोपमालंकारः ॥ ४९ ॥

तदानीमवसरप्राप्तं नन्दकनामानं भगवतोऽसिं वर्णयति सुदर्शनः—

अन्वयः—वनिताविग्रहः युद्धे महासुरभयंकरः अयम् गगने शीघ्रं प्रयाति सति महोल्का इव विभाति च ॥ ५० ॥

वनितेति—वनिताविग्रहः वनितायाः स्त्रियः विग्रहः = शरीरमिव विग्रहो यस्य सः दीप्तिमत्त्वेन शुभ्रवर्णत्वेन तैक्ष्णत्वेन मनोज्ञत्वेन कोषरूपगुहान्तर्गतत्वेन च खड्गस्य वनिताविग्रहसादृश्यम् । युद्धे = संग्रामे । महासुरभयंकरः महासुराणाम् = दैत्यप्रवराणां भयं करोतीति तादृशः अयम् =

है उसकी ध्वनि 'प्रलयकालीन' सागर के समान अत्यन्त गम्भीर है जिसे सुनते ही दैत्याङ्गनाओं के गर्भ गिर जाते हैं ॥ ४९ ॥

हे पाञ्चजन्य ! भगवान् नारायण का क्रोध शान्त हो गया । अब आप लौट जाओ । प्रसन्नता की बात है कि यह लौट गया । अरे यह तो नन्दक नाम की तलवार आ गई ।

जिसका शरीर वनिता के शरीर के समान दीप्त एवं तीक्ष्ण है । एवं जो कोषान्तर्गत रूप गृह में निवास करने के कारण आवृत है जो दैत्यों के लिये युद्धस्थल में महाभयङ्कर है । ऐसी यह नन्दक नाम की तलवार

प्रयाति गगने शीघ्रं महोल्केव विभात्ययम् ॥ ५० ॥

हे नन्दक ! प्रशान्तरोषो भगवान् । गम्यताम् । हन्त निवृत्तः । यावद् गच्छामि । अये एतानि भगवदायुधवराणि ।

सोऽयं खड्गः खरांशोरपहसिततनुः स्वैः करैर्नन्दकाख्यः
सेयं कौमोदकी या सुररिपुकठिनोरःस्थलक्षोददक्षा ।

नन्दकनामासिः । गगने = वियति । शीघ्रम् = आशु । प्रयाति = गच्छति सति । महोल्का महती चासौ उल्का = महोत्पातसूचककेतुः इव विभाति = संशोभते ॥ ५० ॥

भगवदायुधवराणि भगवतः = वासुदेवस्य । आयुधवराणि = आयुधेषु वराणि = श्रेष्ठायुधानि सन्ति ।

अथेदानीं समष्टयायुधानि वर्णयति सुदर्शनः —

अन्वयः—सः अयं नन्दकाख्यः खड्गः यः स्वैः करैः खरांशोः उपहसिततनुः इयं सा कौमुदकी या सुररिपुकठिनोरःस्थलक्षोददक्षा एषा सा शार्ङ्गाभिधानां चापरेखा या प्रलयघनरवज्यारवा अयं सः शङ्खराट् पाञ्चजन्यः यः शशिकर विशदः गम्भीरघोषः वर्तते ॥ ५१ ॥

सः अयम् = पूर्वोक्तः भगवत्पार्श्ववर्ती । नन्दकाख्यः = नन्दक नाम्ना प्रसिद्धः । खड्ग = असिः । यः स्वैः = स्वकीयैः । करैः = रश्मिभिः । खरांशोः खराः = तीक्ष्णाः अंशवः = किरणाः यस्य तस्य = सूर्यस्य । अपहसिततनुः अपहसिता = उपहासं प्रापिता तनुर्यस्य सः = सूर्यं तिरस्कृततैक्ष्ण्य इत्यर्थः । किञ्च इयं सा = पुरोवर्तमाना । कौमोदकी = एतन्नाम्नी

आकाश में तेजी से जाती हुई उत्पात केतु के समान प्रतीत हो रही है ॥ ५० ॥

हे नन्दक भगवान का क्रोध शान्त हो गया, आप चले जाओ । अच्छा यह लौट गया तो मैं भी चलूं । अरे यही हैं भगवान् के श्रेष्ठ श्रेष्ठ अस्त्र !

यह वही खड्ग है जो तीक्ष्ण किरणोंवाले सूर्य का भी अपनी तीक्ष्णता से उपहास कर रहा है यह वह कौमोदकी नाम की गदा है जो शत्रुपक्ष के

सैषा शार्ङ्गाभिधाना प्रलयघनरवज्यारवा चापरेखा
सोऽयं गम्भीरघोषः शशिकरविशदः शङ्खराट् पाञ्चजन्यः ॥५१॥

हे शार्ङ्ग ! कौमोदकि ! पाञ्चजन्य !
दैत्यान्तकृन्नन्दक ! शत्रुवह्ने ! ।

पक्षा या सुररिपुकठिनोरःस्थलक्षोददक्षा सुराणां रिपवः=असुराः तेषां कठिनानि=दृढतराणि यानि उरः स्थलानि=हृदयानि तेषां क्षोदः=चूर्णीकरणम् भञ्जनं वा तत्र दक्षा=कुशला समर्था वा। एषा सा=अपवत्साग्निच्यवर्तिनी शार्ङ्गाभिधाना शार्ङ्गं अभिधानं नाम यस्याः सा चापरेखा=धनुः पद्धतिः या प्रलयघनरवज्यारवा प्रलये=प्रलयकाले ये घनाः=मेघाः तेषां रवः=स्वन इव ज्यायाः=मौर्व्याः रवः यस्याः सा। किञ्च अयं सः शङ्खराट् पाञ्चजन्यः यः शशिकरविशदः शशिनः चन्द्रस्य करः=किरण इव विशदः=समुज्ज्वलः गम्भीरघोषः गम्भीरो घोषो रवो यस्य सः वर्तते इति शेषः। स्रग्धरावृत्तम्। दीपकालंकारः ॥ ५१ ॥

पुनः सुदर्शनः सर्वाणि तानि तान्यायुधानि संबोध्य स्वस्वस्थानगमनार्थमाज्ञापयति —

अन्वयः— हे शत्रुवह्ने नन्दक ! इदानीं दैत्यान्तकृत् भगवान् मुरारिः अत्र प्रशान्तरोषः हि तावत् स्वरूपावम् एव गच्छ ॥ ५२ ॥

हे शार्ङ्ग इति—शत्रुवह्ने शत्रूणां वह्निः=दाहकस्तत्संबुद्धौ। एतच्च प्रतिनाम्नि विशेषणपदेन योज्यम्। हे शार्ङ्ग=एतन्नामकचापः कौमोदकि=एतन्नाम्नि गदे। पाञ्चजन्य=एतन्नामकशङ्ख। नन्दक=एतन्नामासे! दैत्यान्तकृत्=दैत्य विनाशकर्ता भगवान् मुरारिः=श्रीकृष्णः। प्रशान्त-

---

योद्धाओं के कठिन वक्षःस्थल को विदीर्ण करने में अत्यन्त निपुण है। यह वही शार्ङ्ग नाम का धनुष है जिसकी प्रत्यञ्चा की ध्वनि प्रलयकालीन मेघ के समान गम्भीर है और यह है वह शङ्खराज पाञ्चजन्य जो चन्द्रमा के समान शुभ्र वर्णोंवाला तथा गम्भीर ध्वनि करनेवाला है ॥ ५१ ॥

शत्रुओं के लिये अग्निस्वरूप एवं दैत्यों के लिये कालस्वरूप हे शार्ङ्ग !

प्रशान्तरोषो भगवान् मुरारिः
स्वस्थानमेवात्र हि गच्छ तावत् ॥ ५२ ॥

हन्त ! निवृत्ताः । यावद् गच्छामि । अये अत्युद्धूतो वायुः । अतितपत्यादित्यः । चलिताः पर्वताः । क्षुब्धाः सागराः । पतिताः वृक्षाः । भ्रान्ता मेघाः । प्रलीना वासुकिप्रभृतयो भुजङ्गेश्वराः । किन्नु खल्विदम् ? अये अयं भगवतो वाहनो गरुडः प्राप्तः ।

सुरासुराणां परिखेदलब्धं येनामृतं मातृविमोक्षणार्थम् ।

रोषः — प्रशान्तः रोषो यस्य सः वर्तते हि — निश्चयेन तावत् — अतः । स्वस्थानम् — स्वस्वावासम् । एव गच्छ — प्रयाहि । उपजातिवृत्तम् ॥ ५२ ॥

हन्त ! इत्यानन्दे । निवृत्ताः — स्वस्वस्थानं परावृत्ताः । अत्युद्धूतः — अतिशयेन कम्पयन् प्रचण्ड इत्यर्थः ; क्षुब्धाः — आविलाः क्षोभं प्राप्ताः वा । भ्रान्ताः — घूर्णमानाः । प्रलीनाः — अन्तर्हिताः अथेदानीमवसरं प्राप्तं गरुडं दृष्ट्वा सुदर्शनः तस्य प्रशस्ति करोति ।

अन्वयः येन मातृविमोक्षणार्थं सुरासुराणां परिखेदलब्धम् अमृतं आच्छिन्नम् आसीत् । किञ्च तदर्थं द्विषतः मुरारेः त्वाम् उद्वहामि इति वरः अपि दत्तः । अयं स गरुडः उपस्थितः इति शेषः ॥ ५३ ॥

हे कौमोदकि हे पाञ्चजन्य एवं हे नन्दक भगवान् मुरारी का कोप अब शान्त हो गया अतः आप सब अपने अपने स्थानों को लौट जायें ॥ ५२ ॥

अच्छा प्रसन्नता की बात है कि सब चले गये । तो मैं भी अब चलता हूँ । अरे यह प्रचण्ड वायु का वेग । यह सूर्य में अत्यधिक ताप तथा पर्वत चलायमान हो रहे हैं । सागर संक्षुब्ध हो रहा है, वृक्ष गिर रहे हैं, बादल आकाशमण्डल में चक्कर काट रहे हैं । वासुकि प्रभृति नागगण छिप रहे हैं यह सब क्या है ? मालूम हो गया भगवान् के वाहन गरुड़ जो आ रहे हैं ।

जिन्होंने अपनी माता को कद्रू की दासता से मुक्त करने के लिये देवताओं एवं असुरों के द्वारा अत्यन्त परिश्रम से प्राप्त अमृत का अपहरण

आच्छिन्नमासीद् द्विषतो मुरारेस्त्वामुद्वहामीति वरोऽपि दत्तः ॥५३॥

हे काश्यपप्रियसुत ! गरुड ! प्रशान्तरोषो भगवान् देवदेवेशः । गम्यतां स्वनिलयमेव । हन्त निवृत्तः । यावद् गच्छामि ।

एते [स्थिता वियति किन्नरयक्षसिद्धाः]
देवाश्च संभ्रमचलन्मुकुटोत्तमाङ्गाः ।

सुरासुराणामिति—येन = गरुडेन । मातृविमोक्षणार्थम् मातुः = स्वस्वमातुः विनतायाः विमोक्षणं तस्मै सुरासुराणां = देवदानवानाम् । परिखेदलब्धम् परिखेदेन अत्यन्त परिश्रमेण लब्धम् प्राप्तम् । अमृतम् = सुधाम् । आच्छिन्नम् स्वायत्तीकृतम् । किञ्च अमृतार्थं द्विषतः = द्वेषं कुर्वतः मुरारेः विष्णोः त्वाम् उद्वहामि = त्वद्वहनं करोमि इति मान कृत्वा वरः अपि दत्तः । उपजातिवृत्तम् ॥ ५३ ॥

काश्यपप्रियसुतकश्यप एव काश्यपस्तस्य प्रियसुतस्तत्संबुद्धौ । देवदेवेशः = भगवान् वासुदेवः । स्वनिलयम् = स्वकीयावासम् ।

एवं सर्वाण्यायुधानि परावर्त्य स्वयं गन्तुमिष्यमाणः सुदर्शनः अन्तरिक्षस्थानां तत्तद्देवयोनिविशेषाणाम् तदानींतनामवस्थां वर्णयति

अन्वयः—वियति एते स्थिताः किन्नरयक्षसिद्धाः संभ्रमचलन्मुकुटोत्तमाङ्गाः देवाः च अच्युते रुष्टे विगतकान्तिगुणाः किञ्च प्रशान्तं श्रुत्वा निवृत्ततापाः सन्तः सदनानि व्रजन्ति ॥ ५४ ॥

एते इति—वियति = आकाशे एते स्थिताः = वर्त्तमानाः किन्नरयक्ष-

कर लिया और विष्णु को मैं तुम्हारा वाहन बनूंगा ऐसा वर भी दिया (वे गरुड़ उपस्थित हो गये) ॥ ५३ ॥

हे कश्यप के प्रिय पुत्र गरुड़ देवाधिदेव भगवान श्री कृष्ण का कोप अब शान्त हो गया । अतः अपने घर लौट जाइये । अहा लौट गये । तो अब मैं भी चलता हूं ।

ये आकाशमण्डल में स्थित किन्नर, यक्ष, सिद्ध और देवगण भगवान को रुष्ट देखकर भय से मुकुटमण्डित अपने शिर को कँपाते हुये अपने

रुष्टेऽच्युते विगतकान्तिगुणाः प्रशान्तं
श्रुत्वा श्रयन्ति सदनानि निवृत्ततापाः ॥ ५४ ॥

यावदहमपि कान्तां मेरुगुहामेव यास्यामि । (निष्क्रान्तः ।)

वासुदेवः—यावदहमपि पाण्डवशिबिरमेव यास्यामि ।

(नेपथ्ये)

न खलु न खलु गन्तव्यम् ।

वासुदेवः—अये वृद्धराजस्वर इव । भो राजन् ! एष स्थितोऽस्मि ।

(ततः प्रविशति धृतराष्ट्रः ।)

सिद्धाः किन्नराश्च यक्षाश्च सिद्धाश्च ते = देवयोनिविशेषाः । संभ्रमचलन्मुकुटोत्तमाङ्गाः संभ्रमेण = भ्रान्त्या चलन्तः = कम्पमानाः मुकुटाः = शिरोभूषणानि येषां तानि तथा भूतानि उत्तमाङ्गानि = मूर्धानः येषां ते तथाभूताः देवाश्च = अमराश्च अच्युते = भगवति श्रीकृष्णे । रुष्टे = क्रुद्धे । विगतकान्तिगुणाः विगताः = विनष्टाः कान्तीनाम् = तेजसां गुणाः येषां ते तेजोविरहिता जाता इति शेषः । किञ्च प्रशान्तम् = प्रशमितकोपं । श्रुत्वा = आकर्ण्य । निवृत्ततापाः निवृत्तः = प्रनष्टः तापो = मानसोज्वरः येषां ते तथाभूताः सुप्रसन्ना इत्यर्थः । सदनानि स्वस्वावासान् । श्रयन्ते = आश्रयन्ति । वसन्ततिलकावृत्तम् ॥ ५४ ॥

शरीर की कान्ति से विहीन हो गये थे । किन्तु अब श्रीकृष्ण का कोप शान्त हुआ देख ये सभी अपने अपने धाम की ओर जा रहे हैं ॥ ५४ ॥

तो अब मैं भी अत्यन्त मनोहर मेरु की कन्दरा में जाता हूँ (इतना कहकर चला जाता है) ।

वासुदेव—तो अब मैं भी पाण्डवों के शिविर में जा रहा हूँ ।

(नेपथ्य में)

नहीं नहीं निश्चय ही मत जाइये ।

वासुदेव—अरे यह तो वृद्ध महाराज का स्वर है । हे राजन् ! यह मैं खड़ा हूँ ।

(तदनन्तर धृतराष्ट्र का प्रवेश)

धृतराष्ट्रः—क्व नु खलु भगवान् नारायणः । क्व नु खलु भगवान् पाण्डवश्रेयस्करः । क्व नु खलु भगवान् विप्रप्रियः । क्व नु खलु भगवान् देवकीनन्दनः ।

मम पुत्रापराधात् तु शार्ङ्गपाणे ! तवाधुना ।
एतन्मे त्रिदशाध्यक्ष ! पादयोः पतितं शिरः ॥ ५५ ॥

वासुदेवः—हा धिक् ! पतितोऽत्र भवान् । उत्तिष्ठोत्तिष्ठ ।

धृतराष्ट्रः—अनुगृहीतोऽस्मि । भगवन् ! इदमर्घ्यं पाद्यं च प्रतिगृह्यताम् ।

अथेदानीं पुत्रापराधात् कुपितं भगवन्तं श्रुत्वा धृतराष्ट्रः तं प्रसादयितुकामः प्रार्थयति—

अन्वयः हे शार्ङ्गपाणे ! हे त्रिदशाध्यक्ष ! मम पुत्रापराधात् अधुना मम एतत् शिरः तव पादयोः पतितम् ॥ ५५ ॥

ममेति—शार्ङ्गपाणे शार्ङ्गं पाणौ यस्य तत्संबोधने हे शार्ङ्गपाणे=शार्ङ्गधर ! त्रिदशाध्यक्ष त्रिदशानां=देवानामध्यक्षस्तत्संबुद्धौ= हे विबुधनायक ! मम=धृतराष्ट्रस्य । पुत्रापराधात् पुत्रस्य=दुर्योधनस्य अपराधः=आगस्तस्मात् । अधुना=इदानीम् । तव पादयोः=चरणयोः मम=धृतराष्ट्रस्य एतत् शिरः । पतितम्=प्राप्तम् । अनुष्टुव्वृत्तम् ॥ ५५ ॥

धृतराष्ट्र—अरे भगवान् नारायण कहाँ हैं ? पाण्डवों का कल्याण करनेवाले भगवान् कहाँ हैं ? ब्राह्मणों के प्रिय भगवान् कहाँ हैं ? देवकीनन्दन भगवान् कहाँ हैं ?

हे शार्ङ्गपाणे ! हे देवाधिदेव ! अब पुत्रों के अपराध के कारण यह मेरा शिर तुम्हारे चरणों पर पड़ा हुआ है ॥ ५५ ॥

वासुदेव—हाय धिक्कार है जो आप मेरे चरणों में गिर गये । उठिये, उठिये ।

धृतराष्ट्र—भगवन् मैं अनुगृहीत हो गया यह अर्घ्य है यह पाद्य है इसे ग्रहण कीजिये ।

वासुदेवः— सर्वं गृह्णामि । किं ते भूयः प्रियमुपहरामि ।

धृतराष्ट्रः—यदि मे भगवान् प्रसन्नः, किमतः परमिच्छामि ।

वासुदेवः—गच्छतु भवान् पुनर्दर्शनाय ।

धृतराष्ट्रः यदाज्ञापयति भगवान् नारायणः । (निष्क्रान्तः ।)

(भरतवाक्यम् ।)

इमां सागरपर्यन्तां हिमवद्विन्ध्यकुण्डलाम् ।
महीमेकातपत्राङ्कां राजसिंहः प्रशास्तु नः ॥ ५६ ॥

वासुदेवः—उपहरामि = करोमि ।

धृतराष्ट्र—परम् = अधिकम् ।

ग्रन्थान्ते ग्रन्थकारः मङ्गलाभिशंसनं कुर्वन्नाह—

अन्वयः—सागरपर्यन्तम् हिमवद् विन्ध्यकुण्डलाम् एकातपत्राङ्काम् इमां महीम् नः राजसिंहः प्रशास्तु ॥ ५६ ॥

इमामिति—सागरः = समुद्रः पर्यन्तः सीमा यस्याः सा ताम् । हिमवद् विन्ध्यकुण्डलाम् हिमवान् च विन्ध्यश्च द्वौ कुण्डले = कर्णभूषणे यस्याः सा ताम् एकातपत्राङ्काम् एकः केवलम् आतपत्रम् = छत्रं अङ्कं यस्याः सा तादृशीम् महीम् नः = अस्माकम् राजसिंहः = नृपवरः । प्रशास्तु = शासनं करोतु रक्षत्वित्यर्थः ॥ ५६ ॥

वासुदेव—आपका सब कुछ स्वीकार है । पुनः तुम्हारा क्या कल्याण करूँ ?

धृतराष्ट्र—यदि आप मुझ पर प्रसन्न हैं तो अब इससे अधिक मुझे चाहिये ही क्या ?

वासुदेव—अच्छा तो आप पुनः दर्शन देने के लिये आइये ।

धृतराष्ट्र—भगवान् नारायण की जैसी आज्ञा ।

(चला जाता है)

(भरत वाक्य)

हिमालय एवं विन्ध्याचल जिसके दो कुण्डल स्वरूप में स्थित हैं ऐसी सागरपर्यन्त विस्तृत भूमि पर हमारे राजसिंह एकच्छत्र राज्य करें॥ ५६॥

(निष्क्रान्ताः सर्वे ।)

दूतवाक्यं समाप्तम्

* * *

(निष्क्रान्ताः = निर्गताः सर्वे = पात्राणि)

दूतवाक्यम् समाप्तम् ।

* * *

(सब चले जाते हैं)

।। दूतवाक्य समाप्त ।।

दूतवाक्याभिधस्यास्य भासेन निर्मितस्य तु
टीकेयं रचिता शुभ्रा-भूयाच्च विदुषां मुदे ।
सप्तवेदाभ्रयुग्माब्दे धनुः राशि स्थिते रवौ
समाप्तौ पौषमासस्य पूर्त्तिरस्याः कृता मया ।।

।। शुभं भूयात् ।। पठतां पाठयतां च मङ्गलम् ।।

* * *

नाटकीयविशिष्टवस्तुलक्षणानि

१. नान्दी—

आशीर्वचनसंयुक्ता स्तुतिर्यस्मात् प्रयुज्यते ।
देवद्विजनृपादीनां तस्मान्नान्दीति संज्ञिता ॥
माङ्गल्यशङ्खचक्राब्जकोककैरवशंसिनी ।
पदैर्युक्ता द्वादशभिरष्टाभिर्वा पदैरुत ॥

नान्दी में देवद्विजनृपादि की स्तुति होती है। यह आठ या बारह पदों की होती है तथा शङ्ख, चक्र, पद्म आदि मङ्गलवाची शब्दों से संयुक्त होती है।

२. प्रस्तावना-आमुख—

नटी विदूषको वापि पारिपार्श्विक एव वा ।
सूत्रधारेण सहिताः संलापं यत्र कुर्वते ॥
चित्रैर्वाक्यैः स्वकार्योत्थैः प्रस्तुताक्षेपिभिर्मिथः ।
आमुखं तत्तु विज्ञेयं नाम्ना प्रस्तावनाऽपि सा ॥

जब नटी, विदूषक अथवा पारिपार्श्विक सूत्रधार के साथ नाटकीय कथानक के निर्देश से संबद्ध विचित्र कथनोपकथनों को करते हैं तो वह आमुख होता है। इसी को प्रस्तावना भी कहते हैं।

३. सूत्रधार—

आसूत्रयन् गुणान् नेतुः कवेरपि च वस्तुना ।
रङ्गप्रसाधनप्रौढः सूत्रधार इवोदितः ॥

तथा—

नाट्यस्योपकरणादीनि सूत्रमित्यभिधीयते ।
सूत्रं धारयतीत्यर्थे सूत्रधारो मतो बुधैः ॥

नाट्योपकरण वस्तु—नेता तथा रस—ये सूत्र कहे जाते हैं। दूसरे

लक्षणानुसार नेता और कवि के गुणों को वस्तु के द्वारा सूचित करने-पिरोनेवाला तथा रङ्ग प्रसाधन में दक्ष व्यक्ति सूत्रधार कहा जाता है।

४. प्रयोगातिशय—

यदि प्रयोग एकस्मिन् प्रयोगोऽन्यः प्रयुज्यते ।
तेन पात्रप्रवेशश्चेत् प्रयोगातिशयस्तथा ॥

यदि एक प्रयोग में दूसरा प्रयोग प्रयुक्त हो और उससे पात्र का प्रवेश हो तो उसे प्रयोगातिशय की संज्ञा दी जाती है।

५. नेपथ्य—

कुशीलवकुटुम्बस्य गृहं नेपथ्यमुच्यते ।

नट के परिवार के गृह—जहाँ वह साज-सज्जा करे—को नेपथ्य कहते हैं।

६. विष्कम्भक—

वृत्तवर्तिष्यमाणानां कथांशानां निदर्शकः ।
संक्षिप्तार्थस्तु विष्कम्भ आदावङ्कस्य दर्शितः ॥
मध्यमेन मध्यमाभ्यां पात्राभ्यां संप्रयोजितः ।
शुद्धः स्यात् स तु संकीर्णो नीचमध्यमकल्पितः ॥

यह नाटक में हुई या होने जा रही घटनाओं का प्रदर्शक होता है। यह कथांश को संक्षिप्त करने के लिये प्रयुक्त होता है। मध्यम कोटि के पात्रों के होने पर यह शुद्ध कहा जाता है और नीच तथा मध्यम पात्रों के होने पर संकीर्ण होता है।

७. प्रवेशक—

प्रवेशकोऽनुदात्तोक्त्या नीचपात्रप्रयोजितः ।
अङ्कद्वयान्तर्विज्ञेयः शेषं विष्कम्भके यथा ॥

इसमें नीच पात्र तथा प्राकृतभाषा प्रयुक्त होती है। यह दो अंकों के बीच में होता है तथा शेष विशेषतायें विष्कम्भक की होती हैं।

८. स्वगत—

अश्राव्यं खलु यद् वस्तु तदिह स्वगतं मतम् ।

जो बातें दर्शकों को सुनने की नहीं होती वे स्वगत होती हैं ।

९, प्रकाश—

सर्वश्राव्यं प्रकाशः स्यात् ।

जो बातें सभी सुनें उसे प्रकाश कहा जाता है ।

१०. विदूषक—

कुसुमवसन्ताभिधः कर्मवपुवेषाद्यैः ।
हास्यकरः कलहरतिर्विदूषकः स्यात् स्वकर्मज्ञः ॥

अपने, कर्म, वेष, भाषादि से हास्योत्पादक, कलहप्रेमी तथा अपने कर्म (हास्य) का ज्ञाता विदूषक होता है । उसके कुसुम, वसन्त आदि नाम होते हैं ।

११. नायक—

नेता विनीतो मधुरस्त्यागी दक्षः प्रियंवदः ।
रक्तलोकः शुचिर्वाग्मी रूढवंशः स्थिरो युवा ॥
बुद्ध्युत्साहस्मृतिप्रज्ञाकलामानसमन्वितः ।
शूरो दृढश्च तेजस्वी शास्त्रचक्षुश्च धार्मिकः ॥

नायक विनीत, मधुर, त्यागी, दक्ष, प्रियंवद, लोकरञ्जक, शुचि, वक्ता, कुलीन, स्थिर, युवक, बुद्धि-उत्साह-स्मृति-प्रज्ञा-कला-मान-युक्त। शूर, दृढ़, तेजस्वी, शास्त्रदृष्टिवाला एवं धार्मिक होता है ।

१२. नायिका—

अथ नायिका त्रिभेदा स्यात् स्वान्या साधारणा स्त्रीति ।
नायकसामान्यगुणैर्भवति यथासंभवैर्युक्ता ॥

नायिका स्वकीया परकीया, साधारणा के भेद से तीन प्रकार की होती है । यथासंभव वह नायक के गुणों से युक्त होती है ।

१३, अङ्क—

अङ्क इति रूढशब्दो भावै रसैश्च रोहयत्यर्थान् ।
नानाविधानयुक्तो यस्मात् तस्माद् भवेदङ्कः ॥
यत्रार्थस्य समाप्तिर्यत्र च बीजस्य भवति संहरः ।
किञ्चिदवग्लानबिन्दुः सोऽङ्क इति सदाऽवमन्तव्यः ॥

अङ्क भावों एवं रसों से अर्थों का वर्धन करता है। यह नाना विधानों से युक्त होता है। इसमें अर्थ की समाप्ति तथा बीज का संहरण होता है।

श्लोकानुक्रमणिका

श्लोकाः	श्लोकाङ्काः
अक्षान् क्षिपन्	१२
अनुभूतं महद्	२०
अवध्यां प्रमदां	३६
अव्यक्तादि	४३
अहमवधूत	३७
आवासाः पार्थिवानाम्	१५
इमां सागर	५६
उत्पन्ने धार्तराष्ट्राणाम्	२
उत्साहेन मतिम्	१७
उद्धूतरोष	४
एते स्थिता वियति	५४
एवं परस्पर	२३
करितुरगनिहन्ता	३९
कर्तव्यो भ्रातृषु	२९
किं मेरुमन्दर	४४
कृतपरिकरबन्धो	१०
कृत्वा पुत्रवियोगार्तां	२७
कृष्णापराभव	१४
कैरातं वपु	३२
ग्रहणमुपगते	६
जामातृनाश	२८
तनुमृदुल	४७
दातुमर्हसि	३४
दुःशासनपरा	७
दुष्टवादी गुण	१६
देवात्मजैर्मनुष्याणां	३०
धर्मात्मजो	१९
ननु त्वं चित्र	३३
नीचोऽहमेव	११
पादः पायात्	१
पुण्यसञ्चय	१५
पूर्णेन्दुकुन्द	४९
प्रसाद्यमानः	३१
प्रहरति यदि	३५
प्राप्तः किलाद्य	१३
मणिकनक	४८
मत्कार्मुकोदर	४१
मम पुत्रापराधात्	५५
महीभारापनयनम्	४६
यदि लवणजलम्	४५
राज्य नाम	२४
रोषाकुलाक्षः	९
वनिताविग्रहो	५०
वने पितृभ्यो	२१
विचित्रवीर्यो	२२
शठ बांधव	३८
श्यामो युवा	३
श्रुत्वा गिरं	४२
सत्यधर्मघृणा	८
सुयोधनोऽय	१८
सुरासुराणां	५३
सृजसि यदि	४०
सेनानिनाद	५
सोऽयं खड्गः	५१
स्यालं तव	२६
हे शार्ङ्ग कौमोदकि	३२

॥ श्री ॥

काशी संस्कृत ग्रन्थमाला २८४

महाकविभासविरचितम्

दूतघटोत्कचम्

‘गङ्गा’ संस्कृत–हिन्दी व्याख्योपेतम्

व्याख्याकारः संपादकश्च

गङ्गासागर रायः

सर्वभारतीय काशीराज न्यासस्थ
दुर्ग रामनगर, वाराणसी

चौखम्भा संस्कृत संस्थान
भारतीय सांस्कृतिक साहित्य के प्रकाशक तथा प्रचारक
पो० बा० नं० ११३९
के. ३७/११६, गोपाल मन्दिर लेन (गोलघर समीप मैदागिन)
वाराणसी–२२१००१

प्रकाशक : चौखम्भा संस्कृत संस्थान, वाराणसी
मुद्रक : चारु प्रिंटर्स, वाराणसी
संस्करण : प्रथम, वि० सं० २०५५
मूल्य : रू० १५-००

© चौखम्भा संस्कृत संस्थान, वाराणसी
इस ग्रन्थ के परिष्कृत तथा परिवर्धित मूल-पाठ
एवं टीका, परिशिष्ट आदि के सर्वाधिकार
प्रकाशक के अधीन हैं।

फोन : ३३३४४५, ३३५९३०

प्रधान शाखा :
चौखम्भा संस्कृत भवन
पोस्ट बाक्स नं० ११६०
चौक (दि बनारस स्टेट बैंक बिल्डिंग)
वाराणसी-२२१००१
फोन : ३२०४१४

THE
KASHI SANSKRIT SERIES
294

DŪTAGHAṬOTKACAM

OF

BHĀSA

With Gangā Sanskrit and Hindi Commentaries, Introduction and Appendices]

Edited and Commented
By
Dr. Ganga Sagar Rai, M.A., Ph.D.
All India Kashiraj Trust
Fort Ramnagar, Varanasi

CHAUKHAMBHA SANSKRIT SANSTHAN
Publishers and Distributors of Oriental Cultural Literature
Post Box No. 1139
K. 37/116, Gopal Mandir Lane (Golghar near Maidagin
VARANASI-221001 (INDIA)

©Chaukhambha Sanskrit Sansthan, Varanasi

First Edition : 1998
Phone : 333445, 335930

Main Branch—
CHAUKHAMBHA SANSKRIT BHAWAN
Post Box No. 1160
Chowk (The Benaras State Bank Building)
VARANASI (INDIA)
Phone : 320414

निवेदन

भासनाटकचक्र की टीका और भाषानुवाद श्रृङ्खला में 'दूतघटोत्कचम्' नाटक की टीका को उपस्थापित करते हुए हम सन्तोष का अनुभव कर रहे हैं। भास के नाटक यद्यपि सूक्ति-ग्रन्थों तथा कवियों की कृतियों में बहुचर्चित थे परन्तु इस शताब्दी के प्रारम्भ तक वे सभी अनुपलब्ध थे। १९१२ ई० में महामहोपाध्याय गणपति शास्त्री द्वारा प्रकाशित होते ही ये नाटक सर्वत्र चर्चित हो उठे। इसी से उनकी गुणवत्ता और महत्ता का सहज बोध हो जाता है। वे प्रकाशन के साथ ही सम्पूर्ण देश में पठित और व्याख्यात होने लगे और अद्यावधि यह क्रम चालू है। उसी क्रम में यह लघु प्रयास भी है।

टीकाकार्य में हमारे हितैषी आदरणीय पं० हीरामणि मिश्र ने सहायता की है और मुद्रण संशोधन में पं० कृपासिन्धु शर्मा ने सहायता की है। एतदर्थ इनका मैं अधमर्ण हूँ। इस संस्करण में अज्ञान या प्रमादवश जो अशुद्धियाँ रह गयी हैं उनके लिये मैं विज्ञ पाठकों से क्षमायाचना करता हूँ। टीका में जिन पूर्ववर्ती टीकाकारों से सहायता मिली है उनके प्रति भी विनम्र कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ। इसके प्रकाशन में चौखम्भा संस्कृत संस्थान के स्वत्वाधिकारी श्री मोहनदास जी गुप्त तथा उनके चिरञ्जीवि श्री राजेन्द्र जी ने जो तत्परता दिखाई है तथा धैर्य प्रदर्शित किया है उसके लिये मैं उन्हें धन्यवाद देता हूँ।

कल्याणमित्र प्रो० देवेन्द्रकुमार राय के प्रति धन्यवाद औपचारिकता मात्र है।

काशी
चैत्र शुक्ल प्रतिपदा २०५५ वि०
२९ मार्च, १९९८ ई०

गङ्गासागर राय

भूमिका

महाकवि भास संस्कृत के दृश्य काव्यों के रचनाकारों में सम्भवतः सबसे प्राचीन हैं। संस्कृत नाटकों के विकास के इतिहास में भास ने अपनी कीर्ति-कौमुदी सुदूर दक्षिण से लेकर उत्तर तक एवं प्राची से लेकर प्रतीची तक प्रसारित की है। भास के नाटकों में नाटक का वह रूप देखने को मिलता है जिसके कारण भरत ने नाटक को पञ्चम वेद होने का गौरव प्रदान किया था। नाटक कवित्व चरम परिपाक होता है—'नाटकान्तं कवित्वम्'। उसमें तीनों लोकों के भावों का समावेश होता है। इस दृष्टि से भास के नाटकों का महत्त्व और अधिक बढ़ जाता है। भास ने मानवीय भावनाओं का सफलतापूर्वक चित्रण किया है। भास ने तेरह नाटकों की रचना की है एवं रचना के साथ-साथ उनके प्रस्तुतीकरण में भी उन्हें पर्याप्त सफलता प्राप्त हुई है। भास के नाटकों की प्रामाणिकता पर अविश्वास नहीं किया जा सकता, क्योंकि सभी नाटकों की भाषा और शैली एक-सी मुहावरेदार, सरल एवं प्राञ्जल है। इनके नाटकों में भावों तथा विचारों की पुनरुक्ति तथा पात्रों के नामों में समरूपता पायी जाती है एवं सभी नाटकों में प्रस्तावना के स्थान पर स्थापना शब्द का प्रयोग हुआ है। संस्कृत–साहित्य के नाट्य जगत् में भास का अपना विशिष्ट स्थान है।

भास के नाटकों की प्रशस्तियां

अपने कवित्व से जाज्वल्यमान महाकवि भास सूर्यमणि के समान नाट्य जगत् को आलोकित किये हुए हैं। परन्तु उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व बहुत ही उलझा एवं विवादास्पद है। भास के नाटकों की प्रशस्ति बीसवीं सदी के प्रारम्भ में कहीं-कहीं ही सुनने को मिलती थी। भास के नाटक दक्षिण भारत में हस्तलिखित प्रतियों में पड़े थे तथा इनके स्वरूप के बारे में लोगों को जानकारी नहीं थी। सबसे पहले १९१२ ई० में महा-महोपाध्याय श्री गणपति शास्त्री को ट्रावनकोर राज्य के तञ्जौर पुस्तका-

लय से केरल लिपि में १३ नाटकों की जो पाण्डुलिपियाँ प्राप्त हुई उसको उन्होंने प्रकाशन में लाया। गणपति शास्त्री के प्रकाशन से पूर्व भी संस्कृत के आचार्यों एवं कवियों ने भास का उल्लेख एवं यशोगान किया था। इससे यह प्रतीत होता है कि भास नाटक साहित्य में अपना अन्यतम स्थान रखते थे।

महाकवि भास की प्रशस्तियों तथा उल्लेखों में कुछ प्रमुख निम्न उल्लेख लिखित हैं—

(१) कालिदास ने 'मालविकाग्निमित्र' नाटक में सूत्रधार के मुख से स्पष्ट कहलवाया है कि प्रसिद्ध यश वाले भास, सौमिल्ल, कविपुत्र आदि कवियों के द्वारा निर्मित प्रबन्धों का अतिक्रमण कर कालिदास की रचना का इतना अधिक क्यों समादर हो रहा है—

"प्रथितयशसां भाससौमिल्लकविपुत्रादीनां प्रबन्धानतिक्रम्य कथं वर्तमानस्य कवेः कालिदासस्य कृतौ बहुमानः।"

(मालविकाग्निमित्र)

(२) हर्ष के सभा पण्डित बाणभट्ट ने हर्षचरित में भास के नाटकों की उत्कृष्टंता बतलाते हुए कहा है कि ये नाटक सूत्रधार से प्रारम्भ होने वाले, अधिक भूमिका वाले तथा पताका से शोभायमान देवकुलों की भाँति प्रसिद्ध हैं।

सूत्रधारकृतारम्भैर्नाटकैर्बहुभूमिकैः ।
सपताकैर्यशो लेभे भासो देवकुलैरिव ॥

—हर्षचरित

यहाँ यह उल्लेखनीय है कि भास के नाटक सूत्रधार से प्रारम्भ होते हैं। यहाँ नान्दी का अभाव दृष्टिगोचर होता है जब कि सामान्यतः संस्कृत के नाटक नान्दी से ही प्रारम्भ होते हैं। यह अन्तर भास की संस्कृत के अन्य नाटकों से पृथक् पहचान बनाने में सहायता प्रदान करता है।

(३) राजशेखर ने अपनी काव्यमीमांसा में भास के नाटकों की अग्नि परीक्षा में 'स्वप्नवासवदत्ता' के न जलने का उल्लेख किया है—

भासनाटकचक्रेऽस्मिञ्छेकैः क्षिप्ते परीक्षितुम् ।

स्वप्नवासवदत्तस्य दाहकोभून्न पावकः ॥

—काव्यमीमांसा

(४) वाक्यतिराज ने अपने 'गउडवहो' नामक प्राकृत भाषा के महाकाव्य में भास को 'जलणमित्ते'— ज्वलनमित्र = अग्नि का मित्र) कहा है। भास को 'ज्वलनमित्र' की संज्ञा प्राप्त होने के सम्बन्ध में विद्वानों का विचार है कि नाटक में वासवदत्ता के जलने की मिथ्या खबर फैला कर भास ने नाटकीय कथा के विकास में उपयुक्त अवसर प्रदान किया है।

भासम्भि जलणमित्ते कन्तीदेवे तहावि रहुवारे ।
सोबन्धवे अ बन्धम्भि हारि अन्दे अ अवन्दो ।

(५) नाटककार आलङ्कारिक कवि जयदेव ने अपने नाटक प्रसन्नराघव में भास को कविता कामिनी का 'हास' बताया है। इस प्रकार के वर्णन से भास की हास्य-रस वर्णन में कुशलता भी व्यञ्जित होती है—

यस्याश्चौरश्चिकुरनिकरः कर्णपूरो मयूरः
भासो हासो कविकुलगुरुः कालिदासो विलासः ।
हर्षो हर्षो हृदयवसतिः पञ्चबाणस्तु बाणः
केषां नैषा कथय कविताकामिनी कौतुकाय ॥

—प्रसन्नराघव १।२८

(६) दण्डी ने अपनी 'अवन्ति सुन्दरी कथा' में भास के काव्य गुणों के बारे में लिखा है—

सुविभक्तः मुखाद्यङ्गैर्व्यक्तलक्षणवृत्तिभिः ।
परेतोऽपि स्थितो भासः शरीरैरिव नाटकैः ॥

—दण्डी-अवन्तिसुन्दरी

(७) नाट्य दर्पण (रामचन्द्र तथा गुणचन्द्र, १२ वीं सदी) ने भास के स्वप्नवासवदत्ता का उल्लेख किया है।

"यथा भासकृते स्वप्नवासवदत्तो शेफालिकाशिलातलमवलोक्य वत्सराजः…… ……।।"

(८) शारदातनय (१२वीं सदी) ने 'भावप्रकाशन' में प्रशान्त नाटक

के प्रसङ्ग में 'स्वप्नवासवदत्ता' के कथानक का उल्लेख किया है।

(९) भोजदेव ने 'शृङ्गार प्रकाश' में स्वप्नवासवदत्ता' का वर्णन किया है—

'वासवदत्तो पद्मावतीमस्वस्थां द्रष्टुं राजा समुद्रगृहकं गतः।'

(१०) भास के 'स्वप्नवासवदत्ता' का उल्लेख अभिनवगुप्त ने नाटयशास्त्र की अपनी टीका अभिनवभारती में किया है।

'क्वचित्क्रीडा। यथा वासवदत्तायाम्।'

—नाटयशास्त्र पर अभिनवगुप्त की टीका।

(११) सर्वानन्द ने 'अमरकोश टीका सर्वस्व' में उदयन तथा वासवदत्ता के विवाह का उल्लेख किया है।

(१२) जयानक के 'पृथ्वीराज विजय' टीका में भास के विष्णु धर्म नाटक का उल्लेख किया गया है परन्तु भास का विष्णु धर्म नाटक अभी तक अनुपलब्ध है।

उपर्युक्त तथ्यों के आधार पर कहा जा सकता है कि महाकवि भास को बहुत बड़ी ख्याति प्राप्त थी, परन्तु समयान्तराल के कारण उनके नाटकों की ख्याति काल के अन्तराल में समाविष्ट हुई तथा केवल सूक्ति मात्र ही रह गयो और महामहोपाध्याय गणपति शास्त्री के द्वारा इन नाटकों के उद्धार से पूव ये नाटक लुप्त हो गये थे।

भास का जीवनवृत्त

अपने रससिक्त नाटकों से जनमानस को आप्लावित करने वाले महाकवि भास का जीवनवृत्त आज तिमिराच्छन्न है। अपने देश में आत्मकथा लिखने की प्रथा नहीं थी। भास के सम्पूर्ण नाटकों में कहीं पर उसमें नामोल्लेख का स्पष्ट वर्णन नहीं है, परन्तु उनके ग्रन्थों के आधार पर कहा जा सकता है कि वे ब्राह्मण धर्म के अनुयायी एवं वैष्णवमतावलम्बी सशक्त नाटककार हैं। पठन-पाठन की तत्कालीन प्रचलित परिपाटी के अनुसार भास का ब्राह्मण होना भी स्वतः सिद्ध है। भास स्त्रियों को सम्मान की दृष्टि से देखते थे एवं उनके लिए गृह को ही उचित स्थान उन्होंने बताया है। भास वर्णाश्रम धर्म को मानने वाले, कर्तव्यनिष्ठ पुत्र के पिता, पति चरणानुगा-

मिनी पत्नी के पति एवं पितृभक्त सन्तान के प्रिय पिता थे। देवता एवं धर्म में उनका दृढ़ विश्वास था—'धर्मो रक्षति रक्षितः' के वे अनुयायी थे।

पञ्चरात्र एवं अन्य रूपकों में भास ने यज्ञ का उल्लेख किया है—

शिक्षा क्षयं गच्छति कालपर्ययात् सुबद्धमूला निपतन्ति पादपाः।
जलं जलस्थानगतं च शुष्यति हुतं च दतं च तथैव तिष्ठति॥

भास भाग्य में दृढ़ विश्वास करते थे—

चक्रारपङ्क्तिरिव गच्छति भाग्यपङ्क्तिः।'

भास उद्योग के महत्त्व को भी स्वीकार करते थे—

'काष्ठादग्निर्जायते मथ्यमानाद् भूमिस्तोयं खन्यमाना ददाति।
सोत्साहानां नास्त्यसाध्यं नराणां मार्गारब्धा सर्वयत्नाः फलन्ति॥

डा० पुसालकर ने भास को 'धर्मभीरु ब्राह्मण' कहा है। भास के स्वप्नवासवदत्ता एवं बालचरित नाटकों के भरतवाक्य के आधार पर कहा जा सकता है कि भास दक्षिण भारत के न होकर उत्तर भारत के निवासी थे।

इमां सागरपर्य्यन्तां हिमवद्विन्ध्यकुण्डलाम्।
महीमेकातपत्राङ्कां राजसिंहः प्रशास्तु नः॥

कवि भगवान् से प्रार्थना करता है—हमारे राजा ससागर उस सम्पूर्ण भूमण्डल के मध्य एकच्छत्र राज्य करें जिसके एक ओर हिमालय तथा दूसरी ओर विन्ध्य पर्वत दो कर्ण—कुण्डलों के समान अलंकृत हो रहे हैं। भास की वसुन्धरा उत्तर में हिमालय एवं दक्षिण में विन्ध्य पर्वत तक शीर्ष स्थानीय है। यही पृथ्वी भास की पृथ्वी थी।

भास के नाटकों की खोज

संस्कृत—साहित्य के नाट्य जगत् को आलोकित करने वाले महाकवि भास के नाटक प्रेक्षकों की दृष्टि से ओझल क्यों हो गये? जब कि भास उस समय इतनी ख्याति प्राप्त कर चुके थे कि कालिदास जैसे कवि भी भास के

नामोल्लेख से अछूते नहीं रह सके। भास के नाटकों के विलुप्त होने के सम्बन्ध में कहा जा सकता है कि जिस प्रकार वैदिक ग्रन्थ और शाखायें जिनका कुल परम्परा में अध्ययन आवश्यक था विलुप्त हो गये तो लोकानुरञ्जक इन नाटकों का क्या ? सौमिल्ल आदि के नाटक आज तक विलुप्त ही हैं। विद्वानों ने नाटकों के विलुप्त होने के कारणों के सम्बन्ध में जो विचार व्यक्त किये है वे निम्नलिखित हैं—

(१) भारत में मुसलिम शासकों के आक्रमण एवं राज्य स्थापना तथा साम्राज्य विस्तार के साथ ही साथ प्राचीन भारतीय संस्कृति का विनाश एवं उस समय के कवियों की कृतियों को विनष्ट करने का खेल प्रारम्भ हो गया था। फिर देश की समृद्धि एवं राजसिंह को हिमालय एवं विन्ध्य के बीच एकच्छत्र राज्य का निर्देश देने वाले तथा वैदिक संस्कृति एवं धर्म के पोषक कवि के ऊपर मुसलमानों की दृष्टि पड़ना स्वाभाविक ही था। उत्तरी भारत में रहने वाले देशी सरदार एवं मुसलमानों ने विदेशी आक्रमणकारियों को देवनागरी लिपि में लिखित मरल पाठ को विनष्ट करने में पर्याप्त सहयोग दिया जिसके परिणामस्वरूप उत्तरी भारत में देवनागरी लिपि में भास की कृतियाँ काल की चपेट में समाहित होकर अनुपलब्ध हो गयीं। प्रो० वी० राघवन् ने जो भास के नाटकों के हस्तलेखों की खोज की है वह देवनागरी लिपि में नहीं है। दक्षिण में जो लेख प्राप्त हुए हैं उसका कारण है कि दक्षिण केरल में मुसलमानों का प्रचार-प्रसार कम था तथा ग्रन्थ तथा मलयालम की लिपियाँ भी सम्भवतः उनके लिए सुलभ सुगम नहीं थी।

(२) ए० एस० पी० अय्यर ने 'भास' के सम्बन्ध में ऐसी सम्भावना व्यक्त की है कि विदेशियों से बार-बार पदाक्रान्त होने के कारण भारतीय जनता का ध्यान शौर्यपूर्ण अभिनयों को देखने की अपेक्षा धर्म की ओर उन्मुख हो गया था।

सन् १९०९ में महामहोपाध्याय पं० गणपति शास्त्री को पद्मनाभपुरम् के निकट मल्लिकारमठम् में स्वप्नवासवदत्तम्, प्रतिज्ञायौगन्धरायण, पञ्चरात्र, चारुदत्त, दूत घटोत्कच, अविमारक, बालचरित, मध्यमव्यायोग, कर्ण

भार तथा ऊरुभङ्ग के हस्तलेख मिले इसके अतिरिक्त दूतवाक्य की खण्डित ताड़पत्र पत्र लिखित हस्तलिपि प्राप्त हुई। ये हस्तलेख मलयालम लिपि में थे। गणपति शास्त्री ने अपने प्रयासों को आगे भी जारी रखा एवं कैलाशपुरम् के एक ज्योतिषी के यहाँ से अभिषेक तथा प्रतिमा नाटक की हस्त प्रतियाँ प्राप्त कीं। इन दोनों प्रतियों के समान ट्रिवेण्ड्रम पुस्तकागार में भी दो प्रतियाँ प्राप्त हुईं। गणपति शास्त्री ने कृष्णतन्त्री से भी हस्तलेख प्राप्त किये तथा मैसूर के पण्डित अनन्ताचार्य ने केरल से प्राप्त स्वप्नवासवदत्तम् तथा प्रतिज्ञायौगन्धरायण की दो प्रतियाँ भी गणपति शास्त्री को दीं। निरन्तर प्रयत्नशील रहने के बाद भी शास्त्री जी को चारुदत्त की कोई पूर्ण प्रति यहीं प्राप्त हो सकी।

३ जनवरी १९०६ को सम्पत कुमार चक्रवर्ती ने गवर्नमेण्ट ओरियण्टल मैनुस्क्रिप्टस्, मद्रास के पुस्तकालय के लिए देवनागरी लिपि में स्वप्नवासवदत्तम् की एक प्रति नकल की थी। उसके एक महीने पश्चात् ६-२-१९०६ को श्री चक्रवर्ती ने देवनागरी लिपि में पुस्तेकालय हेतु प्रतिज्ञायौगन्धरायण की एक प्रति की नकल की।

महामहोपाध्याय गणपति शास्त्री ने भास के जिन तेरह नाटकों को प्रकाशित किया वे निम्न लिखित हैं—

१ प्रतिज्ञायौगन्धरायण
२. अविमारक
३. स्वप्नवासवदत्ता
४. प्रतिमा नाटक
५. मध्यम व्यायोग
६. पञ्चरात्र
७. अभिषेक
८. दूत वाक्य
९. दूत घटोत्कच
१०. कर्णभार
११. ऊरुभङ्ग
१२. बाल चरित
१३. चारुदत्त

गोण्डल निवासी राजवैद्य जीवराम कालिदास शास्त्री ने १९४१ में 'यज्ञफल' नामक एक रूपक का प्रकाशन करके भास के नाटकों की संख्या एक और बढ़ा दी है। परन्तु इस नाटक के प्रकाशन के बाद इस पर बहुत विवाद हुआ और एक व्यक्ति ने उसे अपनी कृति होने का दावा किया।

बाद में विद्वानों ने अन्वेषण कर यह सिद्ध किया कि इस नाटक का एक हस्तलेख बहुत प्राचीन है और अपनी कृति का दावा करने वाले सज्जन का विचार मिथ्या है। इस विषय में प्रो० रामचन्द्र नारायण दाण्डेकर ने एक प्रमाणिक निबन्ध लिखकर यह प्रमाणित किया कि अपनी कृति होने का दावा करने वाले सज्जन का मत मिथ्या है और यह कृति प्राचीन है।

रूपकों का एककर्तृत्व

महामहोपाध्याय गणपति शास्त्री के द्वारा प्रकाशित भास के तेरह नाटकों की प्रामाणिकता पर विद्वानों में मतैक्य है। भास के नाटकों के ऊपर यह प्रश्नचिह्न लगाया जाता है कि सम्पूर्ण नाटक भास के हैं या इसमें से कुछ ही नाटक भास के हैं। सम्पूर्ण नाटकों के सूक्ष्म अन्वीक्षण से इस निष्कर्ष पर पहुँचा जा सकता है, कि सभी नाटक भास के हैं क्योंकि उनमें आश्चर्यजनक समता पायी जाती है—

(१) भास के सभी नाटकों में (चारुदत्त को छोड़कर) नान्दी के बाद सूत्रधार मंगल पाठ से इनका प्रारम्भ करता है—

(क) नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः। सूत्रधारः—उदयनवेन्दुसवर्णा।
—स्वप्नवासवदत्ता।

(ख) नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः। सूत्रधारः—पातु वासवदत्तायो····प्रतिज्ञायौ०।

इत्यादि।

(२) कर्णभार में प्रस्तावना शब्द का प्रयोग हुआ है। इसके अतिरिक्त सभी नाटकों में 'प्रस्तावना' के स्थान पर 'स्थापना' शब्द का प्रयोग किया गया है।

(३) अङ्कों के बीच में घटित घटनाओं के सम्बन्ध में जानकारी देने के लिए अङ्कों के मध्य में विष्कम्भकों तथा लघुविस्तारी प्रवेशकों का समावेश हुआ है।

(४) सम्पूर्ण नाटकों में कहीं पर भी नाटक के प्रणेता के नाम का उल्लेख नहीं है।

(५) चारुदत्त एवं दूतघटोत्कच के अतिरिक्त सम्पूर्ण नाटकों के भरत

वाक्य में राजसिंह राजा के सागर पर्यन्त एकच्छत्र राज्य की कामना व्यक्त की गयी है जिसके हिमालय और विन्ध्य दो कुण्डल हैं।

इमां सागरपर्यन्तां हिमवद्विन्ध्यकुण्डलाम्।
महीमेकातपत्राङ्कां राजसिंहः प्रशास्तु नः॥

—स्वप्न० ६–१९ तथा अन्य नाटकों के भरतवाक्य।

(६) भरत द्वारा निर्दिष्ट भारतीय नाट्य साहित्य परम्परा में नियमों का भास के नाटकों में उल्लंघन हुआ है। उदाहरणार्थ—रङ्गमञ्च पर ही मृत्यु तथा लड़ाई-झगड़े का प्रदर्शन किया है।

(७) नाटकों के पात्रों में नाम साम्य पाया जाता हैं।

(८) सभी नाटकों के पात्रों ने आकाशभासित वाक्यों का प्रयोग किया है।

(९) भास ने भरत के नाट्य शास्त्र में अविहित कुछ शब्दों का प्रयोग प्रचलित अर्थ से भिन्न किया है। जैसे—आर्यपुत्र का प्रयोग अनेकशः ऐसे अर्थों में हुआ है।

(१०) सभी रूपकों का नाम केवल ग्रन्थ की समाप्ति पर ही पाया जाता है।

(११) नाटकों में विभिन्न छन्दों के प्रयोग होने पर भी उनमें साम्य है।

(१२) सभी नाटकों की भाषा तथा शैली में अद्भुत साम्य है।

(१३) नाट्य निर्देश की न्यूनता सभी नाटकों में मिलती है एवं जो नाट्यनिर्देश हैं उनमें एकाधिक निर्देश एक साथ हैं। जैसे—'निष्क्रम्य पुनः प्रविश्य' यहाँ निकलना तथा प्रवेश करना साथ ही निर्दिष्ट है।

(१४) अधिकतर नाटकों में पताका स्थान तथा मुद्रालङ्कार का प्रयोग एक समान किया गया है।

(१५) इन नाटकों में पाणिनीय व्याकरण के नियमों पर जोर नहीं दिया गया है।

(१६) कई नाटकों में प्रभावशाली पद्धति के द्वारा किसी नवागन्तुक के द्वारा अप्रत्याशित उत्तर की प्राप्ति होती है। जैसे—जब महासेन और अङ्गारवती आपस में विचार-विमर्श कर रहे हैं कि वासवदत्ता के लिए कौन सा राजा उपयुक्त वर होगा उसी समय कञ्चुकी उपस्थित होकर 'वत्सराज' का नाम लेता है। इस प्रकार उनके प्रश्न का आकस्मिक उत्तर प्राप्त हो जाता है जबकि कञ्चुकी यह सूचना देने आता है कि 'वत्सराज' वन्दी बना लिया गया।

इसी प्रकार जब अभिषेक नाटक में रावण सीता को यह बताता है कि इन्द्रजित् के द्वारा राम एवं लक्ष्मण का वध हो गया अब तुम्हें कौन मुक्त करायेगा, उसी समय एक राक्षस आकर यह कहता है कि 'राम'। जबकि राक्षस यह सूचना देना चाहता है कि राम ने इन्द्रजित् को मार डाला।

(१७) कई नाटकों में समान वाक्यों का प्रयोग हुआ है। जैसे—'उस्सरह उस्सरह अय्या ! उस्सरह'। (हटिये, हटिये—श्रीमानों !) का प्रयोग कई स्थानों पर हैं।

(१८) एक पात्र द्वारा दूसरे पात्र के पद्यों या वाक्यों को खण्डित या पूर्ण किया गया है।

(१९) सम्पूर्ण नाटकों में से पाँच नाटकों के आद्य श्लोकों में मुद्रालङ्कार का प्रयोग कर देवस्तुति, पात्र नामोल्लेख एवं कथानक संकेतित है।

(२०) नाटक में नाटकीय घटनाओं के प्रयोग में समानता पायी जाती है। जैसे अभिषेक तथा प्रतिमा नाटक में सीता द्वारा रावण की प्रार्थना का अस्वीकार किया जाना तथा उसे शाप देना। इसी प्रकार चारुदत्त में शकार के निवेदन को अस्वीकृत करते हुए वसन्तसेना द्वारा उसे शाप देना। बालचरित तथा पञ्चरात्र में सैनिकों द्वारा राजा के विषय में प्रश्न करना कि यह किसका राजा है ? एवं प्रणाम न करना। अविमारक एवं प्रतिज्ञा में राजा तथा रानी के बीच उपयुक्त वर के लिए एक समान वर्णन है।

(२१) प्रायः भास के नाटकों में युद्ध की सूचना भटों और ब्राह्मणों के माध्यम से दिलायी गयी है।

(२२) किसी घटना की जानकारी देने के लिए 'निवेद्यतां-निवेद्यतां महाराजाय।' इत्यादि वाक्य की उद्भावना पञ्चरात्र, कर्णभार, दूतघटोत्कच आदि में एक समान है।

(२३) नाटक में भावों की समानता पायी जाती है। जैसे—नारद को कलहप्रिय तथा स्वतन्त्री का साधक बताया गया है—

(क) "तन्त्रीषु स्वरगणान् कलहांश्च लोके।"—अविमारक ४।२

(ख) "तन्त्रीश्च वैराणि च घट्टयामि।"—बाल १।३

(२४) मृत्यु के बाद राजाओं का स्थूल शरीर तो नहीं रहता परन्तु उनका यशरूपी शरीर चिरकाल तक रहता है, इस प्रकार के विचारों की उद्भावना हुई।

"नष्टाः शरीरैः क्रतुभिर्धरन्ते"।—पञ्चरात्र १।२५
"हतेषु देहेषु गुणा धरन्ते"—कर्ण० १७

(२५) लक्ष्मी का निवास साहसियों के पास दर्शाया गया है एवं वह सन्तोष नहीं करती। इस प्रकार का वर्णन चारुदत्त, दूतवाक्य, पञ्चरात्र और स्वप्नवासवदत्तम् में पाया जाता है।

उपर्युक्त समताओं के आधार पर कहा जा सकता है कि सम्पूर्ण नाटकों का लेखक एक हीं व्यक्ति रहा होगा।

नाटकों का प्रणेता कौन था ?

भास के नाटकों की प्रामाणिकता के विषय में विद्वानों में मतैक्य नहीं है। भास के नाटकों के सम्बन्ध में विचार व्यक्त करने वाले विद्वानों को तीन श्रेणियों में बाँटा जा सकता है।

प्रथम वर्ग—ए० डी० पुसालकर तथा प्रो० ए० वी० कीथ, गणपति शास्त्री, पराञ्जपे ये सभी नाटकों को भास कृत मानते हैं।

द्वितीय वर्ग—पिशरोटी, कुन्हनराजा, देवधर तथा विण्टरनित्ज,

डा० बार्नेट—ये सभी विद्वान् इन नाटकों को भास कृत नहीं मानते हैं।

तृतीय वर्ग—डॉ० सुकथानकर आदि विद्वानों का विचार है कि जो नाटक उपलब्ध हैं उनमें कुछ नाटक भासकृत हैं तथा कुछ नाटकों को सम्पादन के पश्चात् भास के साथ नाम जोड़ दिया गया है।

केरलीय चाक्यारों की रचना ?

कुछ समीक्षकों का विचार है कि इन नाटकों की रचना केरल रंगमंच अभिनेता चाक्यारों ने की है। इसके सम्बन्ध में इन लोगों का विचार है कि—

(अ) नाटकों की हस्तप्रतियों का केवल केरल से प्राप्त होना।

(ब) यदि नाटकचक्र भासकृत होता तो इनकी प्रस्तावना या स्थापना में भास का नामोल्लेख अवश्य होता।

(स) रीति ग्रन्थों में 'स्वप्नवासवदत्ता' के उदाहरण दिये गये हैं उनका वर्तमान नाटकों से कोई मेल नहीं है।

(द) महामहोपाध्याय कुप्पुस्वामी शास्त्री का विचार है कि 'स्वप्नवासवदत्ता' एवं 'प्रतिज्ञा' नाटकों में 'विवाह' के लिए 'सम्बन्ध' शब्द का प्रयोग हुआ है जो केरल के चाक्यारों में आज भी इसी अर्थ का द्योतक है। इसी आधार पर चाक्यारों की रचना प्रामाणिक सिद्ध होती है।

चाक्यारों की रचना की अप्रामाणिकता ?

नाटकों की भाषा, शैली, समृद्धि को देखते हुए चाक्यारों की रचना नहीं कहा जा सकता, क्योंकि यदि इस प्रकार के नाटकों की सृजन शक्ति चाक्यारों के अन्दर थी तो उन्होंने इन तेरह नाटकों के अतिरिक्त अन्य नाटकों का सृजन क्यों नहीं किया? क्या इन तेरह नाटकों के बाद उनकी सृजनशक्ति समाप्त हो गई? अतः इन नाटकों के प्रणेता चाक्यार नहीं थे। इस सम्बन्ध में कुछ तथ्य निर्दिष्ट हैं—

(अ) प्राचीन प्रतियों के केरल में प्राप्त होने से प्रामाणिकता असिद्ध नहीं होती, क्योंकि उत्तर भारत में राजनीतिक उथल-पुथल भी उसके अभाव

का कारण हो सकता है। इसके साथ यह भी सम्भव हो सकता है कि किसी कवि की कृति किसी देश विदेश में प्रचलित हो तथा अन्य प्रान्तों में उसका प्रचार-प्रसार न हो।

(ब) नाटकों में भास का नामोल्लेख न होने से इसकी अप्रामाणिकता तथा नवीनता नहीं सिद्ध होती, क्योंकि यह निश्चित है कि भास कालिदास से प्राचीन हैं, एवं यह भी सम्भव हो सकता है कि उस समय के कवियों में नामोल्लेख की परम्परा का अभाव हो। इसके साथ यह भी है कि यदि ये नाटक चाक्यारों के होते तो वे अवश्य अपना नामोल्लेख करते।

(स) प्राचीन ग्रन्थों से प्राप्त उद्धरणों के सम्बन्ध में यह हो सकता है कि लेखक के प्रमादवश ये अंश छूट गये हो एवं जहाँ पर ये अंश छूटे हैं वहाँ पर उन अंशों को समाविष्ट करने का पर्याप्त स्थान है।

(द) 'विवाह' के अर्थ में 'सम्बन्ध' का प्रयोग मिताक्षरा पद्धति में आज भी दिखलायी पड़ता है।

इन नाटकों की रचना पल्लव दरबार में नहीं हुई

कुछ लोगों का मत है कि पल्लव द्वितीय नरसिंह बर्मन या तेन मारन के किसी सभा पण्डित ने इन नाटकों की रचना की है, क्योंकि दो नरपतियों ने अपनी उपाधि राजसिंह रखा था, अतः 'राजसिंहः प्रशास्तु नः' के प्रयोग के आधार पर यह कहा जा सकता है। इसकी प्रामाणिकता के सम्बन्ध में यह कहा जा सकता है कि नाटक में ऐसे संस्कृत शब्द हैं जो दक्षिण में या दक्षिणात्य अर्थ रखते हैं।

यह तर्क इतिहास की कसौटी पर खरा नहीं उतरता क्योंकि इन राजाओं की सभा में ऐसे प्रतिभाशाली कवि का उल्लेख नहीं है। इसके साथ ही कवि यदि इन राज सभाओं में रहता तो अपनी कृतियों अपने नाम का उल्लेख अवश्य करता। क्योंकि विक्रम की प्रथम शताब्दी से ही नाम उल्लेख की परम्परा का प्रादुर्भाव हो गया था। जैसे—कालिदास, अश्व

घोष, भवभूति, आदि, औदीच्य एवं शक्तिभद्र, महेन्द्र वर्मन् आदि दक्षिण के नाटककारों के नाम इसके प्रमाण हैं।

इस आधार पर कहा जा सकता है कि इन नाटकों की प्रामाणिकता के सम्बन्ध में विद्वानों के तीन वर्ग हैं जिसमें एक वर्ग नाटको की प्रामाणिकता स्वीकार करता है। राजशेखर का भास के 'स्वप्नवासवदत्ता' के विषय में उल्लिखित मत प्रामाणिक रूप से लिया जा सकता है—

भासनाटकचक्रेऽस्मिञ्छेकैः क्षिप्ते परीक्षितुम्।
स्वप्नवासवदत्तस्य दाहकोऽभून्न पावकः॥

अग्नि-परीक्षा के समय और नाटकों के साथ स्वप्नवासवदत्ता का परीक्षण होता है परन्तु वह बच जाता है। इसके आधार पर कहा जा सकता है कि अन्य नाटक भी भासकृत हैं।

दूसरा वर्ग भास के नाटकों को बिल्कुल अप्रमाणिक मानते हुए उसे किसी परवर्ती लेखक, चाक्यार, पल्लव नरेश का सभा पण्डित या किसी अन्य कवि को स्वीकार करता है।

तीसरा वर्ग भास के नाटकों को अर्धप्रमाणिक स्वीकार करता है। इनके अनुसार कुछ नाटक भास रचित हैं लेकिन सभी नहीं। इस मत के समर्थन में महामहोपाध्याय पं० रामावतार शर्मा का विचार है कि कुछ नाटकों के कतिपय अंश भास रचित तो अवश्य हैं परन्तु सभी नाटकों की रचना भास कृत नहीं है। विभिन्न मत-मतान्तरों के आधार पर निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि ये नाटक अंशतः भास द्वारा लिखे गये हैं।

भास का समय

संस्कृत-साहित्य के नाट्य जगत् को आलोकित करने वाले महाकवि भास के समय निर्धारण में विद्वानों में भी मतभेद है। इसका मुख्य कारण यह है कि उस समय के कवियों में जीवन-परिचय लिखने की परम्परा का प्रादुर्भाव नहीं हुआ था। भास के समय सम्बन्ध में विद्वानों में जितना मतभेद है उतना अधिक सम्भवतः संस्कृत जगत् के किसी कवि के सम्बन्ध

में नहीं होगा। यदि एक वर्ग भास को ई० पू० चौथी शती में मानता है तो दूसरा वर्ग उन्हें ईसा की दसवीं सदी में। इस प्रकार भास के समय में १४०० वर्षों का अन्तर पड़ता है। भास को दसवीं शदी में मानने वाले विद्वान् भास नाटक चक्र कालिदास द्वारा वर्णित भास के नाटक को न मानकर किसी अन्य चाक्यार या केरलीय कवि द्वारा निर्मित स्वीकार करते हैं।

अन्तः साक्ष्य एवं बाह्य साक्ष्य के तथ्यों के आधार पर भास को चतुर्थ ई० पू० तथा ई० सन् चतुर्थ शतक के बीच स्वीकार किया जा सकता है।

महाकवि भास का देश

दक्षिण के बिद्वान् महाकवि भास को दक्षिण देश का निवासी मानते हैं। इसके सम्वन्ध में उन लोगों का तर्क है कि—

(१) भास के नाटकों के सभी हस्तलेख केरल में प्राप्त हैं।

(२) सम्पूर्ण भारत को छोड़कर केरल में ऐसा नियम है कि संस्कार के समय पति के साथ पत्नी की उपस्थिति अनिवार्य नहीं है, इसी प्रकार का चित्रण भास ने अपने प्रतिमा नाटक में संस्कार के समय राम के साथ सीता का चित्रण नहीं किया है। अतः इस प्रकार के वर्णन के आधार पर भास केरल के निवासी ठहरते हैं।

(३) भास ने मामा का अधिक सम्मान के साथ उल्लेख किया है, जिसका कारण दक्षिण भारत का ही प्रभाव है।

मत की अप्रामाणिकता

किसी कवि के किसी स्थान पर प्राप्त हस्तलेखों के आधार पर उसको उस देश का निवासी नहीं कहा जा सकता, क्योंकि यह भी सम्भव है कि किसी कवि की रचनाओं की ख्याति दूसरे देशों में हों तथा कवि दूसरे देश का निवासी हो। उत्तर भारत में मुसलिम शासकों का क्रूर नर्तन तथा राजनीतिक उथल-पुथल का समय था। इसलिए भास के नाटकचक्र के हस्तलिपियों का उत्तर भारत में अभाव है। प्रतिमा नाटक में अभिषेक

संस्कार में राम के साथ सीता की अनुपस्थिति नाटकीय विशेषताओं के लिए दर्शायी गयी है।

भास के द्वारा मामा को अधिक सम्मान देने वाली बात धर्मशास्त्रपर अवलम्बित है।

वस्तुतः भास के नाटकों के अध्ययन से उस समय की परिस्थितियों का ज्ञान होता है। भास ने अपने नाटकों में अनेकों देशों का वर्णन किया है। उनमें प्रमुख हैं—अवन्ती, वत्स, काशी, मत्स्य, शूरसेन, कुरु, कुरुजाङ्गल, उत्तरकुरु, कोशल, विराट्, सौवीर, कम्बोज, गांधार, मद्र, मगध, मिथिला (विदेह), अंग, बंग, जनस्थान, दक्षिणापथ तथा लङ्का आदि। इन नामों के आधार पर कहा जा सकता है कि भास उत्तर भारत के ही निवासी थे। उन्होंने लङ्का, दक्षिणापथ, सिंहल का वर्णन किया है, वह रामायण एवं महाभारत के आधार पर किया है।

भास ने उत्तर भारत के ही पर्वतों हिमालय, विन्ध्य, चित्रकूट, मेरु, मन्दर, क्रौञ्च, कैलाश आदि का वर्णन मुख्यतः किया। अन्य स्थानों का वर्णन प्रकरणोपात्त है।

भास का धर्म

महाकवि भास गो-ब्राह्मण संरक्षक वैष्णव मतावलम्बी थे, वे राम तथा कृष्ण के अनन्य भक्त, वैदिक कर्मकाण्डों में पूर्ण निष्ठा रखने वाले वैष्णव धर्म के अनन्य अनुयायी थे।

भास ब्राह्मण थे ?

भास के नाटकों से यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि भास ब्राह्मण थे।[1] परम्परा से भी ब्राह्मण का विद्या के अध्ययन-अध्यापन पर आधिपत्य था। ब्राह्मण धर्म एवं समाज व्यवस्था को मानना तथा अकुलीनों का सुरूप न होना (अविमारक) आदि तथ्य भास को ब्राह्मण ठहराते हैं।

---

[1] ए० एस० पी० अय्यरकृत 'भास' पृ० ६ यही मत डा० पुसालकर का भी है। द्र० भास : ए० स्टडी।

दूतघटोत्कच नाटक का संक्षिप्त कथानक

महाकवि भास के द्वारा विरचित इस नाटक का कथानक महाभारत पर आधारित है। नाटक की कथावस्तु का सम्बन्ध अभिमन्यु की मृत्यु के उपरान्त की घटनाओं से है। संशप्तकगणों से युद्ध के निमित्त कृष्ण के साथ अर्जुन दूर चले गये हैं और छल-कपट का सहारा लेकर कौरवों ने अर्जुन के पुत्र वीर अभिमन्यु को युद्ध में एकाकी तथा निहत्था पाकर उसका बध कर डाला हैं। नाटक का कथानक इस प्रकार प्रारम्भ होता है—

नान्दी पाठ के बाद सूत्रधार रङ्गमञ्च पर आता है और सभ्यों की मङ्गल कामना हेतु विष्णु भगवान् से प्रार्थना करता है। उसी समय नेपथ्य में शब्द सुनाई पड़ता है; उस शब्द को सुन कर वह कहता है कि मैं समझ गया कि धृतराष्ट्र के पुत्रों ने अभिमन्यु को चारों तरफ से घेर कर मार डाला तथा अभिमन्यु के तीखे बाणों से क्षत-विक्षत होकर नष्ट चेतन राजागण अर्जुन के पुनः आक्रमण के भय से जिस तरफ अर्जुन गए थे उसी ओर देखते हुए अपने शिविर में लौट रहे हैं। सब चले जाते और भट आता है। भट कहता है कि सैकड़ों पुत्रों तथा सुयोग्य बन्धु-बान्धवों से सम्पन्न विशिष्ट ज्ञान एवं विद्या से विनम्र व्यवहार वाले महाराज धृतराष्ट्र से निवेदन करो कि बालक अभिमन्यु ने अपने पिता अर्जुन के समान पराक्रम प्रदर्शित कर युद्ध क्षेत्र में राजाओं, हाथी, घोड़ों एवं सेना को व्याकुल कर दिया था। सुभद्रापुत्र अभिमन्यु रण में अत्यन्त शूर होने के कारण स्वर्ग में सब दिशाओं से शीघ्रता पूर्वक सैकड़ों राजकुमारों के आने पर भी अपने पितामह इन्द्र की गोद में बैठाया गया। उसी समय धृतराष्ट्र, गान्धारी, दुःशला तथा प्रतिहारी आते है। धृतराष्ट्र कहते हैं कि कौन ऐसा निर्भीक है जो हम लोगों के शिशु अभिमन्यु के बध के पाप से कलङ्कित वंश के विनाश की घोषणा कर रहा है तथा इस प्रकार अप्रिय वचन बोल कर मेरे कर्ण पथ को दूषित किया। गान्धारी कहती हैं कि मुझे ऐसा लगता है कि पुत्रों

का विनाश करके कौरव एवं पाण्डवों के बीच युद्ध होगा । धृतराष्ट्र कहते हैं कि मालूम हैं । जब गान्धारी पूछती हैं कि कब होगा तब वे बताते हैं कि अभिमन्यु के बध से अत्यन्त क्रुद्ध और कुपित कृष्ण के द्वारा गृहीत लगाम और चाबुक से युक्त रथ पर अर्जुन अपने गाण्डीव धनुष की सहायता से सम्पूर्ण संसार को विनष्ट कर डालेगें, तत्पश्चात् की अवस्था में विश्व शान्ति को प्राप्त होगा । गान्धारी शोक प्रकट करते हुए कहती हैं कि हाय पुत्र अभिमन्यु ! इस प्रकार के कुल–विग्रह और मनुष्यों के विनाश कारक युद्ध को उपस्थित करके हे पौत्र ! तुम अब कहाँ चले गये । दुःशला कहती है कि जिसने वधू उतरा को विधवा बनाया उसने अपने पक्ष की युवतियों को भी विधवापन दिया है । धृतराष्ट्र पूछते हैं कि इस विपत्तिरूपी सागर की सूचना किसने दी ? भट कहता है महाराज मैंने । धृतराष्ट्र पूछते हैं कि तुम कौन हो ? तो वह कहता है कि मैं जयत्रात हूँ । धृतराष्ट्र उससे पूछते हैं कि अपना जीवन किसे अप्रिय है । जिसने अभिमन्यु का बध किया । भट कहता है कि महाराज अनेक राजाओं ने मिल कर अभिमन्यु को मारा परन्तु जयद्रथ ही उसका निमित्त था । धृतराष्ट्र जयद्रथ का निमित्त होना सुन कर शोक प्रकट करते हैं तथा कहते हैं कि जयद्रथ मारा गया । यह सुन कर दुःशला रोती है । धृतराष्ट्र उसे सान्त्वना देते हुए कहते हैं कि पुत्री ! मत रोओ ! तुम्हारे पति को तुम्हारा सौभाग्य अवश्य ही अरुचिकर है जिसने स्वयं अपने को अर्जुन के बाणों का लक्ष्य बनाया है । दुःशला धृतराष्ट्र से उतरा के पास जाने की आज्ञा माँगती है वह कहती हैं कि—मैं उत्तरा से जाकर कहूँगी कि—आज जो वेष धारण किया है मैं उसे कल धारण करुंगी । गान्धारी दुःशला को मना करती हुई कहती हैं कि पुत्री अमङ्गल मत बोलो । तुम्हारे पति जीवित हैं । गान्धारी के वचनों पर अविश्वास प्रकट करती हुई दुःशला कहती है, मा ! मेरा ऐसा सौभाग्य कहां ? कौन, जिसने कृष्ण सखा अर्जुन का अपकार किया है जीवित रहने की आशा करेगा ? धृतराष्ट्र दुःशला की बातों का समर्थन करते हुए कहते हैं—बेचारी दुःशला सत्य कहती है क्योंकि—जो अभिमन्यु कृष्ण की भुजाओं का तकिया लगा कर उसकी गोदी में पला तथा स्वयं मदयुक्त

बलराम जिसे देख कर भागिनेय प्रेम से और भी मदमत्त हो जाते थे, जो पृथा के पुत्र देवताओं के समान विक्रम वाले पांचों पाण्डवों का प्रेम पात्र था उसे मार कर स्वयं दुष्कर्म करने वाला कौन भला इस संसार में अधिक दिन तक जीवित रह सकता है। धृतराष्ट्र भट से पूछतें है कि इस प्रकार की घटना को देख कर अर्जुन ने क्या किया ? भट बताता है कि अर्जुन उस समय नहीं थे। जब संशप्तक की सेना ने अर्जुन और कृष्ण को रोक लिया तभी राजकुमार अभिमन्यु ने स्वयं रणाङ्गनों में प्रवेश किया। धृतराष्ट्र शोक करते हैं और कहते हैं कि इस अवस्था में उसका वध सर्वथा सम्भव था। सिंह के रहते भला कौन गुफा में जा सकता है ? अब शेष पाण्डव क्या कर रहे हैं ? भट कहता है कि महाराज। अन्य पाण्डव स्वयं अभिमन्यु के शव को चिता पर नहीं रख रहें हैं क्योंकि अर्जुन मृत पुत्र के शव को देख लें, तथा जिन राजाओं ने उसके शरीर पर शराघात किया है उनके नाम का विचार कर रहें हैं। धृतराष्ट्र गान्धारी से कहते हैं कि आओ, हम सब गंगा के तट पर ही चलें। उसी समय दुर्योधन, दुःशासन और शकुनि वहां आते हैं।

दुर्योधन दुःशासन से कहता है कि अभिमन्यु के वध से हमारा पाण्डवों से विरोध और बढ़ गया, शत्रुओं की विजय डगमगा गई, कृष्ण का गर्व भी विनष्ट हो गया तथा हमें पूर्ण रूप से विजय की प्राप्ति के साथ-साथ यश भी प्राप्त हुआ। दुःशासन दुर्योधन की बातों का समर्थन करते हुए कहता है कि निश्चय ही जयद्रथ की सेना ने शत्रु-सेना को जीत कर पाण्डवों को रोक दिया और सैकड़ों शराघातों से अर्जुन पुत्र अभिमन्यु के मारे जाने पर पहले भीष्म पितामह की मृत्यु से जो कष्ट हमें मिला था वही आज युद्ध क्षेत्र में उनके पुत्र के वध के द्वारा तीखे शोक रूपी बाणों के प्रहार से उन पाण्डवों के हृदय को विद्ध किया है। दुर्योधन कहता है कि आइए हम सब पूज्य पिता को प्रणाम करें। शकुनि मना करते हुए कहते है कि धृतराष्ट्र को आपस का झगड़ा अच्छा नहीं लगता क्योंकि पाण्डव लोग उन्हें प्रिय हैं, वे हम लोगों की निन्दा किया करते हैं। इसलिए जय

पाकर युद्ध से निवृत्त होने पर प्रसन्न मुख हो हम लोगों को प्रणाम करने के लिए उनके पास जाना अनुरूप होगा। दुर्योधन कहता है—मामा जी कुछ भी हो हम सब पूज्य पिता का अभिवादन करेगें। धृतराष्ट्र को दुर्योधन, दुःशासन और शकुनि प्रणाम करते हैं।

धृतराष्ट्र कहते हैं 'कि पुत्र मैं कैसे आशीर्वाद दूँ क्योंकि अर्जुन और कृष्ण के हृदय रूप सुभद्रा के पुत्र अभिमन्यु का वध होने पर आप लोग जीवन से पराङ्मुख हो गये हैं।'

दुर्योधन पूछता है—तात ! यह भ्रम कैसे उत्पन्न हुआ ?

धृतराष्ट्र कहते हैं—तुम पूछते हो यह भ्रम कैसे हुआ ? अनेक पुत्रों वाले इस कुल में सौ पुत्रों से भी अधिक प्यारी केवल एक कन्या है और वह तुम भाइयों की कृपा से निन्दनीय वैधव्य को प्राप्त करेगी।

दुर्योधन पूछता है कि पिता जी इसमें जयद्रथ ने क्या किया। धृतराष्ट्र कहते हैं कि जयद्रथ ने ही पाण्डवों को रोका था। दुर्योधन कहता है कि केवल जयद्रथ ही अकेले नहीं थे बल्कि अन्य राजकुमार भी उनके साथ थे।

यह सुन कर धृतराष्ट्र बहुत दुःखित होते हैं और कहते हैं कि बहुत लोगों के साथ मिल कर निर्दयता पूर्वक शिशु पुत्र पर प्रहार करते हुए तुम लोगों की भुजायें क्यों नहीं गिर गईं ? दुर्योधन कहता है वृद्ध पितामह को मार कर उन लोगों की भुजायें जब नहीं गिर गई तो तरुण पुरुषों के समान बलशाली इस बालक को मारने पर हम लोगों की भुजाएं कैसे गिरेगी। दुर्योधन धृतराष्ट्र से कहते हैं कि भीष्म और अभिमन्यु की मृत्यु में कोई समानता नहीं है क्योंकि भीष्म की मृत्यु उनकी इच्छा और उनके आदेश पर आई अतएव उन्हें आत्म सन्तोष था परन्तु अभिमन्यु तो अर्जुन का प्रथम अङ्कुर था जिसे काट डाला गया। दुःशासन कहता है कि पिताजी वह बालक नहीं था क्योंकि हम सब से युद्ध करते हुए उसने अपने बाणों से राजाओं

को वैसे ही व्याप्त कर दिया जैसे अपनी किरणों से सूर्य घिरा होता है। धृतराष्ट्र कहते हैं कि बालक अभिमन्यु ने ऐसा पराक्रम दिखाया तो पुत्र शोक से दुःखी अर्जुन तुम लोगों का क्या करेगें ? दुर्योधन पूछता है कि पिताजी अर्जुन कौन है ?

धृतराष्ट्र कहते हैं कि यदि तुम अर्जुन को नहीं जानते हो तो जाकर इन्द्र से पूछो, जो पहले निवात-कवच राक्षसों के जीवन के उपहार के द्वारा पूजित हुआ, उस शङ्कर से पूछो, जिस किरात वेशधारी को अर्जुन ने अनेक शस्त्रास्त्रों से सन्तुष्ट किया था, उस अग्नि से पूछो, जिसका तर्पण खाण्डव वन में हुआ और आज उस गन्धर्व चित्राङ्गद से पूछो, जिसने तुम्हें परास्त किया अर्जुन के द्वारा तुम रक्षित हुए। दुर्योधन कहता है कि अर्जुन के समान मेरी सेना में कर्ण है। धृतराष्ट्र कहते हैं कि बेचारा कर्ण हास्यास्पद है क्योंकि इन्द्र ने उसका कवच हरण कर लिया, वह अर्धरथ और प्रमादी है, कपट के द्वारा अर्जित उसकी विद्या भी विफल है तथा वह दयावान् है। कर्ण अर्जुन की समानता तभी कर सकता है जबकि इन्द्र, अग्नि और शिव स्वय उसके अस्त्र शिक्षक बनें। शकुनि धृतराष्ट्र से कहता है कि आप हम लोगों की निन्दा करने में समर्थ हैं, धृतराष्ट्र कहते हैं कि हे शकुनि तुम्हारे ही कर्मों के परिणाम स्वरूप कौरव कुल का द्वेषाग्नि शिशु की आहुति के पश्चात् भी शान्त नहीं हो रही है। उसी समय सहसा भूकम्प के समान कम्पन तथा आकाश से उल्कापात होता है। धृतराष्ट्र दुर्योधन से कहते हैं कि ऐसा मालूम होता है कि पौत्र अभिमन्यु को मरा हुआ देख कर मानो इन्द्र रो रहे हैं और उन्हीं के अश्रु-विन्द उल्का रूप में आकाश से गिर रहे हैं। दुर्योधन इसका पता लगाने के लिए भट जयत्रात को भेजता है। वह लौट कर बताता है कि अर्जुन ने प्रतिज्ञा की है। धृतराष्ट्र कहते हैं कि जिसकी प्रतिज्ञा के प्रताप से पृथ्वी कांप गई उसके धनुष ग्रहण करते ही स्पष्ट है कि तीनों लोक डगमगा जायेगा। दुर्योधन जयत्रात से पूछता है कि अर्जुन ने क्या प्रतिज्ञा की ? वह बताता है, 'जिस कौरव ने मेरे पुत्र का बध किया है और जो राजागण उससे

सन्तुष्ट हुये हैं उन सबको मैं कल सूर्यास्त के पूर्व ही मार डालूंगा और ऐसा न होने पर गाण्डीव के साथ चितारोहण करूंगा। यह सुन कर दुर्योधन कहता है कि हम सब उनकी प्रतिज्ञा में बाधा डालेगें। धृतराष्ट्र पूछते हैं, पुत्र क्या करोगे ?

दुर्योधन कहता है कि जयद्रथ को अपनी सारी अक्षौहिणी से छिपा देगें। और भी, जैसा आचार्य द्रोणाचार्य कहेंगे हम सब सैन्य व्यूह की अजेय रचना करेंगे, और इस प्रकार अपनी प्रतिज्ञा को न पूर्ण करके अर्जुन हाथी और सेना के साथ आग में जल मरेंगे। दुर्योधन के इस प्रकार के कथन को सुन कर धृतराष्ट्र कहते हैं कि पृथ्वी के अन्दर प्रवेश करने पर एवं आकाश मण्डल मे चढ़ जाने पर भी, कृष्ण ही हैं नेत्र जिनके ऐसे पाण्डव के बाण जयद्रथ का पीछा सर्वत्र करेंगे और उसे नहीं छोड़ेगें।

उसी समय घटोत्कच प्रवेश करता है। वह मन में सोचता है कि मैं सुभद्रा के पुत्र अभिमन्यु के वध से प्रेरित होकर कृष्ण के आदेश को मान कर पापी हृदय वाले शत्रु को देखने जाता हूँ जैसे अङ्कुश से प्रेरित गज ग्रास लेने जाता है। सभा भवन में पहुँच कर वह स्वयं अपना परिचय देते हुए कहता है कि श्री कृष्ण के आदेश को ग्रहण करके मैं हिडिम्बा का पुत्र घटोत्कच अपने गुरुजनों को, जो अपने ही पाप कर्मो के कारण अब शत्रु हो गये हैं देखने की इच्छा से यहां आया हूँ। दुर्योधन उसे बुलाते हुए कहता है कि मैं दुर्योधन यहां हूँ तुम आओं और निर्भय होकर श्री कृष्ण का सन्देश सुनाओ, मुझे बहुत कौतूहल है। घटोत्कच जाता है और धृतराष्ट्र की शारीरिक बनावट एवं पुष्टता को देख कर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहता है कि यह वृद्ध हैं फिर भी झुर्रियां नहीं पड़ी हैं और मांसल पुष्ट बाहुमूल वाले तथा श्रद्धेय रूप हैं क्योंकि सौ पुत्रों को उत्पन्न किया है। मालूम होता है कि देवताओं को स्वर्गलोक की रक्षा में शङ्का हो गई थी, अतः ब्रह्मा ने श्रीमान् को अन्धा बनाया। वह धृतराष्ट्र के समीप जाकर युधिष्ठिरादि का प्रणाम निवेदन तथा अपना अभिवादन कहता है। धृतराष्ट्र कहते हैं आओ पुत्र ! जो भाई की मृत्यु के कारण तुम्हारी आत्मा दुःखित है यह केवल

तुम्हारे ही शोक का विषय नहीं है अपितु मेरा भी मन दुःखित है, इस आशय को तुम नहीं समझते। मैं अपने पुत्रों के अपराध से दयनीय किया गया हूँ। घटोत्कच भगवान् श्री कृष्ण का सन्देश सुनाने को कहता है, यह सुन कर धृतराष्ट्र अपने आसन से उठ खड़े होकर कहते हैं कि भगवान् श्री कृष्ण ने मेरे लिए क्या आज्ञा दी है। घटोत्कच उन्हें आसन पर बैठ कर ही सन्देश सुनने के लिए कहता है। वह सन्देश सुनाता है—'हाय पुत्र अभिमन्यु! हाय पुत्र कुरुकुल के दीपक! हाय पुत्र यदुकुल के अङ्कुर! तुम अपनी माँ एवं मामा, मुझे भी छोड़ कर पितामह को देखने के लिए स्वर्गलोक में चले गये। एक पुत्र के विनाश से अर्जुन की यह अवस्था हुई है फिर तुम्हारी अवस्था क्या होगी पितामह! तो शीघ्र ही पने पक्ष की सम्पूर्ण सेना को लौटा लो जिससे अपने पुत्र शोक से उठी हुई अग्नि में हवि की भांति तुम्हारे ही शरीर एवं प्राण भ जल जायँ।

धृतराष्ट्र कहते हैं—क्रोध के साथ उद्योगशील श्री कृष्ण ने ऐसा कहा है मैं तः मानो प्रत्यक्ष देख रहा हूँ कि अर्जुन ने सारे क्षत्रियों के विनाश के लिए ही निश्चय किया है। घटोत्कच के सन्देश को सुन कर दुर्योधन कहता है यह हास्यास्पद है, क्योंकि देवताओं के साथ मन्त्रणा करते-करते उन्हें गर्व हो गया है जो केवल पार्थ के द्वारा सम्पूर्ण क्षत्रिय मण्डल को मरा हुआ समझते हैं घटोत्कच दुर्योधन से कहता है कि मैं श्री कृष्ण द्वारा भेजा गया सन्देश कह रहा हूँ और तुम हँस रहे हो, वास्तव में अर्जुन के कर्मों को तुम्हें बतलाना उचित है और तुम भी श्री कृष्ण का सन्देश सुनों। दुःशासन कहते हैं कि जिसकी आज्ञा सम्पूर्ण भूमण्डल के राजागण धारण करते है उसके सम्मुख किसी अन्य का सन्देश नहीं सुना जायेगा।

घटोत्कच दुःशासन से कहता है कि श्रीकृष्ण तुम्हारे लिए क्या राजा नहीं हैं? खेद है। जिस श्रीकृष्ण ने जरासन्ध के कारागार से दीन-राजाओं को मुक्ति दी, भीष्म के कर कमलों से जिसने राजाओं के समक्ष अर्घ्यदान लिया, लक्ष्मी स्वयं जिस पर अनुरक्त हैं और उनका हृदय ही जिस श्री कृष्ण

का शयन गृह है वह वन्दनीय चक्रपाणि राजाओं का भी राजा तुम्हारे लिए कैसे राजा नहीं हैं। दुर्योधन दुःशासन से कहता है कि विवाद बन्द करो। श्री कृष्ण राजा हों या अराजा हों, वे बली हों या निर्बल हों, इसके कथन की क्या आवश्यकता, बतलाओ तुम्हारे प्रभु ने क्या कहा है। घटोत्कच कहता है—भगवान् चक्रपाणि तीनों लोकों के स्वामी प्रभु ही हैं। विशेष रूप से हम लोगों के स्वामी हैं। और भी क्षत्रियों का विनाश अब समाप्त हो समझो सौ राजाओं के वध से अब पृथ्वी हल्की हो, क्योंकि पुत्र के निधन से उठे उग्र अस्त्रों के प्रहार से रण के प्रारम्भ होने पर अर्जुन के लिए कुछ भी दुष्कर नहीं होगा।

शकुनि कहता है—यदि कहने मात्र से ही यह पृथ्वी जीती जा सके और यदि वाक्य-वाक्य से सबका वध ही होना है तो समझो सारे क्षत्रिय मार डाले गये।

घटोत्कच शकुनि से कहता है—हे शकुनि ! जुए के पाशों को छोड़ दो और अपने क्रीडा फलक को शराघात के अनुरूप युद्ध करने के योग्य बना दो। यहाँ कहीं स्त्री का अपहरण या राज्य का धोखे से अपहरण करना नहीं है। यहां तो अति तीखे बाण और प्राण ही क्रीडा पाश हैं। दुर्योधन उसे शान्त कराते हुए कहता है कि तुम दूत के नियमों का उल्लंघन करके कठोर वचन बोलते हो और सबकी निन्दी करते हो, तुम दीर्घबाहु, बकवास करते समय कुछ भी नहीं गिनते, यदि तुम्हें अपनी माता हिडिम्बा के द्वारा प्राप्त विकराल रूप पर गर्व है तो हम सब भी राक्षसों के समान विकट स्वभाव वाले हैं।

घटोत्कच कहता है कि आप लोग राक्षसों से भी अधिक कठोर स्वभाव के हैं क्योंकि निशाचर भी लाक्षागृह में सोये हुए भाइयों को नहीं जलावेंगें। निशाचरों को वह स्मरण भी नहीं होगा कि कभी उन्होंने युद्ध क्षेत्र में अपने पुत्र को मारा हो। यद्यपि राक्षसों का स्वरूप बड़ा विकराल होता है,

उनके स्वभाव में परुषता होती है फिर भी तुम लोगों की भाँति दयाहीन नहीं होते।

दुर्योधन कहता है कि आप दूत के रूप में यहां आए हैं युद्ध करने के लिए नहीं अतः अपना सन्देश लेकर चले जाइये, हम सब दूत को मारने वाले नहीं हैं।

घटोत्कच क्रोधित होकर कहता है कि 'दूत' कह कर मेरी निन्दा करते हो। तुम सब लोग मिल कर मुझ पर प्रहार करो, मैं प्रत्यन्चा कट जाने के कारण दुर्बल बना हुआ अभिमन्यु नहीं हूँ, यह मुट्ठी बांध कर खड़ा हूँ जिस पुरुष को यमपुर जाना हो आ जाय।

धृतराष्ट्र घटोत्कच से कहते हैं पौत्र घटोत्कच क्षमा करो, क्षमा करो, मेरे वचनों पर ध्यान दो। घटोत्कच शान्त हो जाता है और पूछता है क्या प्रार्थना करनी है।

दुर्योधन कहता है—किसकी प्रार्थना ? मेरे वचन से ऐसे कहना—क्यों व्यर्थ में कल्पना करते हो, हम सब तुम्हारे परुष वचनों से विजित नहीं हो सकते। तुम पाण्डवों के साथ रहना और मैं सैकड़ों क्षत्रियों से युक्त निरन्तर बाण—प्रहार के द्वारा तुम्हारे वचनों का उत्तर दे दूँगा। घटोत्कच जाने को उद्यत होता है परन्तु जाते-जाते वह श्री कृष्ण का अन्तिम सन्देश सुनाता है कि जो आचरणीय हो उसे करो, अपने बान्धवों का समादर करो, जो कुछ करने की हार्दिक इच्छा हो उसे इस पृथ्वी पर कर लो क्योंकि पाण्डवों के रूप में हितकारी उपदेश की भांति यमराज सूर्य की किरणो के साथ (प्रातः) तुम्हारे पास आयेंगें। सभी चले जाते हैं और इसी के साथ नाटक समाप्त होता है।

नाटक का नामकरण

नाटक का नामकरण हिडिम्बा-पुत्र घटोत्कच के दौत्य कर्म के आधार पर किया गया है। घटोत्कच भगवान् श्री कृष्ण का दूत बन कर कौरव

सभा में जाकर सन्देश देता है। नाटक में घटोत्कच का आगमन लगभग आधे नाटक के बाद होता है, परन्तु उसका दौत्यकर्म प्रदर्शित करना ही नाटककार को अभीष्ट था और इसमें वे सफल भी रहे हैं। इसी के आधार पर नाटक का नामकरण हुआ है।

नाटकीय कथावस्तु का आधार

महाभारत की कथा में नाटक के अन्य पात्रों का वर्णन, अर्जुन का कृष्ण के साथ जाकर संशप्तकों से युद्ध करना, अभिमन्यु का चक्रव्यूह में मृत्यु आदि घटनाओं का वर्णन है परन्तु घटोत्कच का दूत बन कर कौरवों के पास जाना नाटककार की मौलिक कल्पना पर आधारित है। दूत घटोत्कच का दौत्यकर्म महाभारत में नहीं है।

नाटक के प्रमुख पात्रों का चरित्र-चित्रण

महाकवि भास पात्रों के चरित्राङ्कन में सिद्धहस्त हैं। इनके नाटकीय पात्र नाटक में भार स्वरूप न होकर उसको जीवन्तता प्रदान करते हैं। नाटक के प्रमुख पात्रों का चरित्र-चित्रण इस प्रकार है—

घटोत्कच

जिसके आधार पर नाटक का नामकरण हुआ है वही नाटक का प्रधान पात्र भी है। घटोत्कच के चरित्र में नम्रता, व्यवहार कुशलता, शिष्टता, वाक्पटुता, वीरता आदि गुणों का मञ्जुल समन्वय दिखलायी पड़ता है। घटोत्कच के चरित्र में शालीनता एवं शिष्टता समान रूप में दिखलायी पड़ती है, वह मर्यादा का ध्यान रखते हुए धृतराष्ट्र को शिष्टता पूर्वक प्रणाम करता है, प्रणाम करते समय सहसा उसे याद आ जाता है तो पहले युधिष्ठिरादि पाण्डवों का निवेदन प्रणाम करने के बाद अपना प्रणाम कहता है—

'युधिष्ठिरादयश्च मे गुरवो भवन्तमभिवादयन्ति। पश्चाद्घटोऽमभिवादये।'

घटोत्कच वाक्पटु भी है। जब दुर्योधन उससे कहता है कि तुम्हीं राक्षस नहीं, बल्कि हम लोग भी राक्षस के समान विकट स्वभाव वाले हैं, तब घटोत्कच कहता है कि तुम लोग राक्षसों से भी निन्दनीय चरित्र वाले हो, क्योंकि राक्षस तुम लोगों जैसा निकृष्ट कर्म नहीं कर सकता—

न तु जतुगृहे सुप्तान् भ्रातृन् दहन्ति निशाचराः,
शिरसि न तथा भ्रातुः पत्नीं स्पृशन्ति निशाचराः।

न च सुतवधं सङ्ख्ये कर्तुं स्मरन्ति निशाचरा,
विकृतवपुषोऽप्युग्राचारा घृणा न तु वर्जिताः ॥ ४७

अर्थात् निशाचर भी लाक्षागृह में सोये हुए भाइयों को नहीं जलावेगें। वे अपनी भावज के शिर पर हाथ वैसा नहीं लगावेगें, निशाचरों को तो स्मरण भी नहीं होगा कि कभी उन्होंने युद्ध क्षेत्र में अपने पुत्र को मारा हो। यद्यपि राक्षसों का रूप बड़ा विकराल होता है और उनके स्वभाव में कठोरता होती है परन्तु तुम लोगों के समान दयाहीन नहीं होते।

घटोत्कच के चरित्र में वीररसोचित व्यवहार गुण कूट-कूट कर भरा है। जब दुर्योधनादि पाण्डवों को तिरस्कृत तथा उसे दूत समझ कर निन्दित करते हैं तो वह क्रोधित हो जाता है और मुट्ठी बांध कर उनसे युद्ध के लिए तैयार हो जाता है—

दष्टोष्ठो मुष्टिमुद्यम्य तिष्ठत्येष घटोत्कचः।
उत्तिष्ठतु पुमान् कश्चिद्गन्तुमिच्छेद्यमालयम् ॥ ५०

अर्थात् घटोत्कच ओठ काट कर मुट्ठी बांध कर खड़ा हो जाता है और कहता है कि जिस पुरुष को यमपुर जाना हो आ जाय।

इस प्रकार कहा जा सकता है कि नाटककार ने बहुत अंशों में घटोत्कच के क्रूर एवं राक्षसी स्वभाव का परिहार करते हुए उन्नत रूप में उसके चरित्र को प्रस्तुत किया है।

धृतराष्ट्र

नाटक में धृतराष्ट्र का चरित्र सत्य का पक्षधर तथा अन्याय के विरोधी रूप में परिलक्षित होता है। वे गृह कलह से अत्यन्त दुःखी है, अभिमन्यु का मारे जाने की खबर सुन कर वे बहुत दुःखी होते हैं। इसीलिए वे हमेशा पाण्डवों की प्रशंसा तथा कौरवों की निन्दा करते हैं।

वे कहते हैं—

बहूनां समवेतानामेकस्मिन्निर्घृणात्मनाम्।
बाले पुत्रे प्रहरतां कथं न पतिता भुजाः॥ १७

अर्थात् बहुत लोगों के एकत्रित प्रयास से निर्दयता पूर्वक शिशु पुत्र पर प्रहार करते हुए तुम लोगों की भुजाएं क्यों नहीं गिर गईं।

जब शकुनि धृतराष्ट्र से कहता है कि आप हम लोगों की निन्दा करने में समर्थ हैं तो वह कहते हैं—

त्वया हि यत्कृतं कर्म सततं द्यूतशालिना।
तत्कुलस्यास्य वैराग्निर्बालेष्वपि न शाम्यति॥ २४

अर्थात् द्यूत क्रीडा में दक्ष तुमने निरन्तर जो कर्म किया उसी के कारण इस कौरव कुल की द्वेषाग्नि शिशु के आहुति के पश्चात् भी शान्त नहीं हो रही है।

धृतराष्ट्र घटोत्कच के क्रोध को शान्त भी कराते हैं। इस प्रकार कहा जा सकता हैं कि धृतराष्ट्र के चरित्र में न्यायप्रियता एवं स्पष्टवादिता आदि गुण झलकता है।

दुर्योधन, शकुनि एवं दुःशासन का चरित्र बहुत अंशों में एक ही सिक्के विभिन्न पहलुओं के रूप में समान है। ये अत्यन्त अभिमानी, क्रूर एवं दुष्ट स्वभाव के हैं। निहत्थे बालक अभिमन्यु को मार कर गर्व का अनुभव करते हैं।

गान्धारी तथा उनकी पुत्री दुःशला का चरित्र कोई विशेष महत्वपूर्ण नहीं है।

समीक्षण

दूत घटोत्कच नाटक को नाटक किस श्रेणी में रखा जाय, इस विषय में विद्वानों में मतैक्य है। डा० गणपति शास्त्री का अभिमत है कि यह नाटक न तो सुखान्त है और न दुःखान्त ही, अपितु यह मध्य में समाप्त हो जाता है। डा० ए० वी० कीथ इस नाटक को व्यायोग मानते हैं। इसके सम्बन्ध में उनका कथन है कि नाटक के अधिकांश अंश में युद्ध की योजना और उससे सम्बन्धित वार्ता है। नाटक के कुछ अंशों में व्यायोग के चिह्न हैं परन्तु इसके विपरीत डा० पुसालकर इसे उत्सृष्टिकाङ्क मानते हैं। उत्सृष्टिकाङ्क के कुछ स्पष्ट लक्षण इसमें दिखलायी भी पड़ते हैं। दशरूपककार ने इसके लक्षण के सम्बन्ध में लिखा है—

'उत्सृष्टिकाङ्के प्रख्यातं वृत्तं बुद्धचा प्रपञ्चयेत्।
रसस्तु करुणः स्थायी नेतारः प्राकृता नराः॥
भाणवत्सन्धिवृत्त्यङ्गैर्युक्तः स्त्रीपरिदेवितैः।
वाचा युद्धं विधातव्यं तथा जयपराजयौ॥

—३।७०-७२

अर्थात उत्सृष्टिकाङ्क का लक्षण है—'बुद्धि-प्रपञ्चित प्रख्यात वृत्त, करुण रस, वाग्युद्ध तथा जय-पराजय, स्त्रियों से घिरा रहना। इत्यादि ये सभी बातें इस नाटक में है।

भरत वाक्य के अभाव में कुछ लोग इस नाटक को अपूर्ण मानते हैं। डा० विन्तरनित्स नाटक के अन्तिम श्लोक जो श्री कृष्ण के सन्देश के रूप में है उसके प्रति आशङ्का प्रकट कर उस श्लोक को सन्दर्भ से बाहर का मानते हैं। जो भी हो परन्तु उस श्लोक का प्रयोग वहां पर सार्थक ही प्रतीत होता है।

नाटक में करुण तथा वीर रस का प्रयोग हुआ है। परन्तु प्रमुख रस करुण ही है जिसकी निष्पति धृतराष्ट्र, गान्धारी और दुःशला की उक्तियों में है तथा अभिमन्यु की मृत्यु से करुणा का वातावरण प्रस्तुत होता है। घटोत्कच तथा दुर्योधन के विवाद में वीर-रस की झलक दिखलाई पड़ती है।

कार्य व्यापार की दृष्टि से नाटक को दो वर्गों में विभक्त किया जा सकता है। प्रथम धृतराष्ट्र का दरबार जिसमें ये अपने पुत्रों के दुष्कर्मों के प्रति चिन्तित तथा अर्जुन के बल-पौरुष के सम्बन्ध में उन्हें बताते हैं। दूसरा वह जिसमें श्री कृष्ण का सन्देश वाहक बन कर घटोत्कच कौरवों की सभा में उपस्थित होता है।

महाकवि भास ने नाटक में मानव मन की आशाओं, आकाक्षाओं दुर्बलताओं, उत्तर-प्रत्युत्तर, कारुणिक व्यङ्ग्य आदि का बड़ा ही सुन्दर एवं मर्मस्पर्शी वर्णन प्रस्तुत कर नाटच कला की सफलता को हासिल किया है।

जहां धृतराष्ट्र कौरवों की भर्त्सना करते हुए कहते हैं कि एकाकी बालक पर प्रहार करते हुए तुम लोगों के हाथ क्यों नहीं गिर गये? वहीं तुरन्त दुर्योधन उत्तर देता है—'यदि वृद्ध भीष्म को छल से मार कर उनके हाथ नहीं गिरे तो हमारी भुजायें कैसे गिरेगीं? इसी प्रकार घटोत्कच भी दुर्योधन के बातों का उत्तर देता है।

नाटक में कारुणिक व्यङ्ग्य का उदाहरण मिलता है। जैसे—अभिमन्यु के वध करने वाले को न जानते हुए भी दुःशला ने भयानक सत्य का अमाङ्गलिक उद्घाटन स्वयं अपने कर दिया—

'जेण दाणिं बहूए उत्तराए वेधव्वं दाइदं,
तेण अत्तणो जुवदिजणस्स वेधव्वमादिट्ठं।'

अर्जुन के पराक्रम का वर्णन करते हुए धृतराष्ट्र का यह कथन द्रष्टव्य है—

शक्रं पृच्छ पुरा निवातकवचप्राणोपहारार्चितं
पृच्छास्त्रैः परितोषितं बहुविधैः कैरातरूपं हरम्।

पृच्छाग्निं भुजगाहुतिप्रणयिनं यस्तर्पितः खाण्डवे
विद्यारक्षितमद्य येन च जितस्त्वं पृच्छ चित्राङ्गदम् ॥ २२

अर्थात् उस इन्द्र से पूछो, जो पहले निवात कवच राक्षसों के जीवन के उपहार के द्वारा पूजित हुआ उस शङ्कर से पूछो, जिस किरात वेशधारी को अर्जुन ने अनेक शस्त्रास्त्रो से सन्तुष्ट किया था उस अग्नि से पूछो, जो सर्प यज्ञ से प्रसन्न होने वाली है और जिसका तर्पण खाण्डव वन में हुआ और आज उस गन्धर्व चित्राङ्गद से पूछो, जिसने तुम्हें परास्त किया पर अर्जुन के द्वारा तुम रक्षित हुए।

घटोत्कच जो श्री कृष्ण का सन्देश कहता है वह भी अत्यन्त उपयुक्त है। एक तरफ वह शान्ति तथा नम्रता का प्रतीक है तो दूसरी तरफ वीरता, पौरुष एवं स्वाभिमान युक्त है—

धर्मं समाचर कुरु स्वजनव्यपेक्षां
यत्कांक्षितं मनसि सर्वमिहानुतिष्ठ।

जात्योपदेश इव पाण्डवरूपधारी
सूर्यांशुभिः सममुपैठष्यति वः कृतान्तः ॥ ५२

अर्थात् जो आचरणीय हो उसे करो, अपने वान्धवों का आदर करो, जो कुछ तुम्हारी हार्दिक इच्छा हो सब कुछ इस पृथ्वी पर करो, क्योंकि पाण्डवों के रूप में, हितकारी उपदेश की भांति यमराज सूर्य की किरणों के साथ (प्रातः) तुम्हारे पास आएंगे।

इस प्रकार कहा जा सकता है कि दूत घटोत्कच एक सफल एकाङ्की नाटक है।

◆

पात्राणि

पुरुष

धृतराष्ट्रः—दुर्योधनस्य पिता
भटः—जयत्रातो वार्ताहरः
दुर्योधनः—कुरुराजः
दुःशासन—कुरुराजस्य यवीयान् भ्राता
शकुनिः—कुरुराजस्य मातुलः
घटोत्कचः—दौत्येनागतो भीमपुत्रो राक्षसः

स्त्री

गान्धारी—दुर्योधनस्य माता
दुःशला—दुर्योधनस्य स्वसा जयद्रथ पत्नी
प्रतिहारी—द्वार पालिका

॥ श्रीगणेशाय नमः ॥

भासनाटकचक्रे

दूतघटोत्कचम्

'गङ्गा' संस्कृत-हिन्दी-व्याख्योपेत [redacted]

प्रथमोऽङ्कः

(नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः)

सूत्रधारः—

नारायणस्त्रिभुवनैकपरायणो वः
पायादुपायशतयुक्तिकरः सुराणाम् ।

अथ कविकुलचूडामणिः पदवाक्यप्रमाणपारावारीणः वैष्णवाग्रणीस्तत्र श्रीमान् महाकविर्भासः दूतघटोत्कचं नाम नाटकं चिकीर्षुर्ग्रन्थविघ्नविधातायादौ नारायणस्मरणपूर्वकं आशीर्वादात्मकं मङ्गलं सूत्रधारमुखेनोपस्थापयति—

सूत्रधारः—

अन्वयः—त्रिभुवनैकपरायणः सुराणाम् उपायशतयुक्तिकरः लोकत्रयाविरतनाटकतत्ववस्तुप्रस्तावनाप्रतिसमापनसूत्रधारःनारायणः वः पायात्॥ ॥

(नान्दी पाठ के अनन्तर सूत्रधार का प्रवेश)

सूत्रधार—त्रिभुवन की रक्षा में सर्वदा तत्पर, देवताओं के विजय के लिये सैंकड़ों उपाय करने वाले तथा तीनों लोकों में सर्वदा होने वाले नाटक

लोकत्रयाविरतनाटकतन्त्रवस्तु-
प्रस्तावनाप्रतिसमापनसूत्रधारः ॥ १ ॥

(परिक्रम्य) एवमार्यमिश्रान्विज्ञापयामि । अये किं नु खलु मयि विज्ञापनव्यग्रे शब्द इव श्रूयते । अङ्ग पश्यामि ।

(नेपथ्ये ।)

भो भो निवेद्यतां निवेद्यतां तावत् ।

व्याख्या—नारायण इति–त्रिभुवनैकपरायणः त्रयाणां भुवनानां समाहारस्त्रिभुवनं तत्र एकः = प्रधानः परायणः = संलग्नः रक्षणे इति शेषः किञ्च सुराणाम् = देवानां (विजयार्थम्) उपायशतयुक्तिकरः उपायानां = उद्योगानां शतानि तेषां या युक्तिः = योजना तां करोतीति = विदधातीति तादृशः = अनेकोपाययोजकः । लोकत्रयाविरतनाटकतन्त्रवस्तुप्रस्तावनाप्रतिसमापनसूत्रधारः लोकत्रयस्य = भुवनत्रयस्य यत् अविरतम् = निरन्तरं नाटकम् = अभिनयस्तस्य तन्त्रं = कला तत्र यद् वस्तु = कथावस्तु तस्य या प्रस्तावना = स्थापना तस्या यत् प्रतिसमापनं = परिसमाप्तिः तस्य सूत्रधारः = मुख्यसञ्चालकः एवं विशेषणविशिष्टः नारायणः नरा एव नाराः जलानि तदेव अयनं = स्थानं यस्य सः = क्षीरसमुद्रवासी महाविष्णुः वः = युष्मान् अध्येतृश्रोतृदर्शकान् । पायात् = रक्षेत् । सर्वतो विघ्नविनाशाद्रक्षणं कुर्यादित्यर्थः । वसन्ततिलकावृत्तम् ॥ १ ॥

की कथाबस्तु, प्रस्ताबना तथा प्रतिसमाप्ति के सूत्रधार भगवान् नारायण आप सभी (इस नाटक के अध्येता, श्रोता तथा दर्शकों) की रक्षा करें (घूम कर) हम आप सभी महानुभावों को सूचित कर रहे हैं । अरे सूचना देने में व्यग्र मुझे यह कैसा शब्द जैसा सुनाई पड़ रहा है ? अच्छा तो देखता हूँ ।। १ ।।

(नेपथ्य में)

अरे लोगों, हे लोगों ! तब तक निवेदन करो, निवेदन करो ।

सूत्रधारः—भवतु। विज्ञातम्। एष खलु संशप्तकानीकनिवाहिते जनार्दनसहाये धनञ्जये तदनन्तरमुपगतभीष्मवधामर्षितैर्धार्तराष्ट्रैः परिवार्य निपातितः कुमारोऽभिमन्युः। तथाहि—

यान्त्यर्जुनप्रत्यभियानभीता
यतोऽर्जुनस्तां दिशमीक्षमाणाः।

संशप्तकानीकनिवाहिते संशप्तकाः=एतन्नामका राजानः सैन्यविशेषा वा। यद्वा शपथपूर्वकं ये युद्धयन्ते तथाभूता राजानः प्रकृते च त्रिगर्तराजपुत्राः सुशर्मादयः नवकोटयस्तदनुयायिनश्च तेषामनीकैः=सेन्यैः निवाहिते=आह्वाने दूरं प्रस्थिते जनार्द्दनसहाये धनञ्जये=कृष्णद्वितीये अर्जुने संशप्तकवधार्थं दूरं गते सतीत्यर्थः। तदनन्तरम्=ततः परम् उपगतभीष्मवधामर्षितैः उपगतः=सम्प्राप्तः भीष्मवधः=भीष्मनिधनं तेन अमर्षिताः=सञ्जातकोपाः तैः। धार्त्तराष्ट्रैः=धृतराष्ट्रपुत्रैः दुर्योधनादिभिः। परिवार्यः=परितः आवार्यः।

युद्धे अभिमन्यौ निपातिते ततः परावर्त्तितां राज्ञां संशयितावस्थां वर्णयति—

अन्वयः—अर्जुनप्रत्यभियानभीताः यतः अर्जुनः तां दिशम् ईक्षमाणाः सौभद्रबाणाङ्कितनष्टसंज्ञाः नराधिपाः स्वानि निवेशनानि यान्ति ॥ २ ॥

व्याख्या—अर्जुनप्रत्यभियानभीताः अर्जुनस्य=कुन्तीपुत्रस्य विजयस्य प्रत्यभियानेन=प्रत्याक्रमणेन भीताः=संत्रस्ताः। यतः=यस्यां दिशि। अर्जुनः=पार्थः

सूत्रधार—अच्छा समझ गया। सशप्तक गणों के द्वारा श्रीकृष्ण के साथ अर्जुन को युद्धस्थल से दूर ले जाये जाने के कारण भीष्म पितामह के वध से क्षुब्ध धृतराष्ट्र पुत्रों ने अभिमन्यु को युद्ध स्थल मे चारों ओर से घेर कर मार डाला।

इस प्रकार—

सुभद्रा पुत्र अभिमन्यु के बाणों के प्रहार से अचेतावस्था को प्राप्त हुये

नराधिपाः स्वानि निवेशनानि
सौभद्रबाणाङ्कितनष्टसंज्ञाः ॥ २ ॥

(निष्क्रान्तः ।)

स्थापना ।

(ततः प्रविशति भटः ।)

भटः—भो भो ! निवेद्यतां तावत्पुत्रशतश्लाघ्यबान्धवाय विज्ञानविस्तारितविनयाचारदीर्घचक्षुषे महाराजाय धृतराष्ट्राय । एष खलु

गत इति शेषः तां दिशम् = आशाम । ईक्षमाणाः = अवलोकयन्तः । सौभद्रबाणाङ्कितनष्टसंज्ञाः सौभद्रस्य = अभिमन्योः बाणैः = विशिखैः अङ्किताः = व्रणयुक्ता आहता इत्यर्थः । तैः विनष्टा संज्ञाः = चेतनाः येषां ते तथाभूता नराधिपाः = राजानः । स्वानि = नैजानि । निवेशनानि = शिबिराणि यान्ति = गच्छन्ति । उपजातिवृत्तम् ॥ २ ॥

(स्थापना = प्रस्तावना)

पुत्रशतश्लाघ्यबान्धवाय पुत्रशतेन श्लाघ्यः = प्रशंसाहः बान्धवः = परि-

---

ये राजागण अर्जुन के आक्रमण के भय से संत्रस्त होकर जिस दिशा में अर्जुन गये थे उसी दिशा की ओर देखते हुये अपने अपने शिविरों की ओर लौट रहे हैं ॥ २ ॥

(ऐसा कह कर सूत्रधार चला जाता है)

प्रस्तावना समाप्त ।

(इसके बाद नट का प्रवेश)

अरे भाइयों ! सैकड़ों पुत्रों को जन्म देने के कारण सम्पन्न परिचर वाले तथा विनयाचार को विस्तारित करने के कारण दूरदर्शी महाराज धृतराष्ट्र से निवेदन करो ।

योधस्यन्दनवाजिवारणवधैर्विक्षोभ्य राज्ञां बलं
बालेनार्जुनकर्म येन समरे लीलायता दर्शितम् ।
सौभद्र स रणे नराधिपशतैर्वेगागतैः सर्वंशः
खे शक्रस्य पितामहस्य सहसैवोत्सङ्गमारोपित ॥३॥

वारो यस्य तस्मै । विस्तारितविनयाचारदीर्घचक्षुषे विस्तारितः = लोकेप्रसारितः विनयाचारः = विनम्रव्यवहारः स एव दीर्घं = विशालं चक्षुः = दिव्यदृष्टिर्यस्य सः ।

इदानीं भटः सोभद्रस्य निधनं धृतराष्ट्राय निवेदयन् तस्य कर्म प्रशंसति—

अन्वयः—योधस्यन्दनवाजिवारणवधैः राज्ञां बलं विक्षोभ्य येन बालेन लीलायता समरे अर्जुनकर्म दर्शितम् । रणे स सोभद्रः नराधिपशतैः वेगागतैः सर्वंशः खे पितामहस्य शक्रस्य सहसैव उत्सङ्गम् आरोपितः ॥ ३ ॥

व्याख्या—योधेति—योधस्यन्दनवाजिवारणवधैः योधानां स्यन्दनवाजिनां वारणानां च वधैः = सैनिकरथाश्वकरिणां हननैः । राज्ञाम् = नृपाणां । बलम् = सैन्यं । विक्षोभ्य = विद्राव्य । येन बालेन = अभिमन्युना लीलायता = क्रीडां कुर्वता । समरे = संग्रामे । अर्जुनकर्म = अर्जुनस्य = धनञ्जयस्य कर्म = विपक्षविध्वंसः । दर्शितम् = प्रकटीकृतम् । रणे सः = महापराक्रमी । सोभद्रः = अभिमन्युः । नराधिपशतैः = असंख्यराजभिः । वेगागतैः = वेगेन = त्वरया आगतैः = सम्प्राप्तैः । सर्वंशः = सर्वतो भावेन खे = आकाशे स्वर्गे

निश्चय ही जिस अभिमन्यु ने युद्ध क्षेत्र में योद्धाओं, रथों के घोड़ों तथा हाथियों का वध कर सम्पूर्ण राजाओं की सेना को विनष्ट (तहस नहस) कर खेल ही खेल में अपने पिता अर्जुन का पराक्रम प्रदर्शित किया किन्तु आज उसी सुभद्रानन्दन अभिमन्यु को बड़े वेग के साथ चारों ओर से आक्रमण के लिये आये इन सैकड़ों राजाओं ने बड़ी शीघ्रता से सहसा स्वर्ग में उसके पितामह इन्द्र की गोद में बैठा दिया ॥ ३ ॥

(ततः प्रविशति धृतराष्ट्रो गान्धारी दुःशला प्रतिहारी च ।)

धृतराष्ट्रः– कथं नु भोः !

केनैतच्छ्रुतिपथदूषणं कृतं मे
कोऽयं मे प्रियमिति विप्रियं ब्रवीति ।
कोऽस्माकं शिशुवधपातकाङ्क्षितानां
वंशस्य क्षयमवघोषयत्यभीतः ॥ ४ ॥

इति यावत् । पितामहस्य = शक्रस्य = इन्द्रस्य । सहसैव = द्राक् । उत्सङ्गम् = क्रोडम् । आरोपितः = संस्थापितः । युद्धे असंख्याकपदातिरथाश्ववारणवधं कृत्वा राजभिरनेकैः परिवार्याभिमन्योः वधः कृतः इत्यर्थः । शार्दूलविक्रीडितं छन्दः ॥ ३ ॥

अथेदानीमभिमन्युवधं श्रुत्वा धृतराष्ट्रः दुःखितः सन् विलपति—

अन्वयः—एतत् श्रुतिपथदूषणं मे केन कृतम् । मे प्रियम् इति कः विप्रियं ब्रवीति । अभीतः कः शिशुवधपातकाङ्क्षितानां अस्माकं वंशस्य क्षयम् अवघोषयति ॥ ४ ॥

व्याख्या—केनेति–सौभद्रः रणे उपरतः इत्येवं रूपम् सब्दम् । श्रुतिपथदूषणम् श्रुत्योः = कर्णयोः पथः मार्गस्य = दूषणम् = अपराधः । मे = मम धृतराष्ट्रस्य । केन = अज्ञातेन । कृतम् = विहितम् इति कोऽयमिति शेषः । मे प्रियम् = धृतराष्ट्रस्य इष्टम् = अभिलषितम् इति कः = पुरुषोऽसौ । विप्रियम्

(इसके अनन्तर रंग मंच पर धृतराष्ट्र, गान्धारी, दुःशला
तथा प्रतीहारी का प्रवेश)

धृतराष्ट्र—अरे यह क्या ?

किसने मेरे कर्ण पथ को दूषित किया ? यह कौन है जो मेरा प्रिय समझ कर ऐसा अप्रिय कर रहा है । इतना ही नहीं वह कौन ऐसा निर्भीक है

गान्धारी—महाराअ ! अत्थि पुण जाणीअदि केवलं पुत्तसंखअकारओ कुलविग्गहो भविस्सदित्ति । [महाराज ! अस्ति पुनर्ज्ञायते केवलं पुत्रसंक्षयकारकः कुलविग्रहो भविष्यतीति ।]

धृतराष्ट्र—गान्धारि ! ज्ञायते ।

गान्धारी—महाराअ कदा णु खु । [महाराज कदा नु खलु ।]

धृतराष्ट्र—गान्धारि ! शृणु—

अद्याभिमन्युनिधनाज्जनितप्रकोपः
सामर्षकृष्णधृतरश्मिगुणप्रतोदः ।

=अनभिमतं । ब्रवीति=संश्रावयति । अभीतः=निर्भीकः । कः=पुमान् । शिशुवधपातकाङ्किताना शिशोर्वधः स एव पातकः तेन अङ्कितानाम्=अभिमन्युवधपापलाञ्छितानाम् । अस्माकम्=कौरवाणाम् । वंशस्य=कुलस्य । क्षयम्=विनाशम् । अवघोषयति=घोषणां करोति । मम वंशनाशं कः प्रचारयतीत्यर्थः । प्रहर्षिणीवृत्तम् ॥ ४ ॥

अतः परं स्थविरः धृतराष्ट्रः वंशक्षयकारकं कुलविग्रहं सन्दिहानः गान्धारीं प्रति आह—

अन्वयः—अद्य अभिमन्युनिधनात् जनितप्रकोपः सामर्षकृष्णधृतरश्मि-

जो शिशु वध के पाप से कलङ्कित हमारे इस वंश के विनाश की घोषणा कर रहा है ॥ ४ ॥

गान्धारी—महाराज ! ऐसा तो है ही मुझे मालूम भी पड़ रहा है—हमारे इस कुल का विग्रह समस्त पुत्रों का विनाश कर डालेगा ।

धृतराष्ट्र—गान्धारि ! मालूम तो ऐसा ही पड़ रहा ।

गान्धारी—महाराज ! ऐसा कब होगा ?

धृतराष्ट्र—गान्धारि सुनो ।

अभिमन्यु के वध से उत्पन्न क्रोध वाले तथा आवेश युक्त श्रीकृष्ण के

पार्थः करिष्यति तदुग्रधनुःसहायः
शान्ति गमिष्यति विनाशमवाप्य लोकः ।।५।।

गान्धारी—हा वच्छ अभिमञ्ञो ! ईदिसे पि णाम पुरुसक्खअकारए कुलविग्गहे वत्तमाणे वालभावणिमज्जणं अम्हाणं भग्गकमेण करअंतो कहिं दाणिं पोत्तअ ! गदोसि । [हा वत्स अभिमन्यो ! ईदृशेऽपि नाम

गुणप्रतोदः तदुग्रधनुःसहायः स पार्थः (एवम्) करिष्यति येन लोकः विनाशम् अवाप्य शान्ति गमिष्यति ॥ ५ ॥

व्याख्या—अद्येति-अद्य = सम्प्रति । अभिमन्युनिधनात् = अभिमन्युविनाशात् जनितप्रकोपः जनितः = समुत्पन्नः प्रकोपः = प्रकृष्ट रोषः यस्य सः । सामर्षकृष्णघृतरश्मिगुणप्रतोदः सामर्षो = मर्षयुक्तो यः कृष्णः = वासुदेवः तेन घृतो रश्मिगुणो = वल्यः प्रतोदः = कशा च यस्य सः । तदुग्रधनुःसहायः तच्च तत् उग्रधनुः तदेव सहायः = साधनभूतो यस्य सः = गाण्डीवी । पार्थः = अर्जुनः एवम् युद्धमिति शेषः करिष्यति = विधास्यति । येन लोकः = भुवनम् विनाशम् = संक्षयम् । अवाप्य = लब्ध्वा । पश्चात् शान्तिम् = स्वस्थप्रकृतिम् । गमिष्यति = यास्यति । अर्जुनः पुत्रशोकपरितप्तः कृष्णगाण्डीवयोः सहायेन सर्वान् विपक्षीयलोकान् विनाश्य ततः विश्रामं प्राप्स्यतीत्यर्थः ।। ५ ।।

पुरुषक्षयकारके = मनुष्यविनाशजनके । कुलविग्रहे = वंशविग्रहे वर्त्तमाने = प्रवर्त्तमाने । भाग्यक्रमेण = भाग्यविपर्यासेन । बालभावनिमज्जनम् =

द्वारा रथ के घोड़ों की लगाम और चावुक के धारण कर लिये जाने पर अर्जुन अपने कठिन धनुष की सहायता से आज सारे संसार का तहस नहस कर देंगे इस प्रकार विनाश हो जाने के तदनन्तर यह सारा संसार शान्ति की प्राप्त करेगा ।। ५ ।।

गान्धारी—हाय अभिमन्यु ! इस प्रकार पुरुष-क्षय-कारक कुल विग्रह

पुरुषक्षयकारके कुलविग्रहे वर्तमाने बालभावनिमज्जनमस्माकं भाग्यक्रमेण कुर्वन् कुत्रेदानीं पौत्रक ! गतोऽसि ।]

दुःशला—जेण दाणि बहूए उत्तराए वेधव्वं दाइदं तेण अत्तणो जुवदिजणस्स वेधव्वमादिट्ठं । [येनेदानीं वध्वै उत्तरायै वैधव्यं दत्तं, तेनात्मनो युवतिजनाय वैधव्यमादिष्टम् ।]

धृतराष्ट्रः—अथ केनैष व्यसनार्णवस्य सेतुबन्धः कृतः ।

भटः—महाराज । मया ।

धृतराष्ट्रः—को भवान् ।

भटः—महाराज ! ननु जयत्रातोऽस्मि ।

धृतराष्ट्रः—जयत्रात !

बाल्यावस्थायां निधनम् । येन = शत्रुणा । आत्मनः = स्वपक्षस्य युवतिजनकृते । वैधव्यम् । आदिष्टम् = विज्ञप्तम् ।

अभिमन्युवधः जिज्ञासातः धृतराष्ट्रः भटं परिपृच्छति—

के होने पर तुम बालभाव से उसमें निमज्जित हो गये । इस प्रकार हे पौत्र ! हमारे भाग्य का क्षय कर तुम कहाँ चले गये ?

दुःशला—जिसने इस समय बहू उत्तरा को इस प्रकार विधवापन दिया है उसने अपने पक्ष की युवतियों को भी विधवापन का निमन्त्रण दिया है ।

धृतराष्ट्र—अच्छा बताओ ! किसने इस विपत्ति के महासागर पर पुल बाँधा है ?

भट—महाराज मैंने ।

धृतराष्ट्र—अरे भाई तुम कौन हो ?

भट—महाराज ! मैं जयत्रात हूँ ।

धृतराष्ट्र—अरे जयत्रात !

केनाभिमन्युर्निहतः कस्य जीवितमप्रियम् ।
पञ्चानां पाण्डवाग्नीनामात्मा केनेन्धनीकृतः ॥ ६ ॥

भटः—महाराज ! बहुभिः, किल पार्थिवैः समागतैर्निहत कुमारोऽभिमन्युः । स्यात्तु जयद्रथो निमित्तभूतः ।

धृतराष्ट्रः—हन्त जयद्रथो निमित्तभूतः ।

भटः—महाराज ! अथ किम् ?

धृतराष्ट्रः—हन्त जयद्रथो निहतः ।

अन्वयः—हे जयत्रात ! अभिमन्युः केन निहतः । कस्य जीवितम् अप्रियम् । केन पञ्चानाम् पाण्डवाग्नीनाम् आत्मा इन्धनी कृतः ॥ ५ ॥

व्याख्या—केनेति–जयत्रात ! अभिमन्युः=अर्जुनसुतः । केन=पुरुषेण । निहतः निधनं प्रापितः । कस्य=मानवस्य । जीवितम्=आयुः । अप्रियम्=अनभिलषितम् केन=मर्त्येन । पञ्चानाम् पाण्डवाग्नीनाम् पञ्च पाण्डवा एव अग्नयस्तेषाम्=पाण्डववह्नीनाम् । मध्ये । आत्मा=स्वजीवनम् । इन्धनीकृतः इन्धनत्वेन समर्पितः । अनुष्टुब् वृत्तम् ॥ ६ ॥

किसने अभिमन्यु का वध किया ? किसे अपना जीवन अच्छा नहीं लगा और किसने इस पाण्डवरूपी पञ्चाग्नि को अपनी आत्मारूपी ईन्धन प्रदान किया ? ॥ ६ ॥

भट—महाराज वैसे तो बहुत से राजाओं ने मिल कर कुमार अभिमन्यु का वध किया किन्तु उसमें जयद्रथ ही निमित्त कारण थे ।

धृतराष्ट्र—बड़े खेद की बात है जो जयद्रथ उस वध के निमित्त हुये ।

भट—महाराज ! और क्या ?

धृतराष्ट्र—तब दुःख है कि जयद्रथ अब मारा गया ।

(तच्छ्रुत्वा दुःशला रोदिति ।)

धृतराष्ट्रः—कैषा रोदिति ।

प्रतीहारी—महाराअ ! भट्टिदारिआ दुस्शला । [महाराज ! भर्तृदारिका दुःशला ।]

धृतराष्ट्रः—वत्से अलमलं रुदितेन । पश्य,

भर्तुस्ते नूनमत्यन्तमवैधव्यं न रोचते ।
येन गाण्डीविवाणानामात्मा लक्षीकृतः स्वयम् ।। ७ ।।

धृतराष्ट्रः दुःशलारोदनमाकर्ण्य अभिमन्युवधे जयद्रथ निमित्तकारणं मत्वा स्वयमेव तेन वैधव्यं क्रीतमिति वस्तुस्थितिं प्रदर्शयति—

अन्वयः—भर्तुः ते अवैधव्यं नूनम् अत्यन्तं न रोचते येन स्वयं गाण्डीविवाणानाम् आत्मा लक्षीकृतः ॥ ७ ॥

व्याख्या—भर्त्तुरिति-(तव) भर्त्तुः=जयद्रथस्य ते=तव अवैधव्यम् विधवाया भावः वैधव्यम् तन्न भवतीति तथाभूतम्=सौभाग्यम् अत्यन्तम्=अतिशयं न रोचते=न स्वदते इति नूनम्=निश्चयम् । येन=तव भर्त्रा जयद्रथेन । गाण्डीविवाणानाम् = अर्जुनविशिखानाम् । आत्मा=स्वजीवनम् । स्वयम्=आत्मनैव । लक्षीकृतः=लक्ष्यभूतो विहितः । अनुष्टुव्वृत्तम् ॥ ७ ॥

(यह सुन कर दुःशला रोने लगती है)

धृतराष्ट्र—यह कौन रो रही है ?

प्रतीहारी—महाराज ! राजकुमारी दुःशला !

धृतराष्ट्र—पुत्रि ! मत रोओ । देखो—

तुम्हारा यह सौभाग्य निश्चय ही तुम्हारे पति को अरुचिकर है । जिसने कि स्वयम् अपने को अर्जुन के बाणों का लक्ष्य बनाया ॥ ७ ॥

दुःशला—तेण हि अणुजाणादु मं तादो, अहं वि गमिस्सं वहूए उत्तराए सआसं। [तेन ह्यनुजानातु मां तातः, अहमपि गमिष्यामि बध्वा उत्तरायाः सकाशम् ।]

धृतराष्ट्रः—वत्से किमभिधास्यसि ।

दुःशला—ताद ! एवं च भणिस्सं—अज्जकालिअं च दे वेसग्गहणं अहं वि उवधारइस्सामि त्ति । [तात ! एवं च भणिष्यामि—अद्यकालिकं च ते वेषग्रहणमहमप्युपधारयिष्यामीति ।]

गान्धारी—पुत्तिए मा खु मा खु अमंगलं भणाहि । जीवदि खु दे भत्ता । [पुत्रिके ! मा खलु, खल्वमङ्गलं भण । जीवतु खलु ते भर्त्ता ।]

दुःशला—अम्ब ! कुदो मे एत्तिआणि भाअधेआणि । जो जणद्दणसहाअस्स धणंजअस्स विप्पिअ करिअ कोहि णाम जीविस्सिदि । [अम्ब ! कुतो मे एतावन्ति भागधेयानि । यो जनार्दनसहायस्य धनञ्जयस्य विप्रयं कृत्वा को हि नाम जीविष्यति ।]

अनुजानातु = आज्ञापयतु ।

दुःशला—अतएव मुझे आप आज्ञा दें मैं भी वधू उत्तरा के पास जाऊंगी ।

धृतराष्ट्र—पुत्री ! तू यह क्या कह रही है ?

दुःशला—हे तात ! और मैं वधू उत्तरा से कहूँगी कि आज वाला तुम्हारा वेष मैं भी धारण करने वाली हू ।

गान्धारी—पुत्रि ! इस प्रकार अमङ्गल मत बोलो ! मत बोलो । क्योंकि तुम्हारे पति अभी जीवित हैं ।

दुःशला—माँ मेरे ऐसे भाग्य कहाँ ? ऐसा वह कौन है जो कृष्ण सखा अर्जुन का अपकार कर जीने की इच्छा करे ।

धृतराष्ट्रः—सत्यमाह तपस्विनी दुश्शला । कुतः—

कृष्णस्याष्टभुजोपधानरचिते योऽङ्के विवृद्धश्चिरं
यो मत्तस्य हलायुधस्य भवति प्रीत्या द्वितीयो मदः ।
पार्थानां सुरतुल्यविक्रमवतां स्नेहस्य यो भाजनं
तं हत्वा क इहोपलप्स्यति चिरं स्वैर्दुष्कृतैर्जीवितम् ॥८॥

अन्वयः—यः कृष्णस्य अष्टभुजोपधानरचिते अङ्के चिरं विवृद्धः यः मत्तस्य हलायुधस्य प्रीत्या द्वितीयः मदः भवति । यः सुरतुल्यविक्रमवतां पार्थानां स्नेहस्य भाजनम् तं हत्वा स्वकीयैः दुष्कृतैः इह जीवितं कः उपलप्स्यति ॥ ८ ॥

स्व

व्याख्या—यः = अभिमन्युः । कृष्णस्य = वासुदेवस्य । अष्टभुजोपधानरचिते अष्टानां भुजानां = बाहूनाम् उपधानम् = उपबर्हः तेन रचिते = विहिते । अङ्के = क्रोडे । चिरं = बहुकालपर्यन्तम् । विवृद्धः = वृद्धि सम्प्राप्तः । यः = सौभद्रः । मत्तस्य = मदयुक्तस्य हलायुधस्य = बलरामस्य । प्रीत्या = प्रेम्णा । द्वितीयः = अन्यः । मदः भवति भागिनेयस्नेहेन हर्षकारक इत्यर्थः । यः = सौभद्रः । सुरतुल्यविक्रमवतां = देवसमानपराक्रमशीलानाम् । पार्थानाम् = पाण्डवानाम् । स्नेहस्य पुत्रप्रेम्णः । भाजनम् = पात्रम् । तं = तथाभूमभिमन्युम् । हत्वा = निहत्य स्वैः = स्वकीयैः । दुष्कृतैः = पापकर्मभिः । इह = लोके । चिरं = बहुकालम् । जीवितम् = प्राणान् । कः =

धृतराष्ट्र—बेचारी दुःशला ठीक ही कह रही हैं ।

जो अभिमन्यु आठ भुजाओं के लगाने योग्य तकिये वाले श्री कृष्ण चन्द्र की गोद में बहुत दिन तक पाल कर बड़ा बनाया गया तथा स्वयं मदमत्त श्री बलराम जिसे देख कर और भी मस्ती से झूम उठते थे । किं बहुना जो पृथापुत्र पाँचों पाण्डवों का प्रेम पात्र था उसे मार कर वह कौन हैं जो अपने दुष्कर्मों से चिरकाल तक जीवित रहने की इच्छा करे ।

जयतात्र ! अथ तदवस्थ पुत्रं दृष्ट्वा किं प्रतिपन्नं तेन गाण्डीवधन्वना ।

भटः—महाराज ! किं वार्जुनसमीपे वृत्तमेतत् ?

धृतराष्ट्रः—कथमर्जुनोऽपि नात्रासीत् ।

भटः—महाराज ! अथ किम ?

धृतराष्ट्रः—कथमिदानीं वृत्तमेतत् ?

भटः—श्रूयतां–संशप्तकानीकनिवाहिते जनार्दनसहाये धनञ्जये स बालभावाददृष्टदोषः सग्राममवतीर्णः कुमारोऽभिमन्युः ।

पुमान् । उपलप्स्यति = प्राप्स्यति । गतं तस्य जीवितमिति भावः । शार्दूलविक्रीडितं वृत्तम् ॥ ८ ॥

तदवस्थम् = रणप्राङ्गणे निहनम् । प्रतिपन्नम् = विहितम् । संशप्तकानीकनिवाहिते संशप्तकानां = त्रिगर्त्तानां अनीकैः = सैन्यैः । निवाहिते = निर्वासिते । अदृष्टदोषः = युद्धदोषानभिज्ञः ।

अच्छा जयतात्र ! इस प्रकार की अवस्था में (वधयुक्त) अपने पुत्र को देख कर गाण्डीवधारी अर्जुन ने क्या किया ?

भट—महाराज क्या ऐसी घटना अर्जुन के सामने हुई ?

धृतराष्ट्र—तो क्या अर्जुन भी वहाँ नहीं थे ?

भट—महाराज और क्या ?

धृतराष्ट्र—तो फिर ऐसी घटना किस प्रकार घट गई ।

भट—अच्छा सुनिये ! जब संशप्तकों की सेना श्रीकृष्ण के साथ अर्जुन को रण क्षेत्र से दूर ले गई तब बाल सुलभ चपलता वश राजकुमार अभिमन्यु ने युद्ध के दोषों पर विचार न कर स्वयं रण क्षेत्र में प्रवेश किया ।

धृतराष्ट्रः—हन्त युक्तरूपोऽस्य वधः । को हि सन्निहितशार्दूलां गुहां धर्षयितुं शक्तः । अथ शेषाः पाण्डवाः किमनुतिष्ठन्ति ।

भटः—महाराज ! श्रूयताम् ।

चितां न तावत्स्वयमस्य देहमारोपयन्त्यर्जुनदर्शनार्थम् ।
तेषां च नामान्युपधारयन्ति यैस्तस्य गात्रे प्रहृतं नरेन्द्रैः ॥ ९ ॥

धृतराष्ट्रः—गान्धारि ! तदागम्यताम् । गङ्गाकूलमेव यास्यावः ।

अभिमन्यौ निहते शेषाः पाण्डवाः किं व्यवस्यन्तीति पृष्टे धृतराष्ट्रे भटः उत्तरयति—

अन्वयः—(ते) अर्जुनदर्शनार्थम् अस्य देहम् तावत् चितां स्वयम् नारोपयन्ति किञ्च यैः नरेन्द्रैः तस्य गात्रे प्रहृतम् तेषां नामानि उपधारयन्ति च ॥ ९ ॥

व्याख्या—(ते = पाण्डवाः) अर्जुनदर्शनार्थम् अर्जुनो मृतमेनं पश्यत्विति उद्देशेन । अस्य = अभिमन्योः । देहम् = शवम् । चिताम् = काष्ठरचितामिति शेषः । स्वयम् = आत्मना । न आरोपयन्ति = स्थापयन्ति । इदानीम् यैः नरेन्द्रैः = नृपैः । तस्य = अभिमन्योः । गात्रे = शरीरे प्रहृतम् प्रहारो विहितः तेषाम् = राज्ञाम् । नामानि = अभिधेयानि । उपधारयन्ति = निश्चिन्वन्ति । उपजातिवृत्तम् ॥ ९ ॥

धृतराष्ट्र—शोक ! तभी तो उसका वध सम्भव हुआ। अन्यथा सिंह के रहते भला कौन उसकी गुफा में प्रवेश करने का साहस कर सकता है ? अच्छा इस समय शेष पाण्डव क्या कर रहे हैं ?

भट—महाराज ! सुनिये ।

अर्जुन मृत पुत्र के शव को देख लें इसलिये अन्य पाण्डव उसे चिता पर नहीं रख रहे हैं और जिन राजाओं ने उसके शरीर पर प्रहार किया है उनके नामों का पता लगा रहे हैं ॥ ९ ॥

धृतराष्ट्र—गान्धारि ! तब आओ हम सब गंगा तट पर ही चलें ।

गान्धारी—महाराअ ! णं तर्हि गाहामो । [महाराज ! ननु तत्र गाहावहे ।]

धृतराष्ट्रः गान्धारि श्रृणु ।

अद्यैव दास्यामि जलं हतेभ्यः स्वेनापराधेन तवात्मजेभ्यः ।
न त्वस्मि शक्तः सलिलप्रदानैः कर्तुं नृपाणां शिविरोपरोधम् ॥१०॥

गाहावहे = निमज्जावः ।

अथ धृतराष्ट्रः गान्धारीं गङ्गाकूलगमनप्रयोजनमुपस्थापयति—

अन्वयः—हे गान्धारि स्वेन अपराधेन हतेभ्यः तव आत्मजेभ्यः अद्यैव जलं दास्यामि । अहम् सलिलप्रदानैः नृपाणां शिविरोपरोधम् कर्त्तुं न शक्तः अस्मि ॥ १० ॥

व्याख्या—अद्यवेति–हे गान्धारि ! स्वेन = स्वकीयेन । अपराधेन = दोषेण । हतेभ्वः = निधनं गतेभ्यः । तव आत्मजेभ्यः = पुत्रेभ्यः । अद्यैव = इदानीमेव । जलम् = तिलाञ्जलिं । दास्यामि । किञ्च अहम् सलिलप्रदानैः = तिलाञ्जलिदानैः । नृपाणाम् – राज्ञाम् । शिविरोपरोधम् = पूतिशिविरं मत्वा रणान्निवर्त्तनम् । न = नहि शक्तः = समर्थः अस्मि । युद्धे एते मरिष्यन्तीति नूनमतः तान्वारयितुं नाहं शक्त इत्यर्थः । इन्द्रवज्रावृत्तम् ॥ १० ॥

गान्धारी—महाराज ! तो हम सब वहाँ चल कर गंगा में स्नान करेंगे ।

धृतराष्ट्र—गान्धारि सुनो ।

आज ही हम लोग अपने अपराध से मरे हुये तुम्हारे तुम्हारे इन पुत्रों को जलाञ्जलि दे दें इस जलाञ्जलि दान से हम राजाओं को शिविर में प्रतिबन्धित नहीं कर सकते अर्थात् जलाञ्जलि दान का अनुरोध उनसे नहीं कर सकते ॥ १० ॥

(ततः प्रविशति दुर्योधनो दुश्शासनः शकुनिश्च ।)

दुर्योधनः--वत्स दुशासन !

यातोऽभिमन्युनिधनात् स्थिरतां विरोधः
प्राप्तो जयः प्रचलिता रिपवो निरस्ताः ।
उन्मूलितोऽस्य च मदो मधुसूदनस्य
लब्धो मयाऽद्य सममभ्युदयेन शब्दः ॥ ११ ॥

दुर्योधनोऽभिमन्योर्वधे स्वमनोऽभिलषितसिद्धिं वर्णयन्नाह—

अन्वयः—अभिमन्युनिधनात् विरोधः स्थिरतां यातः । जयः प्राप्तः । रिपवः प्रचलिताः निरस्ताः । अस्य मधुसूदनस्य मदः उन्मूलितः च अद्य मया अभ्युदयेन समं शब्दः लब्धः ॥ ११ ॥

व्याख्या—यात इति–अभिमन्युनिधनात् अभिमन्योः = सौभद्रस्य निधनात् = मरणात् । विरोधः = विद्वेषः । स्थिरतां = सुदृढत्वम् । यातः = प्राप्तः । इदं ममानुकूलम् । मया जयः = विजयः । प्राप्तः = लब्धः । रिपवः शत्रवः । प्रचलिताः=प्रकम्पिताः । निरस्ताः = पराजिताः । अस्य मधुसूदनस्य = केशवस्य । मदः = गर्वः । उन्मूलितः = उत्पाटितः । दूरीकृत इत्यर्थः । अद्य = इदानीम् । मया = दुर्योधनेन । अभ्युदयेन = समुन्नत्या । समं=

(तदनन्तर दुर्योधन, दुःशासन और शकुनि का प्रवेश करते हैं)

दुर्योधन--वत्स दुःशासन !

अब अभिमन्यु की इस मृत्यु से हमारा विरोध दृढ़तर हो गया मुझे विजय मिल गई। शत्रुगण विचलित होकर निराश हो गये। किं बहुना इस श्रीकृष्ण का सारा मद विनष्ट हो गया। आज मैंने अपनी उन्नति के साथ यश को भी प्राप्त कर लिया ॥ ११ ॥

दुश्शासनः—अहो नु खलु,

रुद्धाः पाण्डुसुता जयद्रथबलेनाक्रम्य शत्रोर्बलं
सौभद्रे बिनिपातिते शरशतक्षेपैर्द्वितीयेऽर्जुने ।
प्राप्तैश्च व्यसनानि भीष्मपतनादस्माभिरद्याहवे
तीव्राः शोकशराः कृताः खलु मनस्येषां सुतोत्सादनात् ॥१२॥

साकम् । शब्दः = विजयघोषणाम् । लब्धः = सम्प्राप्तः । मदीयसर्वाण्यभीष्टानि परिपूर्णानि जातानीत्यर्थः । वसन्ततिलकावृत्तम् ॥ ११ ॥

दुःशासनः भ्रातरं दुर्योधनं प्रति रणे स्वकृतानि कर्माणि प्रशंसन्नाह—

अन्वयः—जयद्रथबलेन शत्रोर्बलम् आक्रम्य पाण्डुसुता रुद्धाः । द्वितीयेऽर्जुने सौभद्रे शरशतक्षेपैः विनिपातिते भीष्मपतनात् व्यसनानि प्राप्तैः अस्माभिः च अद्य आहवे सुतोत्सादनात् एषां मनसि तीव्राः शोकशराः कृताः खलु ॥ १२ ॥

व्याख्या—रुद्धा इति–जयद्रथबलेन जयद्रथस्य बलं तेन = जयद्रथपराक्रमेण शत्रोः = विपक्षस्य । बलम् = सैन्यम् । आक्रम्य = विजित्य । पाण्डुसुताः = युधिष्ठिरादयः । रुद्धाः – चक्रव्यूहप्रवेशेन वारिताः । द्वितीयेऽर्जुने = अर्जुनतुल्यपराक्रमे सौभद्रे = अभिमन्यौ शरशतक्षेपैः शरशतानां क्षेपास्तैः = असह्यबाणप्रयोगैः विनिपातिते = मिधनं गते । भीष्मपतनात् = पितामहविनाशात् । व्यसनानि दुःखानि प्राप्तैः = लब्धैः अस्माभिः अद्य = अस्मिन्दिने । आहवे = संग्रामे सुतोत्सादनात् = पुत्रविनाशात् । एषां

दुःशासन—अहा निश्चय ही ।

जयद्रथ की सेना ने शत्रु की सेना पर आक्रमण कर पाण्डवों को वीच में ही रोक दिया । द्वितीय अर्जुन कहे जाने वाले सुभद्रानन्दन अभिमन्यु के मारे जाने से भीष्म पितामह के मारे जाने से हम लोगों को जितना

शकुनिः—

जयद्रथेनाद्य महत्कृतं रणे नृपैरसम्भावितमात्मपौरुषम् ।
प्रसह्य तेषां यदनेन संयुगे समं सुतेनाप्रतिमं हृतं यशः ॥१३॥

दुर्योधनः—मातुल ! इतस्तावत् । दुश्शासन ! इतस्तावत् । तत्रभवन्तं तातमभिवादयिष्यामः ।

=पाण्डवानाम् मनसि = हृदये । तीव्राः = तीक्ष्णाः । शोकशराः शोका एव शराः = शोकरूपा वाणाः । कृताः = उत्खाताः । एषां पुत्रबिनाशादस्माभिरपि ते शोकाकुलाः कृता इत्यर्थः । शार्दूलविक्रीडितं छन्दः ॥ १२ ॥

शकुनिर्जयद्रथं प्रशंसमान आह—

अन्वयः—अद्य जयद्रथेन रणे नृपैः असम्भावितम् महत् आत्मपौरुषं कृतम् यत् अनेन संयुगे प्रसह्य तेषां सुतेन समं अप्रतिमं यशः हृतम् ॥ १३ ॥

व्याख्या—जयद्रथेनेति–अद्य = अस्मिन्दिने । रणे = आहवे । जयद्रथेन नृपैः = राजभिः असम्भावितम् = अतर्कितम् । महत = विशालं आत्मपौरुषम् = स्वपराक्रमम् । कृतम् बिहितम् । यदनेन संयुगे = संग्रामे । तेषाम् = पाण्डवानां । प्रसह्य = बलात्कृत्य । सुतेन = अभिमन्युना । समम् = सार्धम । अप्रतिमम् = अद्वितीयम् । यशः = कीर्त्तिः । हृतम् = स्वायत्तीकृतम् । सहोक्तिरलङ्कारः । वंशस्थवृत्तम् ॥ १३ ॥

दुःख प्राप्त हुआ था उसका बदला आज युद्ध में उनके पुत्र को मार कर तीखे शोकरूपी वाण पाण्डवों के हृदय में चुभा कर हम लोगों ने ले लिया ॥ १२ ॥

शकुनि—आज जयद्रथ ने रण क्षेत्र में ऐसा महान् पराक्रम प्रदर्शित किया जो अन्य राजाओं के लिये असम्भव था क्योंकि उन्होंने युद्ध में पाण्डवों की सेना पर आक्रमण कर उनके पुत्र का तो वध किया ही साथ ही साथ उनका यश भी विनष्ट कर दिया ।

दुर्योधन—मामा इधर आओ, दुःशासन इधर आओ । पूज्य पिता जी को हम लोग प्रणाम करेंगें ।

शकुनिः—वत्स दुर्योधन ! मा मैवम् ।

कामं न तस्य रुचितः कुलविग्रहोऽय-
मस्मांश्च गर्हयति स प्रियपाण्डवत्वात् ।
युद्धोत्थितैर्जयमवाप्य हि तुल्यरूपं
एवं प्रहृष्टवदनैरभिगन्तुमेनम् ॥ १४ ॥

अभिमन्युमरणानन्तरं तातं वन्दितुं गच्छन्तं दुर्योधनं दृष्ट्वा शकुनिः तस्माद्वारयति—

अन्वयः—तस्य अयं कुलविग्रहः कामं न रुचितः सः प्रियपाण्डवत्वात् अस्मान् गर्हयति च । हि युद्धोत्थितैः जयम् अवाप्य एवं प्रहृष्टवदनैः अस्माभिः एनम् अभिगन्तुं तुल्यरूपम् ॥ १४ ॥

व्याख्या—काममिति—तस्य = धृतराष्ट्रस्य । अयम् = वर्त्तमानः । कुलविग्रहः परस्परं वंशविरोधः कामम् = यथेष्टम् । न रुचितम् = न प्रियम् । सः = राजा प्रियपाण्डवत्वात् प्रियाः पाण्डवाः यस्य तस्य भावः तस्मात् युधिष्ठिरादिषु स्नेहातिशयात् । अस्मान् = दुर्योधनादीन् । गर्हयति = भर्त्सयति । हि = यतः । युद्धोत्थितैः युद्धात् = आहवात् उत्थिताः = उत्पन्नाः तैः । जयम् = विजयम् । अवाप्य = सम्प्राप्य । एवम् = अनेन प्रकारेण । प्रहृष्टवदनैः = प्रसन्नाननैः । एनम् = धृतराष्ट्रं । अभिगन्तुम् सम्मुखमभिवादनार्थं यातुम् । तुल्यरूपम् = सदृशम् उचितमित्यर्थः । वसन्ततिलकावृत्तम् ॥ १४ ॥

शकुनि—वत्स दुर्योधन ! ऐसा मत करो ।

परस्पर अपने ही कुल में होने वाला यह विग्रह उनको रुचिकर नहीं है, पाण्डव अधिक प्यारे हैं इसलिये हम लोगों की भर्त्सना करते हैं । अच्छा तो यह होगा कि हम लोग युद्ध में विजय प्राप्त कर प्रसन्न मुद्रा में प्रणाम करने के लिये इनके पास चलते ॥ १४ ॥

दुर्योधनः—मातुल ! मा मैवम् । यथा तथा भवतु । तत्रभवन्तं तातमभिवादयिष्यामः ।

उभौ—बाढम् । (परिक्रामतः)

दुर्योधनः—तात ! दुर्योधनहमभिवादये ।

दुश्शासनः—तात ! दुश्शासनोऽहमभिवादये ।

शकुनि—शकुनिरहमभिवादये ।

सर्वे—कथमाशीर्वचनं न प्रयुज्यते ।

धृतराष्ट्रः—पुत्र ! कथमाशीर्वचनमिति ।

सौभद्रे निहते बाले हृदये कृष्णपार्थयोः ।
जीविते निरपेक्षाणां कथमाशी प्रयुज्यते ॥ १५ ॥

अभिवादनान्तरमाशीर्वचनमलब्ध्वा पृष्टे सति धृतराष्ट्रः तत्र हेतुं प्रदर्शयति—

अन्वयः—कृष्णपार्थयोः हृदये बाले सौभद्रे निहते सति जीविते निरपेक्षाणाम् आशीः कथं प्रयुज्यते ॥ १५ ॥

दुर्योधन—मामा जी ऐसा नहीं । चाहे जो कुछ भी हो हम लोग पूज्य पिता जी का अभिवादन अवश्य करेंगे ।

दोनों—बहुत अच्छा (उधर घूम कर चले जाते हैं ।)

दुर्योधन—तात ! मैं दुर्योधन आपको अभिवादन करता हूँ ।

दुःशासन—तात ! मैं दुशासन आपको अभिवादन करता हूँ ।

शकुनि—मैं शकुनि आपको अभिवादन करता हूँ ।

सभी—क्यों आशीर्वाद नहीं दे रहे हैं ?

धृतराष्ट्र—पुत्र ! आशीर्वाद किस प्रकार दूँ ।

अर्जुन और श्रीकृष्ण के हृदय के टुकड़े सुभद्रानन्दन अभिमन्यु के मारे

दुर्योधनः—तात ! किं कृतोऽयं सम्भ्रमः ।

धृतराष्ट्रः—किं कृतोऽयं सम्भ्रम इति ।

एका कुलेऽस्मिन्बहुपुत्रनाथे
लब्धा सुता पुत्रशताद्विशिष्टा ।

व्याख्या—सौभद्रे इति–कृष्णश्च पार्थश्च तयोः = केशवार्जुनयोः हृदये = आत्मस्वरूपे । वाले = शिशौ । सौभद्रे = अभिमन्यौ । निहते = घातिते सति । जीविते = जीवने । निरपेक्षाणाम् = अपेक्षारहितानां निराशानामित्यर्थः । युष्माकम् आशीः = आशीर्वचनम् । कथं = केन प्रकारेण प्रयुज्यते = दीयते । गतासून् प्रति मया कथमाशीर्वचनं दातव्यमित्यर्थः । अनुष्टुब् वृत्तम् ॥ १५ ॥

सम्भ्रमः = सन्देहः ।

दुर्योधनेन सम्भ्रमकारणे पृष्टे सति तत्र हेतुं धृतराष्ट्रः प्रतिपादयति—

अन्वयः—बहुपुत्रनाथेऽस्मिन्कुले पुत्रशताद्विशिष्टा एका सुता लब्धा सा बान्धवानां भवतां प्रसादात् अश्लाघ्यं वैधव्यम् अवाप्स्यति इति ॥१६॥

व्याख्या—एकेति–बहुपुत्रनाथे बहवः = अनेके । पुत्राः = सूनवः नाथाः = स्वामिनः यस्मिन् स तस्मिन् । अस्मिन् कुले = कौरववंशे । पुत्रशताद् = शतसङ्ख्याकपुत्रात् विशिष्टा गुणेन गरीयसी अभीष्टा च । एका = केवला । सुता = पुत्री दुःशलानाम्नी । मया लब्धा = सम्प्राप्ता । सा

जाने पर जो अपने जीवन के प्रति सर्वथा निराश हो रहे हों भला उन्हें किस प्रकार आशीर्वाद दिया जा सकता है ? ॥ १५ ॥

दुर्योधन—आपको इस प्रकार का यह भ्रम किस प्रकार हुआ ?

धृतराष्ट्र—तुम अब भी पूछ रहे हो कि यह भ्रम कैसे हुआ ?

अनेक पुत्रों से सनाथा इस कुल में सौ पुत्रों से भी अधिक, प्यारी मात्र

णा

सा बान्धवाणां भवतां प्रसादाद्
वैधव्यमश्लाध्यमवाप्स्यतीति ॥ १६ ॥

दुर्योधनः - तात ! किं चात्र जयद्रथस्य ।

धृतराष्ट्रः – तेन किल वरविदग्धेन रुद्धाः पाण्डवाः ।

दुर्योधनः—आः, तेन रुद्धाः । बहुभिः खल्वन्यैः ।

धृतराष्ट्रः—भोः कष्टम् ।

=पुत्री । भवतां बान्धवानाम् भ्रातृणाम् । प्रसादात् = कर्मणः फलेन । अश्लाध्यम् =निन्दनीयम् । वैधव्यम्=दुर्भगत्वम् विधवाभावं । अवाप्स्यति=प्राप्स्यति । भवतां गर्हितकर्मणा मत्पुत्री वैधव्यं यास्यतीति विचार्य न मे मनः भवत्सु आशीर्वचनार्थं प्रसरतीति भावः । इन्द्रवज्रावृत्तम् ॥ १६ ॥

वरविदग्धेन – महादेवप्रसादात्प्राप्तवरदानाहङ्कारेण ।

यदि तु मात्रजयद्रथेन वरदानदृप्तेन पाण्डवा रुद्धास्तदा तस्यैव निधनं भविष्यति किन्तु यदा बहुभिः नृपैस्ते रुद्धास्तदा भृशमनर्थमिति शपति—धृतराष्ट्रः ।

एक कन्या मुझे प्राप्त हुई किन्तु अब वह तुम्हारे जैसे भाइयों की कृपा से वैधव्य प्राप्त करेगी ? ॥ १६ ॥

दुर्योधन—तात ! इसमें जयद्रथ ने क्या किया ?

धृतराष्ट्र—उसने वरदान के गर्व से पाण्डवों को जो बीच में रोक लिया ।

दुर्योधन—अरे हाँ उसने तो रोका किन्तु अन्य राजकुमारों ने भी तो रोका ।

धृतराष्ट्र—ओह बड़े कष्ट की बात है ।

बहूनां समवेतानामेकस्मिन्निर्घृणात्मनाम् ।
बाले पुत्रे प्रहरतां कथं न पतिता भुजा ॥ १७ ॥

दुर्योधनः—तात !

वृद्धं भीष्मं छलैर्हत्वा तेषां न पतिता भुजाः ।
हत्वाऽस्माकं पतिष्यन्ति तमबालपराक्रमम् ॥ १८ ॥

अन्वयः—निर्घृणात्मनां बहूनां समवेतानां एकस्मिन् बाले पुत्रे प्रहरतां तेषां भुजा कथं न पतिताः ॥ १७ ॥

व्याख्या—बहूनामिति–निर्घृणात्मनाम् निर्गता घृणा = दया यस्माद् स निर्घृणः आत्मा येषां ते तेषाम् निष्ठुरचित्तानाम् । बहूनाम् = अनेकानाम् । समवेतानाम् = एकत्रकृतसङ्घानाम् । एकस्मिन् = असहाये । बाले = शिशौ । पुत्रे = सुते सौभद्रे इति शेषः । प्रहरतां = प्रहारं कुर्वताम् । राज्ञामिति शेषः । भुजाः = हस्ताः । कथं = केन प्रकारेण न पतिताः = पतनं न प्राप्ताः । अनुष्टुब् वृत्तम् ॥ १७ ॥

धृतराष्ट्रवचनं श्रुत्वा तद् खण्डयन् दुर्योधनः स्वपक्षं प्रतिपादयति—

अन्वयः—यदि वृद्धं भीष्मं छलैः हत्वा तेषां भुजाः न पतिताः तर्हि अबालपराक्रमं त हत्वा अस्माकं भुजाः पतिष्यन्ति किम् ॥ १८ ॥

व्याख्या—वृद्धमिति–वृद्धम् = जरठम् । भीष्मम् = पितामहम् । छलैः = कपटैः । हत्वा = निपात्य । तेषां = पाण्डवानां । भुजाः = कराः न पतिताः

अनेक निर्दयी राजाओं ने समवेत (एकत्रित) होकर अकेले उस बालक पर जब प्रहार किया तब उन लोगों की भुजा क्यों नहीं गिर गई ॥ १७ ॥

दुर्योधन—तात—

वृद्ध भीष्म को कपट से मारने पर जब शत्रुओं की भुजायें नहीं गिरी,

धृतराष्ट्रः—वत्स ! किं भीष्मस्य निपातनमभिमन्योश्च वध. समः।

दुर्योधनः—तात ! कथं न समः।

धृतराष्ट्रः—पुत्र ! श्रूयताम्,

स्वच्छन्दमृत्युर्निहतो हि भीष्मः स्वेनोपदेशेन कृतात्मतुष्टिः।
अयं तु बालः कुरुवंशनाथश्छिन्नोऽर्जुनस्य प्रथमः प्रवालः॥ १९॥

=न भ्रष्टाः। तदा अबालपराक्रमम् = अबालवत् पराक्रमो यस्य तम् = महाविक्रमशालिनम्। तम् = अभिमन्युं हत्वा। अस्माकम् = कौरवाणां भुजाः पतिष्यन्ति = भ्रष्टाः भविष्यन्ति किमिति शेषः॥ १८॥

इदानीं दुर्योधनोक्तं भीष्माभिमन्य्वोः समं वधमिति खण्डयन्नाह—

धृतराष्ट्रः—

अन्वयः—हि भीष्मः स्वेन उपदेशेन कृतात्मतुष्टिः स्वच्छन्दमृत्युः निहतः। अयं तु कुरुवंशनाथः बालः अर्जुनस्य प्रथमः प्रवालः छिन्नः॥ १९॥

व्याख्या—स्वच्छन्देति—हि = यतः। भीष्मः = पितामहः। स्वेन = स्वकीयेन। उपदेशेन = स्वमरणकारणविज्ञापनेन। कृतात्मतुष्टिः कृता = विहिता आत्मतुष्टिः—आत्मसन्तोषो येन सः। स्वच्छन्दमृत्युः स्वच्छन्द आत्मवशगा मृत्युर्यस्य सः। निहतः = रणे विनष्टः। अयं तु कुरुवंशनाथः

तब महान् पराक्रमी जिसका शौर्य तरुणों के जैसा था ऐसे उस बालक के मारने पर हम लोगों की भुजायें क्यों गिरेंगी ?॥ १८॥

धृतराष्ट्र—पुत्र ! क्या भीष्म के वध और अभिमन्यु के वध में समानता है ?

दुर्योधन—तात ! कैसे समता नहीं ?

धृतराष्ट्र—अच्छा पुत्र ! सुनो !

भीष्म की मृत्यु उनकी इच्छा पर निर्भर थी, इसलिये वे मरे भी अपनी इच्छानुसार और अपनी मृत्यु के कारण को पाण्डवों को उपदेश कर मरे

दुश्शासनः—तात ! बालो न बाल इति । अभिमन्युना—

धृतराष्ट्रः—किं किं दुश्शासनो व्याहरति ।

दुश्शासनः—अथ किम् ।

सर्वेषां नः पश्यतां युध्यतां च
व्यायामोष्णं गृह्य चापं करेण ।

कुरुवंशस्य नाथः=कुरुवं स्य भाविराजा बालः=शिशुः । अर्जुनस्य=पार्थस्य । प्रथमः=अग्रेसरः । प्रवालः नूतनोदीयमानकिसलयः पुत्ररूपाङ्कुरः । छिन्नः=कर्त्तितः अतएव नोभयोर्वधस्तुल्य इति भावः । उपजातिवृत्तम् ॥ १९ ॥

अथ दुःशासनस्तस्य बालकस्याबालपराक्रमत्वं व्याहरति—

अन्वयः—नः सर्वेषां पश्यतां युध्यतां च व्यायामोष्णं चापम् करेण गृह्य अभ्यामलैः अंशुजालैः सूर्येण इव बाणैः सर्वे भूमिपालाः अङ्किताः ॥ २० ॥

व्याख्या—नः=अस्माकम् । सर्वेषाम्=अखिलभूभृताम् । पश्यताम्=अवलोकयतां युद्धयतां=संग्रामं कुर्वतां च । व्यायामोष्णम् व्यायामेन धनुर्विस्फारणेन उष्णम्=अशीतम् । चापम्=धनुः । करेण=हस्तेन । गृह्य=

और यह बालक कुरुवंश को कृतार्थ करने वाला था विशेष कर अर्जुनरूपी वृक्ष का प्रथम जायमान अङ्कुर था जिसका बध तुम लोगों ने किया ॥ १९ ॥

दुःशासन—पिताजी ! बालक तो था पर बड़ा तेजस्वी था ।

धृतराष्ट्र—कौन यह कौन ! क्या यह दुःशासन बोल रहा ।

दुःशासन—और क्या ?

(७) यथा भासकृते स्वप्नवासवदत्ते शेफालिकाशिलातलमवलोक्य वत्सराजः ।
(नाटचदर्पण ले० रामचन्द्र तथा गुणचन्द्र १२ वीं सदी)

(८) क्वचित्क्रीडा । यथा वासवदत्तायाम् ।
(नाटचशास्त्र पर अभिनवगुप्त की टीका)

श्लोकानुक्रमणिका

श्लोकाङ्काः

अक्षान्विमुच्च ४५
अद्याभिमन्यु ५
अद्यैव दास्यामि १०
अपि प्रविष्टं ३१
अलं वो व्यव ४९
अवसितमवगच्छ ४३
एका कुलेऽस्मिन् १६
कामं न तस्य १४
किं व्यर्थो ६१
कृष्णस्याष्टभुजो ८
केनाभिमन्यु ६
केनैतत् ४
क्रूरमेवं नरपतिम् ३२
क्षिपसि वदसि ४६
चितां न तावत् ९
जयद्रथेनाद्य १३
तस्यैव २७
त्वया हि यत् २४
दष्टोष्ठो मुष्टि ५०
दूतः खलु भवान् ४८
देवैर्मन्त्रयते ३८

श्लोकाङ्काः

द्रोणोपदेशेन ३०
धर्मं समाचर ५३
न तु जतुगृहे ५२
न ते प्रियं ३६
नारायणस्त्रिभुवनै १
पृथिव्यां शासनं ४०
प्रतिज्ञासार २८
प्रयामि सौभद्र ३३
बहूनां समुपेतानां १७
बालेनैकेन २१
भर्तुस्ते नूनं ७
भूमिकम्प २५
मुक्ता येन यदा ४१
यदि स्यात् वाक्य ४४
यतोऽभिमन्यु ११
यान्त्यर्जुन २
येन मे निहितः २९
योधस्यन्दन ३
राजा वा यदि ४२
रुद्धाः पाण्डु १२
वृद्धं भीष्मम् १८

श्लोकाङ्काः
वृद्धोऽप्यनातत ३५
शक्रं पृच्छ पुरा २२
शक्रापनीत २३
सक्रोधव्यव ३७
सर्वेषां नः पश्यताम् २०

श्लोकाङ्काः
सुव्यक्तं निहतम् २९
सौभद्रे निहते १५
स्वच्छन्दमृत्यु १९
हसति त्वमहं ३९
हैडिम्बोऽस्मि ३४

◆

डा० गंगासागर राय की कृतियां

मौलिक ग्रन्थ:—१. महाकवि भवभूति (स्व० डॉ० वासुदेवशरण अग्रवाल, म० म० मिराशी पं० बलदेव उपाध्याय प्रभृति विद्वानों से प्रशंसित तथा तदुत्तर (१९६५) एतद्विषयक समस्त ग्रन्थों द्वारा उद्धृत) । २. वैदिक आख्यान । ३. पौराणिक आख्यान । ४. अलङ्कारपीयूष । 5. Vaedic Sakhas.

हिन्दी अनुवाद सहित:—१. काव्यमीमांसा । २. बालरामायण (डॉ० रामकरण शर्मा, बलदेव उपाध्याय, पं० बदरीनाथ शुक्ल, पं० पट्टाभिराम शास्त्री प्रभृति विद्वानों द्वारा प्रशंसित तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पुरस्कृत) । ३. शाङ्खायन ब्राह्मण (डॉ० आर० एन० दाण्डेकर, पं० बलदेव उपाध्याय, पं० पट्टाभिराम शास्त्री प्रभृति विद्वानों से प्रशंसित तथा उ० प्र० सरकार द्वारा पुरस्कृत) । ४. वामनपुराण (संयुक्त रूप से) । ५. शाङ्खायन गृह्यसूत्र (भाष्य सहित) उ० प्र० सरकार द्वारा विशिष्ट पुरस्कार से पुरष्कृत । ६. शाङ्खायन श्रौतसूत्र (भाष्य सहित) । ७. याज्ञवल्क्य स्मृति टीका सहित ८. ध्वन्यालोक ।

संस्कृत हिन्दी टीका सहित:—१. नीतिशतक (अंग्रेजी अनुवाद भी), २. चन्द्रालोक, ३. अविमारक नाटक, ४. अभिषेक नाटक, ५. बाल चरित, ६. प्रतिज्ञा यौगन्धरायण, ७. प्रतिमा, ८. स्वप्नवासवदत्ता, ९. वेणीसंहार, १०. मुद्राराक्षस, ११. कर्पूरमञ्जरी, १२. बाल-भारत, १३. हरविजय (प्रथम सर्ग), १४. पञ्चतन्त्र (अपरीक्षित कारक), १५. रघुवंश (त्रयोदश चतुर्दश सर्ग), १६. मृच्छकटिक, १७. चारुदत्त, १८. मध्यम व्यायोग, १९. कर्णभार, २०. दूतघटोत्कचम्, २१. अभिज्ञान शाकुन्तलम्, २२. ऊरुभङ्ग, २३. दूतवाक्यम् ।

अंग्रेजी अनुवाद—१. कूर्मपुराण (संयुक्त रूप से), २. नीति शतक ।

सम्पादन:—१. बालरामायण । २. स्कन्दपुराणीय मानसखण्ड । ३. अष्टाविंशत्युपनिषद । ४. वसिष्ठ लिङ्ग पुराण । ५. श्लोक वार्तिक ।

पत्रिकाओं का सम्पादन:—पुराणम् (सह-सम्पादक), २. हिन्दुत्व (सहायक सम्पादक), ३. विद्यामन्दिर पत्रिका, ४. ध्रुपद वार्षिकी (सह सम्पादक) ।

शोधपत्र—एक सौ के लगभग शोधपत्र ।

।। श्रीः ।।

काशी संस्कृत ग्रन्थमाला

२९३

महाकविभासविरचितम्

कर्णभारम्

'गंगा' संस्कृत-हिन्दी व्याख्योपेतम्

व्याख्याकारः संपादकश्च:

डा० गंगासागररायः

सर्वभारतीय कांशीराज न्यासस्थ

दुर्ग रामनगर, वाराणसी

चौखम्भा संस्कृत भवन

वाराणसी

प्रकाशक
चौखम्भा संस्कृत भवन
संस्कृत, आयुर्वेद एवं इण्डोलाजिकल पुस्तकों के प्रकाशक एवं वितरक
पोस्ट बाक्स नं० ११६०
चौक, (चित्रा सिनेमा के सामने)
(बैंक ऑफ बड़ौदा बिल्डिंग)
वाराणसी -२२१००१ (भारत)
टेलीफोन : +९१-५४२-२४२०४१४ (दु.)
+९१-५४२-२३३४७५५ (नि.)

© *चौखम्भा संस्कृत भवन*
सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन

संस्करण : द्वितीय, वि० सं० २०६४
मूल्य : रु. २५-००

वितरक
चौखम्भा संस्कृत भवन
पोस्ट बाक्स नं० ११६०
चौक, (चित्रा सिनेमा के सामने)
(बैंक ऑफ बड़ौदा बिल्डिंग)
वाराणसी -२२१००१ (भारत)

मुद्रक : जौहरी प्रोसेस, वाराणसी

THE
KASHI SANSKRIT SERIES
293

KARNABHĀRAM

OF
BHĀSA

*[With 'Gangā' Sanskrit and Hindi Commentaries,
Introduction and Appendices]*

Edited and Commented by
DR. GANGA SAGAR RAI, M.A., Ph.D.
All India Kashiraj Trust
Fort Ramnagar, Varanasi

CHAUKHAMBHA SANSKRIT BHAWAN
VARANASI-221001 (INDIA)

Publishers

CHAUKHAMBHA SANSKRIT BHAWAN
Sanskrit, Ayurveda & Indological Publishers & Distributors
Post Box No. 1160
Chowk, (Opp. Chitra Cinema)
(Bank of Baroda Building)
Varanasi-221001 (India)
Telephone : +91-542-2420414 (S)
+91-542-2334755 (R)

Second Edition : 2007

© *Chaukhambha Sanskrit Bhawan*
All Rights Reserved

Distributors

CHAUKHAMBHA SANSKRIT BHAWAN
Post Box No. 1160
Chowk, (Opp. Chitra Cinema)
Varanasi-221001 (India)

Printed at : Jauhari Process, Varanasi

निवेदन

भासनाटकचक्र की टीका और भाषानुवाद शृङ्खला में 'कर्णभारम्' नाटक की टीका को उपस्थापित करते हुए हम सन्तोष का अनुभव कर रहे हैं। भास के नाटक यद्यपि सूक्ति-ग्रन्थों तथा कवियों की कृतियों में बहुचर्चित थे परन्तु इस शताब्दी के प्रारम्भ तक वे सभी अनुपलब्ध थे। सन् १९१३ ई० में महामहोपाध्याय गणपति शास्त्री द्वारा प्रकाशित होते ही ये नाटक सर्वत्र चर्चित हो उठे। इसी से उनकी गुणवत्ता और महत्ता का सहज बोध हो जाता है वे प्रकाशन के साथ ही सम्पूर्ण देश में पठित और व्याख्यात होने लगे और अद्यावधि यह क्रम चालू है। उसी क्रम में यह भी लघुप्रयास है।

टीकाकार्य में हमारे हितैषी आदरणीय पं० हीरामणि मिश्र ने सहायता की है और मुद्रण संशोधन में पं० कृपासिन्धु शर्मा ने सहायता की है। एतदर्थ इनका मैं अघमर्ण हूँ। इस संस्करण में अज्ञान या प्रमादवश जो अशुद्धियाँ रह गयी हैं उनके लिये मैं विज्ञ पाठकों से क्षमायाचना करता हूँ। टीका में जिन पूर्ववर्ती टीकाकारों से सहायता मिली है उनके प्रति भी विनम्र कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ। इसके प्रकाशन में चौखम्भ संस्कृत संस्थान के स्वत्वाधिकारी श्री मोहनदास जी गुप्त तथा उनके चिरञ्जीवि श्री राजेन्द्र जी ने जो तत्परता दिखाई है तथा धैर्य प्रदर्शित किया है उसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूँ।

कल्याणमित्र प्रो० देवेन्द्रकुमार राय के प्रति धन्यवाद औपचारिकता मात्र है।

काशी

रङ्गभरी एकादशी २०५४ वि० **गङ्गासागर राय**

१ मार्च, १९९८ ई०

भास की प्रशस्तियां

(१) सूत्रधारकृतारम्भैर्नाटकैर्बहुभूमिकैः ।
सपताकैर्यशो लेभे भासो देवकुलैरिव ॥

(बाणभट्टः हर्षचरित, १।१५)

(२) भासनाटकचक्रेऽपि च्छेकैः क्षिप्ते परीक्षितुम् ।
स्वप्नवासवदत्तस्य दाहकोऽभून्न पावकः ॥

(राजशेखर)

(३) सुविभक्तमुखाद्यङ्गैर्व्यक्तलक्षणवृत्तिभिः ।
परेतोऽपि स्थितो भासः शरीरैरिव नाटकैः ॥

(दण्डी : अवन्तिसुन्दरी १५)

(४) भावम्मि जलणमित्तो कन्तीदेवे अ जस्व रहुआरे ।
सो बन्धवे वन्धम्मि हरियन्दे आणन्दो ॥
[भासे ज्वलनमित्रे कुन्तीदेवे च यस्य रघुकारे ।
सौबन्धवे च बन्धे हरिश्चन्द्रे च आनन्दे ॥]

(गउडवहो)

(५) भासो हासः कविकुलगुरुः कालिदासो विलासः ।

(जयदेव : प्रसन्नराघव)

(६) प्रथितबशसां भाससौमिल्लकविपुत्रादीनां प्रबन्धानतिक्रम्य कथं वर्तमानस्य कवेः कालिदासस्य कृतौ बहुमानः ।

(कालिदासः मालविकाविकाग्निमित्र)

(७) यथा भासकृते स्वप्नवासवदत्तो शेफालिकाशिलातलमवलोक्य वत्सराजः।

(नाटचदर्पण ले० रामचन्द्र तथा गुणचन्द्र १२ वीं सदी)

(८) क्वचित्क्रीडा । यथा वासवदत्तायाम् ।

(नाटचशास्त्र पर अभिनवगुप्त की टीका)

पात्राणि

कर्णः—अङ्गेश्वरः कौरवसेनापतिः ।

शल्यः—शल्यराजः कर्णसूतः ।

भटः—सूचकः ।

शक्रः—ब्राह्मणरूपधारीन्द्रः ।

देवदूतः—इन्द्रसन्देशवाहकः ।

भूमिका

महाकवि भास संस्कृत के दृश्य काव्यों के रचनाकारों में सम्भवतः सबसे प्राचीन हैं। संस्कृत नाटकों के विकास के इतिहास में भास ने अपनी कीर्ति-कौमुदी सुदूर दक्षिण से लेकर उत्तर तक एवं प्राची से लेकर प्रतीची तक प्रसारित की है। भास के नाटकों में नाटक का वह रूप देखने को मिलता है जिसके कारण भरत ने नाटक को पञ्चम वेद होने का गौरव प्रदान किया था। नाटक कवित्व चरम परिपाक होता है—'नाटकान्तं कवित्वम्'। उसमें तीनों लोकों के भावों का समावेश होता है। इस दृष्टि से भास के नाटकों का महत्त्व और अधिक बढ़ जाता है। भास ने मानवीय भावनाओं का सफलतापूर्वक चित्रण किया है। भास ने तेरह नाटकों की रचना की है एवं रचना के साथ-साथ उनके प्रस्तुतीकरण में भी उन्हें पर्याप्त सफलता प्राप्त हुई है। भास के नाटकों की प्रामाणिकता पर अविश्वास नहीं किया जा सकता, क्योंकि सभी नाटकों की भाषा और शैली एक सी-मुहावरेदार, सरल एवं प्राञ्जल है। इनके नाटकों में भावों तथा विचारों की पुनरुक्ति तथा पात्रों के नामों में समरूपता पायी जाती है एवं सभी नाटकों में प्रस्तावना के स्थान पर स्थापना शब्द का प्रयोग हुआ है। संस्कृत–साहित्य के नाट्य जगत् में भास का अपना विशिष्ट स्थान है।

भास के नाटकों की प्रशस्तियां

अपने कवित्व से जाज्वल्यमान महाकवि भास सूर्यमणि के समान नाट्य जगत् को आलोकित किये हुए हैं। परन्तु उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व बहुत ही उलझा एवं विवादास्पद है। भास के नाटकों की प्रशस्ति बीसवीं सदी के प्रारम्भ में कहीं कहीं ही सुनने को मिलती थी। भास के नाटक दक्षिण भारत में हस्तलिखित प्रतियों में पड़े थे तथा इनके स्वरूप के बारे में लोगों को जानकारी नहीं थी। सबसे पहले १९१२ ई० में महामहोपाध्याय श्री गणपति शास्त्री को ट्रावनकोर राज्य के तञ्जौर पुस्तका-

लय से केरल लिपि में १३ नाटकों की जो पाण्डुलिपियाँ प्राप्त हुई उसको उन्होंने प्रकाशन में लाया। गणपति शास्त्री के प्रकाशन से पूर्व भी संस्कृत के आचार्यों एवं कवियों ने भास का उल्लेख एवं यशोगान किया था। इससे यह प्रतीत होता है कि भास नाटक साहित्य में अपना अन्यतम स्थान रखते थे।

महाकवि भास की प्रशस्तियों तथा उल्लेखों में कुछ प्रमुख निम्न लिखित हैं—

(१) कालिदास ने 'मालविकाग्निमित्र' नाटक में सूत्रधार के मुख से स्पष्ट कहलवाया है कि प्रसिद्ध यश वाले भास, सौमिल्ल, कविपुत्र आदि कवियों के द्वारा निर्मित प्रबन्धों का अतिक्रमण कर कालिदास की रचना का इतना अधिक क्यों समादर हो रहा है—

"प्रथितयशसां भाससौमिल्लकविपुत्रादीनां प्रबन्धानतिक्रम्य कथं वर्तमानस्य कवेः कालिदासस्य कृतौ बहुमानः।"

(मालविकाग्निमित्र)

(२) हर्ष के सभा पण्डित बाणभट्ट ने हर्षचरित में भास के नाटकों की उत्कृष्टता बतलाते हुए कहा है कि ये नाटक सूत्रधार से प्रारम्भ होने वाले, अधिक भूमिका वाले तथा पताका से शोभायमान देवकुलों की भाँति प्रसिद्ध हैं।

सूत्रधारकृतारम्भैर्नाटकैर्बहुभूमिकैः।
सपताकैर्यशो लेभे भासो देवकुलैरिव॥

—हर्षचरित

यहाँ यह उल्लेखनीय है कि भास के नाटक सूत्रधार से प्रारम्भ होते हैं। यहाँ नान्दी का अभाव दृष्टिगोचर होता है जब कि सामान्यतः संस्कृत के नाटक नान्दी से ही प्रारम्भ होते हैं। यह अन्तर भास की संस्कृत के अन्य नाटकों से पृथक् पहचान बनाने में सहायता प्रदान करता है।

(३) राजशेखर ने अपनी काव्यमीमांसा में भास के नाटकों की अग्नि परीक्षा में 'स्वप्नवासवदत्ता' के न जलने का उल्लेख किया है—

भासनाटकचक्रेऽस्मिन्छेकैः क्षिप्ते परीक्षितुम्।

स्वप्नवासवदत्तस्य दाहकोभून्न पावकः ॥

—काव्यमीमांसा

(४) वाक्यतिराज ने अपने 'गउडवहो' नामक प्राकृत भाषा के महाकाव्य में भास को 'जलणमित्ते'—(ज्वलनमित्र = अग्नि का मित्र) कहा है। भास को 'ज्वलनमित्र' की संज्ञा प्राप्त होने के सम्बन्ध में विद्वानों का विचार है कि नाटक में वासवदत्ता के जलने की मिथ्या खबर फैला कर भास ने नाटकीय कथा के विकास में उपयुक्त अवसर प्रदान किया है।

भासम्भि जलणमित्ते कन्तीदेवे तहावि रहुवारे।
सोबन्धवे अ बन्धम्भि हारि अन्दे अ अवन्दो।

(५) नाटककार आलङ्कारिक कवि जयदेव ने अपने नाटक प्रसन्नराघव में भास को कविता कामिनी का 'हास' बताया है। इस प्रकार के वर्णन से भास की हास्य-रस वर्णन में कुशलता भी व्यञ्जित होती है—

यस्याश्चौरश्चिकुरनिकरः कर्णपूरो मयूरः
भासो हासो कविकुलगुरुः कालिदासो विलासः।
हर्षो हर्षो हृदयवसतिः पञ्चबाणस्तु बाणः
केषां नैषा कथय कविताकामिनी कौतुकाय ॥

—प्रसन्नराघव १।२८

(६) दण्डी ने अपनी 'अवन्ति सुन्दरी कथा' में भास के काव्य गुणों के बारे में लिखा है—

सुविभक्तः मुखाद्यङ्गैर्व्यक्तलक्षणवृत्तिभिः।
परेतोऽपि स्थितो भासः शरीरैरिव नाटकैः ॥

—दण्डी-अवन्तिसुन्दरी

(७) नाट्य दर्पण (रामचन्द्र तथा गुणचन्द्र, १२ वीं सदी) ने भास के स्वप्नवासवदत्ता का उल्लेख किया है।

"यथा भासकृते स्वप्नवासवदत्ते शेफालिकाशिलातलमवलोक्य वत्सराजः...... ....॥"

(८) शारदातनय (१२वीं सदी) ने 'भावप्रकाशन' में प्रशान्त नाटक

के प्रसङ्ग में 'स्वप्नवासवदत्ता' के कथानक का उल्लेख किया है।

(९) भोजदेव ने 'शृङ्गार प्रकाश' में 'स्वप्नवासवदत्ता' का वर्णन किया है—

'वासवदत्तो पद्मावतीमस्वस्थां द्रष्टुं राजा समुद्रगृहकं गतः।'

(१०) भास के 'स्वप्नवासवदत्ता' का उल्लेख अभिनवगुप्त ने नाट्यशास्त्र की अपनी टीका अभिनवभारती में किया है।

'क्वचित्क्रीडा। यथा वासवदत्तायाम्।'

—नाट्यशास्त्र पर अभिनवगुप्त की टीका।

(११) सर्वानन्द ने 'अमरकोश टीका सर्वस्व' में उदयन तथा वासवदत्ता के विवाह का उल्लेख किया है।

(१२) जयानक के 'पृथ्वीराज विजय' टीका में भास के विष्णु धर्म नाटक का उल्लेख किया गया है परन्तु भास का विष्णु धर्म नाटक अभी तक अनुपलब्ध है।

उपर्युक्त तथ्यों के आधार पर कहा जा सकता है कि महाकवि भास को बहुत बड़ी ख्याति प्राप्त थी, परन्तु समयान्तराल के कारण उनके नाटकों की ख्याति काल के अन्तराल में समाविष्ट हुई तथा केवल सूक्ति मात्र ही रह गयी और महामहोपाध्याय गणपति शास्त्री के द्वारा इन नाटकों के उद्धार से पूव ये नाटक लुप्त हो गये थे।

भास का जीवनवृत्त

अपने रससिक्त नाटकों से जनमानस को आप्लावित करने वाले महाकवि भास का जीवनवृत्त आज भी तिमिराच्छन्न है। अपने देश में आत्मकथा लिखने की प्रथा नहीं थी। भास के सम्पूर्ण नाटकों में कहीं पर उसमें नामोल्लेख का स्पष्ट वर्णन नहीं है, परन्तु उनके ग्रन्थों के आधार पर कहा जा सकता है कि वे ब्राह्मण धर्म के अनुयायी एवं वैष्णवमतावलम्बी सशक्त नाटककार हैं। पठन-पाठन की तत्कालीन प्रचलित परिपाटी के अनुसार भास का ब्राह्मण होना भी स्वतः सिद्ध है। भास स्त्रियों को सम्मान की दृष्टि से देखते थे एवं उनके लिए गृह को ही उचित स्थान उन्होंने बताया है। भासवर्णा श्रम धर्म को मानने वाले, कर्तव्यनिष्ठ पुत्र के पिता, पति चरणानुगा-

मिनी पत्नी के पति एवं पितृभक्त सन्तान के प्रिय पिता थे। देवता एवं धर्म में उनका दृढ़ विश्वास था—'धर्मो रक्षति रक्षितः' के वे अनुयायी थे।

पञ्चरात्र एवं अन्य रूपकों में भास ने यज्ञ का उल्लेख किया है—

शिक्षा क्षयं गच्छति कालपर्ययात् सुबद्धमूला निपतन्ति पादपाः।
जलं जलस्थानगतं च शुष्यति हुतं च दतं च तथैव तिष्ठति॥

भास भाग्य में दृढ़ विश्वास करते थे—

चक्रारपङ्क्तिरिव गच्छति भाग्यपङ्क्तिः।'

भास उद्योग के महत्त्व को भी स्वीकार करते थे—

'काष्ठादग्निर्जायते मथ्यमनाद् भूमिस्तोयं खन्यमाना ददाति।
सोत्साहानां नास्त्यसाध्यं नराणां मार्गारब्धा सर्वयत्नाः फलन्ति॥

डा० पुसालकर ने भास को 'धर्मभीरु ब्राह्मण' कहा है। भास के स्वप्नवासवदत्ता एवं बालचरित नाटकों के भरतवाक्य के आधार पर कहा जा सकता है कि भास दक्षिण भारत के न होकर उत्तर भारत के निवासी थे।

इमां सागरपर्य्यन्तां हिमवद्विन्ध्यकुण्डलाम्।
महीमेकातपत्राङ्कां राजसिंहः प्रशास्तु नः॥

कवि भगवान् से प्रार्थना करता है—हमारे राजा ससागर उस सम्पूर्ण भूमण्डल के मध्य एकच्छत्र राज्य करें किसके एक ओर हिमालय तथा दूसरी ओर बिन्ध्य पर्वत दो कर्ण-कुण्डलों के समान अलंकृत हो रहे हैं। भास की वसुन्धरा उत्तर में हिमालय एवं दक्षिण में बिन्ध्य पर्वत तक शीर्ष स्थानीय है। यही पृथ्वी भास की पृथ्वी थी।

भास के नाटकों की खोज

संस्कृत-साहित्य के नाट्य जगत् को आलोकित करने वाले महाकवि भास के नाटक प्रेक्षकों की दृष्टि से ओझल क्यों हो गये? जब कि भास उस समय इतनी ख्याति प्राप्त कर चुके थे कि कालिदास जैसे कवि भी भास के

नामोल्लेख से अछूते नहीं रह सके। भास के नाटकों के विलुप्त होने के सम्बन्ध में कहा जा सकता है कि जिस प्रकार वैदिक ग्रन्थ और शाखायें जिनका कुल परम्परा में अध्ययन आवश्यक था विलुप्त हो गये तो लोकानुरञ्जक इन नाटकों का क्या ? सौमिल्ल आदि के नाटक आज तक विलुप्त ही हैं। विद्वानों ने नाटकों के विलुप्त होने के कारणों के सम्बन्ध में जो विचार व्यक्त किये है वे निम्नलिखित हैं—

(१) भारत में मुसलिम शासकों के आक्रमण एवं राज्य स्थापना तथा साम्राज्य विस्तार के साथ ही साथ प्राचीन भारतीय संस्कृति का विनाश एवं उस समय के कवियों की कृतियों को विनष्ट करने का खेल प्रारम्भ हो गया था फिर देश की समृद्धि एवं राजसिंह को हिमालय एवं विन्ध्य के बीच एकच्छत्र राज्य का निर्देश देने वाले तथा वैदिक संस्कृति एवं धर्म के पोषक कवि के ऊपर मुसलमानों की दृष्टि पड़ना स्वाभाविक ही था। उत्तरी भारत में रहने वाले देशी सरदार एवं मुसलमानों ने विदेशी आक्रमणकारियों को देवनागरी लिपि में लिखित सरल पाठ को विनष्ट करने में पर्याप्त सहयोग दिया जिसके परिणाम स्वरूप उत्तरी भारत में देवनागरी लिपि में भास की कृतियाँ काल की चपेट में समाहित होकर अनुपलब्ध हो गयीं। प्रो० वी० राघवन् ने जो भास के नाटकों के हस्तलेखों की खोज की है वह देवनागरी लिपि में नहीं है। दक्षिण में जो लेख प्राप्त हुए हैं उसका कारण है कि दक्षिण केरल में मुसलमानों का प्रचार प्रसार कम था तथा ग्रन्थ तथा मलयालम की लिपियाँ भी सम्भवतः उनके लिए सुलभ सुगम नहीं थी।

(२) ए० एस० पी० अय्यर ने 'भास' के सम्बन्ध में ऐसी सम्भावना व्यक्त की है कि विदेशियों से बार-बार पदाक्रान्त होने के कारण भारतीय जनता का ध्यान शौर्यपूर्ण अभिनयों को देखने की अपेक्षा धर्म की ओर उन्मुख हो गया था।

सन् १९०९ में महामहोपाध्याय पं० गणपति शास्त्री को पद्मनाभपुरम् के निकट मल्लिकारमठम् में स्वप्नवासवदत्तम्, प्रतिज्ञायौगन्धरायण, पञ्चरात्र, चारुदत्त, दूत घटोत्कच, अविमारक, बालचरित, मध्यमव्यायोग, कर्ण

भार तथा ऊरुभङ्ग के हस्तलेख मिले इसके अतिरिक्त दूतवाक्य की खण्डित ताड़पत्र पत्र लिखित हस्तलिपि प्राप्त हुई। ये हस्तलेख मलयालम लिपि में थे। गणपति शास्त्री ने अपने प्रयासों को आगे भी जारी रखा एवं कैलाशपुरम् के एक ज्योतिषी के यहाँ से अभिषेक तथा प्रविमा नाटक की हस्त प्रतियाँ प्राप्त कीं। इन दोनों प्रतियों के समान ट्रिवेण्ड्रम पुस्तकागार में भी दो प्रतियाँ प्राप्त हुईं। गणपति शास्त्री ने कृष्णतन्त्री से भी हस्तलेख प्राप्त किये तथा मैसूर के पण्डित अनन्ताचार्य ने केरल से प्राप्त स्वप्नवासवदत्तम् तथा प्रतिज्ञायौगन्धरायण की दो प्रतियाँ भी गणपति शास्त्री को दीं। निरन्तर प्रयत्नशील रहने के बाद भी शास्त्री जी को चारुदत्त की कोई पूर्ण प्रति यहीं प्राप्त हो सकी।

३ जनवरी १९०६ को सम्पत कुमार चक्रवर्ती ने गवर्नमेण्ट ओरिण्टल मैनुस्क्रिप्टस्, मद्रास के पुस्तकालय के लिए देवनागरी लिपि में स्वप्नवासवदत्तम् की एक प्रति नकल की थी। उसके एक महीने पश्चात् ६-२-१९०६ को श्री चक्रवर्ती ने देवनागरी लिपि में पुस्तेकालय हेतु प्रतिज्ञायौगन्धरायण की एक प्रति की नकल की।

महामहोपाध्याय गणपति शास्त्री ने भास के जिन तेरह नाटकों को प्रकाशित किया वे निम्न लिखित हैं—

१ प्रतिज्ञायौगन्धरायण
२. अविमारक
३. स्वप्नवासवदत्ता
४. प्रतिमा नाटक
५. मध्यम व्यायोग
६. पञ्चरात्र
७. अभिषेक
८. दूत वाक्य
९. दूत घटोत्कच
१०. कर्णभार
११. ऊरुभङ्ग
१२. बाल चरित
१३. चारुदत्त

गोण्डल निवासी राजवैद्य जीवराम कालिदास शास्त्री ने १९४१ में 'यज्ञफल' नामक एक रूपक का प्रकाशन करके भास के नाटकों की संख्या एक और बढ़ा दी है। परन्तु इस नाटक के प्रकाशन के बाद इस पर बहुत विवाद हुआ और एक व्यक्ति ने उसे अपनी कृति होने का दावा किया।

बाद में विद्वानों ने अन्वेषण कर यह सिद्ध किया कि इस नाटक का एक हस्तलेख बहुत प्राचीन है और अपनी कृति का दावा करने वाले सज्जन का विचार मिथ्या है। इस विषय में प्रो० रामचन्द्र नारायण दाण्डेकर ने एक प्रमाणिक निबन्ध लिखकर यह प्रमाणित किया कि अपनी कृति होने का दावा करने वाले सज्जन का मत मिथ्या है और यह कृति प्राचीन है।

रूपकों का एककर्तृत्व

महामहोपाध्याय गणपति शास्त्री के द्वारा प्रकाशित भास के तेरह नाटकों की प्रामाणिकता पर विद्वानों में मतैक्य है। भास के नाटकों के ऊपर यह प्रश्नचिह्न लगाया जाता है कि सम्पूर्ण नाटक भास के हैं या इसमें से कुछ ही नाटक भास के हैं। सम्पूर्ण नाटकों के सूक्ष्म अन्वीक्षण से से इस निष्कर्ष पर पहुँचा जा सकता है, कि सभी नाटक भास के हैं क्योंकि उनमें आश्चर्यजनक समता पायी जाती है—

(१) भास के सभी नाटकों में (चारुदत्त को छोड़कर) नान्दी के बाद सूत्रधार मंगल पाठ से इनका प्रारम्भ करता है—

(क) नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः। सूत्रधारः—उदयनवेन्दुसवर्णा।
—स्वप्नवासवदत्ता।

(ख) नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः। सूत्रधारः—पातु वासवदत्तायो····प्रतिज्ञायो०।

इत्यादि।

(२) कर्णभार में प्रस्तावना शब्द का प्रयोग हुआ है। इसके अतिरिक्त सभी नाटकों में 'प्रस्तावता' के स्थान पर 'स्थापना' शब्द का प्रयोग किया गया है।

(३) अङ्कों के बीच में घटित घटनाओं के सम्बन्ध में जानकारी देने के लिए अङ्कों के मध्य में विष्कम्भकों तथा लघुविस्तारी प्रवेशकों का समावेश हुआ है।

(४) सम्पूर्ण नाटकों में कहीं पर भी नाटक के प्रणेता के नाम का उल्लेख नहीं है।

(५) चारुदत्त एवं दूतघटोत्कच के अतिरिक्त सम्पूर्ण नाटकों के भरत

वाक्य में राजसिंह राजा के सागर पर्यन्त एकच्छत्र राज्य की कामना व्यक्त की गयी है जिसके हिमालय और विन्ध्य दो कुण्डल हैं।

इमां सागरपर्यन्तां हिमवद्विन्ध्यकुण्डलाम्।
महीमेकातपत्राङ्कां राजसिंहः प्रशास्तु नः॥

—स्वप्न० ६–१९ तथा अन्य नाटकों के भरतवाक्य।

(६) भरत द्वारा निर्दिष्ट भारतीय नाट्य साहित्य परम्परा में नियमों का भास के नाटकों में उल्लंन हुआ है। उदाहरणार्थ—रङ्गमञ्च पर ही मृत्यु तथा लड़ाई-झगड़े का प्रदर्शन किया है।

(७) नाटकों के पात्रों में नाम साम्य पाया जाता हैं।

(८) सभी नाटकों के पात्रों ने आकाशभासित वाक्यों का प्रयोग किया है।

(९) भास ने भरत के नाटय शास्त्र में अविहित कुछ शब्दों का प्रयोग प्रचलित अर्थ से भिन्न किया है। जैसे—आर्यपुत्र का प्रयोग अनेकशः ऐसे अर्थों में हुआ है।

(१०) सभी रूपकों का नाम केवल ग्रन्थ की समाप्ति पर ही पाया जाता है।

(११) नाटकों में विभिन्न छन्दों के प्रयोग होने पर भी उनमें साम्य है।

(१२) सभी नाटकों की भाषा तथा शैली में अद्भुत साम्य है।

(१३) नाटच निर्देश की न्यूनता सभी नाटकों में मिलती है एवं जो नाटयनिर्देश हैं उनमें एकाधिक निर्देश एक साथ हैं। जैसे—'निष्क्रम्य पुनः प्रविश्य' यहाँ निकलना तथा प्रवेश करना साथ ही निर्दिष्ट है।

(१४) अधिकतर नाटकों में पताका स्थान तथा मुद्रालङ्कार का प्रयोग एक समान किया गया है।

(१५) इन नाटकों में पाणिनीय व्याकरण के नियमों पर जोर नहीं दिया गया है।

(१६) कई नाटकों में प्रभावशाली पद्धति के द्वारा किसी नवागन्तुक के द्वारा अप्रत्याशित उत्तर की प्राप्ति होती है। जैसे—जब महासेन और अङ्गारवती आपस में विचार-विमर्श कर रहे हैं कि वासवदत्ता के लिए कौन सा राजा उपयुक्त वर होगा उसी समय कञ्चुकी उपस्थित होकर 'वत्सराज' का नाम लेता है। इस प्रकार उनके प्रश्न का आकस्मिक उत्तर प्राप्त हो जाता है जबकि कञ्चुकी यह सूचना देने आता है कि 'वत्सराज' बन्दी बना लिया गया।

इसी प्रकार जब अभिषेक नाटक में रावण सीता को यह बताता है कि इन्द्रजित् के द्वारा राम एवं लक्ष्मण का वध हो गया अब तुम्हें कौन मुक्त करायेगा, उसी समय एक राक्षस आकर यह कहता है कि 'राम'। जबकि राक्षस यह सूचना देना चाहता है कि राम ने इन्द्रजित् को मार डाला।

(१७) कई नाटकों में समान वाक्यों का प्रयोग हुआ है। जैसे—'उस्सरह उस्सरह अय्या! उस्सरह'। (हटिये, हटिये—श्रीमानों!) का प्रयोग कई स्थानों पर हैं।

(१८) एक पात्र द्वारा दूसरे पात्र के पद्यों या वाक्यों को खण्डित या पूर्ण किया गया है।

(१९) सम्पूर्ण नाटकों में से पाँच नाटकों के आद्य श्लोकों में मुद्रालङ्कार का प्रयोग कर देवस्तुति, पात्र नामोल्लेख एवं कथानक संकेतित है।

(२०) नाटक में नाटकीय घटनाओं के प्रयोग में समानता पायी जाती है। जैसे अभिषेक तथा प्रतिमा नाटक में सीता द्वारा रावण की प्रार्थना का अस्वीकार किया जाना तथा उसे शाप देना। इसी प्रकार चारुदत्त में शकार के निवेदन को अस्वीकृत करते हुए वसन्तसेना द्वारा उसे शाप देना। बालचरित तथा पञ्चरात्र में सैनिकों द्वारा राजा के विषय में प्रश्न करना कि यह किसका राजा है? एवं प्रणाम न करना। अविमारक एवं प्रतिज्ञा में राजा तथा रानी के बीच उपयुक्त वर के लिए एक समान वर्णन है।

(२१) प्रायः भास के नाटकों में युद्ध की सूचना भटों और ब्राह्मणों के माध्यम से दिलायी गयी है।

(२२) किसी घटना की जानकारी देने के लिए 'निवेद्यतां-निवेद्यतां महाराजाय।' इत्यादि वाक्य की उद्भावना पञ्चरात्र, कर्णभार, दूतघटोत्कच आदि में एक समान है।

(२३) नाटक में भावों की समानता पायी जाती है। जैसे—नारद को कलहप्रिय तथा स्वतन्त्री का साधक बताया गया है—

(क) "तन्त्रीषु स्वरगणान् कलहांश्च लोके।"—अविमारक ४।२

(ख) "तन्त्रीश्च वैराणि च घट्टयामि।"—बाल १।३

(२४) मृत्यु के बाद राजाओं का स्थूल शरीर तो नहीं रहता परन्तु उनका यशरूपी शरीर चिरकाल तक रहता है, इस प्रकार के विचारों की उद्भावना हुई।

"नष्टाः शरीरैः क्रतुभिर्धरन्ते"।—पञ्चरात्र १।२५

"हतेषु देहेषु गुणा धरन्ते"—कर्ण० १७

(२५) लक्ष्मी का निवास साहसियों के पास दर्शाया गया है एवं वह सन्तोष नहीं करती। इस प्रकार का वर्णन चारुदत्त, दूतवाक्य, पञ्चरात्र और स्वप्नवासवदत्तम् में पाया जाना है।

उपर्युक्त समताओं के आधार पर कहा जा सकता है कि सम्पूर्ण नाटकों का लेखक एक हीं व्यक्ति रहा होगा।

नाटकों का प्रणेता कौन था ?

भास के नाटकों की प्रामाणिकता के विषय में विद्वानों में मतैक्य नहीं है। भास के नाटकों के सम्बन्ध में विचार व्यक्त करने वाले विद्वानों को तीन श्रेणियों में बांटा जा सकता है।

प्रथम वर्ग—ए० डी० पुसालकर तथा प्रो० ए० वी० कीथ, गणपति शास्त्री, पराञ्जपे ये सभी नाटकों को भास कृत मानते हैं।

द्वितीय वर्ग—पिशरोटो, कुन्हनराजा, देवधर तथा विण्टरनित्ज,

डा० बार्नेट–ये सभी विद्वान् इन नाटकों को भास कृत नहीं मानते हैं।

तृतीय वर्ग—डॉ० सुकथानकर आदि विद्वानों का विचार है कि जो नाटक उपलब्ध हैं उनमें कुछ नाटक भासकृत हैं तथा कुछ नाटकों को सम्पादन के पश्चात् भास के साथ नाम जोड़ दिया गया है।

केरलीय चाक्यारों की रचना ?

कुछ समीक्षकों का विचार है कि इन नाटकों की रचना केरल रंगमंच अभिनेता चाक्यारों ने की है। इसके सम्बन्ध में इन लोगों का विचार है कि—

(अ) नाटकों की हस्तप्रतियों का केवल केरल से प्राप्त होना।

(व) यदि नाटकचक्र भासकृत होता तो इनकी प्रस्तावना या स्थापना में भास का नामोल्लेख अवश्य होता।

(स) रीति ग्रन्थों में 'स्वप्नवासवदत्ता' के उदाहरण दिये गये हैं उनका वर्तमान नाटकों से कोई मेल नहीं है।

(द) महामहोपाध्याय कुप्पुस्वामी शास्त्री का विचार है कि 'स्वप्न-वासवदत्ता' एवं 'प्रतिज्ञा' नाटकों में 'विवाह' के लिए 'सम्बन्ध' शब्द का प्रयोग हुआ है जो केरल के चाक्यारों में आज भी इसी अर्थ का द्योतक है। इसी आधार पर चाक्यारों की रचना प्रामाणिक सिद्ध होती है।

चाक्यारों की रचना की अप्रामाणिकता ?

नाटकों की भाषा, शैली, समृद्धि को देखते हुए चाक्यारों की रचना नहीं कहा जा सकता, क्योंकि यदि इस प्रकार के नाटकों की सृजन शक्ति चाक्यारों के अन्दर थी तो उन्होंने इन तेरह नाटकों के अतिरिक्त अन्य नाटकों का सृजन क्यों नहीं किया ? क्या इन तेरह नाटकों के बाद उनकी सृजनशक्ति समाप्त हो गई ? अतः इन नाटकों के प्रणेता चाक्यार नहीं थे। इस सम्बन्ध में कुछ तथ्य निर्दिष्ट हैं—

(अ) प्राचीन प्रतियों के केरल में प्राप्त होने से प्रामाणिकता असिद्ध नहीं होती, क्योंकि उत्तर भारत में राजनीतिक उथल पुथल भी उसके अभाव

का कारण हो सकता है। इसके साथ यह भी सम्भव हो सकता है कि किसी कवि की कृति किसी देश-विदेश में प्रचलित हो तथा अन्य प्रान्तों में उसका प्रचार-प्रसार न हो।

(ब) नाटकों में भास का नामोल्लेख न होने से इसकी अप्रामाणिकता तथा नवीनता नहीं सिद्ध होती, क्योंकि यह निश्चित है कि भास कालिदास से प्राचीन हैं, एवं यह भी सम्भव हो सकता है कि उस समय के कवियों में नामोल्लेख की परम्परा का अभाव हो। इसके साथ यह भी है कि यदि ये नाटक चाक्यारों के होते तो वे अवश्य अपना नामोल्लेख करते।

(स) प्राचीन ग्रन्थों से प्राप्त उद्धरणों के सम्बन्ध में यह हो सकता है कि लेखक के प्रमादवश ये अंश छूट गये हो एवं जहाँ पर ये अंश छूटे हैं वहाँ पर उन अंशों को समाविष्ट करने का पर्याप्त स्थान है।

(घ) 'विवाह' के अर्थ में 'सम्बन्ध' का प्रयोग मिताक्षरा पद्धति में आज भी दिखलायी पड़ता है।

इन नाटकों की रचना पल्लव दरबार में नहीं हुई

कुछ लोगों का मत है कि पल्लव द्वितीय नरसिंह बर्मन या तेन मारन के किसी सभा पण्डित ने इन नाटकों की रचना की है, क्योंकि दो नरपतियों ने अपनी उपाधि राजसिंह रखा था, अतः 'राजसिंहः प्रशास्तु नः' के प्रयोग के आधार पर यह कहा जा सकता है। इसकी प्रामाणिकता के सम्बन्ध में यह कहा जा सकता है कि नाटक में ऐसे संस्कृत शब्द हैं जो दक्षिण में या दक्षिणात्य अर्थ रखते हैं।

यह तर्क इतिहास की कसौटी पर खरा नहीं उतरता क्योंकि इन राजाओं की सभा में ऐसे प्रतिभाशाली कवि का उल्लेख नहीं है। इसके साथ ही कवि यदि इन राज सभाओं में रहता तो अपनी कृतियों अपने नाम का उल्लेख अवश्य करता। क्योंकि विक्रम की प्रथम शताब्दी से ही नाम उल्लेख की परम्परा का प्रादुर्भाव हो गया था। जैसे—कालिदास, अश्व

घोष, भवभूति, आदि, औदीच्य एवं शक्तिभद्र, महेन्द्र वर्मन् आदि दक्षिण के नाटककारों के नाम इसके प्रमाण हैं।

इस आधार पर कहा जा सकता है कि इन नाटकों की प्रामाणिकता के सम्बन्ध में विद्वानों के तीन वर्ग हैं जिसमें एक वर्ग नाटको की प्रामाणिकता स्वीकार करता है। राजशेखर का भास के 'स्वप्नवासवदत्ता' के विषय में उल्लिखित मत प्रामाणिक रूप से लिया जा सकता है—

भासनाटकचक्रेऽस्मिञ्छेचैः क्षिप्ते परीक्षितुम्।
स्वप्नवासवदत्तस्य दाहकोऽभून्न पावकः॥

अग्नि-परीक्षा के समय और नाटकों के साथ स्वप्नवासवदत्ता का परीक्षण होता है परन्तु वह बच जाता है। इसके आधार पर कहा जा सकता है कि अन्य नाटक भी भासकृत हैं।

दूसरा वर्ग भास के नाटकों को बिल्कुल अप्रमाणिक मानते हुए उसे किसी परवर्ती लेखक, चाक्यार, पल्लव नरेश का सभा पण्डित या किसी अन्य कवि को स्वीकार करता है।

तीसरा वर्ग भास के नाटकों को अर्धप्रमाणिक स्वीकार करता है। इनके अनुसार कुछ नाटक भास रचित हैं लेकिन सभी नहीं। इस मत के समर्थन में महामहोपाध्याय पं० रामावतार शर्मा का विचार है कि कुछ नाटकों के कतिपय अंश भास रचित तो अवश्य हैं परन्तु सभी नाटकों की रचना भास कृत नहीं है। विभिन्न मत-मतान्तरों के आधार पर निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि ये नाटक अंशतः भास द्वारा लिखे गये हैं।

भास का समय

संस्कृत-साहित्य के नाट्य जगत् को आलोकित करने वाले महाकवि भास के समय निर्धारण में विद्वानों में भी मतभेद है। इसका मुख्य कारण यह है कि उस समय के कवियों में जीवन-परिचय लिखने की परम्परा का प्रादुर्भाव नहीं हुआ था। भास के समय सम्बन्ध में विद्वानों में जितना मतभेद है उतना अधिक सम्भवतः संस्कृत जगत् के किसी कवि के सम्बन्ध

में नहीं होगा। यदि एक वर्ग भास को ई० पू० चौथी शती में मानता है तो दूसरा वर्ग उन्हें ईसा की दसवीं सदी में। इस प्रकार भास के समय में १४०० वर्षों का अन्तर पड़ता है। भास को दसवीं शती में मानने वाले विद्वान् भास नाटक चक्र कालिदास द्वारा वर्णित भास के नाटकं को न मानकर किसी अन्य चाक्यार या केरलीय कवि द्वारा निर्मित स्वीकार करते हैं।

अन्तः साक्ष्य एवं वाह्य साक्ष्य के तथ्यों के आधार पर भास को चतुर्थ ई० पू० तथा ई० सन् चतुर्थ शतक के वीच स्वीकार किया जा सकता है।

महाकवि भास का देश

दक्षिण के विद्वान् महाकवि भास को दक्षिण देश का निवासी मानते हैं। इसके सम्बन्ध में उन लोगों का तर्क है कि—

(१) भास के नाटकों के सभी हस्तलेख केरल में प्राप्त हैं।

(२) सम्पूर्ण भारत को छोड़कर केरल में ऐसा नियम है कि संस्कार के समय पति के साथ पत्नी की उपस्थिति अनिवार्य नहीं है, इसी प्रकार का चित्रण भास ने अपने प्रतिमा नाटक में संस्कार के समय राम के साथ सीता का चित्रण नहीं किया है। अतः इस प्रकार के वर्णन के आधार पर भास केरल के निवासी ठहरते हैं।

(३) भास ने मामा का अधिक सम्मान के साथ उल्लेख किया है, जिसका कारण दक्षिण भारत का ही प्रभाव है।

मत की अप्रामाणिकता

किसी कवि के किसी स्थान पर प्राप्त हस्तलेखों के आधार उसको उस देश का निवासी नहीं कहा जा सकता, क्योंकि यह यह भी सम्भव है कि किसी कवि की रचनाओं की ख्याति दूसरे देशों में हों तथा कवि दूसरे देश का निवासी हो। उत्तर भारत में मुसलिम शासकों का क्रूर नर्तन तथा राजनीतिक उथल-पुथल का समय था। इसलिए भास के नाटकचक्र के हस्तलिपियों का उत्तर भारत में अभाव है। प्रतिमा नाटक में अभिषेक

संस्कार में राम के साथ सीता की अनुपस्थिति नाटकीय विशेषताओं के लिए दर्शायी गयी है।

भास के द्वारा मामा को अधिक सम्मान देने वाली बात धर्मशास्त्र पर अवलम्बित है।

वस्तुतः भास के नाटकों के अध्ययन से उस समय की परिस्थितियों का ज्ञान होता है। भास ने अपने नाटकों में अनेकों देशों का वर्णन किया है। उनमें प्रमुख हैं—अवन्ती, वत्स, काशी, मत्स्य, शूरसेन, कुरु, कुरुजाङ्गल, उत्तरकुरु, कोशल, विराट्, सौवीर, कम्बोज, गांधार, मद्र, मगध, मिथिला (विदेह), अंग, बंग, जनस्थान, दक्षिणापथ तथा लङ्का आदि। इन नामों के आधार पर कहा जा सकता है कि भास उत्तर भारत के ही निवासी थे। उन्होंने लङ्का, दक्षिणापथ, सिंहल का वर्णन किया है, वह रामायण एवं महाभारत के आधार पर किया है।

भास ने उत्तर भारत के ही पर्वतों हिमालय, विन्ध्य, चित्रकूट, मेरु, मन्दर, क्रौंच, कैलाश आदि का वर्णन मुख्यतः किया। अन्य स्थानों का वर्णन प्रकरणोपात्त है।

भास का धर्म

महाकवि भास गो-ब्राह्मण संरक्षक वैष्णव मतावलम्बी थे, वे राम तथा कृष्ण के अनन्य भक्त, वैदिक कर्मकाण्डों में पूर्ण निष्ठा रखने वाले वैष्णव धर्म के अनन्य अनुयायी थे।

भास ब्राह्मण थे ?

भास के नाटकों से यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि भास ब्राह्मण थे।[१] परम्परा से भी ब्राह्मण का विद्या के अध्ययन-अध्यापन पर आधिपत्य था। ब्राह्मण धर्म एवं समाज-व्यवस्था को मानना तथा अकुलीनों का सुरूप न होना (अविमारक) आदि तथ्य भास को ब्राह्मण ठहराते हैं।

---

[१] ए० एस० पी० अय्यरकृत 'भास' पृ० ६ यही मत डा० पुसालकर का भी है। द्र० भास : ए० स्टडी।

कर्णभार नाटक का संक्षिप्त कथानक

नान्दी पाठ के बाद सूत्रधार रङ्गमञ्च पर आता है तथा वह मङ्गल कामना करते हुए कहता है जिस विष्णु भगवान् के नृसिह स्वरूप को देख कर नर–नारी, राक्षस, देवगण तथा पाताल लोक आश्चर्य चकित हो गया, और जिन्होंने अपने वज्र के समान कठोर नख से दैत्यराज हिरण्यकशिपु का हृदय विदीर्ण किया, दानवों की सेना को परास्त करने वाले ऐसे विष्णु भगवान् आप लोगों का कल्याण करें। उसी समय नेपथ्य में शब्द सुनायी पड़ता है कि महाराज अङ्गदेशाधिपति कर्ण से निवेदन करो। नेपथ्य के शब्द को सुन कर सूत्रधार कहता है कि अच्छा! समझा कि दुर्योधन की आज्ञा से घबड़ाया हुआ हाथ जोड़े हुए परिचारक कर्ण को, भयङ्कर युद्ध होने की सूचना दे रहा है। सूत्रधार चला जाता है। इसके अनन्तर भट आता है जो अङ्गदेशाधिपति कर्ण से यह निवेदन करना चाहता है कि युद्ध काल उपस्थित हो गया है तथा आज अर्जुन के ध्वज के सम्मुख सिह के समान राजागण जो हाथी घोड़े रथों पर आरूढ़ होकर सिंहनाद कर रहे हैं और उनके युद्ध–आह्वान को सुन कर भी युद्ध के लिए प्रस्थान कर चुके हैं। उसी समय कर्ण उन्हें दिखायी देते हैं। उन्हें देख कर कहता है कि अङ्गराज कर्ण युद्ध वेष को धारण कर शल्यराज सारथि के साथ अपने भवन से निकल कर युद्ध स्थल की ओर जा रहे हैं। परन्तु कर्ण अभूतपूर्व मानसिक सन्ताप में हैं, कर्ण को सन्तप्त देख कर भट कहता है कि अत्यन्त प्रखर पराक्रमी, युद्ध स्थल में सर्व प्रमुख योद्धा, बलशाली कर्ण बुद्धिमान् होकर भी इस समय शोक से ऐसे परितप्त हो रहे हैं जिस प्रकार ग्रीष्म ऋतु में स्वाभाविक प्रखर किरणों वाला सूर्य मेघमाला से आच्छादित हो जाय। वह चला जाता है।

कर्ण अपने सारथि शल्य के साथ आते हैं। कर्ण कहते हैं कि ऐसा कभी नहीं हुआ है कि मेरे शरसन्धान के लक्ष्य से राजे–महाराजे जीवित बच जांय, मैं युद्ध क्षेत्र में अर्जुन को पा जाऊँ तो कौरवों का अभीष्ट पूर्ण कर दूँगा, वह शल्य (सारथि) से अर्जुन के सामने रथ ले चलने को कहते हैं।

फिर वह मन में सोचते हैं कि युद्ध के समय में कायरता भाव मेरे मन में कैसे उत्पन्न हो गया ? मेरे अतुल शक्ति की तुलना क्रुद्ध यमराज से हो सकती है और जो युद्ध स्थल में दोनों तरफ शस्त्र प्रहार के द्वारा अनेक योद्धाओं, घोड़ों, रथों और हाथियों के टुकड़े–टुकड़े कर डालता था, वही आज युद्ध का समय उपस्थित होने पर क्लीवता का भाव आ रहा है। वह पश्चाताप करते हुए कहता है कि महान् कष्ट की बात है कि मैं पहले कुन्ती से उत्पन्न हुआ और संसार में 'राधेय' के नाम से प्रसिद्ध हुआ, युधिष्ठिरादि तो मेरे छोटे भाई हो हैं। आज चिर–प्रतीक्षित युद्ध का समय आ गया परन्तु मेरी अस्त्र–शस्त्र शिक्षा इस समय व्यर्थ सिद्ध हो रही है और माता कुन्ती ने भी मना किया है कि अपने अनुज युधिष्ठिरादि पर अस्त्र न चलाना।

इस प्रकार विचार करते हुए कर्ण अपने सारथि शल्यराज से अपने अस्त्रों की प्राप्ति का वर्णन करता है। वह कहता है कि पहले मैं अस्त्र विद्या सीखने के उद्देश्य से विद्युत् लता के समान पीली और लम्बी जटा वाले तेज से देदीप्यमान परशु को धारण करने वाले मुनियों में श्रेष्ठ भृगुवंश के ध्वज और क्षत्रियों के विनाशक परशुराम के पास जाकर उन्हें प्रणाम कर चुपचाप खड़ा हो गया। तब परशुराम जी आशीर्वाद देकर मुझ से पूछा 'आप कौन है ?' तथा किस प्रयोजन से यहां आये हैं ? तब मैंने कहा कि भगवन् समस्त अस्त्र–विद्या सीखने के निमित्त मैं आपके पास आया हूं। यह सुन कर मुनिश्रेष्ठ परशुराम ने कहा कि मैं केवल ब्राह्मणों को ही अस्त्र–विद्या का उपदेश देता हूँ, क्षत्रियों को नहीं। यह सुन कर मैंने कह दिया कि मैं क्षत्रिय नहीं हूँ और उन्होंने मुझे उपदेश देना प्रारम्भ कर दिया। कुछ समय बीतने पर एक बार फल, मूल, समिधा, कुश तथा कुसुम लाने के लिए जाते समय गुरुजी के साथ मैं जङ्गल में गया था। गुरुजी जङ्गल में परिभ्रमण करने से श्रान्त हो गये और मेरी गोद में ही सिर रख कर सो गये। दैव–दुर्योग से मेरे अभाग्यवश वज्रमुख नामक कीड़े ने मेरे जाघों में काटना प्रारम्भ किया परन्तु उस असह्य वेदना को मैं इसलिए सहन कर रहा था कि गुरुदेव की निद्रा भंग न होने पावे। जाघों में कीड़ा के काटने से रक्त बहने लगा और

उस रुधिर के स्पर्श से गुरुदेव जाग उठे। जागते ही उनकी क्रोधाग्नि धधक उठी और उन्होंने मुझे शाप दिया कि 'युद्धकाल में तुम्हारे अस्त्र विफल हो जांय।' अब उनके अस्त्रों की मैं परीक्षा करूँगा। कर्ण इस प्रकार शल्य से कह कर अपने अस्त्रों का परीक्षण करता है परन्तु अस्त्र भी नि:शक्त दिखाई पड़ते हैं और वे अपना प्रभाव नही दिखाते तथा उसके घोड़े भी दीन भावापन्न होकर बार-बार ठोकर खा रहे हैं और सप्तच्छद के समान मदधारा की गन्ध से युक्त मस्त गजराज भी दीन होकर मानो रणस्थल से लौटने का संकेत कर रहे हैं। कर्ण की इस प्रकार की बातों को सुन कर तथा अश्वों एवं गजों के दीन भाव को देख कर शल्य पश्चाताप करते हैं परन्तु कर्ण उन्हें समझाता है कि इस समय विषाद करना व्यर्थ है क्योंकि 'संग्राम' में मारे जाने पर स्वर्ग की प्राप्ति तथा विजयी होने पर यश मिलता है, अत: लोक में दोनों स्थितियां ही अधिक सम्माननीय मानी जाती हैं इसलिए युद्ध करने में निष्फलता नहीं है और युद्ध की अभिलाषा रखने वाले गरुड़ के समान वेगशाली काबुली जाति के ये घोड़े जिनकी रक्षा मुझे करनी चाहिए ये मेरी रक्षा करेंगे और मैं पाण्डवों की कठिन रण सीमा में प्रवेश करके अत्यन्त प्रसिद्ध गुणों वाले युधिष्ठिर को बाँध लूंगा तथा अपने तीव्र एवं प्रखर बाणों से अर्जुन को मार दूँगा। ऐसा कह कर कर्ण युद्ध के लिए शल्यराज के साथ रथारूढ़ होता है तथा कर्ण शल्य से कहता है कि अर्जुन के पास मेरे रथ को ले चलो। उसी समय जोर से आवाज होती है कि हे कर्ण मैं बहुत बड़ी भिक्षा मांगता हूँ। कर्ण उस शब्द को सुन कर कहता है कि यह कोई साधारण ब्राह्मण नहीं अपितु कोई ऐश्वर्यवान् व्यक्ति हैं जिसके गम्भीर घोष के प्रभाव से मेरे चलते हुए घोड़े कान खड़े करके उसी ओर देखते हुए एकाएक रुक गये मानों चित्र लिखित हों और उनका अपने शरीर पर कुछ वश नहीं रह गया हो। ऐसा कह कर वह ब्राह्मण को बुलाता है। इन्द्र वेषधारी ब्राह्मण के समीप आने पर कर्ण उन्हें सादर प्रणाम करता है। कर्ण के प्रणाम को सुन कर ब्राह्मण वेषधारी इन्द्र ठिठक जाते हैं और सोचते हैं कि मुझे क्या आशीर्वाद देना चाहिए क्योंकि यदि दीर्घायु हो ऐसा कहता हूँ तो चिरञ्जीवी होगा यदि नहीं कहता हूँ तो मुझे मूर्ख समझेगा फिर सोच कर कहते हैं कि हे कर्ण सूर्य,

चन्द्र, हिमवान् एवं सागर की भाँति तुम्हारा यश हो। कर्ण इस आशीर्वाद को सुन कर कहता है कि भगवन् आपने 'दीर्घायु' होने का वरदान क्यों नहीं दिया अथवा यही आशीर्वाद अति सुन्दर है क्योंकि केवल धर्म ही मनुष्य के द्वारा यत्नपूर्वक साध्य है। राज्यलक्ष्मी तो सर्प की जिह्वा के समान चञ्चल है, इसलिए प्रजा का पालन करने वाला मृत्यूपरान्त केवल यश से ही जीवित रहता है। आप अपना प्रयोजन बताइये मैं आपको क्या दूँ।

इन्द्र ने कहा है कि मैं बहुत बड़ी भिक्षा चाहता हूँ। कर्ण उन्हें आश्वस्त करता है कि आपको बड़ी भिक्षा दी जायेगी, यदि आपको पसन्द हो तो स्वर्ण शृङ्ग से मण्डित, स्वस्थ तथा सुन्दर अमृत के समान मधुर दुग्ध की धारा बहाने वाली सन्तुष्ट बछड़ों वाली एक हजार गाएँ दे सकता हूँ।

इन्द्र कहते हैं कि एक हजार गायों से कुछ काल तक ही दूध पीऊँगा। इसलिए नहीं चाहता।

कर्ण ने कहा कि ब्राह्मण देव यदि आप गाय नहीं चाहते तो सूर्य के घोड़ों के समान, अनेक राजाओं द्वारा प्रशंसित उत्तम काबुली जाति के अद्भुत गुणों से युक्त, वायु के समान वेग वाले एक हजार घोड़ों को देता हूँ।

इन्द्र ने कहा कि—घोड़ों पर थोड़े समय तक चढ़ूँगा इसलिए घोड़े नहीं चाहिए।

कर्ण ने कहा कि मैं आपको अनेक हाथियों का समूह देता हूँ, जो मेघ के समान गम्भीर घोष वाले तथा युद्ध भूमि में अनेक शत्रुओं को बिनष्ट करने वाले हैं। किन्तु इन्द्र इसे भी अस्वीकार कर देते हैं। तदनन्तर कर्ण अमित स्वर्ण जीत कर सम्पूर्ण भूमि, अग्निष्टोम यज्ञ का फल, और अन्त में अपना शिर भी देने को कहता है। परन्तु इन्द्र उसे भी अस्वीकार कर देते हैं। उन्हें कुछ स्वीकार करता न देख कर कर्ण ने कहा कि हे ब्राह्मणदेव आपको अभीष्ट हो तो यह कवच मेरे जन्म के साथ ही रक्षा के लिए उत्पन्न

हुआ, हजारों अस्त्रों तथा देव–दानवों से भी अभेद्य हैं इस कवच के साथ कुण्डल को भी आपको दे दूँ।

कर्ण की बात सुन कर इन्द्र प्रसन्न हो जाते हैं और तुरन्त ही कहते हैं कि—'दे दो'। कर्ण जब देने को उद्यत होता है तो शल्य उसे देने से मना करते हैं। तब कर्ण शल्यराज से कहता है कि आप मना मत करिये क्योंकि समय बीतने पर उपार्जित विद्या भी नष्ट हो जाती है, मजबूत जड़ वाले वृक्ष भी गिर पड़ते हैं, समयानुसार जलाशय का जल भी सूख जाता है, किन्तु दान की हुई वस्तु और हवनादि किया हुआ अन्न कभी नष्ट नहीं होता, वह ज्यों का त्यों बना रहता है अर्थात् पुण्य का नाश नहीं होता। ऐसा कह कर वह अपना कवच–कुण्डल ब्राह्मण वेषधारी इन्द्र को देता है, इन्द्र उसे लेकर जाते हैं और मन में सोचते हैं कि पहले ही मैंने अर्जुन की विजय के लिए जो सब देवताओं से प्रतिज्ञा की थी वह आज कर लिया, अब ऐरावत हाथी पर चढ़ कर कर्ण और अर्जुन के युद्ध को देखूंगा।

इन्द्र के चले जाने पर शल्य कर्ण से कहते हैं कि आप इन्द्र के द्वारा ठग लिये गये, इस पर कर्ण कहता है कि वस्तुतः इन्द्र ही मुझसे ठगे गये, क्योंकि अनेक यज्ञों से तृप्त, दानवों के समूह के विनाशक, मुकुट को धारण करने वाले और ऐरावत को थपथपाने से कठोर अङ्गुलियों वाले इन्द्र मेरे से उपकृत हुए। इसके बाद ब्राह्मण वेष धारण कर एक देवदूत आता है और कहता है कि हे कर्ण आपका कवच–कुण्डल लेने के कारण इन्द्र को पश्चात्ताप हुआ और उन्होंने विमला नामक यह अमोघ शक्ति दी है इससे आप पाण्डवों में से किसी एक का वध कर सकते हैं। कर्ण कहते हैं कि मैं दान का बदला नहीं लेता। देवदूत कहता है कि आप इसे ब्राह्मण वचन समझ कर स्वीकार करें। ब्राह्मण आज्ञा समझ कर कर्ण उसे ग्रहण कर लेते हैं और देवदूत कहता है कि जब आप इसे स्मरण करियेगा तभी आपके पास चली आयेगी। देवदूत चला जाता है। उसके पश्चात् कर्ण और शल्य रथारूढ़ होते हैं। उसी समय उन्हें अत्यन्त गम्भीर ध्वनि सुनाई पड़ती है। उसे सुन कर कर्ण कहते हैं कि यह प्रलय कालीन समुद्र के समान अत्यन्त गम्भीर ध्वनि करने वाला कृष्ण

का शङ्ख है अथवा अर्जुन का। युधिष्ठिर के पराजय से कुपित होकर अर्जुन आज मुझ से अवश्य ही यथाशक्ति युद्ध करेगा। शल्यराज मेरे रथ को अर्जुन के रथ के पास ले चलो। दोनों प्रस्थान करते हैं भरत वाक्य के साथ नाटक समाप्त होता है।

नाटकीय कथावस्तु का मूलस्रोत

नाटक के कथानक के मूलस्रोत महाभारत है। कर्ण का आख्यान महाभारत के अनेक पर्वों में वर्णित है। महाभारत में कर्ण का इन्द्र को कवच कुण्डल काट कर देना तथा उस कवच-कुण्डल के बदले इन्द्र से एक मायाविनी शक्ति प्राप्त करना और उसके द्वारा घटोत्कच का वध आदि घटनाओं का उल्लेख (आदि पर्व, ६७।१४४-४७) (वन पर्व ३००-३०२, १०), शान्ति पर्व, तथासभा पर्व के अध्याय ६८।४४-४५ और अध्याय १२०।३९-५२ में वर्णित है। परशुराम के यहां अस्त्र शिक्षा तथा उनके शाप का वृत्तान्त शान्ति पर्व के तीसरे अध्याय और कर्ण पर्व के २६वें अध्याय में निबद्ध है। इन्ही कथाओं के आधार इस नाटक का कलेवर महाकवि भास के द्वारा खड़ा किया गया है।

नाटक के कथानक में मूल स्रोतों से अन्तर

महाभारत के विभिन्न पर्वों में बिखरी कथाओं को इस नाटक में से नाटककार ने सङ्कलित किया है परन्तु इस सङ्कलन में मूल आधार से अन्तर है। जैसे—

(१) महाभारत में इन्द्र का ब्राह्मण भिक्षुक के रूप में आना और कर्ण से कवच कुण्डल का दान मांगना आदि पाण्डवों के वनवास के समय वन पर्व में दिया गया है। परन्तु नाटक में उस घटना की संघटना युद्ध भूमि के प्रस्थान के समय की गई है। सम्भवतः नाटककार ने ऐसा इसलिए किया हो कि युद्ध के समय अपना कवच-कुण्डल दूसरे को नहीं दिया जाता परन्तु कर्ण दे देता है, इस घटना से दर्शक के अन्तर्मन में कर्ण की महती दानशीलता की छाप पड़ती है।

(२) महाभारत में सूर्य स्वयं कर्ण को स्वप्न में बताते हैं कि इन्द्र छल पूर्वक तुमसे कवच-कुण्डल मागेंगें, उन्हें मत देना, नाटक में इस घटना का वर्णन नहीं है।

(३) महाभारत में कर्ण शक्ति की याचना इन्द्र से स्वयं करता है परन्तु नाटक में कवच-कुण्डल के बदले में प्रतिग्रह स्वरूप शक्ति लेने से कर्ण इंकार कर देता है तथा देवदूत के द्वारा यह कहने पर कि ब्राह्मण यह वचन है तब जाकर ब्राह्मण वचन के पालनार्थ उस शक्ति को स्वीकार करता है। इन्द्र का कवच-कुण्डल लेने पर पश्चाताप करना तथा स्वयं देवदूत भेज कर कर्ण को अमोघ शक्ति देना, यह कवि की मौलिक कल्पना का ही परिणाम है।

(४) महाभारत का शल्य तथा नाटक के शल्य चरित्र में पर्याप्त अन्तर है जबकि दोनों जगह कर्ण का सारथि शल्य ही है। परन्तु महाभारत का शल्य कटु भाषी है तथा बात-बात में कर्ण को हतोत्साहित करता है। नाटक का शल्य सहृदय, संयमी, उदारमना, मृदुभाषी आदि सभी मानवीय गुणों से युक्त है। वह कर्ण का शुभेच्छु है। जब इन्द्र कर्ण से कवच-कुण्डल मांगते हैं तो वह कर्ण को देने से मना करता है।

५) नाटक में ब्राह्मण वेषधारी इन्द्र का प्राकृत भाषा का प्रयोग भी आश्चर्यजनक है क्योंकि नि.मत: भृत्य, स्त्रियां और अशिक्षित लोग ही इसका प्रयोग करते हैं।

नाटक का नामकरण

नाटककार ने नाटक का नामकरण 'कर्णभारम्' क्यों रखा यह एक विचारणीय प्रश्न है क्योकि नाटक में कहीं भी इसका प्रयोग नहीं हुआ है। प्रो० इस नामकरण पर विभिन्न विद्वानों ने अपने विचार व्यक्त किये हैं। प्रो० ए० डी० पुसालकर के मतानुसार कर्ण के कानों के भारभूत कुण्डल दान को केंद्र मान कर इस नाटक का नाम कर्णभार है। इस सम्बन्ध में वे यह भी कहते हैं कि जब कर्ण ने वाचिक रूप से कुण्डलों को दान कर दिया

तो उसके बाद वे भारभूत हो गये। वाचिक दान और क्रियात्मक दान के मध्य में उनके भारभूत होने से नाटक का नाम कर्णभार हुआ।[1] परन्तु यह यह व्यवस्था भी अपूर्ण है क्योंकि कर्ण के द्वारा प्रधान देय वस्तु कुण्डल नहीं बल्कि कवच था, जिसका इस शीर्षक व्यवस्था से कोई सम्बन्ध नहीं जुटता। डाक्टर विन्तरनित्स ने कर्णभार की व्याख्या कर्ण के कठिन कार्य से तथा डाक्टर मैक्स लिण्डेन्यू भार का अर्थ कवच से लेते हैं।[2]

कुछ विद्वानों की सम्मति में कर्ण का युद्ध कौशल ही उसके लिए भार स्वरूप हो गया था। युद्ध कौशल की अनुपयोगिता के तीन कारण थे—(१) परशुराम का शाप। (२) अर्जुन के अतिरिक्त अन्य पाण्डवों को न मारने के लिए कुन्ती को वचन देना। (३) इन्द्र को कवच-कुण्डल का दान।[3] डा० जी० के० भट्ट का मत है कि कर्ण की चिन्ता ही भार स्वरूप हो जाने के कारण नाटक का नाम 'कर्णभारम्' रखा गया यहाँ भार का अर्थ कौरव सेना की रक्षा के उत्तरदायित्व से लिया है। प्रो० देवधर ने नाटक की इस व्याख्या को अधूरी माना है। इस प्रकार नाटक के नामकरण के सम्बन्ध में कहा जा सकता है कि नाटक का शीर्षक स्पष्ट नहीं है।

नाटक के पात्रों का चरित्र-चित्रण

नाटकीय पात्रों के चरित्राङ्कन में महाकवि भास सिद्धहस्त हैं। इनके पात्र नाटक में भार स्वरूप न होकर उसे जीवन्तता प्रदान करते हैं। प्रस्तुत एकाङ्की में तीन पात्रों का चरित्र प्रमुखता प्राप्त कर सका है। प्रथम इस नाटक के नायक कर्ण हैं, दूसरा कर्ण के सारथि शल्य और तीसरा ब्राह्मण वेषधारी देवराज इन्द्र हैं। इन्हीं पात्रों के चरित्र पर यहाँ संक्षिप्त प्रकाश डाला जा रहा है।

---

१. द्र० ए० डी० पुसालकर 'भास : ए० स्टडी' पृ० १८८

२. द्र०, कर्णभार की भूमिका, प्रो० देवधर, पृ० ३

२. द्र०, ए० एस० पी० अय्यर, 'भास' पृ० ६००

कर्ण

इस नाटक का नायक कर्ण है। उसके चरित्र में विभिन्न तत्त्वों का मंजुल समन्वय दिखलायी पडता है। वह महान शूर-वीर, सहृदय दानी और योद्धा है परन्तु साथ ही दूसरी ओर मानव सुलभ कमजोरियां भी उसे घेरे हुए हैं। जहां एक तरफ अपने उत्तरदायित्व के निर्वाह के लिए वह आगे बढ़ता है वहीं दूसरी ओर उसके सामने विभिन्न बाधाएँ और निराशाएं आ घेरती हैं और वह हतोत्साहित हो जाता है। नाटक के प्रारम्भ में घोड़ों के स्खलनादि को देख कर वह शङ्कित हो जाता है और उसका मन मानसिक अन्तर्द्वन्द्व में फँस जाता है। इसी प्रसंग में वह अपने सारथि शल्य से परशुराम जी के यहाँ से शस्त्र प्राप्ति की शिक्षा तथा शाप का वृत्तान्त बतलाता है। शस्त्रों की विफलता का उसे आशङ्का है और उसकी पुष्टि के लिए वह शस्त्रों का परीक्षण भी करता है। इन सबके विपरीत परिस्थितियों में भी कर्ण अपने धैर्य एवं वीरता का परित्याग नहीं करता, बल्कि, शल्य से कहता है कि अर्जुन के रथ के सामने मेरे रथ को ले चलो। युद्ध में मैं पाण्डवों की कठिन रण सीमा में प्रवेश करके अत्यन्त प्रसिद्ध गुणों वाले धर्मराज युधिष्ठिर को बांध कर अपने तीव्र और प्रखर बाणों से अर्जुन को मार कर पाण्डवों की उस दुर्गम सेना को भयानक सिंह के मर जाने पर सुगम (निरापद) जंगल के समान बना दूंगा—

समरमुखमसह्यं पाण्डवानां प्रविश्य
प्रथितगुणगणाढ्यं धर्मराजं च बद्ध्वा।
मम शरवरवेगैरर्जुनं पातयित्वा
वनमिव हतसिंहं सुप्रवेशं करोमि॥ १४

इस नाटक में कर्ण के चरित्र की सबसे बड़ी विशेषता यह निखरी है कि वह गो-ब्राह्मण भक्त, महान् दानशील तथा अप्रतिग्रही है। वह ब्राह्मण के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने के लिए कृतसङ्कल्प दिखलायी पड़ता है। छद्म ब्राह्मण वेषधारी इन्द्र जब गोधन, गजधन,

बाजिधन और सुवर्ण आदि लेना अस्वीकार कर देते हैं तो वह अपना शिर देने की बात कहता है। क्योंकि उसका विश्वास है कि शरीर विनष्ट होने के बाद केवल यश ही शेष रहता है—

धर्मो हि यत्नैः पुरुषेण साध्यो भुजङ्गजिह्वाचपला नृपश्रियः ।
तस्मात्प्रजापालनमात्रबुद्धया हतेषु देहेषु गुणा धरन्ते ॥ १७

कर्ण के चरित्र की महानता और दानशीलता उस समय चरमोत्कर्ष पर पहुँच जाती है जब वह ब्राह्मण वेषधारी इन्द्र को अपना अंग त्राण कवच और कुण्डल देने को कहता है, क्योंकि वह युद्ध मैदान में अपना रक्षा कवच दान कर रहा है। शल्य जब उसे कवच-कुण्डल दान करने से मना करते हैं तो वह कहता है कि—

शिक्षा क्षयं गच्छति कालपर्ययात्
सुबद्धमूला निपतन्ति पादपाः ।
जलं जलस्थानगतं च शुष्यति
हुतं च दत्तं च तथैव तिष्ठति ॥ २२

अर्थात् समय बीतने पर उपार्जित विद्या नष्ट हो जाती है, मजबूत जड़ वाले वृक्ष भी गिर पड़ते हैं, जल भी सरोवर में जाकर गर्मी आने पर सूख जाता है किन्तु हवनादि किया हुआ पदार्थ या दान में जो दिया हुआ है वह ज्यों-का-त्यों बना रहता है अर्थात् पुण्य तथा यश शाश्वत है।

कर्ण दान के प्रतिफल स्वरूप कुछ पाने की आशा नहीं करता, इसीलिए जब देवदूत इन्द्र के द्वारा प्रदत्त विमला नामक शक्ति उसे देता है तो वह लेने से इन्कार कर देता है। परन्तु जब देवदूत यह कहता है कि यह ब्राह्मण वचन है तब उसे ब्राह्मण वचन समझ कर स्वीकार कर लेता है। कर्ण के चरित्र में मानव सुलभ दया की भावना भी विद्यमान है, वह कहता है कि पहले कुन्ती से उत्पन्न होकर वह राधेय के नाम से संसार में प्रसिद्ध हुआ, इसलिए युधिष्ठिर आदि पांचों पाण्डव मेरे छोटे भाई हैं तो

उसका छोटे भाइयों की रक्षा और ममता भाव परिलक्षित होता है। धर्मानुसार छोटा भाई पुत्रवत् होता है :—

> पितेव पालयेत् पुत्रान् ज्येष्ठो भ्रातृन् यवीयसः ।
> पुत्रवच्चापि वर्तेरन् ज्येष्ठे भ्रातरि धर्मतः ॥
> —मनु० ९।१०८

इस प्रकार कर्ण महान धैर्यशाली, वीर, पराक्रमी तथा दानी के रूप में चित्रित किया गया है।

इन्द्र

इन्द्र के चरित्र में दो विरोधी गुणों का निदर्शन हुआ है एक तरफ वे स्वार्थी तथा कपटी हैं दूसरी ओर वे उदार भी है। कर्ण के पास वे छद्म ब्राह्मण वेषधारी के रूप में जाते हैं और उससे भिक्षा माँगते हैं। दान में जब कर्ण गौ, अश्व, गज, पृथ्वी, अग्निष्टोम का फल आदि देने के लिए कहता है तो उसे अपने स्वार्थ सिद्धि के लिए अस्वीकार कर देते हैं और जब वह कवच-कुण्डल देने को कहता है तो वह तत्क्षण स्वीकार कर लेते हैं। अपने स्वार्थपूर्ण कार्य सफल होने पर कहते हैं—

> 'पूर्वमेवा—(हम् ?) र्जुन विजयार्थं सर्व-
> देवैर्यत् समर्थितं तदिदानीं मयानुष्ठितम् ।
> तस्मादहमप्यै रावतमारूह्या-
> र्जुनकर्णयोर्द्वन्दयुद्धं पश्यामि ॥

अर्थात् पहले ही मैंने अर्जुन की विजय के लिए जो सब देवताओं से प्रतिज्ञा की थी वह आज मैंने कर लिया अतएव अब मैं ऐरावत पर चढ़ कर कर्ण और अर्जुन के युद्ध को देखूंगा।

परन्तु इन्द्र का चरित्र यहीं उदात्त भी हो जाता है जब वे कर्ण के कवच-कुण्डल लेने पर पश्चाताप करते हैं और देवदूत से विमला नामक

शक्ति कर्ण के पास भेजते हैं, उस शक्ति का गुण यह था कि वह किसी भी एक पुरुष का वध कर सकती थी। इन्द्र का प्राकृत बोलना भी उनके चरित्र की विशेषता है क्योंकि नाटक में ब्राह्मण पात्र प्राकृत भाषा का प्रयोग नहीं करते हैं।

शल्य

नाटक में शल्य का चरित्र विशेष रूप से नहीं चित्रित किया गया है, इनका चरित्र कर्ण के चरित्र को उभारने का माध्यम मात्र है। महाभारत के शल्य और नाटक के शल्य के चरित्र में पर्याप्त अन्तर है महाभारत के समान ये कटुभाषी, कठोर, निर्दयी, हतोत्साहित करने वाले नहीं बल्कि मृदुभाषी दयालु, सहृदय तथा कर्ण शुभेच्छु हैं। वह इतने भावुक हैं कि जब दुःखद घटना का वर्णन होता है तो स्वयं कष्ट का अनुभव करते है। वह कर्ण के हित चिन्तन में निरन्तर सोचते रहते है, कर्ण जब ब्राह्मण वेषधारी इन्द्र को अपना कवच–कुण्डल दान देते हैं तो वह उन्हें दान देने से रोकता है। और जब कर्ण कवच कुण्डल दे देते हैं तो कहता है कि 'हे अङ्गराज ! आप अवश्य ही ठग लिये गये।' इस प्रकार कहा जा सकता है कि नाटक में शल्य का चरित्र एक सहृदय सारथी के रूप में चित्रित किया गया है।

समीक्षण

महाकवि भास के नाटकों में 'कर्णभारम्' एकाङ्की नाटक होते हुए भी अपना विशेष स्थान एवं महत्त्व रखता है। काव्यरस के परिपाक तथा कलनत्रय के निर्वाह में यह नाटक सफल है। इसमें सम्पूर्ण घटना चक्र सीमित पात्रों के द्वारा एक ही काल एवं स्थान पर एक ही उद्देश्य की पूर्ति हेतु अग्रसर दिखाई पड़ता है। नाटक में रचना विधान की दृष्टि से कुछ कमी खटकती है। जैसे—नाटक के प्रारम्भ में कर्ण शल्य से कहते हैं, 'जहाँ अर्जुन हैं वहीं मेरे रथ को ले चलो' फिर कुछ समय पश्चात परशुराम से अस्त्र शिक्षा की प्राप्ति तथा उसके विस्फलता के शाप का वर्णन करते हैं। कर्ण और शल्य दोनों रथ पर आरूढ़ होते हैं और कर्ण कहते हैं कि अर्जुन के समीप मेरे रथ को ले चलो। दोनों

के रथारूढ़ होने के पश्चात् ब्राह्मण का शब्द सुनाई पड़ता है। रङ्गमञ्चीय ऐसा निर्देश होता है कि पुनः वे रथारूढ़ होते हैं। यह रङ्गमञ्चीय निर्देश की त्रुटि एक भूल है तथा अभिनय में भी यह समस्या उत्पन्न हो सकती है कि कर्ण कब रथारूढ़ होते हैं और कब उतरते हैं ?

नाट्य रचना विधान की दृष्टि से 'कर्णभारम्' को किस प्रकार का नाटक माना जाय। इसे 'व्यायोग' नहीं कहा जा सकता क्योंकि इसमें युद्ध संघर्ष या वीररस का वर्णन नहीं है। इसे 'उत्सृष्टिकाङ्क' नामक एकाङ्की की श्रेणी में रखा जा सकता है।

दशरूपककार ने इसकी व्याख्या इस प्रकार की है—

उत्सृष्टिकाङ्के प्रख्यातं वृत्तं प्रपञ्चयेत्।
रसस्तु करुणः स्थायी नेतारः प्राकृता नराः॥

भाणवत्सन्धिवृत्त्यङ्गैर्युक्तः स्त्रीपरिदेवितैः।
वाचा युद्धं विधातव्यं तथा जयपराजयौ॥

—दशरूपक ३, प्रकाश : ७०-७८

दशरूपककार की इस कसौटी पर यह नाटक पूरा खरा तो नहीं उतरता परन्तु अधिक साम्य रखता है। इसलिए कर्णभारम् को उत्सृष्टिकाङ्क कहा जा सकता है।

रस की दृष्टि से सम्पूर्ण नाटक का विषय वीर-रस और युद्ध भूमि से सम्बन्ध रखता है परन्तु सम्पूर्ण नाटक में करुण रस की छाया विद्यमान रहती है। डा० पुशलकर ने छद्म ब्राह्मण वेषधारी इन्द्र का प्राकृत भाषा के प्रयोग को हास्य का पुट माना है। अलङ्कारों की योजना में भी नाटककार ने पर्याप्त सफलता हासिल की है। कर्ण जैसे महारथी योद्धा के लिए भाव का दैन्य ऐसे समय में उद्भव हुआ जब उसकी अवस्थिति प्रशस्त नहीं कहीं जा सकती। कर्ण की उपमा कितनी सुन्दर है—

अत्युग्रदीप्तिविशदः समरेऽग्रगण्यः
शौर्ये च सम्प्रति सशोकमुपैति धीमान् ।
प्राप्ते निदाघसमये घनराशिरुद्धः
सूर्यः स्वभावरुचिमानिव भाति कर्णः ॥ ४

अत्यन्त प्रखर पराक्रम से युक्त, युद्धस्थल में सर्वप्रमुख योद्धा, बलशाली कर्ण बुद्धिमान् होकर भी इस समय शोक से ऐसे परितप्त हो रहे हैं जैसे ग्रीष्म ऋतु में स्वाभाविक प्रखर किरणों वाला सूर्य मेघमाला से आच्छादित हो जाय ।

कर्ण की झुझलाहट और बेबसी इस श्लोक में देखी जा सकता है—

अयं स कालः क्रमलब्धशोभनो
गुणप्रकर्षो दिवसोऽयमागतः
निरर्थमस्त्रं च मया हि शिक्षितं
पुनश्च मातुर्वचनेन वारितः ॥ ८

अयं स कालः	८
इमे हि दैन्येन	११
इमे हि युद्धे	१३
करितुरगरथ	३
क्रूरो वज्रमुखेन	१०
गुणवदमृत	१८
धर्मो हि यत्नै	१७
नरमृगपति	१
पूर्वं कुन्त्या	७
मदसरितकपोल	२०
मा तावन्मम	५
यातः कृतार्थं	१६
रवि तुरगसमानं	१९
विद्युल्लता	९
शंखध्वनि प्रलयः	२४
शिक्षा क्षयं गच्छति	२२
श्रीमानेष न	१५
संग्रामे तुमुले	२
समरमुखमसह्यं	१३
सर्वत्र संपदः	२५
हतोऽपि लभते	१२

*

डा० गङ्गासागर राय की कृतियां

मौलिक ग्रन्थ—

१. महाकवि भवभूति (स्व० डॉ० वासुदेवशरण अग्रवाल, म० म० मिराशी पं० बलदेव उपाध्याय प्रभृति विद्वानों से प्रशंसित तथा तदुत्तर (१९६२) एतद्विषयक समस्त ग्रन्थों द्वारा उद्धृत)। २. वैदिक आख्यान। ३. पौराणिक आख्यान, ४. अलङ्कारपीयूष, 5. Vadic Sakhas.

हिन्दी अनुवाद सहित—

१. काव्यमीमांसा। २. बालरामायण (डॉ० रामकरण शर्मा, बलदेव उपाध्याय, पं० बदरीनाथ शुक्ल, पं० पट्टाभिरामशास्त्री प्रभृति विद्वानों द्वारा प्रशंसित तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पुरस्कृत)। ३. शाङ्खायन ब्राह्मण (डॉ० आर० एन० दाण्डेकर, पं० बलदेव उपाध्याय, पं० पट्टाभिराम शास्त्री प्रभृति विद्वानों से प्रशंसित तथा उ० प्र० सरकार द्वारा पुरस्कृत)। ४. वामनपुराण (संयुक्त रूप से)। ५. शांखायन गृह्यसूत्र (भाष्य सहित) उ०प्र० सरकार द्वारा विशिष्ट पुरस्कार से पुरस्कृत ६. शांखायन श्रौतसूत्र (भाष्य सहित)। ७. याज्ञवल्क्य स्मृति टीका सहित

संकृस्त तथा हिन्दी टीका सहित—

१. नीतिशतक (अंग्रेजी अनुवाद भी), २. चन्द्रालोक, ३. अविमारक नाटक, ४. अभिषेक नाटक, ५. बाल चरित, ६. प्रतिज्ञा यौगन्धरायण, ७. प्रतिमा, ८. स्वप्नवासवदत्ता, ९. वेणीसंहार, १०. मुद्राराक्षस, ११. कर्पूरमञ्जरी, १२. बाल-भारत, १३. हरविजय (प्रथम सर्ग), १४. पञ्चतन्त्र (अपरीक्षित कारक), १५. रघुवंश (त्रयोदश-चतुर्दश सर्ग), १६. मृच्छकटिक, १७. चारुदत्त, १८. मध्यम व्यायोम, १९. कर्णभार, २०. दूतघटोत्कचम्।

अंग्रेजी अनुवाद—

१. कूर्मपुराण (संयुक्त रूप से), २. नीति शतक।

संपादन—

१. बालरामायण। २. स्कन्दपुराणीय मानसखण्ड। ३. अष्टाविशत्युपनिषद। ४. वसिष्ठ लिङ्ग पुराण। ५. श्लोक वार्तिक।

पत्रिकाओं का संपादन—

१. पुराणम् (सह-संपादक), २. हिन्दुत्व (सहायक संपादक), ३. विद्यामन्दिर पत्रिका, ४. ध्रुपद वार्षिकी (सह संपादक)।

शोधपत्र—

एक सौ के लगभग शोधपत्र

॥ श्रीः ॥

काशी संस्कृत ग्रन्थमाला

२६० [redacted]

महाकविभासविरचितम्

पञ्चरात्रम् [redacted]

'गंगा'-संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतम्

व्याख्याकारः संपादकश्च [redacted]

डा० गंगासागररायः

सर्वभारतीयकाशिराजन्यासस्थः

चौखम्बा संस्कृत संस्थान

भारतीय सांस्कृतिक साहित्य के प्रकाशक तथा वितरक
पोस्ट बाक्स नं० ११३९
के. ३७/११६, गोपाल मन्दिर लेन (गोलघर समीप मैदागिन)
वाराणसी-२२१००१ (भारत)

प्रकाशक : चौखम्भा संस्कृत संस्थान, वाराणसी
मुद्रक : श्री सरिता प्रेस; भैरोनाथ वाराणसी
संस्करण : प्रथम, वि० संवत् २०५३
मूल्य : रु० ५०-००

© चौखम्भा संस्कृत संस्थान, वाराणसी
इस ग्रन्थ के परिष्कृत तथा परिवर्धित मूल पाठ
एवं टीका - परिशिष्ट आदि के सर्वाधिकार
प्रकाशक के अधीन हैं।

फोन : ३३३४४५, ३३५९३०

प्रधानशाखाः फोनः ३२०४१४
चौखम्भा संस्कृत भवन
पोस्ट बाक्स नं० ११६०
चौक, (दि बनारस स्टेट बैंक बिल्डिंग)
वाराणसी-२२१००१

THE

KASHI SANSKRIT SERIES

290

PAÑCARĀTRAM

OF

BHĀSA

[*With 'Gangā' Sanskrit and Hindi Commentaries*]

Edited and Commented by

Dr. GANGA SAGAR RAI, M. A., Ph. D.

All India Kashiraj Trust

Fort Ramnagar, Varanasi

CHAUKHAMBHA SANSKRIT SANSTHAN
Publishers and Distributors of Oriental Cultural Literature
Post Box No. 1139
K. 37/116, Gopal Mandir Lane (Golghar near Maidagin)
VARANASI-221001 (INDIA)

@ Chaukhambha Sanskrit Sansthan, Varanasi
Phone : 333445, 335930
First Edition : 1996

Branch :- Ph. 320414
CHAUKHAMBHA SANSKRIT BHAWAN
Post Box No. 1160
CHOWK (The Benaras State Bank Building)
Varanasi-221001

निवेदन

भासनाटक चक्र की टीका और भाषानुवाद शृङ्खला में पञ्चरात्र नाटक की टीका को उपस्थापित करते हुए हम संतोष का अनुभव कर रहे हैं। आशा है कि भास के अन्य नाटकों की टीकायें भी यथाशीघ्र प्रकाशित कर सकेंगे और तदुपरान्त भास के विषय में एक साङ्गोपाङ्ग पूर्ण परिचयात्मक अध्ययन भी दे सकेंगे। भास के नाटक यद्यपि सूक्ति ग्रन्थों तथा कवियों की कृतियों में बहुचर्चित थे परन्तु इस शताब्दी के प्रारम्भ तक वे सभी अनुपलब्ध थे। सन् १९१३ ई० में महामहोपाध्याय गणपति शास्त्री द्वारा प्रकाशित होते ही ये नाटक सर्वत्र चर्चित हो उठे। इसी से उनकी गुणवत्ता और महत्ता का सहज बोध हो जाता कि वे प्रकाशन के साथ ही संपूर्ण देश में पठित और व्याख्यात होने लगे और अद्यावधि यह क्रम चालू है। उसी क्रम में यह भी लघुप्रयास है।

टीकाकार्य में हमारे हितैषी आदरणीय पं० हीरामणिमिश्र ने सहायता की है और मुद्रण संशोधन में पं० कृपासिन्धु शर्मा ने सहायता की है। एतदर्थं इनका मैं अधमर्ण हूँ। इस संस्करण में अज्ञान या प्रमादवश, जो अशुद्धियाँ रह गयी हैं उसके लिये मैं विज्ञ पाठकों से क्षमायाचना करता हूँ। इसके प्रकाशन में चौखम्भा संस्थान के स्वत्वाधिकारी श्री मोहनदास जी गुप्त तथा उनके चिरंजीवि राजेन्द्र जी ने जो तत्परता दिखाई धैर्य प्रदर्शित किया है उसके लिये मैं उन्हें धन्यवाद देता हूँ।

कल्याणमित्र प्रो० देवेन्द्रकुमार राय के प्रतिधन्यवाद औपचारिकता मात्र है।

काशी
अक्षयतृतीया २०५३ वि०
ई० २० अप्रैल १९९६

गङ्गासागर राय

भास की प्रशस्तियाँ

(१) सूत्रधारकृतारम्भैर्नाटकैर्बहुभूमिकैः ।
सपताकैर्यशो लेभे भासो देवकुलैरिव ॥
(बाणभट्टः हर्षचरित, १।१५)

(२) भासनाटकचक्रेऽपि च्छेकैः क्षिप्ते परीक्षितुम् ।
स्वप्नवासवदत्तस्य दाहकोऽभून्न पावकः ॥
(राजशेखर)

(३) सुविभक्तमुखाद्यङ्गैर्व्यक्तलक्षणवृत्तिभिः ।
परेतोऽपि स्थितो भासः शरीरैरिव नाटकैः ॥
(दण्डी : अवन्तिसुन्दरी ११)

(४) भासम्मि जलणमित्ते कन्तीदेवे अजस्य रहुआरे ।
सो बन्धवे अ वन्धम्मि हारियन्दे अ आणन्दो ॥
[भासे ज्वलनमित्रे कुन्तीदेवे च यस्य रघुकारे ।
सौबन्धवे च बन्धे हारिचन्द्रे च आनन्दे ॥]
(गउडवहो)

(५) भासो हासः कविकुलगुरुः कालिदासो विलासः ।
(जयदेवः प्रसन्नराघव)

(६) प्रथितयशसां भाससौमिल्लकविपुत्रादीनां प्रबन्धानतिक्रम्य कथं वर्तमानस्य कवेः कालिदासस्य कृतौ बहुमानः ।
(कालिदासः मालविकाग्निमित्र)

(७) यथा भासकृते स्वप्नवासवदत्त शेफालिकाशिलातलमवलोक्य वत्सराजः ।
(नाटयदर्पण ले० रामचन्द्र तथा गुणचन्द्र १२ वीं सदी)

(८) क्वचित्क्रीडा । यथा वासवदत्तायाम् ।
(नाटयशास्त्रपर अभिनवगुप्त की टीका)

भूमिका

महाकवि भास संस्कृत के दृश्य काव्यों के रचनाकारों में सम्भवतः सबसे प्राचीन हैं। संस्कृत नाटकों के विकास के इतिहास में भास ने अपनी कीर्ति-कौमुदी सुदूर दक्षिण से लेकर उत्तर तक एवं प्राची से लेकर प्रतीची तक विस्तीर्ण की है। भास के नाटकों में नाटक का वह रूप देखने को मिलता है जिसके कारण भरत ने नाटक को पञ्चम वेद होने का गौरव प्रदान किया था। नाटक कवित्व का चरम परिपाक होता है—नाटकान्तं कवित्वम्’। उसमें तीनों लोकों के भावों का समावेश होता है। इस दृष्टि से भास के नाटकों का महत्त्व और अधिक बढ़ जाता है। भास ने मानवीय भावनाओं का सफलतापूर्वक चित्रण किया है। भास ने तेरह नाटकों की रचना की है एवं रचना के साथ-साथ उनके प्रस्तुतीकरण में भी उन्हें पर्याप्त सफलता प्राप्त हुई है। भास के नाटकों की प्रामाणिकता पर अविश्वास नहीं किया जा सकता, क्योंकि सभी नाटकों की भाषा और शैली एक-सी मुहावरेदार, सरल एवं प्राञ्जल है। इनके नाटकों में भावों तथा विचारो की पुनरुक्ति तथा पात्रों के नामों में समरूपता पायी जाती है एवं सभी नाटकों में प्रस्तावना के स्थान पर स्थापना शब्द का प्रयोग हुआ है। संस्कृत साहित्य के नाट्य जगत् में भास का अपना विशिष्ठ स्थान है।

भास के नाटकों की प्रशस्तियाँ—

अपने कवित्व से जाज्वल्यमान महाकवि भास सूर्य मणि के समान नाट्य जगत् को आलोकित किये हुए हैं। परन्तु उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व बहुत ही उलझा हुआ एवं विवादास्पद है। भास के नाटकों की प्रशस्ति बीसवीं सदी के प्रारम्भ में कहीं-कहीं ही सुनने को मिलती थी। भास के नाटक दक्षिण भारत में हस्तलिखित प्रतियों में पड़े थे तथा इनके स्वरूप के बारे में लोगों को जानकारी नहीं थी। सबसे पहले १९१२ ई० में महामहोपाध्याय श्री गणपति शास्त्री को ट्रावनकोर राज्य में तंजोर पुस्तकालय से

केरल लिपि में १३ नाटकों की जो पाण्डुलिपियाँ प्राप्त हुई उसको उन्होंने प्रकाशन में लाया। गणपति शास्त्री के प्रकाशन से पूर्व भी संस्कृत के आचार्यों एवं कवियों ने भास का उल्लेख एवं यशोगान किया था। इससे यह प्रतीत होता है कि भास नाट्य साहित्य में अपना अन्यतम स्थान कालिदास से पूर्व से ही रखते थे।

महाकवि भास की प्रशस्तियों तथा उल्लेखों में कुछ प्रमुख निम्नलिखित हैं—

(१) कालिदास ने 'मालविकाग्निमित्र' नाटक में सूत्रधार के मुख से स्पष्ट कहलवाया है कि प्रसिद्ध यश वाले भास, सौमिल्ल, कविपुत्र आदि कवियों के द्वारा निर्मित प्रबन्धों का अतिक्रमण कर कालिदास की रचना का इतना अधिक क्यों समादर हो रहा है—

प्रथितयशसां भाससौमिल्लकविपुत्रादीनां प्रबन्धानतिक्रम्य कथं वर्तमानस्य कवेः कालिदासस्य कृतौ बहुमानः"।

(मालविकाग्निमित्र)

(२) हर्ष के सभापण्डित बाणभट्ट ने हर्षचरित में भास के नाटकों की उत्कृष्टता बतलाते हुए कहा है कि ये नाटक सूत्रधार से प्रारम्भ होने वाले, अधिक भूमिका वाले तथा पताका से शोभायमान देवकुलों की भाँति प्रसिद्ध हैं।

सूत्रधारकृतारम्भैर्नाटकैर्बहुभूमिकैः ।
सपताकैर्वंशो लेभे भासो देव कुलैरिव ॥—हर्षचरित

यहाँ यह उल्लेखनीय है कि भास के नाटक सूत्रधार से प्रारम्भ होते हैं। यहाँ नान्दी का अभाव दृष्टिगोचर होता है जब कि सामान्यतः संस्कृत के नाटक नान्दी से ही प्रारम्भ होते हैं। यह अन्तर भास की संस्कृत के अन्य नाटकों से पृथक् पहचान बनाने में सहायता प्रदान करता है।

(३) राजशेखर ने अपनी काव्यमीमांसा में भास के नाटकों की अग्निपरीक्षा में 'स्वप्नवासवदत्ता' के न जलने का उल्लेख किया है —

भामनाटकचक्रेऽस्मिञ्छेकैः क्षिप्ते परीक्षितुम् ।
स्वप्नवासवदत्तस्य दाहकोऽभून्न पावकः ॥

—काव्यमीमांसा

(४) वाक्पति राज ने अपने 'गउडवहो' नामक प्राकृत भाषा के महाकाव्य में भास को 'जलणमित्ते'—(ज्वलनमित्र=अग्नि का मित्र) कहा है। भास को 'ज्वलनमित्र' की संज्ञा प्राप्त होने के सम्बन्ध में विद्वानों का विचार है कि स्वप्न नाटक में वासवदत्ता के जलने की मिथ्या खबर फैला कर भास ने नाटकीय कथा के विकास में उपयुक्त अवसर प्राप्त किया है।

भासम्भि जलवमित्ते कन्तीदेवे जहावि रहुवारे।
सोबन्धवे अ बन्धम्भि हारिअन्दे अ जाणन्दो ॥

— गउडवहो ।

(५) नाटककार आलङ्कारिक कवि जयदेव ने अपने नाटक प्रसन्नराघव में भास की कविताकामिनी का 'हास' बताया है। इस प्रकार के वर्णन से भास की हास्य-रस वर्णन में कुशलता भी व्यञ्जित होती है—

यस्याश्चोरश्चिकुरनिकरः कर्णपूरो मयूरः
भासो हासो कविकुलगुरुः कालिदासो विलासः।
हर्षो हर्षो हृदयवसतिः पञ्चबाणस्तु बाणः
केषां नैषा कथय कविता कामिनी कौतुकाय ॥

—प्रसन्नराघव १.२८

(६) दण्डी ने अपनी 'अवन्तिसुन्दरी कथा' में भास के काव्य गुणों के बारे में लिखा है—

सुविभक्तमुखाद्यङ्गैर्व्यक्तलक्षणवृत्तिभिः ।
परेतोऽपि स्थितो भासः शरीरैरिव नाटकैः ॥

—दण्डी-अवन्तिसुन्दरी

(७) नाट्यदर्पण (रामचन्द्र तथा गुणचन्द्र, १२ वीं सदी) ने भास के स्वप्नवासवदत्ता का उल्लेख किया है—

"यथा भासकृते स्वप्नवासवदत्ते शेफालिकाशिलातलमवलोक्य वत्सराज ……… ।"

(८) शारदातनय (१२वीं सदी) ने 'भावप्रकाशन' में प्रशान्त नाटक के प्रसङ्ग में 'स्वप्नवासवदत्ता' के कथानक का उल्लेख किया है।

(९) भोजदेव ने 'शृङ्गारप्रकाश' में 'स्वप्नवासवदत्ता' का वर्णन किया है—

'वासवदत्ते पद्मावतीमस्वस्थां द्रष्टुं राजा समुद्रगृहकं गतः।'

(१०) भास के 'स्वप्नवासवदत्ता' का उल्लेख अभिनव गुप्त ने नाट्यशास्त्र की अपनी टीका अभिनव भारती में किया है—

'क्वचित्क्रीडा। यथा वासवदत्तायाम्।'

—नाट्यशास्त्र पर अभिनवगुप्त की टीका

(११) सर्वानन्द ने 'अमरकोशटीकासर्वस्व' में उदयन तथा वासवदत्ता के विवाह का उल्लेख किया है।

(१२) जयानक के 'पृथ्वीराजविजय' की टीका में भास के विष्णुधर्म नाटक का उल्लेख किया गया है। परन्तु भास का 'विष्णुधर्म' नाटक अभी अनुपलब्ध है।

उपर्युक्त तथ्यों के आधार पर कहा जा सकता है कि महाकवि भास को बहुत बड़ी ख्याति प्राप्त थी, परन्तु समयान्तराल के कारण उनके नाटकों की ख्याति काल के गाल में समाविष्ट हुई। केवल सूक्ति मात्र ही रह गयी और महामहोपाध्याय गणपति शास्त्री के द्वारा इन नाटकों के उद्धार से पूर्व ये नाटक लुप्त हो गये थे।

भास का जीवनवृत्त—

अपने रससिक्त नाटकों से जनमानस को आप्लावित करने वाले महाकवि भास का जीवन वृत्त आज भी तिमिराच्छन्न है। अपने देश में आत्मकथा लिखने की प्रथा नहीं थी। भास के सम्पूर्ण नाटकों में कहीं पर उनके नामोल्लेख का स्पष्ट वर्णनन नहीं है, परन्तु उनके ग्रन्थों के आधार पर कहा जा सकता है कि वे ब्राह्मण धर्म के अनुयायी एवं वैष्णव मतावलम्बी सशक्त नाटककार हैं। भास स्त्रियों को सम्मान की दृष्टि से देखते थे एवं उनके लिए गृह को ही उचित स्थान बताया है। महाकवि भास वर्णाश्रम धर्म को मानने वाले, कर्तव्यनिष्ठ पुत्र के पिता, पति चरणानुरागिनी पत्नी के पति एवं सन्तान प्रिय पिता थे। देवता एवं धर्म में उनका दृढ़ विश्वास था।

'धर्मो रक्षति रक्षितः'

पञ्चरात्र एवं अन्य रूपकों में भास ने यज्ञ का उल्लेख किया है—

शिक्षा क्षयं गच्छति कालपर्ययात् सुबद्ध मूला निपतन्ति पादपाः।
जलं जलस्थानगतं च शुष्यति हुतं च दतं च तथैव तिष्ठति ॥

भास भाग्य में दृढ़ विश्वास करते थे—

चक्रारपङ्क्तिरिव गच्छति भाग्यपङ्क्तिः'

भास उद्योग के महत्व को भी स्वीकार करते थे—

'काष्ठादग्नि र्जायते मथ्यमनाद् भूमिस्तोयं खन्यमाना ददाति।
सोत्साहानां नास्त्यसाध्यं नराणां मार्गारब्धाः सर्वयत्नाः फलन्ति ॥

डा० पुसालकर ने भास को 'धर्म भीरु ब्राह्मण' कहा है। भास के स्वप्न वासव दत्ता एवं बालचरित नाटकों के भरतवाक्य के आधार पर कहा जा सकता है कि भास दक्षिण भारत के न होकर उत्तर भारत के निवासी थे।

इमां सागरपर्यन्तां हिमवद्विन्ध्यकुण्डलाम्।
महीमेकातपत्राङ्कां राजसिंहः प्रशास्तु नः ॥

कवि भगवान् से प्रार्थना करता है—

हमारे राजा ससागरा उस सम्पूर्ण भूमण्डल के मध्य एकच्छत्र राज्य करें जिसके एक ओर हिमालय तथा दूसरी ओर विन्ध्य पर्वत दो कर्ण कुण्डलों के समान अलंकृत हो रहे हैं। भास की वसुन्धरा उत्तर में हिमालय एवं दक्षिण में विन्ध्य पर्वत तक शीर्ष स्थानीय हैं। यही पृथ्वी भास की पृथ्वी थी।

भास के नाटकों की खोज—

संस्कृत साहित्य के नाट्य जगत् को आलोकित करने वाले महाकवि भास के नाटक प्रेक्षकों की दृष्टि से ओझल क्यों हो गये? जब कि भास उस समय इतनी ख्याति प्राप्त कर चुके थे कि कालिदास जैसे कवि भी भास के नामोल्लेख से अछूते नहीं रह सके। भास के नाटकों के विलुप्त होने के सम्बन्ध में कहा जा सकता है कि जब वैदिक ग्रन्थ और शाखायें जिनका कुल परम्परा में अध्ययन आवश्यक था विलुप्त हो गये तो लोका-

नुरंजक इन नाटकों का क्या ? सुमिल्ल आदि के नाटक आज तक विलुप्त है। विद्वानों ने नाटकों के सम्बन्ध में जो विचार व्यक्त किये हैं, वे निम्नलिखित हैं—

(१) भारत में मुसलिम शासकों के आक्रमण एवं राज्यस्थापना तथा साम्राज्य विस्तार के साथ ही साथ प्राचीन भारतीय संस्कृति का विनाश एवं उस समय के कवियों की कृतियों को विनष्ट करने का खेल प्रारम्भ हो गया था, फिर देश की समृद्धि एवं राजसिंह को हिमालय एवं विन्ध्य के बीच एकच्छत्र राज्य का निर्देश देने वाले तथा वैदिक संस्कृति एवं धर्म के पोषक कवि के ऊपर मुसलमानों की दृष्टि पड़ना स्वाभाविक ही था। उत्तरी भारत में रहवे वाले देशी सरदार एवं मुसलमानों ने देवनागरी लिपि में उपलब्ध सरल पाठ को विनष्ट करने में पर्याप्त सहयोग विदेशी आक्रमण कारियों को दिया। जिसके परिणाम स्वरूप उत्तरी भारत में देवनागरी लिपि में भास की कृतियाँ काल के गाल में समाहित होकर अनुपलब्ध हो गयीं। प्रो० वी० राघवन् ने जो हस्तलेखों की खोज की है वह देवनागरी लिपि में नहीं है। दक्षिण में जो लेख प्राप्त हुए हैं उसका कारण है कि दक्षिण केरल में मुसलमानों का प्रचार-प्रसार कम था तथा ग्रन्थ तथा मलयालम की लिपियाँ भी सम्भवतः उनके लिए सुलभ नहीं थी।

(२) ए० एस० पी० अय्यर ने 'भास' के सम्बन्ध में ऐसी सम्भावना व्यक्त की है कि विदेशियों से बार-बार पदाक्रान्त होवे के कारण भारतीय जनता का ध्यान शौर्यपूर्ण अभिनयों को देखने की अपेक्षा धर्म की ओर उन्मुख हो गया था।

सन् १९०९ में महामहोपाध्याय पं० गणपति शास्त्री को पद्मनाभपुरम् के निकट मल्लिकारमठम् में स्वप्नवासवदत्तम्, प्रतिज्ञायौगन्धरायण, पञ्चरात्र, चारुदत्त, दूतघटोत्कच, अविमारक, बालचरित, मध्यमव्यायोग, कर्णभार तथा उरुभङ्ग के हस्तलेख मिले, इसके अतिरिक्त दूतवाक्य की खण्डित ताड़पत्र पर लिखित हस्तलिपि प्राप्त हुई। ये हस्तलेख मलयालम लिपि में थे। गणपति शास्त्री ने अपने प्रयासों को आगे भी जारी रखा एवं कैलाशपुरम् के एक ज्योतिषी के यहाँ अभिषेक तथा प्रतिमानाटक की

हस्तप्रतियाँ प्राप्त कीं । इन दोनों प्रतियों के समान ट्रिवेण्ड्रम पुस्तकागार में भी दो प्रतियाँ प्राप्त हुईं । गणपति शास्त्री ने कृष्णतन्त्री से भी हस्तलेख प्राप्त किये तथा मैसूर के पण्डित अनन्ताचार्य ने केरल से प्राप्त स्वप्नवासवदत्तम् तथा प्रतिज्ञायौगन्धरायण की दो प्रतियाँ भी गणपति शास्त्री को दीं । निरन्तर प्रयत्नशील रहने के बाद भी शास्त्री जी को चारुदत्त की कोई पूर्ण प्रति नहीं प्राप्त हो सकी । यह भी सम्भव हो सकता है कि यह कर्णभारम् का अग्रिम अंश हो ।

३ जनवरी १९०६ को सम्पत कुमार चक्रवर्ती ने गवर्नमेंट ओरियण्टल मैनुस्क्रिप्ट्स्, मद्रास के पुस्तकालय के लिए देवनागरी लिपि में स्वप्नवासवदत्तम् की एक प्रति नकल की थी । उसके एक महीने पश्चात् ६-२-१९०६ को श्री चक्रवर्ती ने देवनागरी लिपि में पुस्तकालय हेतु प्रतिज्ञायौगन्धरायण की एक प्रति की नकल की ।

महामहोपाध्याय गणपति शास्त्री ने भास के जिन तेरह नाटकों को प्रकाशित किया वे निम्नलिखित हैं —

(१) प्रतिज्ञायौगन्धरायण
(२) अविमारक
(३) स्वप्नवासवदत्त
(४) प्रतिमा नाटक
(५) मध्यम व्यायोग
(६) पञ्चरात्र
(७) अभिषेक
(८) दूत वाक्य
(९) दूतघटोत्कच
(१०) कर्णभार
(११) ऊरुभङ्ग
(१२) बालचरित
(१३) चारुदत्त

गोण्डल निवासी राजवैद्य जीवराम कालिदास शास्त्री ने १९४१ में 'यज्ञफल' नामक एक रूपक का प्रकाशन करके भास के नाटकों की संख्या एक और बढ़ा दी है । परन्तु इस नाटक के बाद इस पर बहुत विवाद हुआ और एक व्यक्ति ने उसे अपनी कृति होने का दावा किया । बाद में विद्वानों ने अन्वेषण कर यह सिद्ध किया कि इस नाटक का एक हस्तलेख बहुत प्राचीन है और अपनी कृति का दावा करने वाले सज्जन का विचार मिथ्या है । इस विषय में प्रो० रामचन्द्र नारायण दाण्डेकर ने एक प्रामाणिक निबन्ध लिखकर यह प्रमाणित किया कि अपनी कृति होने का दावा करने वाले सज्जन का मत मिथ्या है और यह कृति प्राचीन है।

रूपकों का एककर्तृत्व—

महामहोपाध्याय गणपति शास्त्री के द्वारा प्रतिपाद्य भास के तेरह नाटकों की प्रमाणिकता पर विद्वानों में मतैक्य है। भास के नाटकों के ऊपर यह प्रश्नचिन्ह लगाया जाता है कि सम्पूर्ण नाटक भास के हैं या इसमें से कुछ ही नाटक भास के हैं। सम्पूर्ण नाटकों के सूक्ष्म अन्वीक्षण से इस निष्कर्ष पर पहुँचा जा सकता है कि सभी नाटक भास के हैं क्योंकि उनमें आश्चर्यजनक समता पायी जाती है—

(१) भास के सभी नाटकों में (चारुदत्त को छोड़कर) नान्दी के बाद सूत्रधार द्वारा मंगल पाठ से इनका प्रारम्भ करता है—

(क) नान्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः सूत्रधारः। सूत्रधारः—
उदयनवेन्दुसवर्णौ .... ।

—स्वप्न वासवदत्त।

(ख) नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः सूत्रधारः—पातु वासवदत्तायो........प्रतिज्ञायौ०। इत्यादि।

(२) कर्णभार में प्रस्तावना शब्द का प्रयोग हुआ है। इसके अतिरिक्त सभी नाटकों में 'प्रस्तावना' के स्थान पर 'स्थापना' शब्द का प्रयोग किया गया है।

(३) अङ्को के बीच में घटित घटनाओं के सम्बन्ध में जानकारी देने के लिए अङ्को के मध्य में विष्कम्भकों तथा लघुविस्तारी प्रवेशकों का समावेश हुआ है।

(४) सम्पूर्ण नाटकों में कहीं पर भी नाटक के लेखक के नाम का उल्लेख नहीं है।

(५) चारुदत्त एवं दूतघटोत्कच के अतिरिक्त सम्पूर्ण नाटकों के भरत वाक्य में राजसिंह राजा के एकच्छत्र राज्य की कामना व्यक्त की गयी है जिसका शासन हिमालय से विन्ध्य एवं पूर्व सागर से पश्चिम सागर तक है।

इमां सागरपर्यन्तां हिमवद् विन्ध्यकुण्डलाम्।
महीमेकातपत्राङ्कां राजसिंहः प्रशास्तु नः॥

—स्वप्न० ६–१९ तथा अन्य नाटकों के भरत वाक्य।

(६) भरत द्वारा निर्दिष्ट भारतीय नाट्य साहित्य परम्परा के नियमों का भास के नाटकों में उल्लंघन हुआ है। उदाहरणार्थ—रङ्गमञ्च पर ही मृत्यु तथा लड़ाई-झगड़े का प्रदर्शन किया है।

(७) नाटकों के पात्रों में नाम साम्य पाया जाता है।

(८) सभी नाटकों के पात्रों ने आकाशभाषित वाक्यों (पाठों) का प्रयोग किया है।

भास ने भरत के नाट्य में अविहित छ शब्दों का प्रयोग प्रचलित अर्थ से भिन्न किया है। जैसे—आर्यपुत्र का प्रयोग अनेकशः ऐसे अर्थों में हुआ है।

(१०) सभी रूपकों का नाम केवल ग्रन्थ की समाप्ति पर ही पाया जाता है।

(११) नाटकों में विभिन्न छन्दों के प्रयोग होने पर भी उनमें साम्य है।

(१२) सभी नाटकों की भाषा तथा शैली में अद्भुत साम्य है।

(१३) नाट्य निर्देश की न्यूनता सभी नाटकों में मिलती है एवं जो नाट्य निर्देश हैं उनमें एकाधिक निर्देश एक साथ हैं। जैसे—निष्क्रम्य पुनः प्रविश्य यहाँ निकलना तथा प्रवेश करना साथ ही निर्दिष्ट है।

(१४) अधिकतर नाटकों में पताका स्थान तथा मुद्रालंकार का प्रयोग एक समान किया गया है।

(१५) इन नाटकों में पाणिनीय व्याकरण के नियमों पर जोर नहीं दिया गया है।

(१६) कई नाटकों में प्रभावशाली पद्धति के द्वारा किसी नवागन्तुक के द्वारा अप्रत्याशित उत्तर की प्राप्ति होती है। जैसे—महासेन और अङ्गारवती आपस में विचार विमर्श कर रहे हैं कि वासवदत्ता के लिए कौन सा राजा उपयुक्त होगा उसी समय कञ्चुकी उपस्थित होकर 'वत्सराज' का नाम लेता है। इस प्रकार उनके प्रश्न का आकस्मिक उत्तर प्राप्त हो जाता है जबकि कञ्चुकी यह सूचना देने आता है कि 'वत्सराज' बन्दी बना लिया गया।

इसी प्रकार जब अभिषेक नाटक में रावण सीता को यह बताता है कि इन्द्रजित् के द्वारा राम एवं लक्ष्मण का बध हो गया अब तुम्हें कौन मुक्त करायेगा, उसी समय एक राक्षस आकर यह कहता है कि 'राम'। जबकि राक्षस यह सूचना देना चाहता है कि राम ने इन्द्रजित को मार डाला।

(१७) कई नाटकों में समान वाक्यों का प्रयोग हुआ है। जैसे— 'उस्सरह उस्सरह अय्या ! उस्सरह'। (हटिये, हटिये—श्रीमानों !) का प्रयोग कई स्थानों पर है।

(१८) एक पात्र द्वारा दूसरे पात्र के पद्यों को खण्डित किया गया है।

(१६) सम्पूर्ण नाटकों में से पाँच नाटकों के आद्य श्लोकों में मुद्रालङ्कार का प्रयोग कर देवस्तुति, पात्रनामोल्लेख एवं कथानक संकेतित है।

(२०) नाटक में नाटकीय घटनाओं के प्रयोग में समानता पायी जाती है। जैसे—अभिषेक तथा प्रतिमा नाटक में सीता द्वारा रावण की प्रार्थना का अस्वीकार किया जाना तथा उसे शाप देना। इसी प्रकार चारुदत्त में शकार के निवेदन को अस्वीकृत करते हुए वसन्तसेना द्वारा उसे शाप देना। बालचरित तथा पञ्चरात्र में सैनिकों द्वारा राजा के विषय में प्रश्न करना कि यह किसका राजा है ? एवं प्रणाम न करना। अविमारक एवं प्रतिज्ञा में राजा तथा रानी के बीच उपयुक्त वर के लिए एक समान वर्णन है।

(२१) प्रायः भास के नाटकों में युद्ध की सूचना भटों और ब्राह्मणों के माध्यम से दिलायी गयी है।

(२२) किसी घटना की जानकारी देने के लिए निवेद्यतां-निवेद्यतां महाराजाय' इत्यादि वाक्य की उद्भावना पञ्चरात्र, कर्णभार, दूतघटोत्कच आदि में एक समान है।

(२३) नाटक में भावों की समानता पायी जाती है। जैसे—नारद को कलहप्रिय तथा स्वरतंत्री का साधक बताया गया है—

(क) "तन्त्रीषु च स्वरगणान् कलहाश्च लोके :"

—अविमारक ४।२

(ख) "तन्त्रीश्च वैराणि च घट्टयासि' ।—बाल० १।३

(२४) मृत्यु के बाद राजाओं का स्थूल शरीर तो नहीं रहता , परन्तु उनका यशरूपी शरीर चिरकाल तक रहता है, इस प्रकार के विचारों की उद्भावना हुई ।

"नष्टाः शरीरैः क्रतुभिर्धरन्ते" ।—पञ्चरात्र १।२५

"हतेषु देहेषु गुणा धरन्ते"—(कर्ण० १७)

(२५) लक्ष्मी का निवास साहसियों के पास दर्शाया गया है एवं वह सन्तोष नहीं करती । इस प्रकार का वर्णन चारुदत्त, दूत वाक्य, पञ्चरात्र और स्वप्नवासवदत्तम् में पाया जाता है ।

उपर्युक्त समताओं के आधार पर कहा जा सकता है कि सम्पूर्ण नाटकों का लेखक एक ही व्यक्ति रहा होगा ।

इन नाटकों का प्रणेता कौन था—

भास के नाटकों की प्रमाणिकता के विषय में मतैक्य है । भास के नाटकों के सम्बन्ध में विचार व्यक्त करने वाले विद्वानों को तीन श्रेणियों में बाँटा जा सकता है ।

प्रथम वर्ग—ए० डी० पुसालकर तथा प्रो० ए० बी० कीथ, गणपति शास्त्री, पराञ्जये ये सभी नाटकों को भास कृत मानते हैं ।

द्वितीय वर्ग—पिशरोटी, कुन्हन राजा, देवधर तथा विण्टरनित्ज, डा० वार्नेट ये सभी विद्वान् इन नाटकों को भास कृत मानते हैं ।

तृतीय वर्ग—डा० सुकथानकर आदि विद्वानों का विचार है कि जो नाटक उपलब्ध हैं उनमें कुछ नाटक भास कृत हैं तथा कुछ नाटकों को सम्पादन के पश्चात् भास के साथ नाम जोड़ दिया गया है ।

केरलीय चाक्यारों की रचना —

कुछ समीक्षकों का विचार है कि इन नाटकों की रचना केवल रंगमंच अभिनेता चाक्यारों ने की है। इसके सम्बन्ध में इन लोगों का विचार है कि—

(क) नाटकों की हस्त प्रतियों का केवल केरल में प्राप्त होना ।

(ख) यदि नाटक चक्र भास कृत होता तो इनकी प्रस्तावना या स्थापना में भास का नामोल्लेख अवश्य होता ।

(ग) रीति ग्रन्थों में जो 'स्वप्नवासवदत्ता' के उदाहरण दिये गये हैं उनका वर्तमान नाटकों से कोई मेल नहीं है ।

(घ) महामहोपाध्याय कुप्पुस्वामी शास्त्री का विचार है कि 'स्वप्न-वासवदत्ता' एवं 'प्रतिज्ञा' नाटकों में 'विवाह' के लिए 'सम्बन्ध' शब्द का प्रयोग हुआ है जो केरल के चाक्यारों में आज भी इसी अर्थ का द्योतक है । इस आधार पर चाक्यारों की प्रमाणिता सिद्ध होती है ।

चाक्यारों के रचना की अप्रामाणिकता –

नाटकों की भाषा, शैली, समृद्धि को देखते हुए चाक्यारों की रचना नही कहा जा सकता, क्योंकि यदि इस प्रकार के नाटकों की सृजना-शक्ति चाक्यारों के अन्दर थी तो उन्होंने इन तेरह नाटकों के अतिरिक्त अन्य नाटकों का सृजन क्यों नहीं किया ? क्या इन तेरह नाटकों के बाद उनकी सृजन शक्ति समाप्त हो गई ? अतः इन नाटकों के प्रणेता चाक्यार नहीं थे । इस सम्बन्ध में कुछ तथ्य निर्दिष्ट हैं –

(क) प्राचीन प्रतियों के केरल में प्राप्त होने से प्रमाणिकता सिद्ध नहीं होती, क्योंकि उत्तर भारत में राजनीतिक उथल पुथल भी उसके अभाव का कारण हो सकता है । इसके साथ ही यह भी सम्भव हो सकता है कि किसी कवि की कृति किसी देश-विदेश में प्रचलित हो तथा अन्य प्रान्तों में उसका प्रचार-प्रसार न हो ।

(ख) नाटकों में भास का नामोल्लेख न होने से इसकी अप्रमाणिकता तथा नवीनता नहीं सिद्ध होती, क्योंकि यह निश्चित है कि भास कालिदास से प्राचीन हैं, एवं यह भी सम्भव हो सकता है कि उस समय के कवियों में नामोल्लेख की परम्परा का अभाव हो । इसके साथ यह भी है कि यदि ये नाटक चाक्यारों के होते तो वे अवश्य अपना नामोल्लेख करते ।

(ग) प्राचीन ग्रन्थों से प्राप्त उद्धरणों के सम्बन्ध में यह हो सकता है

कि लेखक के प्रमादवश ये अंश छूट गये हों एवं जहाँ पर ये अंश छूटे हैं वहाँ पर उन अंशों को समाविष्ट करने का पर्याप्त स्थान है।

(घ) 'विवाह' के अर्थ में 'सम्बन्ध' शब्द का प्रयोग मिताक्षरा पद्धति में आज भी दिखलायी पड़ता है।

इन नाटकों की रचना पल्लव दरबार में नहीं हुई

पल्लव द्वितीय नरसिंह वर्मन् या हेन मादन के किसी सभा पण्डित ने इन नाटकों की रचना की है, क्योंकि दो नरपतियों ने अपनी उपाधि रखा था, अतः राजसिंह प्रशस्तु नः' के प्रयोग के आधार पर यह कहा जा सकता है। इसकी प्रमाणिकता के सम्बन्ध में यह कहा जा सकता है कि नाटक में ऐसे संस्कृत शब्द हैं जो दक्षिण में या दक्षिणात्य अर्थ रखते हैं।

यह तर्क इतिहास की कसौटी पर खरा नहीं उतरता क्योंकि इन राजाओं की सभा में ऐसे प्रतिभाशाली कवि का उल्लेख नहीं है। इसके साथ ही कवि यदि इन राजसभाओं में रहता तो अपनी कृतियों में अपने नाम का उल्लेख अवश्य करता। क्योंकि विक्रम की प्रथम शताब्दी से ही नाम उल्लेख की परम्परा का प्रादुर्भाव हो गया था। जैसे—कालिदास, अश्वघोष, भवभूति, आदि, औदीच्य एवं शक्तिभद्र, महेन्द्रवर्मन् आदि दक्षिण के नाटककारों के नाम इसके प्रमाण हैं।

इस आधार पर कहा जा सकता है कि इन नाटकों की रचना पल्लव दरबार में नहीं हुई। भास के नाटकों की प्रमाणिकता के सम्बन्ध में विद्वानों के तीन वर्ग हैं जिसमें एक वर्ग नाटकों की प्रमाणिकता स्वीकार करता है। राजशेखर का भास के 'स्वप्नवासवदत्ता' के विषय में साक्ष्य लिया जा सकता है—

भासनाटकचक्रेऽपि च्छेकैः क्षिप्ते परीक्षितुम्।
स्वप्नवासवदत्तस्य दाहकोऽभून्न पावकः॥

अग्नि परीक्षा के समय और नाटकों के साथ स्वप्नवासवदत्ता का परीक्षण होता है परन्तु वह बच जाता है। इसके आधार पर कहा जा सकता है कि अन्य नाटक भी भासकृत हैं।

दूसरा वर्ग भास के नाटकों को बिल्कुल अप्रमाणिक मानते हुए उसे किसी परवर्ती लेखक चाक्यार, पल्लवनरेश का सभा पण्डित या किसी अन्य कवि को स्वीकार करता है।

तीसरा वर्ग भास के नाटकों को अर्धप्रमाणिक स्वीकार करता हैं। इनके अनुसार कुछ नाटक भास रचित हैं लेकिन सभी नहीं। इस मत के समर्थन में महामहोपाध्याय पं० रामावतार शर्मा का विचार है कि कुछ नाटकों के कतिपय अंश भासरचित तो अवश्य हैं परन्तु सभी नाटकों की रचना भासकृत नहीं है।

विभिन्न मत-मतान्तरों के आधार पर निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि ये नाटक अंशतः भास द्वारा लिखे गये हैं।

भास का समय—

संस्कृत साहित्य के नाट्य जगत् को आलोकित करने वाले महाकवि भास के समय निर्धारण में विद्वानों में मतभेद है। इसका मुख्य कारण यह है कि उस समय के कवियों में जीवन-परिचय लिखने की परम्परा का प्रादुर्भाव नहीं हुआ था। भास के समय के सम्बन्ध में विद्वानों में जितना मतभेद है उतना अधिक सम्भवतः संस्कृत जगत् के किसी कवि के सम्बन्ध में नहीं होगा। यदि एक वर्ग भास को ई० पू० चौथी शती में मानता है तो दूसरा वर्ग उन्हें ईसा की दसवीं सदी में। इस प्रकार भास के समय में १४०० वर्षों का अन्तर पड़ता है। भास को दसवीं शती में मानने वाले विद्वान् भास नाटक चक्र कालिदास द्वारा वर्णित भास नाटक को न मानकर किसी अन्य चाक्यार या केरलीय कवि द्वारा निर्मित स्वीकार करते हैं।

अन्तःसाक्ष्य एवं बहिःसाक्ष्य के तथ्यों के आधार पर भास को चतुर्थ ई० पू० तथा ई० सन् चतुर्थ शतक के बीच स्वीकार किया जा सकता है।

महाकवि भास का देश—

दक्षिण के विद्वान् महाकवि भास को दक्षिण देश का निवासी मानते हैं इसके सम्बन्ध में उन लोगों का तर्क है कि—

(१) भास के नाटकों के सभी हस्तलेख केरल में प्राप्त हुए हैं।

(२) सम्पूर्ण भारत को छोड़कर केरल में ऐसा नियम है कि संस्कार के समय पति के साथ पत्नी की उपस्थिति अनिवार्य नहीं है, इसी प्रकार का चित्रण भास ने अपने प्रतिमा नाटक में संस्कार के समय राम के साथ सीता का चित्रण नहीं किया है। अतः इस प्रकार के वर्णन के आधार पर भास केरल के निवासी ठहरते है।

(३) भास ने मामा का अधिक सम्मान के साथ उल्लेख किया है, जिसका कारण दक्षिण भारत का ही प्रभाव है।

मतों की अप्रामाणिकता

किसी कवि के किसी स्थान पर प्राप्त हस्तलेखों के आधार पर उसको उस देश का निवासी नहीं कहा जा सकता, क्योंकि यह भी सम्भव है कि किसी कवि की रचनाओं की ख्याति दूसरे देशों में हो तथा कवि दूसरे देश का निवासी हो। उत्तर भारत में मुसलिम शासकों का क्रूर नर्तन तथा राजनीतिक उथल-पुथल का समय था। इसलिए भास के नाटकचक्र के हस्तलिपियों का उत्तर भारत में अभाव है। प्रतिमानाटक में अभिषेक संस्कार में राम के साथ सीता की अनुपस्थिति नाटकीय विशेषताओं के लिए दर्शायी गयी है।

भास के द्वारा मामा को अधिक सम्मान देने वाली बात धर्मशास्त्र पर अवलम्बित है।

वस्तुतः भास के नाटकों के अध्ययन से उस समय की परिस्थितियों का ज्ञान होता है। भास ने अपने नाटकों में अनेकों देशों का वर्णन किया है। उनमें प्रमुख हैं अवन्ती, वत्स, काशी, मत्स्य, शूरसेन, कुरु, कुरुजाङ्गल, उत्तरकुरु, कोशल, विराट, सौवीर, कम्बोज, गांधार, मद्र, मगध, मिथिला, (विदेह) अंग, बंग, जनस्थान दक्षिणापथ, तथा लङ्का आदि। इन नामों के आधार पर कहा जा सकता है कि भास उत्तर भारत के ही निवासी थे। उन्होंने लंका, दक्षिणापथ, सिंहल का वर्णन किया है, वह रामायण एवं महाभारत के आधार पर किया हैं, भास ने उत्तर भारत के ही पर्वतों

हिमालय, विन्ध्य, महेन्द्र चित्रकूट, मेरु, मन्दिर, क्रौञ्च, कैलाश आदि का वर्णन किया है।

भास का धर्म

महाकवि भास गो-ब्राह्मण संरक्षक वैष्णव मतावलम्बी थे, ये राम तथा कृष्ण के अनन्य भक्त वैदिक-कर्मकाण्डों में पूर्ण निष्ठा रखने वाले वैष्णव धर्म के अनन्य अनुयायी थे।

भास ब्राह्मण थे

प्रतीत होता है कि भास ब्राह्मण थे[1] परम्परा से भी ब्राह्मण का विद्या के अध्ययन-अध्यापन पर आधिपत्य था। ब्राह्मण धर्म एवं समाज व्यवस्था को मानना तथा अकुलीनों का सुरूप न होना (अभिमारक) आदि तथ्य भास को ब्राह्मण ठहराते हैं।

—o—

---

[1] ए० एस० पी० अय्यर कृत 'भास' पृ० ७, यही मत डा० पुसालकर का भी है।

पञ्चरात्र

नाटक का संक्षिप्त कथानक—

संस्कृत साहित्य के नाटचजगत् को आलोकित करने वाले महाकवि भास के द्वारा विरचित इस नाटक का कथानक महाभारत के विराट पर्व पर आधृत है। यह नाटक तीन अङ्कों में विभक्त है। इसका कथानक इस प्रकार है -

प्रथम अङ्क—

नान्दी के बाद सूत्रधार आता है और यह बताता है कि महाराज दुर्योधन का यज्ञ हो रहा है, जिसमें देश के सभी राजागण प्रेमवश अपने सभी बाल-बच्चों के साथ आये हुए हैं। इसके पश्चात् तीन ब्राह्मण आते हैं और वे कुरुराज के यज्ञ कि विभव के सम्बन्ध में कहते हैं—ब्राह्मणोच्छिष्ट अन्नों के बिखरे होने से ऐसा लगता है मानों सभी दिशाओं में काश के फूल खिले हों, होमधूम से तरुगण के फूलों की गन्ध भर गई है, व्याघ्र और हिरण एक से हो रहे हैं और पर्वत की गुफाओं में रहने वाले सिंह हिंसा से निवृत्त हो गये हैं, ऐसा प्रतीत होता है कि महाराज के साथ सारा संसार यज्ञदीक्षित हो रहा है। दूसरा ब्राह्मण इस बात का समर्थन करते हुए कहता है कि हवि से देवताओं के मुख अग्निदेव तृप्त हो गये हैं, यज्ञ में प्राप्त धन से विप्रगण तृप्त हो गये हैं, पशुसमूह के साथ पक्षीगण भी प्रसन्न हो रहे हैं, सब मानव आनन्दित हैं, इस प्रकार यह समस्त विश्व प्रसन्न दीख रहा है, महाराज के सद्गुणों से यह मर्त्यलोक स्वर्ग का अतिक्रमण कर रहा है। इस प्रकार वे आपस में बात ही कर रहे है कि कुछ उत्पाती बालकों के लड़कपन से यज्ञमण्डप में आग लग गई किन्तु ऋत्विजों ने किसी प्रकार अग्नि शान्त करके यज्ञ सम्पन्न किया।

यज्ञ पूर्ण समारोह के साथ समाप्त होने के पश्चात् दुर्योधन अपने मित्र कर्ण और मामा शकुनि से मंत्रणा कर गुरुजनों को प्रणाम करता है। भीष्म—द्रोण दुर्योधन को यज्ञ में सम्मिलित राजाओं से मिलाते हैं। दुर्योधन

सभी का अभिवादन स्वीकार करता है। इसी समय दुर्योधन को यह मालूम होता है कि सम्पूर्ण राजा तो आ गये परन्तु विराट नहीं आये हैं। शकुनि बताते हैं कि मैंने उनके पास दूत भेजा था, सम्भव है मार्ग में हों। इसके पश्चात् दुर्योधन गुरु द्रोण से कहता है कि आप मेरे धर्म तथा धनुर्वेद के उपदेष्टा हैं कृपया अपनी दक्षिणा स्वीकार करें। द्रोण कहते हैं कि दक्षिणा रहने दो बाद में माँग लूंगा, परन्तु दुर्योधन के बहुत आग्रह करने पर द्रोणाचार्य कहते हैं कि और किसी वस्तु की तो मुझे अपेक्षा नहीं परन्तु जिनका कोई आश्रय नहीं तथा बारह वर्षों से जिनका पता नहीं चला है तुम उन पाण्डवों को आधा राज्य दे दो। यही मेरी भिक्षा तथा दक्षिणा है। यह सुनकर शकुनि तुरन्त उद्विग्न हो जाता है और कहता है कि दक्षिणा देने का संकल्प किया है। क्या यह उचित है कि यज्ञ रूप प्रस्ताव उपस्थित कर के उसे धार्मिक वञ्चना द्वारा ठगा जाय? द्रोणाचार्य कहते हैं कि अपने भाइयों को उनका पैतृक राज्य लौटा दो यह कहना प्रवञ्चना — कैसे हुई? भीष्म अपने साम वचनों से सबको शान्त कराते हैं।

दुर्योधन, मामा शकुनि से मन्त्रणा करने की अनुमति माँगता है और जब दुर्योधन मामा शकुनि से पाण्डवों को आधा राज्य देने के सम्बन्ध में पूछता है तो शकुनि कहता है कि नहीं देना चाहिए। कर्ण से पूछने पर कहता है कि भगवान् राम ने जिस सौभ्रात्र का अनुभव तथा पालन किया, मैं उसका निषेध नहीं कर सकता हूँ, राज्य देना या न देने के विषय में आपका अधिकार है परन्तु युद्ध छिड़ने पर आपकी सहायता करूंगा, जब दुर्योधन शकुनि से गुरु दक्षिणा देने के मिथ्या भाषण से मुक्त होने का उपाय पूछता है तो शकुनि उसे द्रोण के पास ले जाकर कहता है कि दुर्योधन कहते हैं कि यदि आप पाँच रात्रियों के भीतर पाण्डवों का पता लगा दें तो वह पाण्डवों को आधा राज्य दे देगें। यह सुनकर द्रोणाचार्य उसकी शर्त मानने को तैयार नहीं होते और कहते हैं कि छल करने की कामना से निरन्तर बारह वर्षों तक खोज कर आप लोग जिनका पता नहीं लगा सके, पाँच रातों में मैं उनका पता कैसे लगा दूं? स्पष्ट शब्दों में यही कह दीजिए की

दक्षिणा नहीं देनी है। भीष्म के अनुरोध पर द्रोणाचार्य शर्त स्वीकार कर लेते हैं।

इसी समय दुर्योधन के दरबार में विराट नगर से दूत लौट आता है और यह बताया है कि विराट के सम्बन्धी सौ भाई कीचक को किसी व्यक्ति ने बिना अस्त्र-शस्त्र के हाथों से ही मार दिया। इस दुःख के कारण वे उपस्थित नहीं हो सके। यह समाचार सुनकर भीष्म को यह विश्वास हो जाता है कि यह कार्य भीमसेन के अलावा दूसरा नहीं कर सकता और वे द्रोण से दुर्योधन की शर्त को मान लेने को कहते हैं। द्रोणाचार्य सभी के सामने पञ्चरात्र वाली शर्त स्वीकार कर लेते हैं।

भीष्म दुर्योधन को यह सलाह देते हैं कि विराट का गोधन हरण कर लो क्योंकि विराट के साथ गुप्त शत्रुत्व है तथा वह तुम्हारे यज्ञ में भी सम्मिलित होने नहीं आया। सभी लोग इस सलाह को स्वीकार कर लेते हैं परन्तु द्रोण विरोध प्रकट करते हुए कहते हैं कि विराट हमारे प्रिय शिष्यों में हैं, उनका गोधन हरण क्यों किया जायेगा? भीष्म द्रोण को बताते हैं कि जब वहाँ आक्रमण होगा तो कृतज्ञता वश पाण्डव वहाँ विराट की सहायता के लिए आवेगें, बस वे प्रकाश में आ जायेगें और आप का काम बन जायेगा। इस प्रकार मन्त्रणा करने के बाद भीष्म द्रोण, कर्ण, कृप, शकुनि, दुर्योधन आदि कौरव सदल बल विराट, के गोधन पर आक्रमण करते हैं।

द्वितीय अङ्क –

वृद्ध गोपाल अपने परिवार के साथ सम्बन्धी गोपालकों से वार्तालाप कर रहा था। वह कहता है मेरी गायें सवत्सा रहें। गोप युवतियाँ सदा सधवायें रहें। हमारे महाराज विराट सार्वभौम राजा हों, महाराज विराट के जन्म गाँठ के शुभ अवसर पर गोदान के लिए नगरोद्यान के मार्ग पर आने के लिए गायें सजाई गई हैं, गोप बालक-बालिकायें मंगल मना रहे हैं। महाराज के वर्षगाँठ के अवसर पर नाचे गावें यह वृद्ध गोपाल आदेश देता है। इसी समय कौरव आकर गोधन का हरण करते हैं। गायें इधर-उधर भागती हैं। भट जाकर विराट को गोधन हरण की सूचना देता है। यह खबर सुनकर राजा क्रोधित होता

है और भट से कहता है रण का विस्तृत समाचार बताओ, भट कहता है कि रथ से उड़ी हुई धूल से गायें एकवर्ण हो गई थीं। उन पर चाबुक के आघातों से रेखाओं के बन जाने से नाना वर्णों की लकीरें पड़ गई हैं। यह सुनकर महाराज विराट शीघ्र ही रणक्षेत्र से लाने के लिए उद्यत होते हैं। इसी समय विराट भट से कहते हैं कि भगवान् युधिष्ठिर को बुलाओ। भगवान् के आने पर महाराज विराट सारी घटना उससे निवेदित करते हैं। कौरवों की सेना में भीष्म पितामह आये हैं यह सुनकर विराट सूत से कहते है कि मेरा रथ शीघ्र ले आओ, श्रद्धेय भीष्म रण के अतिथि के रूप में आयें हैं, अपने बाणों से उन्हें मैं आज प्रसन्न करूँगा, जीत पाऊँगा यह मनोरथ करना अनुचित है। विराट रथ सजाने को कहते हैं परन्तु उन्हें पता चलता है कि रथ पर सवार होकर राजकुमार उत्तर शत्रु सैन्य को विफल करने के लिए चले गये हैं। उन्हें यह भी बताया जाता है कि उत्तर ने रथ का सारथि बृहन्नला को बनाया है। यह सुनकर राजा आश्चर्य चकित एवं चिन्तित होते हैं, पर भगवान् उन्हें ढाढस बँधाते हुए कहते हैं कि महाराज, घबड़ाने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें यह भी सूचित किया जाता है कि उत्तर का रथ युद्ध मैदान छोड़कर श्मशान की ओर चला गया है। पुनः भट आकर विराट को बताया है कि कुमार उत्तर का रथ श्मशान से लौट कर युद्ध मैदान में आ गया। उसने अपने बाणों के प्रहार से सभी विपक्षियों को पराङ्मुख कर दिया। समाचार लाने वाले का कहना है कि द्रोणाचार्य ने यह उसी धनुष की टंकार है ऐसा समझकर लड़ना छोड़ दिया। भीष्म ने ध्वजा में लगे नामों को देखकर प्रहार करना छोड़ दिया। बाणों के प्रहार से कर्ण पराभूत हो रहे हैं, दूसरे नृप गण यह क्या हो गया ऐसा सोचकर चकरा रहे हैं केवल अभिमन्यु निर्भय भाव से लड़ता जा रहा है। इसके पश्चात् भट सूचना देता है कि गोहरण में अपनी विजय हुई। धार्तराष्ट्र परास्त होकर भाग गये।

विराट बृहन्नला बने अर्जुन को सभा में बुलाते हैं। और युद्ध का विस्तृत समाचार पूछते हैं। बृहन्नला कहना ही चाहती है कि उसी समय भट आकर यह समाचार देता है कि अभिमन्यु युद्ध में बन्दी बना लिया गया। अभिमन्यु को पकड़ने वाला वही है जिसे

राजा ने पाकशाला में नियुक्त किया। यह समाचार सुनकर राजा बृहन्नला से अभिमन्यु को बुलाने के लिए भेजते हैं। भीम तथा बृहन्नला अभिमन्यु को चिढ़ाते हैं। अभिमन्यु वीर क्षत्रिय कुमार के समान भीम तथा बृहन्नला के बातों का उत्तर देता है। अभिमन्यु निर्भीकता पूर्वक राजा विराट से बात करता है और कहता है कि यदि आप लोगो ने मुझे बाहु बल से पकड़ लिया है तो मेरे मध्यम तात भीम मुझे हाथों से ही छुड़ा ले जायेंगे।

इसी समय कुमार उत्तर वहाँ उपस्थित होता है और कहता है कि आज के युद्ध में विजय श्री दिलवाने वाले अर्जुन ही बृहन्नला बने हैं। इन्होंने श्मशान से अपना धनुव तथा अक्षय तरकश ले आकर भीष्म आदि नृपतियों को परास्त किया तथा हम लोगों की रक्षा की। वह युद्ध का सारा वृतान्त भी बताता है। अर्जुन कहते हैं कि यदि मैं अर्जुन हूं तो निश्चय रूप से यह भीमसेन तथा वह युधिष्ठिर हैं। युधिष्ठिर यह बताते हैं कि अब अज्ञातवास समाप्त हो चुका है। इन सब बातों से अभिमन्यु को आनन्द के साथ आश्चर्य भी हुआ, उसे अपने पितृवर्गो से मिलकर नितान्त सन्तोष हुआ। सभी लोग परस्पर आपस में मिलते हैं। विराट अपनी पुत्री उत्तरा को अर्जुन को देने का प्रस्ताव करते हैं, परन्तु अर्जुन इस प्रस्ताव को अस्वीकार करते हुए कहते हैं कि मैंने सम्पूर्ण अन्तःपुर को माता समझकर उसकी पूजा की है अतः आपके द्वारा दी गई उत्तरा को मैं पुत्र-अभिमन्यु की स्त्री के रूप में ग्रहण करता हूँ।

अर्जुन के इस प्रस्ताव का सभी अनुमोदन करते हैं। युधिष्ठिर इस प्रस्ताव को पितामह भीष्म के पास कुमार उत्तर के द्वारा भेजते हैं।

तृतीय अङ्क—

सूत आकर यह सूचित करता है कि शत्रुओं ने अभिमन्यु का अपहरण कर लिया। यह समाचार सुनकर द्रोण और भीष्म घबड़ाते हैं, दुर्योधन कहता है कि मैं अभिमन्यु को छुड़ाऊँगा क्योंकि मेरा बैर उसके पिता से है उससे नहीं, पहले वह मेरा लड़का है बाद में पाण्डवों का। शकुनि कहता है कि इसमें चिन्ता करने की बात नहीं, विराट अर्जुन और कृष्ण के भय से

अभिमन्यु को छोड़ देंगे। सूत यह भी बताता है कि कोई पैदल वीर ने आकर रथ को हाथ से पकड़ लिया, घोड़ों ने पूरा जोर लगाया फिर भी रथ खड़ा रहा, वह रथ पर चढ़ गया और अभिमन्यु को अपने कब्जे में कर लिया। यह सुनकर भीष्म कहते हैं यह समझिये कि अभिमन्यु भीम के अंक में पड़ गया है। द्रोण पितामह के बात का अनुमोदन करते हुए भीम के सम्बन्ध में एक घटना का उल्लेख करते हैं कि भीम ने कान तक बाण छोड़ा, मैंने कहा तुम्हारा शिर हिल गया जो बाण चलाने में दोष है, बस झट वह बाण की तरफ दौड़ गया और लक्ष्य तक पहुँचने से पहले ही उसने अपने छोड़े गये बाण को पकड़ लिया। शकुनि इस बात का विरोध करता हुआ कहता है कि संसार में कोई दूसरा बलवान् नहीं है केवल पाण्डव ही आपको बलवान् दिखाई पड़ते हैं। उसी समय सूत आकर यह सूचित करता है कि जिस बाण ने आपकी ध्वजा को विद्ध किया है उसपर किसी का नाम अंकित है। बाण मंगाया जाता है। शकुनि बाण पर अर्जुन का नाम पढ़कर फेंकता है जो द्रोण के पैरों पर गिरता है। द्रोण बाण लेकर कहते हैं कि शिष्य अर्जुन ने बाण भीष्म को प्रणाम करने के लिए चलाया था और यह बाण क्रमशः मुझे प्रणाम करने के लिए मेरे पैरों पर आ पड़ा। शकुनि कहता है कि बाण पर विश्वास नहीं करना चाहिए और यह अर्जुन नामधारी कोई दूसरा योद्धा होगा। दुर्योधन कहता है कि मैं राज्य का आधा भाग तभी दूंगा, जब युधिष्ठिर को लाकर दिखादेंगे।

इसी समय दूत रूप में विराटनगर के राजकुमार उत्तर आते हैं, आचार्य पितामह प्रभृति राजगण को प्रणाम करने के बाद बताते हैं कि मुझे युधिष्ठिर ने भेजा है और कहा है कि 'उत्तरा मुझे पुत्रवधू के रूप में प्राप्त हुई है। मैं आपलोगों की प्रतीक्षा कर रहा हूं, विवाह यहाँ हो या वहाँ इसका आपलोग निर्णय करें।' शकुनि झट उत्तर देता है कि नहीं। द्रोणाचार्य कहते हैं कि पञ्चरात्र के भीतर पाण्डवों का पता लग गया, इसलिए धर्मपूर्वक देने को स्वीकार की गई गुरुदक्षिणा धर्मपूर्वक ही दे दी जाय। दुर्योधन अपनी प्रतिज्ञा को पुरा करता है और घोषणा करता

है कि पाण्डवों को आधा राज्य दिया, और कहता है कि सत्य के कारण लोग मरने के बाद भी यशःशरीर से जीवित रहते हैं। द्रोण ने अपनी प्रसन्नता प्रकट की।

नाटक के प्रमुख पात्रों का चरित्र चित्रण

दुर्योधन—नाटक में सर्व प्रधान व्यक्ति दुर्योधन है नाटक की सम्पूर्ण कथा तथा संपूर्ण क्रिया-कलाप उसी की ओर उन्मुख हैं। उसके द्वारा यज्ञानुष्ठान कराये जाने का वर्णन है जिसकी प्रशंसा सभी ने की है। यज्ञ का सफलतापूर्वक पूर्णाहुति तथा उसमें देश-देशान्तर के सभी राजाओं का उपस्थित होना तथा उनके द्वारा दुर्योधन कर देना आदि सम्पूर्ण कार्य उसके शौर्य—पराक्रम को प्रकट करते हैं। वह यज्ञ के होम धूमों से देवताओं का तथा प्रभूत मात्रा में दक्षिणाओं से ब्राह्मणों को तृप्त करता है। यज्ञ की सफलता से उसे इतना आत्मसंतोष हुआ कि वह इसी देह से स्वर्गसुख का अनुभव करने लगा और मरने के बाद स्वर्ग सुख को काल्पनिक कहता है।

दुर्योधन का गुरु चरणों में अटूट प्रेम है। वह गुरु द्रोण से गुरु दक्षिणा मांगने के लिए बार-बार कहता है। जब गुरु द्रोण दक्षिणा रूप में पाण्डवों का आधा राज्य देने को कहते हैं तो थोड़े समय के लिए वह विचलित होता है और मंत्रणा करने के लिए समय माँगता है, परन्तु शकुनि के बार-बार समझाने पर भी वह अपने दिये गये वचन से मुकरना नहीं चाहता है। वह कहता है कि गुरु देव के हाथ में संकल्प के लिए जल छोड़ दिया है और कुल वृद्धों के सामने मैंने वचन दिया है। इसलिए मैं गुरु-दक्षिणा को पूरा करूंगा चाहे गुरु देव ने वञ्चना क्यों न की हो।

गुरुकरतलमध्ये तोयमावर्जितं मे
श्रुतमिह कुलवृद्धैर्यत् प्रमाणं पृथिव्याम्।
तदिदमपनयो वा वञ्चना वा यथा वा
भवतु नृप! जलं तत् सत्यमिच्छामि कर्तुम्॥ १।४७

दुर्योधन स्वाभिमानी है। जब गुरु द्रोण कहते हैं कि यदि पाण्डवों का राज्य नहीं लौटाया जायेगा तो वे बलपूर्वक ले लेंगे तो यह सुनकर दुर्योधन काफी उत्तेजित हो जाता है और कहता है कि द्रौपदी के केश-कर्षण के समय उन्होंने अपना पराक्रम क्यों नहीं प्रदर्शित किया।

पाण्डवों का प्रबल शत्रु होते हुए भी उनके पुत्र अभिमन्यु से प्रेम करता हैं। जब उसे ज्ञात होता है कि विराट के गोधनहरण के समय अभिमन्यु बन्दी बना लिया गया तो वह कहता है कि मैं अभिमन्यु को शीघ्र छुड़ाऊँगा क्योंकि पहले वह मेरा पुत्र है बाद में पाण्डवों का—

मम हि पितृभिरस्य प्रस्तुतो ज्ञाति भेद-
स्तदिह मयि तु दोषो वक्तृभिः पातनीयः।
अथ च मम स पुत्रः पाण्डवानां तु पश्चात्
सति च कुलविरोधे नापराध्यन्ति बालाः ॥ ३।४

दुर्योधन अपनी बात पर दृढ़ रहता है, जब उसे शर्त के अनुसार पाँच रात के भीतर ही पाण्डवों का पता लग जाता है तो वह उन्हें आधा राज्य लौटाने को सहर्ष तैयार हो जाता है, वह कहता है कि मरने के बाद व्यक्ति सत्य के सहारे बहुत दिन तक जीवित रहता है।

बाढं दत्तं मया राज्यं पाण्डवेभ्यो यथा पुरम्।
मृतेऽपि हि नराः सर्वे सत्ये तिष्ठन्ति तिष्ठति ॥ ३।२५

संक्षेप में कहा जा सकता है कि नाटककार ने दुर्योधन का चरित्र अत्यन्त उदात्त प्रस्तुत किया है।

द्रोणाचार्य—गुरु द्रोण अत्यन्त शिष्यवत्सल आचार्य हैं उन्हें अपने लिए कोई कामना नहीं है, दुर्योधन के द्वारा पाण्डवों का राज्यहरण कर निष्कासन कर देना उनके हृदय में हमेंशा सालता रहता है। जब दुर्योधन गुरु दक्षिणा माँगने की बात करता है तो वह दक्षिणा के रूप में पाण्डवों का आधा राज्य लौटा देने की बात कहते हैं। और इस कार्य के निमित्त शकुनि जैसे शठ व्यक्ति को भी अनुकूल बनाने का प्रयास करते हैं।

ब्राह्मण होते हुए भी द्रोणाचार्य एक ख्याति प्राप्त योद्धा थे। दुर्योधन उन्हें धर्म तथा धनुष दोनों का आचार्य कहता है। उनके युद्धविद्याविशारद का परिचय तब मिलता है जब भीष्म द्रोण के सम्बन्ध में कहते है—

'ममायुधं वृत्तिरं पहृवस्तव'

द्रोणाचार्य के शिष्य वत्सलता तथा उदारता का परिचय हमें देखने को मिलता है जब दुर्योधन आधा राज्य पाण्डवों को देने की घोषणा करता है

तब वे कहते हैं कि दोनों वंश के पारस्परिक कलह शान्त हो जाने हम सभी प्रसन्न है और सम्पूर्ण पृथ्वी हमारे राजसिंह का पालन करे—

हन्त सर्वे प्रसन्नाः स्मः प्रवृद्धः कुलसंग्रहः ।
इमामपि महीं कृत्स्नां राजसिंहः प्रशास्तु नः ॥ ३।२६

संक्षेप में कहा जा सकता है कि द्रोण निस्पृह, उदात्तमना तथा शिष्यवत्सल आचार्य है ।

भीष्म—भीष्म का चरित्र अत्यन्त प्रशस्त रूप में प्रदर्शित किया गया है । वे पाण्डवों के लिए हार्दिक सहानुभूति रखते थे । वे हमेशा न्याय संगत बात ही करते थे । दुर्योधन को हमेशा हितकारी सुझाव देते थे तथा उसे यह भी बताते थे कि शकुनि मित्र के रूप में तुम्हारा शत्रु है इसके ऊपर विश्वास नहीं करना चाहिए । उनके चरित्र में विनय तथा शिष्टाचार की भावना कूट-कूट कर भरी हुई है तथा वे धर्म की प्रतिमूर्ति ही है । इसके साथ ही वह नीतिवान भी है । जहाँ उन्होंने सुना कि कीचक का बिना शस्त्र के वध हुआ तब वे समझ गये कि यह कार्य भीम के बिना दूसरे से सम्भव नहीं है और वे द्रोणाचार्य से कहते हैं कि दुर्योधन की पाँच रात वाली शर्त स्वीकार कर ले और इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए दुर्योधन को यह सलाह देते हैं कि विराट का गोधन हरण किया जाय । उनके इस मन्तव्य को न तो दुर्योधन और न ही शकुनि समझ पाता है । उनकी नीति कुशलता तब और अधिक प्रदर्शित होती है जब वे शकुनि से कहते हैं कि बुढ़ापे के कारण मेरी आँखें शिथिल हो गयी हैं कृपया आप इस बाण पर खुदे नाम को पढ़े 'वत्स !. गान्धारराज ! । जराशिथिलं में चक्षुः । वाच्यतामयं शरः ।

कर्ण—कर्ण का चरित्र इस नाटक में बहुत कम आया है परन्तु उसके चरित्राङ्कन में नाटककार ने पूरी सावधानी बरती है । वह विनयशील, कर्म में विश्वास करनेवाला तथा वीरतापूर्ण पौरुष वाला व्यक्ति है । उसकी दानशीलता तथा वीरता तब झलकती है जब वह कहता है कि जो क्षत्रिय अपने पुत्र के लिए धन संचय करता है वह ठगा जाता है, राजा को सम्पूर्ण धन ब्राह्मणों को देकर पुत्रों के लिए केवल चाप रख छोड़ना चाहिए—

बाणाधीना क्षत्रियाणां समृद्धिः पुत्रापेक्षी वञ्चयते सन्निधाता ।
त्रिप्रोत्सङ्गे वित्तमावर्ज्य सर्वं राज्ञा देयं चापमात्रं सुतेभ्यः ॥ १।२५

कर्ण कहता है कि धन और देह दोनों नश्वर हैं। संसार में केवल यश शेष रहता है—

इक्ष्वाकु–शर्य्याति-ययाति-राम-मान्धातृ-नाभाग-नृगाम्बरीषाः ।
एते सकोशाः पुरुषाः सराष्ट्रा नष्टाः शरीरैः क्रतुभिर्धरन्ते ॥ १।२५

कर्ण गलत बात का कभी समर्थन नहीं करता, जब दुर्योधन पाण्डवों के राज्य लौटाने के सम्बन्ध में उससे राय पूछते हैं तो वह कहता है कि राम ने जिस सौभ्रात्र का अनुभव और पालन किया उसका निषेध में नहीं करता परन्तु युद्ध छिड़ने पर हम आपकी सहायता करेंगे—

रामेण भुक्तां परिपालितां च सुभ्रातृतां न प्रतिषेधयामि ।
क्षमाक्षमत्वे तु भवान् प्रमाणं सङ्ग्रामकालेषु वयं सहायाः ॥

कर्ण की वीरता उस समय स्पष्ट झलकती है जब उसे ज्ञात होता है कि युद्ध में अभिमन्यु बन्दी बना लिया गया, तो वह कहता है कि आपके प्रिय कार्य को करने में वह बन्दी बनाया गया और हम उसे बचा नहीं सके ऐसी स्थिति में हमको धनुष छोड़ कर वल्कल वस्त्र धारण कर लेना चाहिए—

मा तावत् स्वजनभयात् तु बालभावाद्
        व्यापन्नः समरमुखे तव प्रियार्थम् ।
अस्माभिर्न च परिरक्षितोऽभिमन्यु-
        र्गृह्यन्तां धनुरपनीय वल्कलानि ॥ ३।५

शकुनि—इसके चरित्र में छल, कपट, प्रवञ्चना आदि की भावना कूट-कूट कर भरी हुई है। पाण्डवों से वह हमेशा जला करता है, इसीलिए जब दुर्योधन गुरुदक्षिणा के रूप में पाण्डवों का राज्य लौटाने की बात कहता है तो वह उसका विरोध करते हुए दुयर्धोन को यह समझाता है कि गुरु तुम्हें ठग रहे हैं। दुर्योधन को मन्त्रणा के समय भी वह यही सुझाव देता है कि उनका राज्य मत लौटाओ, पञ्चरात्र की शर्त भी वही रखता है। जब अर्जुन के नाम अक्षरों से अंकित बाण मिलता है तो वह ईर्ष्यावश कहता है कि कोई दूसरा अर्जुन होगा। अभिमन्यु को जब विराटनगर

बन्दी बनाए जाने का समाचार दुर्योधन को ज्ञात होता है तो वह उसे छुड़ाने के लिए उद्विग्नता प्रकट करता है। उस समय शकुनि कहता हैं कि विराट अभिमन्यु को अर्जुन, कृष्ण या बलराम के भय से छोड़ देगा। उसे छुड़ाने की आवश्यकता नहीं। इन सारी दुष्टताओं के साथ-साथ उसे पाण्डवों के बल-पौरुष का भी ज्ञान है। जब दुर्योधन उससे पूछता है कि कोई ऐसा राज्य बताओ जो पाण्डवों को दिया जाय तो वह कहता है कि कोई ऐसा देश नहीं है और पार्थ से बढ़कर कोई बलवान नहीं है। जहाँ युधिष्ठिर राजा होंगे वहाँ तो ऊसर भी उपजाऊ हो जायेगा—

> शून्यमित्यभिधास्यामि कः पार्थाद् बलवत्तरः।
> ऊषरेऽष्वपि सस्यं स्यात् यत्र राजा युधिष्ठिरः॥ १.४६

युधिष्ठिर— युधिष्ठिर धर्म की प्रतिमूर्ति, प्रतिज्ञापरायण तथा मर्यादा के प्रबल पोषक हैं। कौरवों ने उनके साथ बहुत बुरा व्यवहार किया परन्तु फिर भी उनके मन में कौरवों के प्रति कोई बुरी भावना नहीं है तथा वे उनसे बहुत प्रेम करते हैं। जब दुर्योधन की सेना विराट के ऊपर आक्रमण करती है तो उन्हें दुःख होता है, और दुर्योधन के अपराध को अपना अपराध समझकर खेद के स्वर में कहते हैं—

> एकोदकत्वं खलु नाम लोके मनस्विनां कम्पयते मनांसि।
> वैरप्रियैस्तैर्हि कृतेऽपराधे यत्सत्यमस्माभिरिवापराद्धम्॥ २.९

उनकी महानता के सम्बन्ध में शकुनि कहता है कि जहाँ युधिष्ठिर राजा होंगे वहाँ ऊसर भी उपजाऊ हो जायेगा—

> 'ऊषरेऽष्वपि सस्यं स्याद् यत्र राजा युधिष्ठिरः'। १।४६

युधिष्ठिर के सम्बन्ध में विराट कहता है—

'यदि शक्तोऽपि युधिष्ठिरो मर्षयति, नाहं मर्षयामि'।

(द्वि० अङ्क)

अर्थात् कौरवों के दुष्टतापूर्ण कार्य को समर्थ होकर युधिष्ठिर ही सह सकते हैं मैं नहीं सहूँगा।

वे भगवान् के नाम से विराट के यहा अज्ञातवास व्यतीत करते समय भी अपने स्वरूप की रक्षा करते हैं और कभी भी अपने प्रति सन्देह नहीं होने देते।

जब विराट ने उत्तरा के साथ अर्जुन के विवाह का प्रस्ताव रखा तब युधिष्ठिर सोचते हैं कि कहीं अर्जुन उत्तरा के प्रेम के कारण यह बात स्वीकार कर ले तो यह बात लज्जा की है । वे कहते हैं —

एतदवनतं शिरः ।

इस प्रकार हम देखते हैं कि युधिष्ठिर का चरित्र अत्यन्त ही उदात्त रूप में प्रदर्शित किया गया है ।

अर्जुन—अर्जुन का चरित्र एक वीर पुरुष के रूप में प्रस्तुत किया है, बृहन्नला के रूप में कुमार उत्तर का सारथी होना तथा युद्ध के मैदान में पितामह भीष्म तथा गुरु द्रोण समेत समस्त कौरव सेना को परास्त करना उनकी वीरता का परिचायक है । इतना होते हुए भी उन्हें अभिमान नहीं है । युद्ध का सारा श्रेय स्वयं न लेकर कुमार उत्तर को देते हैं ।

पाण्डवों का महान् निन्दक शकुनि भी कहता है कि पार्थ से बढ़कर कोई बलवान् नहीं है ...

'कः पार्थाद् बलवत्तरः' ।

अर्जुन के चरित्र की प्राञ्जलता उस समय चरमोत्कर्ष को प्राप्त कर लेती है जब विराट ने पारितोषिक के रूप में उसे उत्तरा को देने की बात कही । तब वे कहते हैं -

इष्टमन्तःपुरं सर्वं मातृवत् पूजितं मया ।
उत्तरैषा त्वया दत्ता पुत्रार्थे प्रतिगृह्यते ॥ ३।७१

भीम—भीम एक वीर योद्धा है । उनकी भुजाओं में बहुत शक्ति है । वे इतने बाहुबली हैं कि उन्होंने बिना अस्त्र-शस्त्र के प्रयोग के सौ भाई कीचकों को मार दिया । उसकी द्रुतगामिता के सम्बन्ध में एक घटना का उल्लेख करते हुए गुरु द्रोण कहते हैं —

कर्णायते तेन शरे विमुक्ते विकम्पितं तस्य शिरो मयोक्तम् ।
गत्वा तदा तेन च वाणतुल्यमप्राप्तलक्ष्यः स शरो गृहीतः ॥

भीष्म भी उसकी बहादुरी का वर्णन करते हुए कहते हैं कि जिस समय

द्रौपदी को सभा में अपमानित किया गया उसी समय वह सभा के स्तम्भों से प्रहार करना चाह रहा था परन्तु युधिष्ठिर ने उसे रोक लिया—

येन भीष्मः सभास्तम्भं तोलयन्नेव वारितः।
यद्येकस्मिन् विमुक्तः स्यान्नास्माच्छकुनिराक्षिपेत् ॥ १।३८

भीम द्रौपदी से बहुत प्रेम करता है। जब अभिमन्यु को वन्दी बनाये जाने पर अर्जुन अपनी नाराजगी प्रकट करते हैं तो वह कहता है—

जानाम्येतान् निग्रहादस्य दोषान् को वा पुत्रं मर्षयेच्छत्रुहस्ते।
इष्टापत्त्या किन्तु दुःखे हि मग्ना पश्यत्वेनं द्रौपदीत्याहृतोऽयम् ॥
२।४६

अभिमन्यु को पकड़े जाने से होनेवाले दोषों को जानते हुए भी उसने यह कार्य केवल दुःख में पड़ी द्रौपदी के पुत्र दर्शन के लिए किया।

अभिमन्यु—अभिमन्यु अपने पिता के समान ही वीर तथा उत्साहसम्पन्न बालक है। युद्ध के मैदान में निर्भय होकर युद्ध करता है—

'भयेऽप्येको बाल्यान्न भयमभिमन्युर्गणयति' (द्वि० अंक)

अर्जुन युद्ध में अभिमन्यु का कौशल देखकर उसकी वीरता के सम्बन्ध में कहते हैं—

'सदृश इह तु तेन नास्ति कश्चित् क इह भवेन्निहतेषु कीचकेषु।'
(द्वि० अंक)

अभिमन्यु से जब अर्जुन पूछते हैं कि तुम निहत्थे आदमी के द्वारा कैसे पकड़े गये तो वह कहता है कि निःशस्त्र होकर ये मेरे सामने गये इसलिए मैं पकड़ा गया क्योंकि पिता अर्जुन को स्मरण कर निहत्थे पर कौन प्रहार करे—

अशस्त्रो मामभिगतस्ततोऽस्मि ग्रहणं गतः।
न्यस्तशस्त्रं हि को हन्यादर्जुनं पितरं स्मरन् ॥ २।५२

उसकी वीरता के सम्बन्ध में अर्जुन के द्वारा चिढ़ाये जाने पर उसका पौरुष उबल पड़ता है और वह कहता है कि मेरे कुल में ऐसी परम्परा नहीं है कि स्वयं अपनी प्रशंसा करें, यदि आपको देखना है तो मरे हुए सैनिकों के शरीर को देखिये, वाणों पर दूसरा नाम नहीं पाइयेगा—

अलमात्मस्तवं कर्तुं नास्माकमुचितं कुले।
हतेषु हि शरान् पश्य नाम नान्यद् भविष्यति ॥ २।५०

मुञ्चेदिति अयम् अर्जुनपुत्रः। इति अवगतः—प्रतीतः सन् राजा विराटः स्वयं—आत्मना। मुञ्चेत्=अभिमन्युं बन्धनमुक्तं कुर्यादित्यर्थः। अद्य रणाजिरात्=युद्धक्षेत्रात्; अविजितम्=पराजित्य गृहीतम् अभिमन्युं। दामोदरं=वासुदेवं श्रीकृष्णम्; स्मृत्वा=ध्यात्वा मुञ्चेत् त्यजेत्; वा=अथवा क्रोधोद्धूतहलात् कोपकम्पितहलप्रहरणात्; प्रलम्बमथनात्=बलभद्रात् भीतेन=भयं प्राप्तेन विराटेन सः=अभिमन्युः स्वयम्=आत्मनैव मुच्येत=मुक्तो भवेत ; अथवा बलमहान्=महाबलः भीमः। ऊर्जितान्=बलदर्पितान्; रिपून्=विराटादीन् शत्रून्; हत्वा एनम्=अभिमन्युम्; इह आनयेत्। अतस्तन्मोचनार्थं चिन्ता वृथेति शकुनेरभिप्रायः। शार्दूलविक्रीडितं वृत्तम् ॥ ६ ॥

शकुनि—अभिमन्यु के बहुत से रक्षक हैं, उसे छूटा ही समझिये। क्योंकि —

'यह अर्जुन का पुत्र है' ऐसा समझकर विराट उसे स्वयं छोड़ देंगे। दामोदर को याद कर युद्धस्थल से हराकर लाये गये अभिमन्यु को वे स्वयं छोड़ देंगे अथवा कोप से हल घुमाने वाले बलभद्र के डर से वे उसे छोड़ देंगे, अथवा महाबली भीमसेन गर्वित शत्रुओं को मार कर उसे यहाँ ले आवेंगे ॥ ६ ॥

द्रोणः—सूत ! कथय । कथमिदानीं गृहीतः ।

पर्यस्तोऽस्य रथो हया नु चपलाश्चक्राक्षमा मेदिनी
तूणी क्षीणशरे त्वमस्य विगुणो ज्याच्छेदवन्ध्यं धनुः ।
एता दैवकृता भवन्ति रथिनां युद्धाश्रया व्यापदो
बाणैरप्यवकृष्यते खलु परैः स्वाधीनशिक्षस्तु सः ॥ ७ ॥

द्रोणाचार्यः रथिनां ग्रहणे तत्तत्कारणान्युपपाद्य एतेषु कारणेषु किं कारणं येनाभिमन्युर्गृहीत इति सूतं पृच्छति—

अन्वयः—हयाः चपलाः तेन—अस्य रथः पर्यस्तः नु । मेदिनी चक्राक्षमा नु । तूणी क्षीणशरे नु । किं त्वं सूतः विगुणः असि । किं धनुः ज्याच्छेदवन्ध्यम् । एताः (पूर्वोक्ताः) रथिनां युद्धाश्रयाः दैवकृताः व्यापदः । परैः बाणैः अपि अवकृष्यते (किन्तु) स्वाधीनशिक्षः सः ॥ ७ ॥

पर्यस्त इति—हयाः—अश्वाः; चपलाः—चञ्चलाः; तेन अस्य=अभिमन्योः; रथः=स्यन्दनः; पर्यस्तः=पतितः; नु=किम्; मेदिनी=तत्रत्या भूमिः; चक्राक्षमा=रथचक्रभ्रमणानर्हा; नु=किम्! तूणी=तूणीरे; क्षीणशरे=बाणशून्ये; नु=किम्! किं त्वं=सूतः विगुणः=रथसञ्चारणानर्हः जातः; किं धनुः ज्याच्छेदवन्ध्यम्=मौर्वीत्रुटनात् विफलम्; जातमिति शेषः; एताः=पूर्वोक्ताः; रथिनाम्=योधानाम्; युद्धाश्रयाः=रणकृताः; दैवकृताः=भाग्यप्रापिताः; व्यापदः=विपत्तयः; भवन्ति; स्वाधीनशिक्षः=यथेच्छाचरणक्षमयुद्धाभ्यासशीलः; सः=अभिमन्युः; परैः बाणैः अपि अव-

---

द्रोण—सूत ! कहो कहो । वह पकड़ा कैसे गया ?

क्या उसका रथ उलट गया ? या घोड़े भड़क उठे ? अथवा पृथ्वी रथ सञ्चार के योग्य नहीं थी ? अथवा तरकस के बाण समाप्त हो गये ? अथवा तुमने प्रतिकूलता प्रकट की । अथवा प्रत्यञ्चा के टूट जाने से धनुष बेकार हो गया । युद्धक्षेत्र में रथियों के निग्रह में इतने ही दैवकृत कारण होते हैं । हाँ शत्रु लोग बाणों से खींच कर भी किसी-किसी को पकड़ लेते हैं परन्तु अभिमन्यु तो धनुर्विद्या में बहुत निपुण है ॥ ७ ॥

सूत:— आयुष्मन् ! पुरुषमयो धनुर्वेदः । किमायुष्मता न ज्ञायते ।

न चापि दोषा भवताभिभाषिताः
स चापि बाणौघमयो महारथः ।
अलातचक्रप्रतिमस्तु मे रथो
गृहीत एवाऽऽपतता पदातिना ॥ ८ ॥

कृष्यते—गृह्यते; यदि पूर्वोक्तासु व्यापत्तिषु कापि व्यापत्तिर्न घटिता स्यात्तदायुद्धे तं परैः बाणैरपि ग्रहीतुमीशीरन् किम् इति भावः ॥ ७ ॥

पुरुषमयः — पुरुषमूर्त्तिः ; आयुष्मता—अभिमन्युना ; अभिमन्यु: सर्वमपि जानातीत्यर्थः ।

भवत्कथितेषु दोषेषु अविद्यमानेष्वपि । तत्कृतबाणवृष्टिषु सत्स्वपि । मयि चालातचक्रवद्रथचालनपरेऽपि केनचित्पदातिना स गृहीत इत्याह सूतः—

अन्वयः- भवताभिभाषिता दोषा च न । स च महारथः बाणौघमयः अपि अलातचक्रप्रतिमः मे रथः अपि आपतता पदातिना स गृहीत ॥ ८ ॥

न चापीति—भवता=द्रोणेन ; अभिभाषिताः=उक्ताः ; दोषाः रथपतनादयः ; च न आसन्निति शेषः ; स च महारथः=युद्धवीरो अभिमन्युः बाणौघमयः=सततबाणराशिवर्षी ; अपि ; अलातचक्रप्रतिमः—भ्रमदग्निपिण्डतुल्यः ; मे=मम ; रथः ; अपि आपतता—तत्काले सम्मुखमागच्छता; पदातिना=पादचारेण केनापि स गृहीतः । वंशस्थवृत्तम् ।

कथं पदातिना तादृशवीराध्युषितरथावस्कन्दनं पदातिना केनचित् कथं कृतमिति सर्वेषामाशयः ।

सूत—आयुष्मन् ! अभिमन्यु तो साक्षात् पुरुषरूपधारी धनुर्वेद ही है क्या आप यह नहीं जानते ।

उसके पकड़े जाने में आपके द्वारा बताये गये दोषों में कोई दोष नहीं था उस समय अभिमन्यु महारथ पर चढ़ कर बाण की वृष्टि भी कर रहा था मेरा रथ अलातचक्र की तरह अप्रतिहत घूम भी रहा था फिर भी किसी वीर ने पदल ही आकर उस रथ को पकड़ लिया ॥ ८ ॥

सर्वे – कथं पदातिनेति ?

द्रोणः– अथ कीदृशः पदातिः ।

सूतः—किमभिधास्यामि रूपं वा पराक्रमं वा ?

भीष्मः -रूपेण स्त्रियः कथ्यन्ते । पराक्रमेण तु पुरुषाः । तत् पराक्रमोऽस्याभिधीयताम् ।

सूतः—आयुष्मन् !

दुर्योधनः—

किमर्थं स्तूयते कोऽपि भवता गर्विताक्षरैः ।
कथ्यतां नास्ति मे त्रासो यद्येष पवनो जवे ॥ ९ ॥

कथमिति गृहीतुः पदातिनस्तस्य रूपं कथयामि पराक्रमं वा कथयामीति भावः स्त्रियः कथ्यन्ते—स्त्रीणां रूपं वर्ण्यते पुरुषाणां पराक्रमो वर्ण्यते तत्तस्य पराक्रम एव प्रकाश्यतां येन तथा पराक्रान्तमिति भावः ॥ ८ ॥

इदानीं दुर्योधनस्तस्य पदातिनः पराक्रमं सोढुमशक्तः सारथिं प्रत्याह—

अन्वयः—भवता गर्विताक्षरैः कोऽपि किमर्थं स्तूयते । यदि एषः जवे पवनः सः अपि कथ्यतां । मे त्रासः नास्ति ॥ ९ ॥

किमर्थमिति—भवता = सूतेन ; गर्विताक्षरैः = प्रौढवचनैः कोऽपि किम-

सभी—क्या पैदल ने ?

द्रोण—अच्छा बताओ वह पैदल योद्धा कैसा था ?

सूत -मैं उसका रूप बताऊँ या पराक्रम ?

भीष्म—स्त्रियों के रूप का वर्णन किया जाता है और पुरुषों के पराक्रम का वर्णन किया जाता है, इसलिये उसका पराक्रम कहिये ।

सूत—आयुष्मन् !

दुर्योधन—साभिमान पूर्ण शब्दों में किसी की स्तुति क्यों करते हैं ? मुझे किसी का भय तो है नहीं अतः यदि वेग में वे पवन ही क्यों न हों उसे भी साफ-साफ शब्दों में कहिये ॥ ९ ॥

सूतः—श्रोतुमर्हति महाराजः । तेन खलु,

लङ्घयित्वा जवेनाश्वान् न्यस्तश्चापस्करे करः ।
प्रसारितहयग्रीवो निष्कम्पश्च रथः स्थितः ॥ १० ॥

भीष्मः—तेन हि न्यस्यन्तामायुधानि ।

सर्वे—किमर्थम् ?

र्थम्=किं प्रयोजनमभिप्रेत्य ; स्तूयते=प्रशस्यते ; मां भीषयितुं स्तौति केवलं तथा कृत्वा यदि एष=भवता कथ्यमानः ; जवे=वेगे ; पवनः=वायुः अपि स्यात्तथापि मे=मम ; त्रासो नास्ति ॥ ९ ॥

इदानीमभिमन्युहरणप्रकारमाह सूतः—

अन्वयः—तेन जवेन अश्वान् लङ्घयित्वा अपस्करे करः न्यस्तः प्रसारितहयग्रीवः रथः निष्कम्पः स्थितः ॥ १० ॥

लङ्घयित्वेति—(तेन=पदातिना) जवेन=वेगेन ; अश्वान्=रथ्यान् ; लंघयित्वा=अतिक्रम्य ; अपस्करे=योधासनस्थाने रथावयवे करः=निजहस्तः ; न्यस्तः=स्थापितः ; प्रसारितहयग्रीवः=स्वभारेणाश्वानां ग्रीवां प्रसारयन् च रथः ; निष्कम्पः=अचलः ; स्थितः ; रथारूढे तस्मिन्पदातौ तद्भाराक्रान्तरथवहने अश्वैः स्वग्रीवा प्रसारिता रथश्चाचलो जात इत्यर्थः ॥ १० ॥

सूत—सुनिये महाराज ! उस पदाति ने बड़ी तेजी के साथ घोड़ों का अतिक्रमण कर रथ को पकड़ लिया । घोड़ों ने अपनी गर्दन लम्बी कर पूरा जोर लगाया भी पर रथ टस से मस न हुआ । जहाँ का तहाँ खड़ा रहा ॥ १० ॥

भीष्म—तब अस्त्र रख दिया जाय ।

सभी—क्यों रख दिया जाय ?

भीष्मः—

हृतप्रवेगो यदि बाहुना रथो
वृकोदरस्याङ्कगतः स चिन्त्यताम् ।
पुरा हि तेन द्रुपदात्मजां हरन्
पदातिनैवावजितो जयद्रथः ॥ ११ ॥

द्रोणः—सम्यगाह गाङ्गेयः । बाल्योपदेशात् प्रभृत्यहं तस्य जवमवगच्छामि । इष्वस्त्रशालायां हि,

---

इदानीमभिमन्युहर्तारं भीममनुमाय तं जेतुं नास्ति कोऽपि समर्थः अतः आयुधानि न्यस्यन्तामिति भीष्मः आदिशति—

अन्वयः—यदि बाहुना रथः हृतप्रवेगः (तदा) सः वृकोदरस्य अङ्कगत इति चिन्त्यताम् । हि तेन पुरा द्रुपदात्मजां हरन् जयद्रथः पदातिना एव अवजितः ॥ ११ ॥

हृतप्रवेग इति—यदि बाहुना=एकेन भुजेन । रथः हृतप्रवेगः=निरुद्धवेगप्रकर्षः ; कृतः तर्हि सः=अभिमन्युः ; भीमस्य अङ्कगतः=क्रोडस्थित इति चिन्त्यताम्=विभाव्यताम् ; यदि एकभुजास्तम्भितोऽचलो रथो जातस्तदा भीमादपरोऽभिमन्युहरो जनो न भवितुमर्हति तस्यैतादृशं कर्मास्माभिः पूर्वमपि दृष्टमित्याह—पुरा हीति हि तेन=पदातिना पुरा; द्रुपदात्मजां=द्रौपदीमाहरन्=रथमारोप्य नयन् जयद्रथः ; अवजितः=रथादुत्थाप्यानीतः ; तदलं तस्य मोक्षणचिन्तयेति भीष्माभिप्रायः ॥ ११ ॥

गाङ्गेयः=भीष्मः ; बाल्योपदेशात्=बाल्यावस्थायां शिक्षणात् ; इष्वस्त्रशालायाम्=बाणाभ्यासशालायाम् ।

भीष्म—यदि हाथ के द्वारा रथ रोक दिया गया तो समझिये कि अभिमन्यु भीम के अङ्क में पड़ गया है । पूर्वकाल में द्रौपदीहरण करते समय उसी भीम ने जयद्रथ को पैदल ही जीत लिया था ॥ ११ ॥

द्रोण—भीष्म ठीक कह रहे हैं । पढ़ने के समय से ही मैं उसके वेग को जानता हूँ । जब बाणशिक्षा वाले विद्यालय में उसने—

कर्णायते तेन शरे विमुक्ते
विकम्पितं तस्य शिरो मयोक्तम् ।
गत्वा तदा तेन च बाणतुल्य-
मप्राप्तलक्षः स शरो गृहीतः ।। १२ ।।

शकुनिः— अहो हास्यमभिधानम् । भोः ! पृच्छामि तावद् भवन्तम् ।

नास्त्यन्यो बलवाँल्लोके सर्वमिष्टेषु कथ्यते ।
जगद्व्याप्तान् भवन्तः किं सर्वे पश्यन्ति पाण्डवान् ।। १३ ।।

इदानीं भीष्मवाक्यं समर्थयन्नाचार्यः भीमवेगं वर्णयन्नाह—

अन्वयः—तेन कर्णायते शरे विमुक्ते, मया तस्य शिरः विकम्पितं इति उक्तम् तदा तेन वाणतुल्यं गत्वा अप्राप्तलक्षः स शरः गृहीतः ।। १२ ।।

कर्णायते इति—तेन = भीमसेनेन; कर्णायते=आकर्णकृष्टे ; शरे=वाणे ; विमुक्ते सति मया तस्य शिरः विकम्पितम् इत्युक्तम् ; शिरःप्रकम्पो हि धानुष्के महान् दोषः ; तदा = तस्मिन्नेव क्षणे मम वाक्यसमकालमेव; तेन = भीमेन ; वाणतुल्यम्=वाणवेगवच्छीघ्रम् गत्वा ; अप्राप्तलक्षः=लक्षदेशमप्राप्तः ; सः शरः गृहीतः ; मध्ये मार्ग एव वाणग्रहणात्तस्य वाणापेक्षया शीघ्रगतित्वमुक्तमिति भावः । उपजातिवृत्तम् ।। १२ ।।

भीमप्रशंसामसहमानः शकुनिराह —

अन्वयः—लोके अन्यः बलवान् नास्ति इष्टेषु सर्वं कथ्यते किं सर्वे भवन्तः जगद्व्याप्तान् पाण्डवान् पश्यन्ति ।। १३ ।।

कान तक खींच कर बाण छोड़ा मैंने कहा कि तुम्हारा शिर हिल उठा है जो बाण चलाने का एक दोष है । फिर तो वह बाण की तरह झट से दौड़ उठा और लक्ष्य स्थान तक पहुंचने के पहले अपने छोड़े गये बाणों को बीच में ही पकड़ लिया ।। १२ ।।

शकुनि—अहो यह कैसी उपहास की बात है । मैं आपसे पूछता हूं ।

क्या इस संसार में कोई दूसरा बलवान् नहीं है, जो अपना इष्ट होता है उसके विषय में इसी प्रकार बातें चढ़ा-बढ़ा कर की जाती हैं । क्या आप सभी पाण्डवों को सारे जगत् में व्याप्त समझते हैं ।। १३ ।।

भीष्मः--गान्धारराज ! सर्वमनुमानात् कथ्यते ।

वयं व्यपाश्रित्य रणं प्रयामः
शस्त्राणि चापानि रथाधिरूढाः ।
द्वावेव दोर्भ्यां समरे प्रयातौ
हलायुधश्चैव वृकोदरश्च ।। १४ ।।

नास्तीति—लोके = संसारे ; अन्यः = पाण्डवेभ्यो भिन्नः ; बलवान् नास्ति अपितु अस्त्येव । न केवलं पाण्डवाः बलशालिनः परमन्येऽपि सन्तीति भावः । तथापि परान् विहाय पाण्डवप्रशंसनम् भवतामिष्टमित्याह— इष्टेषु = प्रियजनेषु सर्वम् ; कथ्यते = आत्मीयजनेषु सर्वविधप्रशंसावचनं प्रयुज्यते ; किं सर्वे भवन्तः = द्रोणादयः ; पाण्डवान् ; जगद्व्याप्तान् पश्यन्ति ; सर्वत्र जगति पाण्डवा एव व्याप्ता किमिति; येनाभिमन्युर्भीमसेन-गृहीतत्वेन संभाव्यते इत्यहो भवतां पाण्डवजनपक्षपातता इत्यर्थः ।। १३ ।।

भीष्मः शकुनेराक्षेपं श्रुत्वा उत्तरयति—

अन्वयः—वयं रथाधिरूढाः चापानि शस्त्राणि व्यपाश्रित्य रणं प्रयामः । किन्तु हलायुधश्च वृकोदरश्च एतौ द्वौ दोर्भ्यामेव प्रयातः ।। १४ ।।

वयमिति—वयं भवन्तश्च सर्वे इति शेषः ; रथाधिरूढाः = रणसज्जायुक्तेषु रथेष्वधिष्ठाय ; चापानि = धनूंषि ; शस्त्राणि = आयुधानि च ; व्यपाश्रित्य = अवलम्ब्य ; रणं = युद्धस्थलं ; प्रयामः = गच्छामः ; किन्तु हलायुधः = बलभद्रः, वृकोदरः = भीमश्च इति एतौ द्वौ एव दोर्भ्याम् = बाहुभ्यामेव प्रयातः = गच्छतः ; केवलमेतौ द्वावेव बाहुमात्रप्रहरणौ युद्धक्षेत्रे गच्छतः इति शक्यतेऽनुमातुमिदं यद् भीमसेनेनैवाभिमन्युर्गृहीत इति ।। १४ ।।

भीष्म—गान्धारराज ! सब बातें अनुमान से कही जाती हैं ।

हम लोग तो शस्त्र, धनुष आदि लेकर तथा रथ में बैठकर युद्ध करने वाले हैं, किन्तु दो ही आदमी ऐसे हैं एक बलराम दूसरे भीम जो केवल बाहुबल से लड़ने जाते हैं ।। १४ ।।

शकुनिः—

एकेनैव वयं भग्नाः सहसा साहसप्रियाः ।
उत्तरं च तमप्येके कथयिष्यन्ति फल्गुनम् ।। १५ ।।

द्रोणः—भो गान्धारराज ! अत्रापि तावद् भवतः सन्देहः ।

किमुत्तरेणापि रणे विकृष्यते निसृष्टशुष्काशनिगर्जितं धनुः ।

उत्तरेणास्मानं जितं मत्वा शकुनिरर्जुनं प्रक्षिपति—

अन्वयः—एकेन एव साहसप्रियाः वयं सहसा भग्नाः । तमुत्तरम् अपि एके फल्गुनम् कथयिष्यन्ति ।। १५ ।।

एकेनैवेति—एकेन = सहायान्तररहितेन अशस्त्रेण चैव ; साहसप्रियाः = बलवन्तः ; वयं = सर्वे ; सहसा = हठात् ; भग्नाः = पराजिताः तमुत्तरम् अपि ! एके = त्वादृशाः पाण्डवपक्षपातपराः ; फल्गुनम् = अर्जुनं ; कथयिष्यन्ति ; यद्यभिमन्युगृहीतो भीमो मन्यते तदास्माकं जेतोत्तरोऽपि अर्जुनः मन्यतामिति शकुनेरभिप्रायः ।। १५ ।।

गान्धारराज = शकुने ; अत्रापि = अस्माकं पराजयकर्त्तुरर्जुनस्य-सत्वेऽपि !

अर्जुन एवास्माकं पराजयकर्त्तेति दृढं विश्वस्य द्रोणाचार्योऽर्जुनोत्तरयोः वैशिष्ट्यं प्रतिपादयति—

अन्वयः—उत्तरेण अपि रणे निसृष्टशुष्काशनिगर्जितं धनुः विकृष्यते

शकुनि—हमलोगों जैसे साहसी वीरों को जिसने अकेले पराजित किया उस उत्तर को भी कुछ लोग अर्जुन ही कहेंगे ।। १५ ।।

द्रोण—अरे गान्धारराज ! इस विषय में आपको सन्देह क्यों है ? क्या उत्तर भी सूखे वज्रपात की गर्जना के सदृश धनुष चढ़ाते समय

किमुत्तरस्यापि शरैर्हृतातपः कृतो मुहूर्तास्तमितो दिवाकरः ॥ १६ ॥

भीष्मः—गान्धारीमातः ! विस्पष्टं खलु कथ्यते । ननु जानीते भवान् ।

बाणपुङ्खाक्षरैर्वाक्यैर्ज्याजिह्वापरिवर्तिभिः ।
विकृष्टं खलु पार्थेन न च श्रोत्रं प्रयच्छति ॥ १७ ॥

किम् उत्तरस्य अपि शरैः हृतातपः मुहूर्तास्तमितः दिवाकरः कृतः किम् ॥ १६ ॥

किमिति—उत्तरेण=विराटपुत्रेण अपि ; रणे=युद्धे ; निसृष्टशुष्काशनिगर्जितं=कृतशुष्कवज्रध्वनिः ; धनुः=कार्मुकम् ; विकृष्यते किम् ; नहि उत्तरस्तावत्कदाचिदपि तादृशमवृष्टिवज्रध्वनिकरं धनुराक्रष्टुम् समर्थ इत्यर्थः । उत्तरस्यापि शरैः=बाणैः; हृतातपः=वारितातपः; मुहूर्तास्तमितः=कियतः कालस्य कृते अस्तंगतः ; दिवाकरः=सूर्यः ; कृतः किम् ; किमुत्तरोऽपि स्वनिसृष्टबाणैः भास्करमाच्छाद्यास्तंगतमिव कर्त्तुमर्हति ? अतएव तादृशलक्षणयुक्तोऽर्जुनः एव भवितुमर्हतीति भावः ॥ १६ ॥

इदानीं भीष्मः अपि तत्तल्लक्षणैः अर्जुनं ख्यापयति—

अन्वयः—बाणपुङ्खाक्षरैः ज्याजिह्वापरिवर्त्तिभिः वाक्यैः विकृष्टं खलु पार्थेन इति न च श्रोत्रं प्रयच्छति किम् ॥ १७ ॥

बाणेति—बाणपुङ्खाक्षरैः=बाणमूलाङ्कितशब्दैः ; ज्याजिह्वापरि-

उसे शब्दायमान कर सकता है ? क्या उत्तर के बाणों द्वारा क्षण भर के लिये सूर्य का आतप छिप सकता है और सूर्य अस्तंगत जैसा दिखाई पड़ सकता है ? ॥ १६ ॥

भीष्म—दुर्योधन ! मैं तो बहुत साफ-साफ कहता हूं, आप इसे जानते भी हैं ।

बाणपुङ्ख पर लिखे अक्षरों को अपनी जिह्वा से दुहराने वाले धनुष से यह स्पष्ट कह दिया कि पार्थ धनुष चढ़ा रहे हैं, मालूम होता है कि आप का ध्यान उधर नहीं था जिससे आप नहीं सुन सके ॥ १७ ॥

(प्रविश्य)

सूतः—जयत्वायुष्मान् । शान्तिकर्मानुष्ठीयताम् ।

भीष्मः— किमर्थम् ?

सूतः—

उचितं ते पुरा कर्तुं ध्वजे बाणप्रधर्षिते ।
अयं हि बाणः कस्यापि पुङ्खे नामाभिधीयते ॥ १८ ॥

वर्तिभिः ज्या=मौर्वी सा एव जिह्वा रसना तया परिवर्तिभिः ; ज्याजिह्वाप्रत्यावर्तिभिः वाक्यैः=धनुर्ध्वनिभिः स्पष्टं कथ्यते यत् विकृष्टम् खलु पार्थेन इति न च श्रोत्रं प्रयच्छसि ? भवांस्तत्र कर्णं न दत्तवान् । बाणमूललिखितानि नामाक्षराणि ज्यापरिवर्तीनि । धनुर्ध्वनिवाक्यमापन्नानि पार्थेनैवेदं धनुराकृष्यते इति स्पष्टमुद्घोषितानि तत्र भवतः श्रुतिर्न सावधानासीदिति भावः ॥ १७ ॥

शान्तिकर्म=युद्धे पराजयहेतुभूतस्य दुरदृष्टस्य शान्तये दानपूजादिमङ्गलकृत्यम् । अनुष्ठीयताम्=विधीयताम् ।

सूतः शान्तिकर्मणः आवश्यकत्वं प्रतिपादयति—

अन्वयः—ध्वजे बाणप्रधर्षिते सति पुरा ते कर्तुमुचितम् । हि अयं बाणपुङ्खे कस्य अपि नाम अभिधीयते ॥ १८ ॥

उचितमिति—ध्वजे=रथकेतौ ; बाणप्रधर्षिते=परकीयशरविद्धे सति पुरा=प्रागेव ; ते=तव ; कर्तुमुचितं शान्तिकर्मेति शेषः ; हि=यतः अयं बाणः=येन ध्वजः=प्रधर्षितः अस्य बाणस्य पुङ्खे=मूले ; कस्यापि नाम अभिधीयते=उच्यते वाचयितृभिरिति शेषः ॥ १८ ॥

(सूत प्रवेश कर)

सूत—जय हो महाराज की शान्ति कर्म कीजिये ।

भीष्म—क्यों ?

सूत—दूसरे के बाण से जब आप की ध्वजा विद्ध हो गई उसी समय आप को शान्ति कर्म कर लेना चाहिये यह बाण अपने पुङ्ख पर किसी का नाम अङ्कित है ऐसा बता रहा है ॥ १८ ॥

भीष्मः आनय ।

(सूत उपनयति ।)

भीष्मः—(गृहीत्वा निरीक्ष्य) वत्स ! गान्धारराज ! जराशिथिलं मे चक्षुः । वाच्यतामयं शरः ।

शकुनिः—(गृहीत्वानुवाच्य च) अर्जुनस्य । (इति क्षिपति । द्रोणस्य पादयोः पतति ।)

द्रोणः—(शरं गृहीत्वा) एह्येहि वत्स !

एष शिष्येण मे क्षिप्तो गाङ्गेयं वन्दितुं शरः ।
पादयोः पतितो भूमौ मां क्रमेणाभिवन्दितुम् ॥ १९ ॥

जराशिथिलम् मे चक्षुः = वार्धक्येनाक्षरग्रहणाक्षमम् । वाच्यताम् = पठ्यताम् । इति क्षिपति शरम् इति शेषः ; तेन अर्जुनः शरं क्षिपति इति पूर्णं वाक्यम् । द्रोणस्य पादयोः पततीत्यत्र शर इति शेषः ; तेन अयं 'शरः द्रोणस्य पादयोः पतति' इति पूर्णवाक्यम् ।

अयं बाणोऽर्जुनस्यैवेति तस्य शिष्टाचारप्रदर्शनपूर्वकं द्रोणः शकुनिं सबोधयति—

अन्वयः—एषः शरः मे शिष्येण गाङ्गेयं वन्दितुम् क्षिप्तः क्रमेण मां अभिवन्दितुं भूमौ पादयोः पतितः ॥ १९ ॥

भीष्म—बाण तो लाओ ।

(सूत ले जाता है)

भीष्म—(लेकर और देख कर) वत्स गान्धार राजः ! वृद्धावस्था के कारण मेरी आँखें मन्द पड़ गई हैं । पढ़िये तो इस बाण पर क्या लिखा है ?

शकुनि—(लेकर और पढ़ कर) अर्जुन का यह बाण है (देखता है द्रोण के पैरों पर गिरता है) अर्थात् अर्जुन बाण चला रहे हैं और (द्रोण को प्रणाम करते हैं)

द्रोण—(बाण लेकर) वत्स ! इस बाण को मेरे शिष्य अर्जुन ने भीष्म को प्रणाम करने के लिये चलाया था फिर क्रमशः मुझे प्रणाम करने के लिये मेरे पैरों पर आ गिरा है ।। १९ ।।

शकुनिः—मा तावद् भोः । शरप्रत्यय इदानीं श्रद्धातव्यम् ।

योधः स्यादर्जुनो नाम तेनायं चोज्झितः शरः ।
लिखितं चोत्तरेणापि प्रकाशमुपनीयताम् ॥ २० ॥

एष इति—एषः=शरः ; मे=मम ; शिष्येण=अर्जुनेन । गाङ्गेयं=भीष्मं स्वपितामहम् ; वन्दितुम्=अभिवादयितुं ; क्षिप्तः=प्रेरितः ; यः क्रमेण=भीष्मप्रणामानन्तरम् ; माम् अभिवन्दितुम्=च भूमो मम पादयोः पतितः ; शरोऽयं स्वपितामहं प्रणन्तुमर्जुनेन क्षिप्तः यः तं प्रणम्य क्रमप्राप्तं मत्प्रणाममाचरितुमिव मत्पादमूलं प्राप्त इति ॥ १९ ॥

शरप्रत्यये=वाणाक्षराङ्किते अर्जुननाम्न्यनुमाने ; श्रद्धातव्यम्=असंशयरूपेण विश्वासः ; मा तावद्=न कर्त्तव्यमित्यर्थः ।

इदानीं वाणाङ्कितेर्जुनाक्षरनाम्नि कश्चन पाण्डवातिरिक्तोऽन्योऽर्जुनो नामेति साधयति शकुनिः—

अन्वयः—अर्जुनो नाम योधः स्यात् तेन अयं शरः उज्झितः । अपि उत्तरेण लिखितं (प्रमाणं) प्रकाशम् उपनीयताम् ॥ २० ॥

योध इति कश्चन अर्जुनः=पाण्डवार्जुनातिरिक्तोऽर्जुनः नाम । योधः=वीरः स्यात् ; तेन चायम्=अस्माभिर्दृश्यमानः अयं शरः उज्झितः=विसृष्टः स्यात् । तथा च उत्तरेण लिखितं प्रमाणम् प्रकाशमुपनीयताम्=उपन्यस्यताम् । तथा च वाणाक्षरनामदर्शनेन पाण्डवार्जुनप्रत्ययो संदिग्ध इति । यदि पाण्डवार्जुन एव एतस्य वाणस्य प्रहर्त्तेति उच्यते तदा उत्तरेण लिखितं प्रमाणमुपन्यस्यताम् ततः शक्यते पाण्डवार्जुनत्वं विश्वसितुमिति ॥ २० ॥

शकुनि—नहीं भाई ! वाण पर विश्वास नहीं करना चाहिये ।

कोई अर्जुन नाम का दूसरा योद्धा होगा, जिसने यह वाण चलाया होगा । उत्तर द्वारा कोई लिखित प्रमाण प्रस्तुत कीजिये कि वह पाण्डव अर्जुन है ॥ २० ॥

दुर्योधनः—

तेषां राज्यप्रदानार्थमनृतं कथ्यते यदि ।
राज्यस्यार्धं प्रदास्यामि यावद् दृष्टे युधिष्ठिरे ॥ २१ ॥

(प्रविश्य)

भटः—जयतु महाराजः । विराटनगराद् दूतः प्राप्तः ।

दुर्योधनः—प्रवेश्यताम् ।

भटः—यदाज्ञापयति महाराजः । (निष्क्रान्तः) ।

(ततः प्रविशत्युत्तरः ।)

इदानीं दुर्योधनः वितर्कयति—

अन्वयः—यदि तेषां राज्यप्रदानार्थं अनृतं कथ्यते तदा युधिष्ठिरे दृष्टे यावत् राज्यस्यार्द्धं प्रदास्यामि ॥ २१ ॥

तेषामिति—तेषाम् = पाण्डवानाम् ; राज्यप्रदानार्थम् = राज्यं प्रदापयितुम् ; यदि उत्तरेण अनृतं = मिथ्या ; कथ्यते = उच्यते ; इदमपि संभवति यदुत्तरः पाण्डवेभ्यो मदीयं राज्यं दापयितुं मिथ्या अभिवध्यादतो न तदुक्तिरस्माभिः प्रमाणनीयेति भावः ; अत्र स्वकीयं निश्चयमाह—राज्यमस्येति—यावत्=कालपर्यन्तं युधिष्ठिरे साक्षात्कृते एव राज्यस्यार्द्धं प्रदास्यामि न तु केनापि प्रमाणान्तरेण तत्प्राप्ताविति ॥ २१ ॥

प्रवेश्यताम् = विराटनगरादागतो संदेश वाहको मत्समीपमानीयताद ।

दुर्योधन—यदि उत्तर ने पाण्डवों को राज्य दिलाने के लिये मिथ्या कह भी दिया हो मैं पाण्डवों को आधा राज्य तभी दूंगा जब युधिष्ठिर को साक्षात् अपनी आँखों से देख लूंगा ॥ २१ ॥

(भट प्रवेश कर)

भट—जय हो महाराज की जय हो । विराट नगर से दूत आया है ।

दुर्योधन—बुला लाओ ।

भट—महाराज की जैसी आज्ञा (जाता है)

(उत्तर का प्रवेश)

उत्तरः—

अध्वानमल्पमतिमुक्तजवैस्तुरङ्गै-
रागच्छता पथि रथेन विलम्बितं मे ।
कौन्तेयवाणनिहतैर्द्विरदैः समन्ताद्
दुःखेन यान्ति तुरगा विषमा हि भूमिः ॥ २२ ॥

(प्रविश्य कृताञ्जलिः) भो भोः ! आचार्यपितामहपुरोगं सर्वराजमभिवादये ।

उत्तरः दुर्योधनसन्निधौ आगमने स्वविलम्बकारणमुपस्थापयति –

अन्वयः—अतिमुक्तजवैः तुरङ्गैः अल्पमध्वानमागच्छता मे रथेन पथि विलम्बितम् हि कौन्तेयबाणनिहतैः द्विरदैः भूमिः समन्ततः विषमा तेन तुरगाः दुःखेन यान्ति ॥ २२ ॥

अध्वानमिति—अतिमुक्तजवैः=वेगातिशययुक्तैः ; अपि तुरङ्गैः=अश्वैः ; अल्पम्=अदूरम् ; अध्वानम्=मार्गम् आगच्छता मे रथेन पथि=मार्गे ; विलम्बितम्=विलम्बः कृतः ; यद्यपि वेगवन्तो मे हयाः मार्गोऽपि नातिदूरस्तथापि ममाश्वाः पथि व्यलम्बन्त तत्र विलम्बे कारणमुपपादयति ; कौन्तेयबाणनिहतैः=अर्जुनशरनिर्भिन्नैः ; द्विरदैः=गजैः ; भूमिः समन्ततः=सर्वतः विषमा=निम्नोच्चास्ति तेन तुरगाः=रथाश्वाः । दुःखेन=कष्टेन ; यान्ति=चलन्ति ; अर्जुनबाणैर्हतानां हस्तिनां शरीरैः भूमिः विषमतां गता तेन रथसंचारो दुष्करं जातोऽतोत्रागमने विलम्बोऽभवदित्यर्थः ॥ २२ ॥

उत्तर—मार्ग बहुत लम्बा नहीं था, घोड़ों को वेग से चलाया भी गया फिर भी हमारे आने में विलम्ब हो गया क्योंकि अर्जुन द्वारा मारे गये हाथियों के शवों से रास्ते की भूमि विषम (ऊँची-नीची हो) गई थी ॥२२॥

(प्रवेश कर हाथ जोड़ कर)

हे हे आचार्य ! पितामह प्रभृति राजगण मैं उत्तर आप सभी को प्रणाम करता हूं ।

सर्वे—आयुष्मान् भव ।
द्रोणः—किमाह तत्रभवान् विराटेश्वरः ?
उत्तरः—नाहं तत्रभवता प्रेषितः ।
द्रोणः—अथ केन त्वं प्रेषितः ?
उत्तरः—तत्रभवता युधिष्ठिरेण ।
द्रोणः—किमाह धर्मराजः ?
उत्तरः—श्रूयताम्,

उत्तरा मे स्नुषा लब्धा प्रतीक्षे राजमण्डलम् ।
तत्रैव किमिहैवास्तु विवाहः क्व प्रवर्तताम् ॥ २३ ॥

इदानीमुत्तरः स्वागमनकारणं धर्मराजामन्त्रणं सर्वेभ्यो निवेदयति—

अन्वयः—मे स्नुषा उत्तरा नाम लब्धा । तद्राजमण्डलं प्रतीक्षे तत्र एव विवाह, अस्तु इहैवास्तु । क्व विवाहः प्रवर्त्तताम् ॥ २३ ॥

उत्तरेति—मे=मम युधिष्ठिरस्य ; स्नुषा=पुत्रवधूः = उत्तरा नाम=विराटपुत्री; लब्धा=प्राप्ता ; राजमण्डलम् प्रतीक्षे=तद्विवाहोत्सवार्थे प्रतीक्षे ; तत्रैव=कौरवाणां निवासस्थाने हस्तिनापुरे विवाहः अस्तु इह वा=विराटपुरे एव वा विवाहः अस्तु ; एवं क्व विवाहः प्रवर्त्तताम्=ज्ञायताम् ; विवाहस्थानं भवद्भिरेव निश्चित्य सनाथीक्रियताम् विवाहोत्सवं इति भावः ॥ २३ ॥

सब—आयुष्मान् होओ ।
द्रोण—विराटेश्वर ने क्या कहा है ?
उत्तर—उन्होंने मुझे नहीं भेजा है ।
द्रोण—फिर आपको किसने भेजा ?
उत्तर—पूज्य युधिष्ठिर ने ।
द्रोण—धर्मराज ने क्या कहा है ?
उत्तर—सुनिये ।

मुझे पुत्रवधू के रूप में उत्तरा प्राप्त हुई है । मैं आपलोगों की प्रतीक्षा कर रहा हूँ । विवाह यहाँ हो या वहाँ आपलोग इसका निर्णय करें ॥२३॥

शकुनिः—तत्रैव तत्रैव ।

द्रोणः—

इत्यर्थं वयमानीताः पञ्चरात्रोऽपि वर्तते ।
धर्मेणावर्जिता भिक्षा धर्मेणैव प्रदीयताम् ॥ २४ ॥

दुर्योधनः—

बाढं दत्तं मया राज्यं पाण्डवेभ्यो यथापुरम् ।
मृतेऽपि हि नराः सर्वे सत्ये तिष्ठन्ति तिष्ठति ॥ २५ ॥

इदानीमाचार्यः पञ्चरात्रान्तरमेव पाण्डवोपलब्धिजाताशो तेभ्यो राज्यं प्रदीयतामिति प्रेरयति दुर्योधनम्—

अन्वयः—इति (सर्वेऽपि) अर्थम् आनीताः पञ्चरात्रः अपि वर्तते । धर्मेण आवर्जिता भिक्षा धर्मेण एव प्रदीयताम् ॥ २४ ॥

इत्यर्थमिति—इति=एवम् ; वयम् सर्वेऽपि ; अर्थम्=पाण्डवोपलब्धिरूपमर्थम् ; आनीताः=प्रापिताः ; अत्रागत्यास्माभिः पाण्डवानां स्थितिर्ज्ञाता; पञ्चरात्रः=पञ्चरात्रात्मकोऽवधित्वेन विहितः कालोऽपि वर्तते न तु अतिक्रान्त इति भावः ; धर्मेण गुरवे दक्षिणा दीयते इति सत्यसंकल्परूपेण ; आवर्जिता=स्वीकृता भिक्षा=मया याचितम् पाण्डवार्धराज्यम् ; धर्मेण=स्वप्रतिज्ञापालनात्मना सदाचारेण ; दीयताम् ॥ २४ ॥

इदानीं पाण्डवार्धराज्यं दातुं प्रतिज्ञाय सत्यं प्रशस्यमानो दुर्योधन आह—

अन्वयः—बाढम् । मया यथापुरम् राज्यं पाण्डवेभ्यो दत्तम् । हि सर्वे नराः मृतेऽपि सत्ये तिष्ठन्ति ॥ २५ ॥

शकुनि—वहीं वहीं ।

द्रोण—इस प्रकार हम लोगों ने पाण्डवों का पता पा लिया । पञ्चरात्र भी अभी विद्यमान है व्यतीत नहीं हुआ है । इसलिये धर्मपूर्वक स्वीकार की गई दक्षिणा धर्मपूर्वक ही दे दी जाय ॥ २४ ॥

दुर्योधन—ठीक है । हमने पाण्डवों को पूर्ववत् आधा राज्य दिया । यदि सत्य विद्यमान रहता है तो लोग मरने के बाद भी अपने यशः शरीर से जीवित रहते हैं ॥ २५ ॥

द्रोणः—

हन्त सर्वे प्रसन्नाः स्मः प्रवृद्धकुलसंग्रहाः ।
इमामपि महीं कृत्स्नां राजसिंहः प्रशास्तु नः ॥ २६ ॥

(निष्क्रान्ताः सर्वे ।)

इति तृतीयोऽङ्कः ।

बाढमिति—बाढम्=भवदुक्तं स्वीकृतम्; मया यथापुरम्=पूर्वमिव प्रतिज्ञातम्; राज्यं पाण्डवेभ्यः दत्तम्; प्राक् पाण्डवानां यावद्राज्यमासीत्तावद्दीयते इति भावः; सर्वे नराः मृतेऽपि—मरणान्तरमपि; सत्ये तिष्ठन्ति; सत्याचरणाद् यशःकायेन मरणानन्तरं सर्वे नराः लोके तिष्ठन्ति अतो मयापि पूर्वंप्रतिज्ञातं पाण्डवानां राज्यार्द्धं दीयते इति भावः ॥ २५ ॥

इदानीं ग्रन्थसमाप्तौ द्रोणमुखेन मङ्गलमुपस्थापयन् ग्रन्थकार आह—मङ्गलान्तानि शास्त्राणि प्रथन्ते इति शिष्टाचारविषयत्वात्—

अन्वयः—हन्त प्रवृद्धकुलसंग्रहाः सर्वे प्रसन्नाः स्मः । इमां कृत्स्नां महीम् अपि नः राजसिंहः प्रशास्तु ॥ २६ ॥

हन्तेति—हन्त इति हर्षे; प्रवृद्धकुलसंग्रहाः=समृद्धकुलद्वयसंगमाः वयं सर्वे प्रसन्नाः स्म=मोदामहे; इमाम् कृत्स्नाम्=अखण्डाम्; महीं च नः=अस्माकम्; राजसिंहः=एतन्नामा नृपतिः; प्रशास्तु=पालयतु ॥ २६ ॥

भासकृते पञ्चरात्रे तृतीयाङ्के व्याख्या समाप्ता ।

गाजीपुरजनपदान्तर्गतशेरपुर ग्रामवास्तव्येन रामवरणशर्मणः आत्मजेन रायोपाह्वेन सांकृत्यायनेन डा० गङ्गासागरशर्मणा विरचिता गङ्गा नाम्नी व्याख्या समाप्ता ।

॥ शुभं भूयात् ॥

द्रोण—अहो! आज ये दोनों वंश पारस्परिक विरोध के शान्त हो जाने से समुन्नत हो रहे हैं। इससे हम सभी प्रसन्न हैं। इस समूची पृथ्वी का हमारे राजसिंह पालन करे।

तृतीय अङ्क समाप्त ।

पञ्चरात्र समाप्त ।

परिशिष्टम्

नाटकीयविशिष्टवस्तुलक्षणानि

१. नान्दी—

आशीर्वचनसंयुक्ताः स्तुतियस्मात् प्रयुज्यते ।
देवद्विजनृपादीनां तस्मान्नान्दीति संज्ञिता ॥
माङ्गल्यशङ्खचक्राब्जकोशकैरवशंसिनी ।
पदैर्युक्ता द्वादशभिरष्टाभिर्वा पदैरुत ॥

नान्दी में देव-द्विजनृपादि की स्तुति होती है । यह आठ या बारह पदों की होती है तथा शङ्ख, चक्र, पद्म आदि मङ्गलवाची शब्दों से संयुक्त होती है ।

२. प्रस्तावना-आमुख —

नटी विदूषको वापि पारिपार्श्विक एव वा ।
सूत्रधारेण सहिताः संलापं यत्र कुर्वते ॥
चित्रैर्वाक्यैः स्वकार्योत्थैः प्रस्तुताक्षेपिभिर्मिथः ।
आमुखं तत्तु विज्ञेयं नाम्ना प्रस्तावनाऽपि सा ॥

सूत्रधार के साथ नट-नटी, पारिपार्श्विक नाटकीय कथानक के निर्देश से संबद्ध विचित्र कथनोपकथनों को करते हैं तो वह आमुख होता है । उसी को प्रस्तावना भी कहते हैं ।

३, सूत्रधार—

आसूत्रयन् गुणान् नेतुः कवेरपि च वस्तुना ।
रङ्गप्रसाधनप्रौढः सूत्रधार इहोदितः ॥

तथा —

नाट्यस्योपकरणादीनि सूत्रमित्यभिधीयते ।
सूत्रं धारयतीत्यर्थे सूत्रधारो मतो बुधैः ॥

नाट्योपकरण वस्तु-नेता तथा रस-ये सूत्र कहे जाते हैं । दूसरे लक्षणानुसार नेता और कवि के गुणों को वस्तु के द्वारा सूत्रित करने - पिरोने वाला तथा रङ्ग प्रसाधन में दक्ष व्यक्ति सूत्रधार कहा जाता है ।

४. प्रयोगातिशय—

यदि प्रयोग एकस्मिन् प्रयोगोऽन्यः प्रयुज्यते ।
तेन पात्रप्रवेशश्चेत् प्रयोगातिशयस्तथा ॥

यदि एक प्रयोग में दूसरा प्रयोग प्रयुक्त हो और उससे पात्र का प्रवेश हो तो उसे प्रयोगातिशय की संज्ञा दी जाती है ।

५. नेपथ्य—

कुशीलवकुटुम्बस्य गृहं नेपथ्यमुच्यते ।

नट के परिवार के गृह—जहाँ वह साज-सज्जा करे—को नेपथ्य कहते हैं ।

६ः विष्कम्भक—

वृत्तवर्तिष्यमाणानां कथांशानां निदर्शकः ।
संक्षिप्तार्थस्तु विष्कम्भ आदावङ्कस्य दर्शितः ॥
मध्यमेन मध्यमाभ्यां पात्राभ्यां संप्रयोजितः ।
शुद्धः स्यात् स तु संकीर्णो नीचमध्यमकल्पितः ॥

यह नाटक में हुई या होने जा रही घटनाओं का प्रदर्शक होता है । यह कथांश को संक्षिप्त करने के लिए प्रयुक्त होता है । मध्यम कोटि के पात्रों के होने पर यह शुद्ध कहा जाता हैं और नीच तथा मध्यम पात्रों के होने पर संकीर्णं होता है ।

७. प्रवेशक—

प्रवेशकोऽनुदात्तोक्त्या नीचपात्रप्रयोजितः ।
अङ्कद्वयान्तर्विज्ञेयः शेषः विष्कम्भके यथा ॥

इसमें नीच पात्र तथा प्राकृत भाषा प्रयुक्त होती है । यह दो अङ्कों के बीच में होता है तथा शेष विशेषतायें विष्कम्भक की होती है ।

८. स्वगत—

अश्राव्यं खलु यद् वस्तु तदिह स्वगतं मतम् ।

जो बातें दर्शकों को सुनने की नहीं होती वे स्वगत होती हैं ।

९. प्रकाश—

सर्वश्राव्यं प्रकाशः स्यात् ।

जो बातें सभी सुने उसे प्रकाश कहा जाता है ।

१०. विदूषक—

कुसुमवसन्ताभिधः कर्मवपुर्वेषाद्यैः ।
हास्यकरः कलहरतिर्विदूषकः स्यात् स्वकर्मज्ञः ॥

अपने कर्म, वेष, भाषादि के हास्योत्पादक, कलह प्रेमी तथा अपने कर्म (हास्य) का ज्ञाता विदूषक होता हैं। उसके कुसुम, वसन्त आदि नाम होते हैं।

११. नायक—

वेत्ता विनीतो मधुरस्त्यागी दक्षः प्रियंवदः ।
रक्तलोकः शुचिर्वाग्मी रूढवंशस्थिरो युवा ॥
बुद्ध्युत्साहस्मृतिप्रज्ञाकलामानसमन्वितः ।
शूरो दृढश्च तेजस्वी शास्त्रचक्षुश्च धार्मिकः ॥

नायक विनीत, मधुर, त्यागी, दक्ष, प्रियंवद, लोकरञ्जक, शुचि, वक्ता कुलीन, स्थिर, युवक, बुद्धि-उत्साह-स्मृति प्रज्ञा-कला-मान-युक्त, शूर, दृढ़, तेजस्वी, शास्त्रदृष्टिवाला एवं धार्मिक होता है।

१२. नायिका—

अथ नायिका त्रिभेदा स्यात् स्वान्या साधारणा स्त्रीति ।
नायकसामान्यगुणैर्भवति यथासंभवैर्युक्ता ॥

नायिका स्वकीया, परकीया, साधारण, के भेद से तीन प्रकार की होती है। यथा संभव यह नायक के गुणों से युक्त होती है।

१३. अङ्क—

अङ्क इति रूढशब्दो भावै रसैश्च रोहयत्यर्थान् ।
नानाविधानयुक्तो यस्मात् तस्माद् भवेदङ्कः ॥
यत्रार्थस्य समाप्तिर्यत्र च वीजस्य भवति संहरः ।
किञ्चिदवग्लानविन्दुः सोङ्क इति सदाऽवमन्तव्यः ॥

अङ्क भावों एवं रसों से अर्थों का वर्धन करता है। यह नानाविधानों से युक्त होता है। इसमें अर्थ की समाप्ति तथा बीज का संहरण होता है।

* * *

पञ्चरात्रागतसुभाषितानि

१. शुष्केणैकेन वृक्षेण वनं पुष्पितपादयम् ।
कुलं चारित्रहीनेन पुरुषेणैव दह्यते ॥ १।१२

२. लतया सक्तया स्कन्धे शुष्कयावेष्टितस्तरुः ।
निविष्टो दुष्कले साधुः स्त्रीदोषेणैव दह्यते ॥ १।१४

३. दानशक्तिरिवार्यस्य विभवानां परिक्षयात् (नष्टं) ॥ १।१७

४. व्यसनित्वान्नरः क्षीणः परिच्छदमिवात्मनः (उपभुंक्ते) ॥ १।१८

५. अतीत्य बन्धूनवलङ्घ्य मित्राण्याचार्यमागच्छति शिष्यदोषः ।
बालं ह्यपत्यं गुरवे प्रदातुर्नैवापराधोऽस्ति पितुर्न मातुः ॥ १।२१

६. रणशिरसि गवार्थे नास्ति मोघः प्रयत्नो ।
निधनमपि यशः स्यान्मोक्षयित्वा तु धर्मः ॥ २।५

७. ताडितस्य हि योधस्य श्लाघनीयेन कर्मणा ।
अकालान्तरिता पूजा नाशयत्येव वेदनाम् ॥ २।२८

८. अकारणं रूपमकारणं कुलं महत्सु नीचेषु च कर्म शोभते । २।३३

९. सति च कुलविरोधे नापराध्यन्ति बालाः ॥ ३।४

१०. सर्वमिष्टेषु कथ्यते । ३।१३

११. मृतेऽपि हि नराः सर्वे सत्ये तिष्ठन्ति तिष्ठति ॥ ३।२५

१२. सान्त्वं हि नाम दुर्विनीतानामौषधम् ।

१३. अकाण्डे स्वस्थवाक्यं मन्युमुत्पादयति । अङ्क २

१४. अर्थित्वादपरिश्रान्तः पृच्छत्येष हि कार्यवान् ।

१५. अच्छलो धर्मः

१६. एकोदकत्वं खलु लोके मनस्विनां कम्पयते मनांसि ।

१७. को वा पुत्रं मर्षयेच्छत्रुहस्ते ।

१८. न च दहति न कश्चित् सन्निकृष्टो रणाग्निः ।

१९. नोत्सहन्ते महात्मानो ह्यात्मानमपस्तोतुम् ।

२०. मिथ्याप्रशंसा खलु नाम कष्टा

२१. रूपेण स्त्रियः कथ्यन्ते पराक्रमेण खलु पुरुषाः ।

पञ्चरात्रस्थश्लोकानामनुक्रमणिका

	अंक. श्लो.
अकारणं रूपम्	२-३३
अगणितगुण	२-१५
अग्निरग्निमया	१-७
अज्ञानात्तु मया	२-६८
अतीत्य बन्धू	१-२१
अद्य मे कार्यलोभेन	१-५०
अद्येदानीम्	२-१०
अध्वानमल्पमति	३-२८
अनेन वेषेण	२-३०
अपास्य नारायण	३-२२
अपूर्व इव ते	२-३४
अयं बाल्यात्तु	२-६२
अयं स हृदया	२-६९
अयुज्यमानै:	२-४४
अलमात्मस्तवं	२-५०
अवजित इति	२-४५
अवनत विट	१-१९
अवाप्य रूप्यग्र	१-२२
अशस्त्रो मामभि	२-५२
अहं हि मात्रा	१-२७
आचार्यस्य वदा	१-५४
आदीपिते जतुगृहे	२-४२
आलम्बितो	२-२७
इक्ष्वाकुशर्याति	१-२४
इत्यर्थं वयमा	३-२४
इदानीं युद्ध	२-७२
इष्टमन्त:पुरं	२-७१
उचितं ते पुरा	३-१८

	अंक. श्लो.
उत्तरा मे स्नुषा	३-२३
उद्योगः प्रस्तुतः	२-८
उपप्लवस्तस्य	१-३४
एकवर्णेषु	२-४
एकेनैव वयं	३ १५
एकोदकत्वं	२-९
एतदक्षयतूणी	२-२३
एतदग्नेर्बलं	१-१७
एतन्मे पारि	३-६४
एतां चक्रधरस्य	१-९
एते वातोद्धता	१-१३
एभिरेव रथै	१-५६
एवमेव क्रतून्	१-२८
एष शिष्यस्य	१-४४
एष शिष्यस्य मे	३-१९
एषामोदीप्त	१-६
कथं पण्डित	१-५१
कर्णायिते तेन	३-१८
कामं दुर्योधन	२-६
किं भवान् धर्मं	२-४८
किन्नु तत्परिहा	२-१७
किमर्थं खलु स	२-१२
किमर्थं स्तूयते	३-९
किमुत्तरेणापि	३-११
कृतश्रद्धो ह्यात्मा	१-२३
कृता नीला नागाः	३-२१
कोनु खल्वेष	२-२१
क्रतुव्रतैस्ते	१-२९

क्रोधप्रायं वयो १-४३
गजेन्द्राः कल्प्यन्ते २-७
गतो वृक्षाद् १-१९
गाण्डीवेन मुहूर्त्तं २-२९
गुरुकरतल १-४७
जानाम्येतान् २-४६
जित्वापि गां २-३१
तस्मान्मे रथ १५-७
ताडितस्य हि यो २-२८
तुलितबलमि २-३५
तृप्तोऽग्निर्हविषा १-४
तेषां राज्यप्रदा ३-२७
त्वं वञ्चयसे यदि १-४१
त्वमिदानीं कुमार २-१६
दह्यमानस्य १-११
दूरस्था दर्शना २-३८
दैवतं मानुषी १-२९
द्रुतैश्च वत्सै २-१
द्रोणः पृथि १-१
द्रोणश्च भीष्मश्च २-११
द्विजोच्छिष्टैरग्नै १-३
धनुरुपनय २-५
धनुर्घोषं द्रोण २-२४
धन्यः खल्वर्जुनो २-५३
धर्षिता रथ १-५५
न चापि दोषा ३-८
न जाने तस्य २-३९
न ते क्षेपेण २-५८
न रुष्यन्ति मया २-६७
नास्त्यन्यो बल ३-१३
निमित्तं किञ्चि २-२०
नीचैरप्यभिभाष्य २-४७
नृपा भीष्मादयो २-४१
पर्यस्तोऽस्य रथो ३-७
पादयोः समुदा २-५९
पार्थं पितर २-४९
पीतः सोमो बाल्य १-३०
पुत्रो ह्येष युधि २-३९
प्रकोष्ठान्तर २-६३
प्राणाधिकोऽस्मि १-३१
बहुभिः समराभि २-१९
बाढं दत्तं मया ३-२५
बाणपुङ्खाक्षरै ३-१७
बाणाधीना १-२४
बाहुरक्षौहिणी २-५९
भग्नावयानिष्व ३-१
भीमसेनस्य १-५२
भीष्मेण कर्णेन १-४२
भीष्मं रामशरै २-२६
भ्रातॄणां पैतृकं १-३५
मम हि पितृभि ३-४
मा तावद् व्यथित २-३
मा तावत् स्वजन ३-५
मिथ्या प्रशंसा २-६०
मुञ्चेदर्जुनपुत्र ३-९
यज्ञेन भोजय १-२०
यत् पाण्डवा १-३९
यत् पुरा ते सभा १-३७

यदि विमृशसि १–३२
यदि स्वचक्रो २–१८
युध्यते यदि २–२५
ये दुर्बलाश्च १–३६
येनभीमः सभा १–३८
येषां गतिः क्वापि १–३३
यैः कर्त्तुं कामैश्छलनं १–४८
योक्त्रयित्वा जरा २–५७
योद्धः स्यादर्जुन ३–२०
यौधिष्ठिरं २–७०
रणपट्टुरपनीतः ३–२
रथमानय २–१३
रथमासाद्य निः २–३७
राज्ञा वेष्टनपट्ट १–५
रात्री छन्नेन १–५१
रामेण भुक्तां १–४५
रिपूणां सैन्य २–१४
रुद्रबाणावली २–६५
लङ्घयित्वा ३–१०
लतया सक्तया १–१४
वनं सवृक्षक्षुप १–१५
वयं व्यपाश्रित्य ३–१४
वर्षेण वा वर्षशतेन १–४९
वल्मीकमूलात् १–१०
विशालवक्षा २–४३
शकटी च घृता १–८
शुष्केर्णकेन १–१२
शून्यमित्यभिधास्यामि १–४६
शूराणां सत्यसन्धानां २–६१
शौण्डीर्यं धृति २–५४
श्मशानाद्धनु २–६१
सज्जैश्चापैर्बद्ध २–२
स यौवनः श्रेष्ठ २–३२
सरथतुरग २–५१
सर्वैरन्तःपुरैः १–२
सहजो मे प्रहरणं २–५५
स्रुग्भाण्डमरणी १–१८
हन्त सर्वे प्रसन्नाः ३–२६
हितमपि परुष १–४०
हृतप्रवेगो यदि ३–११

॥ श्रीः ॥

काशी संस्कृत ग्रन्थमाला
२७६

महाकविभासविरचितम्

प्रतिमानाटकम्

'गङ्गा'-संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतम्

व्याख्याकारः संपादकश्च

डा० गङ्गासागररायः

सर्वभारतीयकाशिराजन्यासस्थः

चौखम्भा संस्कृत संस्थान
भारतीय सांस्कृतिक साहित्य के प्रकाशक तथा प्रचारक
पोस्ट बाक्स नं० ११३९
के. ३७/११६, गोपाल मन्दिर लेन, (गोलघर समीप मैदागिन)
वाराणसी—२२१००१ (भारत)

प्रकाशक : चौखम्भा संस्कृत संस्थान, वाराणसी
मुद्रक : चारू प्रिन्टर्स, वाराणसी
संस्करण : द्वितीय, वि० सं० २०५६
मूल्य : रु. ६०.००

© चौखम्भा संस्कृत संस्थान, वाराणसी
इस ग्रन्थ का परिष्कृत तथा परिवर्धित मूल पाठ एवं टीका, परिशिष्ट आदि के सर्वाधिकार प्रकाशक के अधीन हैं।

फोन : ३३३४४५

शाखाएं :

चौखम्भा संस्कृत भवन
पोस्ट बाक्स नं० ११६०
चौक, (दि बनारस स्टेट बैंक बिल्डिंग)
वाराणसी-२२१ ००१ (भारत)
☎ : ३२०४१४

चौखम्भा पब्लिकेशन्स
४२६२/३ अंसारी रोड, दरियागंज
नई दिल्ली-११०००२
☎ : ३२६८६३९

THE
KASHI SANSKRIT SERIES
276

PRATIMANATAKA

OF

BHASA

[With 'Gangā' Sanskrit and Hindi Commentaries]

Edited and Commented by

Dr. GANGA SAGAR RAI, M. A., Ph. D.
All India Kashiraj Trwst
Fort Ramnagar, Varanasi

CHAUKHAMBHA SANSKRIT SANSTHAN
Publishers and Distributors of Oriental Cultural Literature
Post Box No. 1139
K. 37/116, Gopal Mandir Lane (Golghar Near Madag n)
VARANASI-221 001 (INDIA)

© *Chaukhambha Sanskrit Sansthan, Varanasi*

Phone : 333445

Second Edition : 2000

Branches :-

CHAUKHAMBHA SANSKRIT BHAWAN
Post Box No. 1160
CHOWK (The Benaras State Bank Bldg.)
VARANASI - 221001
✆ : 320414

CHAUKHAMBHA PUBLICATIONS
4262/3, Ansari Road, Darya Ganj
New Delhi-110002
✆ : 3268639

निवेदन

भासनाटक चक्र की टीका और भाषानुवाद शृङ्खला में प्रतिमानाटक की टीका को उपस्थापित करते हुए हम संतोष का अनुभव कर रहे हैं। आशा है कि भास के अन्य नाटकों की टीकायें भी यथाशीघ्र प्रकाशित कर सकेंगे और तदुपरान्त भास के विषय में एक साङ्गोपाङ्ग पूर्ण परिचयात्मक अध्ययन भी दे सकेंगे। भास के नाटक यद्यपि सूक्ति ग्रन्थों तथा कवियों की कृतियों में बहुचर्चित थे परन्तु इस शताब्दी के प्रारम्भ तक वे सभी अनुपलब्ध थे। सन् १९१३ ई० में महामहोपाध्याय गणपति शास्त्री द्वारा प्रकाशित होते ही ये नाटक सर्वत्र चर्चित हो उठे। इसी से उनकी गुणवत्ता और महत्ता का सहज बोध हो जाता कि वे प्रकाशन के साथ ही संपूर्ण देश में पठित और व्याख्यात होनें लगे और अद्यावधि यह क्रम चालू है। उसी क्रम में यह भी लघुप्रयास है।

टीकाकार्य में हमारे हितैषी आदरणीय पं० हीरामणिमिश्र नें सहायता की है और मुद्रण संशोधन में पं० कृपासिन्धु शर्मा नें सहायता की है। एतदर्थ इनका मैं अधमर्ण हूँ। इस संस्करण में अज्ञान या प्रमादवश, जो अशुद्धियाँ रह गयी हैं उनके लिये मैं विज्ञ पाठकों से क्षमायाचना करता हूँ। इसके प्रकाशन में चौखम्भा संस्थान के स्वत्वाधिकारी श्री मोहनदास जी गुप्त तथा उनके चिरंजीवि राजेन्द्र जो नें जो तत्परता दिखाई और अनुपम प्रेस के स्वामी नें जो धैर्य प्रदर्शित किया है उसके लिये मैं उन्हें धन्यवाद देता हूँ।

कल्याणमित्र प्रो० देवेन्द्रकुमारराय के प्रतिधन्यवाद औपचारिकता मात्र है।

काशी
विजयदशमी २०४९

गङ्गासागर राय

प्रतिमानाटकम्

भूमिका

महाकवि भास संस्कृत के दृश्य काव्यो के रचनाकारों में सम्भवतः सबसे प्राचीन हैं। संस्कृत नाटकों के विकास के इतिहास में भास ने अपनी कीर्ति-कौमुदी सुदूर दक्षिण से लेकर उत्तर तक एवं प्राची से लेकर प्रतीची तक लहराई हैं। भास के नाटकों में नाटक का वह रूप देखने को मिलता हैं जिसके कारण भरत ने नाटक को पञ्चम वेद होने का गौरव प्रदान किया था। नाटक कवित्व का चरम परिषाक होता हैं—'नाटकान्तं कवित्वम्'। उसमें तीनों लोकों के भावों का समावेश होता है। इस दृष्टि से भास के नाटकों का महत्त्व और अधिक बढ़ जाता हैं। भास ने मानवीय भावनाओं का सफलतापूर्वक चित्रण किया हैं। भास ने तेरह नाटकों की रचना की हैं एवं रचना के साथ-साथ उनके प्रस्तुतीकरण में भी उन्हें पर्याप्त सफलता प्राप्त हुई हैं। भास के नाटकों की प्रामाणिकता पर अविश्वास नहीं किया जा सकता, क्योंकि सभी नाटकों की भाषा और शैली एक-सी मुहावरेदार; सरल एवं प्राञ्जल है। इनके नाटकों में भावों एवं विचारों की पुनरुक्ति तथा पात्रों के नामों में समरूपता पायी जाती है एवं सभी नाटकों में प्रस्तावना के स्थान पर स्थापना शब्द का प्रयोग हुआ हैं। संस्कृत-साहित्य के नाट्य-जगत् में भास का अपना विशिष्ट स्थान है।

भास के नाटकों की प्रशस्तियाँ—

अपने कवित्व से जाज्वल्यमान महाकवि भास मणि के समान नाट्य-जगत् को आलोकित किये हुए हैं। परन्तु उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व बहुत ही उलझा हुआ एवं विवादास्पद है। भास के नाटकों की प्रशस्ति बीसवीं सदी के प्रारम्भ में कहीं कहीं ही सुनने को मिलती थी। भास के नाटक दक्षिण भारत में हस्तलिखित प्रतियों में पड़े थे तथा इनके स्वरूप के बारे में लोगों को जानकारी नहीं थीं। सबसे पहले १९१२ ई० में महामंहोपाध्याय श्री गणपति शास्त्री को ट्रावन्नकोर राज्य में तञ्जोर पुस्तकालय से करल लिपि में १३ नाटकों की जों पाण्डुलिपियाँ प्राप्त हुईं। उसको उन्होंने प्रकाश में लाया। गणपति शास्त्री के प्रकाशन से पूर्व भी संस्कृत के आचार्यों एवं कवियों ने भास का उल्लेख एवं यशोंगान किया था।

इससे यह प्रतीत होता है कि भास नाट्य-साहित्य में अपना अन्यतम स्थान रखते थे। महाकवि भास की प्रशस्तियों तथा उल्लेखों में कुछ निम्नलिखित हैं—

(१) कालिदास ने 'मालविकाग्नि मित्र' नाटक में सूत्रधार के मुख से स्पष्ट प्रश्न कहलवाया है कि प्रसिद्ध यशवाले भास, सोमिल्ल, कविपुत्र आदि कवियों के द्वारा निर्मित प्रबन्धों का अतिक्रमण कर कालिदास की रचना का इतना अधिक सम्मान क्यों हो रहा है—

'प्रथितयशसाँ भाससौमिल्लकविपुत्रादीनां प्रबन्धानतिक्रम्य कथं वर्त्तमानस्य कवेः कालिदासस्य कृतौ बहुमानः'।

(मालविकाग्निमित्र)

(२) हर्ष के सभापण्डित बाणभट्ट ने हर्षचरित में भास के नाटकों की उत्कृष्टता बतलाते हुए कहा है कि ये नाटक सूत्रधार से प्रारम्भ होने वाले, अधिक भूमिका वाले, तथा पताका से शोभायमान देवकुलों की भाँति प्रसिद्ध हैं।

सूत्रधारकृतारम्भैर्नाटकैर्बहुभूमिकैः ।
सपताकैर्यशो लेभे भासो देवकुलैरिव ॥

—हर्षचरित ।

यहाँ यह उल्लेखनीय है कि भास के नाटक सूत्रधार से प्रारम्भ होते हैं। यहाँ नान्दी का अभाव दृष्टिगोचर होता है जब कि सामान्यतः संस्कृत के नाटक नान्दी से ही प्रारम्भ होते हैं। यह अन्तर भास को संस्कृत के अन्य नाटकों से पृथक् पहचान बनाने में सहायता प्रदान करता है।

(३) राजशेखर ने अपनी काव्यमीमांसा में भास के नाटकों की अग्नि-परीक्षा में 'स्वप्नवासवदत्ता' के न जलने का उल्लेख किया है—

भासनाटकचक्रेऽस्मिञ्छेकैः क्षिप्ते परीक्षितुम् ।
स्वप्नवासवदत्तस्य दाहकोऽभून्न पावकः ॥

—काव्यमीमांसा

(४) वाक्यपति राज ने अपने 'गउडवहो' नामक प्राकृत भाषा के महाकाव्य में भास को 'जलणमित्ते'—(ज्वलनमित्र = अग्नि का मित्र) कहा है। भास को 'ज्वलन मित्र' की संज्ञा प्राप्त होने के सम्बन्ध में विद्वानों का विचार है कि नाटक में वासवदत्ता के जलने की मिथ्या खबर फैलाकर भास ने नाटकीय

कथा के विकास में उपयुक्त अवसर प्राप्त किया है ।

भासम्भि जलणमित्ते कन्तीदेवे तहावि रहुवारे ।
सोबन्धवे अ बन्धम्मि हारिअन्दे अ आणन्दो ॥ —गउडवहो ।

(५) नाटककार आलङ्कारिक कवि जयदेव ने अपने नाटक प्रसन्नराघव में भास को कविताकामिनी का 'हास' बताया है। इस प्रकार के वर्णन से भास की हास्य-रस वर्णन में कुशलता भी व्यञ्जित होती है—

यस्याश्चौरश्चिकुरनिकरः कर्णपूरो मयूरः
भासो हासः कविकुलगुरुः कालिदासो विलासः ।
हर्षो हर्षो हृदयवसतिः पञ्चबाणस्तु बाणः
केषां नैषा कथय कविताकामिनी कौतुकाय ॥

—प्रसन्नराघव १.२८

(६) दण्डी ने अपनी 'अवन्तिसुन्दरीकथा' में भास के काव्यगुणों के बारे में लिखा है—

सुविभक्तमुखाद्यङ्गैर्व्यक्तलक्षणवृत्तिभिः ।
परेतोऽपि स्थितो भासः शरीरैरिव नाटकैः ॥

दण्डी—अवन्तिसुन्दरी ।

(७) नाट्यदर्पण (रामचन्द्र तथा गुणचन्द्र, १२ वीं सदी) ने भास के स्वप्नवासवदत्ता का उल्लेख किया है ।

"यथा भासकृते स्वप्नवासवदत्ते शेफालिकाशिलातलमवलोक्य वत्सराजः……।"

(८) शारदातनय (१२ वीं सदी) ने 'भावप्रकाश' में प्रशान्त नाटक के प्रसङ्ग में स्वप्नवासवदत्ता' के कथानक का उल्लेख किया है ।

(९) भोजदेव ने 'शृङ्गारप्रकाश' में 'स्वप्नवासवदत्ता' का वर्णन किया है—

'वासवदत्ते पद्मावतीमस्वस्थां द्रष्टुं राजा समुद्रगृहकं गतः ।'

(१०) भास के 'स्वप्नवासवदत्ता' का उल्लेख अभिनवगुप्त ने नाट्यशास्त्र की अपनी टीका अभिनवभारती में किया है ।

'क्वचित्क्रीडा । यथा वासवदत्तायाम् ।'

—नाटयशास्त्र पर अभिनवगुप्त की टीका ।

(११) सर्वानन्द ने 'अमरकोशटीकासर्वस्व' में उदयन तथा वासवदत्ता के विवाह का उल्लेख किया है।

(१२) जयानक के 'पृथ्वीराजविजय' टीका में भास के विष्णु धर्म नाटक का उल्लेख किया गया है परन्तु भास का 'विष्णुधर्म' नाटक अभी अनुपलब्ध है।

उपर्युक्त तथ्यों के आधार पर कहा जा सकता है कि महाकवि भास को बहुत बड़ी ख्याति प्राप्त थी परन्तु समयान्तराल के कारण उनके नाटकों की ख्याति काल के गाल में समाविष्ट होती हुई केवल सूक्ति मात्र ही रह गई और महामहोपाध्याय गणपति शास्त्री के द्वारा इन नाटकों के उद्धार से पूर्व ये नाटक लुप्त हो गये थे ।

भास का जीवनवृत्त—

अपने रससिक्त नाटकों से जनमानस को आप्लावित करनेवाले महाकवि भास का जीवन-वृत्त आज भी तिमिराच्छन्न है । अपने देश में आत्मकथा लिखने की परम्परा नहीं थी । भास के सम्पूर्ण नाटकों में कहीं पर उसमें नामोल्लेख का स्पष्ट वर्णन नहीं है, परन्तु उनके ग्रन्थों के आधार पर कहा जा सकता है कि वे ब्राह्मण धर्म के एवं अनुयायी एवं वैष्णव मतावलम्बी, सशक्त नाटककार हैं । भास स्त्रियों को सम्मान की दृष्टि से देखते थे एवं उनके लिए गृह को ही उचित स्थान बताया है । महाकवि भास वर्णाश्रम धर्म को माननेवाले, कर्तव्यनिष्ठ पुत्र के पिता, पतिचरणानुगामी पत्नी के पति एवं संतानप्रिय पिता थे । देवता एवं धर्म में उनका दृढ़ विश्वास था—'धर्मो रक्षति रक्षितः' ।

पञ्चरात्र एवं अन्य रूपको में भास ने यज्ञ का उल्लेख किया है—

'शिक्षा क्षयं गच्छति कालपर्ययात् सुबद्धमूला निपतन्ति पादपाः ।
जलं जलस्थानगतं च शुष्यति हुतं च दत्तं च तथैव तिष्ठति ॥

भास भाग्य में दृढ़ विश्वास करते थे—

'चक्रारपङ्क्तिरिव गच्छति भाग्यपङ्क्तिः'

भास उद्योग के महत्त्व को भी स्वीकार करते थे—

'काष्ठादग्निर्जायते मथ्यमानाद् भूमिस्तोयं खन्यमाना ददाति ।
सोत्साहानां नास्त्यसाध्यं नराणां मार्गारब्धाः सर्वयत्नाः फलन्ति ॥'

डा० पुसालकर ने भास को 'धर्मभीरु ब्राह्मण' कहा हैं । भास के स्वप्नवासवदत्ता एवं बालचरित नाटकों के भरतवाक्य के आधार पर कहा जा सकता है कि भास दक्षिण भारत के न होकर उत्तर भारत के निवासी थे ।

इमां सागरपर्य्यन्तां हिमवद्विन्ध्यकुण्डलाम् ।
महीमेकातपत्राङ्का राजसिंहः प्रशास्तु नः ॥

कवि भगवान् से प्रार्थना करता है कि—

हमारे राजा ससागरा उस सम्पूर्ण भूमण्डल के मध्य एकच्छत्र राज्य करें जिसके एक ओर हिमालय तथा दूसरी ओर विन्ध्य पर्वत दो कर्णकुण्डलों के समान अलंकृत हो रहे हैं । भास की वसुन्धरा उत्तर में हिमालय एवं दक्षिण में विन्ध्य पर्वत तक शीर्षस्थानीय हैं । यही पृथ्वी भास की पृथ्वी थी ।

भास के नाटकों की खोज—

संस्कृत साहित्य के नाट्य जगत को आलोकित करनेवाले महाकवि भास के नाटक प्रेक्षकों की दृष्टि से ओझल क्यों हो गये ? जब कि भास उस समय इतनी ख्याति प्राप्त कर चुके थे कि कालिदास जैसे कवि भी भास के नामोल्लेख से अछूते नहीं रह सके । भास के नाटकों के विलुप्त होने के सम्बन्ध में कहा जा सकता है कि जिस प्रकार वैदिक ग्रन्थ और शाखायें जिनका कुलपरम्परा में अध्ययन आवश्यक था विलुप्त हो गये तो लोकानुरंजक इन नाटकों का क्या ? सुमिल्ल आदि के नाटक आज तक विलुप्त है । विद्वानों नें नाटकों के सम्बन्ध में जो विचार व्यक्त किये हैं वे निम्नलिखित हैं—

(१) भारत में मुसलिम शासकों के आक्रमण एवं राज्य स्थापना तथा साम्राज्य-विस्तार के साथ हो साथ प्राचीन भारतीय संस्कृति का विनाश एवं उस समय के कवियों की कृतियों कों विनष्ट करने का खेल प्रारम्भ हो गया था, फिर देश की समृद्धि एवं राजसिंह को हिमालय एवं विन्ध्य के बीच एकछत्र राज्य का निर्देश देने वाले तथा वैदिक संस्कृति एवं धर्म के पोषक कवि के ऊपर मुसलमानों की दृष्टि पड़ना स्वाभाविक ही था । उत्तरी भारत में रहने वाले देशी सरदार एवं मुसलमानों ने देवनागरी लिपि में उद्धृत सरल पाठ को विनष्ट करने में पर्याप्त सहयोग विदेशी आक्रमणकारियों को दिया । जिसके परिणामस्वरूप

उत्तरी भारत में देवनागरी लिपि में भास की कृतियां काल के गाल में समाहित होकर अनुपलब्ध हो गयीं। प्रो० वी० राघवन् ने जो हस्त लेखों की खोज की है वह देवनागरीलिपि में नहीं है। दक्षिण में जो लेख प्राप्त हुए हैं उसका कारण है कि दक्षिण केरल में मुसलमानों का प्रचार-प्रसार कम था तथा ग्रन्था तथा मलयालम की लिपियाँ भी सम्भवतः उनके लिए सुलभ नहीं थी।

(२) ए० एस० पी० अय्यर ने 'भास' के सम्बन्ध में ऐसी सम्भावना व्यक्त की है कि विदेशियों से बार-बार पदाक्रान्त होने के कारण भारतीय जनता का ध्यान शौर्यपूर्ण अभिनयों को देखने की अपेक्षा धर्म कौ ओर उन्मुख हो गया था।

सन् १९०९ में महामहोपाध्याय प० गणपति शास्त्री को पद्मनाभपुरम् के निकट मल्लिकारमठम् में स्वप्नवासदवत्तम्, प्रतिज्ञायोगन्धरायण, पञ्चरात्र, चारुदत्त, दूतघटोत्कच, अविमारक, बालचरित, मध्यमव्यायोग, कर्णभार तथा उरुभङ्ग के हस्तलेख मिले, इसके अतिरिक्त दूतवाक्य की खण्डित ताड़पत्र पर लिखित हस्तलिपि प्राप्त हुई। ये हस्तलेख मलयालम लिपि में थे। गणपति शास्त्री ने अपने प्रयासों को आगे भी जारी रखा एवं कैलाशपुरम् के एक ज्योतिषी के यहाँ अभिषेक तथा प्रतिमानाटक की हस्तप्रतियाँ प्राप्त कीं। इन दोनों प्रतियों के समान ट्रिवेण्ड्रम पुस्तकागार में भी दो प्रतियाँ प्राप्त हुईं। गणपति शास्त्री ने कृष्णतन्त्री से भी हस्तलेख प्राप्त किये तथा मैसूर के पण्डित अनन्ताचार्य ने केरल से प्राप्त स्वप्नवासवदत्तम् तथा प्रतिज्ञायौगन्धरायण की दो प्रतियाँ भी गणपति शास्त्री को दीं। निरन्तर प्रयत्नशील रहने के बाद भी शास्त्री को चारुदत्त की कोई पूर्ण प्रति नहीं प्राप्त हो सकी। यह भी संभव हो सकता है कि यह कर्णभारम् का अग्रिम अंश हो।

३ जनवरी १९०६ को सम्पत कुमार चक्रवर्ती ने गवर्नमेण्ट ओरियण्टल मैनुस्क्रिप्ट्स्लाइब्रेरी मद्रास के पुस्तकालय के लिए देवनागरी लिपि में स्वप्नवासवदत्तम् की एक प्रति नकल की थी। उसके एक महीने पश्चात् ६-२-१९०६ श्री चक्रवर्ती ने देवनागरी लिपि में पुस्तकालय के हेतु प्रतिज्ञायौगन्धरायण की भी एक प्रति की नकल को।

महामहोपाध्याय गणपति शास्त्री ने भास के जिन तेरह नाटकों को प्रकाशित

किया, वे निम्नलिखित हैं—

(१) प्रतिज्ञायौगन्धरायण
(२) अविमारक
(३) स्वप्नवासवदत्त
(४) प्रतिमा नाटक
(५) मध्यमव्यायोग
(६) पाञ्चरात्र
(७) अभिषेक
(८) दूतवाक्य
(९) दूतघटोत्कच
(१०) कर्णभार
(११) उरुभङ्ग
(१२) बालचरित
(१३) चारुदत्त

गोण्डलनिवासी राजवैद्य जीवराम कालिदास शास्त्री ने १९४१ में 'यज्ञफल' नामक एक रूपक का प्रकाशन करके भास के नाटकों की संख्या एक और बढ़ा है। परन्तु इस नाटक के प्रकाशन के बाद इस पर बहुत विवाद हुआ और एक व्यक्ति ने उसे अपनी कृति होने का दावा किया। बाद में विद्वानों ने अन्वेषण कर यह सिद्ध किया कि इस नाटक का एक हस्तलेख बहुत प्राचीन है और अपनी कृति का दावा करनेवाले सज्जन का विचार मिथ्या है। इस विषय में प्रो० रामचन्द्र नारायण दाण्डेकर ने एक प्रामाणिक निबन्ध लिखकर यह प्रमाणित किया कि अपनी कृति होने का दावा करने वाले सज्जन का मत मिथ्या है और यह कृति प्राचीन है।

रूपकों का एक-कर्तृकत्व—

महामहोपाध्याय गणपति शास्त्री के द्वारा प्रतिपाद्य भास के १३ नाटकों की प्रामाणिकता पर विद्वानों में मतैक्य है। भास के नाटकों के ऊपर यह प्रश्न चिह्न लगाया जाता है कि सम्पूर्ण नाटक भास के हैं या इसमें से कुछ ही नाटक भास के हैं। सम्पूर्ण नाटकों के सूक्ष्म अन्वीक्षण से इस निष्कर्ष पर पहुँचा जा सकता है, कि सभी नाटक भास के हैं क्योंकि उनमें आश्चर्यजनक समता पाई जाती है—

(१) भास के सभी नाटकों में (चारुदत्त को छोड़कर) नान्दी के बाद सूत्रधार मंगलपाठ से इनका प्रारम्भ करता है—

(क) नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः । सूत्रधारः—उदयनवन्दुसवर्णा…'
—स्वप्नवासवदत्त ।

(ख) नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः । सूत्रधारः—पातु वासवदत्तायो ……प्रतिज्ञायौ० । इत्यादि ।

(२) कर्णभार में प्रस्तावना शब्द का प्रयोग हुआ है । इसके अतिरिक्त

सभी नाटकों में 'प्रस्तावना' के स्थान पर 'स्थापना' शब्द का प्रयोग किया गया है।

(३) अङ्कों के बीच में घटित घटनाओं के सम्बन्ध में जानकारी देने के लिए अङ्कों के मध्य में विष्कम्भकों तथा लघुविस्तारी प्रवेशकों का समावेश हुआ है।

(४) सम्पूर्ण नाटकों में कहीं पर भी नाटक के प्रणेता के नाम का उल्लेख नहीं है।

(५) चारुदत्त एवं दूतघटोत्कच के अतिरिक्त सम्पूर्ण नाटकों के भरत-वाक्य में राजसिंह राजा के एकच्छत्र राज्य की कामना व्यक्त की गई है जिसका शासन हिमालय से विन्ध्य एवं पूर्व सागर से पश्चिम सागर तक है।

> इमां सागरपर्यन्तां हिमवद् विन्ध्यकुण्डलाम्।
> महीमेकातपत्राङ्कां राजसिंहः प्रशास्तु नः॥

—स्वप्न० ६-१९, तथा अन्य नाटकों में भरतवाक्य।

(६) भरत द्वारा निर्दिष्ट भारतीय नाट्य साहित्य परम्परा के नियमों का भास के नाटकों में उल्लंघन हुआ है। उदाहरणार्थ—रङ्गमञ्च पर ही मृत्यु तथा लड़ाई-झगड़े का प्रदर्शन किया है।

(७) नाटकों के पात्रों में नामसाम्य पाया जाता है।

(८) सभी नाटकों के पात्रों ने आकाशभासित वाक्यों (पाठों) का प्रयोग किया है।

(९) भास ने भरत के नाट्य में अविहित कुछ शब्दों का प्रयोग प्रचलित अर्थ से भिन्न किया है। जैसे—आर्यपुत्र का प्रयोग अनेकशः ऐसे अर्थों में हुआ है।

(१०) सभी रूपकों का नाम केवल ग्रन्थ की समाप्ति पर ही पाया जाता है।

(११) नाटकों में विभिन्न छन्दों के प्रयोग होने पर भी उनमें साम्य है।

(१२) सभी नाटकों की भाषा तथा शैली में अद्भुत साम्य है।

(१३) नाट्य निर्देश की न्यूनता सभी नाटकों में मिलती है एवं जो नाट्य-निर्देश हैं उनमें एकाधिक निर्देश एक साथ हैं। जैसे—निष्क्रम्य पुनः प्रविश्य, यहाँ निकलना तथा प्रवेश करना साथ ही निर्दिष्ट है।

(१४) अधिकतर नाटकों में पताकास्थान तथा मुद्रालङ्कार का प्रयोग एक समान किया गया है।

(१५) इन नाटकों में पाणिनीय व्याकरण के नियमों पर जोर नहीं दिया गया है।

(१६) कई नाटकों में प्रभावशाली पद्धति के द्वारा किसी नवागन्तुक के द्वारा अप्रत्याशित उत्तर की प्राप्ति होती है। जैसे—महासेन और अङ्गारवती आपस में विचार-विमर्श कर रहे हैं कि वासवदत्ता के लिए कौन राजा उपयुक्त होगा उसी समय कञ्चुकी उपस्थित होकर 'वत्सराज' का नाम लेता है। इस प्रकार उनके प्रश्न का आकस्मिक उत्तर प्राप्त हो जाता है जब कि कञ्चुकी यह सूचना देने आता हैं कि 'वत्सराज' बन्दी बना लिया गया।

इसी प्रकार जब अभिषेक नाटक में रावण सीता को यह बताता है कि इन्द्रजित् के द्वारा राम एव लक्ष्मण का वध हो गया अब तुम्हें कौन मुक्त करायेगा, उसी समय एक राक्षस आकर यह कहता हैं कि 'राम'। जब कि राक्षस यह सूचना देना चाहता है कि राम ने इन्द्रजित् को मार डाला।

(१७) कई नाटकों में समान वाक्यों का प्रयोग हुआ हैं। जैसे—'उस्सरह उस्सरह अय्या ! उस्सरह'। (हटिये, हटिये श्रीमानो !) का प्रयोग कई स्थानों पर है।

(१८) एक पात्र द्वारा दूसरे पात्र के पद्यों को खण्डित किया गया है।

(१९) सम्पूर्ण नाटकों में से पाँच नाटकों के आद्य श्लोकों में मुद्रालङ्कार का प्रयोग कर देवस्तुति, पात्रनामोल्लेख एवं कथानक संकेतित है।

(२०) नाटक में नाटकीय घटनाओं के प्रयोग में समानता पाई जाती है। जैसे—अभिषेक तथा प्रतिमा नाटक में सीता द्वारा रावण की प्रार्थना का अस्वीकार किया जाना तथा उसे शाप देना। इसी प्रकार चारुदत्त में शकार के निवेदन को अस्वीकृत करते हुए वसन्तसेना द्वारा उसे शाप देना। बालचरित तथा पाञ्चरात्र में सैनिकों द्वारा राजा के विषय में प्रश्न करना कि यह किसका राजा है ? एवं प्रणाम न करना। अविमारक एवं प्रतिज्ञा में राजा तथा रानी के बीच उपयुक्त वर के लिए एक समान वर्णन है।

(२१) प्रायः भास के नाटकों में युद्ध की सूचना भटों और ब्राह्मणों के माध्यम से दिलायी गयी है।

(२२) किसी घटना की जानकारी देने के लिए 'निवेद्यतां निवेद्यतां'

महाराजाय' इत्यादि वाक्य की उद्भावना पञ्चरात्र, कर्णभार, दूतघटोत्कच आदि में एक समान है।

(२३) नाटक में भावों की समानता पाई जाती है। जैसे—नारद को कलहप्रिय तथा स्वरतन्त्री का साधक बताया गया है—

(क) "तन्त्रीषु च स्वरगणान् कलहांश्च लोके।'

—अविमारक ४।२

(ख) तन्त्रीश्च वैराणि च घट्टयामि।

—बाल० १।३

(२४) मृत्यु के बाद राजाओं का स्थूल शरीर तो नहीं रहता परन्तु उनका यश रूपी शरीर चिरकाल तक रहता है, इस प्रकार के विचारों की उद्भावना हुई। 'नष्टाः शरीरैः क्रतुभिर्धरन्ते' (पञ्चरात्र १, २५)

'हतेषु देहेषु गुणा धरन्ते' (कर्ण० १७)

(२५) लक्ष्मी का निवास साहसियों के पास दर्शाया गया है एवं वह संतोष नहीं करती। इस प्रकार का वर्णन चारुदत्त, दूतवाक्य, पाञ्चरात्र और स्वप्नवासदवत्तम् में पाया जाता है।

उपर्युक्त समताओं के आधार पर कहा जा सकता है कि सम्पूर्ण नाटकों का लेखक एक ही व्यक्ति रहा होगा।

इन नाटकों का प्रणेता कौन था ?

भास के नाटकों की प्रामाणिकता के विषय में विद्वानों में मतैक्य है। भास के नाटक के सम्बन्ध में विचार व्यक्त करनेवाले विद्वानों को तीन श्रेणियों में बाँटा जा सकता है।

प्रथम वर्ग—ए० डी० पुसालकर तथा प्रो० ए० बी० कीथ, गणपति शास्त्री, पराञ्जपे, सभी नाटकों को भासकृत मानते हैं।

द्वितीय वर्ग—पिशरोटी, कुन्हनराजा, देवधर तथा विण्टरनित्ज, डा० बार्नेट ये सभी विद्वान् इन नाटकों को भासकृत नहीं मानते।

तृतीय वर्ग—डा० सुकथनकर आदि विद्वानों का विचार है कि जो नाटक उपलब्ध हैं उनमें कुछ नाटक भासकृत हैं तथा कुछ नाटकों को सम्पादन के पश्चात् भास के साथ नाम जोड़ दिया गया है।

केरलीय चाक्यारों की रचना ?

कुछ समीक्षकों का विचार है कि इन नाटकों की रचना केरल के रंगमंच अभिनेता चाक्यारों ने की है। इसके सम्बन्ध में इन लोगों का विचार है कि—

(क) नाटकों की हस्तप्रतियों का केवल केरल में प्राप्त होना।

(ख) यदि नाटकचक्र भासकृत होता तो इनकी प्रस्तावना या स्थापना में भास का नामोल्लेख अवश्य होता।

(ग) रीति ग्रन्थों में जो 'स्वप्नवासवदत्ता' के उदाहरण दिये गये हैं उनका वर्तमान नाटकों से कोई मेल नहीं है।

(घ) महामहोपाध्याय कुप्पु स्वामी शास्त्री का विचार है कि स्वप्नवासवदत्ता एवं प्रतिज्ञा नाटकों में 'विवाह' के लिए 'सम्बन्ध' शब्द का प्रयोग हुआ है यो केरल के चाक्यारों में आज भी इसी अर्थ का द्योतक है। इस आधार पर चाक्यारों की प्रामाणिकता सिद्ध होती है।

चाक्यारों के रचना की अप्रामाणिकता—

नाटकों की भाषा, शैली, समृद्धि कों देखते हुए चाक्यारों की रचना नहीं कहा जा सकता, क्योंकि यदि इस प्रकार के नाटकों की सृजनशक्ति चाक्यारों के अन्दर थी तो उन्होंने इन तेरह नाटकों के अतिरिक्त अन्य नाटकों का सृजन क्यों नहीं किया ? क्या इन तेरह नाटकों के बाद उनकी सृजनशक्ति समाप्त हो गई ? अतः इन नाटकों के प्रणेता चाक्यार नहीं थे। इस सम्बन्ध में कुछ तथ्य निर्दिष्ट हैं—

(क) प्राचीन प्रतियों के केरल में प्राप्त होनें से प्रामाणिकता सिद्ध नहीं होती क्योंकि उत्तर भारत में राजनीतिक उथल-पुथल भी उसके अभाव का कारण हो सकता हैं। इसके साथ ही यह भी सम्भव हो सकता है कि किसी कवि की कृति किसी देश-विदेश में प्रचलित हो तथा अन्य प्रान्तों में उसका प्रचार-प्रसार न हो।

(ख) नाटकों में भास का नामोल्लेख न होने से इसकी अप्रामाणिकता तथा नवीनता नहीं सिद्ध होती, क्योंकि यह निश्चित है कि भास कालिदास से प्राचीन है एवं यह भी सम्भव हो सकता हैं कि उस समय के कवियों में नामोल्लेख की परम्परा का अभाव हो। इसके साथ ही यह भी है कि यदि ये नाटक चाक्यारों के होते तो वे अवश्य अपना नामोल्लेख करते।

(ग) प्राचीन ग्रन्थों से प्राप्त उद्धरणों के सम्बन्ध में यह हो सकता है कि लेखक के प्रमादवश ये अंश छूट गये हों एवं जहाँ पर ये अंश छूटे हैं वहाँ पर इन अंशों को उसमें समाविष्ट करने का पर्याप्त स्थान है।

(घ) 'विवाह' के अर्थ में 'सम्बन्ध' शब्द का प्रयोग मिताक्षरा पद्धति में आज भी दिखलायी पड़ता है।

इन नाटकों की रचना पल्लव दरबार में नहीं हुई—

पल्लव द्वितीय नरसिंह वर्मन् या तेन मारन के किसी सभापण्डित ने इन नाटकों की रचना की है क्योंकि दो नरपतियों ने अपनी उपाधि रखा था अतः 'राजसिंहः प्रशास्तु नः' के प्रयोग के आधार पर यह कहा जा सकता है। इसकी प्रामाणिकता के सम्बन्ध में यह कहा जा सकता है कि नाटक में ऐसे संस्कृत शब्द हैं जो दक्षिण में हैं या दाक्षिणात्य अर्थ रखते हैं।

यह तर्क इतिहास की कसौटी पर खरा नहीं उतरता क्योंकि इन राजाओं की सभा में ऐसे प्रतिभाशाली कवि का उल्लेख नहीं है। इसके साथ ही कवि यदि इन राजसभाओं में रहता तो अपनी कृतियों में अपने नाम का उल्लेख अवश्य करता। क्योंकि विक्रम की प्रथम शताब्दी से ही नाम उल्लेख की परम्परा का प्रादुर्भाव हो गया था। जैसे—कालिदास, अश्वघोष, भवभूति, आदि, औदीच्य, एवं शक्तिभद्र, महेन्द्रवर्मन, आदि दक्षिण के नाटककारों के नाम इसके प्रमाण हैं।

इस आधार पर कहा जा सकता है कि इन नाटकों की रचना पल्लव दरबार में नहीं हुई। भास के नाटकों की प्रामाणिकता के सम्बन्ध में विद्वानों के तीन वर्ग हैं जिसमें एक वर्ग नाटकों की प्रामाणिकता स्वीकार करता है। राजशेखर का भास के 'स्वप्नवासवदत्ता' के विषय में साक्ष्य लिया जा सकता है—

> 'भासनाटकचक्रेऽपि च्छेकैः क्षिप्ते परीक्षितुम्।
> स्वप्नवासवदत्तस्य दाहकोऽभून्न पावकः॥

अग्नि-परीक्षा के समय और नाटकों के साथ स्वप्नवासवदत्ता का परीक्षण होता है परन्तु वह बच जाता है। इसके आधार पर कहा जा सकता है कि अन्य नाटक भी भासकृत हैं।

दूसरा वर्ग भास के नाटकों को बिलकुल अप्रामाणिक मानते हुए उसे किसी परवर्ती लेखक चाक्यार, पल्लवनरेश का सभापण्डित या किसी अन्य कवि को स्वीकार करता है।

तीसरा वर्ग भास के नाटकों को अर्धप्रामाणिक स्वीकार करता है। इनके अनुसार कुछ नाटक भासरचित हैं लेकिन सभी नहीं। इस मत के समर्थन में महामहोपाध्याय पं० रामवतार शर्मा का विचार है कि कुछ नाटकों के कतिपय अंश भासरचित तो अवश्य हैं परन्तु सभी नाटकों की रचना भासकृत नहीं है।

विभिन्न मत-मतान्तरों के आधार पर निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि ये नाटक अंशतः भास द्वारा लिखे गये हैं।

भास का समय—

संस्कृत साहित्य के नाट्य जगत् को आलोकित करनेवाले महाकवि भास के समय-निर्धारण में विद्वानों में मतभेद है। इसका मुख्य कारण यह है कि उस समय के कवियों में जीवन-परिचय लिखने की परम्परा का प्रादुर्भाव नहीं हुआ था। भास के समय के सम्बन्ध में विद्वानों में जितना मतभेद है उतना अधिक सम्भवतः संस्कृत जगत् के किसी कवि के सम्बन्ध में नहीं होगा। यदि एक वर्ग भास को ई० पू० चौथी शती में मानता है तो दूसरा वर्ग उन्हे ईसा की दसवीं सदी में। इस प्रकार भास के समय में १४०० वर्षों का अन्तर पड़ता है। भास को दसवीं शती में मानने वाले विद्वान भास नाटक चक्र कालिदास द्वारा वर्णित भास नाटक को न मानकर किसी अन्य चाक्यार या केरलीय कवि द्वारा निर्मित स्वीकार करते हैं।

अन्तःसाक्ष्य एवं बहिःसाक्ष्य के तथ्यों के आधार पर भास को चतुर्थ ई० पू० तथा ईस्वी सन् चतुर्थ शतक के बीच का स्वीकार किया जा सकता है।

महाकवि भास का देश—

दक्षिण के विद्वान महाकवि भास को दक्षिण देश का निवासी मानते हैं इसके सम्बन्ध में उन लोगों का तर्क है कि—

(१) भास के नाटकों के सभी हस्तलेख केरल में ही प्राप्त हुए हैं।

(२) सम्पूर्ण भारत को छोड़कर केरल में ऐसा नियम है कि संस्कार के समय पति के साथ पत्नी की उपस्थिति अनिवार्य नहीं है, इसी प्रकार का चित्रण

भास ने अपने नाटक प्रतिमा में संस्कार के समय राम के साथ सीता का चित्रण नहीं किया है। अतः इस प्रकार के वर्णन के आधार पर भास केरल के निवासी ठहरते हैं।

(३) भास ने मामा का अधिक सम्मान के साथ उल्लेख किया हैं, जिसका कारण दक्षिण भारत का ही प्रभाव है।

मतों की अप्रामाणिकता—

किसी कवि के किसी स्थान पर प्राप्त हस्तलेखों के आधार पर उसकी उस देश का निवासी नहीं कहां जा सकता, क्योंकि यह भी संभव है कि किसी कवि की रचनाओं की ख्याति दूसरे देशों में हो तथा कवि दूसरे देश का निवासी हो। उत्तर भारत में मुसलिम शासकों का क्रूर नतंन तथा राजनीनिक उथल-पुथल का समय था, इसलिए भास के नाटक-चक्र के हस्तलिपियों का उत्तर भारत में अभाव है। प्रतिमा नाटक में अभिषेक-संस्कार में राम के साथ सीता की अनुपस्थिति नाटकीय विशेषताओं के लिए दर्शायी गई है।

भास के द्वारा मामा को अधिक सम्मान देने वाली बात धर्मशास्त्र पर अवलम्बित हैं।

वस्तुतः भास के नाटकों के अध्ययन से उस समय की परिस्थितियों का ज्ञान होता है। भास ने अपने नाटकों में अनेकों देशों का वर्णन किया हैं। उनमें प्रमुख हैं अवन्ती, वत्स, काशी, मत्स्य, शूरसेन; कुरु, कुरुजाङ्गल, उत्तरकुरु, कोशल, विराट्, सौवीर, कम्बोज, गांधार, मद्र, मगध, मिथिला (विदेह), अंग, वंग, जनस्थान, दक्षिणापथ तथा लङ्का आदि। इन नामों के आधार पर कहा जा सकता है भास उत्तर भारत के ही निवासी थे। उन्होंने जो लङ्का, दक्षिणापथ, सिंहल का वर्णन किया है वह रामायण एवं महाभारत के आधार पर किया है। भास ने उत्तर भारत के ही पर्वतों हिमालय, विन्ध्य, महेन्द्र, मलय, चित्रकूट, मेरु, मन्दर, क्रौञ्च, कैलाश आदि का वर्णन किया है।

भास का धर्म—

महाकवि भास गो-ब्राह्मण संरक्षक वैष्णव मतावलम्बी थे, वे राम तथा कृष्ण के अनन्य भक्त, वैदिक-कर्म-काण्डों में पूर्ण निष्ठा रखने वाले वैष्णव धर्म के अनन्य अनुयायी थे।

भास ब्राह्मण थे ?

भास के नाटकों से यह स्पष्ट प्रतीत होता है कि भास ब्राह्मण थे।[1] परम्परा से भी ब्राह्मण का विद्या के अध्ययन-अध्यापन पर आधिपत्य था। ब्राह्मण धर्म एवं समाज व्यवस्था को मानना तथा अकुलीनों का सुरूप न होना (अविमारक) आदि तथ्य भास को ब्राह्मण ठहराते हैं।

भास की शैली—

महाकवि भास के नाटकों की शैली संस्कृत नाटयजगत् में अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। भास ने अपनी शैली के माध्यम से 'गागर में सागर' भरने वाली उक्ति चरितार्थ की है। इनकी छोटी से छोटी उक्तियों में भावगाम्भीर्य एवं रसपेशल भावों की व्यञ्जना अपना विशेष महत्त्व रखती है।

इनके लम्बे एवं क्लिष्ट पद काव्य की दृष्टि से भले ही उपयोगी हों परन्तु इनके सरल एवं छोटे पदों के महत्त्व का नकारा नहीं जा सकता। भास के नाटक में प्रयुक्त भाषा एवं शैली से ऐसा प्रतीत होता है कि उस समय संस्कृत लोक-व्यवहार की भाषा रही होगी।

भास के नाटकों में आलङ्कारिक शैली का नितान्त अभाव है, भास ने अपने नाटकों में उपमा, रूपक एवं उत्प्रेक्षा जैसे सरस और सरल अलङ्कारों का प्रयोग किया है। भास के नाटकों के पात्रों की भाषा एवं शैली इतनी प्रभावात्मक तथा अर्थगाम्भीर्य से युक्त है कि सहज ही दर्शकों के हृदय (मन) को अपनी ओर खींच लेती है। संक्षिप्त शब्दों के द्वारा ही भास ने भावों की अभिव्यक्ति अच्छे ढंग से की है। जैसे—'अनुक्त्वैव वनं गताः'। —प्रतिमा २।९६

इस प्रकार की संक्षिप्त शैली के द्वारा भास ने राम-लक्ष्मण-सीता के मनोगत भावों की अभिव्यक्ति की है। भास के नाटकों में प्रभावशाली शैली के द्वारा किसी नवागन्तुक के द्वारा अप्रत्याशित उत्तर की प्राप्ति होती है। जैसे—प्रतिज्ञा नाटक में महासेन अपनी पत्नी अङ्गारवती से वासवदत्ता के वर के सम्बन्ध में बातचीत कर रहा है। उसी समय कञ्चुकी आकर उदयन का नाम लेता है।

---

[1] ए० एस० पी० अय्यरकृत 'भास', पृ० ७; यही मत डा० पुसालकर का भी है।

इसी प्रकार अभिषेक नाटक में रावण सीता को यह सूचित करता है कि इन्द्रजित् के द्वारा राम-लक्ष्मण का वध हो गया, अब तुम्हें कौन मुक्त करायेगा ? उसी समय एक राक्षस आकर कहता है कि 'राम'। इस प्रकार की उक्तियों के प्रयोग द्वारा लेखक दर्शक एवं पाठक के हृदय में आलोड़न पैदा कर देता हे।

भास की शैली प्रसादगुण युक्त है, परन्तु वीररस के वर्णन में वह ओज का भी प्रदर्शन करती है। भास शृङ्गार एवं वीररस की व्यञ्जना में सफल हैं। जैसे—

कामेनोज्जयिनीं गते मयि तदा कामप्यवस्थां गते,
दृष्ट्वा स्वैरमवन्तिराजतनयां पञ्चेषवः पातिताः।
तैरद्यापि सशल्यमेव हृदयं भूयश्च विद्धा वयं
पञ्चेषुर्मदनो यदा कथमयं षष्ठः शरः पातितः॥

—स्वप्न० ४।१।

उस समय उज्जयिनी में जाने पर और अवन्तिराजकुमारी वासवदत्ता की इच्छा के अनुसार देखकर मेरे अनिर्वचनीय अवस्था में पड़ने पर कामदेव ने अपने पाँचों बाणों से मेरे ऊपर प्रहार किया। आज भी उन बाणों से मेरा चित्त विद्ध ही है। फिर भी (पद्मावती से विवाह होने पर मैं विद्ध हो गया हूँ। कामदेवों पाँच बाणों से ही युक्त है तो फिर उसने छठाँ बाण कहाँ से मारा है ?

चलविलुलितमौलिः क्रोधताम्रायताक्षीं,
भ्रमरमुखविदष्टां किञ्चिदुत्कृष्य मालाम्।
असिततनुविलम्बिस्रस्तवस्त्रानुकर्षी,
क्षितितलमवतीर्णः पारिवेषीव चन्द्रः॥

—उरुभंग २६।

जिनका मुकुट चंचल और कंपित हो रहा हो, जिनके नेत्र क्रोध के कारण लाल और विशाल हो गये हैं भ्रमरों के द्वारा जिसका रस चूस लिया गया है ऐसी माला को कुछ खींच कर और शरीर पर लटकते हुए नीले और ढोले वस्त्र कों संभालते हुए बलदेव जी ऐसे प्रतीत हो रहे हैं जैसे कि परिवेष (मण्डल) से युक्त चन्द्रमा ही पृथ्वी पर अवतीर्ण हो गया हो।

भास के पदों में साध्य की सफलता के लिए साधन की कठोर सहनता पर भी जोर दिया गया है। इस प्रकार का यह वर्णन द्रष्टव्य है—

काष्ठादग्निर्जायते मथ्यमानाद्,
भूमिस्तोयं खन्यमाना ददाति।
सोत्साहानां नास्त्यसाध्यं नराणां,
मार्गारब्धाः सर्वयत्नाः फलन्ति॥

—प्रतिज्ञा १.१८

काष्ठ में घर्षण करने के पश्चात् ही अग्नि उत्पन्न होती हैं, पृथ्वी के खोदने के पश्चात् जल प्राप्त होता हैं, उत्साही व्यक्तियों के लिए कोई भी वस्तु असाध्य नहीं है, कार्य को उचित मार्ग से शुरू कर वे सफल हो जाते हैं।

भास यदि किसी प्राकृतिक छटा एवं दृश्य का वर्णन करते हैं तो इतनी स्पष्टता पूर्वक करते हैं कि पाठक एवं दर्शक को सहज ही भावबोध हो जाय।

जैसे—संध्यावर्णन—

पूर्वा तु काष्ठा तिमिरानुलिप्ता
सन्ध्यारुणा भाति च पश्चिमाशा।
द्विधा विभक्तान्तरमन्तरिक्षं
यात्यर्धनारीश्वररूपशोभाम्॥

—अवि० २।१२।

पूर्व दिशा अन्धकार से पूर्ण तथा पश्चिम दिशा सन्ध्यारुणा हो रही है, दो रूपों में बँटा हुआ यह आकाश अर्धनारीश्वर के समान शोभायमान हो रहा है। एवं—

खगा वासापेताः सलिलमवगाढो मुनिजनाः
प्रदीप्तोऽग्निर्भाति प्रविचरति धूमो मुनिवनम्।
परिभ्रष्टो दूराद्रविरपि च संक्षिप्तकिरणो
रथं व्यावर्त्यासौ प्रविशति शनैरस्तशिखरम्॥

—स्वप्न० १।१६।

चिड़ियाँ घोसलों में चली गईं। तपस्वी लोग स्नान करने लगे। प्रज्वलित अग्नि शोभित हो रही है, धूआँ तपस्वियों के वन में फैल रहा है, दूर से गिरे हुए ये

सूर्य भी अपने किरणों को इकट्ठा कर रथ को मोड़कर धीरे-धीरे अस्त पर्वत की चोटी में प्रवेश कर रहे हैं।

भास के नाटकों में रात्रि का वर्णन भी अत्यन्त सुन्दर ढंग से हुआ है—

लिम्पतीव तमोऽङ्गानि वर्षतीवाञ्जनं नभः।
असत्पुरुषसेवेव दृष्टिर्निष्फलतां गता॥

—चारुदत्त १।१९।

यह गाढ़ा अन्धकार है। इस समय अन्धकार मानों अङ्गों का विलेपन कर रहा हो, आकाश मानो काले अञ्जन की वर्षा कर रहा हो, अतएव असत् पुरुष की सेवा की भाँति मेरी दृष्टि निष्फल हो गई है।

एवं—

तिमिरमिव वहन्ति मार्गनद्यः, पुलिननिभाः प्रतिभान्ति हर्म्यमार्गाः।
तमसि दशदिशो निमग्नरूपाः प्लवतरणीय इवायमन्धकारः॥

—अविमारक३।४।

मार्ग रूपी नदियों में अन्धकार प्रवाहित हो रहा है, मकान नदी-तट के समान प्रतीत हो रहे हैं, दसो दिशाएँ अन्धकार में निमग्न हो रही हैं और अन्धकार इतना गाढ़ा हैं जैसे इसे नाव से पार करना पड़ेगा।

भास ने अपनी शैली के द्वारा वन, रात्रि, मध्याह्न, प्रकृति, आदि सभी को मनोरंजक एवं हृदयहारी स्वरूप प्रदान किया है।

महाकवि भास ने अपने नाटकों में इस प्रकार की शैली का प्रयोग किया है जो सरस, सरल, समास-दुरूहता से दूर पाठकों एवं दर्शकों को आह्लादित करती है, भास की भाषा एवं शैली दोनों आपस में इस प्रकार अनुस्यूत हैं कि एक दूसरे को अलग करने पर उसका अर्थसौन्दर्य ही समाप्त हो जाता है। भास की शैली का प्रभाव परवर्ती कवियों पर भी पड़ा है परन्तु वे अपने शैलीगत वैशिष्ट्य के कारण अन्य कवियों से अलग पहचान बनाये हुए है।

भास की नाट्यकला—

भास के नाटकों में भरत द्वारा निर्देशित नाट्य नियमों का उल्लंघन होने पर भी उनके नाटक नाटकीय कला के प्रदर्शन में सर्वोत्तम हैं। भास ने अपने नाट्य-

कथाओं का आधार पुराण, इतिहास, महाभारत, रामायण आदि को बनाया है। एवं इसके साथ ही अपनी मौलिक सृजनक्षमता के द्वारा उसके कथानक में परिवर्तन एंवं रोचकता प्रदान की है। इनके प्रायः सभी नाटक अभिनेय हैं।

भास ने अपने नाटकों में अधिक पात्रों का प्रयोग किया है इसका मुख्य कारण यह है कि इनके कथानक विस्तृत हैं। महाकवि भास पात्रों के चरित्र-चित्रण में निपुण हैं, अपने वर्णन-चातुर्य एवं नाट्य-नैपुण्य द्वारा भास ने नाटकोय पात्रों का चरित्राङ्कन बहुत ही सुन्दर ढंग से किया है। भास के नाटकों की मुख्य विशेषता है पात्रों के सम्वाद शैली में रोचकता दे कर पाठक एवं दर्शक को आह्लादित करना, इनके संवाद लघु विस्तार वाले होते हैं, इनके पात्र आवश्यकता अनुसार ही बोलते हैं एवं कहीं पर ऐसा संवाद नहीं आया है जिसे वाग्विस्तार की संज्ञा दी जाय या जिससे पाठक एवं दर्शक ऊब जायँ। भास ने अपने नाटकों में मानव जीवन के सभी पहलुओं का विवेचन किया हैं। भास नाट्यकला के अङ्कन में सफल हुए हैं।

भास का परवर्ती कवियों पर प्रभाव—

महाकवि भास संस्कृत-नाट्य जगत् में दृश्यकाव्य लिखनेवाले सबसे प्राचीन लेखक हैं, इनकी कृतियों का प्रभाव परवर्ती नाटककारों पर किसी न किसी रूप में कुछ न कुछ अवश्य पड़ा है।

भास के नाटकों का प्रभाव महाकवि कालिदास, शूद्रक के मृच्छकटिक, भवभूति के मालती माधव एवं विशाखदत्त के मुद्राराक्षस में देखा जा सकता है।

भास एवं कालिदास की रचनाओं में सादृश्य स्थलों की अवतारणा में देखा जा सकता है, परन्तु ध्यातव्य यह है कि कालिदास प्रतिभासम्पन्न कवि थे अतः दूसरे भावों को परिवर्तित करने या परिष्कार करने की उनके अन्दर क्षमता थी, अतः स्पष्ट साम्य देखना असम्भव है, परन्तु परिस्थितियों, घटनाओं, विचारों के मूलतत्व में साम्य देखा जा सकता हैं—

भास ने यौगन्धरायण से कहलवाया है—

पूर्वं त्वयाऽप्यभिमतं गतमेवमासी-
च्छ्लाघ्यं गमिष्यसि पुनर्विजयेन भर्तुः।

कालक्रमेण जगतः परिवर्तमाना
चक्रारपङ्क्तिरिव गच्छति भाग्यपङ्क्तिः ॥
—स्वप्नवास० १—४।

कालिदास मेघदूत में यक्ष से कहलवाते हैं—
नन्वात्मानं बहु विगणयन्नात्मनैवावऽलम्बे
तत्कल्याणि ! त्वमपि सुतरां मा गमः कातरत्वम् ।
कस्याऽत्यन्तं सुखमुपनतं दुःखमेकान्ततो वा
नीचैर्गच्छत्युपरि च दशा चक्रनेमिक्रमेण ॥'
—मेघ० उत्तर० ४६। ।

भास के अभिषेक नाटक में—
यस्यां न प्रियमण्डनाऽपि महिषी देवस्य मण्डोदरी
स्नेहाल्लुम्पति पल्लवान् न च पुनर्वीजन्ति यस्यां भयात् ।
वीजन्तो मलयाऽनिला अपि करैरस्पृष्टबालद्रुमा
सेयं शक्ररिपोरशोकवनिका भग्नेति विज्ञाप्यताम् ॥'
—अभिषेक ३।१।

कालिदास के अभिज्ञानशाकुन्तलम् में—
'पातुं न प्रथमं व्यवस्यति पयो युष्मास्वपीतेषु या,
नाऽऽदत्ते प्रियमण्डनाऽपि भवतां स्नेहेन या पल्लवम् ।
आद्ये वः कुसुमप्रसूतिसमये यस्या भवत्युत्सवः
सेयं याति शकुन्तला पतिगृहं सर्वैरनुज्ञायताम्' ॥
—अभिज्ञानशाकुन्तल ४।८।

भास के स्वप्नवासवदत्ता में तपोवन का वर्णन—
'विस्रब्धं हरिणाश्चरन्त्यचकिता देशागतप्रत्यया
वृक्षा पुष्पफलैः समृद्धविटपाः सर्वे दयारक्षिताः ।
भूयिष्ठं कपिलानि गोकुलधनान्यक्षेत्रवत्यो दिशो
निःसन्दिग्धमिदं तपोवनमयं धूमो हि बह्वाश्रयः ॥
—स्वप्नवासवदत्ता १।१२।

महाकवि कालिदास अभिज्ञानशाकुन्तल में—

“नीवाराः शुकगर्भकोटरमुखभ्रष्टास्तरूणामधः
प्रस्निग्धाः क्वचिदिङ्गुदीफलभिदः सूच्यन्त एवोपलाः।
विश्वासोपगमादभिन्नगतयः शब्दं सहन्ते मृगा-
स्तोयाधारपथाश्च वल्कलशिखा निष्पन्दरेखाऽङ्किताः ॥’

—अभि० १-१३।

भास के बालचरित में—

“हृदयेनेह तत्राऽङ्गैर्द्विधा भूतेव गच्छति।
यथा नभसि तोये च चन्द्रलेखा द्विधा कृता” ॥

—बाल० १।१३।

कालिदास के अभिज्ञानशाकुन्तल में—

‘गच्छति पुरः शरीरं, धावति पश्चादसंस्थितं चेतः।
चीनांऽशुकमिव केतोः प्रतिवातं नीयमानस्य ॥’

—अभिज्ञानशा० १।३०।

भास ने कञ्चुकी के द्वारा स्वप्नवासवदत्ता में कहलाया है—

‘संभषक। न खलु न खलूत्सारणा कार्या, पश्य—”
परिहरतु भवान्नृपापवादं, न परुषमाश्रमवासिषु प्रयोज्यम्।
नगरपरिभवान्विमोक्तुमेते वनमभिगम्य मनस्विनो वसन्ति ॥’

—स्वप्न वा० १।५।

कालिदास ने अभिज्ञानशाकुन्तल में दुष्यन्त के द्वारा सेनापति से कहलवाया है—
‘तेन हि निवर्तय पूर्वगतान्वनग्राहिणः। यथा न मे सैनिकास्तपोवनमुपरुन्धन्ति,’ तथा निषेद्धव्याः। पश्य—

‘शमप्रधानेषु तपोवनेषु गूढं हि दाहात्मकमस्ति तेजः।
स्पर्शानुकूला इव सूर्यकान्तास्तदन्यतेजोऽभिभवाद्वमन्ति ॥’

—अभिज्ञान शा० २।७।

प्रतिमा नाटक का संक्षिप्त कथानक

महाकवि भास के द्वारा बिरचित प्रतिमा नाटक सात अङ्कों में बिभक्त है। इसमें राम के राज्याभिषेक की तैयारी से प्रारम्भ होकर राम के चौदह वर्ष वनवास एवं पुनः राज्याभिषेक के साथ नाटक समाप्त होता है।

प्रथम अङ्क—इसमें प्रतीहारी कञ्चुकी से कहती है कि देवासुर-संग्राम में विजयी महाराज दशरथ की आज्ञा है कि यथाशीघ्र राम के राज्याभिषेक की तैयारी पूरी कर ली जाय। कञ्चुकी कहता है कि उनके आज्ञानुसार सभी मांगलिक वस्तुएँ, तीर्थों का जल एवं अन्य आवश्यक वस्तुएँ एकत्रित कर दी गयी हैं। इसके पश्चात् प्रतिहारी महामान्य राजपुरोहित को बुलाने एवं अभिनेताओं को सामयिक अभिनय के लिए सूचित करने का निर्देश देता है। इसी समय अवदातिका नामक परिचारिका प्रवेश करती है जो परिहास में नेपथ्यरक्षिका आर्या रेवा के यहाँ से वल्कल ले आयी है। सीता की दृष्टि उसके ऊपर पड़ती है। वह उसे वल्कल लौटाने का निर्देश देती हैं परन्तु फिर कुतूहलवश उस वल्कल को धारण करती है। इसी समय सीता को चेटी बताती हैं कि आज युवराज राम का राज्याभिषेक होगा। इस खबर के पारितोषिक रूप में सीता अपना आभूषण उतार कर उसे दे देती हैं। इसी समय मंगलध्वनि सुनाई पड़ती है परन्तु वह एकाएक बन्द हो जाती है।

उसी समय वहाँ पर श्री रामचन्द्रजी उपस्थित होते हैं और सीता को अभिषेक के सम्बन्ध में बताते हैं कि अभिषेक कार्य ज्यों ही प्रारम्भ हुआ त्यों ही मंथरा ने आकरकै केयी के कानों में कुछ कहा और अभिषेक कार्य रुक गया। श्री रामचन्द्र जी सीता को वल्कल वस्त्र में देखकर कारण जानने का प्रयास करते हैं एवं स्वयं वल्कल धारण करना चाहते हैं, इसी समय जनकोलाहल होता है एवं कञ्चुकी राम से कहता है कि महाराज की रक्षा करें? राम पूछते हैं कि किससे रक्षा करें। तो वह कहता है कि आत्मीयजनों से। तब राम कहते हैं कि आत्मीयजन से रक्षा करना कठिन है क्योंकि शत्रु तो शरीर पर आघात करता है परन्तु आत्मीयजन तो मर्मस्थान पर प्रहार करते हैं। कञ्चुकी बताता है कि कैकेयी ने आपका अभिषेक रोक दिया एवं राज्य भरत के लिए माँगा है, महाराज

इस बात को सुनकर मूर्च्छित हो गये। इसी समय क्रोधित लक्ष्मण आते हैं और वे कहते हैं कि मैंने इस धरती को युवती-शून्य करने का निश्चय कर लिया है क्योंकि युवती के कारण ही इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न हुई हैं। राम को लक्ष्मण राज्य प्राप्ति के लिए संघर्ष करने के लिए प्रेरित करते हैं, परन्तु राम उन्हें समझाते हैं। तब लक्ष्मण कहते हैं कि मुझे आपके वनवास के लिए ज्यादा कष्ट है। फिर राम उन्हें शान्त करते हैं। ईसके बाद राम वन को जाने के लिए तैयार होते हैं। उनके साथ सीता भी चलने को कहती हैं। राम लक्ष्मण से सीता को रुकने हेतु समझाने को कहते हैं, परन्तु लक्ष्मण सीता के विचारों का अनुमोदन करते हैं एवं लक्ष्मण के वन-गमन प्रस्ताव का सीता समर्थन करती हैं। इसके पश्चात् राम, सीता, लक्ष्मण वन के लिए प्रस्थान करते हैं। राम, सीता को घूंघट हटाने का निर्देश देते हैं और कहते हैं कि यज्ञ, विवाह, वन, संकट के अवसर पर स्त्रियों को देखना निर्दोष है।

द्वितीय अङ्क—इसमें कञ्चुकी द्वारा यह ज्ञात होता है कि राम के विरह में महाराज दुःखित होकर समुद्रगृह में जाकर सो गये हैं एवं पुत्रविरहाग्नि में उनका हृदय जल रहा है। राम के वनगमन से सारे नगरवासी दुःखित हैं। महाराज पुत्रवियोग में प्रलाप कर रहे हैं और रानियाँ उन्हें ढाढस बँधा रही हैं। उसी समय सुमन्त्र के अकेले लौटने की सूचना मिलती है जो राम, लक्ष्मण एवं सीता को पहुँचाने गये थे। इस समाचार को सुनकर महाराज मूर्च्छित हो जाते हैं। पुनः चेतना आने पर सुमन्त्र महाराज के पास आते हैं। सुमन्त्र से महाराज बार-बार राम, सीता एवं लक्ष्मण के नाम को ठीक क्रम में बताने को कहते हैं एवं अपने लिये सन्देश पूछते हैं, एवं पुत्रवियोग के इस विरहाग्नि में तड़पते हुए अपने प्राण त्याग देते हैं।

तृतीय अङ्क—इस अङ्क में भट से मालूम होता है कि इक्ष्वाकुवंशीय मृत राजाओं की प्रतिमायें स्थापित की जाती हैं। महाराज दशरथ की प्रतिमा स्थापित की गई है जिसके दर्शनार्थ अन्तःपुर के लोग आने वाले हैं। इसके बाद रथारूढ़ भरत सारथि के साथ दिखाई पड़ते हैं जो अपने पिता के बीमारी के बारे में सारथि से पूछते हैं और रथ के वेग को बढ़ाने के लिए कहते हैं। सारथि भरत

को महाराज की मृत्यु का समाचार नहीं बताता । रथ अयोध्या के पास आता है और नगर से एक भट आकर सूचित करता है कि उपाध्यायों का विचार है कि कृत्तिका नक्षत्र अब एक घड़ी शेष है। इसके बीत जाने पर आप रोहिणी नक्षत्र में नगर में प्रवेश करें । भरत गुरुओं की आज्ञा मानकर रुक जाते हैं । भरत बिश्राम करने के लिए पास के देवमन्दिर में जाते हैं जहाँ पर उसका संरक्षक देव कुलिक मिलता है जो भरत को उस मन्दिर में इक्ष्वाकुवंशी राजाओं की प्रतिमाओं के बारे में बताता है एवं यह भी बताता है कि यहाँ केवल मृत नृपतियों की ही प्रतिमाएँ स्थापित की जाती हैं । देवकुलिक स्थापित प्रतिमाओं का परिचय देता है कि ये प्रतिमाएँ दिलीप, रघु, अज की हैं । दशरथ की प्रतिमा को पहचान कर भरत मूर्च्छित होकर गिर जाते हैं, एवं देवकुलिक के द्वारा ही भरत राम, सीता, लक्ष्मण के वनवास की घटना भी जान जाते हैं और पुनः मूर्छित हो जाते है । उसी समय कौशल्या आदि देवियाँ सुमन्त्र के साथ वहाँ प्रतिमादर्शन के लिए आती हैं । भरत कौशल्या एवं सुमित्रा से अपनी अनपराधता को बताते हैं और अपनी माता कैकेयी को कोसते हुए कहते हैं कि कौशल्या एवं सुमित्रा के बीच तुम उस प्रकार लग रही हो जैसे गंगा और यमुना के बीच कोई कुनदी प्रविष्ट हो । इसके पश्चात् सुमन्त्र भरत को सूचित करते हैं कि वशिष्ठ एवं वामदेव आपका अभिषेक करना चाहते हैं क्योंकि जिस प्रकार गोपाल के बिना गायें विनष्ट हो जाती हैं उसी प्रकार राजा के बिना प्रजा विनष्ट हो जाती हैं । परन्तु भरत प्रजा को अपना अनुसरण करने को कहतें हैं एवं राम-लक्ष्मण के पास वन के लिए प्रस्थान करते हैं ।

चतुर्थ अङ्क—इस अङ्क में नन्दिनिका नामक दासी विजया को वताती है कि कुमार भरत राज्याभिषेक के प्रस्ताव कों ठुकराकर राम से मिलने वन को चले गये । इसके पश्चात् रथ पर बैठे हुए भरत सुमन्त्र के साथ तपोवन पहुँचते हैं एवं भरत सुमन्त्र से राम के आश्रम के बारे मेंपूछते हैं । उनके वार्तालाप की ध्वनि राम, लक्ष्मण और सीता को सुनाई पड़ती है । राम कहते हैं कि यह ध्वनि किसी आत्मीय जन की है और लक्ष्मण को देखने के लिए कहते हैं । इसके बाद सभी लोग आपस में मिलते हैं । भरत राम से लौटने एवं राज्यभार संभालने का आग्रह करते हैं परन्तु राम भरत को पिता के सत्य की शपथ और अपनी शपथ देकर भरत को राज्यसंचालन के लिए कहते हैं । भरत एक शर्त पर राज्य-

संचालन के लिए तैयार होते हैं कि आप चौदह वर्षों के बाद अपना राज्य वापस लें लें। तबतक उस राज्य का मैं केवल रक्षक रहूँगा। भरत राम से उनकी खड़ाऊँ भी माँग लेते हैं कि मैं उसी पादुका के अधीन राज्यभार का संचालन करूँगा। इसके बाद राम भरत को उसी दिन अयोध्या लौटने को कहते हैं। सीता के द्वारा आश्चर्य व्यक्त करने पर राम कहते है कि राज्य की रक्षा के लिए कुमार को आज ही लौटना उचित होगा। राम सुमन्त्र से कहते हैं कि आप पिता के समान ही भरत का भी संरक्षण कीजियेगा। इसके बाद भरत अयोध्या को लौट आते हैं।

पञ्चम अङ्क के प्रारम्भ में सीता आश्रम के छोटे-छोटे वृक्षों को सींच रही है। उसी समय दुःखित हृदय राम वहाँ पहुँचते हैं और सीता को देखकर कहते हैं कि जो हाथ कभी दर्पण उठाने में थक जाता था वही हाथ अब घड़ा उठाने में भी नहीं थकता। इसके बाद राम सीता के समीप जाते हैं और पिता दशरथ के श्राद्ध-दिवस के बारे में बताते हैं कि कल पिताजी का वार्षिक श्राद्ध-दिवस है एवं मैं पिताजी की प्रतिष्ठा और अपने सामर्थ्य के अनुसार श्राद्ध करना चाहता हूँ। सीता राम से कहती हैं कि वैभव के साथ पिताजी का श्राद्ध तो कुमार भरत करेंगे ही, आप फल-जल से श्राद्ध करें, राम कहते हैं कि कुश पर फलों को देखकर पिता को वनवास की घटना याद आयेगी और वे दुःखित होंगे।

इसी समय सन्यासी के भेष में रावण वहाँ पहुँचता है। राम उसे अतिथि समझकर उसका सत्कार करते हैं। रावण अपने को काश्यप गोत्रीय ब्राह्मण एवं साङ्गोपाङ्ग वेद, मनु का धर्मशास्त्र, महेश्वर का योगशास्त्र, मेघातिथि का न्याय-शास्त्र एवं प्राचेतस के श्राद्धकल्प का ज्ञाता बताता है। श्राद्धकल्प का जानकार होने के कारण राम उससे पिता के श्राद्ध के बारे में पूछते हैं कि किन किन वस्तुओं से पितरों को सन्तुष्ट किया जा सकता है। रावण बताता है कि कुश, तिल, बार्ध्रीणस, गाय एवं गैंडा ये सभी सामान्य जन के लिए हैं। विशिष्ट व्यक्तियों के लिए रावण बताता है कि हिमालय की सातवीं चोटी पर काञ्चन पार्श्व नामक मृग रहता है। उससे पितृगण अधिक सन्तुष्ट होते हैं। उसी समय वह मृग वहाँ दिखाई देता है। राम मृग की प्राप्ति के लिए दृढ़ता दिखाते हैं। राम उसे लेने के लिए जाते हैं एवं सीता को निर्देश देते हैं कि वह सन्यासी की सेवा

करें, लक्ष्मण उस समय तीर्थयात्रा से लौटते हुए कुलपति की अगवानी करने चले गये हैं। एकाकी सीता कुटिया में प्रवेश करना चाहती हैं उसी समय रावण अपना स्वरूप बदलकर परिचय देता है एवं सीता का हरण करता है। सीता बचाओ राम, बचाओ लक्ष्मण का आर्तनाद करती हैं, जटायु सीता का हरण कर ले जा रहे रावण पर आक्रमण करता है।

षष्ठ अङ्क में दो तपस्वी सीता को हरण कर ले जा रहे रावण को देखकर कहते हैं कि वनवासियों रक्षा करो, रक्षा करो। दोनों रावण एवं जटायु का युद्ध देखते हैं एवं जटायु के घायल होकर गिरने पर कहते हैं कि इसे स्वर्ग मिले। दृश्य परिवर्तन होता है।

कञ्चुकी प्रतिहारी से कहता है कि भरत को सूचित कर दो कि सुमन्त्र राम से वन में मिल कर लौट आये हैं। सुमन्त्र दुःखित मन से भरत से मिलते हैं और भरत को बताते हैं कि जब मैं गया उस समय तपोवन राम से शून्य था, और वे वानरराज सुग्रीव से मिलने गये हैं जहाँ उसके बड़े भाई ने उसकी पत्नी एवं उसके राज्य का हरण कर लिया है। दोनों समानधर्मी हैं। भरत समानधर्मी का अर्थ नहीं समझ पाते है और सुमन्त्र को महाराज की सौगन्ध देकर पूछते हैं। सुमन्त्र उन्हें बताते हैं कि रावण ने सीता का हरण कर लिया है। भरत इस खबर को सुनकर मूर्छित हो जाते हैं और चेतना आने पर सीधे अन्तःपुर में कैकयी के पास जाते हैं एवं सीताहरण की घटना से कैकेयी को उलाहना देते हैं। कैकेयी भरत को पिता के शापग्रस्त होने की बात बताती हैं और सुमन्त्र को निर्देश देती है कि वह महाराज के शापग्रस्त होने की घटना का वर्णन भरत से करें। सुमन्त्र भरत को बताते हैं कि बहुत पहले महाराज शिकार करने गये थे, उसी समय एक अन्ध दम्पति का लड़का तालाब में पानी का घड़ा भर रहा था, घड़े की आवाज सुनकर महाराज ने उसे हाथी समझकर शब्दवेधी बाण द्वारा उस मुनिपुत्र को मार दिया, इस घटना से दुःखित अन्ध तपस्वी ने महाराज को शाप दिया कि तुम भी पुत्रशोक में तड़प-तड़प कर मरोगे। कैकेयी भरत को यह भी बताती है कि तुम्हारे ननिहाल में रहने से तुम्हारा वियोग महाराज को सह्य हो गया था एवं यह भी बताती है कि मैं केवल चौदह दिन

का वनवास कहने वाली थी। परन्तु मानसिक असंतुलन के कारण चौदह साल कहा गया। सम्पूर्ण वृत्तान्त को जानकर भरत माता केकेयी से क्षमा मांगते हैं। एवं भरत राम की सहायता के लिए जाने को उद्यत होते हैं। सहसा कोलाहल होता है एवं प्रतिहारी के द्वारा ज्ञात होता है कि बड़ी रानी सीताहरण की खबर सुनकर मूर्च्छित हो गयी हैं। कैकेयी एवं भरत बड़ी माता को ढाढस बंधाने जाते हैं।

सप्तम अङ्क—इसमें तपस्वी से ज्ञात होता है कि राम ने सीता के हरणकर्त्ता रावण का वध कर दिया। विभीषण को लंका का राज्य दे दिया, एवं प्रमुख वानरों तथा वानरराज के साथ वे पधार रहे हैं। सीता एवं राम तपस्वियों के बीच में आकर उन्हें आनन्दित कर रहे हैं। राम सीता को वनवास-स्थलों को दिखाकर उनकी स्मृति दिला रहे हैं, राम सीता से काञ्चनपार्श्व मृग की चर्चा करते हैं एवं सीता मना करती हैं। इसी समय एकाएक शंखध्वनि, नगाड़े की आवाज सुनाई पड़ती है। लक्ष्मण राम को आकर बताते हैं कि ससैन्य भरत आपके दर्शनार्थ आ रहे हैं। यह जानकर राम एवं सीता का कुतूहल बढ़ता है। माताओं के साथ भरत प्रवेश करते हैं। और सभी आश्रम में प्रेमपूर्वक मिलते हैं। कैकेयी राम को राज्याभिषेक स्वीकार करने के लिए कहती हैं, सभी लोग मुनिजन, अमात्य एवं प्रजा राम का अभिषेक करते हैं। राम इसे स्वीकार करते हैं। राम आकाश की ओर देखकर कहते हैं—पिताजी, आप चिन्तामुक्त हो जाइयें। आपकी अभिलाषा पूर्ण हो गयी। सभी लोग राम को बधाई देते हैं। कैकेयी कहती है कि मै राज्याभिषेक को अब अयोध्या में देखना चाहती हूँ। राम उसका अनुमोदन करते हैं। उसी समय रावण का पुष्पक विमान आता है और सभी लोग उस विमान पर सवार होकर अयोध्या के लिए प्रस्थान करते हैं। भरत वाक्य के साथ नाटक समाप्त होता है।

नाटकीय पात्रों का चरित्र-चित्रण

राम—

महाकवि भास पात्रों के चरित्रांकन में सिद्धहस्त हैं। इनके नाटक के पात्र नाटक में भारस्वरूप न होकर उसे जीवंतता प्रदान करते हैं और नाटकीय प्रवाह को अक्षुण्ण बनाये रखते हैं। राम प्रतिमा नाटक के नायक हैं। भास ने राम के

चरित्र को त्याग एवं तपोनिष्ठा की प्रतिमूर्ति, मातृ-पितृभक्त, भ्रातृवत्सल, प्रजावत्सल, सत्यनिष्ठ, शौर्य एवं वीरता गुणों से युक्त, दृढ़ सर्कल्पवाला, राज्यलोभ से निःस्पृह, अनासक्त आदि गुणों से युक्त चित्रित किया है ।

राम के राज्याभिषेक का कार्य प्रारम्भ हो चुका है कि सहसा महाराज राज्याभिषेक के कार्य को रोक देते हैं । राम कहते हैं कि इससे लोगों को आश्चर्यचकित नहीं होना चाहिए; क्योंकि यदि पुत्र ने अपने पिता की आज्ञा का पालन किया तो इसमें आश्चर्य क्या है ?—

राज्ञाहूय विसर्जिते मयि जनो धैर्येण मे विस्मितः ।
स्वः पुत्रः कुरुते पितुर्यदि वचः कस्तत्र भो ! विस्मयः ? —१।५।

राम सोचते हैं कि अच्छा हुआ, राज्यभार टल गया । मैं वही राम का राम बना रह गया एवं महाराज महाराज ही रह गये ।

'दिष्ट्या स एवास्मि रामः, महाराज एव महाराजः' ।

कञ्चुकी के द्वारा कैकेयी को विपत्ति उपस्थित करनेवाली कहने पर राम कहते हैं कि जिसका इन्द्र के समान पति एवं मेरे समान पुत्र हो वह अपकर्म नहीं कर सकती—

यस्याः शक्रसमो भर्ता मया पुत्रवती च या ।
फले कस्मिन् स्पृहा तस्या येनाकार्यं करिष्यति ॥ —१।१३ ।

राम कहते हैं कि मेरा राज्याभिषेक न होने से अच्छा हुआ क्योंकि महाराज का वन जाना रुक गया, मैं पिताजी के सान्निध्य में रह गया, नये राजा के चरित्र के प्रति प्रजा को जों आशंका उत्पन्न होती वह नहीं हुई एवं मेरे भाई भी राज्य-सुखभोग से वञ्चित नहीं हुए ।

रामायण में राम कैकेयी पर क्रुद्ध होकर कहते है—

मम प्रव्रजनादद्य कृतकृत्या नृपात्मजा ।
सुतं भरतमव्यग्रमभिषेचयताम् ततः ॥
—वा० रा० अ० का० २२।१२

परन्तु प्रतिमानाटक के पात्र राम कैकेयी के कथन को उचित मानते हैं और कहते हैं विवाह-शुल्क में पुत्र के लिए प्रतिज्ञात राज्य अगर वे माँग रही हैं तो

इसमें उनका लोभ नहीं है एवं मैं ही इस दृष्टि से राज्यलोभी हूँ, क्योंकि भाई के राज्य का हरण करने वाला हूँ ।

शुल्के विपणितं राज्यं पुत्रार्थे यदि याच्यते ।
तस्या लोभोऽत्र नास्माकं भ्रातृराज्यापहारिणाम् ॥
—१।१५।

राम अपने एवं भरत में अन्तर ही नहीं समझते हैं । वे लक्ष्मण से कहते हैं कि तुम्हारे लिए हम दोनों समान हैं ।

भरतो वा भवेद् राजा वयं वा ननु तत् समम् ।
यदि तेऽस्ति धनुः श्लाघा स राजा परिपाल्यताम् ॥
—१।२० ।

राम माता-पिता की आज्ञा का उल्लंघन करना पाप समझते हैं और लक्ष्मण से कहते हैं कि पूज्य पिता, माता कैकेयो एवं निर्दोष भाई भरत के प्रति आक्रोश करना पाप है ।

ताते धनुर्न मयि सत्यमवेक्षमाणे
मुञ्चानि मातरि शरं स्वधनं हरन्त्याम् ।
दोषेषु बाह्यमनुजं भरतं हनानि
किं रोषणाय रुचिरं त्रिषु पातकेषु ॥ —१।२२ ।

राम सत्य व्रत के पालक हैं । भरत को राम यह बताते हैं कि किसी अन्य कारण से मैं वन नहीं आया हूँ बल्कि पिता के सत्य वचन का पालन करने के लिए आया हूँ ।

पितुर्नियोगादहमागतो वनं
नि वत्स दर्पान्न भयान्न विभ्रमात् ।
कुलं च नः सत्यधनं ब्रवीमि ते
कथं भवान् नीचपथे प्रवर्तते ॥ —४।२० ।

राम के गुणों का वर्णन उनके शत्रु भी करते हैं । रावण उनके शौर्य, पराक्रम एवं आतिथ्य-सत्कार में प्रवीणता गुणों को देखकर कहता है कि 'राम' इस शब्द में ही मानों सम्पूर्ण संसार समाहित हो गया है ।

अहो बलमहो वीर्यमहो सत्त्वमहो जवः ।
राम इत्यक्षरैरल्पैः स्थाने व्याप्तमिदं जगत् ॥—५।१४।

राज्याभिषेक हो जाने पर राम आकाश की तरफ देखकर कहते हैं कि पितृदेव ! आप चिन्तारहित होकर स्वर्ग का आनन्द लीजिए। मैं न्यायपूर्वक प्रजा का पालन करूँगा।

स्वर्गेऽपि तुष्टिमुपगच्छ विमुञ्च दैन्यं
कर्म त्वयाभिलषितं मयि यत् तदेतत्।
राजा किलास्मि भुवि सत्कृतभारवाही
धर्मेण लोकपरिरक्षणमभ्युपेतम्॥ —७।११

राम के चरित्र का मूल्यांकन करते हुए कहा जा सकता है कि उनका चरित्र समस्त वैयक्तिक एवं नैतिक गुणों से सर्वथा परिपूर्ण है।

सीता—

नाटककार ने सीता को नाटक की नायिका एवं राम की सहधर्मिणी के रूप चित्रित किया है। कवि ने उनके चरित्र को आदर्श भारतीय नारी के रूप में चित्रित किया है। सीता राम के राज्याभिषेक होने पर न तो अधिक प्रसन्न होती हैं और न राज्याभिषेक न होने पर अतिदुःखित होती हैं। वे राम से कहती हैं कि अच्छा हुआ—महाराज महाराज रहे एवं आर्यपुत्र आर्यपुत्र ही रहे।

"प्रियं मे। महाराज एव महाराजः, आर्यपुत्र एवार्यपुत्रः।"

राम के वनगमन के समय सीता केवल राम से यही कहती हैं कि मैं आपकी सहधर्मिणी हूँ।

"ननु सहधर्मचारिणी खल्वहम्"

राम जब सीता को वन की कठिनाइयों के सम्बन्ध में भय उत्पन्न करते हैं तो वह कहती हैं कि वन मेरे लिए राजमहल के समान है।

"तत् खलु मे प्रासादः"

राम के द्वारा सास-ससुर की सेवा करने के लिए कहने पर सीता कहती हैं कि मैं इसके लिए देवताओं को सिर झुकाकर प्रणाम करती हूँ—

"एनामुद्दिश्य देवतानां प्रणामः क्रियते"

प्रतिमा नाटक की कथा का मूल रामायण पर आधारित है परन्तु प्रतिमा नाटक एवं रामायण के पात्रों के चरित्रों में अन्तर दिखलाई पड़ता है। रामायण की सीता राम के वनगमन के समय दृढ़तापूर्वक कहती है कि—

यदि त्वं प्रस्थितो दुर्गं वनमद्यैव राघवः।
अग्रतस्ते गमिष्यामि मृद्नन्ती कुशकण्टकान् ।।

—वा० राम० अयो० ।

नाटक में राम के साथ सीता के वन गमन प्रस्ताव का समर्थन करते हुए लक्ष्मण कहते हैं—स्त्रियों के लिए पति ही सर्वस्व हैं।

अनुचरति शशाऽङ्कं राहुदोषेऽपि तारा
पतति च वनवृक्षे याति भूमिं लता च।
त्यजति न च करेणुः पङ्कलग्नं गजेन्द्रं
व्रजतु चरतु धर्मं भर्तृनाथा हि नार्यः ।।

—१।२५ ।

भरत सीता को दीप्तिपूर्ण नारी, रूप, तेज एवं राजर्षि जनक के तप के ज्वलन्त उदाहरण के रूप में मानते हैं।

इदं तत् स्त्रीमयं तेजो जातं क्षेत्रोदराद्धलात् ।
जनकस्य नृपेन्द्रस्य तपसः सन्निदर्शनम् ।।

—४।१४।

सीता राजमहल में रहने की अभ्यस्त होने पर भी वन में आश्रमवासियों के समान सारे कार्यों को करती हैं। आश्रमसुलभ फल-पुष्पों से देवपूजा एवं छोटे छोटे पौधों को जल से सींचती है। साथ ही आश्रम पर उपस्थित अतिथियों का सत्कार भी करती हैं। आश्रम पर अतिथि वेष में रावण के उपस्थित होने पर उसके पैरों को धोने के लिए जल लाती हैं। सीता राम की सहधर्मिणी पत्नी होने के कारण आवश्यकतानुसार उन्हें परामर्श देती हैं। पिता के श्राद्धकर्म के विषय में वे राम से कहती हैं कि वैभव के अनुसार भरत पिताजी का श्राद्ध करेंगे, आप अपनी स्थिति के अनुकूल फल-जल से श्राद्ध कर लें।

आर्यपुत्र ! निर्वर्तयिष्यति श्राद्धं भरतः श्रद्धया, अवस्थानुरूपं फलोदकेनाप्यार्यपुत्र'।

सीता के सम्बन्ध में रावण कहता है कि यह सीता पृथ्वी पर स्त्रियों के बीच अकेली अरुन्धती है।

इयमेका पृथिव्यां हि मानुषीणामरुन्धती।
यस्या भर्तेति नारीभिः सत्कृतः कथ्यते भवान् ।। —५।८ ।

सीता के हृदय में आत्मबल है। रावण द्वारा अपहृत होने पर वह कहती हैं कि मैं तुम्हें शाप देती हूँ—"शप्तोऽसि"

रावण सीता के पतिव्रत तेज के बारे में कहता है कि जो मैं आकाश में उड़ते समय सूर्य की किरणों से नहीं जला, वही मैं सीता के शाप देती हूँ इन शब्दों के प्रभाव से झुलस गया।

योऽहमुत्पतितो वेगान्न दग्धः सूर्यरश्मिभिः।
अस्याः परिमितैर्दग्धः शप्तोऽसीत्येभिरक्षरैः॥ —५।२०

भास ने सीताहरण के समय सीता के चरित्रोत्कर्ष को प्रदर्शित करने के लिए लक्ष्मण को वहाँ से हटा दिया है जिससे लक्ष्मण के प्रति क्रोधयुक्त वचन कहने का अवसर ही नहीं रह जाता। इस प्रकार सीता का चरित्र नितान्त उज्ज्वल चित्रित किया गया है।

लक्ष्मण—

लक्ष्मण के चरित्र में त्याग, भ्रातृप्रेम, आत्मविश्वास, वीरता एवं उत्साह का सम्मिलित रूप देखा जा सकता है। लक्ष्मण भ्रातृ-प्रेम की बलिवेदी पर सर्वस्व न्यौछावर कर देते हैं। लक्ष्मण को जब यह ज्ञात होता है कि राम के राज्याभिषेक को रोककर उन्हें वन भेजने में कैकेयी का हाथ है, तो वे क्रोधित हो जाते हैं एवं क्रोधावेश में कहते हैं कि इस पृथ्वी को युवतीशून्य बना दूंगा, क्योंकि स्त्री के ही कारण आज यह स्थिति उत्पन्न हुई है।

यदि न सहसे राज्ञो मोहं धनुः स्पृश मा दया,
स्वजननिभृतः सर्वोऽप्येवं मृदुः परिभूयते।
अथ न रुचितं मुञ्च त्वं मामहं कृतनिश्चयो
युवतिरहितं लोकं कर्तुं यतश्छलिता वयम्॥ १।१८॥

लक्ष्मण वीर हैं। उनकी ओजपूर्ण एवं क्रोधयुक्त वाणी सुनकर सीता राम से कहती हैं कि रोने के समय कुमार लक्ष्मण ने धनुष उठाया हैं। राम के पूछने पर लक्ष्मण और अधिक उग्र हो जाते हैं और कहते हैं कि आपका राज्य छिन गया, पिता की दशा शोचनीय है और आप पूछते हैं।

क्रमप्राप्ते हृते राज्ये भुवि शोच्यासने नृपे।
इदानीमपि सन्देहः किं क्षमा निर्मनस्विता॥ —१।१९।

लक्ष्मण का क्रोध इतना अधिक है कि उसे देखकर राम कहते हैं तीनों लोक को जलाकर भस्म कर डालने के लिए उद्यत वक्र भ्रूरेखा विधि की इच्छा की तरह अटल मालूम पड़ रही है।

त्रैलोक्यं दग्धुकामेव ललाटपुटसंस्थिता।
भ्रुकुटिर्लक्ष्मणस्यैषा नियतीव व्यवस्थिता ॥ १।२१

राम के द्वारा समझाने पर लक्ष्मण कहते हैं कि आपने बिना जाने ही मुझे उलाहना देना शुरू कर दिया। मुझे आपके राज्य प्राप्ति के लिए नहीं, बल्कि चौदह वर्ष के वनवास का दुःख है।

यत्कृते महति क्लेशे राज्ये मे न मनोरथः।
वर्षाणि किल वस्तव्यं चतुर्दश वने त्वया १।२३॥

लक्ष्मण भ्रातृप्रेम के सच्चे भक्त हैं। वे राम के बिना अकेले एक क्षण भी नहीं रहना चाहते हैं। राम के साथ वन जाने के लिए लक्ष्मण उद्यत हैं एवं राम से कहते हैं कि आज तक तो आपने हमेशा आधा हिस्सा दिया, परन्तु इस वल्कल को क्यों अकेले धारण कर रहे हैं।

निर्योगाद् भूषणान्माल्यात् सर्वेभ्योऽर्धं प्रदाय मे।
चिरमेकाकिना बद्धं चीरे खल्वसि मत्सरी॥ १।२६

सीता के द्वारा लक्ष्मण को मना करने पर कहते हैं कि पूज्य राम के एक पैर की सेवा आप करें एवं एक पैर की सेवा मैं करूँगा।

गुरोर्मे पादशुश्रूषां त्वमेका कर्तुमिच्छसि ?।
तवैव दक्षिणः पादो मम सव्यो भविष्यति ॥ १।२७

लक्ष्मण समुद्र के समान घोर एवं गम्भीर हैं परन्तु क्रोध की अवस्था में वे अपना विवेक खो देते हैं। लक्ष्मण के क्रोधित होने पर राम कहते हैं कि समुद्र को समान गम्भीर इस लक्ष्मण को किसने उभाड़ दिया—

अक्षोभ्यः क्षोभितः केन लक्ष्मणो धैर्यसागरः।
येन रुष्टेन पश्यामि शताकीर्णमिवाग्रतः ॥ १।१७॥

निष्कर्षतः कहा जा सकता है कि लक्ष्मण भ्रातृ-प्रेम की बलिवेदी पर सर्वस्व न्योछावर करनेवाले तथा अपने अग्रज राम के परम भक्त हैं।

भरत—

प्रतिमा नाटक में त्याग एवं तप की प्रतिमूर्ति राम के समान ही उदात्त गुणों से

युक्त भरत के चरित्र का चित्रण किया गया है। भरत के चरित्र में कहीं लोभ एवं स्वार्थ नहीं दिखलायी पड़ता। भरत के ननिहाल में रहने पर ही अयोध्या में सम्पूर्ण घटनायें घटित हो जाती हैं। दूत उन्हें लाने के लिए जाता है एवं नगर के बाहर प्रतिमा गृह में ही उनको सम्पूर्ण घटनाओं के सम्बन्ध में जानकारी मिल जाती है। भरत कहते हैं कि यदि स्त्री-शुल्क में याचित वाक्य का उद्देश्य मैं बनाया गया होऊँगा तब तो मुझे अपनी देह की शुद्धि करनी होगी।

स्पृशति तु यदि नीचो मामयं शुल्कशब्द—
स्त्वथ च भवति सत्यं तत्र देहो विशोध्यः ।। ३।९।।

भरत को जब यह ज्ञात होता है कि अयोध्या पिता एवं भाई से शून्य है तब उन्हें अयोध्या में जाना व्यर्थ लगता है। जैसे कोई व्यक्ति जलविहीन नदी की ओर जाता है।

अयोध्यामटवीभूतां पित्रा भ्रात्रा च वर्जिताम्।
पिपासार्तोऽनुजानामि क्षीणतोयां नदीमिव।। ३।१०

भरत इस दुःखद घटना के सम्बन्ध में कहते हैं कि पहले कैकेयी ने कहा होगा कि 'मेरा बेटा राज्याधिरूढ़ हो।' इस प्रार्थना के सफल हो जाने पर राम को वन भेजने का वरदान माँगा होगा। फिर राम को वल्कल वेष में वन जाते देख महाराज के प्राण पखेरू उड़ गये होगें।

तं स्मृत्वा शुल्कदोषं भवतु मम सुतो राजेत्यभिहितं
तद्धैर्येणाश्वसन्त्या व्रज सुत! वनमित्यार्योऽप्यभिहितः।
तं दृष्ट्वा बद्धचीरं निधनमसदृशं राजा ननु गतः
पात्यन्ते धिक्प्रलापा ननु मयि सदृशाः शेषाः प्रकृतिभिः।३।११।

भरत माता कैकेयी के ऊपर इतने क्रुद्ध हैं कि कैकेयी की तुलना गंगा एवं यमुना के बीच प्रविष्ट कुनदी से करते हैं।

मम मातुश्च मातुश्च मध्यस्था त्वं न शोभसे।
गङ्गायमनुयोर्मध्ये कुनदीव प्रवेशिता।। ३।१६

इतना कहने के पश्चात् भी भरत को आत्मसंतोष नहीं मिलता है। जब कैकेयी कहती हैं कि मैंने क्या किया है? इस पर भरत और अधिक क्रोधित होते

हैं और कहते हैं कि तुमने क्या नहीं किया ? राम, सीता एवं लक्ष्मण को वल्कल वेष में जंगल भेज दिया। इस शोकसागर में निमग्न कर महाराज को मरने के लिए विवश किया। सम्पूर्ण अयोध्या को रुलाया एवं पुत्र-प्रणयिनी माताओं को शोकसागर में डुबाया।

वयमयशसा, चीरेणार्या, नृपो गृहमृत्युना,
प्रततरुदितैः कृत्स्नाऽयोध्या, मृगैः सह लक्ष्मणः।
दयिततनयाः शोकेनाम्बाः, स्नुषाऽध्वपरिश्रमै-
र्धिगिति वचसा चोग्रेणात्मा त्वया ननु योजिताः॥ ३।१७।

भरत अपनी माता कैकेयी पर इतने अधिक क्रुद्ध हैं कि नये धर्म की स्थापना की घोषणा करते हुए कहते हैं कि—जो स्त्री अपने स्वामी से विद्रोह करे वह पुत्रवती होने पर भी माँ कहलाने की अधिकारिणी नहीं है।

त्यक्त्वा स्नेहं शीलसङ्क्रान्तदोषैः
पुत्रास्तावन्नन्वपुत्राः क्रियन्ते।
लोकेऽपूर्वं स्थापयाम्येव धर्मं
भर्तृद्रोहादस्तु माताऽप्यमाता॥ ३।१८॥

भरत कैकेयी से पूछते हैं कि तुम्हें यदि अपयश ही प्रिय था तो बीच में मेरा नाम क्यों जोड़ दिया। यदि तुम्हें राजमाता कहलाने की अभिलापा थी, तो क्या राम तुम्हारे पुत्र नहीं हैं ?

अयशसि यदि लोभः कीर्तयित्वा किमस्मान्
किमु नृपफलतर्षः किं नरेन्द्रो न दद्यात्।
अथ तु नृपतिमातेत्येष शब्दस्तवेष्टो
वदतु भवति! सत्यं किं तवार्यो न पुत्रः॥ ३।२१॥

भरत कहते हैं कि महाराज के जीवन की चिन्ता किये बिना तुमने राम को वन भेज दिया। सीता को वल्कल वेष में देखकर तुम्हारा हृदय नहीं फटा। ऐसा मालुम पड़ता है कि विधि ने तुम्हारे हृदय को वज्र से भी कठोर बनाया है।

त्वया राज्यैषिण्या नृपतिरसुभिर्नैव गणितः
सुतं ज्येष्ठं च त्वं व्रज वनमिति प्रेषितवती।
न शीर्णं यद् दृष्ट्वा जनकतनयां वल्कलवती-
महो धात्रा सृष्टं भवति! हृदयं वज्रकठिनम्॥ ३।२२

भरत अयोध्या में घटित समस्त घटनाओं के निमित्त होने के कारण अपने को पापी समझते हैं। इसीलिए सुमन्त्र को रोकते हुए वे कहते हैं कि केवल नाम लेने मे ही प्रायश्चित्त नहीं होता। क्या ब्रह्मघातियों की सूचना दूसरे देते हैं? मैं स्वयं सूचित करूंगा कि एक कृतघ्न, अधम एवं उद्दण्ड व्यक्ति आया है। क्या वह दर्शन की प्रतीक्षा करे या लौट जाय।

निर्घृणश्च कृतघ्नश्च प्राकृतः प्रियसाहसः।
भक्तिमानागतः कश्चित् कथं तिष्ठतु यात्विति ॥ ४।५॥

भरत राम से निवेदन करते हैं कि मैं शरीर से आपके साथ वन में रहना चाहता हूँ। राज्य की रक्षा तो आपके नाम मात्र से हो जायेगी।

इह स्थास्यामि देहेन तत्र स्थास्यामि कर्मणा।
नाम्नैव भवतो राज्यं कृतरक्षं भविष्यति ॥ ४।१९

राम भरत के गुणों के बारे में कहते हैं कि मैं उस पिताजी के सम्बन्ध में सोचता हूँ कि जिन्होंने इस भरत जैसे अपने पुत्र को न पहचान कर प्राण त्याग दिये।

तं चिन्तयामि नृपतिं सुरलोकयातं
येनायमात्मजविशिष्टगुणो न दृष्टः।
ईदृग्विधं गुणनिधिं समवाप्य लोके
धिग् भो! विधेर्यदि बलं पुरुषोत्तमेषु ॥ ४।२२

भरत से राम कहते हैं कि तुम्हारे प्रख्यात गुणों ने मुझे जीत लिया। तुम्हारी अन्तरात्मा अति पवित्र है।

यत्सत्यं परितोषितोऽस्मि भवता निष्कल्मषात्मा भवां-
स्त्वद्वाक्यस्य वशानुगोऽस्मि भवतः ख्यातै गुंणैर्निर्जितः ॥ ४।२३

भरत जब राम की खड़ाऊँ माँग लेते हैं तब राम कहते हैं कि मैंने बहुत समय में जितना यश अर्जित किया था, भरत ने उतना यश थोड़े समय में ही अर्जित कर लिया है।

सुचिरेणापि कालेन यशः किञ्चिन्मयार्जितम्।
अचिरेणैव कालेन भरतेनाद्य सञ्चितम् ॥ ४।२६

भरत सीता हरण की घटना सुनकर दुःखित होते हैं एवं कैकेयी को उलाहना देते कि तुम्हारा मनोरथ पूर्ण हुआ ?

य: स्वराज्यं परित्यज्य त्वन्नियोगाद् वनं गतः ।
तस्य भार्या हृता सोता पर्याप्तस्ते मनोरथः ॥ ६।१३

भरत एक वीर योद्धा भी हैं। वे कहते कि इस सागर को अपने मतवाले हाथियों से अन्धकाराच्छन कर दूंगा। तथा अपनी सेना, से रावण के साथ इस सागर को भी म्लान कर दूंगा।

वेलामिमां मत्तगजान्धकारां करोमि सैन्यौघनिवेशनद्धाम् ।
बलैस्तरद्भिश्च नयामि तुल्यं ग्लानिं समुद्रं सह रावणेन ।। ६।१६

सम्पूर्ण नाटक में भरत का चरित्र निखरता गया है और उन्नति की पराकाष्ठा को प्राप्त हुआ है।

दशरथ—

महाराज दशरथ राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न के पिता हैं। महाराज अपने पुत्रों को बहुत अधिक प्यार करते हैं। पुत्र-प्रेम ही महाराज दशरथ के जीवन का आधार है। अधिक सन्तति प्रेम ही महाराज दशरथ के मृत्यु का कारण हुआ। राम के वनगमन को देखकर वे विचलित हो जाते हैं। पुत्र-वियोग में महाराज उठते हैं, गिरते हैं, फिर उठते हैं, हाय-हाय की रट लगाकर उधर ही देख रहे हैं जिधर राम-लक्ष्मण गये हैं।

पतत्युत्थाय चोत्थाय हा हेत्युच्चैर्लपन् मुहुः ।
दिशं पश्यति तामेव यया यातो रघूद्वहः ।। २।३।

महाराज दशरथ हाय-हाय की रट लगाते हुए कहते हैं कि क्या सचमुच राम, लक्ष्मण और सीता बन को चले गये।

हा वत्स ! राम ! जगतां नयनाभिराम !
हा वत्स लक्ष्मण ! सलक्षणसर्वगात्र !
हा साध्वि। मैथिलि। पतिस्थितचित्तवृत्ते।
हा हा गताः किल वनं बत मे तनूजाः ।। २/४।।

दशरथ को आश्चर्य होता है कि भ्रातृ-प्रेम के आगे लक्ष्मण ने भी मुझे त्याग दिया। महाराज शोक की वेदना में संतप्त प्रलाप करते हुए कहते हैं कि वैदेही

राम एवं लक्ष्मण के साथ तुम भी मुझे छोड़कर चली गयी ।

रामेणापि परित्यक्तो लक्ष्मणेन च गर्हितः ।
अयशोभाजनं लोके परित्यक्तस्त्वयाप्यहम् ।। २।५।।

दशरथ कहते हैं कि सूर्य के समान राम, सूर्य के पीछे दिन की तरह लक्ष्मण एवं दिन की समाप्ति पर छाया के समान सीता भी चली गयी ।

सूर्य इव गतो रामः, सूर्यदिवस इव लक्ष्मणोऽनुगतः ।
सूर्यदिवसावसाने छायेव न दृश्यते सीता ।। २।७।।

महाराज दशरथ पुत्र के वियोग में इतने व्याकुल हैं कि पुत्र वियोग की अपेक्षा निःसंतान होना श्रेयष्कर समझते हैं ।

अनपत्या वयं रामः पुत्रोऽन्यस्य महीपतेः ।
बने व्याघ्री च कैकेयो त्वया किं न कृतं त्रयम् ।। २!८।।

महाराज दशरथ कौशल्या से कहते हैं कि तुम सौभाग्यशालिनी हों क्योंकि तुमने अपने गर्भ में राम को धारण किया था, अभागा तो मैं हूँ जो अग्नि की तरह अत्यन्त असह्य दुःख कों न सह सकता हूँ न दूर कर सकता हूँ ।

अयं हि दुःखमत्यन्तमसह्यं ज्वलनोपमम् ।
नैव सोढुं न संहर्तुं शक्नोमि मुषितेन्द्रियः ।। २।९।।

राम को वन तक पहुँचाने सुमंत्र गये थे । महाराज दशरथ के हृदय में आशा का दीप जल रहा था कि सम्भवतः सुमंत्र के साथ राम एवं लक्ष्मण लौट आयें । परन्तु रथ के साथ अकेले सुमंत्र के लौटने की खबर से महाराज के आशा के तन्तु टूट जाते हैं एवं महाराज कहते हैं कि ऐसा मालूम पड़ता है कि यमराज ने दशरथ को लेने के लिए रथ भेजा है ।

शून्यः प्राप्तो यदि रथो भग्नो मम मनोरथः ।
नूनं दशरथं नेतुं कालेन प्रेषितो रथः ।। २।११

दशरथ कहते हैं कि राम वन गये । मेंरे प्राण भी मुझे छोड़ चले, कैकेयी अब तुम अपना मनोरथ पूर्ण कर लो ।

गतो रामः, प्रियं तेऽस्तु, त्यक्तोऽहमपि जीवितैः ।
क्षिप्रमानीयतां पुत्रः पापं सफलमस्त्विति ।। २।२०

राम के वियोग में महाराज दशरथ के प्राण निकल गये।

"अये ! रामकथा श्रवणसन्दग्धहृदयं मामाश्वासयितुमागताः पितरः कोऽत्र ?"

कौशल्या—रामजननी कौशल्या का हृदय वात्सल्य से परिपूर्ण दिखलाई पड़ता है। वह एक तरफ पतिपरायणा पत्नी हैं तो दूसरी ओर आदर्श जननी हैं। प्रतिमा नाटक का मूल कथानक रामायण पर आधारित है, परन्तु रामायण की कौशल्या एवं प्रतिमा नाटक की कौशल्या के चरित्र में अन्तर दिखलाई पड़ता हैं। रामायण में कैकेयी के व्यवहार से क्षुब्ध कौशल्या भरत से कठोर शब्दों में कहती हैं—

भरतं प्रत्युवाचेदं कौसल्या भृशदुःखिता।
इदं ते राज्यकामस्य राज्यं प्राप्तमकण्टकम्॥
सम्प्राप्तं बत कैकेय्या शीघ्रं क्रूरेण कर्मणा।
प्रस्थाप्य चीरवसनं पुत्रं मे वनवासिनम्।
कैकेयी कं गुणं तत्र पश्यति क्रूरदर्शिनी।"

परन्तु प्रतिमा नाटक की कौशल्या भरत को कहती है कि बेटा तुम्हारा संताप शान्त हों।

'जात ! निः सन्तापो भव।'

कौशल्या भरत को कैकेयी को प्रणाम करने के लिए प्रेरित करती हैं एवं कहती हैं कि बेटा ! तुमने सब तरह के शिष्टाचार को जानते हुए भी अपनी माँ को प्रणाम क्यों नहीं किया ?

"जात। सर्वसमुदाचारमध्यस्थ किं न वन्दसे मातरम् ?

कौशल्या का चरित्र एवं गुण महान् हैं। महाराज दशरथ का पुत्रवियोग की विरहाग्नि में उद्वेग बढ़ जाने पर कौशल्या पतिपरायणा पत्नी के समान महाराज को सान्त्वना देती हुई कहती हैं कि महाराज ! अधिक रोकर अपने को अधिक अधीर न करें। वनवास की अवधि पूर्ण होने पर राम, लक्ष्मण एवं जानकी को आप देखगे।

'अलमिदानीं महाराजोऽतिमात्रं सन्तप्य परवशमात्मानं कर्तुम्। ननु सा तौ कुमारौ महाराजस्य समयावसाने प्रेक्षितव्या भविष्यन्ति।"

महाराज दशरथ कौशल्या से कहते हैं कि तुम सौभाग्यशालिनी हो, क्योंकि राम को तुमने अपने गर्भ में धारण किया है।

'कौशल्ये ! सारवती खल्वसि। त्वया हि खलु रामो गर्भे धृतः'।

कौशल्या के चरित्र में दया, ममता, करुणा, त्याग, सेवा, परोपकार, वात्सल्य आदि सभी गुणों का मंजुल समन्वय है। तभी तो पुत्र वियोग की विरहाग्नि में दग्ध मरणासन्न अवस्था में पड़े हुए महाराज दशरथ कहते हैं कि कौशल्ये ! मेरी देह का स्पर्श करो, मैं आँखों से तुम्हें देख नहीं पा रहा हूँ। राम की ओर लगा मन अब तक लौट नहीं रहा है।

अङ्गं मे स्पृश कौशल्ये ! न त्वां पश्यामि चक्षुषा।
रामं प्रति गता बुद्धिरद्यापि न निवर्तते॥ २।१८॥

कैकेयी—

नाटकीय कथावस्तु के विन्यास के विस्तार में कैकेयी का महत्त्व बहुत अधिक है। इसी के वचनों के आधार पर नाटक में महत्वपूर्ण घटनाएँ घटित होती हैं। राम का वनवास एवं महाराज की मृत्यु का कारण यहीं बनती है। भरत कैकेयी से कहते हैं तुमने राम को जंगल भेजने, महाराज को मरने, सीता को जंगल में भटकने, अयोध्यावासियों को रोने सबको एक साथ विवश किया।

वयमयशसा, चीरेणार्यो, नृपो गृहमृत्युना,
प्रततरुदितैः कृत्स्नाऽयोध्या, मृगैः सह लक्ष्मणः।
दयिततनयाः शोकेनाम्बाः, स्नुषाऽध्वपरिश्रमै-
र्धिगिति वचसा चोग्रेणात्मा त्वया ननु योजिताः॥ ३।१७॥

भरत कैकेयी को धिक्कारते हुए कहते हैं कि तुम महाराज के जीवन की चिन्ता न कर राम को वन भेज दिया। सीता को वल्कल वेष में देखकर तुम्हारा हृदय विदीर्ण नहीं हुआ। मालुम पड़ता है कि ब्रह्मा ने तुम्हारा हृदय वज्र से भी कठोर बना दिया है।

त्वया राज्यैषिण्या नृपतिरसुभिर्नैव गणितः
सुतं ज्येष्ठं च त्वं व्रज वनमिति प्रेषितवती।
न शीर्णं यद् दृष्ट्वा जनकतनयां वल्कलवती-
महो धात्रा सृष्टं भवति ! हृदयं वज्रकठिनम्॥ ३।२२॥

कैकेयी को चारों ओर से अपयश ही मिलता है। महाराज दशरथ कहते हैं— राम जंगल गये। मेरे प्राण भी मुझे छोड़ चले। अब तुम अपना मनोरथ पूरा कर लो।

गतो रामः प्रियं तेऽस्तु, त्यक्तोऽहमपि जीवितैः।
क्षिप्रमानीयतां पुत्रः, पापं सफलमस्त्विति ॥ २।२०।!

भास ने नाटक में कैकेयी के चरित्र में एक नयी उद्‌भावना की है। भरत जब कैकेयी से मिलने जाते हैं, कैकेयी के कुछ कहने से पूर्व ही वह कहते हैं कि राम तुम्हारी आज्ञा से जंगल गये थे, वहाँ पर उनकी पत्नी सीता का हरण हो गया, अब तुम्हारा मनोरथ पूर्ण हुआ। हा शोक, तुम्हारी तरह बहू को पाकर महापराक्रमी इक्ष्वाकुवंश को वधू हरण के दिन भी देखने पड़े।

यः स्वराज्यं परित्यज्य त्वन्नियोगाद् वनं गतः।
तस्य भार्या हृता सीता पर्याप्तस्ते मनोरथः ॥ ६।१३॥
हन्त भोः ! सत्त्वयुक्तानामिक्ष्वाकूणां मनस्विनाम्।
वधूप्रधर्षणं प्राप्तं प्राप्यात्रभवतीं वधूम् ॥ ६।१४

इस कटु वचन को सुनकर कैकेयी की मानवीय दुर्बलताएँ कुछ क्षण के लिए उबल पड़ती हैं। परन्तु कैकेयी अपने हृदय के उद्वेग को रोकते हुए भरत से कहती हैं कि बेटा ! तुम महाराज के शापग्रस्त होने के सम्बन्ध में नहीं जानते हो। सुमन्त्र से कहती हैं कि आप महाराज के शापग्रस्त होने के सम्बन्ध में बता दें। सुमन्त्र कहते हैं—

"श्रूयताम्—पूरा मृगयां गतेन महाराजेन कस्मिंश्चित् सरसि कलशं पूरयमाणो वनगजबृंहितानुकारिशब्दसमुत्पन्नवनगजशङ्कया शब्दवेधिना शरेण विपन्नचक्षुषो महर्षेश्चक्षुर्भूतो मुनितनयो हिंसितः।"

यह सुनकर भरत स्तब्ध हो जाते हैं। उनके मुख से केवल 'शान्तं पापम्' शब्द निकलता है। आगे सुमन्त्र बताते हैं—

तेनोक्तं रुदितस्यान्ते मुनिना सत्यभाषिणा।
यथाहं भोस्त्वमप्येवं पुत्रशोकाद् विपत्स्यसे ॥ ६।१५॥

महाराज के शापग्रस्त होने की इस घटना को सुनकर भरत कहते हैं। त्रैलोक्य

साक्षी है कि मेरी मां निर्दोष है, एवं भ्रातृ स्नेह के कारण मैंने जो तुम्हारा अपमान किया उसके लिए मुझे क्षमा कर दो। कैकेयी का हृदय वात्सल्यप्रेम से हिलोरें लेने लगता है। और वह कहती हैं कि कौन ऐमी माता होगी जो अपने पुत्र के अपराध कों क्षमा न कर देगी।

"जात। का नाम माता पुत्रस्यापराधं न मर्षयति ? उत्तिष्ठोत्तिष्ठ। कोऽत्र दोषः ।।"

इसके विपरीत रामायण में कैकेयी को सारे अनर्थों की जड़ बतलाया गया है—

कुलस्य त्वमभावाय कालरात्रिरिवागता।
अङ्गारमुपगुह्य स्म पिता मे नावबुद्धवान् ।।
मृत्युमापादितो राजा त्वया मे पापदर्शिनी।
मुखं परिहृतं मोहात् कुलेऽस्मिन् कुलपांसुनि ।।
वा० रा० अयो० का० ७३–४५

महाकवि भास ने कैकेयी के चरित्र में एक नवीन घटना का उन्मेष किया है। एवं राम के राज्यभार का उत्सव जंगल में ही सम्पन्न कराया हैं। कैकेयी प्रस्ताव का अनुमोदन करती हुई कहती हैं कि बेटा राम! बहुत दिनों से यही इच्छा है कि तुम राज्य भार ग्रहण करो।

"जात! चिराभिलषितः खल्वेष मनोरथः।"

कैकेयी राम से कहती हैं जाओ पुत्र राज्याभिषेक स्वीकार करो।

"गच्छ जात! अभिलषाभिषेकम्"

कैकेयी राम की जयघोषणा से अत्यन्त प्रसन्न होती हैं।

"अम्महे! पुत्रस्य मे विजयघोषणा वर्धते।"

इस प्रकार नाटककार ने कैकेयी के चरित्र में पर्याप्त परिमार्जन करने का प्रयास किया है।

सुमन्त्र—

वृद्ध सचिव सुमन्त्र महाराज दशरथ के परम हितैषी तथा सुख-दुःख में साथ रहने वाले हैं। सुमन्त्र इक्ष्वाकुवंश के परम हितैषी हैं। राम को वन में छोड़-

कर लौटने पर सुमन्त्र महाराज दशरथ को ढाढस बंधाते हैं कि राम चौदह वर्ष बाद अवश्य लौट कर आयेगें। सुमन्त्र अयोध्या में घटित घटनाओं को देखकर अपनी लम्बी आयु को कोसते हुए कहते हैं कि लम्बी आयु ने मुझमें अनेक बुराइयाँ ला दी हैं। राजा की मृत्यु के बाद मैं उनके सूने रथ का सारथि हूँ।

अन्वास्यमानश्चिरजीवदोषैः कृतघ्नभावेन विडम्ब्यमानः।
रामः—मैथिलि ! श्वश्रूजनपुरोगं भरतमवलोकयितुं विशालीक्रियतां ते चक्षुः ।

सीता—अय्यउत्त ! इच्छिदव्वे काले भरदो आअदो । [आर्यपुत्र ! एष्टव्ये काले भरत आगतः ।]

(ततः प्रविशति भरतः समातृकः)

भरतः— तैस्तैः प्रवृद्धविषयैर्विषमैर्विमुक्तं
मेघैर्विमुक्तममलं शरदीव सोमम् ।
आर्यासहायमहमद्य गुरुं दिदृक्षुः
प्राप्तोऽस्मि तुष्टहृदयः स्वजनानुबद्धः ॥ ६ ॥

त्वद्दर्शनम् तदर्थं समुत्सुकः = समुत्कण्ठितः भरतः महता सैन्येन = बलेन, मातृभिः = कौशल्यादिभिः सह संप्राप्तः = समागतः त्वत्सकाशमिति शेषः ॥ ५ ॥ श्वश्रूजनपुरोगम्=–श्वश्रूजनस्य पुरोगम् पुरःसरम् । विशालीक्रियताम् = विशदीक्रियताम् । एष्टव्ये = अभिलषितव्ये ।

अन्वयः—अद्य तुष्टहृदयः स्वजनानुबद्धः शरदि मेघैः विमुक्तम् निर्मलम् सोमम् इव तैः तैः प्रवृद्धविषयैः विषमैः विमुक्तम् आर्यासहायम् गुरुं दिदृक्षुः अहम् प्राप्तः अस्मि ॥ ६ ॥

व्याख्या—अद्य तुष्टहृदयः—तुष्टम् = प्रसन्नः हृदयम् = मानसः यस्य सः । स्वजनानुबद्धः—स्वजनैः = वन्धुबान्धवादिभिः अनुबद्धः = अनुगतः शरदि

राम—वत्स लक्ष्मण ! क्या सचमुच भरत आये हैं ।

लक्ष्मण—और क्या ?

राम—सीते ! श्वश्रूजनों के साथ आये हुए भरत को देखने के लिये अपनी आँखों को विशाल बना लो ।

सीता—आर्यपुत्र ! भरत उचित समय पर आये हैं ।

(माताओं को साथ लिये भरत का प्रवेश)

भरत—मेघों के आवरण से रहित शरत्कालीन स्वच्छ चन्द्रमा के समान

रामः—अम्बाः ! अभिवादये ।

सर्वाः—जाद ! चिरं जीव । दिट्ठिआ वड्ढामो अवसिदपडिण्णं तुमं कुसलिणं सह बहूए पेक्खिअ । [जात ! चिरं जीव । दिष्टच्या वर्धामहे अवसितप्रतिज्ञं त्वां कुशलिनं सह वध्वा प्रेक्ष्य !]

रामः—अनुगृहीतोऽस्मि ।

लक्ष्मणः—अम्बाः अभिवादये ।

सर्वाः—जाद ! चिरं जीव । [जात ! चिरं जीव ।]

लक्ष्मणः—अनुगृहीतोऽस्मि ।

सीता—अय्या ! वन्दामि । (आर्याः वन्दे ।)

मेघापगमे तन्नामकर्त्तौं मेघैः मुक्तम् निरावरणम् निर्मलम् स्वच्छम् सोमम् = चन्द्रमसम् इव तैस्तैः प्रसिद्धैः प्रवृद्धविषयैः—प्रवृद्धाः विषयाः येषां तैः नानाप्रकारकैः विषमैः = सङ्कटैः विमुक्तम् = रहितम् आर्यासहायम् = सीतासमन्वितम् गुरुम् = ज्येष्ठं भ्रातरं रामम् दिदृक्षुः = दर्शनेच्छया अहम् प्राप्तः अस्मि = इहागतः अस्मि । अत्रोपमालङ्कारः । सङ्कटविमुक्तरामस्य मेघनिर्मुक्तसोमसादृश्यात् । वसन्ततिलका वृत्तम् ।। ६ ।।

मातरः हृषं प्रकाशयन्ति जात इत्यादिना वर्धामहे = प्रमोदामहे । अवसितप्रतिज्ञम्—अवसिता संतीर्णा प्रतिज्ञा येन तम् । कुशलिनम् = सकुशलम् स्वस्थम् चिरमङ्गला—चिरम् चिरकालावस्थायि मङ्गलम् = कल्याणम् यस्याः सा ।

उन उन महासंकटों से मुक्त होकर आये हुए सीता के सहित श्रीराम का दर्शन करने के लिये मैं सानन्द अपने सज्जनों को साथ लिये यहाँ आया हूँ ।

राम—मातृगणों को मैं प्रणाम करता हूँ ।

सभी—बेटा ! जिरजीवी रहो । आज हम लोगों को बड़ी प्रसन्नता हो रही है जो अपनीं प्रतिज्ञा पूर्ण कर सकुशल वधू के साथ हम तुम्हें देख रहे हैं ।

राम—अनुगृहीत हुआ ।

लक्ष्मण—मातृगण ! मेरा प्रणाम ।

सब—पुत्र ! चिरञ्जीवी रहो ।

लक्ष्मण—बड़ी कृपा हुई ।

सीता—आर्यगणों को प्रणाम ।

सर्वाः—वच्छ ! चिरमङ्गला होहि । [वत्से ! चिरमङ्गला भव ।]

सीता—अणुग्गहिदम्हि । [अनुगृहीतास्मि ।]

भरतः—आर्य ! अभिवादये, भरतोऽहमस्मि ।

रामः—एह्येहि वत्स ! इक्ष्वाकुकुमार ! स्वस्ति, आयुष्मान् भव ।

वक्षः प्रसारय कपाटपुटप्रमाणमालिङ्ग मां सुविपुलेन भुजद्वयेन ।
उन्नामयाननमिदं शरदिन्दुकल्पं प्रह्लादय व्यसनदग्धमिदं शरीरम् ॥७

भरतः—अनुगृहीतोऽस्मि । आर्ये ! अभिवादये, भरतोऽहमस्मि ।

सीता—अय्यउत्तेण चिरसञ्चारी होहि । [आर्यपुत्रेण चिरसञ्चारी भव ।]

अन्वयः—कपाटपुटप्रमाणम् वक्षः प्रसारय । सुविपुलेन भुजद्वयेन माम् आलिङ्ग । शरदिन्दुकल्पम् इदम् आननम् उन्नामय । व्यसनदग्धम् इदं शरीरं प्रह्लादय । (अयं श्लोकः चतुर्थाङ्के १६ संख्यासमागतः) ॥ ७ ॥

व्याख्या—कपाटपुटप्रमाणम्—कपाटयोः पुटम् = संपुटम् प्रमाणं यस्य कपाट इव विस्तीर्णम् वक्षः = उरोदेशम् प्रसारय = विस्तारय सुविपुलेन = महाविशालेन भुजद्वयेन माम् आलिङ्ग = आश्लेषं विधेहि शरदिन्दुकल्पम् = शरच्चन्द्रसन्निभम् आननम् = मुखम् उन्नामय = ऊर्ध्वं विधेहि । व्यसनदग्धम् = दुःखैर्भस्मतां नीतम् इदं शरीरम् = देहं प्रह्लादय = प्रहर्षय । वसन्ततिलकावृत्तम् ॥ ७ ॥

आर्यपुत्रेण चिरसञ्चारी आर्यपुत्रेण = रामेण चिरसञ्चारी चिरं सञ्चरितुं-शीलमस्ति अस्य । भरतः राज्यभारं गृहीतुम् रामं प्रार्थयते आर्य इत्यादि । प्रति

सब—बेटी तुम्हारा सर्वदा कल्याण हो ।

सीता—अनुगृहीत हुई ।

भरत—आर्य । मैं अभिवादन करता हूँ । भरत हूँ ।

राम—वत्स ! आओ । इक्ष्वाकुकुमार ! तुम्हारा कल्याण हो । चिरजीवि रहो । किवाड़ के समान चौड़े वक्षःस्थल को फैलाओ और अपनी विशाल दोनों भुजाओं से मेरा आलिङ्गन करो । शरत्कालीन चन्द्रमा के समान अपने मनोहर मुखमण्डल को ऊपर करो तथा दुःखों से परितप्त इस शरीर को प्रहर्षित करो ॥ ७ ॥

भरत—अनुगृहीत हुआ । आर्ये ! मैं भरत आपका अभिवादन करता हूँ ।

सीता—आर्यपुत्र के चिरकाल पर्यन्त अनुयायी बनो ।

भरतः—अनुगृहीतोऽस्मि । आर्य ! अभिवादये ।

लक्ष्मणः-एह्येहि वत्स ! दीर्घायुर्भव । परिष्वजस्व गाढम् । (आलिङ्गति)

भरतः—अनुगृहीतोऽस्मि ! आर्य ! प्रतिगृह्यतां राज्यभारः ।

रामः—वत्स ! कथमिव ?

कैकेयी—जाद ! चिराहिलसिदो खु एसो मणोरहो । [जात ! चिराभिलषितः खल्वेष मनोरथः ।

(ततः प्रविशति शत्रुघ्नः)

शत्रुघ्नः—विविधैर्व्यसनैः क्लिष्टमक्लिष्टगुणतेजसम् ।
द्रष्टुं मे त्वरते बुद्धिः रावणान्तकरं गुरुम् ॥ ८ ॥

गृह्यताम् = स्वीक्रियताम् । चिरादभिलषितः—चिराभिलषितः = बहुकालिकसंप्रार्थितमनोरथः अस्माकम् यद् रामो राजा भवत्विति ।

अन्वयः—विविधैः व्यसनैः क्लिष्टम् अक्लिष्टगुणतेजसम् रावणान्तकरं गुरुम् द्रष्टुं मे बुद्धिः त्वरते ॥ ८ ॥

व्याख्या—विविधैः=नानाप्रकारकैः व्यसनैः = सङ्कटैः क्लिष्टम् = संपीडितम् अक्लिष्टगुणतेजसम्—अक्लिष्टाः = उदाराः गुणाः तेजश्च यस्य तम् उदारगुणप्रभावम् रावणान्तकरम् रावणविनाशकम् गुरुम् = पूज्यमार्यं रामम् द्रष्टुं = अवलोकितुम् मे—बुद्धिः = मनः त्वरते = आकुलो भवति ॥ ८ ॥

भरत—मैं अनुगृहीत हुआ । आर्य ! नमस्कार ।

लक्ष्मण—वत्स ! आओ आओ । चिरजीवी होओ । अच्छी तरह आलिङ्गन करो (भरत गले से मिलते हैं)

भरत—अनुगृहीत हुआ (श्रीराम से) आर्य ! अपना राज्यभार ग्रहण कीजिये ।

राम—वत्स ! क्यों ?

कैकेयी—वत्स ! मेरा यह चिरकाल का अभीष्ट मनोरथ है ।

(शत्रुघ्न का प्रवेश)

शत्रुघ्न—नाना प्रकार के व्यसनों से पीडित होने पर भी जिनका गुण और तेज क्षीण नहीं हुआ रावण जैसे शत्रु के निहन्ता उन आर्य राम के दर्शन के लिये

(उपगम्य) आर्य ! शत्रुघ्नोऽहमभिवादये ।

रामः—एह्येहि वत्स ! स्वस्ति, आयुष्मान् भव ।

शत्रुघ्नः—अनुगृहीतोऽस्मि । आर्ये ! अभिवादये ।

सीता—वच्छ ! चिरं जीव । [वत्स ! चिरं जीव ।]

शत्रुघ्नः—अनुगृहीतोऽस्मि । आर्य ! अभिवादये ।

लक्ष्मणः—स्वस्ति, आयुष्मान् भव ।

शत्रुघ्नः—अनुगृहीतोऽस्मि ; आर्य ! एतौ वसिष्ठवामदेवौ सह प्रकृतिभिरभिषेकं पुरस्कृत्य त्वद्दर्शनमभिलषतः ।

तीर्थोदकेन मुनिभिः स्वयमाहृतेन
नानानदीनदगतेन तव प्रसादात् ।

सर्वान् प्रणम्य शत्रुघ्नो विज्ञापयति—आर्य इति । एतौ = दृश्यमानौ वसिष्ठवामदेवौ वसिष्ठश्च वामदेवश्च तन्नामकौ कुलगुरुपुरोहितौ प्रकृतिभिश्च प्रजाजनैः = मन्त्रिमण्डलेन च सह अभिषेकम्=राज्ये अभिषेक्तुम् जलं पुरस्कृत्य = अग्रे निधाय ।

अन्वयः—मुनिगणः तव प्रसादात् मुनिभिः स्वयमाहृतेन नानानदीनदगतेन तीर्थोदकेन प्रथमाभिषिक्तं ते मुखम् सलिलसिक्तम् अरविन्दम् इव द्रष्टुम् इच्छन्ति ॥ ९ ॥

व्याख्या—मुनिगणाः = ऋषयः तव प्रसादात् = कृपातः कृतरावणबध-

मेरा मन उतावला हो रहा है । (राम के पास जाकर) आर्य ! मैं शत्रुघ्न आपको प्रणाम करता हूँ ।

राम—आओ वत्स ! आओ । तुम्हारा कल्याण हो । तुम चिरायु होओ ।

शत्रुघ्न—अनुगृहीत हुआ । आर्ये ! मैं आपका अभिवादन करता हूँ ।

सीता—वत्स ! आयुष्मान् होओ ।

शत्रुघ्न—अनुगृहीत हुआ । आर्य ! मैं शत्रुघ्न आपका अभिवादन करता हूँ ।

लक्ष्मण—तुम्हारा कल्याण हो । आयुष्मान् होओ ।

शत्रुघ्न—अनुगृहीत हुआ । आर्य ! ये वसिष्ठ और वामदेव दोनों महर्षि प्रजामण्डल एवं मन्त्रिमण्डल के साथ अभिषेक की सामग्री लिये आपसे मिलना चाहते हैं ।

ये मुनिगण ! आप की कृपा से मुनियों के द्वारा स्वयम् लाये गये अनेक

इच्छन्ति ते मुनिगणाः प्रथमाभिषिक्तं
द्रष्टुं मुखं सलिलसिक्तमिवारविन्दम् ॥ ९ ॥

कैकेयी—गच्छ जाद ! अभिलसेहि अभिसेअं । [गच्छ जात ! अभिलषाभिषेकम् ।]

रामः—यदाज्ञापयत्यम्बा । (निष्क्रान्तः)

(नेपथ्ये)

जयतु भवान् । जयतु स्वामी । जयतु महाराजः । जयतु देवः । जयतु भद्रमुखः । जयत्वार्यः । जयतु रावणान्तकः ।

कैकेयी—एदे पुरोहिता कञ्चुइणो पुत्तअस्स मे विजअघोसं वड्ढअन्तो आसीहि पूजअन्ति । [एते पुरोहिताः कञ्चुकिनः पुत्रकस्य मे विजयघोषं वर्धयन्त आशीर्भिः पूजयन्ति ।]

संञ्चारसौकर्यलब्धहर्षातिरेकात् मुनिभिः स्वयमाहृतेन = स्वयमानीतेन नानानदीनदगतेन—नानानद्यः = गङ्गाद्याः नानानदाः शोणब्रह्मपुत्रादयः तेभ्यो गतेन = प्राप्तेन तीर्थोदकेन=तीर्थजलेन प्रथमाभिषिक्तम् = प्राक् कृताभिषेकम् तदनन्तरं तव मुखमाननम् सलिलसिक्तम् अरविन्दम् = कमलम् इव ते द्रष्टुमिच्छन्ति = वाञ्छन्ति । अत्रायमभिप्रायः अभिषेककार्ये विलम्बासहिष्णवो महर्षयः प्रथमम् तवाभिषेकम् तदनन्तरं तव मुखदर्शनं वाञ्छन्ति । अभिषिक्तमुखस्य सलिलसिक्तारविन्दसाम्यवर्णनादुपमालङ्कारः । वसन्ततिलकावृत्तम् ॥ ९ ॥

प्रकार के नदियों एवं नदों के तीर्थोदक से सर्वप्रथम आपका अभिषिक्त मुखमण्डल सलिलसिक्त कमल के समान देखना चाहते हैं ।

कैकेयी—पुत्र आओ । अपना अभिषेक स्वीकार करो ।

राम—माताजी की जो आज्ञा ।

(नेपथ्य में)

आपकी जय । स्वामी की जय । महाराज की जय । देव की जय । भद्रमुख की जय । आर्य की जय । रावण निहन्ता की जय ।

कैकेयी—अहा ! ये पुरोहित और कञ्चुकी मेरे पुत्र के विजय का उद्घोष करते हुए अपने आशीर्वचनों के द्वारा अभिनन्दन कर रहे हैं ।

सुमित्रा—पइदीओ परिचारआ सज्जणा अ पुत्तअस्स मे विजअं वड्ढअन्ति ।
[प्रकृतयः परिचारकाः सज्जनाश्च पुत्रकस्य मे विजयं वर्धयन्ति ।]

(नेपथ्ये)

भो भो जनस्थानवासिनस्तपस्विनः ! शृण्वन्तु शृण्वन्तु भवन्तः ।

हत्वा रिपुप्रभवमप्रतिमं तमौघं
सूर्योऽन्धकारमिव शौर्यमयैर्मयूखैः ।
सीतामवाप्य सकलाशुभवर्जनीयां
रामो महीं जयति सर्वजनाभिरामः ।। १० ।।

अन्वयः--अप्रतिमम् रिपुप्रभवम् तमौघं सूर्यः शौर्यमयैः मयूखैः अन्धकारम् इव हत्वा सकलाशुभवर्जनीयां सीताम् अवाप्य सर्वजनाभिरामः रामः महीं जयति ।। १० ।।

व्याख्या--अप्रतिमम्—नास्ति प्रतिमा सादृश्यं यस्य तम् = अनुपमेयम् रिपुप्रभवम् = शत्रुजन्यम् तमौघम् = अन्धकारसमूहम् (तमौघमित्यत्र सन्धिरसाधुः तम ओघमित्येव साधुः) सूर्यः शौर्यमयैः = स्वपराक्रमभूतैः मयूखैः = किरणैः अन्धकारम् इव हत्वा = विनाश्य सकलाशुभवर्जनीयाम्--सकलैः=संपूर्णैः अशुभैः = अमङ्गलैः वर्जनीयाम् = रहिताम् निष्कलङ्कामित्यर्थः सीताम् अवाप्य= संप्राप्य सर्वजनाभिरामः = सर्वजनैकप्रियदर्शनः रामः = तन्नामको राजा महीम् = पृथ्वीम् जयति = सर्वोत्कृष्टत्वेन वर्त्ततेतराम् । अत्र रामकृतशत्रुविनाशस्य सूर्यकृतान्धकारविनाशसाम्यादुपमालङ्कारः । वसन्ततिलकावृत्तम् ।। १० ।।

सुमित्रा--प्रजागण, सेवक तथा सज्जन लोग मेरे पुत्र की विजय घोषणा करते हुए अभिनन्दन कर रहे हैं ।

(नेपथ्य में)

हे जनस्थान में रहने वाले तपस्विगण ! आप सभी सुनें, आप सभी सुनें ।

अपनी किरणों से अन्धकारसमूह को नष्ट करनेवाले सूर्य के समान अप्रतिम (महाभयङ्कर) शत्रुजनित अन्धकार (सङ्कट) समूह को अपने पराक्रम से नष्ट करनेवाले सर्वजनाभिराम महाराज श्रीराम निष्कलङ्का सीता को प्राप्त कर इस पृथ्वी मण्डल में सर्वोत्कृष्टत्वेन विद्यमान रहें ।। १० ।।

कैकेयी—अम्महे ! पुतअस्स मे विजअघोषणा वुढ्ढइ ।) [अम्महे ! पुत्रस्य मे विजयघोषणा वर्धते ।]

(ततः प्रविशति कृताभिषेको रामः सपरिवारः)

रामः—(विलोक्याकाशे) भोस्तात !

स्वर्गेऽपि तुष्टिमुपगच्छ विमुञ्च दैन्यं
कर्म त्वयाभिलषितं मयि यत् तदेतत् ।
राजा किलास्मि भुवि सत्कृतभारवाही
धर्मेण लोकपरिरक्षणमभ्युपेतम् ॥ ११ ॥

अम्महे इति आश्चर्यजनकानन्दोच्चारणम् ।

अन्वयः—भोस्तात ! स्वर्गेऽपि तुष्टिम् उपगच्छ । दैन्यं विमुञ्च । त्वया मयि यत्कर्म अभिलषितम् तदेतत् भुवि सत्कृतभारवाही राजा अस्मि किल । धर्मेण लोकरक्षणम् अभ्युपेतम् ॥ ११ ॥

व्याख्या—इदानीं स्वपितरं संस्मरन् तत्तोषार्थं प्रार्थयते—भोस्तात = हे पितः स्वर्गेऽपि (इह लोके तु त्वं न लब्धवान्) इदानीं दिवि तुष्टिम् मदभिषेकजन्यामिति शेषः उपगच्छ = लभस्व । दैन्यम् = खेदम् मनोरथापूर्त्तिजन्यम् विमुञ्च = जहीहि । त्वया मयि = मद्विषये यत्कर्म = राज्यारोहणरूपाभिलाषम् तदेतत् भुवि = पृथिव्याम् सत्कृतभारवाही—सत्कृतम् आदरणीयम् भारं वहति तच्छीलः यद्वा सत्कृतानां भारं वहति तच्छीलः । अथवा सद्भिः मुनिभिः कृतः मयि न्यस्तः, तं तादृशं भारं वहति तच्छीलः इति । राजाऽस्मि किल । धर्मेण = धर्मपूर्वकम् लोकस्य = प्रजाजनस्य रक्षणम् = पालनम् अभ्युपेतम् = अङ्गीकृतम् । वसन्ततिलका छन्दः ॥ ११ ॥

कैकेयी—अहो मेरे पुत्र की विजय हो रही है ।

(राज्याभिषिक्त राम और उनके पुरजनों का प्रवेश)

राम—(आकाश की ओर देखते हुए) हे तात ।

अब आप स्वर्ग में संतुष्ट होवें । दीनता का परित्याग करें । आप मेरे लिये जिसकी अभिलाषा किये थे वह कार्य अब सफल हो गया । मै राजा बन गया और राज्य के भार को मैंने संभाल लिया है और धर्मपूर्वक प्रजा-पालन का व्रत मैंने स्वीकार कर लिया है ।

भरतः—अधिगतनृपशब्दं धार्यमाणातपत्रं
विकसितकृतमौलिं तीर्थतोयाभिषिक्तम् ।
गुरुमधिगतलीलं वन्द्यमानं जनौघै-
र्नवशशिनमिवार्यं पश्यतो मे न तृप्तिः ॥ १२ ॥

शत्रुघ्नः—एतदार्याभिषेकेण कुलं मे नष्टकल्मषम् ।
पुनः प्रकाशतां याति सोमस्येवोदये जगत् ॥ १३ ॥

अन्वयः—अधिगतनृपशब्दम् धार्यमाणातपत्रम् विकसितकृतमौलिम् तीर्थतोयाभिषिक्तम् अधिगतलीलम् जनौघैः वन्द्यमानम् गुरुम् आर्यम् नवशशिनम् इव पश्यतः मे तृप्तिः नास्ति ॥ १२ ॥

व्याख्या—मुक्तराज्यभारो भरतः राज्येभिषिक्तं पूर्णचन्द्रमिव रामं राजानं विलोक्य प्रहृष्टमनाः प्राह—अधिगतेति । अधिगतनृपशब्दम्—अधिगतः = संप्राप्तः नृपशब्दः = राजसंज्ञा येन तम् । धार्यमाणातपत्रम् धार्यमाणम् आतपत्रम् =: छत्रम् यस्मिन् स तम्, विकसितमौलिम्—विकसितः = उन्नतः कृतः मौलिर्येन तम् = उन्नतमूर्धानम् । तीर्थतोयाभिषिक्तम्—तीर्थतोयैः अभिषिक्तम् । अधिगतलीलम्—अधिगता = संप्राप्ता लीला = शोभा येन तम् = प्राप्तश्रीकम् जनौघैः = लोकसमूहैः वन्द्यमानम् = अभिवाद्यमानम् गुरुम् पूज्यम् रामम् नवशशिनम् = द्वितीयाचन्द्रम् इव पश्यतः = विलोकयतः मे तृप्तिः नास्ति = न भवति । अत्र नवशशिना रामसाम्यवर्णनादुपमा । विशेषणानाम् राजोचितत्वात्साभिप्रायवर्णनेन परिकरोऽपि । मालितीवृत्तम् ॥ १२ ॥

अन्वयः—आर्याभिषेकेण नष्टकल्मषम् एतत् मे कुलम् सोमस्य उदये जगदिव पुनः प्रकाशतां याति ॥ १३ ॥

व्याख्या—आर्यस्य = श्रीरामस्य अभिषेकेण = राज्यारोहणेन नष्टकल्मषम्

भरत—राजा शब्द से संवोधित किये जाने वाले, राजच्छत्र धारण किये हुए तीर्थों के जल से अभिषिक्त, शोभा से युक्त, प्रजागणों से अभिवन्द्यमान पूज्य राम को नवोदित चन्द्रमा के समान देखते हुए मुझे तृप्ति नहीं होती ।

शत्रुघ्न—आर्य के राज्याभिषिक्त हो जाने से अब इस कुल के कलङ्क का नाश हो गया । चन्द्रमा के उदय से जिस प्रकार जगत् प्रकाशित होता है उसी

रामः--वत्स लक्ष्मण ! अधिगतराज्योऽहमस्मि ।

लक्ष्मणः—दिष्ट्या भवान् वर्धते ।

(प्रविश्य)

काञ्चुकीयः—जयतु महाराजः । एष खलु तत्रभवान् विभीषणो विज्ञापयति सुग्रीवनीलमैन्दजाम्बवद्धनूमत्प्रमुखाश्चानुगच्छन्तो विज्ञापयन्ति—'दिष्ट्या भवान् वर्धत' इति ।

रामः—'सहायानां प्रसादाद् वर्धत' इति कथ्यताम् ।

काञ्चुकीयः--यदाज्ञापयति महाराजः ।

नष्टम् कलमषम् = कलङ्कम् ज्येष्ठाभिषेकाभावजन्यम् इति शेषः । यस्य तत् एतत् मे कुलम् सोमस्य = चन्द्रस्य उदये जगदिव पुनः प्रकाशतां = तेजस्वितां याति = प्राप्नोति ॥ १२ ॥

सहायानाम् तत्र भवताम् प्रसादात् अनुग्रहेण वर्धते राम इति शेषः । अभ्युदयम् राज्याभिषेकरूपं महोत्सवम् । अये हर्षार्थकमव्ययपदम् । सूर्यः अस्ति अस्मिन् तत् सूर्यवत् = सूर्ययुक्तम् प्रतिभाति = संशोभते । पुष्पकम् एतन्नामकं विमानम् यत्कुवेरात् कृतसिद्धान्तम् रावणेनाहृत्यानीतम् । कृतसमयम् = स्मृतमात्रम् स्मरणसमकाल एव ।

प्रकार यह कुल भी पुनः तेजस्विता को प्राप्त कर रहा है ।

राम—वत्स लक्ष्मण ! मेरा राज्याभिषेक संपन्न हो गया ।

लक्ष्मण--महाराज ! बड़ा आनन्द हो गया, आपको बधाई ।

(कञ्चुकी का प्रवेश)

कञ्चुकी—महाराज की जय हो । यह तत्रभवान् लङ्काधिपति विभीषण तो विज्ञापित कर ही रहे हैं, उनके पीछे चलनेवाले सुग्रीव, नील, मैन्द, जाम्बवान् एवं हनूमान् आदि प्रमुख वानराधिपति भी विज्ञापित करते हैं कि यह परम सौभाग्य का अवसर है । आपको बधाई !

राम—सहायकों की कृपा से ही मैंने विजय प्राप्त की है' ऐसा जाकर उनसे कहो ।

कञ्चुकी—जो आज्ञा ।

कैकेयी—धण्णा खुम्हि । इदं अब्भुदअं पेक्खिदं इच्छामि । [धन्या खल्वस्मि । इममभ्युदयमयोध्यायां प्रेक्षितुमिच्छामि ।]

रामः—द्रक्ष्यति भवती । (विलोक्य) अये ! प्रभाभिर्वनमिदमखिलं सूर्यवत् प्रतिभाति । (विभाव्य) आः ज्ञातम् । सम्प्रातं पुष्पकं दिवि रावणस्य विमानम् । कृतसमयमिदं स्मृतमात्रमुपगच्छतीति । तत् सर्वैरारुह्यताम् ।

रामः—अद्यैव यास्यामि पुरीमयोध्यां सम्बन्धिमित्रैरनुगम्यमानः ।
लक्ष्मणः—अद्यैव पश्यन्तु च नागरास्त्वां चन्द्रं सनक्षत्रमिवोदयस्थम् ।१४

अन्वयः—सम्बन्धिमित्रैरनुगम्यमानः अहम् अद्यैव अयोध्यापुरीं यास्यामि । लक्ष्मणोऽपि तदनुमन्यमानः आह—नागराः अद्यैव उदयस्थम् सनक्षत्रम् चन्द्रम् इव त्वां पश्यन्तु च ।। १४ ।।

व्याख्या—सम्बन्धिमित्रैरनुगम्यमानः संबन्धिभिः = बान्धवैः मित्रैः विभीषणादिभिः अनुगम्यमानः अहम् अद्यैव = अस्मिन्नेव काले विलम्बमकृत्वेत्यर्थः अयोध्यापुरीम् = स्वनगरीम् यास्यामि । लक्ष्मणः तदनुमोदयन्नाह—अद्यैवेति । नागराः = अयोध्यावासिनः जनाः उदयस्थं तु सम्बन्धिमित्रसहितं त्वां पश्यन्तु । अत्रापि चन्द्रसाम्यवर्णनादुपमालङ्कारः । उदयस्थमित्यत्र श्लेषः । इन्द्रवज्रा छन्दः ।।

कैकेयी—मैं धन्य हो गई । किन्तु अब इस अभ्युदय को अयोध्या में भी देखना चाहती हूँ ।

राम—आप वहाँ भी देखेंगी (देखकर) अहा ! प्रभापुञ्ज से यह सारा वन सूर्य से युक्त हुआ सा दिखाई पड़ रहा है । (विचार कर) अच्छा समझ गया । आकाश में रावण का यह पुष्पक विमान आ रहा है । जो स्मरण मात्र करने से ठीक समय पर उपस्थित हो जाता है । इसलिये सब लोग इस पर चढ जावें ।

(सब लोग सवार होते हैं)

राम—मैं आज ही अपने बन्धु-बान्धवों एवं मित्रों को लेकर अयोध्या जा रहा हूँ । लक्ष्मण भी इसी का समर्थन करते हुए कहते हैं और आज ही समस्त नगरवासी जन उदयाचल पर नक्षत्रों के सहित विराजमान चन्द्रमा की भाँति आपका दर्शन प्राप्त करें ।

(भरतवाक्यम्)

यथा रामश्च जानक्या बन्धुभिश्च समागतः ।
तथा लक्ष्म्या समायुक्तो राजा भूमिं प्रशास्तु नः ॥ १५ ॥

(निष्क्रान्ताः सर्वे)

इति सप्तमोऽङ्कः ।

◆

भरतवाक्यमिति—भरतस्य = नटस्य वाक्यम् = सामाजिकाभ्युदयप्रशस्तिरूपम् । प्रयोगान्ते एष शिष्टाचारः यद् भरतः सामाजिकानामभ्युदयाशंसनपूर्विकां प्रशस्ति पठति ।

अन्वयः—रामः जानक्या बन्धुभिश्च यथा समागतः तथा लक्ष्म्या समायुक्तः राजा नः भूमिं प्रशास्तु ॥ १५ ॥

व्याख्या—रामः जानक्या बन्धुभिश्च यथा = येन प्रकारेण समागतः = सम्मिलितः तथा लक्ष्म्या समायुक्तः = संश्लिष्टः राजा नः अस्माकम् भूमिं प्रशास्तु = परिपालयतु । निष्क्रान्ताः सर्वे इत्यङ्कसमाप्तिः ।

इषुवेदाभ्रयुग्माब्दे वैंक्रमीये सुवत्सरे ।
माघस्य कृष्णपञ्चम्यां टीकैषा सुसमापिता ॥
कृत्यानया मे विश्वेशौ प्रीयेतां जगतीपती ।
अर्चयार्चयतां भूयान्मङ्गलमिति प्रार्थये ॥

॥ श्री जगदम्बार्पणमस्तु ॥

॥ इति प्रतिमाव्याख्यायां सप्तमोऽङ्कः ॥

◆

(भरतवाक्य)

जिस प्रकार राम ने जानकी एवं बन्धुओं के साथ आकर अयोध्या का राज्य किया उसी प्रकार राजलक्ष्मी से युक्त हमारे महाराज (रार्जसिह) पृथ्वी का पालन करें ।

प्रतिमा नाटक के सातवें अङ्क को टीका समाप्त ॥

◆

भास की प्रशस्तियाँ

(१) सूत्रधारकृतारम्भैर्नाटकैर्बहुभूमिकैः ।
सपताकैर्यशो लेभे भासो देवकुलैरिव ॥
(बाणभट्ट : हर्षचरित, १।१५)

(२) भासनाटकचक्रेऽपि च्छेकैः क्षिप्ते परीक्षितुम् ।
स्वप्नवासवदत्तस्य दाहकोऽभून्न पावकः ॥
(राजशेखर)

(३) सुविभक्तमुखाद्यङ्गैर्व्यक्तलक्षणवृत्तिभिः ।
परेतोऽपि स्थितो भासः शरीरैरिव नाटकैः ॥
(दण्डी : अवन्तिसुन्दरी ११)

(४) भासम्मि जलणमित्ते कन्तीदेवे अजस्य रहुआरे ।
सो बन्धवे अ बन्धम्मि हारियन्दे अ आणन्दो ॥
[भासे ज्वलनमित्रे कुन्तोदेवे च यस्य रघुकारे ।
सौबन्धवे च बन्धे हारिचन्द्रे च आनन्दे ॥]
(गउडवहो)

(५) भासो हासो कविकुलगुरुः कालिदासो विलासः ।
(जयदेव: प्रसन्नराघव)

(६) प्रथितयशसां भाससौमिल्लकविपुत्रादीनां प्रबन्धानतिक्रम्य कथं वर्तमानस्य कवेः कालिदासस्य कृतौ बहुमानः ।
(कालिदास: मालविकाग्निमित्र)

(७) यथा भासकृते स्वप्नवासवदत्ते शेफालिकाशिलातलमवलोक्य वत्सराजः ।
(नाटयदर्पण ले० रामचन्द्र तथा गुणचन्द्र १२ वीं सदी)

(८) क्वचित्क्रीडा । यथा वासवदत्तायाम् ।
(नाटयशास्त्रपर अभिनवगुप्त की टीका)

* * *

प्रतिमानाटकसुभाषितानि

अनुचरति शशांक राहुदोषेऽपि तारा ।
अलमिदानीं व्रणे प्रहर्तुम् ।
अल्पंतुल्यशीलानि द्वन्द्वानि सृज्यन्ते ।
ईदृग्विधाः पुरुषा ईदृशीमापदमनुभवन्तीति-
विधिरनतिक्रमणीयः ।
किं ब्रह्मघ्नानामपि परेण निवेदनं क्रियते ।
कुतः क्रोधो विनीतानां लज्जा वा कृतचेतसाम् ।
गङ्गायमुनयोर्मध्ये कुनदीव प्रवेशिता ।
गोपहीना यथा गावो विलयं यान्ति ।
छायां परिहृत्य शरीरं न लङ्घयामि ।
तिर्यग्योनयोऽपि उपकृतमवगच्छन्ति ।
न न्याय्यं परदोषमभिधातुम् ।
न व्याघ्रं मृगशिशवः प्रधर्षयन्ति ।
निम्नस्थलोत्पादको हि कालः ।
निर्दोषदृश्या हि भवन्ति नार्यो यज्ञे विवाहे व्यसने
वने पतति वृक्षे याति भूमिं लता च ।
पिपासार्तोऽनुधावामि क्षीणतोयां नदीमिव ।
पुरुषाणां मातृदोषो न दोषः ।
बहुवृत्तान्तानि राजकुलानि नाम ।
भर्तृनाथा हि नार्यः ।
राज्यं नाम मुहूर्तमपि नोपेक्षणीयम् ।
शरीरेऽरिः प्रहरति हृदये स्वजनस्तथा ।
सर्वं शोभनीयं सुरूपा नाम् ।
सर्वोऽपि मृदुः परिभूयते ।
सुलभापराधः परिजनो नाम ।
स्वः पुत्रः कुरुते पितुर्यदि वचः कस्तत्र विस्मयः
हस्तस्पर्शो हि मातृणामजलस्य जलाञ्जलिः ।

* * *

परिशिष्टम्—१

नाटकीयविशिष्टवस्तुलक्षणानि

१. नान्दी—

आशीर्वचनसंयुक्ता स्तुतिर्यस्मात् प्रयुज्यते ।
देवद्विजनृपादीनां तस्मान्नान्दीति संज्ञिता ॥
माङ्गल्यशङ्खचक्राब्जकोशकैरवशासिनी ।
पदैर्युक्ता द्वादसभिरष्टाभिर्वा पदैरुत ॥

नान्दी में देव-द्विजनृपादि की स्तुति होती है। यह आठ या बारह पदों की होती है तथा शङ्ख, चक्र, पद्म आदि मङ्गलवाची शब्दों से संयुक्त होती है।

२. प्रस्तावना-आमुख—

नटी विदूषको वापि पारिपार्श्विक एव वा ।
सूत्रधारेण सहिताः संलापं यत्र कुर्वते ॥
चित्रैर्वाक्यैः स्वकार्योत्थैः प्रस्तुताक्षेपिभिर्मिथः ।
आमुखं तत्तु विज्ञेयं नाम्ना प्रस्तावनाऽपि सा ॥

सूत्रधार के साथ नट-नटी, पारिपार्श्विक नाटकीय कथानक के निर्देश से संबद्ध विचित्र कथनोपकथनों को करते हैं तो वह आमुख होता है। उसी को प्रस्तावना भी कहते हैं।

३. सूत्रधार—

आसूत्रयन् गुणान् नेतुः कवेरपि च वस्तुना ।
रङ्गप्रसाधनप्रौढः सूत्रधार इवोदितः ॥

तथा—

नाट्यस्योपकरणादीनि सूत्रमित्यभिधीयते ।
सूत्रं धारयतीत्यर्थं सूत्रधारो मतो बुधैः ॥

नाट्योपकरण वस्तु-नेता तथा रस-ये सूत्र कहे जाते हैं। दूसरे लक्षणानुसार नेता और कवि के गुणों को वस्तु के द्वारा सूत्रित करने—पिरोने वाला तथा रङ्ग प्रसाधन में दक्ष व्यक्ति सूत्रधार कहा जाता है।

४. प्रयोगातिशय—

यदि प्रयोग एकस्मिन् प्रयोगोऽन्यः प्रयुज्यते ।
तेन पात्रप्रवेशश्चेत् प्रयोगातिशयस्तथा ॥

यदि एक प्रयोग में दूसरा प्रयोग प्रयुक्त हो और उससे पात्र का प्रवेश हो तो उसे प्रयोगातिशय की संज्ञा दी जाती है।

५. नेपथ्य—

कुशीलवकुटुम्बस्य गृहं नेपथ्यमुच्यते ।

नट के परिवार के गृह—जहाँ वह साज-सज्जा करे—को नेपथ्य कहते हैं।

६. विष्कम्भक—

वृत्तवर्तिष्यमाणानां कथांशानां निदर्शकः ।
संक्षिप्तार्थस्तु विष्कम्भ आदावङ्कस्य दर्शितः ॥
मध्यमेन मध्यमाभ्यां पात्राभ्यां संप्रयोजितः ।
शुद्धः स्यात् स तु संकीर्णो नीचमध्यमकल्पितः ॥

यह नाटक में हुई या होने जा रही घटनाओं का प्रदर्शक होता है। यह कथांश को संक्षिप्त करने के लिए प्रयुक्त होता है। मध्यम कोटि के पात्रों के होने पर यह शुद्ध कहा जाता है और नीच तथा मध्यम पात्रों के होने पर संकीर्ण होता है।

७. प्रवेशक

प्रवेशकोऽनुदात्तोक्त्या नीचपात्रप्रयोजितः ।
अङ्कद्वयान्तर्विज्ञेयः शेषः विष्कम्भके यथा ॥

इसमें नीच पात्र तथा प्राकृत भाषा प्रयुक्त होती है। यह दो अङ्कों के बीच में होता है तथा शेष विशेषतायें विष्कम्भक की होती है।

८. स्वगत—

अश्राव्यं खलु यद् वस्तु तदिह स्वगतं मतम् ।

जो बातें दर्शकों को सुनने की नहीं होती वे स्वगत होती हैं।

९. प्रकाश—

सर्वश्राव्यं प्रकाशः स्यात् ।

जो बाते सभी सुनें उसे प्रकाश कहा जाता है।

१०. विदूषक—

कुसुमवसन्ताभिधः कर्मवपुवेषाद्यैः ।
हास्यकरः कलहरतिर्विदूषकः स्यात् स्वकर्मज्ञः ॥

अपने कर्म, वेष, भाषादि के हास्योत्पादक, कलह प्रेमी तथा अपने कर्म (हास्य) का ज्ञाता विदूषक होता है। उसके कुसुम, वसन्त आदि नाम होते हैं।

११. नायक—

नेता विनीतो मधुरस्त्यागी दक्षः प्रियंवदः ।
रक्त लोकः शुचिर्वाग्मी रूढवंशस्थिरो युवा ॥
बुद्‌ध्युत्साहस्मृतिप्रज्ञाकलामानसंमन्वितः ।
शूरो दृढश्च तेजस्वी शास्त्रचक्षुश्च धार्मिकः ॥

नायक विनीत, मधुर, त्यागी, दक्ष, प्रियंवद, लोकरञ्जक, शुचि, वक्ता, कुलीन, स्थिर, युवक, वुद्धि-उत्साह-स्मृति प्रज्ञा-कला-मान-युक्त, शूर, दृढ, तेजस्वी, शास्त्रदृष्टिवाला एवं धार्मिक होता है।

१२. नायिका—

अथ नायिका त्रिभेदा स्यात् स्वान्या साधारणा स्त्रीति ।
नायकसामान्यगुणैर्भवति यथासंभवैर्युक्ता ॥

नायिका स्वकीया, परकीया, साधारणा, के भेद से तीन प्रकार की होती है। यथा संभव यह नायक के गुणों से युक्त होती है।

१३. अङ्क—

अङ्क इति रूढशब्दो भावै रसैश्च रोहयत्यर्थान् ।
नानाविधानयुक्तो यस्मात् तस्माद् भवेदङ्कः ॥
यत्रार्थस्य समाप्तिर्यत्र च वीजस्य भवति संहरः ।
किञ्चिदवग्लानबिन्दुः सोङ्क इति सदाऽवमन्तव्यः ॥

अङ्क भावों एवं रसों से अर्थों का वर्धन करता है। यह नानाविधानों से युक्त होता है। इससे अर्थ की समाप्ति तथा बीज का संहरण होता है।

* * *

श्लोकसूची

श्लोकः	अङ्क	सं.
अक्षोभ्यः क्षोभितः	१	१७
अङ्क मे स्पृश	२	१८
अत्र रामश्च सीता	४	४
अद्य खल्वव	४	१२
अद्यैव यास्यामि	७	१४
अधिगतनृपशब्दं	७	१२
अनपत्या वयं	२	८
अनुचरति शशाङ्कं	१	२५
अन्वास्य मान	३	१५
अपि सुगुण ममापि	४	२१
अयं ते दयितो	४	११
अयं सैन्येन	७	५
अयं हि पतितः	३	१४
अयममरपतेः सखा	२	२१
अयशसि यदि	३	२१
अयोध्यामटवी	६	१०
असुरसमर	४	१०
अहं पश्चात्	४	१५
अहं हि दुःख	२	९
अहो बलमहो	५	१४
आदर्शौ वल्कला	१	९
आपृच्छ पुत्रकृत	५	११
आरब्धे पटहे	१	५
आशावन्तः पुरे	४	२८
इदं गृहं तत्	३	१३
इदं तत्स्त्रीमयं	४	१४
इदानीं भूमिपालेन	१	४
इयं स्वयं गच्छतु	४	१३

श्लोकः	अङ्क	सं.
इयं हि नीलोत्पल	६	१
इयमेका पृथिव्यां	५	८
इह स्थास्यामि	४	१९
उभयस्यास्ति	५	९
एतदार्याभि	६	१३
एते ते दैवताना	३	७
एते भृत्याः स्वानि	२	१३
कमप्यर्थं चिरं	२	१७
कर्णौ स्वरापहृतं	१	८
कास्यासौ सदृश	४	६
कामं दैवत	३	५
काले खल्वागता	३	१२
कुतः क्रोधो	६	९
कृतान्त शल्याभि	५	४
कृत्वा स्ववीर्यं	६	४
क्रमप्राप्ते हृते	१	१९
क्व ते ज्येष्ठो	२	१४
गच्छन्ति तुष्टिं	५	५
गतो रामः प्रियः	२	२०
गत्वा तु पूर्वं	६	७
गत्वा पूर्वं स्व	४	१७
गुरोर्मे पाद	१	२७
गोप हीना यथा	३	२३
घनः स्पष्टो धीरः	४	७
चरति पुलिनेषु	१	२
चीरमात्रोत्तरी	१	३१
छत्रं सव्यजनं	१	३
जय नरवर	७	१

श्लोकः	अ.	सं.
तं चिन्तयामि	४	२२
तं स्मृत्वा शुल्क	३	११
तत्र यास्यामि	३	२४
तपः सङ्ग्राम	१	२८
तवैवः पुत्रः	२	१०
तातस्यै तानि	५	१३
ताते धनुर्नम	१	२२
तीर्थोदकेन	७	९
तेनोक्तं रुदित	६	१५
तैस्तपितः सुत	५	१०
तैस्तैः प्रवृद्ध	७	६
त्यक्त्वा तां	५	१
त्यक्त्वा स्नेहं	३	१८
त्रैलोक्यं	१	२१
त्वया राज्यैषिण्या	३	२२
दैत्यन्द्रमान	४	२
द्रुमा धावन्तीव	३	२
धन्याः खलु वने	२	१२
नरपतिनिधनं भव	४	१८
नरपतिनिधनं मया	६	८
नागेन्द्रा यवसा	२	२
नारीणां पुरुषाणां	१	११
नियतमनियतात्मा	५	७
निर्घृणश्च कृतघ्नश्च	४	५
निर्योगाद्भूष	१	२६
पद्माभ्यां परिभूय	६	३
पतत्युत्थाय	२	३
पतितमिव शिरः	३	३
पादोपभुक्ते	४	२५
पितुः प्राणपरि	३	४
पितु र्नियोगा	४	२०
पितुर्मे को व्याधिः	३	१

श्लोकः	अ.	सं.
पितुर्मे नौरसः	३	१९
पित्रा च वान्धव	६	१२
प्रख्यातसद्गुण	६	६
फलानि दृष्ट्वा	५	६
वलादेष दश	५	२१
भग्नः शक्रः	५	१७
भरतो वा भवेद्	१	२०
भ्रमति सलिलं	५	२
मङ्गलार्थेऽनया	१	२४
मद्भुजाकृष्ट	५	२२
मम मातुः प्रियं	४	३
मम मातुश्च	३	१६
माययापहृते	५	१५
मा स्वयं मन्यु	१	१०
सुखमनुपम	४	८
मेरुश्चलन्निव	२	१
यः स्वराज्यं	६	१६
यत्कृते महति	१	२६
यत्तस्यं परि	४	२३
यथा रामश्च	७	१५
यदि न सहसे	१	१८
यस्याः शक्रसमो	१	१३
यावद्भविष्यति	४	२४
युद्धे येन सुराः	५	१६
येन प्राणाश्च	३	८
योऽस्याः करः	५	३
योऽहमुत्पतितो	५	२०
रघोश्चतुर्थो	४	९
राज्ये त्वामभिषिच्य	२	१९
रामं वा शरण	५	१८
रामलक्ष्मणयोः	२	१५
रामेणापि परि	२	५

श्लोकः	अ.	सं.
रेणुः समुत्पतति	७	४
वक्तव्यं किञ्चि	३	६
वक्षः प्रसारय	४	१६
वक्षः प्रसारय	७	७
वनगमन	१	१४
वयमयशसा	३	१७
वल्कलैर्हृत	३	२०
विचेष्ट मानेव	६	२
विलपसि किमिदं	५	१९
विविधैर्व्यसनै	७	८
वेलामिमांमस्त	६	१६
वैरं मुनिजन	६	११
शत्रुघ्न लक्ष्मण	१	७
शरीरेऽरिः	१	१२
शुल्के विपणितं	१	१५
शून्य प्राप्तो यदि	२	११
शोकादवचनाद	१	१६
श्रद्धेयः स्वजनस्य	४	२७
श्रुत्वा ते वनगमन	१	३०

श्लोकः	अ.	सं.
सकृत्स्पृशामि	२	१६
सखीति सीतेति	७	३
सत्यसन्धजित	२	६
समं बाष्पेणं	१	६
समुद्दितवल	७	९
सीता भवः पातु	१	१
सुग्रीवो भ्रंशितो	६	१०
सुचिरेणापि	४	२६
सूर्य इव गतो	२	७
सौवर्णान् वा मृगान्	५	१२
स्वर्गं गते नर	४	१
स्वर्गेऽपि तुष्टिः	७	११
स्वैरं हि पश्यन्तु	१	२९
हत्वा रिपु प्रभवः	७	१०
हन्त भोः सत्व	६	१४
हा वत्स ! राम !	२	४
हृदय ! भव	३	९
हृदयस्थितं	६	५

॥ श्रीः ॥

काशी संस्कृत ग्रन्थमाला
२४९

* * *

महाकविभासविरचितम्

अभिषेकनाटकम्

'गंगा' संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतम्

सम्पादको व्याख्याकारश्च
डॉ. गङ्गासागररायः
एम.ए., पी-एच.डी.
सर्वभारतीयकाशिराजन्यासस्थः

चौखम्भा संस्कृत भवन
वाराणसी-२२१००१ (भारत)

प्रकाशक :

चौखम्भा संस्कृत भवन

संस्कृत, आयुर्वेद एवं इण्डोलाजिकल पुस्तकों के प्रकाशक एवं वितरक
पोस्ट बाक्स नं. ११६०
चौक, चित्रा सिनेमा के सामने (बैंक ऑफ बड़ौदा बिल्डिंग)
वाराणसी -२२१००१ (भारत)
टेलीफोन :+९१-५४२-२४२०४१४ फैक्स :+९१-५४२-२४००७५५

सर्वाधिकार प्रकाशकाधीन
© चौखम्भा संस्कृत भवन

संस्करण : पुनर्मुद्रित, वि०सं० २०६८
मूल्य : रु० ३५.००

वितरक :

चौखम्भा संस्कृत भवन

पोस्ट बाक्स नं. ११६०
चौक, चित्रा सिनेमा के सामने (बैंक ऑफ बड़ौदा बिल्डिंग)
वाराणसी -२२१००१ (भारत)

मुद्रक : श्रीगोकुलेश प्रेस, वाराणसी

THE
KASHI SANSKRIT SERIES
249

ABHIṢEKANĀṬAKAM

OF

BHĀSA

*[with 'GANGA' **Sanskrit** and **Hindi**
Commentaries and **Appendices**]*

Edited and Commented
By
DR. GANGA SAGAR RAI,
M.A., Ph.D.
All India Kashiraj Trust
Fort Ramnagar, Varanasi

CHAUKHAMBHA SANSKRIT BHAWAN
VARANASI-221001 (INDIA)

Publisher

CHAUKHAMBHA SANSKRIT BHAWAN

Sanskrit, Ayurveda & Indological Publishers & Distributors

Post Box No. 1160

Chowk, Opp. Chitra Cinema, (Bank of Baroda Building)

Varanasi-221001 (India)

Telephone :+91-542-2420414 Fax : +91-542-2400755

All Rights Reserved

© Chaukhambha Sanskrit Bhawan

Reprint Edition : 2011

Price : Rs. 35.00

Distributor

CHAUKHAMBHA SANSKRIT BHAWAN

Post Box No. 1160

Chowk, (Opp. Chitra Cinema)

Varanasi-221001 (India)

Printed at : Sri Gokulesh Press, Varanasi, Mittal Offset, Varanasi

भूमिका

संस्कृत-वाङ्मय के इतिहास में नाटककार भास का महत्त्व सुतरां सर्वातिशायी है और संस्कृत के महनीय कवियों ने भास की महत्ता को प्रशस्त शब्दों में स्वीकार किया है । न केवल प्राचीनता अपितु लोकप्रियता की दृष्टि से भी भास के नाटक अपनी विशिष्टता से संस्कृतसाहित्य को जाज्वल्यमान किये हुये हैं । संस्कृत-काव्य के उस प्रारम्भिक युग में जब कि नाटक की विधा अपनी अवस्थिति को पुष्ट आधार पर अवस्थित न कर पायी थी भास ने इतने प्रौढ़, सरस और सरल नाटकों का निर्माण कर उन्हें पञ्चम वेद के रूप में प्रतिष्ठापित किया । आसेतु हिमाचल और पूर्व-सागर से पश्चिम सागर तक भास की मसृण कीर्तिकौमुदी काल की बाधा को बाधित करते हुये विगत प्रायः दो सहस्र वर्षों से निरन्तर सहृदयों का हृदयावर्जन करती आ रही है ।

भास के नाटकों की प्रसिद्धि इतनी व्यापक थी और संस्कृत के सभी अध्येता इससे इतने अभिभूत थे कि इसके उल्लेख किये बिना नहीं रह सकते थे । इस महत्ता का परिचय कुछ महत्त्वशाली लेखकों के अधोनिर्दिष्ट उद्धरणों से स्पष्ट हो जायेगा ।

(१) संस्कृतसाहित्य के सर्वोत्कृष्ट कहाकवि कालिदास ने मालविकाग्निमित्र में सूत्रधार से प्रश्न कराया है कि भास, सौमिल्ल, कविपुत्र आदि भूतकाल के यशस्वी कवियों की कृतियों के रहते वर्तमान काल के कालिदास की कृति में इतना आदर क्यों ?—

प्रथितयशसां भाससौमिल्लकविपुत्रादीनां प्रबन्धानतिक्रम्य वर्तमानस्य कवेः कालिदासस्य कृतौ बहुमानः ।—प्रस्तावना

(१) प्रख्यात गद्यकार बाणभट्ट ने हर्षचरित में बताया है कि भास के नाटक सूत्रधार से प्रारम्भ होते हैं, विस्तृत भूमिका वाले होते हैं तथा पताका से युक्त होते हैं । इसलिये वे देवकुल (देवालय) जैसे होते हैं—

सूत्रधारकृतारम्भैर्नाटकैर्बहुभूमिकैः ।
सपताकैर्यशो लेभे भासो देवकुलैरिव ॥—हर्षचरित

यहाँ यह ध्यातव्य है कि सामान्यतया संस्कृत नाटकों का प्रारम्भ नान्दी से होता है पर भास के नाटक सूत्रधार से प्रारम्भ होते हैं—यह सूचना मात्र होती है कि नान्दी समाप्त हो चुकी है। भास की यह विशिष्टता बाणभट्ट के समीक्षक हृदय को आकृष्ट किये बिना नहीं रही।

(३) प्राकृत के महाकवि **वाक्पतिराज** ने अपने महाकाव्य **'गउडवहो'** में भास को 'ज्वलनमित्र' कहा है जिसका अर्थ अग्नि का मित्र है। विद्वानों की धारणा है कि स्वप्नवासवदत्ता में स्वप्नवासवदत्ता के जल कर मर जाने की मिथ्या वार्ता प्रसारित कर नाट्य-वस्तु विकास का जो उपयुक्त एवं हृदयग्राही अवसर प्रदान किया गया उसी से अभिभूत होकर वाक्पतिराज ने भास को ज्वलनमित्र कहा है—

भासम्मि जलणमित्ते कन्तीदेवे तहावि रहुआरे ।
सौबन्धवे अ बन्धम्मि हारियन्दे अ आणन्दे ॥

—गउडवहो ८००

(४) जयदेव ने भास को कविता का हास्य बताया है। भास के नाटकों में हास्य की योजना बड़ी ही कुशलता से की गई। हास्य के उद्धत और सुकुमार दोनों प्रकारों की योजना भास ने बड़ी ही विशिष्टता के साथ विनिबद्ध की है। उद्धत हास्य के लिये प्रतिज्ञायौगन्धरायण के विदूषक की शिलष्ट भाषा तथा सुकुमार हास्य के लिये अन्य नाटकों में प्राप्त औदरिक विदूषकों के वचन उदाहरण में द्रष्टव्य हैं। जयदेव का अनर्घराघव में प्राप्त वह पद्य इस प्रकार है :—

यस्याश्चौरश्चिकुरनिकरः कर्णपूरो मयूरः
भासो हासः कविकुलगुरुः कालिदासो विलासः ।
हर्षो हर्षो हृदयवसतिः पञ्चबाणस्तु बाणः
केषां नैषा भवतु कविताकामिनी कौतुकाय ॥

—अनर्घराघव

(५) दण्डी ने अवन्तिसुन्दरी में बताया है कि भास के रूपकों में मुख और प्रतिमुख सन्धियाँ स्पष्टतः भासित होती है तथा भास ने अनेक वृत्तियों का आश्रय लेकर विविध भावदशाओं का सफल प्रदर्शन किया है।

(६) राजशेखर ने आख्यान के रूप में उपन्यस्त किया है कि विदग्धों ने भास की वासवदत्ता को अग्नि में प्रक्षिप्त कर दिया पर अग्नि भी वासदत्ता को दग्ध न कर सका—

भासनाटकचक्रेऽस्मिन् छेकैः क्षिप्ते परीक्षितुम्।
स्वप्नवासवदत्तस्य दाहकोऽभून्न पावकः॥

—काव्यमीमांसा

(७) नाट्यदर्पणकर्ता **रामचन्द्रगुणचन्द्र** ने भास के नाटक स्वप्नवासवदत्ता का उल्लेख करते हुए कहा है—

यथा भासकृते स्वप्नवासवदत्ते शेफालिकाशिलातलमवलोक्य वत्सराजः।—नाट्यदर्पण

इससे यह स्पष्टतः अवभासित होता है कि रामचन्द्रगुणचन्द्र के समय (१२ सदी) में भास के नाटक ओर विशेषतः स्वप्नवासवदत्ता प्रसिद्धि की चरम स्थिति में थे।

(८) इसी सदी के अन्य आचार्य **शारदातनय** ने **'भावप्रकाशन'** में प्रशान्तनाटक के प्रकरण में भास के स्वप्नवासवदत्ता का उल्लेख किया है।

(९) आचार्य **अभिनवगुप्त** ने नाट्यशास्त्र पर अपनी टीका में—**क्वचित् क्रीडा यथा वासवदत्तायाम्** कह कर भास की स्वप्नवासवदत्ता का निर्देश किया है।

(१०) भोज ने **शृङ्गारप्रकाश** में—**वासवदत्ते पद्मावतीमस्वस्थां द्रष्टुं राजा समुद्रगृहकं गतः।** कह कर स्वप्नवासवदत्ता से अपना पूर्ण परिचय बताया है।

(११) अमरकोशटीकासर्वस्व में टीकाकार सर्वानन्द ने उदयन एवं वासवदत्ता के विवाह का उल्लेख किया है। यह भास के नाटक का ही निर्देश हो सकता है।

(१२) जयानक के पृथ्वीराजविजय में व्यास तथा भास के श्रेष्ठत्व के विवाद में दोनों की सर्वोत्तम कृतियाँ अग्नि को समर्पित कर दी गईं। भासकृत विष्णुधर्म अग्नि में नहीं जल सका। इस व्याख्या की यथार्थता के विषय में व्यास को महर्षि व्यास मानने पर सन्देह होना स्वाभाविक है क्योंकि एक तो कालक्रम की दृष्टि से महान् अन्तर, दूसरे व्यास उपजीव्य है और तीसरे भासकृत विष्णुधर्म की अप्राप्ति है। राजशेखर का यह उल्लेख कि स्वप्नवासवदत्ता को अग्नि भी न जला सका भी इसके विरोध में पड़ता है। अतः यही स्वीकार करना ज्यादा संगत है कि राजशेखर के समय में यह जनश्रुति पर्याप्त प्रचलित थी और भास की स्वप्नवासवदत्ता अत्यन्त लोकप्रिय कृति थी और उसकी महत्ता लोक में प्रतिष्ठापित हो चुकी थी। इन उल्लेखों से यह भी स्पष्ट है कि कालिदास के समय या उससे पूर्व से भास की प्रसिद्धि अत्यन्त व्यापक रूप से हो गयी थी और संस्कृत के कवि तथा नाटककार उनका अत्यन्त आदर के साथ उल्लेख करते थे।

भास के नाटकों का प्रकाशन—संस्कृत के कवियों द्वारा इस प्रकार से सम्मानित और उद्धृत भास के नाटक कालचक्र से एकदम दुष्प्राप्य हो गये। उनका उल्लेख केवल कविवचनों और सूक्तियों तक ही सीमित हो गया था। यहाँ यह प्रश्न सहज ही उठता है कि जब भास के नाटक इतने प्रसिद्ध तथा लोकप्रिय थे तो सहसा प्रचार से क्यों दूर हो गये। इस प्रश्न का उचित समाधान तो नहीं हो सका है पर विद्वानों ने कुछ तर्क दिये हैं जिनका सारांश यह है कि उत्तरभारत में मुसलमानों के प्रसार और शासन से वैदिक धर्म के प्रतिपादक तथा लोकप्रिय भास के नाटकों का उत्तरी भारत से उच्छेद हो गया। इन नाटकों में **'राजसिंहः प्रशास्तु नः'** का उपदेश है अतः यवन ऐसे राजसिंह का शासन कब सहन कर सकते थे। इसके अतिरिक्त विदेशियों से बार-बार आक्रान्त होने से उत्तर भारत के लोग नैराश्यमग्न होकर धर्म तथा दर्शन की ओर उन्मुख हो गये। फलतः उत्तरी भारत से भास के देवनागरी हस्तलेखों का अभाव हो गया।[1]

महामहोपाध्याय टी० गणपतिशास्त्री ने १९१२ ई० में भास के तेरह

---

[1] विशेष के लिये द्रष्टव्य ए, एस. पी. अय्यरकृत भास पृ० १३-१५

नाटकों का प्रकाशन किया। ये १३ नाटक इस प्रकार है—१. दूतवाक्य, २. कर्णभार, ३. दूतघटोत्कच, ४. मध्यमव्यायोग, ५. पञ्चरात्र, ६. ऊरुभङ्ग, ७. अभिषेक, ८. बालचरित, ९. अविमारक, १०. प्रतिमानाटक, ११. प्रतिज्ञा यौगन्धरायण, १२. स्वप्नवासवदत्तम्, १३. चारुदत्त। ये तेरह नाटक तो सर्वथा भासकृत माने जाते हैं।

इसके अतिरिक्त भास की चौदहवीं कृति **यज्ञफल** नाम की प्रकाश में आयी है। इसे १९४१ ई० में राजवैद्य कालिदास शास्त्री ने प्रकाशित किया और इसे भासकृत बताया। यह नाटक देवनागरीलिपि के दो हस्तलेखों पर आधृत था। किन्तु इसके प्रकाशन के एक वर्ष बाद ही जयपुर के पण्डित गोपालदत्त ने इसे अपनी रचना बतायी। बाद में विद्वानों ने इसकी व्यापक खोजबीन की और पण्डित गोपालदत्त शास्त्री के दावे को असत्य स्वीकार किया। डॉ० दाण्डेकर ने इस विषय पर विवेचन कर दर्शाया कि गोपालदत्त का कथन तो मिथ्या है ही इस नाटक का प्रणयन संवत् १६७० से पूर्व हो चुका था और किसी कवि ने भास के अनुकरण पर इसका प्रणयन किया। यह नाटक ७ अंकों में विभक्त है और रामजन्म से लेकर सीता-विवाह तक की कथा इसमें निबद्ध है। इस विषय का विस्तृत विवेचन डाक्टर पुसालकर के ग्रन्थ भास : ए स्टडी में निबद्ध है।

भास नाटक-चक्र के सभी नाटक भासकृत है अथवा नहीं यह भी प्रश्न विवेचित हुआ है। प्रायः अधिकांश विद्वानों की सम्मति है कि ये सभी नाटक एक ही नाटककार द्वारा प्रणीत हैं। इसके विषय में तर्कों का सारांश इस प्रकार है। (१) चारुदत्त को छोड़कर सभी नाटक 'नान्द्यन्ते' से प्रारम्भ होते हैं। (२) अङ्कों के मध्य में छोटे-छोटे प्रवेशकों तथा विष्कम्भकों का प्रयोग हुआ है। (३) प्रस्तावना के स्थान पर सर्वत्र 'स्थापना' शब्द प्रयुक्त हैं। (४) सभी नाटकों के भरतवाक्यों (चारुदत्त० तथा दूत घटोत्कच में भरतवाक्य नहीं है) में महीं को सागर पर्यन्तां तथा हिमवद् विन्ध्यकुण्डलां कहकर राजसिंह से उसके शासन की कामना की गई है। (५) सामान्यतः भरत-प्रतिपादित नाट्यसिद्धान्तों का यहीं उल्लंघन

दृष्टिगोचर होता है—मृत्यु, युद्ध तथा दूर से पुकारने की क्रिया इन नाटकों में रंगमञ्च पर प्रदर्शित की गई है। (६) कुछ विशिष्ट शब्दों का प्रयोग प्रचलित अर्थों से भिन्न रूप में हुआ है 'आर्यपुत्र' का प्रयोग ऐसा ही है। (७) सभी नाटकों में आकाशभाषित का प्रयोग हुआ है। कञ्चुकी और प्रतिहारी के नामों की कई नाटकों में पुनरावृत्ति हुई है। 'प्रतिज्ञा' और दूतवाक्य में कञ्चुकी का नाम बादरायण है और स्वप्न, प्रतिज्ञा, अभिषेक और प्रतिमा में प्रतिहारी का नाम विजया है। (८) कर्णभार को छोड़ कर प्रायः सभी नाटकों में प्रस्तावना के स्थान पर स्थापना का प्रयोग हुआ है। (१०) नाट्यनिर्देशों का अभाव या त्रुटिपूर्ण होना सामान्यतः सभी नाटकों में प्राप्त होता है। (११) नाटककार के नाम का उल्लेख किसी भी नाटक में नहीं है और नाटक का नामोल्लेख केवल नाटक के अन्त में ही प्राप्त होता है। (१२) नाटक में प्रयुक्त विविध छन्दों में साम्य है। (१३) कई नाटक में नवागन्तुक के द्वारा प्रभावशाली पद्धति में अप्रत्याशित उत्तर की उपलब्धि होती है। अभिषेक नाटक में जब रावण सीता से कहता है कि 'इन्द्रजित ने राम-लक्ष्मण का वध कर डाला अब तुम्हें कौन मुक्त करेगा ?' उसी समय राक्षस आकर कहता है 'रामेण…', इसी प्रकार स्वप्नवासवदत्ता में जब महासेन और अङ्गारवती परस्पर विचार-विमर्श कर रहे हैं कि कौन राजपुत्र वासवदत्ता के लिये उपयुक्त वर होगा तभी कञ्चुकी सहसा आकर कहता है वत्सराज। इसके अतिरिक्त इन नाटकों में समान शब्दों तथा दृश्यों की आवृत्ति है, वाक्यों की भी आवृत्ति हुई है। कई नाटकों के आद्य श्लोकों में मुद्रालङ्कार का प्रयोग हुआ है। एक ही पात्र द्वारा या अन्य पात्रों द्वारा वाक्यांशों की पुनरावृत्ति हुई है, पाणिनीय नियमों में स्खलन हुआ है, समान नाटकीय परिस्थितियों की कई नाटकों में अवतारणा की गई है, भाषा तथा शैली में व्यापक साम्य है और समान सामाजिक स्थिति की प्राप्ति होती है। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि ये नाटक एक ही नाटककार की लेखनी से प्रसूत हैं।[1]

---

[1] नाटकों की समानता के लिये द्रष्टव्य डा० ए. डी. पुसालकर का ग्रन्थ-भास. ए स्टडी तथा ए. एस. पी. अय्यर का ग्रन्थ भास।

भास का समय—भास-नाटक-चक्र के प्रणेता, संस्कृत-साहित्य के मान्य एवं प्रशस्त रचनाकार महाकवि भास के समय के विषय में नाना प्रकार के विचार और मत-मतान्तर उपलब्ध होते हैं। कोई विद्वान् तो इन्हें ईसा पूर्व चतुर्थ शताब्दी का रचनाकार मानता है और कोई ईसा की दशम शताब्दी में इन्हें लाकर रख देता है। और कोई-कोई विद्वान् तो इस भास नाटक-चक्र को कालिदास तथा बाणभट्ट आदि द्वारा निर्दिष्ट एवं प्रशंसित भास की रचना ही नहीं मानते अपितु इसे वे किसी केरलीय रचनाकार द्वारा भास के नाम से रचित मानते हैं। इन कालक्रमों के मूल में यह प्रश्न प्रच्छन्न रूप से विद्यमान रहता है कि ये नाटक मूल भास रचित हैं या नहीं। कुछ लोग समग्ररूप से इन्हें भासकृत मानते हैं और कुछ लोग पूर्णरूप से इन्हें प्रक्षिप्त मानते हैं। कुछ विद्वान् मध्यमार्ग के अनुयायी हैं और कहते हैं कुछ नाटक तो मूल भास कृत हैं और कुछ उसकी अनुकृति पर रचे गये हैं। इन सब बातों पर विचार करने पर यही निश्चित होता है कि भास कालिदास से पूर्ववर्ती हैं और उनका सयय कालिदास के समय पर निर्भर करता है। कुछ भी हो भास निश्चित रूप से चौथी सदी ईसा से पूर्ववर्ती हैं।

कथासार

इस नाटक में बालियुद्ध से लेकर रावण बधान्तर रामराज्याभिषेक की रामायणी कथा—किष्किन्धा से युद्धकाण्ड तक—संग्रथित की गयी है। प्रथम अङ्क के प्रारम्भ में सूचना मिलती है कि सीतान्वेषण में तत्पर राम और वालि द्वारा राज्यविर्वासित और स्त्री छीने गये सुग्रीव में सख्य स्थापित हो गया है और राम बालि-वध के लिये सन्नद्ध हैं। सुग्रीव के साथ राम-लक्ष्मण बालिवध के लिये जाते हैं और मार्ग में बालिवध का आश्वासन देते हैं। सुग्रीव भी कहता कि आपके बाणों ने सप्तताल वृक्ष कक्षों भेदन कर आपके तूणीर में प्रवेश किया अतः उसे पूर्णनिश्चय है कि आप बालिवध करेंगे। राम को वन में स्थित कर सुग्रीव युद्ध के लिये बालि का आह्वान करता है। बालि तारा के प्रतिषेध को अस्वीकार कर सुग्रीव से युद्ध को जाता है और दोनों भाई घोर युद्ध करते हैं। युद्ध में बालि के प्रहार से सुग्रीव जर्जरित और क्लान्त हो जाता है। हनुमान् ने उसकी दयनीय दशा को देखकर राम से बालिवध की उनकी प्रतिज्ञा का स्मरण कराकर सुग्रीव की दयनीय दशा दिखाई। राम एक ही बाण से बालि को मार गिराते हैं। बालि राम के बाण को पहचान कर उनसे आक्षेप करता है कि दूसरे के साथ युद्ध व्यापृत का छिप कर वध अधर्मकारी है। आप जैसे धर्म प्रवर्त्तक के लिये यह उपयुक्त नहीं है। राम कहते हैं कि जाल में फँसा कर पशुओं को छिप कप मारा जाता है। तुम बध्य और पशु थे अतः यह दण्ड दिया गया। अनुज की स्त्री को रखने से तुम दण्डच हो।' बालि आक्षेप करता है कि इसमें तो वह तथा सुग्रीव दोनों समानापराधी हैं। राम का उत्तर है अनुज द्वारा अग्रज की स्त्री का रखना दोष नहीं है। बालि निरुत्तर हो जाता है। तदनन्तर सुग्रीव, तारा, अङ्गद आदि शोक प्रकट करते हैं और बालि उसको सान्त्वना देता है। बालि अपने कुल की स्वर्णमाला को सुग्रीव को देता है और सुग्रीव से कहता है कि वह अंगद का पालन-पोषण करे। राम से भी वह सुग्रीव तथा अङ्गद के अपराध को क्षमा करने की प्रार्थना करता है। जल का

आचमन कर बालि प्राणत्याग करता है। राम सुग्रीव से बालि [illegible] संस्कार का आदेश देते हैं और लक्ष्मण से सुग्रीव का अभिषेक करने को कहते हैं। इस अंक में रामायणी कथा से एक ही अंतर दृष्टिगत होता है और वह है बालि के प्रथम बार ही युद्ध में आने पर मारा जाना। रामायण में सुग्रीव पहली बार तो परास्त हो जाता है और राम द्वारा चिह्नित सुग्रीव जब दुबारा उसे बुलाता है तो वह मारा जाता है। बालि और राम के विस्तृत प्रश्नोत्तरों को भी संक्षेप में ही उपन्यस्त किया गया है।

द्वितीय अङ्क के प्रारम्भ में विष्कम्भक में सूचना दी जाती है कि सुग्रीव के आदेश से सभी दिशाओं में वानर सीतान्वेषण के लिये भेजे गये थे और वे लौट भी आये। पर दक्षिण दिशा में कुमार अङ्गद के साथ गये वानर अभी नहीं लौटे। वे संपाति से सीता का वृत्तान्त ज्ञात करते हैं और हनूमान् महेन्द्र पर्वत से समुद्र को पार कर लङ्का जाते हैं। लंका में जाकर वे सर्वत्र सीता का अन्वेषण करते हैं पर कहीं भी न पाकर अंत में प्रमद वन में जाकर उसकी शोभा से चमत्कृत होते हैं। वहाँ एकवेणीधारिणी शोकपरिमग्ना, राक्षसीगणपरिवृता सीता को देखते हैं और अशोक वृक्ष कि कोटर में स्थित हो जाते हैं। इसी बीच वहाँ रावण सपरिवार आता है। वह सीता से प्रणय निवेदन करता है पर सीता संक्षेप में उसे 'शप्तोऽसि' कहती हैं। रावण की स्नान बेला होने से वह चला जाता है। उसके जाने पर तथा राक्षसियों के सो जाने पर हनूमान् वृक्ष से उतरकर सीता से अपने को राम का दूत बताते हैं। प्रारम्भिक शंका के बाद सीता उन पर विश्वास करती हैं। हनूमान् सीता से राम-सुग्रीव, सख्य तथा बालि के वध एवं संपाति के वचन से अपने लंका में आने का वृत्तान्त बताते हैं। सीता उन पर विश्वास करती हैं और राम से अपना समाचार कहने को कहती हैं। सीता से चल कर हनूमान् रावण को भी अपने आगमन की सूचना देना चाहते है इसके लिये वे त्रिकूट वन का विध्वंस करने का निश्चय करते हैं।

तृतीय अङ्क में रावण को सूचना दी जाती है किसी बलशाली वानर ने अशोक वाटिका को भङ्ग कर दिया। रावण तुरन्त उस वानर को पकड़ने का आदेश देता है। वह पहले सहस्रों किङ्करों को भेजता है। हनूमान्

किंकरों को पेड़ों से ही मार डालते हैं। तदनन्तर अक्षकुमार को रावण भेजता है। उसके अनुगत पञ्च-सेनापति भी जाते हैं। हनूमान् पञ्च सेनापतियों सहित अक्षकुमार को भी मार डालते हैं। अक्षकुमार को मारा गया सुनकर इन्द्रजित् हनूमान् के निग्रह के लिये जाता है। इन्द्रजित् तुमुल युद्ध के बाद हनूमान् को पाश में बांध लेता है। रावण इसी समय विभीषण को बुलाने और हनूमान् को लाने का आदेश देता है। रावण को चिन्ता होती है कि जिसने त्रैलोक्य को जीत लिये उसके नगर में उसे तिरस्कृत कर वानर कैसे आ गया। क्या नन्दी के शाप वश तो यह वानर नहीं आया है? इसी बीच विभीषण तथा राक्षसों द्वारा गृहीत हनूमान् आते हैं। रावण हनूमान् से उनका परिचय तथा उनके द्वारा अन्तःपुर के प्रवेश का कारण पूछता है। हनूमान् अपने को अञ्जना और वायु का पुत्र बताते हैं तथा राम का आदेश बताते हैं कि रावण चाहे शंकर की शरण में जाय या रसातल में प्रवेश कर जाय राम उसे अपने बाणों से वेधकर यमलोक पहुँचायेंगे। विभीषण भी सीता को लौटाने को कहते हैं। रावण हनूमान् पर क्रुद्ध होकर वध की आज्ञा देता है पर विभीषण द्वारा दूतवध्या का निषेध सुनकर पूंछ जलाकर छोड़ने का आदेश देता है। इसके अनन्तर विभीषण रावण को सीता लौटाने के लिये आग्रह करते हैं और क्रुद्ध होकर रावण उन्हें भी निकाल देता है।

चतुर्थ अङ्क के विष्कम्भक में ज्ञात होता है कि हनूमान् लंका से सीता का वृत्तान्त लेकर लौट आये हैं और सीता लंका में रावण द्वारा अत्यन्त क्लेश पाती हुयी रोकी गयी हैं। वानरबाहिनी समुद्र तट पर पहुँच जाती है और आगे जाने से रुक जाती है। इसी समय वहाँ विभीषण आकाश से उतरते हैं। वे चिन्तित हैं कि बिना किसी पूर्व परिचय के राम से कैसे मिलें। वानर वीर भी राक्षस को देखकर चौकन्ना हो जाते हैं। विभीषण आकाश से उतरते समय हनूमान् उन्हें देखकर पहचान लेते हैं। राम से विभीषण के आगमान का समाचार देते हैं। सुग्रीव शंका प्रकट करते हैं पर हनूमान् कहते हैं कि पहले भी उन्होंने राम के लिये अपने भाई रावण से विवाद किया था जिसे उन्होंने देखा था। विभीषण को लक्ष्मण सत्कार के साथ ले आते

हैं। विभीषण अपनी शरणागति निवेदन करते हैं और राम उन्हे लंका का राजा घोषित करते हैं। राम विभीषण से सागर-संतरण का उपाय पूछते हैं। विभीषण कहते हैं कि यदि समुद्र मार्ग नहीं देता तो दिव्य अस्त्रों को इस पर छोड़ा जाय। राम उनकी बात स्वीकार कर लेते हैं और कहते हैं कि यदि समुद्र मार्ग नहीं देता तो इसे अपने बाणों से सुखा दूंगा। वरुण राम के पास आते हैं और कोप का कारण पूछते हैं। राम लंका जाने का मार्ग माँगते हैं। वरुण उन्हें मार्ग देते हैं। समुद्र दो भागों में बट जाते हैं और बीच के मार्ग से सारी सेना पार होकर लंका पहुँच जाती है। सुवेल पर्वत पर सेना का निवेश स्थापित किया जाता है। उसी समय बानरों का रूप धारण किये शुक और सारण नाम के रावण के दो चर पकड़े जाते हैं। उन्हें विभीषण पहचान लेते हैं। वे रावण को अन्यायी जान राम के पास अपना आगमन बताते हैं। पर विभीषण कहते हैं कि वे प्राणान्त संकट में रावण को नहीं छोड़ सकते राम उन्हें दण्ड नहीं देते क्योंकि वे कहते हैं कि उनके मारे जाने से न तो उनकी कोई उन्नति होगी और न रावण की पराजय। अतः राम उन्हें रावण के पास यह संदेश भेजते हैं कि सीता का हरण कर रावण ने स्वयं युद्ध ठाना है अतः रण की इच्छा से वे आये हैं। राबण युद्ध करे। इस अंक में समुद्र पर पुल बांधने का प्रसंग हटा दिया गया है। स्वयं सागर जल हटाकर मार्ग देता है।

पञ्चम अङ्क के प्रारम्भ में यह सूचना मिलती है कि राम-रावण पक्ष का घोर युद्ध प्रारम्भ हो गया है और युद्ध में प्रहस्त, कुम्भकर्ण आदि प्रमुख वीर मार दिये गये हैं तथा इन्द्रजित् युद्ध के लिये गया है। रावण विद्युज्जिह्व से राम-लक्ष्मण के शिर की प्रतिकृति (नकल) माँगता है। रावण सीता के पास जाता है और राम-लक्ष्मण के शिर की प्रतिकृति उसके पास लायी जाती है और बताया जाता है कि इन्द्रजित् ने उन दोनों को मार कर उनके शिर रावण के पास भेजे हैं। रावण उन्हें सीता को दिखाता है और कहता है कि अब सीता का कोई आश्रय नहीं अतः वह रावण को स्वीकार करे। सीता उन मायामय शिरों को देख कर मूर्छित हो जाती हैं और विलाप करने लगती है। इसी बीच राक्षस आकर सूचना देता है कि इन्द्र-

जित् युद्ध में मारा गया और राम लंका की ओर आ रहे हैं। यह सुनकर रावण मूर्छित हो जाता है और उठकर विलाप करने लगता है। वह सीता को भी मारना चाहता है पर अनुचर राक्षस द्वारा स्त्रीवध का निषेध किये जाने पर उसे स्वीकार कर लेता है और रथारूढ़ होकर युद्ध को निकल पड़ता है।

षष्ठ अङ्क के प्रारम्भ में हिमालय शिखर से राम-रावण-युद्ध देखने को आये तीन विद्याधर राम-रावण के भयंकर युद्ध का वर्णन करते हैं। उस भयंकर युद्ध में पदाति राम से रथारूढ़ रावण युद्ध करता है। तदनन्तर इन्द्र द्वारा भेजे मातलि-वाहित रथ पर राम आरूढ़ हो जाते हैं। भयंकर युद्ध करते राम पैतामह अस्त्र से रावण का वध करते हैं। इतना युद्ध का वर्णन कर विद्याधर चले जाते हैं। तदनन्तर राम लंका की ओर चलते हैं। सीता भी राम से मिलने के लिये आती है। राम राक्षस-कुल में सीता के निवास का ध्यान कर मिलने से इनकार कर देते हैं। राम के अभिप्राय को जानकर सीता अग्नि में प्रवेश करती हैं और अग्निदेव सीता को दग्ध न कर राम के पास ले आकर उन्हें निष्कलुष बताते हैं। राम सीता को स्वीकार करते हैं। देव, देवर्षि, सिद्ध, विद्याधर, अप्सरायें राम की विष्णु रूप में स्तुति करते हैं। दशरथ के आदेश से राम का अभिषेक होता है। राम सीता सहित उपस्थित होते हैं और इन्द्र के आदेश से भरत-शत्रुघ्न सहित प्रजाजन उपस्थित होते हैं। महेन्द्र आदि देवता आशीर्वचनों से स्तुति करते हैं। भरत-वाक्य से नाटक समाप्त होता है।

चरित्राङ्कन

अभिषेक नाटक वाल्मीकीय रामायण पर आधृत रूपक है और रामायण के प्रथित पात्रों का पूर्ववत् चरित्र अङ्कित किया गया है। राम अतुलित योद्धा, निर्भीक, धर्मसंस्थापक, धर्मद्वेषियों के संहारक तथा लोक-स्थिति के संरक्षक के रूप में चित्रित किये गये हैं। सीता हरण के अनन्तर सुग्रीव के साथ उनका सख्य स्थापित होता है। राम बालि को मार कर सुग्रीव को किष्किन्धा का अधिपति बनाने की प्रतिज्ञा करते हैं और बालि का वध

करते हैं। बालि जब उन पर छिप कर मारने का आक्षेप करता है तो उसे वे दण्डय बताते हैं और पशु होने के कारण उसका छिपकर वध प्रशस्त बताते हैं।

वागुराच्छन्नमाश्रित्य मृगाणामिष्यते वधः।
वध्यत्वाच्च मृगत्वाच्च भवाञ्छन्नेन दण्डितः। १।१६

बालि को दण्डय बताने पर बालि यही दोषाक्षेप सुग्रीव पर भी करता करता है पर राम उसे निरुत्तर कर देते हैं और अन्त में वह अपनी गलती स्वीकार कर लेता है—हन्त ! अनुत्तरा वयम्। भवता दण्डितत्वाद् विगतपापोऽहं ननु। (१।२१-२२) विभीषण के शरणागत होने पर भी राम बिना किसी संकोच के उसे स्वीकार कर लेते हैं यद्यपि सुग्रीव की सहमति इसमें नहीं होती है। इसी समय शुक और सारण के पकड़े जाने पर भी राम उन्हें छुड़ा देते हैं और कहते हैं कि इन दोनों के मारे जाने से मेरा कोई विशेष अभ्युदय नहीं होगा न तो रावण की कोई विशेष क्षति अतः इनको छोड़ दिया जाय।

अनयोः शासनादेव न मे वृद्धिर्भविष्यति।
क्षयो वा राक्षसेन्द्रस्य तस्मादेतौ विमोचय। ४।२१

राम पर युद्ध भी लादा गया है। वे स्वयं युद्ध के लिये नहीं आये हैं अपितु उनकी स्त्री का अपहरण कर रावण ने स्वयं युद्ध ठाना है।

मम दारापहारेण स्वयं ग्राहितविग्रहः।
आगतोऽहं न पश्यामि द्रष्टुकामो रणातिथिः॥ ४।२२

राम लोक-मर्यादा के रक्षक हैं। लोक के व्यवहार में कोई विसंगति, कोई उथल-पुथल न आवे और सभी अपनी चारित्रिक सीमाओं में आबद्ध रहें इसलिये वे कोई भी कष्ट, त्याग करने के लिये उद्यत हैं। इसीलिये तो सीता को सती-साध्वी जानते हुये भी अग्नि-परीक्षा की अनुमति दी :

जानताऽपि च वैदेह्याः शुचितां धूमकेतन।
प्रत्ययार्थं हि लोकानामेवमेव मया कृतम्॥ ६।२६

भगवान् राम साक्षात् नारायण हैं लौर लोकस्थिति की रक्षा के लिये उन्होंने मानव शरीर ग्रहण किया है। इसकी सूचना वरुण, अग्नि और देव तथा गन्धर्व सभी देते हैं। दिव्य गन्धर्वों की स्तुति के ये दोनों पद्य भगवान् राम के वास्तविक रूप के प्रख्यापक हैं तथा भारतीय धर्म और दर्शन के यथार्थ रूप के परिचायक हैं।

ब्रह्मा ते हृदयं जगत्त्रयपते ! रुद्रश्च कोपस्तव
नेत्रे चन्द्रदिवाकरे सुरपते ! जिह्वा च ते भारती ।
सब्रह्मेन्द्रमरुद्गणं त्रिभुवनं सृष्टं त्वयैव प्रभो
सीतेयं जलसंभवालयरता विष्णुर्भवान् गृह्यताम् ।।
मग्नेयं हि जले वराहवपुषा भूमिस्त्वयैवोद्धृता
विक्रान्तं भुवनत्रयं सुरपते ! पादत्रयेण त्वया ।
स्वैरं रूपमुपस्थितेह भवता देव्या यथा सांप्रतं
हत्वा रावणमाहवेऽत्र हि तथा देवाः समाश्वासिताः ।। ६।३०-३१

सीता—साक्षात् लक्ष्मी हैं और मानवरूपधारी नारायण श्रीराम को प्राप्त हुई हैं।

इमां भगवतीं लक्ष्मीं जानीहि जनकात्मजाम् ।
सा भवन्तमनुप्राप्ता मानुषीं तनुमास्थिता ।। ६ ।। २८

वे पातिव्रत्यधर्म की साक्षात् मूर्ति हैं। रावण के दुराग्रहपूर्ण अनुरोध को वे अत्यन्त निर्भीकतापूर्वक तिरष्कृत कर अपने वृत्तशौण्डीर्य का परिचय देती हैं। उनको अपने सच्चारित्र्य पर पूर्ण विश्वास है और पञ्चम अङ्क के अन्त में कहती है कि यदि मैं अपने कुलोचित चरित्र से आर्यपुत्र का स्मरण करती हूँ तो आर्यपुत्र की जय हो—

ईश्वराः ! आत्मनः कुलसदृशेन चारित्रेण यद्यहमनुस्मराम्यार्यपुत्रम् आर्यपुत्रस्य विजयो भवतु ।। ५ ।। १७

राम के उनके राक्षसकुलावास के प्रति शंका प्रकट करने पर वे तुरन्त अग्नि-परीक्षा के लिये तैयार हो जाती हैं और अग्नि द्वारा अक्षत एवं निष्कलुष रूप में प्रकट की जाती हैं। आदर्श धर्मपत्नी के रूप में सीता के

चरित्राङ्कन में, जिनके सच्चारित्र्य की आभा से पूरा नाटक देदीप्यमान है, नाटककार सफल हुआ है।

लक्ष्मण—का चरित्र अत्यन्त संक्षिप्त रूप में चित्रित किया गया है। जो कुछ चित्रित हुआ है उसके अनुसार वे देशकाल के ज्ञानी, सदाचार के रक्षक एवं प्रशंसक तथा राम के आज्ञाकारी सेवक है। प्रथम अङ्क में वन की स्थिति के दर्शन से किष्किन्धा के समीपवर्ती होने का अनुमान करते हैं। तदनन्तर बालि और सुग्रीव के युद्ध के समय कहते हैं सुग्रीव कपित्व के कारण सज्जनों के आचरण का त्यागकर गुरु (बड़े भाई) का तिरस्कार कर लड़ने जा रहा है। (१।१४) शेष स्थानों पर प्रायः वे राम के आज्ञाकारी के रूप में ही चित्रित हैं और यदाज्ञापयति आर्यः (आर्य की जैसी आज्ञा) कहकर उसका पालन करते हैं। यहाँ तक कि सीता के अग्नि-प्रवेश के अवसर पर जब राम को मनाने का प्रयास करते हैं तो अन्त में हनूमान् से कहते हैं कि—निष्फलो मम तर्कः। अथवा वयमार्यस्याभिप्रायमनुवर्तितारः। गच्छामो भवत् (६।२३-२४)

सुग्रीव—सुग्रीव का चरित्र संक्षिप्त रूप से चित्रित है और रामायणी कथा के अनुगत है। राम से सख्य स्थापित कर वह बालि का वध कराकर किष्किन्धा का राजा होना चाहता है और इस प्रयास में सफल होता है। चारित्रिक दृष्टि से वे ही दोष उस पर भी हैं जो बालि पर। शत्रुपक्ष की प्रत्येक गतिविधि से वह सशंकित रहता है और यही कारण है कि विभीषण की शरणागति पर वह उससे शंकित रहने का परामर्श देता है। पर राम के कार्य के लिये वह कृतप्रतिज्ञ है और अपने वचनों के अनुसार सीता के अन्वेषण का प्रबन्ध करता है और पूरी वानरी सेना के साथ प्राणों का मोह त्याग कर रावण-युद्ध में सहयोग करता है। वस्तुतः सुग्रीव का चरित्र रामायणी कथा में वह दृढ़ भित्ति है जिसपर कथा की सुखमय समाप्ति होती है।

बालि—अतुलित बलशाली, तेजस्वी तथा शत्रु को ध्वस्त करने में दक्ष है। उसके सामने आकर प्रहार करने की क्षमता, इन्द्र, शिव या विष्णु में भी नहीं है (१।१०)। अमृतमन्थन के समय उपस्थित होकर उसने वासुकि नाग

को जो बलपूर्वक खींचा उससे सभी आश्चर्यान्वित हो उठे। राम के साथ वार्तालाप में उसकी तर्कशक्ति और शास्त्र-ज्ञान भी लक्षित होता है। किन्तु बलाधिक्य के दर्प में वह विमर्शकारिता को भूल जाता है और यही कारण है कि तारा के समझाने पर भी वह सुग्रीव से एकाकी लड़ता है और अन्त में रामबाण से विद्ध होकर प्राण-त्याग करता है। प्राण त्याग के समय भी वह विवेकशक्ति से सम्पन्न है तथा अङ्गद को सुग्रीव के हाथ तथा सुग्रीव एवं अङ्गद को राम के हाथ सौंपता है।

हनुमान्——का चरित्र इस नाटक में सर्वत्र व्याप्त है। वे अतुलित बलशाली, बुद्धिमान्, विवेकी, पराक्रमी तथा स्वामिहित-सम्पादन में संलग्न है। राम-सुग्रीव-सख्य-सम्पन्न कराकर राम को उचित अवसर पर बालिवध के लिये उपस्थित करते हैं। सीतान्वेषण के लिये जाने पर सीदन्ती हरिबाहिनी का वे उद्धार करते हैं और शतयोजन विस्तीर्ण सागर को पार कर दुष्प्रधर्ष्य लङ्का में प्रवेश कर सीता से सम्भाषण कर उन्हें समाश्वस्त करते हैं। तदनन्तर अशोक वन का विध्वंस कर किंकरों, पञ्च सेनापतियों तथा अक्षकुमार का वध करते हैं। अन्ततः इन्द्रजित् द्वारा बन्धन प्राप्त कर रावण के सामने उपस्थित होकर निर्भीकता; विनम्रता और दृढ़ता से उसे सीता को लौटाने के लिये कहते हैं। रावण के न मानने पर उसे कठोर शब्दों से विनिन्दित कर लंकादाह कर राम के पास लौट आते हैं। राम की सेना के साथ लंका में वे अद्भुत पराक्रम दिखाते हैं। इतने पराक्रम और बुद्धिप्राबल्य के होते हुये भी वे विनीत अनुचर हैं। विभीषण शरणागति के अवसर पर उन्हीं के साक्ष्य पर सुग्रीव की इच्छा के विपरीत विभीषण को राम शरण देते हैं।

रावण——इस नाटक में अहंकारी, बलयुक्त तथा सुरासुरों का विमर्दनकारी प्रदर्शित किया गया है। सीतापहरण से राम से उसने स्वयं युद्ध ठाना है और हनुमान् से वह सन्देश भी भेजता है कि—

अभिभूतो मया राम दारापहरणादसि।
यदि तेऽस्ति धनुःश्लाघा दीयतां मे रणो महान्॥ ३।२२

उसमें कभी भी भय का सञ्चार नहीं होता और निर्भीकता से युद्ध में प्राणों की आहूति देता है। सीता के प्रति उसकी आसक्ति प्राणों के संकट में भी नहीं टलती। संक्षेप में उसका चरित्र रामायणी चरित्र का ही संक्षिप्त रूप है।

विभीषण—धर्मपरायण, न्यायप्रिय और यथार्थवादी के रूप में चित्रित हुये हैं। हित और यथार्थकथन के लिये ही रावण ने उनका निर्वासन किया। सत्पक्ष का आश्रय लेने के लिये वे राम के शरणागत होते हैं।

समीक्षण

अभिषेक नाटक रामायण की कथा पर आश्रित है और किष्किन्धाकाण्ड से लेकर युद्धकाण्ड तक की कथा इसमें अनुस्युत है। नाटक का नाम अभिषेक राम के राज्याभिषेक पर आश्रित है यद्यपि इस नाटक में तीन अभिषेकों की अवस्थिति है—सुग्रीव का किष्किन्धा में राज्याभिषेक, विभीषण का युद्धपूर्व अभिषेक और युद्ध की परिसमाप्ति पर राम का राज्याभिषेक। रामायणी कथा से मुख्यतः कोई परिवर्तन लक्षित नहीं होता पर दो बड़े परिवर्तन नाटककार ने किये है एक तो समुद्र पर सेतु का न बांधा जाना। इस नाटक में भीत वरुण सागर-जल को दो भागों में विभक्त कर देते हैं और सेना खाली किये गये मार्ग से पार कर जाती है तथा दूसरा परिवर्तन है राम के लंका में ही अभिषिक्त होने का संकेत। रावण—विजय के बाद सीता की अग्नि परीक्षा सम्पन्न हो जाने पर देव, विद्याधर गन्धर्वों से स्तुत राम दशरथ के आदेश से अभिषिक्त होते हैं और भरत—शत्रुघ्न सहित प्रकृति (प्रजा) वन उपस्थित हो जाते हैं। लंका से अयोध्या प्रस्थान का अनुल्लेख तथा भरतादि के उपस्थित होने से यह स्पष्ट होता है कि अभिषेक लंका में ही हो गया। इन परिवर्तनों का नाटकीयता से क्या प्रयोजन है अथवा नाटककार को ये परिवर्तन क्यों करने पड़े यह तो स्पष्ट नहीं हैं पर नाटककार ने ये दो परिवर्तन कर डाले हैं। हनुमान्—सीता के संवाद में 'अंगुलीयक हस्त' हनुमान् का निर्देश तो है पर अंगुलीयक देने का उल्लेख नहीं है।

वाक्यों का छोटा रूप तथा सरलता भास की अपनी विशेषता है जो उनके सभी नाटकों में समान रूप से दृष्टिगोचर होती है। काव्य की दृष्टि से इस नाटक को सामान्य स्तर का ही कहा जाता है तथापि भावों के वर्णन और

प्रकृति चित्रण में नाटककार ने उपलब्ध अवसर का भरपूर उपयोग किया है। हनुमान् के द्वारा अशोकवन (प्रमद वन) का विध्वंश किये जाने पर शंकुकर्ण ने उसका जो चित्रण किया है वह उस वन की कमनीयता तथा सर्वथा संरक्षित रूप का सुतरां परिचायक है ।

यस्यां न प्रियमण्डनाऽपि महिषी देवस्म मन्दोदरी
स्नेहाल्लुम्पति पल्लवान्न च पुनर्वीजन्ति यस्यां भयात् ।
वीजन्तो मलयानिला अपि करैरस्पृष्टवालद्रुमाः
सेयं शक्ररिपोरशोकवनिका भग्नेति विज्ञाप्यताम् ।।३।१

[जिस अशोकवनिका के पल्लवों को देव रावण की पट्टरानी मन्दोदरी अलंकरणप्रिया होने पर भी नहीं तोड़ती और जिस उपवन में मलय वायु प्रवाहित होते हुये छोटे वृक्षों को स्पर्श न करते हुये प्रवाहित होते हैं। इन्द्रशत्रु रावण की वही अशोकवाटिका भग्न हो गयी यह सूचना दो ।]

इस पद्य का स्पष्ट प्रभाव शाकुन्तल के इस पद्य पर दृष्टिगत होता है ।

पातुं न प्रथमं व्यवस्यति जलं युष्माष्वपीतेषु या
नादत्ते प्रियमण्डनाऽपि भवतां स्नेहेन या पल्लवम् ।
आदौ वः कुसुमप्रवृत्तिसमये यस्या भवत्युतसवः
सेयं याति शकुन्तला पतिगृह सर्वैरनुज्ञायताम् ।।४।।११

प्रकृति के वर्णन में भास उपलब्ध अवसर का भरपूर उपयोग करते हैं और वर्ण्य विषय का साङ्गोपाङ्ग चित्र उपस्थित करते हैं। मकरालय सागर के वर्णन का यह दृश्य कितना प्रभावोत्पादक है :

क्वचित्फेनोद्गारी क्वचिदपि च मीनाकुलजलः
क्वचिच्छङ्खाकीर्णः क्वचिदपि च नीलाम्बुदनिभः ।
क्वचिद्वीचीमालः क्वचिदपि नक्रप्रतिभयः
क्वचिद्भीमावर्तः क्वचिदपि च निष्कम्पसलिलः ।। ४।१७

यह समुद्र कहीं तो फैन उगल रहा है और कहीं मछलियाँ जल को चञ्चल किये हैं। कहीं यह शङ्खों से भरा है तो कहीं नील बादल तुल्य है। कहीं यह (तरङ्गों) से भरा है तो कहीं घड़ियालों से भयङ्कर बना है। कहीं भयङ्कर आवर्तों (चक्रों) से भरा है तो कहीं शान्त जल वाला है ।

युद्ध के वर्णन के अवसर पर भी कवि ने युद्ध का जों रूप उपस्थित किया है वह युद्ध की भयंकरता के साथ ही कवि की वर्णना की प्रौढि का प्रख्यापक है । युद्ध का यह वर्णन देखिये—

एते पादपशैलभग्नशिरसो मुष्टिप्रहारैर्हताः
क्रुद्धैर्वानरयूथपैरतिबलैरुत्पुच्छकर्णैर्वृताः ।
कण्ठग्राहविवृत्ततुङ्गनयनैर्दंष्ट्रोष्टठतीव्रीमुखैः
शैला वज्रहता इवाशु समरे रक्षोगणाः पातिताः।।६।३

[क्रोध से कान और पूछ को ऊपर उठाये वानर बीरों ने जिनका मुख कण्ठ पकड़ने से फैजायी गयी आँखों और दातों के रगड़ने से ओठों के कारण क्रोधपूर्ण हैं वृक्षों और शैलों के प्रहार से राक्षसगणों को मार गिराया है और वे वैसे ही गिरे हैं जैसे वज्र के प्रहार से पर्वत गिरे हों ।]

भास के नाटकों के छोटे और सरल बाक्य प्रभावोत्पादकता में अपूर्व होते हैं । भावों को हृदयङ्गम कर तदनुकूल रसों में सामाजिक भग्न हो जाते हैं । इन कथोंपकथनों से दृश्यों के अङ्कन में भी भास ने अपूर्व सफलता प्राप्त की है । रससिद्धि उनकी अपनी ऐसी विशेषता है जो सराबोर किये बिना नहीं छोड़ती । रामकथा के प्रचलित रूप को ग्रहण कर और कथांश तथा चरित्र की यथावत् रक्षा कर नाटकीय गुणों से इस नाटक को संयुक्त करना स्वतः में एक सफलता है । जब रावण विद्युज्जिव्ह्व के द्वारा राम-लक्ष्मण के मायामय शिर का निर्माण कराता है और सीता को दिखाकर कहता है—

व्यक्तजिन्द्रजिता युद्धे हते तस्मिन् नराधमे ।
लक्ष्मणेन सह भ्रात्रा केन त्वं मोक्षयिष्यसे ।। ५ ।।१०

और सीता के साथ ही सामाजिकों का हृदय भी अपूर्व करुणा और नैराश्य में बैठ जाता है । उसी समय नेपथ्य से ध्वनि आती है—रामेण-रामेण और सूचना मिलती है कि इन्द्रजित् का वध कर राम लंका में आते हैं तो सीता के साथ ही सभी को अपूर्व सन्तोष और शान्ति का अनुभव होता है । ऐसी आकस्मिक और समयोपयुक्त उक्ति की सृष्टि नाटककार की सफलता है ।

नाटक का प्रधान रस वीर है जो आद्यन्त प्रवहमान है। बीच-बीच में करुण की समयोचित सर्जना की गयी है।

इस संस्करण में प्राचीन संस्करणों की अशुद्धियों के परिमार्जन का प्रयास किया गया है। व्याख्या और अनुवाद को भी यथा संभव सरल और सुगम रखने का प्रयास किया गया है। इस ग्रन्थ के प्रूफ संशोधन में पं० कृपासिन्धु शर्मा ने सहयोग दिया है। एतदर्थं मैं उनका आभारी हूँ।

काशी ५।१२।८७
मार्गशीर्ष पूर्णिमा, २०४४ वि०

गंगासागर राय

भास की प्रशस्तियाँ

(१)

सूत्रधारकृतारम्भैर्नाटकैर्बहुभूमिकैः ।
सपताकैर्यशो लेभे भासो देवकुलैरिव ॥

—बाणभट्ट : हर्षचरित, १।१५

(२)

भासनाटकचक्रेऽपि च्छेकैः क्षिप्ते परीक्षितुम् ।
स्वप्नवासवदत्तस्य दाहकोऽभून्न पावकः ॥

—राजशेखर

(३)

सुविभक्तमुखाद्यङ्गैर्व्यक्तलक्षणवृत्तिभिः ।
परेतोऽपि स्थितो भासः शरीरैरिव नाटकैः ॥

—दण्डी : अवन्तिसुन्दरी, ११

(४)

भासम्मि जलणमित्ते कन्तीदेवे अजस्य रहुआरे ।
सो बन्धवे अ वन्धम्मि वहारियन्दे अ आणन्दो ॥
[भासे ज्वलनमित्रे कुन्तीदेवे च यस्य रघुकारे ।
सौवन्धवे च वन्धे हरिचन्द्रे च आनन्दे ॥]

—गउडवहो

(५)

भासो हासोः कविकुलगुरुः कालिदासो विलासः ।

—जयदेव : प्रसन्नराघव

(६)

प्रथितयशसां भाससौमिल्लकविपुत्रादीनां प्रवन्धानतिक्रम्य कथं वर्तमानस्य कवेः कालिदासस्य कृतौ वहुमानः ।

—कालिदास : मालविकाग्निमित्र

पात्र-परिचयः

रामः—	दशरथात्मजः
लक्ष्मणः—	रामानुजः
सुग्रीवः—	कपिराजः
नीलः—	वानरसेनापतिः
विभीषणः—	रावणानुजः
बालिः—	वानरराजः सुग्रीवाग्रजः
अङ्गदः—	बालिपुत्रः
रावणः—	राक्षसराजः
हनुमान्ः—	वानरमुख्यः, सुग्रीवसच्चिवः
बलाध्यक्षः—	वानरसेनाध्यक्षः
विद्युज्विह्वः—	राक्षसः
शङ्कुकर्णः—	राक्षसः
अक्षः, इन्द्राजित्ः—	राबणस्य पुत्रौ
शुकः, सारणः—	मायारूपधरौ राक्षसौ
बिलमुखः—	सुग्रीवस्य वार्त्ताहरः
ककुभः—	वानरः
काञ्चुकीयः—	रावणस्य भृत्यः
काञ्चुकीयः—	गुग्रीवस्य भृत्यः
प्रथमः; द्वितीयः, तृतीयः—	विद्याधराः
अग्निः वरुणः—	देवौ
सीता—	रामपत्नी
तारा—	बालिपत्नी
राक्षस्यः—	

॥ श्रीः ॥

भासनाटकचक्रे

अभिषेकनाटकम्

'गङ्गा' संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतम्

प्रथमोऽङ्कः

(नान्द्यन्ते ततः प्रविशति सूत्रधारः)

सूत्रधारः—

यो गाधिपुत्रमखविघ्नकराभिहन्ता
युद्धे विराधखरदूषणवीर्यहन्ता ।

सीतासमन्वितं रामं सज्जनानन्ददायकम् ।
रक्षोविध्वंसकर्तारं वन्देऽहं श्रद्धयान्वितः ॥
अञ्ज़नानन्दनं वीरं गुणानामाकरं कपिम् ।
रक्षोवधविधौ विज्ञं हनूमन्तं भजाम्यहम् ॥

अन्वयः—निशिचरेन्द्रकुलाभिहन्ता सः वः पातु यः गाधिपुत्रमखविघ्नकराभिहन्ता, युद्धे विराधखरदूषणवीर्यहन्ता, दर्पोद्धतोल्बणकबन्धकपीन्द्रहन्ता ॥ १ ॥

व्याख्या—निशिचराणां राक्षसानाम् इन्द्रः राजा निशिचरेन्द्रो रावणस्तस्य कुलस्य वंशस्याभिहन्ता नाशको विशिचरेन्द्रकुलाभिहन्ता भगवान् श्रीरामचन्द्रो वः युष्मान् दर्शकान् सामाजिकान् पातु रक्षतु । यः श्रीरामचन्द्र

(नन्दी के अनन्तर सूत्रधार का प्रवेश)

सूत्रधार—राक्षसराज रावण के कुल के मारने वाले (भगवान् श्रीराम) आप लोगों (दर्शकों) की रक्षा करें. जिन्होने गाधिपुत्र (विश्वामित्र), के

दर्पोद्धतोल्बणकबन्धकपीन्द्रहन्ता
पायात् स वो निशिचरेन्द्रकुलाभिहन्ता ॥ १ ॥

एवमार्यमिश्रान् विज्ञापयामि (परिक्रम्यावलोक्य) अये ! किन्नु खलु मयि विज्ञापनव्यग्रे शब्द इव श्रूयते ! अङ्ग ! पश्यामि ।

(नेपथ्ये)

सुग्रीव ! इत इतः ।

गाधिपुत्रस्य विश्वामित्रस्य मखस्य विघ्नकराणां विनाशकानाम् अभिहन्ता नाशकः गाधिपुत्रमखविघ्नकराभिहन्ता, (यः) युद्धे समरे विराधस्य खरस्य दूषणस्य च वीर्यस्य पौरुषस्य हन्ता विनाशकः विराधखरदूषणवीर्यहन्ता तथा दर्पेणाहंकारेण उद्धतयोर्धृष्टयोः तथा उल्बणयोरुग्रयोः कबन्धकपीन्द्रयोः कबन्धराक्षसवालिवानरयोश्च हन्ता वधकर्ता दर्पोद्धतोल्बणकबन्धकपीन्द्रहन्ता। वसन्ततिलकावृत्तम् । अनुप्रासालङ्कारः ॥ १ ॥

पारिपार्श्विक—भावमहाशय !

अन्वयः—खे अभिगर्जतां प्रचण्डवातोद्धुतभीमगामिनां वलाहकानाम् इव एष श्रोत्रविदारणः महान् ध्वनिः कुतः समुत्थितः प्रवर्तते खलु ॥ २ ॥

व्याख्या—खे आकाशे अभिगर्जतां प्रकर्षेण नदतां प्रचण्डवातोद्धुतभीमगामिनां प्रचण्डेन तीव्रेण वातेन वायुना उद्धुतानां संचालितानामत एव भीमगामिनां भीषणगतीनां तीव्रवायुप्रेरितभीषणसंचरणशीलानां वलाहकानाम्

यज्ञ के विघ्नकर्ताओं का नाश किया, युद्ध में विराध, खर और दूषण के वीर्य का नाश किया तथा दर्प से उद्धत एवं उग्र कबन्ध तथा वानरराज (वालि) का वध किया ॥ १ ॥

आप सज्जनों से मैं यह निवेदन कर रहा हूँ (घूम कर तथा देखकर). अरे ! मैं सूचना देने में व्यस्त हूं तो शब्द सुनाई पड़ रहा है ? अच्छा तो देखूं ।

(नेपथ्य में)

सुग्रीव ! इधर आइये । इधर आइये ।

(प्रवेश कर)

(प्रविश्य)

पारिपार्श्विकः—भाव !

कुतो नु खल्वेष समुत्थितो ध्वनिः प्रवर्तते श्रोत्रविदारणो महान् ।
प्रचण्डवातोद्धूतभीमगामिनां बलाहकानामिव खेऽभिगर्जताम् ॥२॥

सूत्रधारः—मार्ष ! किं नावगच्छसि । एष खलु सीतापहरणजनितसन्तापस्य रघुकुलप्रदीपस्य सर्वलोकनयनाभिरामस्य रामस्य च, दाराभिमर्शननिर्विषयीकृतस्य सर्वहर्यृक्षराजस्य सुविपुलमहाग्रीवस्य सुग्रीवस्य च परस्परोपकारकृतप्रतिज्ञयोः सर्ववानराधिपतिं हेममालिनं बालिनं हन्तुं समुद्योगः प्रवर्तते । तत एतौ हि,

इदानीं राज्यविभ्रष्टं सुग्रीवं रामलक्ष्मणौ ।
पुनः स्थापयितुं प्राप्ताविन्द्रं हरिहराविव ॥ ३ ॥

(निष्क्रान्तौ)

मेघानाम् इव एष पुरःश्रूयमाणः श्रोत्राणां कर्णावां विदारणः भेदकः कर्णविदारणः महान् ध्वनिः शब्दः कुतः समुत्थितः उद्गतः प्रवर्तते खलु । अयं श्रूयमाणः ध्वनिः प्रचण्डवायुप्रेरितबलाहकानां ध्वनिरिव प्रचण्ड इत्यर्थः ॥२॥

अन्वयः—राज्यविभ्रष्टम् इन्द्रं हरिहरौ इव सुग्रीवम् पुनः स्थापयितुं रामलक्ष्मणौ प्राप्तौ ॥ १३ ॥

व्याख्या—राज्याद् विभ्रष्टं राज्यविभ्रष्टं दैत्यै राज्यच्युतम् इन्द्रं देवराजं हरिहरौ विष्णुमहेश्वरौ इव राज्यविभ्रष्टं सुग्रीवं पुनः स्थापयितुं राज्यं प्रापयितुम् इदानीं रामलक्ष्मणौ प्राप्तौ उपस्थितौ ॥ ३ ॥

पारिपार्श्विक—महाशय ! आकाश में प्रचण्ड वायु से उग्ररूप से प्रेरित मेघों के प्रचण्ड शब्द की भाँति कानों को फाड़ने वाला यह शब्द कहाँ से आ रहा है ?। २ ॥

सूत्रधार—भाई ! क्या नहीं जानते ? सीता-हरण से उत्पन्न सन्ताप वाले तथा समस्त लोकों के नयनों को आनन्द देने वाले राम और समस्त वानरों और ऋक्षों के राजा विस्तृत एव महान् ग्रीवावाले सुग्रीव जिनकी स्त्री का हरण कर देश से निकाल दिया गया है, के बीच परस्परोपकार की प्रतिज्ञा

स्थापना ।

(ततः प्रविशति रामो लक्ष्मणसुग्रीवौ हनुमांश्च)

राम।—सुग्रीव ! इत इतः ।

मत्सायकान्निहतभिन्नविकीर्णदेहं
शत्रुं तवाद्य सहसा भुवि पातयामि ।
राजन् ! भयं त्यज ममापि समीपवर्ती
दृष्टस्त्वया च समरे निहतः स वाली ॥ ४ ॥

अन्वयः—अद्य तव शत्रुं मत्सायकात् निहतभिन्नविकीर्णदेहं भुवि सहसा पातयामि । हे राजन् ! मम अपि समीपवर्ती भयं त्यज समरे त्वया दृष्टः च वालिः निहतः ॥ ४ ॥

व्याख्या—अद्य इदानीं तव शत्रुं शातयितारं मत्सायकात् मम बाणात् निहतभिन्नविकीर्णदेहं आहतविदीर्णः विकीर्णश्च शकलीकृतः देहः यस्यासौ तं तथोक्तं मम बाणविदीर्णविकीर्णदेहं भुवि पृथिव्यां सहसा झटिति पातयामि । हे राजन् ! मम समीपवर्ती पार्श्वस्थितस्त्वं भयं त्यज निर्भयो भव । त्वया सुग्रीवेण समरे युद्धे दृष्टः बाली निहतः एव । त्वया दृष्टमात्र एव हतः । अथवा समरे त्वया बाली हतः दृष्टः अचिरेणैव समरे तं निहन्यमानं द्रक्ष्यसीति।

हुई और उनका यह सभी वानरों के स्वामी स्वर्णमालाधारी बालि को मारने का उद्योग हो रहा है और अब ये दोनों—

राज्य से विभ्रष्ट इन्द्र को पुनः स्थापित करने के लिये विष्णु-शिव की भांति राज्यविभ्रष्ट सुग्रीव को पुनः स्थापित करने के लिये राम-लक्ष्मण उपस्थित हुए हैं ।

(निकल जाते हैं)

स्थापना

(तदनन्तर राम, लक्ष्मण, सुग्रीव और हनुमान् प्रवेश करते हैं)

राम—सुग्रीव ! इधर । इधर ।

मैं आज तुम्हारे शत्रु को अपने बाणों के प्रहार से कटा एवं विगलित देह वाला बनाकर भूमि पर गिरा दूंगा । हे राजन् ! आप मेरे पास रहकर भय त्याग करिये । आपने जहां बाली को देखा कि वह मारा गया ॥ ४ ॥

सुग्रीव—देव ! अहं खल्वार्यस्य प्रसादाद् देवानामपि राज्यमाशङ्के; किं पुनर्वानराणाम् । कुतः,

मुक्तो देव ! तवाद्य बालिहृदयं भेत्तुं न मे संशयः
सालान् सप्त महावने हिमगिरेः शृङ्गोपमाञ्छ्रीधर ! ।
भित्त्वा वेगवशात् प्रविश्य धरणीं गत्वा च नागालयं
मज्जन् वीर पयोनिधौ पुनरयं सम्प्राप्तवान् सायकः ॥ ५ ॥

हनुमान्—

तव नृप ! मुखनिःसृतैर्वचोभि-
र्विगतभया हि वयं विनष्टशोकाः ।

अन्वयः—हे देव ! श्रीधर ! मुक्तः तव अयं सायकः महावने हिमगिरेः शृङ्गोपमान् सप्तसालान् भित्त्वा वेगवशात् धरणीं च प्रविश्य नागालयं गत्वा पयोनिधौ मज्जन् पुनः संप्राप्तवान् । अद्य बालिहृदयं भेत्तुं मे न संशयः ।

व्याख्या—हे द्योतनशील देव ! श्रीधर लक्ष्मीपते जनार्दन ! मुक्तः धनुष्यारोप्य प्रक्षिप्तः तव अयं पुरो दृश्यमानः सायकः विशिखः महावनेऽत्र हिमगिरेः हिमशैलस्य शृङ्गोपमान् शिखरतुल्यान् सप्त संख्याकान् सालान सालवृक्षान् भित्त्वा संभिद्य धरणीं पृथ्वीं वेगवशात् वेगेन प्रविश्य प्रवेशं कृत्वा नागालयं नागलोकं गत्वा पयोनिधौ पयसांनिधिः पयोनिधिस्तस्मिन् पयोनिधौ सागरे मज्जन् स्नानं कुर्वन् पुनः संप्राप्तवान् भवतस्तूणीरं प्रविष्टः । अद्य त्वया बालिहृदयं भेत्तुं मे न संशयः । अवश्यमेवायं तव विशिखः बालिनो हृदयं विदारयिष्यति ॥ ५ ॥

सुग्रीव—देव ! मैं आपकी कृपा से देवताओं के राज्य को भी प्राप्त करने की सम्भावना करता हूँ । वानरों के राज्य की क्या (कथा) ?

हिन्दी—हे देव विष्णो ! आपके द्वारा छोड़ा गया यह बाण महान् वन में हिमालय के शिखरतुल्य साल के सप्त वृक्षों को भेदकर (गिराकर) वेग से धरणी में जाकर नागलोक में पहुँच गया और समुद्र के जल में स्नान करते हुए पुनः (आपके तरकस में) आ गया । अब बालि के हृदय के भेदन में मुझे कोई सन्देह नहीं है ॥ ५ ॥

रघुवर ! हरये जयं प्रदातुं
गिरिमभिगच्छ सनीरनीरदाभम् ॥ ६ ॥

लक्ष्मणः—आर्य ! सोपस्नेहतया वनान्तरस्याभितः खलु किष्किन्धया भवितव्यम् ।

सुग्रीवः—सम्यगाह कुमारः ।

सम्प्राप्ता हरिवरबाहुसम्प्रगुप्ता किष्किन्धा तव नृप ! बाहुसम्प्रगुप्ता ।
तिष्ठ त्वं नृवर ! करोम्यहं विसंज्ञं नादेन प्रचलमहीधरं नृलोकम् ॥७॥

अन्वयः—हे नृप ! तव मुखनिःसृतैर्वचोभिः वयं हि विगतभयाः (जाताः) । हे रघुवर ! हरये जयं प्रदातुं सनीरनीरदाभ गिरिम् अभिगच्छ ॥ ६ ॥

व्याख्या—हे नृप ! राजन् ! हि निश्चयेन तव मुखनिःसृतैः मुखाद्गतैः वचोभिः विश्वासोत्पादकवचनैः वयं विगतभयाः निर्भयाः जाताः हे रघुवर ! हरये सुग्रीवाय जयं प्रदातुं जयप्रदानाय सनीरनीरदाभं सजलनीरदतुल्यवर्णं गिरिं पर्वतमभिगच्छ । हे देव ! भवद्वचनैर्वयं निर्भया विश्वस्ताश्च जाताः । इदानीं सुग्रीवाय जयं प्रदातुं भवान् वालिनो गुहां गच्छेत्यर्थः ॥ ६ ॥

अन्वयः—हे नृप ! हरिवरबाहुसंप्रगुप्ता तव बाहुसंप्रगुप्ता किष्किन्धा प्राप्ता । हे नृवर ! त्वं तिष्ठ । अहं नादेन प्रचलमहीधरं नृलोकं विसंज्ञं करोमि ॥ ७ ॥

व्याख्या—हे नृप ! राजन् ! रामचन्द्र ! हरिवरस्य वालिनो बाहुभ्यां गुप्ता रक्षिता किष्किन्धा संप्रति तव बाहुभ्यां संप्रगुप्ता पालिता अथवा

हनूमान्—हे राजन् ! आपके मुख से निकले वचनों से हम निर्भय हो गये । हे रघुवर ! अब सुग्रीव को विजय देने के लिये आप सजलमेघवर्ण के समान इस पर्वत (गुहा) को चलें ॥ ६ ॥

लक्ष्मण—आर्य ! वनान्त के सोपस्नेह (स्निग्ध-निर्मल) होने से पास ही किष्किन्धा होगी ।

सुग्रीव—कुमार (लक्ष्मण) ने ठीक कहा है ।

हे राजन् ! बालि के बाहुओं से पालित तथा अब आपके बाहुओं रक्षित किष्किन्धा नगरी आ गई । आप स्थिर हो जायें । हे नरश्रेष्ठ !

रामः—भवतु, गच्छ ।

सुग्रीवः—यदाज्ञापयति देवः । (परिक्रम्य) भोः !

अपराधमनुद्दिश्य परित्यक्तस्त्वया विभो ! ।
युद्धे त्वत्पादशुश्रूषां सुग्रीवः कर्तुमिच्छति ॥ ८ ॥

(नेपथ्ये)

कथं कथं सुग्रीव इति ।

(ततः प्रविशति बाली, गृहीतवस्त्रया तारया सह)

बाहुभ्यां गुप्ता समीपवर्तिनी इत्यर्थः प्राप्ता । हे नृवर ! मानवोत्तम ! तिष्ठ विरम स्थिरो भवेत्यर्थः अहं नादेन शब्देन स्वगर्जितेनेत्यर्थः प्रचलमहीधरं चञ्चलपर्वतं नृलोकं मनुष्यलोकं विसंज्ञं संज्ञारहितं विगतज्ञानं करोमि । एषा समीपवर्तिनी किष्किन्धा नगरी त्वं सावधानो भव । अहं स्वगर्जितेन सकलं लोकं सशब्दं करोमीत्यर्थः ॥ ७ ॥

अन्वयः—विभो । अपराधम् अनुद्दिश्य त्वया परित्यक्तः सुग्रीवः युद्धे त्वत्पादशुश्रूषां कर्तुम् इच्छति ॥ ८ ॥

व्याख्या—हे विभो ! ऐश्वर्ययुक्त प्रभो । अपराधं दोषम् अनुद्दिश्य अविचार्य त्वया परित्यक्तः राज्यधनादिभिः बहिष्कृतः नगरान्निष्कासितश्च सुग्रीवस्तवानुजः युद्धे समरे त्वत्पादशुश्रूषां त्वत्पादसेवां कर्तुमिच्छति । दोषं विना त्वया राज्याद्बहिष्कृतः एष तवानुजः सुग्रीवः तन्निमित्तं त्वया सह योद्धुमिच्छति । नगराद्बहिरागत्य मया सह युध्यस्वेति भावः ॥ ८ ॥

मैं अपने गर्जन से पर्वत को चलायमान तथा मनुष्यलोक को संज्ञाशून्य करता हूँ ॥ ७ ॥

राम—ठीक है । जाओ ।

सुग्रीव—जैसी देव की आज्ञा (घूमकर) हे ।

हे विभो ! बिना अपराध का ध्यान दिये आपके द्वारा (स्त्री-राज्य से वहिष्कृत) सुग्रीव युद्ध में आपके चरणों की सेवा करना चाहता है (अर्थात् आपके साथ युद्ध करना चाहता है) ॥ ८ ॥

(नेपथ्य में)

बाली—कथं कथं सुग्रीव इति ।

तारे ! विमुञ्च मम वस्त्रमनिन्दिताङ्गि !
प्रशस्तवक्त्रनयने ! किमसि प्रवृत्ता ।
सुग्रीवमद्य समरे विनिपात्यमानं
तं पश्य शोणितपरिप्लुतसर्वगात्रम् ॥ ९ ॥

तारा—पसीअउ पसीअउ महाराओ । अप्पेण कारणेण ण आगमिस्सइ सुग्गीओ । ता अमच्चवगेण सह सम्मतिअ गन्तव्वं । [प्रसीदतु

अन्वय—हे अनिन्दिताङ्गि तारे ! मम वस्त्रं विमुञ्च । हे प्रशस्तवक्त्रनयने । किं प्रवृत्ता असि । तं सुग्रीवम् अद्य समरे विनिपात्यमानं शोणितपरिप्लुतसर्वगात्रं पश्य ॥ ९ ॥

व्याख्या—हे अनिन्दिताङ्गि प्रशंसितगात्रे तारे ! मम वस्त्रं त्वया धृतं वस्त्रं विमुञ्च त्यज । हे प्रशस्तवक्त्रनयने । प्रशंसनीयमुखनेत्रयुक्ते तारे ! किं किमर्थं मम वस्त्रं विगृह्य अवरोद्धुं प्रवृत्ता संलग्ना असि । तं वैरिणं मया तिरस्कृतं सुग्रीवं शोभनकण्ठशालिनं ममानुजमद्यसमरे युद्धे मया पराजित्य विनिपात्यमानं निपात्यमानं तथा शोणितपरिप्लुतसर्वगात्रं शोणितेन रक्तेन परिप्लुतं व्याप्तं सर्वं गात्रं यस्य तथाभूतं पश्य । ममावरोधनं मा कार्षीः । वृथा शंका त्याज्या । शीघ्रमेव स मया पराजितो भिन्नगात्रश्च भविष्यतीति ॥ ९ ॥

क्यों-क्यों सुग्रीव ऐसा ?

(तदनन्तर वस्त्र पकड़ी तारा के साथ बाली प्रवेश करता है)

बाली—क्या-क्या सुग्रीव ?

हे प्रशंसनीय अङ्गों वाली तारे ! मेरे वस्त्र को छोड़ो । हे प्रशंसनीय मुख तथा आँखों वाली तारे ! यह क्या कर रही हो (क्यों मुझे रोक रही हो) उस सुग्रीव को आज मेरे द्वारा युद्ध में गिराया जाता हुआ तथा रक्त से सने हुये (व्याप्त) सम्पूर्ण शरीर वाला देखो ॥ ९ ॥

तारा—महाराज ! प्रसन्न हों, प्रसन्न हों । सुग्रीव छोटे से कारण से नहीं आयेगा । अतः मन्त्रियों से विचारणा करने के बाद जाना चाहिये ॥९॥

प्रसीदतु महाराजः । अल्पेन कारणेन नागमिष्यति सुग्रीवः । तदमात्यवर्गेण सह सम्मन्त्र्य गन्तव्यम् ।]

वाली—आः,

शक्रो वा भवतु गतिः शशाङ्कवक्त्रे !
शत्रोर्मे निशितपरश्वधः शिवो वा ।
नालं मामभिमुखमेत्य सम्प्रहर्तुं
विष्णुर्वा विकसितपुण्डरीकनेत्रः ॥ १० ॥

तारा—पसीअउ पसीअउ महाराओ । इमस्स जणस्स अणुग्गहं दाव करेउं अरिहदि महाराओ । [प्रसीदतु प्रसीदतु महाराजः । अस्य जनस्यानुग्रहं तावत् कर्तुमर्हति महाराजः ।]

वाली— श्रूयतां मत्पराक्रमः ।

आः = छिः ।

अन्वय—हे शशाङ्कवक्त्रे ! मे शत्रोः शक्रः रिपोः वा निशितपरश्वधः शिवः वा विकसितपुण्डरीकनेत्रः विष्णुः वा गतिः भवतु माम् अभिमुखम् एत्य सम्प्रहर्तुम् न अलम् ॥ १० ॥

व्याख्या—हे शशाङ्कवक्त्रे चन्द्रवदनि ! मे शत्रोः रिपोः शत्रुभूतस्य सुग्रीवस्य गतिः शरणं शक्रो देवराज इन्द्रः वा निशितपरश्वधः तीक्ष्णपरशुधारी शिवः वा विकसितपुण्डरीकनेत्रः प्रफुल्लकमलनेत्रः विष्णुः जनार्दनः वा भवतु सः माम् अभिमुखं सम्मुखम् एत्य आगत्य सम्प्रहर्तुम् न अलं न पर्याप्तं शक्त इत्यर्थः 'शत्रुः' इति पाठे इन्द्रः शिवः विष्णुः शत्रुः भवति । तेषां पुरतोऽपि मे गतिरस्ति । ते सम्मुखमागत्य प्रहर्तुम् न समर्थाः ॥ १० ॥

बाली—छि ! मेरे शत्रु सुग्रीव के चाहे इन्द्र, चाहे तीक्ष्ण परशुधारी शिव या विकसित नेत्र वाले विष्णु आश्रय हों वह हमारे सामने आकर प्रहार करने में समर्थ नहीं है ॥ १० ॥

तारा—महाराज प्रसन्न हों, प्रसन्न हों । इस जन (मुझ) पर आपको अनुग्रह करना चाहिये (मेरी बात मानिये) ॥ १० ॥

बाली—मेरे पराक्रम को सुनो ॥ १० ॥

तारे ! मया खलु पुरामृतमन्थनेऽपि
गत्वा प्रहस्य सुरदानवदैत्यसङ्घान् ।
उत्फुल्लनेत्रमुरगेन्द्रमुदग्ररूप-
माकृष्यमाणमवलोक्य सुविस्मितास्ते ॥ ११ ॥

तारा—पसीअउ पसीअउ महाराओ । [प्रसीदतु प्रसीदतु महाराजः ।]

बाली—आः, मम वशानुवर्तिनी भव । प्रविश त्वमभ्यन्तरम् ।

तारा—एसा गच्छामि मन्दभाआ । (निष्क्रान्ता) [एषा गच्छामि मन्दभागा ।]

बाली—हन्त प्रविष्टा तारा । यावदहं सुग्रीवं भग्नग्रीवं करोमि । (द्रुतमुपगम्य) सुग्रीव ! तिष्ठ तिष्ठ ।

अन्वय—हे तारे ! पुरा अमृतमन्थने मया गत्वा सुरदानवदैत्यसङ्घान् प्रहस्य उत्फुल्लनेत्रम् उदग्ररूपम् उरगेन्द्रम् आकृष्यमाणम् अवलोक्य ते सुविस्मिताः ॥ ११ ॥

व्याख्या—हे तारे ! पुरा प्राचीनकाले अमृतमन्थने समुद्रमन्थनावसरे मया गत्वा सुरदानवदैत्यसङ्घान् देवदनुजदैत्यसमूहान् प्रहस्य उपहासं कृत्वा उत्फुल्लनेत्रं प्रत्फुल्लनेत्रं उत्कीर्णनेत्रम् उदग्ररूपं कर्षणवशाद्भीषणस्वरूपम् , उरगेन्द्रं नागराजं वासुकिम् आकृष्यमाणम् अवलोक्य दृष्ट्वा ते देवदनुजदैत्यसमूहाः सुविस्मिताः जाताः । वालिनः पराक्रमस्तु सर्वापेक्षयाऽधिक इति भावः ॥ ११ ॥

हिन्दी—हे तारे ! पुराकाल में समुद्र-मन्थन के अवसर पर मैंने जाकर देव-दानव-दैत्य-समूहों का उपहास कर उत्फुल्ल नेत्र वाले तथा भीषण स्वरूप वाले नागराज वासुकि का कर्षण किया जिसे देखकर वे सभी आश्चर्यचकित हो गये ॥ ११ ॥

तारा—महाराज ! प्रसन्न हों, प्रसन्न हों ।

बाली—मेरी वशवर्तिनी होओ । अभ्यन्तर (अन्तःपुर) में प्रवेश करो ।

तारा—मन्दभागिनी यह जाती है (निकल जाती है) ।

बाली—तारा भीतर गई । तो मैं सुग्रीव को टूटी गर्दन वाला करूं (शीघ्रता से जाकर) सुग्रीव ! खड़े रहो । खड़े रहो ।। ११ ।।

इन्द्रो वा शरणं तेऽस्तु प्रभुर्वा मधुसूदनः ।
मच्चक्षुष्पथमासाद्य सजीवो नैव यास्यसि ॥ १२ ॥

इत इतः ।

सुग्रीवः—यदाज्ञापयति महाराजः ।

(उभौ नियुद्धं कुरुतः)

रामः—एष एष बाली,

सन्दष्टोष्ठश्चण्डसंरक्तनेत्रो मुष्टिं कृत्वा गाढमुद्वृत्तदंष्ट्रः ।
गर्जन् भीमं वानरो भाति युद्धे संवर्ताग्निः सन्दिधक्षुर्यथैव ॥ १३ ॥

अन्वय—इन्द्रः ते शरणम् अस्तु वा मधुसूदनः ते प्रभुः अस्तु मच्चक्षुष्पथं आसाद्य सजीवो न यास्यसि एव ॥ १२ ॥

व्याख्या—इन्द्रः देवराजः ते तव शरणं रक्षकोऽस्तु मधुसूदनः मधुहन्ता भगवान् विष्णुः वा ते प्रभुः स्वामी पालकः अस्तु । मच्चक्षुष्पथं मम नेत्रगोचरो भूत्वा सजीवः जीवितः न यास्यसि गमिष्यसि एव ॥ १२ ॥

अन्वय—सन्दष्टोष्ठः चण्डसंरक्तनेत्रः उद्वृत्तदंष्ट्रः गाढम् मुष्टि कृत्वा भीमं गर्जन् बानरः युद्धे भाति यथा सन्दिधक्षुः संवर्त्ताग्निः एव ॥ १३ ॥

व्याख्या—संदष्टः दन्तेन चर्वितः ओष्ठः अधरः येन सः संदष्टोष्ठः क्रोधेन चर्वितोष्ठः चण्डसंरक्तनेत्रः चण्डे भीषणे संरक्ते रक्तवर्णे नेत्रे अक्षिणी यस्य गाढम् दृढतरं यथा स्यात् तथा मुष्टि कृत्वा बद्ध्वा उद्वृत्तदंष्ट्रः बहिर्गतदशनः भीमं भीषणं गर्जन् नदन् बानरः वाली युद्धे भाति यथा एव संदिधक्षुः दग्धुं प्रवृत्तः संवर्ताग्निः संवर्तनामको युगाग्निः ॥ १३ ॥

देवराज इन्द्र चाहे तुम्हारे रक्षक हों, या मधुहन्ता विष्णु तुम्हारे प्रभु (रक्षक) हों मेरे दृष्टिपथ में आकर तुम जीवित नहीं जाओगे ॥ १२ ॥

इधर आओ । इधर आओ ।

सुग्रीव—महाराज की जैसी आज्ञा ।

(दोनों घोर युद्ध करते हैं)

राम—यह यह बाली ।

लक्ष्मण—आर्य (आप) सुग्रीव को भी देखें—

लक्ष्मणः—सुग्रीवमपि पश्यत्वार्यः,

विकसितशतपत्ररक्तनेत्रः कनकमयाङ्गदनद्धपीनबाहुः ।
हरिवरमुपयाति वानरत्वाद् गुरुमभिभूय सतां विहाय वृत्तम् ।।१४।।

वालिना ताडितः पतितः सुग्रीवः ।

हनुमान्—हा ! धिक् । (ससम्भ्रमं राममुपगम्य) जयतु देवः । अस्यैषावस्था ।

बलवान् वानरेन्द्रस्तु दुर्बलश्च पतिर्मम ।
अवस्था शपथश्चैव सर्वमार्येण चिन्त्यताम् ।। १५ ।।

अन्वयः—विकसितशतपत्ररक्तनेत्रः कनकमयाङ्गदनद्धपीनबाहुः सतां वृत्तं विहाय गुरुम् अभिभूय वानरत्वात् हरिवरम् उपयाति ।। १४ ।।

व्याख्या—विकसितशतपत्रनेत्रः उत्फुल्लकमलवत् रक्तं रक्तवर्णं नेत्रे नयने यस्यासौ कनकमयाङ्गदनद्धपीनबाहुः कनकमयेन स्वर्णनिर्मितेन अङ्गदेन तदाख्याभरणेन नद्धौ अलङ्कृतौ यस्य बाहू तादृशोऽयं सुग्रीवः सतां सज्जनानां वृत्तं सदाचारं विहाय गुरुम् ज्येष्ठं भ्रातरं वालिनमभिभूय तिरस्कृत्य हरिवरं कपिराजं बालिनम् वानरत्वाद् कपित्वात् उपयाति युद्धार्थंमाह्वयते ।। १४ ।।

अन्वयः—वानरेन्द्रः तु बलवान् मम पतिः च दुर्बलः आर्येण अवस्था शपथः च सर्वम् एव चिन्त्यताम् ।। १५ ।।

प्रफुल्लकमलवत् रक्तवर्ण की आँखों वाला, स्वर्णनिर्मित बाजूवन्द से युक्त बाहों वाला सुग्रीव सज्जनों के आचरण का त्याग कर गुरु (बाली) का अनादर कर कपित्ववश हरिराज बालि के पास युद्ध के लिये जा रहा है ।। १४ ।।

बालि से आहत होकर सुग्रीव गिर पड़ा ।

हनुमान्—हाय ! धिक्कार है । (घबड़ा कर राम के पास जाकर) महाराज की जय हो । इनकी (सुग्रीव की) यह अवस्था है ।। १४ ।।

वानरेन्द्र बाली बलवान् हैं तथा मेरे स्वामी (सुग्रीव) दुर्बल हैं । (वानरेन्द्र के प्रहार से गिरे हुये सुग्रीव की) अवस्था तथा (अपनी बालिवध की) प्रतिज्ञा सभी का आप ध्यान कीजिये ।। १५ ।।

रामः—हनूमन् ! अलमलं सम्भ्रमेण । एतदनुष्ठीयते । (शरं मुक्त्वा) हन्त पतितो वाली ।

लक्ष्मणः—एष एष वाली,

रुधिरकलितगात्रः स्रस्तसंरक्तनेत्रः
कठिनविपुलबाहुः काललोकं विविक्षुः ।
अभिपतति कथञ्चिद् धीरमाकर्षमाणः
शरवरपरिवीतं शान्तवेगं शरीरम् ॥ १६ ॥

व्याख्या—वानरेन्द्रो वाली बलवान् मम पतिः स्वामी सुग्रीवः दुर्बलः क्षीणशक्तिः । अवस्था बालिवधविषयिका स्वप्रतिज्ञा सर्वमेव आर्येण भवता सत्पुरुषेण चिन्तयताम् विचार्यताम् ॥ १५ ॥

राम—हनूमन् ! घबडाइये मत । घबड़ाइये मत । यह कर रहा हूँ (बाण छोड़कर) हाय । बाली गिर गया ॥ १५ ॥

अन्वयः—रुधिरकलितगात्रः स्रस्तसंरक्तनेत्रः कठिनविपुलबाहुः काललोकं विविक्षु शरवरपरिवीतं शान्तवेगं शरीरं कथंचित् धीरम् आकर्षमाणः अभिपतति ॥ १६ ॥

व्याख्या—रुधिरकलितगात्रः रुधिरेण रक्तेन कलितः आप्लुतः देहः यस्यासौ रक्तच्छुरितशरीरः स्रस्तसंरक्तनेत्रः स्रस्ते बहिरागते संरक्ते रक्तवर्णे नेत्रे यस्यासौ बहिरुद्गतरक्तवर्णनयनः कठिनविपुलबाहुः कठिनौ कठोरौ विपुलौ प्रलम्बौ बाहू यस्यासौ कठोरप्रलम्बबाहुः कालस्य यमस्य लोकं काललोकं यमलोकं विविक्षुः प्रवेष्टुमिच्छुः शरवरपरिवीतं शरवरेण रामबाणेन परिवीतं क्षतं शान्तवेगं निश्चेष्टं शरीरं कथंचित् केनापि प्रकारेण धीरम् आकर्षमाणः कर्षयन् पातयन् इत्यर्थः अभिपतति ॥ १६ ॥

राम—हनुमन् ! घबराओ मत । यह कह रहा हूँ (बाण छोड़ कर) यह बाली गिर गया है ।

लक्ष्मण—यह-यह बाली ।

रक्त से सने शरीर वाला, शिथिल एवं रक्तवर्ण के नेत्रों वाला, कठोर तथा लम्बी भुजाओं वाला बाली यमलोक में प्रवेश करने की इच्छा से राम के बाण से विक्षत शरीर को किसी प्रकार धीरता से गिराते हुये गिर रहा है ॥ १६ ॥

बाली—(मोहमुपगम्य पुनः समाश्वस्य शरे नामाक्षराणि वाचयित्वा राममुद्दिश्य)

युक्तं भो ! नरपतिधर्ममास्थितेन युद्धे मां छलयितुमक्रमेण राम ! ।
वीरेण व्यपगतधर्मसंशयेन लोकानां छलमपनेतुमुद्यतेन ॥१७॥

हन्त भोः ।

भवता सौम्यरूपेण यशसो भाजनेन च ।
छलेन मां प्रहरता प्ररूढमयशः कृतम् ॥ १८ ॥

अन्वयः—भो राम ! नरपतिधर्ममास्थितेन व्यपगतधर्मसंशयेन लोकानां छलमपनेतुम् उद्यतेन वीरेण भवता युद्धे अक्रमेण माम् छलयितुं युक्तम् ? ॥१७॥

व्याख्या—भो राम ! नरपतिधर्ममास्थितेन राजधर्मपरिपालनप्रवृत्तेन व्यपगतधर्मसंशयेन धर्मविषये नष्टसर्वसंशयेन लोकानां जनानां छलं प्रवञ्चनामपनेतुं दूरीकर्तुम् उद्यतेन प्रवृत्तेन वीरेण प्रथितशूरेण भवता युद्धे अक्रमेण अमार्गेण अनुचितपद्धत्या माम् छलयितु वञ्चयितुं युक्तम् उचितम् किम् ? सर्वथाऽनुचितमित्याक्षेपः ॥ १७ ॥

अन्वयः—सौम्यरूपेण यशसो भाजनेन च भवता मां छलेन प्रहरता अयशः प्ररूढं कृतम् ॥ १८ ॥

व्याख्या—सौम्यरूपेण शान्तरूपेण यशसः कीर्तेः भाजनेन पात्रेण यशस्विनेत्यर्थः भवता श्रीरामेण माम् बालिनं छलेन तिरोभूत्वा छलेन प्रहरता प्रहारं कुर्वता अयशः अपकीर्तिः प्ररूढं ख्यापितं कृतम् । माम् दूरतः छन्नीभूत्वा प्रहरता भवता महती निन्दा अर्जितेत्यर्थः ॥ १८ ॥

बाली (मूर्च्छित होकर फिर आश्वस्त होकर बाण में नाम के अक्षरों ~~को पढ़~~ कर राम से)—

हे राम ! राजधर्म के परिपालन में युक्त, धर्मशंकाओं से विहीन तथा लोकों की वञ्चना को दूर करने के लिये उद्यत आप शूर के द्वारा युद्ध में अनुचित रीति से मेरा छल किया जाना क्या उचित है ? ॥ १७ ॥

हाय !

सौम्यरूप तथा यशस्वी आपने मुझ पर छल से (छिपकर) प्रहार कर आप स्थिर अपकीर्ति को प्राप्त किया ॥ १८ ॥

भो राघव ! चीरवल्कलधारिणा वेषविपर्यस्तचित्तेन मम भ्रात्रा सह युद्धव्यग्रस्याधर्म्यः खलु प्रच्छन्नो वधः।

रामः—कथमधर्म्यः खलु प्रच्छन्नो वध इति ।।

बाली—कः संशयः।

रामः—न खल्वेतत्। पश्य,

वागुराच्छन्नमाश्रित्य मृगाणामिष्यते वधः।
वध्यत्वाच्च मृगत्वाच्च भवाञ्छन्नेन दण्डितः ॥ १९ ॥

बाली—दण्ड्य इति मां भवान् मन्यते।

रामः—कः संशयः ?

बाली—केन कारणेन ?

अन्वय—वागुराच्छन्नम् आश्रित्य मृगाणां वधः इष्यते भवान् मृगत्वात् च वध्यत्वात् च छन्नेन दण्डितः ॥ १९ ॥

व्याख्या—वागुरा जालं तस्मिन् छन्नं धृतं मृगमाश्रित्य लब्ध्वा मृगाणां पशूनां वधः इष्यते शास्त्रसम्मत इत्यर्थः। वध्यत्वात् च स्वापापाचरणेन मारितुं योग्यत्वात् पशुत्वात् च वानरत्वात् त्वं छन्नेन प्रच्छन्नेन मया दण्डितः। दण्डं प्रापितः ॥ १९ ॥

हे रघुवंशी राम। वल्कलधारी आपके द्वारा वेष के विरुद्ध स्वभाव होकर भाई के साथ युद्ध में व्यग्र मेरा बध अधर्म युक्त है।

राम—प्रच्छन्न होकर वध अधर्मकारक कैसे है ?

बाली—इसमें क्या सन्देह है ?

राम—यह नहीं है। देखो—

जाल में फँसे मृगों का (छिप कर ही) बध किया जाता है। तुम्हारे वध्य एवं मृग होने से प्रच्छन्न होकर तुम्हें दण्डित किया गया ॥ १९ ॥

बाली—आप मुझे दण्डय मानते हैं।

राम—इसमें क्या सन्देह है ?

बाली—किस कारण से ?

रामः—अगम्यागमनेन ।

बाली—अगम्यागमनेनेति । एषोऽस्माकं धर्मः ।

रामः—ननु युक्तं भोः !

भवता वानरेन्द्रेण धर्माधर्मौ विजानता ।
आत्मानं मृगमुद्दिश्य भ्रातृदाराभिमर्शनम् ॥ २० ॥

बाली— भ्रातृदाराभिमर्शनेन तुल्यदोषयोरहमेव दण्डित। न सुग्रीवः ।

रामः—दण्डितस्त्वं हि दण्ड्यत्वाद्, अदण्ड्यो नैव दण्ड्यते

बाली—सुग्रीवेणाभिमृष्टाऽभूद् धर्मपत्नी गुरोर्मम ।
तस्य दाराभिमर्शेन कथं दण्ड्योऽस्मि राघव ॥ २१ ॥

अन्वयः—धर्माधर्मौ विजानता भवता वानरेन्द्रेण आत्मानं मृगम् उद्दिश्य भ्रातृदाराभिमर्शनं (किं युक्तम्) ॥ २० ॥

व्याख्या—धर्माधर्मौ पापपुण्ये विजानता सम्यग्रूपेण जानता भवता वानरेन्द्रेण वानरराजेन आत्मानं मृगम् उद्दिश्य ज्ञात्वा सामान्यपशुं विज्ञाय भ्रातृदाराभिमर्शनम् भ्रातुः पत्न्याः अभिमर्शनं रमणमित्यर्थः ननु युक्तं भोः किमुचितम् नोचितमित्यर्थः ॥ २० ॥

अन्वयः—मम गुरोः धर्मपत्नी सुग्रीवेण अभिमृष्टा अभूत् । हे राघव ! (तर्हि) कथम् (अहं) तस्य दाराभिमर्शेन दण्ड्यः अस्मि ॥ २१ ॥

व्याख्या—मम बालिनः गुरोः ज्येष्ठभ्रातुः धर्मपत्नी पत्नी सुग्रीवेण

राम—अगम्या के साथ गमन करने से ।

बाली—अगम्या गमन से ? यह हमलोगों (मृगों) का धर्म है ।

राम—क्या यह ठीक है ?

धर्माधर्म के ज्ञाता आप वानरराज के द्वारा अपने को मृग जानकर (छोटे) भाई की पत्नी का अभिमर्शन क्या उचित है ?। २० ॥

बाली—भाई की स्त्री के साथ सहवास के हम दोनों भाई समान दोषी हैं पर मैं अकेले दण्डित हुआ, सुग्रीव नहीं ।

राम—दण्ड्य होने से तुम्हीं दण्डित हुए । अदण्ड्य नहीं दण्डित होता ।

बाली—हे राघव ! मुझ गुरु (बड़े भाई) की स्त्री सुग्रीव द्वारा धर्षित हुई । तो (फिर) उसकी स्त्री के धर्षण से मैं (अकेले) कैसें दण्ड्य हुआ ?

रामः—न त्वेवं हि कदाचिज्ज्येष्ठस्य यवीयसो दाराभिमर्शनम् ।

बाली—हन्त अनुत्तरा वयम् । भवता दण्डितत्वाद् विगतपापोऽहं ननु ।

रामः—एवमस्तु ।

सुग्रीवः—हा धिक् ।

करिकरसदृशौ गजेन्द्रगामि-
स्तव रिपुशस्त्रपरिक्षताङ्गदौ च ।
अवनितलगतौ समीक्ष्य बाहू
हरिवर ! हा पततीव मेऽद्य चित्तम् ॥ २२ ॥

कनिष्ठेन अभिमृष्टा परामृष्टा अभूत् । हे राघव रघुवंशोद्‌गत राम ! तर्हि कथं किंकारणेनाहं तस्य सुग्रीवस्य दाराभिमर्शेन पत्न्या सह रमणेन दण्डय अस्मि । उभयोः भ्रात्रोः समानापराधे कथमहमेव दण्डयः न सुग्रीव इत्यर्थः ॥ २१ ॥

अन्वयः—हे गजेन्द्रगामिन् हरिवर ! तव करिकरसदृशौ रिपुशस्त्रपरिक्षताङ्गदौ अवनितलगतौ बाहू समीक्ष्य अद्य मे चित्तं हा पतति इव ॥ २२ ॥

व्याख्या—हे गजेन्द्रगामिन् गजतुल्यगते हरिवर कपिराज ! तव करिकरसदृशौ गजशुण्डतुल्यौ रिपुशस्त्रपरिक्षताङ्गदौ शत्रुशस्त्रेण परिक्षतौ त्रुटितौ अङ्गदौ ययोस्तौ अवनितलगतौ पृथिव्यां पतितौ बाहू समीक्ष्य अद्य मे चित्तं हृदयं हा पतति इव । त्वां शत्रुशस्त्रघातितं दृष्ट्वा अहं मूढा जाता ॥ ९२ ॥

राम—छोटे भाई द्वारा ज्येष्ठ भाई का दाराभिमर्श नहीं होता ।

बाली—हाय ! हम निरुत्तर हो गये । आपसे दण्डित मैं पापविहीन हो गया ।

राम—ऐसा ही है ।

सुग्रीव—हाय ! धिक्कार है ।

हे गजतुल्य चलनेवाले कपिराज हाथी के शुण्ड के समान शत्रु के बाण से

बाली—सुग्रीव ! अलमलं विषादेन । ईदृशो लोकधर्मः ।

(नेपथ्ये)

हा हा महाराओ (हा हा ! महाराजः) ।

बाली—सुग्रीव ! संवार्यतां संवार्यतां स्त्रीजनः । एवंगतं नार्हति मां द्रष्टुम् ।

सुग्रीवः—यदाज्ञापयति महाराजः । हनूमन् ! एवं क्रियताम् ।

हनूमान्—यदाज्ञापयति कुमारः । (निष्क्रान्तः)

(ततः प्रविशत्यङ्गदो हनुमांश्च)

हनूमान्—अङ्गद ! इत इतः ।

अङ्गदः—

श्रुत्वा कालवशं यान्तं हरिमृक्षगणेश्वरम् ।
समापतितसन्तापः प्रयामि शिथिलक्रमः ॥ २३ ॥

अन्वयः—ऋक्षगणेश्वरं हरिं कालवशं यान्तं श्रुत्वा समापतितसंतापः शिथिलक्रमः प्रयामि ॥ २३ ॥

व्याख्या—ऋक्षगणेश्वरं ऋक्षाणां गणास्तेषामीश्वरं ऋक्षगणेश्वरं हरिं वानरं

टूटे हुए अङ्गदवाले पृथिवी पर गिरे आपकी दोनों भुजाओं को देखकर मेरा हृदय भी गिरा जा रहा है ॥ २२ ॥

बाली—सुग्रीव ! विषाद मत करो । लोकधर्म ऐसा ही है ।

(नेपथ्य में)

हा हा ! महाराज

बाली—हे सुग्रीव ! स्त्री-जनों को रोको (सँभालो) इस प्रकार पड़े मुझको देखना ठीक नहीं है ।

सुग्रीव—महाराज की जैसी आज्ञा । हनूमन् ! ऐसा करो ।

हनुमान—कुमार की जैसी आज्ञा ।

(तदनन्तर अङ्गद और हनुमान् प्रवेश करते हैं)

हनूमान—अङ्गद ! इधर ! इधर ।

अङ्गद—

हनूमन् ! कुत्र माराजः ।

हनूमान्—एष महाराजः;

शरनिर्भिन्नहृदयो विभाति धरणीतले ।
गुहशक्तिसमाक्रान्तो यथा क्रौञ्चाचलोत्तमः ॥ २४ ॥

अङ्गदः—(उपसृत्य) हा महाराज !

अतिबलसुखशायी पूर्वमासीर्हरीन्द्रः
क्षितितलपरिवर्ती क्षीणसर्वाङ्गचेष्टः ।
शरवरपरिवीतं त्यक्तमुत्सृज्य देहं
किमभिलषसि वीर स्वर्गमद्याभिगन्तुम् ॥ २५ ॥

(इति भूमौ पतितः ।)

बालिनं कालवशं मृत्युवशं यान्तं मुमूर्षुं श्रुत्वा आकर्ण्य समापतितसंतापः संतप्त इत्यर्थः शिथिलक्रमः शिथिलपादन्यासः मन्दवेगः प्रयामि । वानरराजं बालिनं म्रियमाणं श्रुत्वा शोकेन मम गतिः शिथिला जातेत्यर्थः ॥ २३ ॥

अन्वयः—एष महाराजः शरनिर्भिन्नहृदयो धरणीतले विभाति यथा गुहशक्तिसमाक्रान्तो क्रौञ्चाचलोत्तमः ॥ २४ ॥

व्याख्या—एष पुरोदृश्यमानः महाराजः वानरराजबालिः शरनिर्भिन्नहृदयः धरणीतले पृथिवीतले विभाति दृश्यते यथा गुहशक्तिसमाक्रान्तः गुहस्य सेनानिनः स्कन्दस्य शक्त्या तन्नामकास्त्रेण समाक्रान्तः विदारितः क्रौञ्चाचलोत्तमः पर्वतश्रेष्ठः क्रौञ्चः ॥ २४ ॥

अन्वयः—अतिबलसुखशायी हरीन्द्रः पूर्वम् आसीः । (इदानीं)

ऋक्षराज वानर (बालि) को काल के वश मे जा रहा सुनकर संतापवश मैं शिथिल गति वाला हो गया हूँ ॥ २३ ॥

हनुमान् ! महाराज कहाँ हैं ?

हनुमान्—ये महाराज हैं ।

ये महाराज बाण से विदीर्ण हृदय होकर पृथिवी पर विराज रहे हैं जैसे स्कन्द की शक्ति से विदीर्ण क्रौञ्च नामक पर्वत हो ॥ २४ ॥

अङ्गद—(जाकर) हाय ! महाराज ।

बाली—अङ्गद ! अलमलं विषादेन, भोः सुग्रीव !

मया कृतं दोषमपास्य बुद्ध्या त्वया हरीणामधिपेन सम्यक् ।
विमुच्य रोषं परिगृह्य धर्मं कुलप्रवालं परिगृह्यतां नः ॥२६॥

सुग्रीवः—यदाज्ञापयति महाराजः ।

बाली—भो राघव ! यस्मिन् कस्मिन् वापराधेऽनयोर्वानरचापलं क्षन्तुमर्हसि ।

क्षितितलपरिवर्ती क्षीणसर्वाङ्गचेष्टः (असि)। हे वीर ! शरवरपरिवीतं देहम् उत्सृज्य अद्य कि स्वर्गम् अभिगन्तुम् इच्छसि ॥ २५ ॥

व्याख्या—अतिबलसुखशायी अतिबलेन लोकातिशयबलशालित्वादित्यर्थः सुखशायी सर्वचिन्ताविहीननिद्रः हरीन्द्रः कपिराजः आसीः। इदानीं क्षितितलपरिवर्ती भूमिलुण्ठनशीलः क्षीणसर्वाङ्गचेष्टः सर्वशरीरचेष्टारहितः असि। हे वीर ! शरवरपरिवीतं रामशरेणाहतं देहं शरीरं व्यक्तम् उत्सृज्य त्यक्त्वा अद्य किं स्वर्गम् अभिगन्तुं यान्तुम् अभिलषसि इच्छसि ॥ २५ ॥

सुग्रीव—हरीणाम् अधिपेन त्वया मया कृतं दोषं बुद्ध्या अपास्य रोषं विमुच्य धर्मं परिगृह्य नः कुलप्रवालं परिगृह्यताम् ॥ २६ ॥

आप पूर्व में अतिबलशाली सुख से सोनेवाले हरीन्द्र थे और अब पृथिवी पर सभी शरीर की चेष्टाओं से रहित होकर सो रहे हैं। राम के शर से आहत शरीर को स्पष्ट ही छोड़कर क्या आज स्वर्ग जाना चाहते हैं ? ॥ २५ ॥

(यह कहकर भूमि पर गिर जाता है)

बाली—हे अङ्गद ! विषाद मत करो। विषाद मत करो। हे सुग्रीव !

कपिराज आपके द्वारा मेरे द्वारा किये गये दोष को बुद्धि से निकालकर दोष का त्याग कर एवं धर्म का विचार कर हम लोगों के कुल के इस अंकुर (अंगद) को ग्रहण करना चाहिये।

सुग्रीव—महाराज की जैसी आज्ञा।

बाली—हे राघव ! जिस किसी भी (छोटे-मोटे) अपराध पर इन दोनों का वानर-चापल्य क्षमा करियेगा।

रामः—बाढम्।

बाली—सुग्रीव! प्रतिगृह्यतामस्मत्कुलधनं हेममाला।

सुग्रीवः—अनुगृहीतोऽस्मि। (प्रतिगृह्णाति)

बाली—हनूमन्! आपस्तावत्।

हनूमान्—यदाज्ञापयति महाराजः। (निष्क्रम्य प्रविश्य) इमा आपः।

बाली—(आचम्य) परित्यजन्तीव मां प्राणाः। इमा गङ्गाप्रभृतयो महानद्य एता उर्वश्यादयोऽप्सरसो मामभिगताः। एष सहस्रहंसप्रयुक्तो वीरवाही विमानः कालेन प्रेषितो मां नेतुमागतः। भवतु। अयमयमागच्छामि। (स्वर्यातः।)

सर्वे—हा हा महाराज!।

व्याख्या—हरीणां वानराणामधिपेन स्वामिना त्वया मया कृतं दोषं देशनिष्कासनदाराभिमर्शादिकं दोषं बुद्धया विचारेण अपास्य दूरीकृत्य त्यक्त्वा रोषं क्रोधं विमुच्य त्यक्त्वा धर्मं परिगृह्य धर्मं पुरस्कृत्य नः अस्माकं कुलप्रवालं कुलप्ररोहः वंशधारक इत्यर्थः अयं अङ्गदः परिगृह्यताम् स्वीक्रियताम् ॥ २६ ॥

राम—ठीक है।

बाली—हे सुग्रीव! हमारे कुलधन इस स्वर्णमाल्य को ग्रहण करो।

सुग्रीव—अनुगृहीत हूँ (ग्रहण करता है)।

बाली—हनूमन्! जल लाओ।

हनूमान—महाराज की जैसी आज्ञा (जाकर तथा आकर) ये जल हैं।

बाली (आचमन कर)—प्राण मुझे छोड़ रहे हैं। ये गङ्गा आदिक महानदियाँ ये उर्वशी आदि अप्सरायें मेरे पास आयी हैं। काल द्वारा भेजा गया वीरों को ढोने वाला यह सहस्र हंसों से युक्त विमान मुझे लेने के लिये आया है। ठीक है। यह मैं आ रहा हूँ (स्वर्ग चला गया)।

सभी—हाय! हाय! महाराज!

रामः—हन्त स्वर्गं गतो बाली । सुग्रीव ! क्रियतामस्य संस्कारः ।

सुग्रीवः—यदाज्ञापयति देवः ।

रामः—लक्ष्मण ! सुग्रीवस्याऽभिषेकः कल्प्यताम् !

लक्ष्मणः—यदाज्ञापयत्यार्यः !

(निष्क्रान्ताः सर्वे)

प्रथमोऽङ्कः

* * *

राम—हाय ! बाली स्वर्ग गया । सुग्रीव ! इसका संस्कार करो ।

सुग्रीव—जैसी देव की आज्ञा ।

राम—लक्ष्मण ! सुग्रीव के अभिषेक का उपक्रम करो ।

लक्ष्मण—जैसी आपकी आज्ञा ।

(सभी निकल जाते हैं)

प्रथम अङ्क समाप्त

द्वितीयोऽङ्कः

(ततः प्रविशति ककुभः)

ककुभ—निष्ठितप्रायत्वात् कार्यस्याहारव्यापृताः सर्वे वानरयूथपाः। तस्मादहमपि किञ्चिदाहारजातं सम्भावयामि। (तथा करोति।)

(प्रविश्य)

बिलमुख—पेसियो म्हि महाराएन सुग्गीवेण-अय्यरामस्य किदोवआरप्पच्चुवआरणिमित्तं सव्वासु दिसासु सीदाविअअणे पेशिआ सव्वे वाणरा आअदा। तेसं दक्खिणापहमुहस्स कुमारस्स अङ्गदस्स पवुत्ति जाणिअ सिग्घं आअच्छति। ता कहिं णुहु गओ कुमारो। (परिक्रम्याग्रतो विलोक्य) एसो अय्यकउहो। जाव णं पुच्छामि। (उपसृत्य) सुहं अय्यस्स। [प्रेषितोऽस्मि महाराजेन सुग्रीवेण-आर्यरामस्य कृतोपकारप्रत्युपकारनिमित्तं सर्वासु दिशासु सीताविचयने प्रेषिताः सर्वे वानरा आगताः। तेषां दक्षिणापथमुखस्य कुमारस्याङ्गदस्य प्रवृत्ति ज्ञात्वा शीघ्रमागच्छेति। तत् क्व नु खलु गतः कुमारः। एष आर्यककुभः। यावदेनं पृच्छामि। सुखमार्यस्य।]

(ककुभ का प्रवेश)

ककुभ—कार्य के प्रायः समाप्त हो जाने से सभी वानर-यूथपति भोजन में संलग्न हैं। तो मैं भी कुछ भोजन की व्यवस्था करूँ (वैसा करता है)।

(प्रवेश कर)

बिलमुख—आर्य राम के द्वारा किये उपकार के बदले सीतान्वेषण के लिये सभी दिशाओं में भेजे गये सभी वानर लौट आये। तो महाराज सुग्रीव ने मुझे भेजा है कि दक्षिणापथ की ओर गये कुमार अङ्गद का समाचार लेकर शीघ्र लौट आओ। तो कुमार अङ्गद कहाँ गये? ये (यूथपति) आर्य ककुभ हैं तो इनसे पूछूं (पास जाकर) आप सुख से तो हैं?

ककुभः—अये बिलमुखः। कुतो भवान्।

विलमुखः—अय्य ! महालाअस्स सासणेण कुमारं अङ्गदं पेक्खिदुं आअदो म्हि। [आर्य ! महाराजस्य शासनेन कुमारमङ्गदं प्रेक्षितुमागतोऽस्मि।]

ककुभः—अपि कुशली आर्य रामो महाराजश्च।

बिलमुखः—आम्।

ककुभः—कोऽभिप्रायो महाराजस्य।

(बिलमुखः पेसिओ म्हि इति पूर्ववत् पठति)

ककुभः—किं न जानीषे निष्ठितघर्मं कार्यस्य।

बिलमुखः—किं किम्।

ककुभः—श्रूयताम्,

लब्ध्वा वृत्तान्तं रामपत्न्याः खगेन्द्राद्
आरुह्यागेन्द्रं सद्विपेन्द्रं महेन्द्रम्।
लङ्कामभ्येतुं वायुपुत्रेण शीघ्रं
वीर्यप्राबल्याल्लङ्घितः सागरोऽद्य ॥ १ ॥

अन्वयः—खगेन्द्रात् रामपत्न्याः वृत्तान्तं लब्ध्वा लङ्काम् अभ्येतु सद्विपेन्द्रं अगेन्द्रम् महेन्द्रम् आरुह्य वायुपुत्रेण अद्य वीर्यप्राबल्यात् शीघ्रं सागरः लङ्घितः ॥ १ ॥

व्याख्या—खगेन्द्रात् जटायुसोदर्यात् संपातेः रामपत्न्याः जानक्याः

ककुभ—अरे ! विलमुख ! कहाँ से आप ?

विलमुख—आर्य ! महाराज की आज्ञा से कुमार अङ्गद को देखने आया हूँ।

ककुभ—आर्य राम और महाराज कुशल से तो हैं।

विलमुख—हाँ।

ककुभ—महाराज का क्या अभिप्राय (इष्ट) है ?

(विलमुख 'भेजा गया हूँ' इत्यादि पढ़ता)

ककुभ—क्या नहीं जानते कार्य का आधा सम्पन्न हो गया ?

विलमुख—क्या क्या ?

ककुभ—सुनिये।

तस्मादागच्छ, कुमारपादमूलमेव संश्रयावः।

(निष्क्रान्तौ !)

विष्कम्भकः।

सीता—हद्धि अदिधीरा खु म्हि मन्दभाआ। जा अय्यउत्तविरहिदा रक्खसराअभवणं आणीदा आणिठ्ठाणि अणरिहाणि जहमणोरहप्पवुत्ताणि वअणाणि साविअमाणा जोवामि मन्दभाआ। आदु अय्यउत्तसाअअप्पच्चएण कहं वि अत्ताणं पय्यवत्थावेमि। किं णु खु अज्ज पजालिअमाणे कम्मआरग्गिमण्डले उदअप्पसेओ विअ किञ्च हिअअप्पसादो समुप्पण्णो। किं णु खु मं अन्तरेण पसण्णहिअओ अय्यउत्तो भवे। [हा धिग् अतिधीरा खल्वस्मि मन्दभागा। आर्यपुत्रविरहिता राक्षसराजभवनमानीतानिष्टान्यनर्हाणि यथामनोरथप्रवृत्तानि वचनानि श्राव्यमाणा जीवामि मन्दभागा। अथवा आर्यपुत्रसायकप्रत्ययेन कथमप्यात्मानं पर्यवस्थापयामि। किन्तु खल्वद्य प्रज्वाल्यमाने कर्मकाराग्निमण्डले उदकप्रसेक इव किञ्चिद् हृदयप्रसादः समुत्पन्नः। किन्नु खलु मामन्तरेण प्रसन्नहृदय आर्यपुत्रो भवेत्।]

वृत्तान्तं वार्तां रावणगृहावस्थानं लब्ध्वा प्राप्य ज्ञात्वेत्यर्थः लङ्कां तन्नामरावणराजधानीम् अभ्येतुं प्राप्तुं गन्तुमित्यर्थः सद्विपेन्द्रं हस्तिभिर्युक्तम् अगेन्द्रं पर्वतराजं महेन्द्रम् आरुह्य वायुपुत्रेण हनूमता अद्य वीर्यप्राबल्यात् पराक्रमप्रकर्षात् शीघ्रं झटिति सागरः लङ्घितः ॥ १ ॥

—पक्षिराज सम्पाति से रामपत्नी सीता का वृत्तान्त प्राप्त कर लङ्का जाने के लिये वायुपुत्र हनूमान् ने हाथियों से युक्त पर्वतराज महेन्द्र पर चढ़कर बलप्राबल्य से शीघ्रतापूर्वक सागर पार कर लिया ॥ १ ॥

तो आओ। कुमार अङ्गद के पास चलें।

(दोनों निकल जाते हैं)

विष्कम्भक

(तदनन्तर राक्षसीगण से घिरी सीता आती हैं)

सीता—हा धिक्कार है ! मैं अभागिनी अत्यन्त धीर (धैर्ययुक्त) हूँ,

(ततः प्रविशति हनूमान् अङ्गुलीयकहस्तः ।)

हनूमान्—(लङ्कां प्रविश्य) अहो रावणभवनस्य विन्यासः ।

कनकरचितचित्रतोरणाढ्या मणिवरविद्रुमशोभितप्रदेशा ।
विमलविकृतसञ्चितैर्विमानैर्वियति महेन्द्रपुरीव भाति लङ्का ॥ २ ॥

अहो न खलु,

अन्वयः—कनकरचितचित्रतोरणाढ्या मणिवरविद्रुमशोभितप्रदेशा लङ्का विमलविकृतसञ्चितैर्विमानैः वियति महेन्द्रपुरी इव भाति ॥ २ ॥

व्याख्या—कनकरचितेन स्वर्णविनिर्मितेन चित्रतोरणेन विचित्रवहिर्द्वारेण आढ्या समृद्धा स्वर्णनिर्मिततोरणवतीत्यर्थः मणिवरविद्रुमैः शोभिताः प्रदेशाः प्रान्तभागा यस्याः सा लङ्का नगरी विमलविकृतसञ्चितैः रम्यैः नानाविधप्रकारैः सञ्चितैः राशीकृतैः विमानैर्यानैः वियति दिवि महेन्द्रस्य पुरी अमरावती इव भाति शोभते । रुचिरविन्यासैर्धनसंपत्तिभिविमानैश्च लङ्का इन्द्रनगरीव शोभासंपन्ना ॥ २ ॥

जो आर्यपुत्र से विरहित होकर राक्षसराज के भवन में लाई गई और अनिष्ट, अनुपयुक्त तथा इच्छानुसार कहे गये वचनों को सुनकर अभागिनी मैं जीवित हूँ। अथवा आर्यपुत्र के बाणों पर विश्वास से किसी प्रकार अपने को व्यवस्थापित किये हुई हूँ। किन्तु आज कर्मकारों द्वारा जलाये गये अग्निमण्डल में जल के सिंचन जैसे कुछ हृदय में प्रसन्नता उत्पन्न हुई है। क्या मेरे बिना आर्यपुत्र प्रसन्नहृदय होगे ?

(तदनन्तर हाथ में अँगुलीयक (अँगूठी) लिये हनूमान् प्रवेश करते हैं)

हनूमान्—(लङ्का में प्रवेशकर) कैसा रावण के भवन का (सुन्दर) निर्माण है ?

स्वर्णनिर्मित तोरणों से युक्त मणिरत्नों एवं विद्रुमों से निर्मित प्रदेश वाली लङ्का सुन्दर नानाविध सञ्चित विमानों से आकाश में इन्द्रपुरी की भाँति शोभित है ॥ २ ॥

आश्चर्य है ।

एतां प्राप्य दशग्रीवो राजलक्ष्मीमनुत्तमाम् ।
विमार्गप्रतिपन्नत्वात् व्यापादयितुमुद्यतः ॥ ३ ॥

(सर्वतो गत्वा) विचरितप्राया लङ्का ।

गर्भागारविनिष्कुटेषु बहुशः शालाविमानादिषु
स्नानागारनिशाचरेन्द्रभवनप्रासादहर्म्येषु च ।
पानागारनिशान्तदेशविवरेष्वाक्रान्तवानस्म्यहं
सर्वं भो विचितं न चैव नृपतेः पत्नी मया दृश्यते ॥ ४ ॥

अन्वयः—एताम् अनुत्तमां राज्यलक्ष्मीं प्राप्य दशग्रीवः विमार्गप्रतिपन्नत्वात् व्यापादयितुम् उद्यतः ॥ ॥

व्याख्या—एताम् अनुत्तमां सर्वश्रेष्ठां राज्यलक्ष्मीं राज्यैश्वर्यं प्राप्य लब्ध्वा दशग्रीवः रावणः विमार्गप्रतिपन्नत्वात् अधर्माचरणादित्यर्थः व्यापादयितुम् नाश कर्तुम् उद्यतः प्रस्तुतः ॥ ३ ॥

अन्वयः—गर्भागारविनिष्कुटेषु शालाविमानादिषु स्नानागारनिशाचरेन्द्रभवनप्रासादहर्म्येषु पानागारनिशान्तदेशविवरेषु च अहं बहुशः आक्रान्तवान् अस्मि । भो ! सर्वं विचितं न चैव नृपतेः पत्नी मया दृश्यते ॥ ४ ॥

व्याख्या—गर्भागारेषु गृहान्तःप्रदेशेषु विनिष्कुटेषु गृहवाटिकासु शालाविमानादिषु शालाप्रासादादिषु स्नानागारेषु निशाचरेन्द्रस्य रावणस्य भवनहर्म्येषु विशालप्रासादेषु पानागारेषु निशान्तेषु निवासागारेषु देशविवरेषु सुसूक्ष्मेष्वपि स्थानेषु च अहं बहुशो नैकवारं आक्रान्तवान् भ्रमितवान् अस्मि । भो खेदे सर्वं विचितं न चैव नृपतेः रामस्य पत्नी सीता मया

इस श्रेष्ठ (लोकोत्तर) राज्यलक्ष्मी को प्राप्त कर रावण कुमार्गगामी होकर इसे नष्ट करने को उद्यत है ॥ ३ ॥

(सभी ओर जाकर) लङ्का प्रायः घूम ली गई ।

गर्भागारों (गृह के अन्तःप्रदेशों), उद्यानों, शाला के विमानों, स्नानागारों, रावण के प्रासाद-भवनों, पानागारों, निवासभूमियों, देश (महल) के सूक्ष्म स्थानों का मैंने बहुत वार भ्रमण किया, पर खेद है, राजपत्नी (सीता) मुझे दृष्टिगत नहीं हुई ॥ ४ ॥

